❀ श्रीहरिः

# वैदिक-सत्यार्थ-प्रकाशः

श्रुतिस्मृति पुराणेतिहास प्रमाण-विभूषितः


सर्वतन्त्र स्वतन्त्र–वैदिक साहित्य मर्मज्ञ–कविवर

श्रीमदखिलानन्द शर्मप्रणीतः



तस्येदं प्रथम संस्करणम्

तच्च

इटावा नगरस्थे बी॰ एन॰ यन्त्रालये

ग्रन्थकर्त्रैव-मुद्राप्य-प्रकाशितम् ।



सर्वाधिकारः प्रकाशकाधीनः

765



| | | |
|---|---|---|
| प्रथमबारम् | विक्रम संवत् १९९७ | मूल्यम् |
| १००० | ईसवी सन् १९४० | ४) रु॰ |

# "वैदिक सत्यार्थ-प्रकाश"

## ❋ विषयानुक्रमः ❋


विषयाः — पृष्ठाङ्काः

### प्रथमः समुल्लासः

मङ्गलाचरणम् ... १
...म विषयकः उत्तमादिभेदनिरासः ... ५
...त्यादि नाम विचारः ... ५
...चिकशब्दानां प्रवृत्तिनिमित्तकत्वम् ... ६
...पितामहादिनाम्नामर्थविचारः ... ६
...महादिनाम्नामर्थविचारः ... ७
...आदिनाम्नामर्थविचारः ... ७
...आदिदेवनाम्नामर्थविचारः ... ७
पृथिव्यादिनाम्नामर्थविचारः ... ८
मङ्गलाचरणविषयको विचारः ... ९
...मयशब्दार्थविचारः ... ९
...थादिशब्दानां मङ्गलार्थकत्वम् ... ६
...पूर्वत्वस्यानन्तार्थकत्वम् ... १

### द्वितीयः समुल्लासः

...कर्तव्यम् ... ११
...निषेधः ... १२
...विषयको विचारः ... १२
...विचारः ... १२
...ताविचारः ... १५
...विचारः ... १६

विषयाः

मारण-मोहनादिविचारः
शीतलादिबालग्रहविचारः
आरम्भिकशिक्षानिर्देशः ...

### तृतीयः समुल्लासः

उपनयनसमयनियमनम् ...
सदाचारशिक्षानिर्देशः ...
स्त्रीणां विवाहः यज्ञोपनयनम् ...
शूद्रोपनयनविधिः ...
सन्ध्योपासन-विधिः ...
सन्ध्याफलम् ...
ब्रह्मचारिणां समिदाधानम् ...
अध्ययनक्रमः ...
ब्रह्मचर्यविधिः ...
ब्रह्मचर्य-फलम् ...
वेद-पुराणेतिहासादित्वम् ...
वैदिकेतिहासनिर्णयः ...
धर्मगतयोः पार्थक्यम् ...
वेदपठनाधिकारादिनिर्णयः ...
आचार्यसत्करणम् ...
आचार्यादिलक्षणम् ...
मातापित्रोः कर्तव्यम् ...
नास्तिकलक्षणम् ...

### चतुर्थः समुल्लासः

| विषयाः | पृष्ठांकाः |
|---|---|
| भगिनीविवाहनिषेधः | ३९ |
| सवर्णविवाहप्रतिपादनम् | ४० |
| ब्रह्मचर्यस्यनिर्देशः | ४१ |
| विवाहवयो विचारः | ४२ |
| पितृकर्तृकविवाहनिर्देशः | ४३ |
| देवमनुष्यकन्योद्वहनम् | ४३ |
| विवाहभेदाः | ४३ |
| वर्जनीयकुलनिर्देशः | ४३ |
| स्त्रीसमादरणम् | ४४ |
| वर्णव्यवस्थाविचारः | ४४ |
| वर्णपरिवर्तनविचारः | ४६ |
| नारदोपाख्यानम् | ४६ |
| जाबालोपाख्यानम् | ४७ |
| मतङ्गोपाख्यानम् | ४७ |
| [illegible]उपाख्यानम् | ५० |
| प्राचेतसोपाख्यानम् | ५० |
| जाति-भेद जाति-विचारः | ५१ |
| आर्य-दस्युविवेचनम् | ५१ |
| [illegible]रोत्पत्तिविचारः | ५२ |
| औरसपुत्रमहत्त्वम् | ५२ |
| दत्तकपुत्रग्रहणनिषेधः | ५३ |
| नियोगविचारः | ५४ |
| [illegible]णां सकलपक्षसिद्धिमत्त्वम् | ५५ |
| विधवा-विवाहविचारः | ५६ |
| [illegible]पीको विधवानियोगनिषेधः | ६१ |
| [illegible]धर्मकर्तव्यनिर्देशः | ६२ |
| [illegible]षितपत्नीकर्तव्यम् | ६३ |


## पञ्चमः समुल्लासः


| विषयाः | |
|---|---|
| वर्णसंख्या निर्देशः | |
| पञ्चजनशब्दविचारः | |
| ब्राह्मणकर्मनिर्देशः | |
| वैदिकं ब्राह्मणमहत्त्वम् | |
| क्षत्रियकर्मनिर्देशः | |
| वैश्यकर्मनिर्देशः | |
| शूद्रकर्मनिर्देशः | |
| अन्त्यजजातिनिर्देशः | |
| नापितादिषु वैदिककर्मानर्हत्वम् | |
| कारुकजातिनिर्देशः | |
| वेदेष्वन्तरप्रभवनिर्देशः | |
| वर्णसङ्करोद्भवः | |
| वर्णाश्रमापद्धर्माः | |
| वर्णभेदादाश्रमभेदः | |
| वानप्रस्थाश्रमस्य स्मार्तत्वम् | |
| वानप्रस्थसंन्यासयोर्वैदिकत्वम् | |
| वेदसंन्यासिकानां कर्मनिर्देशः | |
| स्वाध्यायादिकर्माः | |
| कलौ सर्वसंन्यासनिषेधः | |
| संन्यासलिङ्गानां भिक्षुलि[illegible] | |
| प्रवृत्तिनिवृत्तिमार्गभेदः | |
| धर्मविवेचनम् | |


## षष्ठः समुल्लासः


| | |
|---|---|
| वैदिकं राजन्यसूक्तम् | |
| राज[illegible] मनूक्तादेशनम् | |
| राज्याभिषेकनिर्देशः | |
| राज्ञः [illegible] | |
| [illegible] | |

| विषयाः | पृष्ठाङ्काः |
|---|---|
| वैदिकं राजस्वरूपवर्णनम् | ८७ |
| ...ह्वयोगनिर्देशः | ८७ |
| ...ह्मकर्तव्यम् | ८८ |
| ...न्त्रिमण्डलनिर्देशः | ८९ |
| ...नाप्रबन्धनिर्देशः | ९० |
| ...र्कं सेनावर्णनम् | ९० |
| ...नस्थानानिर्देशः | ९३ |
| ...ल:पुरम् | ९४ |
| ...प्रजाकर्तृकं राज्यशासनम् | ९४ |
| ...: कर्त्तव्यनिर्देशः | ९५ |
| ...रिक्षतपालनम् | ९६ |
| ...मनम् | ९७ |
| ...कृतं विधारक्षणम् | ९८ |
| ...निर्देशः | ९९ |
| ...षेधः | ९९ |
| ...णानिर्देशः | १०० |
| ... | १०१ |

## ...सप्तमः समुल्लासः

| | |
|---|---|
| ...नम् | १०२ |
| ...भेदेन तस्य द्वैविध्यम् | १०३ |
| ...सर्वव्यापकत्वम् | १०४ |
| ...सर्वशक्तिमत्त्वम् | १०४ |
| ...कार्यकार्यनिर्देशः | १०५ |
| ...भ्यो ब्रह्मणः प्राकट्यम् | १०६ |
| ...नानां प्राकट्यम् | १०६ |
| ...वेचनम् | १०७ |
| ...विवेचनम् | १०८ |

| विषयाः | पृष्ठाङ्काः |
|---|---|
| वेदसंख्यानिर्णयः | १११ |
| मायावादकशङ्कानिरासः | १११ |
| सृष्टिनिर्माणक्रममनिर्देशः | ११२ |
| व्यक्ताव्यक्तोपासनभेदः | ११४ |
| जीवब्रह्मणोर्भेदवादिनी श्रुतिः | ११४ |
| जीवस्य भगवदिच्छानुगामित्वम् | ११५ |
| अपुनरावर्तनम् | ११६ |
| ब्रह्मणो वेदाविर्भावः | ११६ |
| वेदानां चातुर्विध्यम् | ११७ |
| वेदशाखाविवेचनम् | ११८ |
| वेदस्य मन्त्रब्राह्मणात्मकत्वम् | ११९ |
| मन्त्रकर्तृविवेचनम् | १२० |
| वेदप्रयोजनम् | १२१ |
| वेदार्थप्रकारनिर्देशः | १२१ |
| वेदाङ्गानां वेदान्तः पातित्वम् | १२१ |

## अष्टमः समुल्लासः

| | |
|---|---|
| प्रलयावस्था निरूपणम् | १२३ |
| आदिसृष्टौ वेदानां मूकीभावः | १२३ |
| साङ्कल्पिकसृष्टिनिर्देशः | १२४ |
| नारायणनामनिर्वचनम् | १२५ |
| हिरण्यगर्भोद्भवः | १२५ |
| औषधिसर्गप्राथम्यम् | १२५ |
| दैवी मानवी सृष्टिविवेकः | १२६ |
| सृष्टेराधारवर्णनम् | १२६ |
| शतपथोक्तः सृष्टिक्रमः | १२८ |
| पुराणोक्तः सृष्टिक्रमः | १२९ |
| पूर्वसृष्टिसंकेतः | १३० |

| विषयाः | पृष्ठांकाः |
|---|---|
| सप्तद्वीपविवेचनम् ... | १३२ |
| भारतवर्षीयदेशविभागः ... | १३३ |
| म्लेच्छदेशपरिस्थितिः ... | १३३ |
| ब्राह्मणनिवासः ... | १३४ |
| देवानामिहाभावम् ... | १३५ |
| देवानां पुरुषविधत्वम् ... | १३५ |
| देवमनुष्ययोः परस्परोपकारित्वम् | १३७ |
| देवशब्दनिर्वचनम् ... | १३७ |


## नवमः समुल्लासः


| | |
|---|---|
| सत्यासत्यविवेकः ... | १३८ |
| नित्यमुक्तिप्रार्थनम् ... | १३८ |
| मुक्तौ शरीराद्यत्यन्ताभावः ... | १३९ |
| बन्धमोक्षविवेचनम् ... | १४० |
| मोक्षस्वरूपनिर्णयः ... | १४१ |
| अपुनरावृत्तिविवेचनम् ... | १४१ |
| परान्तकालनिर्देशः ... | १४२ |
| पञ्चक्लेशविवरणम् ... | १४३ |
| स्वर्गादिलोकव्याख्यानम् ... | १४४ |
| त्रिविधगतिनिर्णयः ... | १४४ |
| गुणत्रयविभागनिर्देशः ... | १४५ |
| अनागतदुःखनिवृत्तेरुपायः ... | १४८ |


## दशमः समुल्लासः


| | |
|---|---|
| त्रिवर्गविवेचनम् ... | १५० |
| अर्थकामेष्वासक्तानां धर्मज्ञानम् | १५० |
| वेदोऽखिलो धर्ममूलम् ... | १५० |
| धर्मलक्षणनिर्देशः ... | १५१ |
| ...चारविवेचनम् ... | १५१ |
| ...मानाचार्ययोर्वि... | १५२ |

| विषयाः |
|---|
| वर्जनीयदेशनिर्देशः ... |
| वर्जनीयमनुष्यनिर्देशः ... |
| द्विजेष्वाचारप्राधान्यम् ... |
| पवित्रतासाधननिर्देशः ... |
| द्वादशविधमलविवेचनम् |
| स्पर्शास्पर्शदोषविवेचनम् |
| पतिव्रताफलम् ... |
| भक्ष्याभक्ष्यनिर्णयः ... |
| महाभारताख्यानम् |
| सुवर्णकारान्नभक्षणादायुषोह... |
| अस्पृश्यजन्तुनिर्देशः ... |
| रथकारस्यास्पृश्यत्वम् |
| शूद्रपक्वान्नभोजनविचारः ... |
| भोजनस्थाननिर्णयः ... |
| गुहोपाख्यानम् ... |
| शबर्युपाख्यानम् ... |
| पण्डिताः समदर्शिन इत्यस्यो... |
| अहल्योद्धारविचारः ... |
| उच्छिष्टशब्दार्थनिर्णयः |
| भोज्याभोज्यविचारः |
| मृगया विवेचनम् ... |
| शुकदेवस्याकाशगमनम् ... |
| समुद्रयात्राविचारः ... |
| गोरक्षणम् ... |
| गोमहत्त्वम् ... |
| गोमूत्रम् ... |


## एकादशः स...


| | |
|---|---|
| भारतमहत्त्वम् ... | |
| भारतीयदेशविभागः | |

| विषयः | पृष्ठांकाः |
|---|---|
| आर्यावर्त्तसीमानिर्देशः | १८१ |
| भारते भारतीयराज्यम् | १८१ |
| भारतीयराजवंशानुक्रमः | १८२ |
| भारतीयविद्यानिर्देशः | १८२ |
| महाभारतयुद्धनिर्देशः | १८४ |
| युद्धे सर्वस्वनाशः | १८४ |
| ब्राह्मणकृतं वेदरक्षणम् | १८४ |
| बुद्धशासनसमयः | १८५ |
| भट्टपादावतरणम् | १८५ |
| शक्तिपूजोपदेशः | १८७ |
| तन्त्रागमरहस्यम् | १८७ |
| तन्त्राणां वेदमूलकत्वम् | १८९ |
| शावरमन्त्रविचारः | १९१ |
| अश्वमेधादियज्ञनिर्देशः | १९१ |
| चार्वाकसमयः | १९१ |
| विक्रमादित्यसमयः | १९२ |
| भोजराजसमयः | १९३ |
| भारतेदुर्दिनावतरणम् | १९३ |
| समयपरिवर्त्तनम् | १९४ |
| नानकदेवाद्यवतरणम् | १९४ |
| मन्दिराणां पुनः प्रतिष्ठापनम् | १९४ |

| विषयाः | पृष्ठाङ्काः |
|---|---|
| वर्त्तमानशासननिर्देशः | १९५ |
| आवश्यकप्रश्नोत्तरनिर्देशः | १९६ |
| देवपूजाधिकारनिर्णयः | २०१ |
| शूद्रस्य पूजानर्हत्वम् | २०५ |
| शिल्पिनां मन्दिरप्रवेशानधिकारः | २०७ |
| शूद्रादिप्रवेशे पुनः प्रतिष्ठापनम् | २०७ |
| मालाकारस्यान्त्यजत्वम् | २०९ |
| प्राणप्रतिष्ठापकमन्त्रनिर्देशः | २१० |
| भागवतपदार्थः | २१५ |
| तीर्थशब्दार्थः | २१६ |
| सप्तपुरीविवेचनम् | २१७ |
| गोलोकवर्णनम् | २१८ |
| गङ्गादिदेवनदीवर्णनम् | २१९ |
| गुरुगरिमा | २२० |
| व्यासमहिमा | २२१ |
| व्रतविवेचनम् | २२२ |
| शकुनविचारः | २२३ |
| ग्रहचक्रनिर्देशः | २२५ |
| सृष्टिक्रम-गत-विचारः | २२६ |
| नाममाहात्म्यनिर्देशः | २३३ |
| पूर्वार्द्ध समाप्तिः | २३४ |




# उत्तरार्द्ध-विषयानुक्रमः


| विषयाः | पृष्ठाङ्काः |
|---|---|
| **द्वादशः—समुल्लासः** | |
| मङ्गलम्··· | ··· २३६ |
| उत्तरार्द्धोपक्रमः··· | ··· २३६ |
| सिद्धान्तविवेचनम्··· | ··· २३६ |
| आद्यशङ्कराचार्यसमयः··· | ··· २४० |
| स्वरूपसिद्धान्तयोर्विवेचनम् | ··· २४३ |
| शङ्करसिद्धान्त निष्कर्षः··· | ··· २४३ |
| श्रीरामानुजाचार्यसमयः··· | ··· २४३ |
| तत्स्वरूपसिद्धान्तयोर्विवेचनम् | ··· २४३ |
| विशिष्टाद्वैतसिद्धान्तविवेचनम् | ··· २४५ |
| सिद्धान्तनिष्कर्षपद्यम्··· | ··· २५० |
| मध्वाचार्यसमयस्वरूपसिद्धान्ताः | २५१ |
| निम्बार्काचार्यसमयस्वरूपसिद्धांताः | २५१ |
| चैतन्यमहाप्रभुसमयः··· | ··· २५२ |
| श्रीवल्लभाचार्यसमयः··· | ··· २५३ |
| शुद्धाद्वैतसिद्धान्तविवेचनम् | ··· २५३ |
| पुष्टिमार्गनिरूपणम्··· | ··· २५५ |
| श्रीरामानन्दाचार्यसमयः··· | ··· २५८ |
| श्रीचन्द्रमौलिचरितम्··· | ··· २५९ |
| श्रौतमुनिसिद्धान्तवर्णनम् | ··· २५६ |
| सिद्धान्तोपसंहारः··· | ··· २५६ |
| **त्रयोदशः—समुल्लासः** | |
| परलोकरहस्यम्··· | ··· २६३ |
| मृतात्मगतिनिर्णयः··· | ··· २६२ |
| गतिभेदविवेचनम्··· | ··· २६४ |
| श्रद्धाशब्दार्थः··· | ··· २६६ |
| देवयानपितृयानमार्गनिरूपणम्··· | २६७ |
| मार्गनिर्णायकमन्त्रसमूहः | ··· २६८ |
| पितृलोकवर्णनम्··· | ··· २७० |
| स्वर्गलोकवर्णनम्··· | ··· २७१ |
| यमलोकवर्णनम्··· | ··· २७३ |
| यमदूतवर्णनम्··· | ··· २७४ |
| मृत्युपाशवर्णनम्··· | ··· २७५ |
| क्रव्यादहव्यवाहभेदकथनम् | ··· २७६ |
| अग्निष्वात्तपदार्थः··· | ··· २७६ |
| पितृणामुपकारवर्णनम्··· | ··· २७८ |
| मृतशरीरगतिभेदः··· | ··· २७८ |
| स्वर्गद्वारवर्णनम्··· | ··· २७६ |
| अजविवेचनम्··· | ··· २८१ |
| दर्शनमात्रेणतृप्तिः··· | ··· ,, |
| अग्निब्राह्मणयोर्दैवपितृदौत्यम् | ··· २८३ |
| अग्निदेवकार्यम्··· | ··· ,, |
| श्राद्धे ब्राह्मणभोजनम्··· | ··· २८५ |
| श्राद्धोपयुक्तद्रव्यसंकेतः··· | ··· २८७ |
| गोदानमन्त्रनिरूपणम्··· | ··· २८८ |
| मासिकश्राद्धप्रतिपादकमन्त्रसंग्रहः | २८१ |
| पितृणामावाहनम्··· | ··· २९० |
| आवश्यकप्रश्नोत्तरक्रमः··· | ··· २६२ |
| ऐतिहासिकं श्राद्धनिरूपणम्··· | ··· २९५ |
| भीष्मकृतं शंतनुश्राद्धम्··· | ··· ,, |

विषयाः ... पृष्ठाङ्काः
भरतकृतं दशरथश्राद्धम् ... २९८
श्राद्धे पितृदर्शनम् ... ३००
श्राद्धोपसंहार ... ,,

## चतुर्दशः—समुल्लासः

यज्ञमीमांसा ... ३०२
देवयजनम् ... ,,
यज्ञफलम् ... ,,
यज्ञभेदः ... ,,
यज्ञप्रतिपादकग्रंथनिर्देशः ... ३०५
यज्ञस्यकाम्यकर्मत्वम् ... ,,
पारिभाषिकशब्दविवेचनम् ... ,,
सोमयागः ... ३०८
वाजपेयम् ... ,,
राजसूयम् ... ,,
अश्वमेधः ... ,,
अश्वमेधप्रकारः ... ,,
अश्वमेधीयराजनिरूपणम् ... ३११
अश्लीलभाषणप्रायश्चित्तम् ... ३१७
अश्वमेधीयवाजिप्रार्थनम् ... ,,
पुरुषमेधः ... ३१९
सर्वमेधः ... ,,
व्रात्यस्तोमनिरूपणम् ... ,,

## पञ्चदशः समुल्लासः

वैदिक इतिहासः ... ३२२
इतिहास संकेतः ... ,,
इतिहास प्रयोजनम् ... ३२४
इतिहास गवेषणा प्रकारः ... ३२५
वैदिक इतिहासः ... ३२६

विषयाः ... पृष्ठाङ्काः

## षोडशः समुल्लासः

वेद विवेचनम् ... ३४३
मन्त्रसंख्यानिर्देशः ... ३४४
वेदलक्षणम् ... ,,
मन्त्राणां त्रैविध्यम् ... ३४५
वेदसमयः ... ३४७
शब्दानां नित्यत्वम् ... ३४८
ऋषिभेदः ... ३५०
मण्डलसूक्तादिलक्षणम् ... ,,
ऋग्वेदमहिमा ... ३५२
यजुर्वेदमहिमा ... ३५३
सामवेदमहिमा ... ३५६
अथर्वाङ्गिरो वेदमहिमा ... ३५७
यज्ञच्छिद्रनिरूपणम् ... ३५८
ब्राह्मणनिरूपणम् ... ३६०
वैदिकगाथानिर्देशः ... ३६२

## सप्तदशः समुल्लासः

वेदाङ्गविवेचनम् ... ३६३

## अष्टादशः समुल्लासः

वैदिकसंस्कारनिरूपणम् ... ३७१

## एकोनविंशः समुल्लासः

दर्शनविवेचनम् ... ३८१
चार्वाकमतनिर्देशः ... ३८१
बार्हस्पत्यमतकथनम् ... ३८२
बौद्धमतनिर्देशः ... ३८२
आर्हतमतनिर्देशः ... ३८५

| विषयाः | पृष्ठाङ्काः |
|---|---|
| न्याय-वैशेषिक-मीमांसा-योग-सांख्य-वेदान्त-दर्शनकथनम् ... | ३८८ |
| चतुःषष्ठितन्त्रनिरूपणम् ... ... | ३९२ |

## विंशः समुल्लासः

| | |
|---|---|
| आर्षगोत्रविवेचनम् ... ... | ३९६ |
| गोत्रप्रवर्त्तकऋषिनिर्देशः ... ... | ३९७ |
| गोत्रप्रवरविचारः ... ... | ३९९ |
| उपाधिप्रवृत्तवंशकथनम् ... ... | ४०१ |
| समानगोत्रविवाहनिषेधः ... ... | ४०३ |
| गोत्रप्रवरविवेचनम् ... ... | ४०४ |
| आश्वलायनप्रवरकाण्डम् ... ... | ४०४ |
| प्रवरभेदनिरूपणम् ... ... | ४०६ |

## एकविंशः समुल्लासः

| | |
|---|---|
| वैदिकादेशनिर्देशः ... ... | ४०८ |

## द्वाविंशः समुल्लासः

| | |
|---|---|
| मनुष्यकर्त्तव्यविवेचनम् ... ... | ४२० |
| ग्रन्थान्तमङ्गलम् ... ... | ४२७ |


ऽयष्टनन्देन्दु संख्याते विक्रमाब्दे मनोहरे ।
माघशुक्लतृतीयायां शुक्रवारेऽरुणोदये ॥१॥
भरद्वाजाश्रमस्थेन मया गुरुकृपावशात् ।
ग्रन्थस्यास्य समारम्भः प्रयागे विशदीकृतः ॥२॥
विदुषामुपकाराय सोयं भवतु भूतले ।
ग्रन्थः सनातनं धर्म दिशन्नभ्युदयप्रदः ॥३॥

# वैदिक-सत्यार्थ-प्रकाश

सनातनधर्म-विजय, श्रीकृष्णचन्द्र चरित, श्रीवल्लभाचार्यचरित,
श्रीचन्द्रमौलि चरित आदि पञ्चमहाकाव्य लेखक-
सनाढ्यवंशोद्भव—

ग्रन्थकार



अखिलानन्द शर्मा-पाठक

अनूपशहर जिला बुलन्दशहर, यू० पी०

V. N. Press, Etawah.

# भूमिका

मानतीय सज्जनगण !

जिस वैदिक सत्यार्थप्रकाश की सूचना हमने विक्रम संवत् १६८५ में भारत-मित्र के द्वारा दी थी; तथा जिसके देखने के लिये, भारतवर्ष के समस्त सनातन-धर्मावलम्बी सज्जन प्रतीक्षा में व्यग्र थे वह आज आनन्दकन्द-जगदानन्द-भगवान् बालकृष्ण की असीम कृपा से जनता में प्रस्तुत हो रहा है।

इस ग्रन्थ से जनता का कितना उपकार होगा, यह वे ही जान सकते हैं जो-सनातनधर्म का व्यापक महत्व समझते हैं, तथा जो सहृदय होने के कारण वर्त्तमान कराल समय में भी सनातनधर्म की तन-मन-धन से रक्षा कर रहे हैं।

जो महानुभाव सनातनधर्म पर अभिमान नहीं रखते हैं अथवा जो धर्म की ओट में अपना स्वार्थ साधन करने के लिये, जनता में वैदिक-धर्मी होने का मिथ्या दम्भ भरते हैं उनके लिये यह ग्रन्थ मार्ग प्रदर्शक होगा। यह हमारे सहयोगियों का मत है।

वेदोऽखिलो धर्ममूलम् । २ । ६

धर्मं जिज्ञासमानानां प्रमाणं परमं श्रुतिः । २ । १३

भूतं भव्यं भविष्यं च सर्वं वेदात्प्रसिध्यति । १२।९७

मनु के इन पद्यों में धर्म का महत्व समझने के लिये मन्त्र ब्राह्मणात्मक अखिल वेद कारण कहा गया है। आधा वेद धर्म ज्ञान के प्रति कारण नहीं है। वेद-विधि अर्थवाद और मन्त्र इन तीन विभागों में विभक्त है।

विधिमन्त्रयोरैकार्थ्यमैकशब्द्यात् । २ । १ । ३

विधिनात्वेकवाक्यत्वात्स्तुत्यर्थेन विधीनां स्युः । १ । २ । ७

मीमांसा के इन दो सूत्रों में विधि और मन्त्र इन दोनों को एकार्थ मानकर अर्थवादों को भी विधिके साथ-साथ एकार्थक होनेके कारण धर्म में प्रमाण माना है। "विधिर्विधायकः" इस सूत्र में विधायक वाक्यों को विधि वाक्य कहा गया है। विधि वाक्यों के साथ स्तावक होने से एक वाक्यता होने पर विधि, मन्त्र और अर्थवाद यह तीनों समुदित रूप में धर्म निर्णायक ठहरते हैं। इनमें से किसी एक को धर्म निर्णायक मानना केवल अल्पज्ञता मात्र है।

जो केवल मन्त्र भागात्मक वेद को अखिल वेद मानकर वेद के साथ विधि और अर्थवाद को न मिलाते हुये वेदज्ञ होने का दम भरते हैं, वे अपठित समाज में भले ही अपना दम्भ योग चला लें, परन्तु आमूलचूड जिन्होंने गुरुमुख से वैदिक-साहित्य प्राप्त किया है, उन विद्वानों में यह उनका कथन केवल उपहास के अतिरिक्त और कुछ काम नहीं दे सकता है, आज कल भारत में बहुत से ऐसे योगी हैं। जिनमें :—

आदौ देयाः पञ्च धाष्ट्र्यस्य भागा द्वौ दम्भस्य द्वौ मृषाभाषणस्य।
देयश्चैको धूर्त्ततायाः सभागः पृथ्वीं वश्यामेष योगः करोति ॥ १ ॥

यह पद्य पूर्ण रूप से घट जाता है। निन्यानवे फीसदी मूढ़ मनुष्य ऐसे योगियों के कुचक्र में पड़ कर अपने अमूल्य मानव जीवन को व्यर्थ नष्ट करते हैं। धर्म के जिज्ञासुओं को ऐसे कुचक्रियों के चक्र में न पड़ कर वेदज्ञ विद्वानों से ही अपना सन्देह दूर करना चाहिये।

"स्वयमसिद्धः परान्कथं साधयेत्" यह एक संसार में प्रसिद्ध कहावत है इसका आशय यह है कि जो पुरुष स्वयं सिद्ध नहीं बना है वह औरों को क्या सिद्ध कर सकता है? आश्रम धर्म के विरुद्ध आचरणों द्वारा जो स्वयं संसार में अधोगति की ओर झुक चुका, वह औरों को उन्नतावस्था पर कैसे पहुंचा सकता है? जो स्वयं सत्यासत्य का निर्णय नहीं कर सका वह औरों तक सत्य अर्थ का प्रकाश कैसे पहुँचा सकता है? सत्य अर्थ का प्रकाश तो वही कर सकता है—जो स्वयं प्रकाश होकर औरों के लिये—प्रकाश सामिग्री प्राप्त करा सकता हो !!! जो स्वयं अन्धकार में पड़ा हुआ है, वह औरों पर प्रकाश क्यों कर डाल सकता है।

संसार में जब दुर्दिन आता है, तब खद्योत भी अपने को प्रकाश-स्तम्भ मान कर औरों पर प्रकाश डालने का तुच्छ प्रयास करता है। परन्तु उस क्षणिक प्रकाश का अवलम्ब लेकर संसार में कोई भी बुद्धिमान् अपना कार्यारम्भ नहीं करता है, और जो करता है, वह धोखा खाता है। इसी आशय को लेकर एक प्राचीन कवि ने मेघा... है, और... में कहा है कि :—

पिकं हि मूकीकुरु धूमयोने ! भेकं च सेकैर्मुखरीकुरुष्व !
किन्तु त्वमिन्दोःप्रपिधाय बिम्बं खद्योतमुद्योतयसीत्यसह्यम् ॥२

इस पद्य में धूमयोनि शब्द अर्थान्तर में नीच—कलुषित—पापयोनि द्योतक है। पिक शब्द सज्जन द्योतक है, भेक शब्द दुर्जन द्योतक है, इन्दु शब्द द्विजराज परक है, बाकी स्पष्टार्थ है। धूमयोनि की आडम्बर-पूर्ण गर्जना सुनकर पिक मूक होते हैं, और भेक कर्दम जल पीकर टर्राने लगते हैं, यह संसार में प्रत्यक्ष है। सज्जन इन दोनों बातों को देखकर भी धूमयोनि की इस अनधिकार चर्चा पर ध्यान नहीं देते हैं,

परन्तु जब वह द्विजराज को छिपा कर आकाश में खद्योत को चमकाने लगता है, तब सज्जनों से नहीं रहा जाता ? इसी कारण वे स्थायी प्रकाश की सामिग्री एकत्र कर दिव्य प्रकाश प्रस्तुत कर देते हैं। जिससे संसार का व्यवहार यथावत् चलता रहता है। लोक रक्षा अथवा लोक संग्रह की ओर ध्यान जाना सज्जनों के लिये एक स्वाभाविक बात है। हमारे सहयोगी इस रहस्य को इतने से समझ लेंगे, इस लिये इस पर अधिक लिखना व्यर्थ है।

## ग्रन्थ प्रयोजन।

भारत में नास्तिकों ने जब से अज्ञानान्धकार पतित ज्ञानलवदुर्विदग्ध अशिक्षित मनुष्यों को भ्रमजाल में डालने के लिये अस्त-व्यस्त ग्रन्थ प्रकाशित किये हैं, तब से अल्पज्ञ जन वैदिक मार्ग से हटते जा रहे हैं। पाश्चात्य शिक्षा दूषित होने के कारण अनेक प्रकार के कुतर्क उनको अधोगति की ओर लेजाने के लिये प्रस्तुत कर चुके हैं। अनेक प्रकार के प्रलोभनों से उनको फुसला कर बहुत से स्वार्थ-परायण उनका तन, मन, धन सब कुछ नष्ट कर चुके हैं। उनको धर्म की ओर प्रवृत्त करने के लिये तथा उनके कुतर्कों का उत्तर देने के लिये अब तक कोई ग्रन्थ हमारी दृष्टि में नहीं आया। बिना ग्रन्थ के देखे कोई पुरुष सन्मार्ग पर चलने का साहस नहीं कर सकता। इस लिये नास्तिकों के समस्त प्रश्नों का उत्तर देने वाला यह ग्रन्थ हमने प्रस्तुत किया है, यह इसका पहिला प्रयोजन है।

( २ ) किसी ग्रन्थ का साङ्गोपाङ्ग सम्पादन उसके सम्पादक की योग्यता पर निर्भर होता है। वर्त्तमान समय में नास्तिकों के उत्तर में जो ग्रन्थ निकले हैं, उनमें बहुत सी त्रुटियां रह गई हैं। जो ग्रन्थकार वैदिक-साहित्य से अपरिचित हैं (अथवा) जो वर्त्तमान समय के नास्तिकों का तर्क-संग्रह नहीं पढ़े हैं, वे इन दोनों त्रुटियों के कारण सप्रमाण सयौक्तिक उत्तर देने में असमर्थ हैं। इसी कारण वे नास्तिकों को उचित उत्तर नहीं दे सकते हैं। उनके प्रश्नों का उचित उत्तर न [illegible]ी अयोग्यता का परिचायक माना जाता है। इसलिये उसको हटाने के [illegible]ह ग्रन्थ लिखा है, यही इसका दूसरा प्रयोजन है।

( ३ ) भारत में आज कल धर्मोपदेशकों की बाढ़ सी आ रही [illegible]में दस-बीस धर्मोपदेशक मिलेंगे। उनमें प्रायः कोई उर्दू मिडिल फेल [illegible]ठ, कोई विशारद फेल मिलेगा, उनके मुख से कोई भी सूत्र-मन्त्र-श्लोक शु[illegible]ा। ऐसे मनुष्यों की योग्यता के विषय में दर्पणकार ने एक पद्य लिखा है, उ[illegible]।

गुरोर्गिरः पञ्चदिनान्यधीत्य वेदान्तशास्त्राणि दिनत्र[illegible]।
अमी समाघ्राय वितर्कवादान्समागताः कुक्कुटमिश्रपादाः ॥[illegible]

आज कल के वेतन-भोगी उपदेशकों पर यह पद्य फिट बैठता है। ये लोग निरक्षर होने पर भी भट्टाचार्य, अब्राह्मण होने पर भी ब्राह्मण, अनाचारी होने पर भी आचार्य बनते हैं। अपना अज्ञान छिपाने के लिये, और मूर्ख जनता को धोखे में डालने के लिये प्रसंग विरुद्ध मंत्र सूत्र पद्य का एक आध टुकड़ा कहकर बाकी के लिये या तो "इत्यादि" कह देते हैं, या अन्य कुछ बहाना लेकर प्रमाण प्रसंग को टालते हैं। इनकी इस धूर्त्तता को देखकर सभ्य विद्वान् या तो सभा में आते नहीं हैं। यदि आते हैं, तो दो चार मिनट बैठ इनके अपशब्दों को सुनकर उठ जाते हैं। इनको विद्वान् के पास जाकर कोई बात पूछनी मानहानि का कारण बन जाती हैं। इसलिये ये पंडितों के मुख से निकली हुई दो चार बातें उड़ाकर आप सर्वज्ञ बन जाते हैं। ऐसे निगुरे निरक्षर उपदेशकों को लाभ पहुँचाने के लिये हमने यह ग्रन्थ लिखा है, यह इसका तीसरा प्रयोजन है।

( ४ ) आज कल कुछ मनुष्य ऐसे भी हैं, जो धर्म के रजिस्टर्ड ठेकेदार होते हुये भी अपनी अयोग्यता के कारण धर्म का तत्व स्वयं नहीं समझते हैं। इसीलिये वे सनातनधर्म के मूलोच्छेदक सिद्धान्तों का या असेम्बली में उपस्थित धर्म घातक बिलों का स्वयं भी समर्थन करते हैं और अन्धविश्वास में फंसी हुई दोचार सभाओं से भी उनका समर्थन करा देते हैं। साथ ही ऐसे बुरे कामों में सहयोग देने वाले दो चार प्रधान मित्र बनाकर आप मालामाल बनते हैं, और धर्मान्ध जनता को सर्वदा के लिये नरक में ढकेलते रहते हैं। उन हठी दुराग्रही दम्भी ठेकेदारों की आंखें खोलने के लिये हमने यह ज्ञानाञ्जन शलाकामय ग्रन्थ लिखा है, यही इसका चौथा प्रयोजन है।

( ५ ) वर्तमान समय के नास्तिक-जन जिस प्रकार नास्तिक मत फैलाने के लिये मनुष्यों के हाथों में नास्तिक प्रणीत अनेक ग्रन्थ देकर उनको नास्तिक बनाते हैं, उसी प्रकार उन नास्तिकों का दर्पदलन करने वाले आस्तिक भी इस ग्रन्थ को उनके हाथ
आस्तिक बनाने के लिये सन्नद्ध हों इस विचार से हमने यह ग्रन्थ
यही इसका पांचवां प्रयोजन है।

ं जो उच्चकोटि के विद्वान् हैं, उनके लिये तो यह ग्रन्थ केवल विनोद
इसलिये उनके लिये हमारा यह श्रम नहीं है। जो मात्सर्य-दूषित मनोवृत्ति
र्ष्यासहिष्णुता के कारण इसको देख नहीं सकेंगे। इसलिये हमारा यह
ये भी नहीं है, यह तो केवल उनके लिये लिखा गया है जो गुणग्राही
ा धर्म पर मर मिटने वाले और धर्म का तत्व समझ कर जनता के
काम करने वाले हैं। वे इस ग्रन्थ को देख कर धर्म-प्रचार में अधिक
और इसीसे हमारा परिश्रम भी सफल हो जावेगा।

# ग्रन्थ का आकार प्रकार

यह ग्रन्थ बाईस समुल्लासों में लिखा गया है। इसके पूर्वार्द्ध में प्रतिद्वन्द्विता के साथ अवैदिक सत्यार्थ-प्रकाश के प्रत्येक समुल्लास का खण्डन किया गया है, परन्तु किसी पर व्यक्ति-गत आक्षेप नहीं किया है। केवल सिद्धान्त विरोध दिखाकर अपने सिद्धान्तों का मण्डन वैदिक-मन्त्रों से किया गया है। जो बातें पूर्वार्द्ध में न आ सकीं उनके लिये उत्तरार्द्ध लिखा गया है, इस प्रकार इसमें बाईस समुल्लास पूरे हुये हैं। इस के आरम्भ में, मध्य में, तथा अन्त में हमने तीन वार वैदिक-मन्त्रों से पञ्च-देवतात्मक मङ्गलाचरण किया है जो वेदज्ञ-विद्वानों के देखने योग्य है। पूर्वार्द्ध के समुल्लासों के अन्त में एक एक पद्य हमने अपने साङ्केतिक भावों को अभिव्यक्त करने के लिये भी लिखा है, जो पाठकों के लिये भविष्य में वंश परिचायक होगा।

इसका आरम्भ हमने विक्रम संवत् १९८३ माघ शुक्ल तृतीया शुक्रवार को प्रयागस्थ भरद्वाजाश्रम में किया था। उन दिनों सनातनधर्म विजय ( महाकाव्य ) छप रहा था। उसका मुद्रण और इसका सम्पादन एक साथ होता रहा। महाकाव्य के छपने तक इसका पूर्वार्द्ध समाप्त होगया।

इसके अनन्तर हमने अनूपशहर में रह कर इसका उत्तरार्द्ध तैयार किया। जिसमें दो वर्ष का समय लगा। ग्रन्थ तैयार होने पर हमने इसके प्रकाशनार्थ बाहर भ्रमण किया। जिन महानुभावों ने हमारे कार्य में हमको सहयोग दिया उनका शुभ नाम धन्यवाद के साथ इस ग्रन्थ में अन्यत्र दिया गया है।

अब यह ग्रन्थ प्रकाशित होकर जनता में उपस्थित होता है। इसके सहृदय पाठक हमारी त्रुटियों पर ध्यान न देकर इसको आद्योपान्त पढ़ें और पढ़ कर इसकी त्रुटियों से हमको सूचित करें। जिससे हम अगले संस्करण में उनको दूर करने का यत्न करें। ग्रन्थ लिखने का काम जिनको रहता है, वे—


"गच्छतः स्खलनं क्वापि भवत्येव प्रमादतः"

इस बात को खूब जानते हैं। उनमें जो सज्जन होते हैं वे तो त्रुटियों का समाधान कर देते हैं परन्तु जो मात्सर्य-ग्रस्त होते हैं, वे "ननु नच" कह कर अपना दिल खुश कर लेते हैं इतना ही दोनों में अन्तर रहता है। हमने सनातनधर्म की रक्षा के लिये यह ग्रन्थ लिखा है। इसलिये धर्म के प्रधान रक्षक भगवान् इसके प्रतिफल में हमको अपने श्री चरणों में आश्रय देकर हमारे समस्त मनोरथों को यथा समय सफल करने की कृपा करें यही उनके श्रीचरणों में हमारा अन्तिम निवेदन है।

निवेदक :—अखिलानन्द शर्मा पाठक
अनूपशहर।

# आत्म निवेदन

अब हम अपना परिचय देते हैं। हमारा जन्म जिस देश में हुआ वह मनु के मत से ब्रह्मर्षि देश है। इसमें पुण्य सलिला प्रातः स्मरणीया भगवती भागीरथी के गर्भ में 'जिला—बदायूं' तहसील गुन्नोर, परगना रजपुरा के अन्दर एक चन्द्रनगर नामक ग्राम है, जिसमें हमारे पूर्वज रहते थे। उसमें विक्रम संवत् १९३७ माघ शुक्ला तृतीया मङ्गलवार शतभिषा नक्षत्र-परिघयोग-गरकरण-कुम्भ के चन्द्र में हमारा जन्म हुआ। ज्योतिष के अनुसार हमारा जन्माङ्ग इस प्रकार है:—




यह जन्माङ्ग ख्यातनामा, कूर्माचलीय श्रीपण्डित रामदत्तजी ज्योतिर्विद् (मुकाम बिठौरिया, पोस्ट-हलद्वानी जिला नैनीताल ) ने लिखा है। आपका वंश इस प्रान्त में ज्योतिष के विषय में अति प्रसिद्ध है, हमारे वंशज-भरद्वाज गोत्री त्रिप्रवर-माध्यन्दिन शाखी-पाठकोपनामयुक्त सनाढ्य थे। हमारे वंश में शास्त्र व्यवसाय कुलक्रमागत है। हमारे पिता मुनिवर श्रीटीकाराम शास्त्री जी थे, और हमारी प्रातः स्मरणीया माता श्रीमती सुबुद्धि देवी थीं। यह दोनों पूर्ण विद्वान् होने के कारण आपस में सदा देव-वाणी में ही बात करते थे। इसी कारण से हमारी मातृभाषा देव-वाणी है, हमारे घर में अभी तक इसका प्रचार चला आ रहा है।

हमारी शैशवावस्था बड़ी आश्चर्यजनक थी। हमारे पिताजी हमको एक वर्ष के भीतर काशी ले गये। तीन वर्षके भीतर मुम्बईमें भारत मार्त्तण्ड श्रीगट्टूलाल जी महाराज का आशीर्वाद हमको प्राप्त हुआ। चौथे वर्षके आरम्भ में पुष्कर स्नान और ब्रह्मदेव का दर्शन लाभ हुआ। इसके अनन्तर कुलक्रमागत-अम्बिकादेवी का दर्शन करके पांच वर्ष की अवस्था में गङ्गोत्तरी में जाकर हमारा उपनयन स्वयं पिता जी ने किया। गङ्गा जी की रेती में हमारे पिता जी ने अंगुली से लिखकर हमको अक्षर-परिचय कराया।

उपनयनोत्तर हमने अपने पितृव्य से ऋग्वेद और यजुर्वेद पढ़ा। मथुरा में श्री जुगल जी महाराज से अष्टाध्यायी और महाभाष्य पढ़ा। वृन्दावन में श्रीसुदर्शनाचार्यजी से न्याय पढ़ा। अपने श्री पिताजी से वेदान्त पढ़कर अनूपशहर में श्रीविष्णुदत्त जी से छन्दः शास्त्र, अलङ्कार, काव्य, नाटकादि साहित्य पढ़ा। इसके अनन्तर बाईस वर्ष की हमारी अवस्था होने पर हमारे पिता जी का स्वर्गवास हुआ। उनके कृत्य से निवृत्त होकर हमने पांच वर्ष फिर यत्र-तत्र जाकर विद्याध्ययन किया।

विद्योपार्जन के अनन्तर माता जी के अनुरोध से हमने विवाह किया। अनूपशहरके रईस श्री पं० गङ्गाप्रसादजी की आयुष्मती पुत्री श्रीमती मालतीदेवी के साथ हमारा विवाह हुआ। विवाहोत्तर हमको अर्थोपार्जन की चिन्ता हुई। जिसके लिये हमने तीन वर्ष सहसवान में पढ़ाया और यहां से चलकर थमरवा स्टेट हरदोई में दो वर्ष तक पढ़ाया। इसके बाद हमने अध्यापन कार्य छोड़ दिया।

अब कुण्डली के ग्रहों का फल भी मिलाते चलिये। अष्टम सूर्य हमारे स्वास्थ्य में हानिकारक है। सातवां मङ्गल स्त्री के लिये कष्टदायक है। आठवां बुध कफजन्य रोग करता है। दशम गुरु राज-सम्मान प्रद है। पञ्चमेश उच्च शुक्र दशम भाव में कवित्व शक्ति और धनैश्वर्य-प्रद है। शनि लाभ स्थान में धनधान्य-प्रद है। राहु और केतु यह दोनों ग्रह अधम तथा दाम्पत्य-सुख में बाधक हैं। यह रहा भाव फल ?

अब राशि फल देखिये—मकर का सूर्य मध्यम, कुम्भ का चन्द्रमा शुभ, धनका मङ्गल शुभ, मकर का बुध अधम, मीन का गुरु शुभ, मीन का शुक्र अत्युत्तम, मेष का शनि मध्यम यह राशि फल है। इसके हिसाब से चौदह वर्ष तक गुरु की दशा और चौदह से तेतीस वर्ष तक पाप-ग्रह शनि की दशा आती है। शनि नवमेश धर्मभाव का स्वामी और स्वयं पाप-ग्रह है। इस कारण—इसी की दशा में धर्म विरोधी, धर्मनिन्दक अनार्य समुदाय के साथ हमारा सम्पर्क रहा।

अदृश्य ग्रह-दशा के कारण मनुष्य जिस काम को नहीं करना चाहता है वह भी उससे हो जाता है। इसी को अदृष्ट अथवा दैवयोग कहते हैं। जिन मनुष्यों की प्रेरणा से हम इस मार्ग में प्रवृत्त हुए, उनका नाम स्मरण भी जघन्य समझ कर छोड़े देते हैं, क्योंकि, महाकवि माघ ने—

"कथापि खलु पापानामलमश्रेयसे यत:"

ऐसा कहा है। नवम चन्द्रमा धर्मोन्नति कारक है। इस कारण तेतीस वर्ष के बाद बुध की दशा में हमारा धार्मिक भाव फिर जागृत हुआ। जिससे पापी वेदनिन्दक पुरुषों का सम्पर्क छोड़कर, हम फिर कुल परम्पराऽऽगत सनातनधर्म मार्ग पर आ गये। हमारा यह "आवापोद्वाप" कुमारिल भट्ट की तरह अतर्कितोपनत सा

हुआ। जिसकी स्वप्न में भी हमको सम्भावना नहीं थी। इसी समय हमारी माता ने हमको एक पत्र में :—

मलिनैश्चेन्न सङ्गस्ते नीचैः काककुलैः पिक !
श्रुति दूषकनिर्ह्रादैः श्लाघनीयस्तदा भवेः ॥ १ । ६५

यह शङ्कर दिग्विजय का पद्य लिख भेजा, जिसको पढ़ कर हमको उद्बोध हुआ। गूढोक्ति नामक अलङ्कार से अलंकृत यही पद्य भट्टपाद ने राजा सुधन्वा के पास लिख कर भेजा था? जिसके प्रभाव से राजा सुधन्वा बौद्धों को छोड़कर अपने असली मार्ग पर आ गए। यह बुध की दशा पचास वर्ष तक रही। इसी दशा में हमने नास्तिक प्रणीत समस्त ग्रन्थों का खण्डन और सनातनधर्म का मण्डन अनेक निबन्धों में किया। जिनकी सूची इसी ग्रन्थ में आपको अन्यत्र मिलेगी। नमूने के तौर पर यह ग्रन्थ आपके समक्ष प्रस्तुत है।

पचास से सत्तावन वर्ष तक केतु और सिद्धा दशा की चहल पहल रही। सत्तावन से सतत्तर तक अब शुक्र जी महाराज पधारे हुए हैं। जिनकी छत्रछाया में वर्तमान हमारा साठवाँ वर्ष चल रहा है। यही महाराज हमारे भविष्य जीवन के भी मालिक हैं। भविष्य जीवन में हमको सनातनधर्म की सेवा, भगवद्भजन और शास्त्र चिन्तन के अतिरिक्त अन्य कुछ कार्य नहीं है। जो कुछ करना था सब कर लिया। हमारा निवास आज कल अनूपशहर में है। गृहस्थाश्रम के फल स्वरूप—चि० मुनीश्वरदत्त, यज्ञेश्वरदत्त और नरेशचन्द्र यह तीन पुत्र और पांच पुत्रियां हैं। जिनमें तीन पुत्रियां अभी अविवाहित हैं। इनका विवाह ईश्वर के भरोसे पर निर्भर है। भगवान् की कृपा से हमारे समस्त कार्य अब तक यथोचित रूप से सम्पन्न हुए और भविष्य में भी सम्पन्न होंगे, यह हमारी दृढ़ धारणा है। हमारे परिवार में हमारे सहोदर छोटे भाई पं० सुबोधचन्द्र हैं। जो वानप्रस्थ होकर कर्णवास में हमारे पिताजी के स्थान पर रहते हैं। यही हमारा और हमारे परिवार का संक्षिप्त "आत्म-निवेदन" है। जिनको विशेष परिचय देखना हो वे हमारा (सनाढ्यगौरवादर्श मंगाकर देखने की कृपा करें।

निवेदक :—

अखिलानन्द शर्मा पाठक,
मु० पो० अनूपशहर,
जि०—बुलन्दशहर, यू० पी०

॥ श्रीहरिः ॥

# वैदिक-सत्यार्थ-प्रकाशः ।

## प्रथमः समुल्लासः

### मङ्गलम्

निषुसीद गणपते ! गणेषु त्वामाहुर्विप्रतमं कवीनाम् ।
न ऋते त्वत् क्रियते किञ्चनारे महामर्कं मघवंश्चित्रमर्च ॥ ६।१४।९

ऋग्वेद के इस मन्त्र में श्री गणेश जी का स्तवन है । हे गणपते ! आप स्तोतृ समूह में आकर बैठिये आपको कवियों में श्रेष्ठ तथा विप्रतम अर्थात् अत्यन्तबुद्धि युक्त कहते हैं, आपके बिना संसार में कोई भी अच्छा कार्य आरम्भ नहीं किया जाता है इसलिये हे पूजनीय ! आप हमारे स्तोम को सुनकर हमको सफल मनोरथ कीजिये ।

यो भूतं च भव्यं च सर्वं यश्चाधितिष्ठति ।
स्वर्यस्य च केवलं तस्मै ज्येष्ठाय 'ब्रह्मणे नमः' ॥ १०।८।१

अथर्व वेद के इस मन्त्र में ब्रह्म का वर्णन है । जो भूत, भविष्य, वर्तमान इन तीनों कालों में समस्त विश्व को व्याप्त कर अपने "आनन्द" रूप से सबसे अलग रहता है उस व्यक्ताव्यक्तरूप ब्रह्म को नमस्कार है । ( द्वे वाव ब्रह्मणोरूपे-मूर्तञ्चैवा मूर्तञ्च ) इस बृहदारण्यक ( ३।३।१ ) श्रुति में मूर्तामूर्त भेद से ब्रह्म दो प्रकार का माना है

उद्यते नम उदायते नम उदिताय नमः ।
अस्तंयते नमोऽस्तमेष्यते नमोऽस्तमिताय नमः ।
विराजे नमः स्वराजे नमः सम्राजे नमः ॥ १७।१।२२।२३

अथर्व वेद के इन दो मन्त्रों में श्री सूर्यदेव का नमन है । उदय होते हुये उदय होने वाले तथा उदित सूर्यदेव को प्रणाम है । अस्त होते हुये अस्त होने वाले तथा अस्त हुये सूर्यदेव को प्रणाम है इन तीन अवस्थाओं में विराट् स्वराट् सम्राट् इन तीन नामों वाले सूर्यदेव को प्रणाम है ( विशेषेण राजतइति विराट् । स्वयं राजत

इति स्वराट्। सम्यक् राजत इति सम्राट्) यजुर्वेद के ( सूर्य आत्मा जगतस्तस्थुषश्च ७। १४ ) इस मन्त्र में सूर्य को चर तथा अचर इन दोनों प्रकार के जगत् का आत्मा कहा है। आत्म शब्द [ आत्मा देहे धृतौ जीवे स्वभावे परमात्मनि ] इस कोष के प्रमाण से पांच अर्थ का ग्राहक माना जाता है। जगत् का धारण तथा उसमें प्राण सञ्चार सूर्य के द्वारा ही होता है। यजुर्वेदके [ योसावादित्ये पुरुषः सोऽसावहम् ४०।१७ ] इस मन्त्र के द्वारा ईश्वर कहता है कि आदित्य मण्डल में जो पुरुष है वह मैं ही हूं। इसी लिये द्विजमात्र के लिये सायं प्रातः सूर्य देव को प्रणाम करना वैदिक आदेश है।

नमः शम्भवाय च मयोभवाय च "नमः शङ्कराय" च।
मयस्कराय च "नमः शिवाय" च शिवतराय च॥ १६। १४

यजुर्वेद के इस मन्त्र में शिवजी का वर्णन है स्वयं कल्याण स्वरूप तथा भक्तों के अत्यन्त कल्याण करने वाले कल्याण जनक ऐहिलौकिक तथा पारलौकिक सुख सामग्री के अभिवर्द्धक भगवान् श्रीशङ्कर को हमारा नमस्कार है।

यां त्वा देवा असृजन्त विश्वे इषुं कृण्वाना असनाय धृष्णुम्।
सा नो मृडय विदथे गृणाना तस्यै ते नमो अस्तु देवि॥ १।१३।४

अथर्व वेद के इस मन्त्र में भगवती देवी का वर्णन है। हे देवि! शत्रुओं के नाश करने के लिये संग्राम में डटने योग्य शस्त्रास्त्र विस्तृत जिस आपके स्वरूप को इन्द्रादि देवगणों ने मिलकर अपनी २ शक्ति के अनुरूप प्रकट किया था, वह इस समय हमको अनुगृहीत करता हुआ समस्त शुभ कार्यों में प्रेरित करे, इस लिये हम आपको नमन करते हैं। इसी एक मन्त्र पर सप्तशती का समस्त विस्तार श्री व्यास देव ने किया है। इस विषय में हमारा [ भारत में—शक्ति पूजा ] निबन्ध देखिये।

स्तुता मया वरदा वेदमाता प्रचोदयन्तां पावमानी द्विजानाम्।
आयुः प्राणं प्रजां पशुं कीर्तिं द्रविणं ब्रह्मवर्चसं मह्यं दत्वा व्रजतु ब्रह्मलोकम्॥
१९। ७१। १

अथर्व के इस मन्त्र में गायत्री का वर्णन है मैंने वर देने वाली वेदमाता गायत्री का स्तवन किया है। द्विज अर्थात् ब्राह्मण क्षत्रिय वैश्यों को पवित्र करने वाली वेदमाता हमको अच्छे कार्य में प्रेरित करे और आयु प्राण प्रजा पशु कीर्ति द्रविण और ब्रह्म तेज देकर आप ब्रह्म लोक को जावें।

अग्निर्मा गोप्ता परिपातु विश्वत उद्यन् सूर्यो नुदतां मृत्युपाशात् ।
व्युच्छन्तीरुषसः पर्वता ध्रुवाः सहस्रं प्राणा मय्यायतन्ताम् ॥
१७ । १ । ३०

अथर्ववेद के इस मन्त्रमें अग्नि सूर्य उषा और पर्वतोंसे प्रार्थना है, रक्षक अग्निदेव सब ओर से हमारी रक्षा करें उदय को प्राप्त होते हुये सूर्यदेव हमको मृत्यु के पाशों से मुक्त करें जगत में प्रकाश फैलाने वाली उषा और निश्चल रूप से रहने वाले पर्वत हमारे अन्दर अनन्त प्राणशक्ति का सञ्चार करें ।

सभा च मा समितिश्चावतां प्रजापतेर्दुहितरौ संविदाने ।
येना सङ्गच्छा उपमासशिक्षाच्चारु वदानि पितरः सङ्गतेषु ॥ ७।१२।१

अथर्ववेद के इस मन्त्र में सभा में जाने के लिये पितृगणों से प्रार्थना है । हे पितृगणो ! आपस में एक दूसरे से मिली हुई ब्रह्मा की पुत्री सभा और समिति हमारी रक्षा करें और उनके साथ सम्बन्ध रखने से हम शिक्षित मनुष्यों में मिलकर सुन्दर भाषण करने वाले बनें ।

ये देवानामृत्विजो ये च यज्ञिया येभ्यो यज्ञं क्रियते भागधेयम्।
इमं यज्ञं सहपत्नीभिरेत्य यावन्तो देवास्तविषा मादयन्ताम् ॥ १९।५८।६

अथर्ववेद के इस मन्त्र में देवमात्र का आवाहन है । प्रत्येक ऋतु में देवताओं का यजन करने वाले ऋत्विजगण, यज्ञ के कराने वाले अध्वर्यु आदि याज्ञिक, और यज्ञ में भाग लेने वाले समस्त देवगण, इस हमारे ब्रह्म यज्ञमें अपनी२ पत्नियों के साथ आकर हमको बल प्रदान द्वारा आनन्दित करें ।

याभृषयो मन्त्रकृतो मनीषिण अन्वैच्छन्देवास्तपसा श्रमेण ।
तां देवीं वाचं हविषा यजामहे सा नो दधातु सुकृतस्य लोके ॥ ३७।५८

कृष्ण यजु के इस मन्त्र में वाणी का आवाहन है । मनन करने वाले मन्त्र सम्पादक ऋषि जिसको तप और श्रम के द्वारा प्राप्त कर चुके थे उस देवी वाणी को हम हवि से पूजित करते हैं वह हमको उत्तम लोकों में अथवा उत्तम जनों में स्थान दे। [ लोकस्तु भुवने जने ] इति कोषः ।

यानि नक्षत्राणि दिव्यन्तरिक्षे अप्सु भूमौ यानि नगेषु दिक्षु ।
प्रकल्पयंश्चन्द्रमा यान्येति सर्वाणि ममैतानि शिवानि सन्तु ॥१९।८।१

अथर्ववेद के इस मन्त्र में नक्षत्रों का वर्णन है । चन्द्रमा के घटने और बढ़ने के साथ २ जो नक्षत्र द्युलोक अन्तरिक्ष, जल, स्थल, पर्वत, और समस्त दिशाओं में अपना फलाफल उपस्थित करते हैं वह सब हमारे लिये कल्याण कारक हों ।

अष्टाविंशानि शिवानि शग्मानि सहयोगं भजन्तु मे।
योगं प्रपद्ये क्षेमं च क्षेमं प्रपद्ये योगं च नमोऽहोरात्राभ्यामस्तु ॥ १९।८।२

कल्याण की ओर ले जाने वाले तथा स्वयं कल्याण स्वरूप चन्द्रमा के सहित सब नक्षत्र हमारे साथ "सहयोग" करें। जिससे हमारा योगक्षेम आनन्द पूर्वक होता रहे। हम अहोरात्र के लिये प्रणाम करते हैं।

बृहस्पतिर्नः परिपातु पश्चादुतोत्तरस्मादधरादघायोः।
इन्द्रः पुरस्तादुत मध्यतो नः सखा सखिभ्यो वरिवः कृणोतु। २०। १७। ११

अथर्व के इस मन्त्र में बृहस्पति और इन्द्र का वर्णन है। देवगुरु बृहस्पति हमारी अदृष्ट परिस्थिति में रक्षा करें और भविष्य में आने वाले शत्रु जन्य अनिष्ट से हमको बचावें। देवराज इन्द्र प्रत्यक्ष में उपस्थित तथा कार्य के मध्य में आने वाले विघ्नों से हमारी रक्षा करते हुए मित्रभाव से हमको धन धान्य प्रदान करें।

ब्राह्मणेभ्य इदन्नमः। ६। १३। ३

अथर्व वेद के इस मन्त्र में ब्राह्मणों को नमस्कार करनेको आदेश है। ब्राह्मण भूदेव हैं इसलिये अन्यदेव गणों की तरह ब्राह्मण भी बन्दनीय हैं। हम उनके चरणों में नतमस्तक हो कर बार २ प्रणाम करते हैं। तपोधन ब्राह्मणों का विस्तृत वर्णन अथर्व वेद के [ ब्राह्मण सूक्त-ब्रह्मजाया सूक्त-ब्रह्मगवीसूक्त ] में विद्यमान है। जो हमने [ अथर्ववेदालोचन ] में लिखा है।

❁ श्रीहरि: ❁

# ग्रन्थारम्भः

( प्रश्न ) परमेश्वर के नामों में उत्तममध्यमाधम भेद हो सकता है वा नहीं ? ( उत्तर ) नहीं हो सकता है क्योंकि जिस प्रकार खांड़ की बनी हुई चीज सब ओर से मीठी होती है उसी प्रकार ईश्वरके सब नाम उत्तम हैं। वेद में ईश्वर का नाम उरुगाय है।

अत्राह तदुरुगायस्य विष्णोः [ यजुः ६ । ३ ]

इस मन्त्र में वेद स्वयं जिसको उरुगाय पुण्यश्लोक मानता है उसके पवित्र नामों में उत्तममध्यमाधम भाव मानना केवल नास्तिकता का परिचय देना है। जब ईश्वर के नामों में "सर्वोत्तम" भाव आ गया तो "सर्वाधम" भाव का आना भी स्वभाव सिद्ध होगा। सर्वाधम ईश्वर का कोई नाम है नहीं। इसलिये "सर्वोत्तम" शब्द का प्रयोग ही नामों के विषय में असङ्गत है।

( प्रश्न ) वेद मन्त्रों में जा गणपति, सूर्य, अग्नि, चन्द्र, बृहस्पति आदि नाम आते हैं उनसे किसका ग्रहण होता है ? ( उत्तर ) ये सब नाम वेद में लोक व्यवहार सिद्धि के लिये भिन्न २ पदार्थों में व्यवहृत हुये हैं। इसीलिये--

सर्वेषां तु स नामानि कर्माणि च पृथक् पृथक्।
वेदशब्देभ्य एवादौ पृथक् संस्थाश्च निर्ममे । १ । २१

ऐसा मनु ने लिखा है। इसका अर्थ यह है कि हिरण्यगर्भरूप से अवस्थित स परमेश्वर ने सृष्टि के आरम्भ में संसार स्थित सब पदार्थों का नाम और र्म वेद शब्दों से ही सम्पादित किया तथा समस्त संस्थाओं की व्यवस्थिति भी द शब्दों के आधार पर ही सम्पादित की। जब यह निर्विवाद सिद्धान्त है तब न्न २ पदार्थों में व्यवहृत सूर्यादि शब्दों का किसी एक अर्थ के लिये प्रयोग करना त्वहार विरुद्ध है।

लोके व्युत्पन्नस्य वेदार्थप्रतीतेः । ५ । ४०

सांख्य दर्शन के इस सूत्र में कपिलदेव जी ने इसी आशय को लक्ष्य में रखकर वेदार्थ परिज्ञान के लिये लोक व्यवहार का परिज्ञान आवश्यक बतलाया है। जो मनुष्य लोक व्यवहार से परिचित नहीं है वह वेदार्थ नहीं जान सकता है।

(प्रश्न) सञ्ज्ञा वाचक शब्दों में व्युत्पत्ति निमित्तक अर्थ मानना चाहिये अथवा प्रवृत्ति निमित्तक अर्थ? (उत्तर) शब्दों की व्युत्पत्ति और होती है और प्रवृत्ति का निमित्त और होता है। इस बात को लक्ष्य में रखकर—

अन्यद्धि शब्दानां व्युत्पत्तिनिमित्तम्। अन्यच्च प्रवृत्तिनिमित्तम्॥

ऐसा दर्पणकार ने लिखा है। यदि धात्वर्थ की प्रधानता ही शब्दों की अर्थ प्रत्यायकता में प्रधान मानी जावे तो "गौस्तिष्ठति-कर्मणि कुशलः" इत्यादि प्रयोगों में "गच्छतीतिगौः कुशं लातीति कुशलः" इस व्युत्पत्ति लभ्य-अर्थ की अनुपस्थिति में-तादृश प्रयोगों का उपयोग ही नहीं बन सकता है। इसलिये शब्दों के प्रयोग में प्रवृत्ति निमित्त ही उपादेय होता है व्युत्पत्ति निमित्त नहीं। देखिये-

शक्तिग्रहं व्याकरणोपमान–कोषाप्तवाक्याद्व्यवहारतश्च।
वाक्यस्य शेषाद्विवृतेर्वदन्ति सान्निध्यतः सिद्धपदस्य वृद्धाः॥

यह प्राचीन आचार्यों का मत है। शब्दों का शक्तिग्रह केवल व्याकरण से न होकर वृद्धों के मत में उपमान कोष आदि के आधार पर होता है। यही व्युत्पत्ति निमित्तक अर्थ के बोध में प्रमाणान्तरानपेक्ष प्रबल प्रमाण है। दर्पणकार ने—

संयोगो विप्रयोगश्च साहचर्यं विरोधिता।
अर्थः प्रकरणं लिङ्गं शब्दास्यान्यस्य सन्निधिः॥ १॥
सामर्थ्यमौचिती देशः कालो व्यक्तिः स्वरादयः।
शब्दार्थस्यानवस्थाने विशेषस्मृतिहेतवः॥ २॥

इन दो पद्यों में वर्णित संयोग- विप्रयोग-साहचर्य आदि भी शब्दार्थ के द्योतन में विशेष कारण माने हैं। इनके बिना प्रसङ्गागत अर्थ का परिज्ञान होना सर्वथा असम्भव है। इसीलिये—

शब्दस्मृतेः शब्दशुद्धिः॥ १॥ अभिधानकोषतः पदार्थनिर्णयः॥ २॥

इन दो सूत्रों द्वारा यास्क ने शब्दशुद्धि में व्याकरण तथा पदार्थ निर्णय में कोष ही प्रधान रूप से कारण माना है। इन सब आचार्यों के कथन का निष्कर्ष यही है कि शब्दार्थ निर्णय में धात्वर्थ नहीं प्रत्युत शब्द प्रवृत्ति निमित्त ही प्रधान माना जाता है।

(प्रश्न) पिता पितामह प्रपितामह इन शब्दों से किनका ग्रहण करना चाहिये? (उत्तर) अपने पिता पितामह और प्रपितामह का, क्योंकि—

एतत्ते प्रततामह स्वधा। १८। ४५। एतत्ते ततामह
स्वधा। १८। ४। ७६। एतत्ते तत स्वधा। १८। ४। ७७।

अथर्ववेद के इन मन्त्रों में तत-ततामह-प्रततामह इन नामों से पित
मह और प्रपितामह का ही ग्रहण किया है। [ उपस्थितं परित्यज्यानुपस्थितकं
मानाभावः ] लोक में प्रसिद्ध तथा प्राप्त अर्थ को न मानकर अनुपस्थित अप्रा
अर्थ की कल्पना करना प्रमाण शून्य होने के कारण माननीय नहीं है।

(प्रश्न) सूर्य, चन्द्र, मङ्गल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनैश्चर, राहु, केतु इन शब्दों से किन का ग्रहण करना चाहिये? (उत्तर) नवग्रहों का! क्योंकि--

शं नो ग्रहाश्चान्द्रमसाः शमादित्यश्च राहुणा।
शं नो मृत्युर्धूमकेतुः शं रुद्रास्तिग्मतेजसः॥ १९।९।१०

अथर्ववेद के इस मन्त्र में राहु केतु आदि को चान्द्रमस ग्रह माना है। इनका शुभाशुभ फल अथर्ववेद के "ग्रह शान्ति सूक्त" में लिखा है इनका सम्बन्ध २७ नक्षत्रों के साथ है। नक्षत्रों का शुभाशुभ फल भी अथर्ववेद के "नक्षत्रशान्ति सूक्त" में लिखा है जिसका उल्लेख हम इसी ग्रन्थ में अन्यत्र करेंगे।

(प्रश्न) इन्द्र, वरुण, यम, कुवेर आदि शब्दों से किनका ग्रहण करना चाहिये? (उत्तर) दिशाओं के अधिपतियों का! क्योंकि अथर्ववेद के "दिक्सूक्त" में—

प्राची दिगग्निरधिपतिः ३।२७।१
दक्षिणा दिगिन्द्रोऽधिपतिः ३।२७।२
प्रतीची दिग्वरुणोऽधिपतिः ३।२७।३
उदीची दिक् सोमोऽधिपतिः ३।२७।४
ध्रुवा दिग् विष्णुरधिपतिः ३।२७।५

इन मन्त्रों के अन्दर इन्द्र आदि देवताओं को अपनी २ दिशाओं का अधिपति माना है। वेद में चार दिशा और चार विदिशाओं का वर्णन मिलता है इसी कारण इन के अधिपतियों को "अष्टदिक्पाल" कहते हैं।

(प्रश्न) ब्रह्मा, विष्णु, महेश, श्री, लक्ष्मी, सरस्वती, आदि नामों से किन का ग्रहण करना चाहिये? (उत्तर) इन नामों से लोक प्रसिद्ध देवताओं का ही ग्रहण करना चाहिये क्योंकि—

ब्रह्मा देवानां प्रथमः सम्बभूव विश्वस्य कर्ता भुवनस्य गोप्ता।१।१

मुण्डक की इस श्रुति में ब्रह्मा जी का वर्णन है।

न ते विष्णो! जायमानो न जातो देवो महिम्नः परमन्तमाप ७।९९।२

ऋग्वेद के इस मन्त्र में विष्णु देव का वर्णन मिलता है।

त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिं पुष्टिवर्धनम्। ३। ६०

यजुर्वेद के इस मन्त्र में त्र्यम्बक महादेव का वर्णन है "त्रीणि अम्बकानि नेत्रा-यस्य असौ त्र्यम्बकः" यह त्र्यम्बक शब्द का निर्वचन है। यास्काचार्य ने निरुक्त इस का स्पष्टीकरण करते हुये [ त्र्यम्बको रुद्रः ] ऐसा लिखा है। इस कारण ब्रह्मा, विष्णु, महेश इन शब्दों से देवता ही लिये जाते है।

श्रीश्च ते लक्ष्मीश्च पत्न्यौ । ३१ । २२

यजुर्वेद के इस मन्त्र में श्री और लक्ष्मी का वर्णन है। वेद में श्री शब्द शोभा के अर्थ में व्यवहृत होता है। इसी कारण (श्रियै शिखा १९। ९२) ऐसा यजुर्वेदके मन्त्र में लिखा है। शिखा मनुष्य की शोभा बढ़ाने वाली होती है। इसी कारण हिन्दुओं में प्रधान चिन्ह शिखा ही मानी जाती है।

या मा लक्ष्मीः पतयालूरजुष्टा अभिचस्कन्द वन्दनेव वृक्षम् ।
अन्यत्रास्मत्सवितस्तामितो धा हिरण्यहस्तो वसु नो रराणः ७।११५।२

अथर्व वेद के इस मन्त्र में धन के अर्थ में लक्ष्मी शब्द का प्रयोग हुआ है। अथर्व वेद में इस सूक्त का नाम ( दुष्टलक्ष्मीघ्न ) सूक्त है।

इमं या परमेष्ठिनी वाग्देवी ब्रह्मशंसिता १९ । ९ । ३

अथर्व वेद के इस मन्त्र में वागधिष्ठातृदेवी सरस्वती का वर्णन है। इस कारण श्री, लक्ष्मी, सरस्वती यह तीनों नाम भगवती शक्ति के हैं। इनको लेकर ही ईश्वर सर्व शक्तिमान कहाता है।

(प्रश्न) पृथिवी, जल, तेज, वायु, आकाश ये पांच नाम किस के हैं ? (उत्तर) ये नाम प्रकृति जन्य साङ्घातिक तत्वों के हैं। क्योंकि—

नानावीर्या ओषधीर्या विभर्ति पृथिवी नः प्रथतां राध्यतां नः । १२।१।२

अथर्व वेद के इस मन्त्र में पृथिवी का वर्णन है। "प्रथेः षिवन् सम्प्रसारणञ्च इस उणादि सूत्र से पृथिवी शब्द बना है। इसका वेद में दूसरा नाम भूमि है। "भवन्ति भूतानि यस्यां सा भूमिः" यह इसका निर्वचन है। अथर्ववेदमें "भूमिसूक्त" बहु बड़ा है। उस में भूमि का कर्त्तव्य निर्दिष्ट किया गया है।

शिवेन मा चक्षुषा पश्यतापः शिवया तन्वोपस्पृशत त्वचं मे ।
शिवानग्नीनप्सुषदो हवामहे मयि क्षत्रं वर्च आधत्त देवीः ॥
१६।१।१६

अथर्ववेद के इस मन्त्र में जल और अग्नि का वर्णन है। अथर्ववेद के [१९।२।१ अप्सूक्त में जल के अनेक भेद भी उपलब्ध होते हैं। जिनका विस्पष्ट वर्णन इसी ग्रन्थ में अन्यत्र किया गया है।

प्राणमाहुर्मातरिश्वानं वातो ह प्राण उच्यते ।
प्राणे ह भूतं भव्यं च प्राणे सर्वं प्रतिष्ठितम् ॥ ११।४।१५

अथर्ववेद के इस मन्त्र में प्राण का वर्णन करते हुये ऋषियों ने मातरिश्वा वात का उल्लेख किया है। प्राण भी एक प्रकार का वायु ही है। वायु ही प्राण अपान व्यान, उदान, समान इन पांच भेदों से भूत भव्य का धारण करता है। आकाश इन सब को धारण करने वाला आदि भूत है। जिसका सम्भवन ( तस्माद्वा एतस्मादात्मन आकाशः सम्भूतः ) इस श्रुति से अवगत होता है।

(प्रश्न) ग्रन्थ के आदि मध्य और अन्तमें मङ्गलाचरण करना चाहिये वा नहीं ? ( उत्तर ) चाहिये क्योंकि--

मङ्गलाचरणं शिष्टाचारात् फलदर्शनात् श्रुतितश्चेति।५।१

ऐसा सांख्य दर्शन में लिखा है। इसके करने में सूत्रकार में तीन हेतु दिये हैं उनमें पहिला शिष्टाचार है दूसरा फल दर्शन है तीसरा श्रुतिप्रतिपाद्यत्व है। शिष्टाचार द्वारा जिसका अनुमोदन मिलता है-तथा जिस के करने से कार्य की सफलता होती है और श्रुति जिसका समर्थन करती है उस मङ्गलाचरण का न करना नास्तिकपन है। इसलिये मङ्गलाचरण जरूर करना चाहिये।

( प्रश्न ) मंगलाचरण किन शब्दों से करना चाहिये ? ( उत्तर ) नमः, नमस्कृत्य, नत्वा, प्रणम्य, नमामः आदि शब्दों के द्वारा गणेश सरस्वती आदि देवगणों का स्मरण करना ही मङ्गलाचरण कहाता है।

नमस्कृत्य द्यावापृथिवीभ्यां अन्तरिक्षाय मृत्यवे ।७।१०२।१
इदं नम ऋषिभ्यः पूर्वजेभ्यः । १८।२।२
नमोस्तु देवाय प्रस्तराय । १६।२।६
नमः क्षेत्रस्य पतये २।८।५
ब्राह्मणेभ्य इदन्नमः ६।१३।३

अथर्ववेद के इन मन्त्रों में ( नमस्कृत्य नमः नमोस्तु ) यह प्रयोग नमस्कारार्थक है। गणेश सरस्वती आदि देवगणों के वैदिक मन्त्र ग्रन्थ के आरम्भमें हमने लिखे हैं।

( प्रश्न ) ओ३म्-अथ इन दो शब्दों से कहीं पर किसी ने मङ्गलाचरण किया है ? ( उत्तर ) नहीं। क्योंकि ओं यह शब्द केवल मन्त्रों के आरम्भ में ही प्लुत होता है। अन्यत्र नहीं [ ओमभ्यादाने ८।२।८७ ] अभ्यादानं प्रारम्भ इतिवामनः।

देवतावाचकाः शब्दा ये च भद्रादिवाचकाः ।
ते सर्वे नैव निन्द्याः स्युर्लिपितो गणतोपि वा ॥१॥

यह प्राचीन शास्त्राम्नाय है। देवता वाचक "अग्नि" आदि पद और भद्रादि वाचक "शम्" आदि पद ग्रन्थ के आरम्भ में स्मरण करने चाहिये। वेद के आरम्भ में--

१ अग्निमीडे पुरोहितम्। २ अग्न आयाहि वीतये।३ शं नो देवीरभिष्टये।

इन मन्त्रों के अन्दर "अग्नि-शम्" आदि पद इसके प्रत्यक्ष उदाहरण हैं। यजुर्वेद के "अग्निर्देवता" इस मन्त्र में अग्नि पद देवार्थक है। कल्याण वाचक 'शम्' यह पद लोक प्रसिद्ध है। पाणिनि ने "वृद्धिरादैच्" इस आरम्भिक सूत्र में मङ्गलार्थक वृद्धि पद का प्रयोग किया है। और पतञ्जलि ने--

"माङ्गलिक आचार्यो महतः शास्त्रौघस्य मङ्गलार्थं वृद्धिशब्दमादितः प्रयुङ्क्ते"

ऐसा लिखकर उसका समर्थन किया है। शिव गणेश सरस्वती आदि पद वेद में देवार्थक आये हैं जिन का ग्रन्थ के आरम्भ में मान्त्रिक निदर्शन दिखाया गया है। मङ्गालर्थक 'ओं' शब्द का किसी भी आर्ष ग्रन्थ में उल्लेख नहीं है। अब रहा "अथ" शब्द का प्रयोग? वह आज तक किसी आचार्य ने मंगल के अर्थ में प्रयुक्त नहीं किया है। जहां मिलता है वहां "अनन्तर" अर्थ ही में प्रयुक्त मिलता है। इसलिये अपने २ इष्ट देव का नमन करना ही मङ्गलाचरण है।

इत्यखिलानन्दकृतौ वैदिकसिद्धान्तमञ्जुले ग्रन्थे।
प्रथमः प्रयाति पूर्तिं प्रमाणपूर्णः क्रमात्समुल्लासः॥ १ ॥

इति श्रीमदखिलानन्दशर्मप्रणीते वैदिक-सत्यार्थ-प्रकाशे
प्रथमः समुल्लासः।

# द्वितीयः समुल्लासः

प्रथमे नार्जिता विद्या द्वितीये नार्जितं धनम् ।
तृतीये न तपस्तप्तं चतुर्थे किं करिष्यति ॥१॥

जिस पुरुष ने पहली अवस्था में विद्योपार्जन नहीं किया—दूसरी अवस्था में धनोपार्जन नहीं किया—तीसरी अवस्था में तप का सञ्चय नहीं किया वह चौथी अवस्थामें क्या करेगा? इसलिये पहली अवस्थामें विद्योपार्जन करना परमावश्यक है।

यन्नवे भाजने लग्नः संस्कारो नान्यथा भवेत् (१)

नीतिकारों का यह कथन—बालकों को नवीन पात्रके समान बतलाता है। नवीन पात्र में जो पदार्थ पहले धरा जायगा उसका संस्कार कदापि नहीं मिटेगा। इसलिए माता पिता को चाहिये कि वह पहिले ही से बालक में इस प्रकार के संस्कार प्रविष्ट करें जो अन्त तक अच्छे ही बने रहें।

माता पिता को चाहिए कि वह जैसा सन्तान बनाना चाहें वैसा ही पहिले स्वयं अपने आहार व्यवहार की व्यवस्था करें। बृहदारण्यक उपनिषद्में सन्तान पैदा करने के अनेक उत्तमोत्तम उपाय लिखे हैं, उनमें कन्या और पुत्रों को इच्छानुसार उत्पत्ति माता पिता के आहार विहार पर आश्रित है। जिन माता पिताओं को अपने बालक वीर, विद्वान्, व्याख्याता, सुकवि, बनाने हों वे पहिले ही से (जब कि उनका आत्मा गर्भ में आकर उपस्थित हो) अच्छे २ शूरवीरों का, विद्वानों का, सुकवियों का, चित्र और चरित्र देखें। इन बातोंका गर्भस्थ बालक पर बहुत बड़ा प्रभाव पड़ता है। उदाहरणार्थ अर्जुन के पुत्रका चक्रव्यूह भेदन इस प्रसङ्गमें पर्याप्त प्रमाण है। अभिमन्यु ने जितना चक्रव्यूह भेदन गर्भ में सुना था उतना ही उसको याद रहा। और भी इस प्रकार के अनेक उदाहरण इतिहासों में विद्यमान हैं। इसलिये—

विहाराहारचेष्टाभिर्यादृशीभिः समन्वितौ ।
स्त्रीपुंसौ समवेयातां तयोः पुत्रोपि तादृशः ॥

ऐसा आयुर्वेद में लिखा है। रज और वीर्य की उत्तमता उत्तम आहार पर निर्भर है। इस कारण से "आपन्नसत्वा" स्त्री को तमोगुणी पदार्थों का सेवन कदापि नहीं करना चाहिये।

(प्रश्न) बालक की माता बालक को अपना दूध पिलावे अथवा धात्री का?
(उत्तर) अपना-क्योंकि यजुर्वेद और ऋग्वेद में-

इमं स्तनमूर्जस्वन्तं धयापां प्रपीनमग्ने सरिरस्य मध्ये।
उत्सञ्जुषस्व मधुमन्तमर्वन् समुद्रियं सदनमाविशस्व॥ १७।८७
यस्ते स्तनः शशयो यो मयोभूर्यो रत्नधा वसुविद्यः सुदत्रः।
येन विश्वा पुष्यसि वीर्याणि सरस्वती तमिह धातवे कः॥
(१।१६४।४९)

इन दो मन्त्रों का क्रमशः माताके स्तन पीनेमें विनियोग है। जातकर्म संस्कार में इन दो मन्त्रों के द्वारा सब से प्रथम माता का दुग्ध पिलाना वैदिक नियम है। इसलिये वेदाज्ञा के विरुद्ध कार्य करना आस्तिकों का कर्तव्य नहीं है जो माता के स्तनों में दुग्ध न उतरे तो गोमाता का दुग्ध पिलाना चाहिये। बकरी आदि का नहीं। जो बालक छोटी अवस्था में गौ का दुग्ध पीता है उसको राजयक्ष्मा रोग कदापि नहीं होता है यह आयुर्वेदिक का मत है। वेद में भी गौ का दुग्ध "यक्ष्मघ्न" माना है।

(प्रश्न) बालकको क्या शिक्षा देनी चाहिये? (उत्तर) जिस मार्गमें बालक को चलाना हो वही संस्कार दुग्ध के साथ साथ बालक में स्थापित करना चाहिये जिनको व्यापार सिखाना हो वे व्यापार शिक्षा दें जिनको युद्धविद्या सिखानी हो वे व्यूह रचना की शिक्षा दें जिनको ब्रह्मविद्या अभीष्ट हो वे पुत्र को निवृत्ति मार्ग का उपदेश दें। जिनको जैसा अभीष्ट हो वे वैसा ही बालक को बनावें। वर्णमाला का शुद्ध उच्चारण, तथा उसके साथ २ हिन्दी वर्णमालाके अक्षरोंका सङ्केत सदाचार सम्बन्धी मुख्य २ विषयों का पद्य पाठ उत्तमोत्तम नीति पूर्ण बातें बालक को इसी अवस्था में सिखानी चाहिये। जिस स्थानमें यक्ष किन्नर भूत आदिका भय हो, वहां पर बालक को न भेजना चाहिये अन्यथा उनके आक्रमण होने पर उसका बचना असम्भव है।

(प्रश्न) क्या भूत प्रेत यक्ष किन्नर आदि भी कोई सत्व विशेष हैं? यदि नहीं तो उनसे बालक के बचाने की क्या आवश्यकता है? (उत्तर) भूत प्रेत आदि 'देव योनिस्थ' प्राणि विशेष हैं जो अदृश्य रूपसे बालकों पर हमला करते हैं उनसे बालकों का बचाना परमावश्यक है। इस विषय में अब वेद के प्रमाण उपस्थित करते हैं।

शण्डामर्क उपवीरः शौण्डिकेय उलूखलः।
मलिम्लुचो द्रोणासश्च्यवनो नश्यतादितः॥१॥
आलिखन्ननिमिषः किंवदन्त उपश्रुतिः।
हर्यक्षः कुम्भीशत्रुः पात्रपाणिर्नृमणिः।
हन्त्रीमुखः सर्षपारुणः च्यवनो नश्यतादितः॥२॥

जात कर्म संस्कार में इन दो मन्त्रों से सरसों और भात मिला कर अग्नि में हवन करना भूतों के अस्तित्व में पहिला प्रमाण है। अब आयुर्वेद का प्रमाण लीजिये।

भूतविद्या नाम देवासुरगन्धर्व-यक्षरक्षः पितृ पिशाच नागग्रहा-
द्युपसृष्ट चेतसां शान्तिकर्म बलि-हरणादि ग्रहोपशमनार्थम्। सुश्रुत अ० १

इसका अर्थ यह है कि देव असुर गन्धर्व यक्ष राक्षस पितृ पिशाच नाग क्रूर-ग्रह इन के आक्रमण होने पर जिसके द्वारा शान्ति कर्म तथा बलिदान किया जाता है उसको भूत विद्या कहते हैं। इस भूत विद्याका नाम निर्देश छान्दोग्योपनिषद् में सनत्कुमार नारद सम्बादके अन्दर भी आया है। भूत देवयोनि है इसलिये—

विद्याधराप्सरो यक्ष रक्षो गन्धर्व किन्नराः।
पिशाचो गुह्यकः सिद्धो भूतोऽमी देवयोनयः॥

ऐसा अमरसिंह ने लिखा है। जब प्राणी भूत योनि में आकर उपस्थित होता है तब उसमें अणिमादि सिद्धियां आ जाती हैं। जिनके प्रभाव से वह अदृश्य होकर आक्रमण कर सकता है।

तं माषाज्यं कृत्वा प्रहिणोमि दूरं स गच्छत्वप्सुषदोप्यग्नीन्। १२।२।४

अथर्ववेद के इस मन्त्र में उड़द और घी मिलाकर होम करने से उनका दूर होना भी लिखा है, इसीलिये मान्त्रिक प्रायः ऐसा करते हुए देखे गये हैं।

सर्षपान्प्रकिरेत्तेषां तैलैर्दीपश्च कारयेत्।
सदा सन्निहितं चापि जुहुयाद्धव्यवाहनम्॥

यह प्रमाण [ सुश्रुत-उ० अ० २७ श्लो० १७ ] का है। भूताघात की सुश्रुत में जहां पर चिकित्सा लिखी है वहां पर गौरसर्षप का बखेरना सरसों के तेल का दीपक जलाना सर्वदा पास में अग्नि का रखना और उसमें भूताघात निवारक अथर्ववेद के मन्त्रों से हवन करना लिखा है। इन बातों के आधार पर भूत योनिका अस्तित्व सिद्ध है। अथर्व वेद के अष्टमकाण्ड में छठा भूत सूक्त है। उस में २६ मन्त्र हैं। जिनमें भूतों का नाम-भेद कर्म-भेद स्वरूप-भेद विशेष रूप से वर्णित है, उनमें से कुछ मन्त्र यहां पर लिखे जाते है।

येषां पश्चात्प्रपदानि पुरः पार्ष्णी पुरोमुखा।
खलजाः शकधूमजा उरुण्डा ये च मट्मटाः
कुम्भमुष्का अयाशवः। तानस्या ब्रह्मणस्पते
प्रतीबोधेन नाशय। ८। ६। १५

जिनकी एड़ी अगाड़ी और पैर पिछाड़ी होते हैं जिनका मुख अग्रभाग में रहता है जिनका निवास खलहान और गोष्ठ में रहता है जो शिरोहीन होने पर भी मट् मट् शब्द करते हैं जिनके वृषण घड़े के समान होते हैं और जो अत्यन्त वेग के साथ चलते हैं उनको हे अर्थववेदज्ञ ? आप इस प्रसूता स्त्री के पार्श्वदेश से हटाइये

यस्त्वा स्वप्ने निपद्यते भ्राता भूत्वा पितेव च।

बजस्तान्सहतामितः क्लीबरूपाँस्तिरीटिनः ॥ ८। ६। ७

हे प्रसूते। जो भूत अपनी माया के प्रभाव से भाई और पिता का रूप धारण कर तेरे पास स्वप्न में आकर सोते हैं उन तिरीट नामक नपुंसकस्वरूप भूतों को (वजः) गौर सर्षप दूर करें।

य आत्मानमतिगात्रमंस आधाय विभ्रति।

स्त्रीणां श्रोणिप्रतोदिन इन्द्र! रक्षांसि नाशय ॥ ८। ६। १३

हे इन्द्र ? जो भूत गर्भवती के स्थूल शरीर को अपने कन्धे पर रखकर उसका कटिप्रदेश दबाते हैं उनको आप नष्ट करें।

ये पूर्वे वध्वो यन्ति हस्ते शृङ्गाणि विभ्रतः।

आपाकेष्ठाः प्रहासिनः स्तंबे ये कुर्वते ज्योतिः तानितो नाशयामसि ।८।६।१४

जो भूत हाथ में शृङ्ग लेकर बधूजनों के अग्रभाग में जाते हैं। और हंसते हुए जो पाकशाला के खम्बों पर प्रकाश करते हैं उनको हे वेदज्ञ ! आप यहां से दूर कीजिये।

यस्त्वा स्वपन्तीं त्सरति यस्त्वा दिप्सति जाग्रतीम्।

छायामिव प्रतान्सूर्यः परिक्रामन्ननीनशत् ॥ ८। ६। ८

हे प्रसूते ? तुझको सोया हुआ जानकर जो भूत तेरे पास आते हैं और जागी हुई जानकर जो तुझको बहलाते हैं छाया के समय इधर से उधर होने वाले उन भूतों को सूर्य चलते २ नष्ट करे।

ये अम्नो जातान्मारयन्ति सूतिका अनुशेरते।

स्त्रीभागान्पिङ्गो गन्धर्वान्वातो अभ्रमिवाजतु ॥ ८। ६। १९

जो भूत (अम्नः) अर्धोत्पन्न गर्भ को नष्ट करते हैं। जो प्रसूता स्त्री के पास जाकर सो जाते हैं जो गर्भवती स्त्री के ऊपर प्रायः आक्रमण करते हैं उनको हे गौर सर्षप !तुम वायु जैसे मेघों को दूर करता है वैसे दूर करो।

पिङ्ग रक्ष जायमानं मा पुमांसं स्त्रियं क्रन् ।
आण्डादो गर्भान्मा दभन् बाधस्वेतः किमीदिनः ॥ ८ । ६ । २५

हे पिङ्ग गौरसर्षप । तू पैदा होने वाले बालककी रक्षाकर, ये भूत गर्भ में प्रविष्ट होकर पुत्र को कन्या न बनादें । वृषण खाने वाले ये भयङ्कर भूत गर्भ की समूल नष्ट न करें ? (किमीदिनः) यह क्या है यह क्या है, ऐसा कहने वाले इन भूतों को यहां से हटाइये । [ केचन भूत विशेषः पुङ्गर्भं स्त्रीगर्भं कुर्वन्ति स्वसामर्थ्यादितिकौशिकसूत्र-विवरणम् ] इन वेद मन्त्रों के प्रमाण से भूतों का अस्तित्व सिद्ध है । यदि इनको कीटाणु माना जावे तो उनसे इस प्रकार के अलौकिक कार्य नहीं बन सकते हैं । इसलिये इनको विशिष्ट सत्व मानना ही कल्याणकारक है । अब जरा पिशाचों की कथा पर भी ध्यान दीजिये ।

यो अन्तरिक्षेण पतति दिवं यश्चातिसर्पति ।
भूमिं यो मन्यते नाथं तं पिशाचं प्रदर्शय ॥ ४ । २० । ९

हे ओषधे ! जो अन्तरिक्ष में आता है तथा आकर जो द्युलोकको वापिस चला जाता है प्रयोजन पड़ने पर जो भूमि का आश्रय लेता है उस पिशाच का तू दर्शन करा दे यह अजश्टृङ्गीनामक ओषधिसे प्रार्थना है । आंखों में इसके लगाने से अदृश्य पदार्थ भी दृष्टिगोचर होते हैं ।

सर्वो वै तत्र जीवति गौरश्वः पुरुषः पशुः ।
यत्रेदं ब्रह्म क्रियते परिधिर्जीवनाय कम् ॥ ८ । २ । २५

जहां पर ( इदं ब्रह्म ) यह जल रूप ब्रह्म जीवन के लिये प [ अर्थात् शान्ति नामक कर्म में भूतादि का निवारण करने वाला प्राकार ] बनाया जाता हां पर गौ अश्व मनुष्य कोई भी नहीं मरता है । मन्त्र पढ़कर जितने प्रदेश में घेरे रह जल गिराया जाता है उतने में किसी भूतादि का आक्रमण नहीं होता है । लिये सन्ध्या में गायत्री मन्त्र पढ़कर जल के द्वारा "परिधीकरण" किया जाता अथर्व वेद में तथा उसके कौशिक सूत्र में भूत, यक्ष, पिशाच, गन्धर्व विद्याधर, स, किन्नर, गुह्यक, सिद्ध, अप्सरा इन सबका स्वरूप वर्णन किया गया है जिन इस ग्रन्थ में समय २ पर वर्णन करेंगे ।

(प्रश्न) वेदाङ्ग भूत ज्योतिष के आधार पर जो जन्मपत्र बनाया जाता है वह नना चाहिये ? वा नहीं (उत्तर) अवश्य मानना चाहिये क्योंकि उसके आधार पर त समय के सब नक्षत्रों की चाल अनायास में ही विदित होती है नक्षत्रों का उदय स्त पृथिवी के अनेक भागों पर उनके उदयास्त का फल वातावरण विज्ञान सूर्य

ग्रहण चन्द्रग्रहण धूमकेतु दर्शन उसका मनुष्यों पर प्रभाव इन बातों का तात्कालिक परिज्ञान जन्म पत्र के द्वारा ही होता है इसलिये उसका होना अत्यावश्यक है।

(प्रश्न) ज्योतिष का फलित सच्चा है अथवा गणित ? (उत्तर) गणित और फलित अन्योन्याश्रित हैं। जिस प्रकार छन्दः शास्त्र में प्रस्तार के अनन्तर प्रस्तार सिद्ध गण के स्वरूप को नष्ट और उद्दिष्ट के द्वारा जांचा जाता है उसी प्रकार ज्योतिष शास्त्र में गणित के फल को फलादेश के द्वारा जांचा जाता है, यदि फलित सच्चा निकला तो गणित सही माना जायगा यदि फलित सच्चा न हुआ तो गणित गलत माना जायगा गणित निष्फल नहीं होता है। २+२ मिलकर ४ का होना ही २।२ के गणित का फल है इसलिये गणित और फलित दोनों अन्योन्याश्रित हैं। अनुमान तीन प्रकार का होता है पूर्ववत् शेषवत् सामान्यतोदृष्टि इन में फलित गणित का अनुमापक है। यदि कहीं पर फलित सच्चा नहीं होता है तो वहां पर दैवज्ञ का दोष है। शास्त्र का दोष नहीं है। शास्त्रका सिद्धान्त सर्वदा सत्य रहता है।

(प्रश्न) क्या वेद में ग्रहों के विषय में भी कुछ लिखा है ? (उत्तर) बहुत कुछ लिखा है। देखिये [शन्नो दिविचरा ग्रहाः १६।९।७] अथर्ववेद के इस मन्त्र में आकाश में चलने वाले ग्रहों से अपने लिये कल्याण की प्रार्थना की गई है। यदि इनको न माना जावे तो वैदिक प्रार्थना व्यर्थ होती है। बुध चान्द्रमस ग्रह है। राहु के साथ सूर्य का और बुध के साथ चन्द्रमा का मृत्यु के साथ धूमकेतु का परस्पर सम्बन्ध जो ग्रहों के शुभाशुभ फल का प्रत्यक्ष परिचायक है। शान्ति पाठ-इनके प्रभाव उत्पन्न हुए अनिष्ट फल को नष्ट करने के लिये ही किया [illegible] है। जैमिनीय सूत्र-तथा याज्ञवल्क्य स्मृति में-इन का मान्त्रिक प्रयोग विद्य[illegible] तो आस्तिकों सर्वांश में उपादेय है। अब अथर्ववेदीय नक्षत्र सूक्त से नक्षत्र[illegible]ल दिखाते हैं

अन्नं पूर्वा रासतां मे अषाढ़ा ऊर्जं देव्युत्तरा आवहन्तु।
अभिजिन्मे रासत्तां पुण्यमेव श्रवणः श्रविष्ठाः कुर्वतां सुपुष्टिम्।
१६।७।

पूर्वाषाढ़ नक्षत्र हमको अन्न प्रदान करें। उत्तराषाढ़ हमारे पराक्रम की वृ[illegible] करे! अभिजित् पुण्य को विस्त[illegible] और श्रवण अनेक प्रकार की पुष्टि करे।

आ मे महच्छतभि[illegible]यः आ मे द्वया प्रोष्ठपदा सुशर्म।
आ रेवतीचाश्वयुजौ भगं मे आ मे रयिं भरण्य आवहन्तु॥
१९।७।

शतभिषा नक्षत्र हमको बड़ा भारी सौन्दर्य प्रदान करे दोनों प्रोष्ठपदी हम[illegible] कल्याण करे, रेवती तथा अश्वयुज हमारा ऐश्वर्य बढ़ावें, भरणी हमको धन प्रद[illegible]

करे। इन मन्त्रों में जड़ नक्षत्रों से अन्नादि की प्रार्थना वर्णित है। फलित ज्योतिष का यही मूलाधार है इन नक्षत्रों के अग्नि आदि देवता भी ज्योतिष के ग्रन्थों में लिखे हुये हैं उनके योगायोग से नक्षत्रों का फलाफल अवश्य होता है। नक्षत्रों में मूल नक्षत्र अरिष्ट कारक होता है। इसमें उत्पन्न हुआ बालक माता पिता आदि का घातक माना जाता है। इस विषय में अथर्ववेद का "मूलग्रहशान्तिसूक्त" देखिये जो इस प्रकार है।

ज्येष्ठघ्न्यां जातो विचृतोर्यमस्य मूलबर्हणात्परिपाह्येनम्।
अत्येनं नेषद्दुरितानि विश्वा दीर्घायुत्वाय शतशारदाय।

६। ११०। २

हे अग्ने! वंशके नाश करने वाले यम सम्बन्धी इस मूल नक्षत्रके फल से उस उत्पन्न बालक को आप बचाइये और इस को दीर्घायु बनाने के लिये मूल नक्षत्र सम्बन्धी दुष्ट फलों से इसे दूर कीजिये।

व्याघ्रे अन्हि आजनिष्ट वीरो नक्षत्रजा जायमानः सुवीरः।
समावधीत्पितरं वर्धमानो मा मातरं प्रमिनीज्जनित्रीम्॥

६। ११०। ३

व्याघ्र के समान हिंसक मूल नक्षत्र में उत्पन्न हुआ यह बालक मृत्यु का ग्रास न बने और बढ़ता हुआ यह बालक माता पिता का नाश न करे।

मा ज्येष्ठं वधीदयमग्न एषां मूलबर्हणात्परिपाह्येनम्।
स ग्राह्याः पाशान् विचृत प्रजानन् तुभ्यं देवा अनुजानन्तु विश्वे॥

६। ११२। १

हे अग्ने! मूल नक्षत्र में उत्पन्न हुआ यह बालक अपने ज्येष्ठ भ्राता को न मारे वंश नाशक मूल नक्षत्र के फल से इस नव जात बालक को आप बचाइये। जानते हुए आप इसके बन्धक पाशों को काटिये।

उन्मुञ्च पाशांस्त्वमग्न एषां त्रयस्त्रिभिरुत्सिता येभिरासन्।
स ग्राह्याः पाशान्विचृत प्रजानन् पितापुत्रौ मातरं मुञ्च सर्वान्॥

६। ११२। २

हे अग्ने! मूल नक्षत्र के जिन तीन पाशों से इस बालक के सम्बन्धी बंधे हुये उनको आप काटिये। जानते हुये आप इसके माता पिता को मूल नक्षत्र के ग्राही भयङ्कर पाशों से बचाइये। इन मन्त्रों से यह बात अनायास सिद्ध होती है कि

मूल नक्षत्र अरिष्टकारक है इसके दुष्ट फल से बचने का जो उपाय वेदाङ्ग भूत ज्योतिष में मिलता है वह सर्वांश में उपादेय है। यही फलित ज्योतिष का मुख्य सिद्धान्त है।

(प्रश्न) क्या वेदमें मारण मोहन उच्चाटन वशीकरण आदि का भी विधान है? (उत्तर) अवश्य है। वेद में मारण प्रयोग को "कृत्या" कहते हैं। लोकमें इसको जादू कहते हैं इस कृत्याके प्रयोगसे मनुष्य तत्क्षण मर जाता है। अथर्ववेदके पञ्चम काण्ड में चौदहवां सूक्त कृत्या का वर्णन करता है। [ ५। १४। २। १३ ] दशम काण्ड का प्रथम सूक्त इसी कृत्या के वर्णन में विनियुक्त है [ १०। १। १-३२ ] चतुर्थकाण्ड के १७ वें सूक्त में ४ मन्त्र कृत्या के हैं अष्टम काण्ड का पञ्चमसूक्त [ ६-७-८-९ ] कृत्या विषयक है इस कृत्या के करने वाले "मान्त्रिक" कहलाते हैं। सर्वसाधारण इसका प्रयोग नहीं कर सकता है।

वशीकरण अनेक प्रकार का होता है पुरुष वशीकरण, स्त्री वशीकरण, पशु वशीकरण, देवयक्षादि वशीकरण? जिस कार्य से जो वशमें हो जाता है उसके लिये वही वशीकरण, है। अथर्व वेद में इस विषय के अनेक मन्त्र हैं। उदाहरणार्थ कुछ मन्त्रोंका पता हम यहां पर देते हैं। अथर्व वेद के द्वितीय काण्ड में तीसवां (३०) सूक्त, तृतीय काण्ड में पच्चीसवां (२५) सूक्त, इसी विषय में विनियुक्त है जिनको देखना हो वे अथर्ववेद तथा उसके कौशिक सूत्र को देखलें।

प्राचीन समय में मुनि महर्षि शापानुग्रह समर्थ होते थे। वे शाप देकर अपने अनिष्ट करने वाले को नष्ट करते थे वेद में इसका बड़ा विस्तृत वर्णन है। शा देना और देकर उसका प्रत्याहरण करना यह दोनों ही बातें अथर्ववेद में विद्यमान षष्ठ काण्ड में ३७ वां सूक्त "शापप्रत्यावर्तन" में विनियुक्त है। सप्तम काण्ड में ए मन्त्रात्मक ५९ वां सूक्त भी इसी विषय में प्रयुक्त है इसी प्रकार मोहन उच्चाटन आ अनेक विषय अथर्व वेद में विद्यमान हैं। इन वैदिक विषयों की अवहेलना आस्तिव को कदापि नहीं करनी चाहिये।

अब रह गई शीतला देवी और मन्त्र तन्त्र? उस के विषय में विवेचन करन आवश्यक है। आयुर्वेद में शीतला को क्षुद्र रोग माना है। गर्भस्थ विका बालक के शरीरमें प्रविष्ट होकर इस रूप में परिणत होता है। आजकल इसके निवारणार्थ प्रत्येक स्थल में टीका लगाने वाले घूमते हैं। इस क्षु रोगमें तन्त्र मन्त्र करने से बालक को शीघ्र लाभ होता है। इतना ही नहीं तन्त्रमन्त्र वे प्रभाव से सर्प और वृश्चिक विष भी तुरन्त शान्त हो जाता है। इसीलिये इन बातं पर शिक्षित समाज का विश्वास बढ़ रहा है। अथर्व वेद के गोपथ ब्राह्म

निर्दिष्ट [ सर्पवेद १ पिशाच वेद २ असुर वेद ३ इतिहास वेद ४ पुराण वेद ५ ] का विस्तृत विवरण देखने योग्य है।

जब बालक चलने फिरने योग्य होजावे तब उसको अपने कुल परम्परागत आचार्य के पास अक्षरारम्भ के लिये भेज देना चाहिये। इसी का दूसरा नाम "विद्या प्रवेश" है। अच्छे मुहूर्त्तमें इस का आरम्भ होना चाहिये। इस अवस्था में बालकों का अधिक लालन श्रेयस्कर नहीं है सदाचार शिक्षा इसी अवस्था में देनी चाहिये। बड़ों को चरण छूकर प्रणाम करना उनकी आज्ञा का पालन कराना उनसे सदुपदेश प्राप्त करना, यही बालकों के लिये हितकर है। यज्ञोपवीत से पूर्व बालकों को "धातुरूपावली शब्दरूपावली समास चक्र" आदि छोटी २ पुस्तकें कण्ठस्थ करानी चाहिये। इसके "अतिरिक्त अष्टाध्यायीका मूल पाठ कण्ठस्थ करना चाहिये। सबसे अधिक ध्यान माता पिता को इस बात पर देना चाहिये कि बालकों को किसी प्रकार का कुसङ्ग न हो। इस अवस्था में जो दुर्व्यसन लग जाता है, वह आजन्म नहीं छूटता है। माता पिता का प्रधान कर्तव्य बालकों को कुसङ्ग से बचाना ही है। इस विषय में इतना लिखना पर्याप्त है।

अशेषविद्वन्मूर्द्धन्य-गीयमानगुणोन्नते ।
निबन्धेऽस्मिन्द्वितीयोऽपि समुल्लासः समाप्यते ॥ १ ॥

इतिश्रीमदखिलानन्दशर्मप्रणीते
वैदिक-सत्यार्थ-प्रकाशे
द्वितीयः समुल्लासः

# तृतीयः समुल्लासः

## ( उपनयनम् )

ब्रह्मवर्चसकामस्य कार्यं विप्रस्य पञ्चमे ।
राज्ञोबलार्थिनः षष्ठे वैश्यस्येहार्थिनोऽष्टमे ॥ २ । ३७

जो माता पिता अपने बालक को ब्रह्मवर्चस्वी बनाना चाहें वे पांच वर्ष की अवस्था में उसका उपनयन करें। बलार्थी क्षत्रियों को छटे वर्ष में तथा धनार्थी वैश्यों को आठवें वर्ष में अपने २ बालकों का उपनयन करना चाहिये। यदि दैव योग से यह समय निकल जावे तो—

गर्भाष्टमेऽब्दे कुर्वीत ब्राह्मणस्योपनायनम् ।
गर्भादेकादशे राज्ञो गर्भात्तु द्वादशे विशः ॥ २ । ३६

गर्भ से अष्टम वर्ष में ब्राह्मण के बालक का ग्यारहवें वर्ष में क्षत्रिय के बालक का बारहवें वर्ष में वैश्य के बालक का उपनयन अवश्य होना चाहिये। क्योंकि—

आषोडशाद्ब्राह्मणस्य सावित्री नातिवर्तते ।
आद्वाविंशात्क्षत्रबन्धोराचतुर्विंशतेर्विशः ॥ २ । ३८

सोलह वर्ष के अनन्तर ब्राह्मण का बाईस वर्ष के अनन्तर क्षत्रिय का चौबीस वर्ष के अनन्तर वैश्य का उपनयन नहीं हो सकता है। इस अवस्था के निकलने प वे मनु के [ २ । ३९ ] पद्य के प्रमाण से व्रात्य हो जाते है। उनके साथ फि ब्राह्म सम्बन्ध तथा यौन सम्बन्ध [ २ । ४० ] के प्रमाणानुसार नहीं हो सकता है जो उनके साथ सम्बन्ध करता है वह पतित होता है।

बसन्ते ब्राह्मणमुपनयेत् । ग्रीष्मे राजन्यम् । शरदि वैश्यम् ।

इस प्राचीन आर्ष नियम के अनुसार यथा क्रम बसन्त ऋतु में ब्राह्मण क ग्रीष्म ऋतु में क्षत्रिय का शरद ऋतु में वैश्य का उपनयन करना चाहिये। उपनय के अनन्तर—

उपनीय गुरुः शिष्यं शिक्षयेच्छौचमादितः ।
आचारमग्निकार्यञ्च समिदाधानमेवच ॥ २ । ६९

इस मनु के आदेशानुसार गुरु सबसे प्रथम अपने शिष्य को हस्तमार्जनादि पवित्रता के नियमों की शिक्षा दे। उसके अनन्तर स्नानाचमनादिक आचार, समि दाधान-सन्ध्योपासन बतावें। यह गुरु के लिये अत्यावश्यक कर्तव्य है।

कृतोपनयनस्यास्य व्रतादेशनमिष्यते ।
ब्रह्मणो ग्रहणं चैव क्रमेण विधिपूर्वकम् ॥ २ । १७३

ब्रह्मचारी के लिये उपनयन के अनन्तर ही वेदारम्भ का नियम है। इस कारण उपनयन से पूर्व वैदिक मन्त्रों का उच्चारण न करे।

अग्नीन्धनं भैक्ष्यचर्यामधःशय्यां गुरोर्हितम् ।
आसमावर्तनात्कुर्यात्कृतोपनयनो द्विजः ॥ २ । १०८

ब्रह्मचारी को चाहिये कि वह समावर्तन से पूर्व सायं प्रातः समिदाधान, भिक्षान्नभोजन, और भूमि में शयन करे।

नित्यं स्नात्वा शुचिः कुर्याद्देवर्षिपितृतर्पणम् ।
देवताभ्यर्चनं चैव समिदाधानमेवच ॥ २ । १७६

प्रतिदिन स्नान करके ब्रह्मचारी देव, ऋषि—और पितरों का तर्पण करे और हरि हरादि देव मूर्तियों का पूजन करे और सायं प्रातः समिदाधान करे।

मेखलामजिनं दण्डमुपवीतं कमण्डलुम् ।
अप्सुप्राश्य विनष्टानि गृह्णीतान्यानि मन्त्रवत् ॥ २।६४

मेखला—अजिन-दण्ड—उपवीत-उदकपात्र—ये यदि किसी कारण वश छिन्न भिन्न हों तो—दुबारा मन्त्र पूर्वक उनका ग्रहण करे।

सेवेतेमांस्तु नियमान्ब्रह्मचारी गुरौ वसन् ।
सन्नियम्येन्द्रियग्रामं तपोवृध्यर्थमात्मनः ॥ २।१७५

ब्रह्मचारी गुरु के समीप रहकर जितेन्द्रियता पूर्वक अपने तपोबल की वृद्धिके लये नियम से पूर्वोक्त नियमों का पालन करे।

वर्जयेन्मधुमांसंच गन्धं माल्यं रसान् स्त्रियः ।
शुक्तानि यानि सर्वाणि प्राणिनां चैव हिंसनम् ॥२। १७७

ब्रह्मचारी मधु मांस गन्ध माला रस स्त्री कसैले पदार्थ और हिंसा का सर्वदा परित्याग करे।

अनेन क्रमयोगेन संस्कृतात्मा द्विजः शनैः ।
गुरौ वसन्सञ्चिनुयाद्ब्रह्माधिगमिकं तपः ॥२।१६४

इस क्रमकथित उपाय से संस्कृतात्मा द्विज धीरे २ गुरुके यहां रहकर वेद ग्रहण योग्य तप का प्रति दिन संचय करे। उपनयन के अनन्तर ब्रह्मचारी के लिये यह विशेष नियम है। इनका ब्रह्मचारी को अवश्य पालन करना चाहिये।

# स्त्रियों के लिये नियम

अमन्त्रिका तु कार्येयं स्त्रीणामावृदशेषतः ।
संस्कारार्थं शरीरस्य यथाकालं यथाक्रमम् ॥१।६६

स्त्रियों के लिये जातकर्मादि सब संस्कार केवल शरीर शुद्धि के लिये यथा समय मंत्र हीन करने चाहिये ।

वैवाहिको विधिः स्त्रीणां संस्कारो वैदिकः स्मृतः ।
पतिसेवा गुरौवासो गृहार्थोऽग्निपरिक्रिया ॥ २ । ६७

उपनयन के स्थान में स्त्रियों के लिये विवाह ही एक वैदिक संस्कार है। पति सेवा ही गुरु गृह निवास है और गृह कार्य का सम्पादन ही अग्निहोत्र है। द्विजों के बालकों का उपनयन ८।११।१२ वर्षों में होता है। उस के स्थान में द्विज कुमारियों का विवाह यथाक्रम ८।११।१२ वर्ष की अवस्था में होना चाहिये। [ एतद्विवाहवयोविचारे विवेचयिष्यामः ] ।

(प्रश्न) वैदिक प्रक्रिया के अनुसार शूद्रोंका उपनयन हो सकता है? या नहीं? (उत्तर) नहीं हो सकता है। क्योंकि श्रुति और स्मृति इसका विरोध करती है। देखिये-

ऋग्भ्यो जातं वैश्यं वर्णमाहुः यजुर्वेदं क्षत्रस्याहुर्योनिम् ।
सामवेदो ब्राह्मणानां प्रसूतिः (तै ब्रा०) ३।१२।९।४

इसका आशय यह है कि वैश्य जाति ऋग्वेद से उत्पन्न हुई, यजुर्वेद से क्षत्रियों का उद्भव हुआ सामवेद से ब्राह्मण उत्पन्न हुए। शूद्र किसी वेद से उत्पन्न नहीं हुआ इसलिये वह असंस्कार्य है।

गायत्र्या छन्दसा ब्राह्मणमसृजत् । त्रिष्टुभा राजन्यम् । जगत्या वैश्यम् ।
न केनचिच्छन्दसा शूद्रम् । तस्मादयमसंस्कार्यो विज्ञायते ॥ ।४।३

वसिष्ठ स्मृति के इस प्रमाण से भी यही बात सिद्ध होती है। स्मृति वाक्य का आशय यह है कि ईश्वर ने गायत्री छन्द से ब्राह्मणों को त्रिष्टुप् से क्षत्रियों को जगती से वैश्यों को उत्पन्न किया। शूद्रों को किसी छन्द से उत्पन्न नहीं किया इसलिये उनका संस्कार नहीं हो सकता है।

सावित्रीं प्रणवं यजुर्लक्ष्मीं स्त्री शूद्राय नेच्छन्ति [ नृ०पू०उ० ]

इस श्रुतिवाक्य में-स्त्री और शूद्र के लिये प्रणव और गायत्री के उपदेश का निषेध है। जो इनको उपदेश देता है-वह-मरने के वाद अधोगति को प्राप्त होता है।

जपस्तपस्तीर्थयात्रा प्रव्रज्या मन्त्रसाधनम् ।
देवताराधनं चैव स्त्रीशूद्रपतनानि षट् ॥१३२

[अत्रिस्मृतिः]

व्रतं नास्ति तपो नास्ति होमो नैव च विद्यते।
पंचगव्यं न दातव्यं तस्य मन्त्रविवर्जनात् ॥५।४

[आपस्तम्ब स्मृतिः]

कपिलाक्षीरपानेन ब्राह्मणीगमनेन च ।
वेदाक्षरविचारेण शूद्रस्य नरको ध्रुवम् ॥१।७३

[पराशरस्मृतिः]

शूद्रश्चतुर्थो वर्णस्तु सर्वसंस्कारवर्जितः ।
उक्तस्तस्य तु संस्कारो द्विजेष्वात्मनिवेदनम् ॥१।१५

[विष्णुस्मृतिः]

शूद्रोवर्णश्चतुर्थोपि वर्णत्वाद्धर्ममर्हति ।
वेदमन्त्रस्वधास्वाहा वषट्कारादिभिर्विना ॥१।६

[व्यासस्मृतिः]

धर्मेप्सवस्तु धर्मज्ञाः सतां वृत्तमनुष्ठिताः ।
मन्त्रवर्जं न दुष्यन्ति प्रशंसां प्राप्नुवन्ति च ॥११।१२७

[मनुस्मृतिः]

धर्मशास्त्र के इन वचनों से—शूद्र का कोई वैदिक संस्कार नहीं हो सकता है। द्विजों की सेवा करना ही एक मात्र उसका धर्म है। इसी लिये—

परिचर्यात्मकं कर्म शूद्रस्यापिस्वभावजम् ।

ऐसा भगवद्गीता में कहा है मनुस्मृति में [ एकमेव तु शूद्रस्य ] इस पद्य के अन्दर भगवद्गीतोक्त वाक्य का समर्थन है।

शूद्रमपिकुलगुणसम्पन्नं मन्त्रवर्जमनुपनीतमध्यापयेदित्येके ॥१॥

सुश्रुतके सूत्र स्थानमें भी ऐसा लिखा है इसका अर्थ यह है कि कुलीन विनयादि गुण सम्पन्न, यदि कोई शूद्र जातीय पुरुष पढ़ना चाहे तो उसको उपनयन के विना मन्त्र भाग छोड़कर पढ़ावे। इस से शूद्र का उपनयन प्रमाण सिद्ध नहीं है।

## [सन्ध्योपासनविधिः]

स्नान के अनन्तर प्रातःकाल पूर्वाभिमुख और सायंकाल पश्चिमाभिमुख बैठकर सबसे प्रथम "द्रुपदादिव" इस मन्त्रसे तीनवार आचमन करना चाहिये। (प्रश्न) आचमन में जल कितना पीना चाहिये ? ( उत्तर )

हृद्गाभिः पूयते विप्रः कण्ठगाभिस्तु भूमिपः ।
वैश्योऽद्भिः प्राशिताभिस्तु शूद्रः स्पृष्टाभिरन्ततः ।।२।६२

मनु के इस प्रमाण से ब्राह्मण को जल इतना पीना चाहिये जितना हृदय पहुंचे कण्ठतक जाने योग्य जल क्षत्रिय को पीना चाहिये। उदर तक जाने य जल वैश्य को पीना चाहिये। शूद्र जल के स्पर्श मात्र से ही पवित्र माना जाता है

(प्रश्न) यदि जलकी पिपासा न हो तब भी क्या आचमनमें जलपीना चाहिये? (उ अवश्य पीना चाहिये। क्योंकि ऐसा न करने से ईश्वर की तथा वेद की आज्ञा उलङ्घन होता है। वेदाज्ञा राजाज्ञा की तरह अप्रतर्क्य होती है। जो मनुष्य राजाज्ञा तरह वेदाज्ञा में "ननु, नच" लगाता है वह दण्ड का अधिकारी होता है।

धर्मस्य शब्दमूलत्वादशब्दमनपेक्षं स्यात् ।।१।३।१
आम्नायस्य क्रियार्थत्वादानर्थक्यमतदर्थानाम् ।। १।२।१
विरोधेत्त्वनपेक्षं स्यादसति ह्यनुमानम् ।। १।३।३

जैमिनि प्रणीत पूर्वमीमांसा के इन सूत्रों का अर्थ यह है कि धर्म शब्द मू है, इस कारण जिस विषय में शब्द प्रमाण न हों वह नहीं मानना चाहिये। वेद क्रि र्थक है। जिस मंत्र से क्रिया नहीं की जाती है वह मन्त्र अनर्थक माना जाता है, निषेध मुख से जिसका प्रत्यक्ष में विरोध करतौ हो वह कार्य नहीं करना चाहि परन्तु जिसका वेद विरोध न करे उसमें वेदाज्ञा का अनुमान करना चाहिये "अन वै वेदाः" तैत्तिरीय ब्राह्मण के ३।१०।११।३।४ इस प्रमाण से ११३१ शाखा होने पर वेद अनन्त है इस कारण उसकी आज्ञा का पालन करना ही आस्तिकों का प्रध कर्तव्य है। आचमन के अनंन्तर गायत्री मन्त्र से शिखाबंधन करना चाहिये, यजुर्वेद

केशा न शीर्षन्यशसे श्रियै शिखा ।१९।९२

इस प्रकार शिखा का वर्णन मिलता है, शिर पर अधिक केशों का होना यशस्व है, और शिरपर शिखा लक्ष्मी की बर्धक है। शिरके बालों को बिखरे हुये रखना अ गल सूचक है। शिखा में ग्रन्थि का लगाना अथवा शिखाकी ग्रन्थि को "चाणक्य" तरह खोलना प्रतिज्ञात संकेत का निदर्शन है। इसलिये शिखा बन्धन अत्यावश्यक इसके अनन्तर हाथ में जल लेकर गायत्री मंत्र से उसको अभिमन्त्रित कर के 'परिध करण' करना चाहिये। परिधीकरण का फल अथर्ववेद के मन्त्र से हमने इसी ग्रन्थ पहिले बतला दिया है। परिधीकरण के अनन्तर "ओं भूः पुनातु शिरसि" इत्यादि आठ मन्त्रों से हाथ में जल लेकर [ शिर, नेत्र, कण्ठ, हृदय, नाभि, पाद, दुबारा शिर

अन्त में सर्वत्र मार्जन करना चाहिये। मार्जन करने से आयु वृद्धि होती है। मार्जनके अनन्तर इन्द्रिय स्पर्श करना चाहिये। अथर्ववेद के—

वाङ्म आसन्नसोः प्राणः चक्षुरक्ष्णोः श्रोत्रं कर्णयोः।
अपलिताः केशा-अशोणा-दन्ता बहु बाह्वोर्बलम्॥ १९।६०।१
ऊर्वोरोजो जंघयोर्जवः पादयोः। प्रतिष्ठाअरिष्ठानि मे सर्वात्मा निभृष्टः॥२॥
तनूस्तन्वा मे सहेदतः सर्वमायुरशीय।
स्योनं मे सीद पुरुः पृणस्व पवमानः स्वर्गे॥ १९।६१।१

इन तीन मन्त्रों में इन्द्रियस्पर्श के सभी मंत्र अन्तर्निविष्ट हैं। हमारे आस्य में वाणी, नासिका में प्राण, कर्ण में श्रवण शक्ति, शिर पर काले केश, मुख में सफेद दांत, बाहू में बहुत सा बल, ऊरू में ओज, जंघा में वेग, पाद में प्रतिष्ठा, अवशिष्ट अंगों में आरोग्य, त्वचा में स्पर्श सुख चिरकाल तक बना रहे। इन सब के होते हुये हम समस्त आयु को सुख पूर्वक व्यतीत करें। इतना उत्तम फल होने पर भी जो स विषय में तर्क करते हैं उन पर वास्तव में ईश्वर की क्रूर दृष्टि है। इन्द्रियस्पर्श अनन्तर हाथ में जल लेकर "अघमर्षणसूक्त" के तीन मन्त्रों को पढ़कर जल मि पर छोड़ना चाहिये। ऋग्वेद में अघमर्षण सूक्त प्रसिद्ध है। मनुस्मृति के—

यथाश्वमेधः क्रतुराट् सर्वपापापनोदनः।
तथाघमर्षणं सूक्तं सर्वपापप्रणाशनम्॥ ११।२६०

इस पद्य में अघमर्षणसूक्त का बड़ा भारी फल कहा है। इसके पाठ से समस्त पापों का नाश होता है। अघमर्षण के अनन्तर प्राणायाम करना चाहिये। वसिष्ठ स्मृति में प्राणायाम कालक्षण इस प्रकार कहा है।

सव्याहृतिं सप्रणवां गायत्रीं शिरसा सह।
त्रिः पठेदायतप्राणः प्राणायामः स उच्यते॥ २५।१३

प्रणव-सप्तमहाव्याहृति और शिरोभाग के साथ प्राण को अन्दर रोककर गायत्री का तीन बार मन में पाठ करना एक प्राणायाम कहाता है। इस प्रकार कम से कम तीन प्राणायाम ब्रह्मचारी को अवश्य करने चाहिये।

प्राणायाम के अनन्तर गायत्री मन्त्र से तीन बार आचमन करना चाहिये, आचमन के अनन्तर गायत्री मन्त्र से ही तीन बार अञ्जलिमें जल भर कर सूर्य देव को अर्घ्य देना चाहिये। इसके अनन्तर—

ओंभृगवेनमः १ ओं इन्द्राय नमः २ ओं अगस्तयेनमः ३ ओंयमायनमः
ओं वरुणायनमः ५ ओंसारस्वतायनमः ६ ओं कुबेरायनमः ७ ओं ब्रह्मणेनमः

इन आठ मंत्रों से अष्ट दिक्पालों की परिक्रमा करनी चाहिये। परिक्रमा के अनन्तर सूर्य के समक्ष में बद्धाञ्जलि पूर्वक खड़े होकर सूर्योपस्थान करके गोत्र प्रवर शाखोपाधि समेत अपना नाम लेकर सूर्यदेव को "अभिवादन" करना चाहिये। अभिवादन के अनन्तर हाथ में जल लेकर [ सूर्यश्चमा मन्यु... ] इस मंत्र से पापापनोदन करना चाहिये। इसके अनन्तर "द्रुपदादिव" इस से तीन वार आचमन करके सूर्य भगवान के समक्ष खड़े होकर नियम एक सहस्र अथवा एकशत अथवा कम से कम दसवार गायत्री का जप क चाहिये। अन्त में आचमन करके [ स्तुता मया वरदा वेदमाता ] इस मंत्र से गा का विसर्जन करके-ब्रह्मचारी को समिदाधान में प्रवृत्त होना चाहिये। [ इति वै सन्ध्योपासनविधिः ]।

## सन्ध्या फलम् ।

पूर्वां सन्ध्यां जपंस्तिष्ठन्नैशमेनो व्यपोहति ।
पश्चिमां तु समासीनो मलं हन्ति दिवा कृतम् ॥२।१०२

पूर्वाभिमुख सन्ध्या के अनन्तर जप करने से रात्रि कृत पाप का नाश होत और पश्चिमाभिमुख सन्ध्या के अनन्तर जप करने से दिन कृत पाप का नाश ह है। ब्राह्ममुहूर्त में प्रातः काल उठकर सूर्योदय पर्यन्त ब्रह्मचारी को इतना कृत्य स कर देना चाहिये ऐसा मनु जी [ २।१०१ ] पद्य में कहते हैं। "उदिते जुहो इत्यादि श्रुति वाक्यों से सूर्योदय काल में हवन विवक्षित होने के कारण स और जप सूर्योदय के पूर्व ही समाप्त करना पूर्वाचार्यानुमत है।

## ब्रह्मचारिणां समिदाधानम् ।

"समिदाधान मेवच" २।१७६ मनु की इस आज्ञा का पालन करने के ब्रह्मचारी को सायं प्रातः समिदाधान करना चाहिये। [ समिधां अग्नावाधानं स ाधानम् ] समिधा आम्र-पलाश-उदुम्बर-शमी-बिल्व-अपामार्ग की होनी चाहि एक समिधा का प्रमाण १२ अंगुल का होता है। खदिर के "प्रणीतापात्र-प्रोक्ष पात्र-आज्यस्थाली-चरुस्थाली-स्रुव,, यह पांच पात्र अवश्य होने चाहिये। आग्न मे वेदी बना कर उसके चारों ओर "कुशकण्डिका" के नियमानुसार कुश बिछा सब से प्रथम-

ओंभूर्भुवः स्वर्द्यौरिव भूम्ना ३।५

यजुर्वेद के इस मन्त्र से "अग्न्याधान" करना चाहिये। उसके, अनन्तर, उ :बाग्ने" १५।५४ यजुर्वेद के इस मन्त्र से "अग्नि सन्धुक्षण" करके-

(१) समिधाग्निं दुवस्यत ३।१ (२) सुसमिद्धाय शोचिषे ३।२
(३) तं त्वा समिद्भिरङ्गिरः ।३।३

यजुर्वेद के इन तीन मन्त्रों से घृताक्त १।१ समिधा १।१ मन्त्र पढ़कर अग्नि में हवन करनी चाहिये। इसके अनन्तर पारस्करके—

ओंअग्ने सुश्रवः सौश्रवसं मा कुरु। १ अग्नये समिधमाहार्षम् २

इन दो मन्त्रों से क्रमशः १।१ समिधा का आधान कर के अनन्तर—

देवकृतस्यैनसोऽवयजनमसि ८ । १३

यजुर्वेद के इस मन्त्र से एक आहुति देवे तदनन्तर अग्नि के समक्ष बद्धा· अलि होकर—

मयि मेधां मयि प्रजां मय्यग्निस्तेजो दधातु ।

इस तैत्तिरीय आरण्यकके मन्त्रसे अग्निदेवकी प्रार्थना करनी चाहिये। तदनन्तर हाथों को—

तनूपा अग्नेऽसि तन्वं मे पाहि ।

इत्यादि आठ मन्त्रों से तपाकर अपने मुख पर लगाना चाहिये। बस इतन ही ब्रह्मचारी के लिये विधिविहित समिदाधान है।

समिदाधन करके ब्रह्मचारी गुरू के समीप जाकर गोत्रोच्चारण पूर्वक अभिवा दन करे यह आचार है।

व्यत्यस्तपाणिना कार्यमुपसंग्रहणं गुरोः ।
सव्येन सव्यः स्प्रष्टव्यो दक्षिणेन च दक्षिणः ॥ २।७२।

ब्रह्मचारी को उचित है कि वह व्यत्यस्तपाणि होकर गुरु के चरणों का स्प रे। सव्य से सव्य चरण दक्षिण से दक्षिण चरण छूना ही व्यत्यस्तपाणि होना है।

ब्रह्मारम्भेऽवसाने च पादौ ग्राह्यौ गुरोः सदा ।
संहत्य हस्तावध्येयं स हि ब्रह्माञ्जलिः स्मृतः ॥ २।७१

वेदाध्ययन के आरम्भ में तथा अन्त में गुरु का चरण स्पर्श करना ब्रह्मचा के लिये अत्यावश्यक है चरण स्पर्श पूर्वक प्रणाम करने में गुरु जनोंका जितना हृद द्रवीभूत होता है उतना केवल मौखिक प्रणाम करने में नहीं होता है। यह प्रत्य सिद्ध है।

अभिवादनशीलस्य नित्यं वृद्धोपसेविनः ।
चत्वारि तस्य वर्धन्ते आयुर्विद्या यशो बलम् ॥ २ । १२१

जो ब्रह्मचारी प्रतिदिन गुरु का अभिवादन करके पीछे वृद्धजनों का सेवन करता है उस की आयु, विद्या, यश और बल बढ़ता है। अभिवादन करने के अनन्तर ब्रह्मचारीको पिछला पाठ सुनाकर अगला पाठ पढ़ना चाहिये। पाठ पढ़ने के अनन्तर भिक्षा की झोली ले द्विजों के गृहों से भिक्षा के लिये जाना चाहिये। भिक्षा में जो कुछ मिले वह सब लाकर गुरु के समक्ष में रखना चाहिये। गुरु की आज्ञा से उस अन्न को स्वयं बनाकर बलि वैश्वदेव करके भोजन करना चाहिये। भोजन के अनन्तर पात्र संमार्जनादिक स्वयं करके प्रातः कालमें पठित पाठ को दुहराकर मध्याह्नके अनन्तर व्याकरण न्याय साहित्य आदि विषयों को गुरु से पढ़ना चाहिये। यह ब्रह्मचारियों का नित्य कर्तव्य है।

अनेकसंशयोच्छेदि परोक्षार्थस्य दर्शकम्।
सर्वस्य लोचनं शास्त्रं यस्य नास्त्यन्ध एव सः ॥

नीतिकारों का कथन है कि अनेक संशयो का मूलोच्छेद करने वाला अदृष्टार्थ प्रतिपादक पदार्थ मात्र को प्रत्यक्ष दिखाने वाला शास्त्र जो नहीं जानता है वह अन्धे के समान है। इसलिये—

ब्राह्मणेन निष्कारणो धर्मःषडङ्गो वेदोध्येयो ज्ञेयश्च ॥

ऐसा पतञ्जलि ने महाभाष्य में लिखा है। इस का अभिप्राय यह है कि अङ्गोपाङ्ग सहित वेद का अध्ययन करना ब्राह्मण के लिये निष्कारण "अहैतुक" धर्म है। देश की अवनति का प्रधान कारण संस्कृत विद्या का शैथिल्य है विद्या के विना धर्म अर्थ काम मोक्ष इनका सम्पादन नहीं हो सकता है। इसलिये ब्राह्मण क्षत्रिय वैश्यों को विद्याभ्यास की ओर बल पूर्वक ध्यान देना चाहिये। आजकल देश काल की परिस्थिति बड़ी दुर्वल है। जल वायु में असाधारण परिवर्तन हो गया है। [illegible]चार शक्ति पहले समय में थी वह आज श्रम करने पर भी प्राप्त नहीं होती [illegible] [illegible] समय में जनता के समक्ष कठिन उपाय उपस्थित करना उचित नहीं है। इ[illegible]ये हम आजकल की परिस्थिति के अनुकूल अध्ययन क्रम उपस्थित करते हैं।

व्याकरण में प्रवेश करने के लिये आजकल "लघुकौमुदी" से बढ़कर अन्य [illegible]ई ग्रन्थ नहीं है। इसमें बालकोपयोगी व्याकरण के सभी विषयों का समावेश है [illegible]लिये पहिले बालकों को लघुकौमुदी पढ़ानी चाहिये। फिर सिद्धान्त कौ[illegible]ी पढ़ानी चाहिये। इसके अनन्तर महाभाष्य पढ़ाना उचित है। इतने में व्याक[illegible] का परिज्ञान समाप्त होता है।

व्याकरण के अनन्तर न्यायदर्शन पढ़ना उचित है। छन्दः शास्त्र में पिङ्गलछंदः

है। इसके पढ़ने से बड़ा लाभ होता है। कोषों में विश्वकोष-मेदिनीकोष-हलायुध कोष अवश्य पड़ना चाहिये। इनके बिना मनुष्य प्रवीण नहीं बन सकता है। अलङ्कारमें काव्यालङ्कारसूत्र तथा भरतमुनि प्रणीत नाट्यशास्त्र अवश्य पढ़ना चाहिये। धर्मशास्त्र में मनुस्मृति-अर्थ शास्त्र में कौटिल्यशास्त्र-कामशास्त्र में वात्स्यायनप्रणीत कामसूत्र मोक्षशास्त्र मेंभगवद्गीता तथा वेदांत दर्शन अवश्य पढ़ना चाहिये। ज्योतिष में वराहमिहिराचार्य प्रणीत वाराही संहिता-कर्म काण्ड में पारस्कर गृह्यसूत्र अवश्य पढ़ना चाहिये। इतिहास में महाभारत और पुराणों में अग्नि पुराण-अवश्य पढ़ना-चाहिये। इन सबके अनन्तर वैदिक साहित्य पढ़ना चाहिये। इतना अध्ययन १५ वर्षमें समाप्त होजाता है। आजकल के जीवन का चतुर्थांश भी इतने में समाप्त होजाता है।

## ब्रह्मचर्य विधिः।

षट्त्रिंशदाब्दिकं चर्यं गुरौ त्रैवेदिकं व्रतम्।
तदर्द्धिकं पादिकं वा ग्रहणांतिकमेव वा॥ मनुः ३। १

ऋक्-यजु-साम इन तीन वेदों को त्रिवेदी कहते हैं। इन तीनों को पढ़ने के लिये जो व्रत होता है उसको त्रैवेदिक व्रत कहते हैं। [ द्वादशवर्षाणि प्रदं ब्रह्मचर्यं चर] इस पारस्करगृह्य सूत्र के आदेशानुसार १२।१२।१२ कुल मिल ३६छत्तीस वर्ष का ब्रह्मचर्य होता है यह गुरु के पास ब्रह्मचारी को पूरा करना चाहि यदिइतना न हो सके तो (तदर्द्धिकं) उससे आधा प्रत्येक वेद के लिये ६। ६। ६ मिलाकर १८ अठारह वर्ष तक ब्रह्मचर्य रखना चाहिये। इतना भी यदि न हो तो ( पादिकं ) पाद मात्र ३। ३। ३ कुल मिलाकर ९ नौ वर्ष तक रखना चाहि अथवा जब तक एक वेदका,स्वाध्याय पूरा न हो तब तक व्रत रखना चाहिये।

ब्रह्मचार्यैति समिधा समिद्धः कार्ष्णं वसानो दीक्षितो दीर्घश्मश्रुः।

अथर्ववेद के इस मन्त्र में ब्रह्मचारी का स्वरूप वर्णन किया गया है। समिधान से समिद्ध, कृष्णमृग चर्म धारण किये हुये दीर्घ दाढी मूंछ वाला, दीक्षित ब्रह्मचारी-गृहस्थ को प्राप्त होता है।

अग्नौ सूर्ये चन्द्रमसि मातरिश्वन् ब्रह्मचार्यप्सु समिदमादधाति।
तासामर्चींषि पृथगभ्रे चरंति तासामाज्यं पुरुषो वर्षमापः॥ ११। ५। १

ब्रह्मचारी अग्नि सूर्य चन्द्रमा वायु और जल में अपनी समिधा का आधान रखता है। समिधाओं से समिद्ध अग्निज्वाला मेघमण्डल को पहुंचती है। उस वृष्टि के द्वारा प्रजा आप्यायित होती है। और—

ब्रह्मचारिणं पितरो देवजनाः पृथग्देवा अनु संयन्ति सर्वे ।
गन्धर्वा एनमन्वायं स्त्रयस्त्रिंशत् त्रिषताः षट्सहस्राः ।
सर्वान्स देवांस्तपसा पिपर्ति ॥ ११ । ५ । २

ब्रह्मचारी को पितृगण-देवगण-गन्धर्वगण अलग २ अपनी २ टोली बांधकर ३३३ छः हजार तीन सौ तेतीस अनुगत करते हैं। वह इन सब देवगणों को पने तप से तृप्त करता है।

जितेन्द्रियत्वं विनयस्य कारणं, गुणप्रकर्षो बिनयादवाप्यते ।
गुणाधिके पुंसि जनोऽनुरज्यते, जनानुरागप्रभवा हि सम्पदः ॥ १ ॥

काव्यप्रकाश के रचयिता स्वनाम धन्य श्री मम्मटाचार्य जी इस पद्य के ब्र ह्मचर्य का फल बतलाते हैं। विनय का एक मात्र कारण जितेन्द्रियत्व है, गुण प्र वेनयसे प्राप्त होता है गुणाधिक पुरुषमें जनों का अनुराग होता है, और जनोंके ा ाग से सम्पत्तियां प्राप्त होती हैं। सम्पत्ति की प्राप्ति में इस "कारणमाला" धान कन्दली एक मात्र ब्रह्मचर्य ही है। इसीलिये योगदर्शन में ( ब्रह्मचर्यप्रतिष्ठ ीर्यलाभः) ऐसा कहा है।

[प्रश्न] वेद ब्राह्मण कल्प इतिहास पुराण गाथा नाराशंसी इन में कुछ अ ? अथवा ये सब एक हैं? (उत्तर) वेद और ब्राह्मण इन दोनों में संज्ञा मात्र भेद .. स्तुतः ये दोनों मिलकर ही वेद हैं। इस विषय का विस्तृत विवरण हम इसी ग्रन्थ आगे करेंगे। कल्प वैदिक मन्त्रों की संगति लगाने वाला एक वैदिक ग्रन्थ समुच्चय है। इतिहास का बीज वेदों में विद्यमान है। उनका बिस्तार महाभारतादि में । गाथा और नाराशंसी यह दोनों वैदिक मन्त्रों के भेद हैं। इस का स्पष्टीकरण ी ग्रन्थ में अन्यत्र मिलेगा। पुराण वेदों से प्राचीन और साथ २ प्रकट हुये हैं। ा विषय में—

पुराणं सर्व शास्त्राणां प्रथमं ब्रह्मणा स्मृतम् ।
अनन्तरन्तु वक्त्रेभ्यो बेदास्तस्य विनिर्गताः ॥१॥

ब्रह्माण्ड महापुराण का यह वचन है। समस्त शास्त्रों में प्रथम [प्रधान अथवा ख्य] पुराण ब्रह्मा ने पहिले स्मरण किया। इसके अनन्तर वेद प्रकट हुये। यदि ां पर "अनन्तरं" यह शब्द [न विद्यते अन्तरं यत्र तदनन्तरम्] इस अर्थके आधार पुराण का विशेषण माना जावे तब "अनंतरं" इस पद का अर्थ [ एकार्थकं सहो त्रं ] यह अनायास ही निकल आता है। महाप्रलय में पञ्च तत्वों का ब्रह्म में लय ना श्री मद्भागवत के—

ष्टे लोके द्विपरार्धावसाने महाभूतेष्वादिभूतं गतेषु ।
यक्तेऽव्यक्तं कालवेगेन याते भवानेकः शिष्यते शेषसंज्ञः ॥ १०।३।२५

इस पद्य में मिलता है । जब महाप्रलय में भगवान् के अतिरिक्त और कुछ नहीं रहता तब जगत का "यथा पूर्व" सर्जन जिस तत्व के आधार पर होता है उसी तत्व को "पुराण" कहते हैं । [स्मरणं चेतसो धर्मः] स्मरण करना चित्त का धर्म है । स्मरण करने पर ही "यथापूर्वमकल्पयत्" इस श्रुति का समन्वय लगता है अन्यथा नहीं । अथर्ववेद के—

ऋचः सामानि छन्दांसि पुराणं यजुषा सह ।
उच्छिष्टाज्जज्ञिरे सर्वे दिवि देवा दिवि श्रितः ॥ ११।७।२४

*इस मन्त्र में ऋगादिवेद गायत्री आदि छन्द और पुराण सब उच्छिष्ट परमा-*
ा से प्रकट माने हैं । और--

स बृहतीं दिशमनुव्यचलत् तमितिहासश्च पुराणंच गाथाश्च नाराशंसीश्चानुव्यचलन् ।
१५ । ६ । ११

इस मन्त्र में ईश्वर के पीछे २ इतिहास पुराण गाथा नाराशंसी का चलना माना है । जो इस बात को जानता है वह इन चारों का प्रिय आश्रय बन जाता है । ोपथ ब्राह्मण के—

स दिशोन्वैक्षत । प्राचीं दक्षिणां प्रतीचीमुदीचीं ध्रुवामूर्ध्वामिति ।
ताभ्यः पञ्चवेदान्निरमिमत । सर्पवेदम्,पिशाचवेदम्, असुर-
वेदम्, इतिहासवेदम्, पुराणवेदम् ॥

इस मन्त्र में सिद्ध है कि ईश्वर ने पूर्व दक्षिण पश्चिम उत्तर ध्रुवा और ऊर्ध्वा दिशाओं की ओर देखा । देखकर उन से सर्पवेद पिशाचवेद असुरवेद इतिहास-पुराण वेद इन पांच वेदों को निकाला ? गोपथ ब्राह्मण के इस मन्त्र में इतिहास र पुराण के साथ वेद शब्द का सहयोग इन दोनों के वेदत्व होने में प्रमाण स्वरूप । सर्पवेद आजकल 'गारुड़ी विद्या" के स्वरूप में व्यवहृत है । आहितुण्डिक सका प्रयोग जानते हैं । पिशाचवेद-तथा असुरवेद में मारण मोहन उच्चाटन वशीकरण आदि प्रयोग हैं । इनका बहुत सा अंश अथर्ववेद में मिला हुआ है ।

एवमिमे सर्वे वेदा निर्मिताः सकल्पाः सरहस्याः सब्राह्मणाः सोपनिषत्काः सेतिहासाः सान्वाख्यानाः सपुराणाः सस्वराः ससंस्काराः सनिरुक्ताः सानुशासनाः सानुमार्जनाः सवाकोवाक्याः ।

गोपथ ब्राह्मण के इस प्रमाण से वेद के साथ २ कल्प-रहस्य-ब्राह्मण-इतिहास-पुराण-वाकोवाक्य आदि का प्रादुर्भाव सिद्ध है। मन्त्र भाग के साथ ब्राह्मण भाग- ईश्वर से ही आविर्भूत हुआ-यह बात भी इस प्रमाण से अनायास सिद्ध होती है। मुनिवर पतञ्जलि ने महाभाष्य के—

"सप्तद्वीपा वसुमती त्रयोलोकाश्चत्वारोवेदाः साङ्गाः सरहस्या बहुधा विभिन्नाः एकशतमध्वर्युशाखाः सहस्रवर्त्मा सामवेदः एकविंशतिधा वाह्वृच्यं नवधाथर्वणोवेदोवाकोवाक्यमितिहासः पुराणं वैद्यकमित्येतावाञ्छब्दस्य प्रयोगविषयः

इस अपने लेखमें शब्द का प्रयोग स्थल जहां चारों वेदों को बताया वहां इतिहास और पुराण को भी बताया है। इसलिये पुराण और इतिहास दोनों ही ईश्वर प्रणीत एक साथ ईश्वर से प्रकट हुए अनादि काल प्रचलित सनातन हैं। इसमें अणुमात्र भी सन्देह नहीं है।

(प्रश्न) वेदों के अन्दर इतिहास किस प्रकार आजाता है? (उत्तर) ईश्वर सर्वज्ञ तथा सर्व द्रष्टा है। उसके लिये कोई भी बात भूत अथवा भविष्य नहीं है सब प्रत्यक्ष है। वेद उसका ज्ञान है। इसलिये उसमें आप्रलयान्त सृष्टि विषय का होना स्वभाव सिद्ध है। जो बात अभी तक सृष्टि में नहीं हुई है उसका भी निर्देश ऋग्वेद के—.

आघातागच्छानुत्तरा युगानि १०।१०।१९

इस मन्त्र में किया है। हमारे लिये जो "अनुत्तरयुग" है ईश्वर के लिये वे भी सब प्रत्यक्ष हैं। वेद में पूर्व कल्प का तथा पूर्व कल्प के राजाओं का जो वर्णन मिलता है यही वेद का महत्व है। यदि वेद में इतिहास न हो तो वेद का महत्व ही नष्ट होता है। इसीलिये अथर्ववेद के अष्टमकाण्ड में वैवस्वत मनु, विरोचन प्रह्लाद, वैन्य पृथु, चित्ररथ सौर्यवर्चस, वैश्रवण कुवेर, वैशालेय तक्षक, ऐरावत धृतराष्ट्र, आदि का इतिहास मिलता है। इतिहास सब वेदों में थोड़ा २ आता है परन्तु जितना अथर्व में है उतना औरों में नहीं है।

(प्रश्न) मत और धर्म में कितना अन्तर है। (उत्तर) धर्म ईश्वरीय तथा अनादि काल सिद्ध है; और मत मनुष्यों की इच्छा पर निर्भर रहता है। संस्कृत भाषा में मत शब्द सम्मति के अर्थ में आता है। मतों के प्रवर्तकों का जो जन्म दिन है वही मत का भी जन्म दिन है। आज कल भारत में मनुष्यों द्वारा प्रवर्तित २९९५ मत प्रचलित हैं। परन्तु ये धर्म नहीं है। इनको मनुष्योंने अपना प्रयोजन सिद्ध करने के लिये चलाया है। सबका कल्यान करने वाला केवल "सनातन धर्म" ही है

सनातनमेनमाहुरुताद्य स्यात्पुनर्णवः । १० । ८ । २३

अथर्ववेद के इस मन्त्र में धर्म को "सनातन" कहा है। महाकल्प के अनन्तर यही सनातन धर्म फिर नवीन रूप से संसार में प्रवृत्त होता है। वर्तमान सृष्टि में अहर्गण क्रम से १ अरब ९८ करोड़ २९ लाख ४९ हजार १८ सौ वर्ष व्यतीत हुए हैं। सृष्टि के आरम्भ काल से महाप्रलय तक यही सनातनधर्म हेगा। वैदिक काल-सृष्टि के अनन्तर प्रवृत्त होता है। मानव सृष्टि के आरम्भ वेदों का आविर्भाव होता है। मानव सृष्टि से पूर्व दैवी और दैवी से पूर्व ओषधि ृष्टि बनती है। यह प्रसङ्ग—

या ओषधीः पूर्वा जाता देवेभ्यस्त्रियुगं पुरा । १२ । ७५

यजुर्वेद के इस मन्त्र में आया है। देव "अमृतान्धस" हैं। सात सौ प्रकार ी ओषधियां जब उत्पन्न होती हैं तब दैवी सृष्टि होती है। ओषधि सृष्टि र्व पञ्चमहाभूत सर्जन में लाखों वर्ष लगते हैं। इसी लिये—

अर्वाग्देवा अस्य विसर्जनेन, अथ को वेद यत आबभूव । ८ । ७ । ६

ऐसा ऋग्वेद में लिखा है। सृष्टि सम्पादन के अनन्तर वैदिक समय आता । वेदप्रतिपादित होने के कारण धर्म को वैदिक कहा जाता है। परन्तु प्रति ादनीय धर्म प्रतिपाद्य वेदों से पूर्व विद्यमान था यह मानना होगा (१) यदि पूर्व होता? तो पंचतत्वों में धारणात्मक क्रिया न होती? इसलिये-वैदिक समय अति प्राचीन अनादिकाल सिद्ध सनातनधर्म ही सबके लिये मानने योग्य है। सका अधिक विवेचन हमने [ सनातनधर्मविजय महाकाव्य ] में किया है।

( प्रश्न ) वेद पढ़नेका अधिकार किनको है? ( उत्तर ) द्विज मात्र को ( प्रश्न ) ्ज किन को कहते हैं? ( उत्तर ) [ द्वाभ्यां जन्मसंस्काराभ्यां जायत इति द्विजः ] न्म तथा उपनयन से दो वार जिसका जन्म होता है उन को द्विज कहते हैं। द्र यज्ञोपवीत का अधिकारी नहीं है। इसी से उसको-सभी धर्मशास्त्र वेदानह ानते हैं।

स्तुता मया वरदा वेदमाता प्रचोदयन्तां पावमानी द्विजानाम् । १९।७१।१

अथर्ववेद के इस मन्त्र में [ वेदमाता, द्विजानां, पावमानी ] यह स्पष्ट आदेश । यदि मनुष्य मात्र को वेद पढ़ने का अधिकार होता तो मन्त्र में "द्विजानां" यह (?) जब वेद स्वयं अपना अधिकार द्विजों के लिये बतलाता है तब ढ़ने का अधिकार कहां से प्राप्त होगा?

निर्देशाद्वा त्रयाणां स्यात् अग्न्याधेयेन सम्बन्धः ।
क्रतुषु ब्राह्मणश्रुतेरित्यात्रेयः । ६।१।२६
अपि वा वेदनिर्देशादपशूद्राणां प्रतीयेत ६।१।३३

पूर्वमीमांसा के इन सूत्रों में शूद्र को अग्न्याधान का अनधिकारी ठहराया है [बसन्ते ब्राह्मणोऽग्निमादधीत १ ग्रीष्मे राजन्यः २ शरदि वैश्यः ३ शूद्रस्याधानेश्रुतिर्नास्तीत्यनग्निः शूद्रः ] बसन्त में ब्राह्मण ग्रीष्म में क्षत्रिय शरद् में वैश्य अग्न्याधान करे ऐसा नियम है, परन्तु शूद्रके लिये किसी भी ऋतु में अग्न्याधान करने का विधान नहीं है इसीलिये शूद्र अनग्नि है । उत्तर मीमांसा में—

श्रवणाध्ययनार्थप्रतिषेधात्स्मृतेश्च । १।३।३८

इस सूत्र के द्वारा द्वैपायन मुनि ने शूद्र के लिये वेद के श्रवण तथा अध्ययन का निषेध किया है । गौतमस्मृति में [ अथास्य वेदमुपशृण्वतस्त्रपुजतुभ्यां श्रोत्रपरिपूर ] ऐसा स्पष्ट लिखा है । इसी कारण शूद्र को वेदाध्ययन का अधिकार नहीं है ।

(प्रश्न) स्त्रियों को वेद पढ़ने का अधिकार है ? वा नहीं ? (उत्तर) नहीं है क्यों मन्वादि धर्मशास्त्रों में तथा गृह्यसूत्रों में स्त्रियों के यज्ञोपवीत का वर्णन नहीं है । ा यज्ञोपवीत के वेदाध्ययन का अधिकार प्राप्त नहीं होता है (प्रश्न) ब्रह्मचर्य का तब उनको अधिकार है तब वेद पढ़ने का अधिकार क्यों नहीं ? (उत्तर)

ब्रह्मचर्येण कन्या युवानं विन्दते पतिम् ।
अनड्वान्ब्रह्मचर्येणाश्वो घासं जिगीर्षति ॥ ११।५।१८

अथर्ववेद के इस मन्त्रमें 'ब्रह्मचर्येण युवानं पतिं कन्या विन्दते' ऐसा अन्वय है । यदि वेद में कन्या का ब्रह्मचर्य प्रतिपादन होता तो [ ब्रह्मचारिणी कन्या ] ऐसा पाठ होता (?)इसलिये 'ब्रह्मचर्येण' इस तृतीयान्तपद का समन्वय 'युवानं' इस द्वितीयान्त पद से होता है। (प्रश्न) 'इमं मन्त्रं पत्नी पठेत्' इस वाक्यका आप किस प्रकार समन्व करते हैं (?) (उत्तर) यहांपर 'इमं' इस द्वितीयान्त पद का किसी खास मन्त्र की ओ संकेत है मन्त्र मात्र के लिये नहीं, इसलिये स्त्रियों को वेदाध्ययन का अधिकार नहीं है

(प्रश्न) मनुस्मृति में "कन्यानां सम्प्रदानञ्च कुमाराणाञ्च रक्षणम्" ऐसा लि है । इससे कन्याओं की शिक्षा उपलब्ध होती है फिर उसका प्रतिषेध आप कि प्रकार करते हैं (?) (उत्तर) मनुस्मृति में यह पद्य कन्या शिक्षा का समर्थक नहीं है

## विशेषकम्

मध्यन्दिनेऽर्धरात्रे वा विश्रान्तो विगतक्लमः ।
चिन्तयेद्धर्मकामार्थान्सार्द्धं तैरेकएव वा । ६ ।

परस्परविरुद्धानां तेषां च समुपार्जनम् ।
कन्यानां सम्प्रदानं च कुमाराणाञ्च रक्षणम् । ६।१५२
दूतसम्प्रेषणं चैव कार्यं शेषं तथैव च ।
अन्तःपुरप्रचारं च प्रणिधीनां च चेष्टितम् ॥ ६ । १५३

मनुके इन पद्यों का अर्थ इस प्रकार है। राजा को चाहिये कि वह मध्यान्ह में अथवा निशीथ में मन्त्रियों के साथ अथवा अकेला बैठकर धर्म अर्थ और काम का चिन्तन करे। परस्पर विरुद्ध धर्मादि त्रिवर्ग का साधन तथा उनका उपार्जन जिस प्रकार हो उसी प्रकार का उपाय करे। अपने पुत्रियों की विवाह चिन्ता तथा शत्रु-वर्ग से कुमारों की रक्षा का प्रबन्ध करे। दूतसम्प्रेषण तथा शेष कार्य का विचार करके अन्तःपुर की बातों का तथा गुप्तचरों का चिन्तन करे। यह राजा का कर्तव्य है। इसमें कन्याओं के विद्याध्ययन का प्रसंग नहीं है। (प्रश्न) विद्या किस प्रकार प्राप्त होती है (?) उत्तर—

यथा खनन्खनित्रेण नरो वार्यधिगच्छति ।
तथा गुरुगतां विद्यां सुश्रूषुरधिगच्छति ॥१॥
गुरुसुश्रूषया विद्या पुष्कलेन धनेन वा ।
अथवा विद्यया विद्या चतुर्थं नैव कारणम् ॥२॥

याज्ञ्यवल्क्य शिक्षा के यह पद्य हैं। जिस प्रकार मनुष्य खनित्रसे खोदते २ जमीन से जल प्राप्त करता है, उसी प्रकार शिष्य गुरु की सेवा करते २ गुरु गत विद्या को प्राप्त करता है। विद्या तीन प्रकार से प्राप्त होती है। गुरु सेवा से, गुरु को धन देने से अथवा एक विद्या देकर दूसरी विद्या का परस्पर विनिमय करने से इन तीन ... ^^तिरिक्ति अन्य कोई उपाय नहीं है इनमें सर्वोत्तम उपाय गुरु सेवा है। बिना केवल ग्रन्थ पढ़ने से विद्या का मर्म प्राप्त नहीं होता है।

द्विज्ञानार्थं स गुरुमेवाभिगच्छेत् समित्पाणिः श्रोत्रियं ब्रह्मनिष्ठम् ।

तमें विज्ञान प्राप्त करने के लिये ब्रह्मनिष्ठ "श्रोत्रिय" वेदज्ञ गुरु के पास । लेकर जाना लिखा है। गुरु के पास खाली हाथ नहीं जाना चाहिये ।श्येत राजानं भिषजं गुरुम् ] यह प्राचीन धर्माचार्यों की मर्यादा है। किस को कहते हैं। (उत्तर) "अत्रिस्मृति" में श्रोत्रिय का लक्षण इस है।

जन्मना ब्राह्मणो ज्ञेयः संस्कारैर्द्विज उच्यते ।
वेदाभ्यासाच्च विप्रत्वं त्रिभिः श्रोत्रिय उच्यते ॥ ३ । १३९

इसका अर्थ इस प्रकार है। ब्राह्मण कुमार जन्म से ब्राह्मण होता है, संस्कार होने पर वही द्विज होता है। विद्वान् होने पर वही, विप्र होता है। और इन तीनों के एकत्र होने पर वही श्रोत्रिय होता है। [ प्रापूरणे, विशेषेण पूरयति विद्यार्थिनाम-पेक्षामिति विप्रः ] विप्र शब्द का यह निर्वचन वैदिक कोष निघन्टु में देवराजयज्वा किया है। गुरु, उपाध्याय, आचार्य इन तीनों का लक्षण अलग २ है।

उपनीय तु यः शिष्यं वेदमध्यापयेद्द्विजः ।
सकल्पं सरहस्यं च तमाचार्यं प्रचक्षते ॥ २ । १४०
एकदेशं तु वेदस्य वेदाङ्गान्यपि वा पुनः ।
योऽध्यापयति वृत्यर्त्थमुपाध्यायः स उच्यते ॥ २।१४१
निषेकादीनि कर्माणि यः करोति यथाविधि ।
सम्भावयति चान्नेन स विप्रो गुरुरुच्यते ॥ २।१४२

मनु के इन पद्यों में कहा है कि जो ब्राह्मण शिष्य का उपनयन करके (कल्प यज्ञविद्या तथा ( रहस्य ) उपनिषदों के साथ वेद की एक शाखा को पढ़ाता है उसको "आचार्य" कहते हैं। [ आचार्यः कस्मात्, आचारं ग्राहयति आचिनोति अर्थान्, आचिनोति बुद्धिमितिवा ] इतिनिरुक्तम्, जो ब्राह्मण, वेद का एक देश मन्त्र अथवा ब्राह्मण, तथा वेद को छोड़कर व्याकरण आदि वेदके अंगों को जीविका के लिये पढ़ाता है उसको "उपाध्याय" कहते हैं। [ उपेत्य अस्मादधीते इति, उपाध्यायः ] जो ब्राह्मण गर्भाधानादि संस्कारों द्वारा, जीविका करता हुआ। अन्नदानके साथ २ आरम्भिक शिक्षा देता है उसको "गुरु" कहते हैं। इन तीनों की सेवा करना शिष्य का परम धर्म है। आचार्य ब्रह्मा की मूर्ति है। पिता प्रजापति की मूर्ति है। माता पृथिवी की मूर्ति है। ऐसा मनु के ( २।२२६ ) पद्य में लिखा है।

यं मातापितरौ क्लेशं सहेते सम्भवे नृणाम् ।
न तस्य निष्कृतिः शक्या कर्तुं वर्षशतैरपि ॥ २।२२
तयोर्नित्यं प्रियं कुर्यादाचार्यस्य च सर्वदा ।
तेष्वेव त्रिषु तुष्टेषु तपः सर्वं समाप्यते ॥ २।२
सर्वे तस्यादृताधर्मा यस्यैते त्रय आदृताः ।
अनादृतास्तु यस्यैते सर्वास्तस्याफलाः क्रियाः ॥ २।२३४

मनु के इन पद्यों में कहा है कि पुत्र की उत्पत्ति के समय माता पिता जिस क्लेशका सहन करते हैं उसका बदला पुत्र सौवर्ष तक भी नहीं दे सकता है। इसलिये पुत्र को चाहिये कि वह माता पिता और आचार्य का सर्वदा आदर करे। इनके

प्रसन्न होने पर मनुष्य का समस्त तप समाप्त होता है। जिसके ऊपर तीनों प्रसन्न हैं उसका समस्त धर्माचरण सफल है और जिसके ऊपर यह अप्रसन्न हैं, उसका सब धर्माचरण निष्फल है। [ मातृमान्, पितृवान्, आचार्यवान्, पुरुषो वेद ] इति शातप- श्रुतिः। ( प्रश्न ) पुत्र के प्रति माता पित का क्या कर्तव्य है ? (उत्तर)

लालयेत्पञ्चवर्षाणि दश वर्षाणि ताडयेत् ।
प्राप्ते तु षोडशे वर्षे पुत्रं मित्रवदाचरेत् ॥ १ ॥
सामृतैः पाणिभिर्घ्नन्ति गुरवो न विषोक्षितैः ।
लालनाश्रयिणो दोषास्ताडनाश्रयिणो गुणाः ॥२॥

यह पद्य चाणक्य नीति और "पातंजल" महाभाष्य में है। इनका अर्थ यह है ाता पिता पांच वर्ष तक बालक का लालन करें। और उसके अनन्तर दस वर्ष ़ ाड़न करें, इसके अनन्तर सोलहवें वर्ष में पुत्र के साथ मित्र जैसा व्यवहार करें। गुरुउ मृत सिक्त हाथ से शिष्य की ताड़ना करते हैं, विष सिक्त से नहीं। क्योंकि लाः से मनुष्य में दोष बढ़ते हैं और ताडन से गुण बढ़ते हैं। जो बालक माता पि ौर गुरु की ताड़ना पाते हैं वे संसार में उज्वल सुवर्ण की तरह सर्वत्र आदर प । और जो कुसंग में पड़कर, दुर्व्यसनों में फस जाते हैं वे सर्वदा कष्ट का अनुभ रते हैं। ( प्रश्न ) शिष्य के लिये, आचार्य का क्या उपदेश होना चाहिये (?)

(उत्तर) तैत्तिरीयोपनिषद् में शिष्य के प्रति आचार्य का यह उपदेश है, हे शिष्य! म सर्वदा सत्य भाषण करो धर्मानुकूल आचरण करो, स्वाध्याय में प्रमाद मत करो ाचार्य को गुरु दक्षिणा देकर गृहस्थाश्रम में प्रवेश करो' सत्यभाषण में, धम में, धनोपार्जन में, स्वाध्याय और प्रवचन में, देव कार्य औ त करो, माता, पिता, आचार्य और अतिथि को देवतुल ्रणों का अनुकरण करो, हमारे माननीय ब्राह्मणों का आदर कर ज्जा से, भयसे, जिस प्रकार से बने उस प्रकार से दान दे न्देह हो तो, जैसा वेदज्ञ ब्राह्मण आज्ञा दें वैसा करो, यह और यही आदेश है। [ तै० प्रपा० ७ अनु० ११ कं० १-४ ]

किसको कहते हैं ? (उत्तर) नास्तिक उसको कहते हैं जिसक ही। [ अस्ति नास्ति दिष्टं मतिः ] अस्ति परलोक इत्ये नास्ति परलोक इत्येवं मतिर्यस्य स नास्तिकः। जो मनु शेषों को न मान कर, मरे हुए पितृगणों का श्राद्ध नहीं कर क्योंकि "भट्टपाद" कहते हैं।

सन्दिग्धे परलोकेऽपि कर्तव्यः पुण्यसंग्रहः ।
नास्तिचेन्नास्ति नो हानिरस्तिचेन्नास्तिको हतः ॥१॥

नास्तिकों के लिये यद्यपि परलोक सन्दिग्ध है, तथापि उनको पुण्य कार्य से मन नहीं हटाना चाहिये । क्यों कि यदि वास्तव में परलोक न होता, तो, वेद उसका वर्णन न होता (?) आस्तिक जन शास्त्र पर विश्वास करके सब काम क हैं । वेद में परलोक मन्त्र सिद्ध है इसलिये नास्तिक की दुर्दशा अनिवार्य है । मनु को अपने तर्क के आधार पर ऋषिदृष्ट वेदाज्ञा की अवहेलना कदापि नहीं कर चाहिये । क्योंकि—

प्रत्यक्षेणानुमित्यावा यस्तू पायो न लभ्यते ।
एतं विदन्ति वेदेन तस्माद्वेदस्य वेदता ॥१॥

ऐसा आचार्यों का मत है । प्रत्यक्षादि तीन प्रमाणों से जिसका प्रत्यक्ष न होता है उसको शब्द ब्रह्म रूप वेद से ही आस्तिकजन जान सकते हैं । यही वेदों महत्व है ।

दुर्वादिगर्वदलनाय विनिर्मितेस्मिन्
ग्रन्थे समस्तविदुषामुपकारदक्षे ।
पूर्ति समेति भगवत्कृपया तृतीयः
मुल्लास उत्तमफलो जगतां हिताय ॥१॥

इतिश्रीमदखिलानन्दशर्मप्रणीते
वैदिक सत्यार्थप्रकाशे
तृतीयःसमुल्लासः



# चतुर्थः समुल्लासः

## समावर्त्तनम् ।

आचार्य के आश्रम में विद्याध्ययन करके घर आने का नाम "समावर्त्तन" । [ सम्यगावर्त्तनं समावर्त्तनम् ]

वेदं समाप्य स्नायात् । ब्रह्मचर्यं वा, अपएव स्नातका भवन्ति ।
विद्यास्नातको, व्रतस्नातको, विद्याव्रतस्नातकश्चेति पारस्करगृह्यसूत्रम् ॥

इसका अर्थ इस प्रकार है । वेद को समाप्त करके अथवा केवल ब्रह्मचर्य समाप्त :के स्नातक होना चाहिये । [ द्वादशवर्षाणि प्रतिवेदं ब्रह्मचर्यंचरन्ति ] इस नियम से : को पढ़ने के लिये बारह बर्ष का ब्रह्मचर्य विध्यनुमत है जो केवल विद्या मात्र ाप्त करके नियत समय को समाप्त नहीं करता है वह 'विद्या स्नातक कहाता है । केवल नियत समय समाप्त करके विद्या समाप्त' नहीं करता है उसको "व्रतस्नातक" :ते हैं । जो विद्या के साथ २ नियत समय को भी समाप्त करके आता है । उसको वेद्याव्रतस्नातक" कहते हैं ।

षट्त्रिंशदाब्दिकं चर्यं गुरौ त्रैवेदिकं व्रतम्
तदर्द्धिकं पादिकं वा ग्रहणान्तिकमेव वा ॥ ३ । १

गुरु के गृह में छत्तीस, अठारह, नौ, अथवा जब तक विद्या समाप्त हो तब त ग्रचर्य धारण कर तीन वेदों को अथवा दो वेदों को अथवा कम से कम एक वेद समाप्त करके द्विज ब्रह्मचारियों को गृहस्थाश्रम में प्रवेश करना चाहिये, ऐसा ( ३।२ का आदेश है । (प्रश्न) सहोदर-भाई वहिन का-आपस में विवाह हो सकता है नहीं ? ( उत्तर ) नहीं हो सकता है । क्योंकि—

न वा उ ते तनूं तन्वा संपपृच्यां, पापमाहुर्यः स्वसारं नियच्छात् ।
अन्येन मत्प्रमुदः कल्पयस्व, न ते भ्राता सुभगे वष्ट्येतत् ॥ १० । १७ । १:

ऋग्वेद के इस मन्त्र में सहोदर भाई और वहिन के विवाह का निषेध है : अपनी बहिन से कहता है कि हे बहिन ! मैं अपने शरीर से तेरे शरीर क ा नहीं करूंगा क्योंकि जो वहिन से विवाह करता है वह पापी कह इसलिये तू मेरे से भिन्न-इतर सवर्ण पुरुष के साथ सम्बन्ध कर, तेरा भा र मैं इस काम को नहीं करूंगा । इसी वेदाज्ञा के आधार पर हिन्दू जा सहोदर भाई और वहिन का विवाह नहीं होता है । और इसी के आधार पर-

असपिण्डा च या मातुरसगोत्रा च या पितुः ।
सा प्रशस्ता द्विजातीनां दारकर्मणि मैथुने ॥ ३ । ५

मनु के इस पद्य में कहा है कि माता की सात पीढ़ी और पिता का गोत्र बचाकर द्विजों को विवाह करना चाहिये। हिन्दू जाति में विवाह पितृऋण से मुक्त होने के लिये किया जाता है, श्राद्ध और तर्पण के द्वारा मरे हुये माता पिता को पार पहुंचाना पुत्र का प्रधान कर्तव्य है। यह कार्य और सपुत्र से ही होता है।

अपागूहन्नमृतां मर्त्येभ्यः कृत्वी सवर्णामदद्दुर्विवस्वते । १०।२७।२

ऋग्वेद के इस मन्त्र में अपनी जाति की सवर्णा कन्या के साथ विवाह कर का आदेश है। मन्त्रमें जो "विवस्वत्" पद है वह निघण्टु में मनुष्य जाति वाचक है इसी मन्त्र के आधार पर—

उद्वहेत द्विजो भार्यां सवर्णां लक्षणान्विताम् । ३ । ४
सवर्णाग्रे द्विजातीनां प्रशस्ता दारकर्मणि । ३ । १२
पाणिग्रहणसंस्कारः सवर्णासूपदिश्यते । ३ । ४३

मनु के यह प्रमाण उपलब्ध होते हैं और नारद स्मृति में भी [ सजातिः श्रेयस भार्या ] १२ । ४ इस प्रकार का कथन है। विष्णु स्मृति में [ समानवर्णासु सवण भवन्ति ] १६ । १ यह आदेश है इन सब धर्मशास्त्रों के बचनों का एक मात्र प्रयोज ...नी जाति में विवाह करना है। दूसरी जाति में विवाह करने से अपने वंश में वण ...करता आती है और वीर्यके साङ्कर्य से परम्पराऽऽगत गोत्र व्यवहार नष्ट होता है ...के नष्ट होने पर जाति मर्यादा कुल मर्यादा तथा धर्म मर्यादा नष्ट होती है।

यत्रत्वेते परिध्वंसा जायन्ते वर्णदूषकाः ।
राष्ट्रिकैः सहतद्राष्ट्रं क्षिप्रमेव विनश्यति ॥

इस पद्य में मनुजी कहते हैं कि जिस देश में इस प्रकार के वर्णदूषक असव ...वाह होते हैं वह राज्य समस्त प्रजाजनों के साथ शीघ्र ही नष्ट होता है। इसी अ... ...ी चिन्ता से चिन्तित होकर अर्जुन ने भगवद्गीता के प्रथम अध्याय में युद्ध न क... ...ा प्रश्न उठाया था। जिस का उल्लेख [ ४० से ४४ ] पद्य तक है। इनका अभिप्र... ...ह है कि कुल के नष्ट होने पर कुल के सनातन [अनादिकाल प्रचलित] धर्म न... ...जाते हैं। उनके नष्ट होने पर समस्त कुलमें अधर्म का आक्रमण होता है। अधर्म ...ढ़ने पर कुल की स्त्रियां दूषित होती हैं, उनके दूषित होने पर वंश में वर्ण संकर ...र्थात् दोगलापन आता है। उसके आने पर श्राद्ध और तर्पण के बन्द होने से स... ...अवस्थित पितृगण नीचे गिरते हैं क्यों कि वर्ण संकरों का दिया हुआ पिण्ड...

को नहीं पहुंचता है। इसीलिये आजकल के नास्तिक इस विषय में प्रकार के तर्क वितर्क उठाते हैं। इस प्रकार के अनेक उपद्रव असवर्ण विवा ो उत्पन्न होते हैं। इसलिये मनुष्य मात्र को असवर्ण विवाह से बचना चाहि

[प्रश्न] क्या एक मनुष्य एक साथ अनेक विवाह कर सकता [उत्तर] कर सकता है क्यों कि इस विषय में अथर्ववेद के सपत्नीबाधन सूक्त ालिखित मन्त्र प्रमाण हैं। देखिये—

इमां खनाम्योषधिं वीरुधाँ बलवत्तमाम् ।
यया सपत्नीं बाधते यया सविन्दते पतिम् ३।१।८१
उत्तानपर्णे सुभगे देवजूते सहस्वति ।
सपत्नीं मे पराणुद पतिं मे केवलं कृधि ३।१८।२

इन मन्त्रों का अर्थ विस्पष्ट है। इस सूक्त के मन्त्रों से सपत्नीबाधन के लिये औषध प्रयोग किया जाता है। औषध प्रयोग से सपत्नी हट जाती है। अथर्ववेद के कौशिक सूत्रमें इसका विस्तृत विवरण है। नित्यंसपत्न्यादिषु [४।१।३५] इस पाणिनि सूत्र से [ समानः पतिर्यस्याः सा सपत्नी ] यह प्रयोग बनता है। सपत्नी तभी हो सकती है जब एक पुरुष के अनेक विवाह हों।

जनीरिव पतिरेकः समानः ७ । २६ । ३
परिष्वजन्ते जनयो यथा पतिम् । ४३ । १
कल्याणीभिर्युवतिभिर्न मर्यः । ३७ । ५
मर्य इव युवतिभिः सपर्यति । ८६ । १६

ऋग्वेद के इन मन्त्रों में [ जनीः जनयः युवतिभिः] ये पद बहुवचनान्त हैं। और [पतिरेकः पतिम्, मर्यः ] ये एक बचनान्तपद हैं। इससे यह बात अनायास ही सिद्ध होती है कि बलवान मनुष्य एक साथ अनेक विवाह कर सकता है परन्तु एक विवाहिता स्त्री अपने पति के अतिरिक्त अन्य पुरुष का चिन्तन भी नहीं कर सकती है। इस विषय में—

एकस्य पुंसो बह्व्यो जाया भवन्ति । ९ । ४ । १ । ६

ऐसा उल्लेख शतपथ ब्राह्मण में मिलता है और स्त्री के लिये [ नैकस्यावहवः सह पतयः ३ । २२ ] यह निषेध ऐतरेय ब्राह्मण में मिलता है। ऐतरेय की [ तस्मान्नैका द्वौपती विन्देत ४ । ३ । ८ ] यह श्रुति इस बिषय में सर्वदा के लिये दो पति करने का निषेध करती है। इन श्रुतियों के आधार पर ही विधवा का पत्यन्तरकरण

निषिद्ध माना जाता है। पुरुष यदि वीर्यवान् हो तो एक दिन में अनेक स्त्रियों को "अन्तर्वत्नी" बना सकता है परन्तु एक स्त्री गर्भाशय एक होने के कारण अनेक गर्भ धारण नहीं कर सकती है इसलिये पुरुष के ही अनेक विवाह हो सकते हैं स्त्री के नहीं।

## विवाहवयो विचारः ।

त्रिंशद्वर्षोद्वहेत्कन्यां हृद्यां द्वादशवार्षिकीम् ।
त्र्यष्टवर्षोष्टवर्षां वा धर्मे सीदति सत्वरः। ९। ९४

मनु के इस पद्य में विवाह के समय का निर्णय किया गया है। तीस वर्ष वाले कुमार का बारह वर्ष की कन्या के साथ विवाह होना चाहिये और चौवीस वर्ष के कुमार का आठ वर्ष की कुमारी के साथ विवाह होना चाहिये। यही बात [ अथास्मै पञ्चविंशतिवर्षाय द्वादशवर्षीयां पत्नीमावहेत् ] अ० १९ सू० ५३ इस सुश्रुति के सूत्र में लिखी है। कन्या के विवाह का उत्तम समय-

मदच्युत् क्षेतिसादने सिंधोरूर्माविपश्चित् । सोमोगौरी अधिश्रितः। ९। १२। ३

ऋग्वेद के इस मन्त्र में उपलब्ध होता है मन्त्र में सोम का प्रवेश गौरी में दिखाया गया है। गौरीपद आठ वर्ष की कन्या में शास्त्रकारों ने लगाया है इसी कारण [अष्टवर्षा भवेद्गौरी] यह पराशरका वचन वेदानुमत है। वेदानुमत विषय को न समझकर उसका उपहास करना सभ्य पुरुषों का काम नहीं है। रजोदर्शन-शीत प्रधान देश में वीस वर्ष तक भी नहीं होता है। उष्ण प्रधान देश में बारह वर्ष से पूर्व भी होता है। इसका कोई नियत समय नहीं है। रजोदर्शन से पूर्व कन्या का विवाह सर्वोत्तम माना गया है। उससे विपरीत जो करते हैं वे वेद मर्यादा का उल्लङ्घन करते हैं। विवाह कर्म वैदिक है। वह गर्भाधान के समय की प्रतीक्षा नहीं करता है। यदि कारण विशेष से गर्भाधान की योग्यता तीस वर्ष तक भी कन्या में न हो तो विवाह का समय नहीं टल सकता है। यज्ञोपवीत की तरह विवाह का समय नियत है। उसी में द्विजों को विवाह करना उचित है। रहा गर्भाधान का समय ? उसके लिये रजोदर्शन काल नियत है।

( प्रश्न ) विवाह अपनी इच्छा से करना चाहिये अथवा माता पिता की इच्छा से ? ( उत्तर ) स्वयंवर क्षत्रियों में तब किया जाता है जब अन्य प्रकार से योग्य वर प्राप्त न हो। "त्रीणिवर्षाण्युदीक्षेत" ६। ६० इस मनु के आदेश से ऋतुमती होने पर भी माता पिता की प्रतीक्षा कन्या को अवश्य करनी चाहिये। इस से यह बात सिद्ध होती है कि क्षत्रियों में भी आपत्काल के अतिरिक्त

स्वयंवर नहीं होता है। इसी प्रकार " नचैवैनां प्रयच्छेत्तु " ९। ८९ इस मनु के पद्य में भी [ प्रयच्छेत् ] यह क्रिया पद-पिता का पारवश्य कन्या के लिये अभिव्यक्त करता है। इस कारण विवाह का समस्त आयोजन पिता के आधीन ही होना चाहिये। "मह्यं त्वादुर्गार्हपत्याय देवाः" इस मन्त्र से वर बधू का परस्पर समागम देवताओं के आधीन है मनुष्य के आधीन नहीं है। मनुष्य अपनी इच्छा से स्त्री को प्राप्त नहीं कर सकता है। इसीलिये—

देवदत्तां पतिर्भार्यां विन्दते नेच्छयात्मनः ।
तां साध्वीं बिभृयान्नित्यं देवानां प्रियमाचरन् ॥ ९।९५

ऐसा मनु में लिखा है। स्त्री सुरूप हो, अथवा कुरूप, उसका भरण करना पति के लिये देवताओं की आज्ञा का पालन करना है। अच्छी विद्या, विपुल धन और सुन्दर स्त्री कौन नहीं चाहता है? परन्तु प्राप्त वही होती है जो देवानुमोदित होती है। इसी लिये महाकवि माघ ने—

सतीवयोषित्प्रकृतिः सुनिश्चला पुमांसमभ्येति भवान्तरेष्वपि ॥ १।७२

ऐसा लिखा है। इसलिये विवाह अपनी इच्छा से नहीं किन्तु देवताओं की इच्छा से ही होता है यह निर्विवाद है। ( प्रश्न ) विवाह कितने प्रकार का होता है? ( उत्तर ) मनु में-ब्राह्म, दैव, आर्ष, प्राजापत्य, आसुर, गान्धर्व, राक्षस, और पैशाच यह आठ प्रकार के विवाह ( ३। २१ ) कहे हैं। इन में ब्राह्मण के लिये पहिले चार विवाह प्रशस्त हैं। क्षत्रिय के लिये राक्षस का विधान है वैश्य और शूद्र के लिये आसुर प्रशस्त हैं। ( ३। २४ ) सन्तान में रजवीर्य के साथ माता पिता के वासनात्मक संस्कार अवश्य आते हैं। इस कारण कर्महीन, पुरुषहीन, वेदाध्ययन शून्य, अत्यन्त लोमश, अर्शरोगदूषित, क्षयरोगदूषित, श्वासरोगदूषित, अपस्मारयुक्त-श्वित्र-कुष्ठ, गलितकुष्ठ, इन दस महारोगदूषित कुलों में विवाह नहीं करना चाहिये। ऐसा मनु जी ( ३। ६। ७ ) कहते हैं।

आलापस्पर्शनिश्वास-सहयानासनाशनात् ।
याजनाध्यापनाद्यौनात्पापं संक्रमते नृणाम् ॥ १ ॥

देवलस्मृति के इस प्रमाण से परस्पर भाषण, एक दूसरे का स्पर्श, मुख मारुत एकवाहन परगमन, एक आसन पर अवस्थान, सहभोजन, अयाज्ययाजन, शूद्राध्यापन, और योनि सम्बन्ध इन नौ बातों से एकका पाप दूसरे पर आक्रमण करता है। इसलिये उनसे बचना चाहिये।

प्रजनार्थं महाभागाः पूजार्हा गृहदीप्तयः ।
स्त्रियः श्रियश्च गेहेषु न विशेषोऽस्ति कश्चन ॥ ९ । २६
अपत्यं धर्मकार्याणि शुश्रूषा रतिरुत्तमा ।
दाराधीनस्तथा स्वर्गः पितृणामात्मनश्च ह ॥ ९ । २८
जामयो यानि गेहानि शपन्त्यप्रतिपूजिताः ।
तानि कृत्या हतानीव विनश्यन्ति समन्ततः ॥ ६ । ५८
तस्मादेताः सदापूज्या भूषणाच्छादनाशनैः ।
भूतिकामैर्नरैर्नित्यं संस्कारेषूत्सवेषु च ॥ ३ । ५९

मनु के इन पद्यों में कहा है कि गर्भ धारण के द्वारा मनुष्यों को जन्म देने वाली तथा आदर के योग्य, गृह की शोभा बढ़ाने वाली, स्त्रियां वास्तव में लक्ष्मी स्वरूप हैं। लक्ष्मी में तथा गृहलक्ष्मी में कोई अन्तर नहीं है। सन्तान पैदा करना, धर्म कार्यों में सहाय देना, पतिसेवा में तत्पर रहना, स्वर्ग जाने योग्य यज्ञादि काय करना यह सब स्त्री के ही आधीन है। स्त्रियां रुष्ट होकर जिन घरों में शाप देती हैं, वे कृत्या प्रयुक्त गृह की तरह नष्ट होते हैं। इसीलिये महोत्सवों में तथा उपनयनादि संस्कारों में स्त्रियों का भूषण, वस्त्र आदि से विशेष सत्कार करना चाहिये। यही सनातनधर्म का अनुशासन है। सनातनधर्म में स्त्री मात्र को भगवती शक्ति का रूप माना है। इसी लिये मार्कण्डेय पुराण में—

विद्याःसमस्तास्तव देवि भेदाः स्त्रियः समस्ताः सकला जगत्सु। १।

ऐसा लिखा है। सत्कार का प्रत्यक्ष निदर्शन नवरात्र में कुमारी पूजन है। दिवाली में लक्ष्मी पूजन है, और नवरात्र में मूल नक्षत्र से लेकर श्रवण नक्षत्र तक सरस्वती पूजन है। इसका विस्तार जिन को देखना हो वे कालिकापुराण और देवी भागवत का अवलोकन करें।

(प्रश्न) वर्ण व्यवस्था जन्म से माननी चाहिये, अथवा गुण कर्म स्वभाव से? (उत्तर) जन्म से माननी चाहिये, क्योंकि वेद धर्मशास्त्र गृह्यसूत्र दर्शन उपनिषद् पुराण इतिहास आदि में जन्मगत वर्णव्यवस्था का ही समर्थन मिलता है। (प्रश्न) गुण कर्म स्वभाव से मानने में क्या दोष है? [उत्तर] ऐसा मानना असम्भव दोष ग्रस्त है। क्योंकि गुण सर्वदा द्रव्याश्रित रहते हैं इसलिये उनकी पृथक् सत्ता नहीं है। कर्म, कर्त्ता के आधीन होने के कारण स्वयं "पङ्गु" है। इन दोनों का आधार रूप पंचतत्वात्मक शरीर है, जो माता पिता के रज वीर्य से बनता है। इसलिये गुण कर्म से वर्णव्यवस्था मानना केवल धृष्टतामात्र है!

ब्रह्म असृज्यत । १४ । २७ क्षत्रमसृज्यत । २९ शूद्रार्यावसृज्येताम् । ३०

यजुर्वेदके इन मन्त्रोंमें यह बात स्पष्ट है कि ब्राह्मणादि चारवर्ण तथा अध्याय ३० में कहे हुये सूत आदि ३० वर्णसंकर ईश्वर ने पैदा किए, और यही बात—

चत्वारोवर्णा ब्राह्मण क्षत्रिय वैश्य शूद्राः । तेषां पूर्वः पूर्वो जन्मतः श्रेयान् १।१।१

आपस्तम्ब के इस सूत्र में कही गई है। सूत्र में [ जन्मतः ] पद जन्म की प्रधानता बतला रहा है ।

ब्राह्मणोऽस्य मुखमासीद्बाहू राजन्यः कृतः ।
ऊरू तदस्य यद्वैश्यः पद्भ्यां शूद्रो अजायत ॥ ३१।११

यजुर्वेद के इस मन्त्र में विराट् के मुख से ब्राह्मण भुज से राजन्य ऊरू से वैश्य और पैर से शूद्र उत्पन्न हुए यह बात स्पष्ट है और "अजायत" इस क्रिया का सबके साथ समन्वय है। इस मन्त्र पर [ शतपथ ] में भी [यस्मातेतेमुख्याः । तस्मान्मुखतः—असृज्यंत] ऐसा लिखा है। मुख्य शब्द [शरीरावयवाद्यत् ५।१।६] इस सूत्र से बना है। [ मुखेभवोमुख्यः ] मुखसे पैदा होने के कारण ब्राह्मण [ मुख्य ] कहाता है इन वैदिक मन्त्रों के आधार पर ही मनु ने भी—

लोकानां तु विवृद्ध्यर्थं मुखबाहूरुपादतः ।
ब्राह्मणं क्षत्रियं वैश्यं शूद्रं च निरवर्तयत् ॥ १ । ३१

यह श्लोक लिखा है। इसमें भी [ मुखबाहूरुपादतः ] ब्राह्मणादि चार वर्णों का उद्भव माना है। (प्रश्न) जब यह मुखादि से उत्पन्न हुए तब इनका आकार मुख जैसा क्यों नहीं ? (उत्तर) शरीरका उपादान कारण त्रिगुणात्मक प्रकृति है और निमित्त कारण मुखादि अवयव हैं। निमित्त कारण का गुण कार्य में नहीं आता है। जब मनुष्य "योनि से उत्पन्न होने पर योनि जैसे नहीं होते" तब मुख से उत्पन्न होने पर मुख जैसे कैसे बन सकते हैं ?

ब्राह्मणमद्य विदेयं पितृमन्तं पैतृमत्यमृषिमार्षेयं सुधातुदक्षिणम् ।
अस्मद्राता देवत्रागच्छत प्रदातारमाविशत । ७ । ४६

यजुर्वेद के इस मन्त्र में वंशपरम्पराऽऽगत ब्राह्मणत्व का वर्णन है। ब्राह्मण ही इस मन्त्र का देवता है आग्नीध्र में जाकर यजमान कहता है कि आज हमको ब्राह्मण प्राप्त हो जिसके पिता और पितामह भी ब्राह्मण हों, तथा मन्त्रों का व्याख्याता हो और मरीचि आदि ऋषियोंके गोत्र और प्रवर से अविच्छिन्न सम्बन्ध रखता हो तथा जो सुवर्ण दक्षिणा देने के योग्य हो। इस मन्त्रमें सात पीढ़ी तक की जन्मगत वर्णव्यवस्था का समर्थन है इसलिये जन्मगत वर्ण व्यवस्था ही वेदानुमत है।

(प्रश्न) क्या एक जन्ममें जाति बदल सकती है ? (उत्तर) नहीं बदलती क्योंकि [सतिमूलेतद्विपाको जात्यायुर्भोगः] इस योग दर्शनके सूत्रमें जाति आयु और भोग को जन्मान्तर में किये हुये कर्मों का फल स्वरूप माना है। जैसा जिसने पूर्व जन्म में सुकृत अथवा दुष्कृत किया है वैसा ही ईश्वर ने उसके कर्म के प्रतिफल में ब्राह्मणादि जाति में उसको भेजा है।

रमणीयाचरणा रमणीयां योनिमापद्येरन्। ब्राह्मणयोनिं वा, क्षत्रिययोनिं वा, वैश्ययोनिं वा। कपूयाचरणाः कपूयां योनिमापद्येरन्। श्वयोनिं वा सूकर-योनिं वा चाण्डालयोनिं वा। ५।१०।७

इस छान्दोग्य श्रुति में उत्तम तथा कपूय (कुत्सित) योनि का कर्मानुगत पार्थक्य मिलता है। ब्राह्मणादि उत्तम योनिमें तथा चाण्डालादि कपूय योनि में जन्म लेना ईश्वर प्रदत्त है। जिस कर्मके प्रति फलमें जो शरीर मिला है वह मरणतक रहता है जबतक वह नष्ट न हो तबतक जाति नहीं बदलती है इसीलिये जन्मान्तर में जाति परिवर्तन सब धर्माचार्यों ने माना है। देखिये

शूद्रायां ब्राह्मणाज्जातः श्रेयसा चेत्प्रजायते।
अश्रेयान्श्रेयसीं जातिं गच्छत्यासप्तमाद्युगात्। १०।६४
(इति मनुः)

जात्युत्कर्षो युगे ज्ञेयः पञ्चमे सप्तमेऽपि वा। १।४६
(इति याज्ञवल्क्यः)

वर्णान्तरगमनमुत्कर्षापकर्षाभ्यां पञ्चमेन सप्तमेन वा जन्मनेत्याचार्याः। ४।८
(इतिगौतमः)

इनका अर्थ इस प्रकार है शूद्र स्त्री में ब्राह्मण वीर्य से उत्पन्न "पारशव" शूद्र यदि लगातार सात वार ब्राह्मण वीर्य से उत्पन्न हो तो सातवें जन्ममें ब्राह्मण सा बनता है। ऐसा मनु जी कहते हैं। याज्ञवल्क्य और गोतम भी इससे सहमत हैं। ऐसी अवस्था में, एक जन्म में जाति परिवर्तन मानना, प्रमाण विरुद्ध है। इस बात का समर्थन-श्रीमद्भागवत के प्रथम स्कन्ध में व्यास नारद सम्बाद से होता है। व्यास जी के आने पर देवर्षि नारद—

अहंपुराऽतीतभवेऽभवं मुने दास्याश्च कस्याश्चन वेदवादिनाम् १।५।२३

इस पद्य से लेकर-अगले अध्याय तक अपने पूर्व जन्मका वृत्तान्त कह रहे हैं। प्रसंग प्राप्त अनेक विषयों का वर्णन करते २ जब नारद जी भगवद्दर्शन का शूद्र शरीर से हठ करते हैं-तब आकाशवाणी के द्वारा भगवान् कहते हैं कि-

हन्तास्मिञ्जन्मनि भवान्न मां द्रष्टुमिहार्हति ।
अविपक्वकषायाणां दुर्दर्शोऽहं कुयोगिनाम् ॥१।६।२२

इसका अभिप्राय यह है कि जब तक दासी ( शूद्रा ) के गर्भ से उत्पन्न यह तुम्हारा शरीर है तब तक तुम मेरे दर्शन और स्पर्शन के अधिकारी नहीं हो- केवल नाम स्मरण के अधिकारी हो, इस शरीर के छूटने पर, दूसरे जन्म में ब्राह्मण के यहां जन्म लेकर तुम मेरे स्पर्श करने का अधिकार प्राप्त कर सकते हो । इसका समर्थन, अगले—

हित्वावद्यमिमं लोकं गन्तामज्जनतामसि । १।६।२४

इस पद्य से मिलता है। इस पद्य पर प्रातःस्मरणीय, सुगृहीतनामधेय, अखण्डभूमण्डलाचार्य श्री १००८ श्री श्रीवल्लभाचार्य जी महाराज अपनी "श्री सुबोधिनी" में [ देहस्तु दुष्टः ] ऐसी अपनी सम्मति देते हैं। इससे दो बातें अनायास सिद्ध होती हैं । उनमें पहिली बात-जन्मान्तर में जाति परिवर्तन है। दूसरी बात-शू-शूद्रादि समस्त अस्पृश्य अन्त्यजों को-भगवद्विग्रह के स्वयं पूजन करने का निषेध है।

( प्रश्न ) यदि एक जन्म में जाति नहीं बदलती है तो आप एक ईसाई हुए ब्राह्मण को क्या मानेंगे ? ( उत्तर ) मत बदलने से जाति नहीं बदलती है। किन्तु वेद विरुद्ध मार्ग का अनुगमन करने से वह [ नावदान में गिरे हुए लड्डू की तरह ] अव्यवहार्य होता है । उसके लिये धर्मशास्त्रों में अनेक प्रकार के दंड नियत हैं। उनके भोगने पर वह व्यवहार्य होता है। परन्तु यदि वह दंड की मर्यादा से बाहिर निकल गया हो तब उसका व्यवहार्यत्व असंभव है।

( प्रश्न ) यदि एक जन्म में जाति परिवर्तन नहीं होता है तब जावाल, और मतंग कैसे ब्राह्मग हो गए ? ( उत्तर ) जावाल, जन्म से ही ब्राह्मण थे उनके ब्राह्मण होने में

अथहोवाच महाशालं जावालम् । औपमन्यव ! कं त्वं वैश्वानरं वेत्थ । १०।५।५।६

यह शतपथ की श्रुति प्रमाण है—जिसमें जावाल को औपमन्यव कहा है। उपमन्यु व्याघ्रपाद का पुत्र है जो बौधायन कल्पसूत्र में, वशिष्ट वंश में आया हुआ है। यह आख्यान [ महा० अनु० अ० १४ ] में देखने योग्य है। मतंग के विषय में महाभारत अनुशासन पर्व अध्याय २७ में भीष्मपितामह ने इस प्रकार उत्तर दिया है।

अत्राप्युदाहरन्तीममितिहासं पुरातनम् ।
मतङ्गस्य च संवादं गर्दभ्याश्च युधिष्ठिर ॥ २७ । ७

हे युधिष्ठिर ! मतङ्ग के विषय में मैं एक प्राचीन इतिहास उपस्थित करता हूं जिस में मतङ्ग और गर्दभी का परस्पर सम्वाद है। एक ब्राह्मण के यहां मतङ्ग नामक पुत्र था। वह गर्दभ रथ पर बैठकर पिता की आज्ञा से यज्ञ कराने के लिये गया। मार्ग में जल्दी चलने के लिये उसने गर्दभी को और उसके पुत्र गर्दभ को नाक में प्रतोद से छेदा। छेदने पर उसकी नाक से खून बहने लगा। खून देखकर गर्दभी ने कहा हे पुत्र ! तू शोकमत कर। यह मतङ्ग जन्म का चाण्डाल है [ ७ से ११ तक ]

एतच्छ्रुत्वा मतंगस्तु दारुणं रासभीवचः ।
अवतीर्य रथात्तूर्णं रासभीं प्रत्यभाषत ॥ १४ ॥

गदही का बचन सुनकर मतङ्ग रथ से उतर कर कहने लगा कि हे वैशाखनन्दिनी ! मेरी माता का सतीत्व किसने नष्ट किया ? और तूने मुझे चाण्डाल कैसे जाना ? [ १४।१६ ] यह सुनकर गर्दभी बोली।

ब्राह्मण्यां वृषलेन त्वं मत्तायां नापितेन ह ।
जातस्त्वमसि चाण्डालो ब्राह्मण्यं तेन तेऽनशत् ॥ १७

हे मतङ्ग ! तू ब्राह्मणी में शूद्र वीर्य से उत्पन्न हुआ है। इसलिये तू चाण्डाल है। तेरा ब्राह्मणत्व नष्ट होगया है। यहां पर यह शंका उत्पन्न होती है कि मतङ्ग ने गर्दभी की बात कैसे समझी ? इसका उत्तर—

शब्दार्थप्रत्ययानामितरेतराध्यासात्संकरस्तत्प्रविभागसंयमात्सर्वभूतरुतज्ञानम् । ३ । १७

इस योग दर्शन के सूत्र में दिया है।

ब्राह्मण्यां शूद्रजनितश्चाण्डालस्त्रिविधः स्मृतः । १।१

व्यास स्मृतिके इस प्रमाण से ब्राह्मणी में शूद्र के योगसे तीन प्रकारके चाण्डाल उत्पन्न होते हैं। गर्दभीकी यह बात सुनकर मतङ्ग घरको लौटा। पिताने उसको उदास देखकर लौटने का कारण पूछा। मतंग ने गर्दभी की सब बात पिता से कहकर पश्चात्ताप किया और अन्त में तप करने को बन गया। मतंग की यह अनधिकार चेष्टा देखकर देवराज इन्द्र ने कहा कि तुम तप छोड़कर कोई अन्य वर मांगो। मतङ्ग ने इन्द्र से ब्राह्मण बनने की इच्छा प्रकट की। इन्द्र ने उसके उत्तर में कहा कि यह बात असम्भव है। तप से वीर्य जनित दोष एक जन्म में नहीं मिट सकता है। इन्द्र की बात सुनकर मतङ्ग ने कहा कि मैं अब की बार एक पाद से खड़े होकर सौ वर्ष तप करूंगा। मतंग का यह हठ देखकर इन्द्र ने कहा कि तुम निषेध करने पर भी नहीं मानते हो। [ सर्वथा न भविष्यसि २८।५ ] तुम इस जन्म में ब्राह्मण नहीं होसकते हो, इन्द्र की यह बात सुनकर मतंग ने न होने का कारण पूछा। उस पर इन्द्र ने कहा कि—

तिर्यग्योनिगतः सर्वो मानुष्यं यदि गच्छति ।
स जायते पुक्कसो वा चाण्डालो वाप्यसंशयम् ॥ ६
पुक्कसः पापयोनिर्वा यः कश्चिदिह जायते ।
स तस्यामेव सुचिरं मतङ्ग परिवर्तते ॥ ७
ततो दशशते काले लभते शूद्रतामिति ।
शूद्रयोनावपि ततो बहुशः परिवर्तते ॥ ८
ततस्त्रिंशद्गुणे काले लभते वैश्यतामपि ।
वैश्यतायां चिरं कालं तत्रैव परिवर्तते ॥ ९
ततः षष्ठिगुणे काले राजन्यो नाम जायते ।
राजन्यत्वे चिरं कालं तत्रैव परिवर्तते ॥१०
ततः षष्ठिगुणे काले लभते ब्रह्मबन्धुताम् ॥११
मतङ्ग सम्प्रधार्यैवं यदहं त्वामचूचुदम् ।
वृणीष्व काममन्यं त्वं ब्राह्मण्यं हि सुदुर्लभम् ॥ १७

तिर्यक् योनि ( वृक्ष-पशु-पक्षि-सरीसृप आदि ) से निकलकर जीव जब मनुष्य योनि में आता है तब सब से प्रथम तमोगुण प्रधान चाण्डालयोनि उसको मिलती है । [ यादृग्गुणस्तादृग्गुणं भजते । प्रकृतेः समानगुणाकर्षकत्वात् ] इसके अनन्तर एक हजार जन्म लेने के बाद वह शूद्र योनि में आता है । कई जन्म तक इसमें रहकर तीस हजार वार जन्म लेने के बाद उसको वैश्य योनि प्राप्त होती है । इसमें भी बहुत कालतक रहकर एक लाख अस्सी हजार जन्म बीतने के बाद उसको क्षत्रिय योनि मिलती है । उसमें कई जन्म तक रहने पर एक करोड़, आठलाख, जन्म के बाद वह ब्राह्मण योनि में आता है । हृदय में यह विचार कर हे मतङ्ग ! इस दुराग्रह को छोड़ो ! अन्य कोई वर मांगो, इन्द्र का यह आदेश सुनकर मतङ्गने एक हजार वर्ष तप करने का हठ किया अन्त में "छन्दोदेव" होकर वह ज्यों का त्यों रहा । ब्राह्मण न बना, यही मतंग के विषय में ऐतिहासिक आख्यान है । यहां पर—

यः शास्त्रविधिमुत्सृज्य वर्त्तते कामकारतः ।
न स सिद्धिमवाप्नोति न सुखं न पराङ्गतिम् ॥१६।२३

यह भगवद्गीता का पद्य ठीक लगता है । जो शास्त्र मर्यादा का अतिक्रमण कर अपनी इच्छा से कार्य करता है उसको सफलता प्राप्त नहीं होती है, उसके अभाव में उसको सुख भी नहीं मिलता है उत्तम गति का तो फिर कहना ही क्या है ? मतङ्ग इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है ।

विरजानन्द दण्डी
सन्दर्भ पुस्तकालय
ग्रहण क्रमांक 70४

कन्या महाविद्यालय, कुरुक्षेत्र

# सत्यवती का आख्यान

महाभारतस्थ आदिपर्वगत अध्याय त्रेसठ में सत्यवती का जन्मवृत्तान्त इस प्रकार है-

राजोपरिचरो नाम धर्मनित्यो महीपतिः ।
बभूव मृगयां गन्तुं सदा किल धृतव्रतः ॥१॥

एक उपरिचर "वसु" नामका राजा था जो बड़ा धार्मिक और शिकारी था। इन्द्र ने उसको चेदि देश का राजा बनाया। उसकी "गिरिका" नाम्नी एक रानी थी वह जिस दिन ऋतुस्नाता हुई उसी दिन उसके पिता ने उसको मृगया के लिये बन भेज दिया। पिता की आज्ञा मानकर उपरिचर अपनी रानी का स्मरण करता हुआ बन को गया। बन में उसने एक अशोक वृक्ष का पुष्प सूंघा जिससे उसका वीर्यपात होगया। उसने अपना शुक्र एक पत्रपुट में रखकर श्येन द्वारा अपनी रानी के पास भेजा। मार्ग में श्येनान्तर के आघात से वह शुक्र यमुना में गिरा, यमुना में एक "अद्रिका" नाम की अप्सरा थी जो ब्रह्मा के शाप से मत्स्य बनकर रहती थी वह उसको निगल गई, दैव योग से दसवें महीने में जब धीवरों ने उसको जाल में पकड़ कर चीरा तब उसके पेटमें से दो बालक निकले जिनमें एक पुत्र था दूसरी कन्या थी। राजा ने पुत्र ले लिया जो सबसे प्रथम मत्स्य देश का राजा बना। लड़की मल्लाह को दी। उसने पुत्री की तरह उसको पाला। अन्त में यही व्यास की माता बनी।

अपत्यं चैतदार्यस्य यो युष्माकं समो गुणैः ।
यस्य शुक्रात्सत्यवती सम्भूता वरवर्णिनी ॥७७॥
तेन मे बहुशस्तात पिता ते परिकीर्तितः ।
अर्हः सत्यवतीं वोढुं धर्मज्ञः स नराधिपः ॥७८॥

जिस धीवर ने सत्यवती पाली थी वह स्वयं भीष्म से कह रहा है कि यह सत्यवती आर्यराजा की पुत्री है। जो गुणों में आपसे कम नहीं है और जिसके वीर्य से इसका जन्म हुआ है उसने आपके पिता शन्तनु का मुझे बार २ परिचय दिया था। वे शन्तनु जो इसके लिये योग्य वर हैं और धार्मिक राजा हैं। इस वृतान्त से सत्यवती के पिता उपरिचर वसु ही सिद्ध होते हैं।

(प्रश्न) महर्षि वाल्मीकि किसके पुत्र थे ? (उत्तर) मरीचि, अत्रि, अंगिरा, पुलस्त्य, पुलह, क्रतु, प्रचेता, वसिष्ठ, भृगु, नारद ये दश ब्रह्मा के मानस पुत्र थे ऐसा मनु के (१।३५) पद्य में लिखा है। [ प्रचेतसोऽपत्यं प्राचेतसः ] प्रचेता के पुत्र को प्राचेतस कहते हैं। महाकवि वाल्मीकि प्राचेतस थे। देखिये---

एतदाख्यानमायुष्यं सभविष्यं सहोत्तरम् ।
कृतवान्प्रचेतसः पुत्रस्तद्ब्रह्माप्यन्वमोदत ।। ३८

यह पद्य [ वाल्मीकि० उत्तर सर्ग ११० ] का है। इसका अर्थ यह है कि आयु का बढ़ाने वाला यह आख्यान प्रचेता के पुत्र वाल्मीकि ने लिखा और ब्रह्मा जी ने उसका अनुमोदन किया। यही आपके जन्म का ऐतिहासिक परिचय है।

(प्रश्न) जाति किसको कहते हैं ? (उत्तर)

नित्यत्वेसत्यनेकसमवेतत्वं जातित्वम् ।

नित्य होने पर जो अनेक समवेत हो उसको जाति कहते हैं। जैसे जरायुज स्वेदज, उद्भिज्ज अंडज, इनमें मनुष्य और पशु जरायुज हैं। पशुओं में जिस प्रकार गौ अश्व हस्ति आदि अनेक उपजातियां हैं उसी प्रकार सभी जातियों में अनेक उपजातियां विद्यमान हैं—जो ईश्वर कृत होने के कारण नित्य हैं। मनुष्य जाति में ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र, निषाद आदि चौंतीस जातियां है, जिनका वर्णन यजुर्वेद के ३० अध्याय में मिलता है। इनमें एक जाति से दूसरी जाति उत्पन्न नहीं होती है, जैसे अश्वसे हस्ती, हंससे वायस, आम्रसे निम्ब, और ब्राह्मण से शूद्र ? इनमें भेद करने वाली त्रिगुणात्मक प्रकृति है- गुण भेद के कारण स्वभाव भी सब का भिन्न ही रहता है जो दार्शनिकों के मत में नित्य है। उदाहरणार्थ जल कितना ही गरम किया जाय ? परन्तु उसका जो अग्नि के साथ अनादि काल सिद्ध वैर है उसको वह नहीं छोड़ता। अत्यन्त गरम जल भी अग्नि को बुझा ही देता है। इसीलिये "स्वभावोऽनपायी" यह बात अटल है। वेदमें आर्य शब्द सभ्य जाति के अर्थ में प्रयुक्त हुआ है।

त्रयः कुर्वन्ति भुवनेषु रेतस्तिस्रः प्रजा आर्या ज्योतिरग्राः । ७।३३।७

ऋग्वेद के इस मन्त्र में "तिस्रः प्रजाः" यह पद द्विजों को आर्य जाति में लेता है शूद्र को नहीं।

अन्यव्रतममानुषमयज्वानमदेवयुम् । जघान दस्युं पर्वतः । ८।७०।११

ऋग्वेद के इस मन्त्र में दस्यु का लक्षण है। वैदिक परिभाषा में जिसको देव पूजन का अधिकार न हो, यज्ञ का अधिकार न हो, पाशविक जिसके विचार हैं और असत्य प्रतिज्ञ हो उसको दस्यु कहते हैं। इसी मन्त्र के आधार पर—

मुखबाहूरुपज्जानां या लोके जातयो बहिः ।
म्लेच्छवाचश्चार्यवाचः सर्वे ते दस्यवः स्मृताः ।।१०।४५

यह पद्य मनुने लिखा है। इस पद्य में ब्राह्मणादि चार वर्णों के अतिरिक्त अन्य सब जातियों को दस्यु कहा गया है। दस्यु जाति का आविर्भावक निषाद है। मनुके मत में निषाद से ही दास (कैवर्त) की उत्पत्ति है। इसका विस्तृत विवरण इसी ग्रन्थ में अन्यत्र किया गया है।

१—वधीर्हि दस्युं धनिनं घनेन ।१।३३।४
२—यो दासं वर्णमधरं गुहाकः ।२।२२।४
३—हत्वादस्यून्प्रार्यं वर्णमावत् ।३।३४।९
४—नीचैर्दासा उपसर्पन्तु भूमिम् ।५।११।६
५—यथावशं नयति दासमार्यः ।५।३४।६
६—शिरोदासस्य नमुचेर्मथायन् ।५।३०।८
७—वधेन दस्युं प्रहिचातयस्व ।५।४।६

ऋग्वेद के इन मन्त्रों में आर्य जाति के प्रति ईश्वर का यह आदेश है कि तुम धनवान दस्यु को लोहे के बने घन से बध करो (१) नीच दास वर्ण को अन्धकार में रहने दो (२) दस्युओं को मारकर आर्य वर्णों की रक्षा करो (३) दास आर्यों के समक्ष नीचे जमीन पर रहें (४) जहां तक हो वहां तक, आर्यजन दास को अपने वश में करें (५) दास जाति का सिर कदापि ऊंचा न होने पावे (६) बध के द्वारा दस्युओं को नष्ट करना चाहिये (७) यह वैदिक आदेश है। इसपर चलने से, अन्त में यही बात सिद्ध होती है कि दास अथवा दस्यु जाति कदापि स्वतन्त्र नहीं करनी चाहिये।

क्षेत्रभूता स्मृता नारी बीजभूतः स्मृतः पुमान्।
क्षेत्रबीजसमायोगात्संभवः सर्वदेहिनाम् ॥ ९ । ३३

मनु के मत में स्त्री क्षेत्र स्थानीय है और पुरुष वीर्य स्थानीय है? इन दोनों के सहयोग से ही प्राणि मात्र का सम्भव होता है।

सर्ववर्णेषु तुल्यासु पत्नीष्वक्षतयोनिषु।
आनुलोम्येन सम्भूता जात्या ज्ञेयास्तएव ते॥ १० । ५

मनु के मत में ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र इन चार वर्णों में अपनी२ जाति की अक्षतयोनि स्त्री में अनुलोमभाव से जो सन्तति उत्पन्न होगी वह क्रमशः ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, और शूद्र मानी जायगी।

स्वक्षेत्रे संस्कृतायां तु स्वयमुत्पादयेद्धि यम्।
तमौरसं विजानीयात्पुत्रं प्रथमकल्पितम् ॥ ९ । १६६

मनु के मत में अपनी विवाहित स्त्री में अपने वीर्य से जो पुत्र उत्पन्न हो उसको "औरस" कहते हैं। [ उरसोऽणच ] उरसा निर्मितः पुत्र औरसः।

अङ्गादङ्गात्सम्भवसि हृदयादधिजायसे।
आत्मा वै पुत्रनामासि स जीव शरदः शतम्॥ १

पारस्कर के इस मन्त्र में पुत्र पिता के अङ्गों का कषाय माना गया है। इसी के आधार पर [ आत्मा वै जायते पुत्रः ] यह बात लोक में प्रचलित है। औरस पुत्र के साथ ही परलोकगत आत्मा का सम्बन्ध रहता है। जो पिण्ड दानादि कार्यों के साथ सम्बन्ध रखता है।

( प्रश्न ) वेद में दत्तक पुत्र लेने का विधान है वा नहीं? ( उत्तर ) नहीं है। क्योंकि—

परिषद्यं ह्यरणस्य रेक्णो नित्यस्य रायः पतयः स्याम।
न शेषो अग्ने! अन्यजातमस्ति अचेतानस्य मा पथो विदुक्षः॥१
नहि ग्रभायारणः सुशेवः अन्योदर्यो मनसा मन्त वा उ।
अधाचिदोकः पुनरित्स एति नो वाज्यभीषालेतु नव्यः॥ २

ऋग्वेद के इन दो मन्त्रों में इसके लेने का निषेध है। यह दो मन्त्र निरुक्त में भी अध्याय ३ पाद १ में विद्यमान हैं। जिन पर दुर्गाचार्य का भाष्य है। इन दोनों मन्त्रों का आशय यह है कि जो ( अरण ) अपगतोदक सम्बन्ध दूसरे का पुत्र है उसको लेने से प्रत्येक व्यक्ति को अलग हटना चाहिये। हम जिस प्रकार पैत्रिक धन को अपना मानते हैं उसी प्रकार अपने पुत्र को ही अपना मानते हैं। जो दूसरे के अपत्य को अपना मानता है। वह [ कोकिल काक न्याय ] से बञ्चित रह जाता है। दूसरे का पुत्र यदि सुख देने वाला भी हो तब भी उसको अपना नहीं समझना चाहिये क्योंकि वह जिस वंश से आया है उसी में फिर चला जावेगा। इन दो मन्त्रों के देखने पर भी जो दत्तक लेते हैं वे वैदिक आज्ञा के विपरीत ही करते हैं। अब यहां पर यह प्रश्न उपस्थित हो सकता है कि स्त्री के उदर से पैदा हुआ पुत्र अपना पुत्र कैसे माना जाता है? इसके उत्तर में—

योहि स्वस्यां जायायां सम्भवति स स्वएवोदरे-
सम्भवति। अर्धोह वा एष आत्मनो यज्जाया॥

यह श्रुति वाक्य प्रमाण है। शतपथ में स्त्री को अपना ही आधा शरीर माना है। इसी लिये लोक में स्त्री अर्धाङ्गी कहाती है।

( प्रश्न ) वेद में कहीं पर नियोग का विधान है ? वा नहीं ? ( उत्तर ) नहीं है। क्योंकि किसी मन्त्र से इसका समर्थन नहीं होता है और न वेद के मन्त्र भाग में "नियोग" शब्द है। [ यातेनोच्यते सा देवता ] इस नियमसे किसी मन्त्र पर भी नियोग देवतात्वेन प्राप्त नहीं होता है। इसी कारण मनुस्मृति में इसको पशु धर्म मानकर—

अयं द्विजैर्हि विद्वद्भिः पशुधर्मो विगर्हितः ।
मनुष्याणामपि प्रोक्तो वेने राज्यं प्रशासति ॥ ९ । ६६
स महीमखिलां भुञ्जन् राजर्षिप्रवरः सदा ।
वर्णानां सङ्करं चक्रे कामोपहतचेतनः ॥ ९ । ६७
ततः प्रभृति यो मोहाद्विमीतपतिकां स्त्रियम् ।
नियोजयत्यपत्यार्थं तं विगर्हन्ति साधवः ॥ ९ । ६८

इन पद्यों में उसका खण्डन किया गया है। विद्वानों द्वारा निन्दित पशु धर्म नियोग वेन के राज्य में प्रवृत्त हुआ था काम के वशीभूत हो कर उसने वर्ण संकरता चलाने के लिये यह प्रथा चलायी थी। तब से जो कोई विधवा को सन्तान के लिये पुरुषान्तर के पास भेजता है उसकी सज्जन निन्दा करते हैं। इन पद्यों के होते हुये जो मनुष्य इस पशु धर्म का समर्थन करते है वे स्वयं " पशु " हैं। ( प्रश्न )

इमां त्वमिन्द्र मीढ्वः सुपुत्रां सुभगां कृणु ।
दशास्यां पुत्रानाधेहि पतिमेकादशं कृधि ॥ १ ॥

इस मन्त्र का क्या अर्थ है ? ( उत्तर ) विवाह समय में इस मन्त्र के द्वारा पति इन्द्र से प्रार्थना करता है कि हे इन्द्र ! इस मेरी पत्नी को तुम सुपुत्रा और सुभगा बनाओ और इसमें दशपुत्र पैदा करने का बल दो तथा इसके पति (मुझ) को इसके लिये दीर्घायु बनाओ। इसका आशय यह है कि एक कुटुम्ब में एक स्त्री, एक पुरुष, और दस पुत्र कुल मिलाकर बारह मनुष्य होने चाहिये क्योंकि ( पुत्रान्विन्दावहै बहून् ) इस श्रुति के आधार पर अधिक पुत्रवान होने की प्रार्थना वर्तमान श्रुति से नियत हो जाती है। दस से अधिक पुत्रवान् होना भी [ बहुप्रजानिर्ऋतिमाविवेश ] इस ऋग्वेद श्रुति के आधार पर केवल दुःख भोगने की निशानी ही है। इस कारण इस मन्त्र में एक कुटुम्बीय जनसमुदाय की संख्या का नियमन किया गया है। ( प्रश्न ) जब यह बात है तब व्यास जी ने नियोग द्वारा पाण्डु वंश कैसे चलाया ? ( उत्तर ) महाभारत आदि अ० २ पद्य १०१ में [ प्रसूतिर्वरदानजा ] ऐसा पाठ है इसलिये वरदान से वहां पर व्यासजी ने

पाण्डु वंश चलाया यह बात सिद्ध है। इसका दूसरा उदाहरण ऋचीक ऋषि हैं। उन्होंने चरु एवं वृक्षालिङ्गन के द्वारा ही तपोबल से अपनी श्वश्रू का तथा अपनी स्त्री का मनोरथ पूर्ण किया था यह बात महाभारत अनुसाशन० अ० ३ में है। इसलिये व्यास जी पर यह दोष नहीं लग सकता है।

(प्रश्न) क्या जीवित पति नपुंसक होने पर अपनी स्त्री को दूसरे के पास भेजकर सन्तान पैदा करा सकता है। यदि नहीं तो [ अन्यमिच्छस्वसुभगे पतिमत् ] इसका क्या अर्थ होगा? [ उत्तर ] नपुंसक पति अथर्ववेद प्रोक्त "शेपहर्षणसूक्त" तथा "बाजीकरण सूक्त" का अनुष्ठान करके स्वयं सन्तानोत्पत्ति में समर्थ हो जाता है। उसकी अनुष्ठान विधि [ कौशिक सूत्र ] में वर्णित है। अब रहा मन्त्र का अर्थ वह पूरे मन्त्र का देखना चाहिये अधूरे का नहीं।

आघाता गच्छाऽनुत्तरायुगानि यत्र जामयः कृण्वन्नजामि।
उपवर्बृहि बृषभाय बाहुमन्यमिच्छस्व सुभगे पतिं मत् ॥ मं० १०सू०१०

ऋग्वेद में इस मन्त्र में यमयमी का सम्बाद है। भाई अपनी सगी बहिन से कहता है कि भविष्य में वह समय आवेगा जिसमें सहोदर भाई बहिन भी आपस में "व्यवाय" करेंगे परन्तु अभी वह समय नहीं है इस कारण हे बहिन? तू मुझको छोड़कर अन्य सजातीय पति से विवाह कर (?) इस मन्त्र में नियोग का गन्ध भी नहीं है। समस्त सूक्त में सहोदर भाई और बहिन का आपस में विवाह नहीं होना चाहिये यही विषय है।

(प्रश्न) जब यही बात है तब माद्री और कुन्ती ने ऐसा क्यों किया ? (उत्तर) उन्होंने कदापि अन्य मनुष्यों के साथ नियोग नहीं किया। आद्योपान्त समस्त प्रकरण देखने पर वहां किसी मनुष्य की चर्चा नहीं मिलती है महर्षि दुर्वासा के द्वारा प्राप्त हुई मन्त्र शक्ति का वहां पर वर्णन है और वह "अलौकिक" है। इन्द्र यम, वायु, अश्विनी कुमार आदि देवगण मनुष्य योनि से भिन्न हैं। मन्त्र बल से उनका आगमन यहां पर अभिप्रेत है।

जन्मौषधिमन्त्रतपः समाधिजाः सिद्धयः। ४। १

इसयोग सूत्र में मन्त्र सिद्धि और तपः सिद्धि का वर्णन मिलता है उसमें तपःसिद्धि का उदाहरण व्यासजी ने देदिया। रहा मन्त्र सिद्धि का उदाहरण उसका फल अर्जुनादिका उद्भव है। आपस्तम्बधर्म सूत्र प्रश्न २ पटल ६ कण्डिका २२ में—

अथापि संकल्पसिद्धयो भवन्ति ।६।
यथावर्षं, प्रजादानं, दूरेदर्शनं,
मनोजवता, यच्चान्यदेवं युक्तम्, ।७।

यह दो सूत्र हैं। इनमें योगियों की संकल्प सिद्धि का वर्णन है। शृङ्गऋषि के राज्य में आने पर दशरथ के राज्य में वर्षा हुई। ऋचीक व्यास और दुर्वासा ने संकल्प मात्र से प्रजादान दिया। सञ्जय ने युद्ध में व्यासजी की कृपा से दूरदर्शन प्राप्त किया हनूमान जी मनोजवता के प्रत्यक्ष उदाहरण हैं। यह बातें विद्वानों से छिपी नहीं हैं। (प्रश्न)

सोमः प्रथमो विवदे गन्धर्वो विविद उत्तरः।
तृतीयो अग्निष्टे पतिस्तुरीयस्ते मनुष्यजाः ॥१०।८५।४०

इस मन्त्र का क्या अर्थ है? (उत्तर) ऋग्वेद के इस मन्त्र में, ऋतु दर्शन से पूर्व अविवाहित कन्या के शरीर में, समय २ पर देवांशावेश होने का वर्णन है। सब से प्रथम कुमारी के शरीर में सोम का आधिपत्य होता है। इसीलिये [ सोमो-गौरी अधिश्रितः ] ऐसा ऋग्वेद में आया है। उसके अनन्तर गन्धर्व उस पर अपना आधिपत्य रखते हैं। इन दोनों के पीछे अग्नि देव उसके शरीर में प्रविष्ट होकर उसको ऋतुमती बनाते हैं। तब कन्या मनुष्य भोग्या होती है। अग्निदेव, अपने समक्ष कन्या को मनुष्य के लिये पिता से दिलवाते हैं। यही इस मन्त्र का प्रसंग संगत अर्थ है।

## विधवा विवाह विचारः।

(प्रश्न) क्या विधवा स्त्री, यदि अक्षत योनि हो तो उसका पुनर्लग्न हो सकता है? (उत्तर) नहीं हो सकता है क्यों कि सप्तपद्यन्त विवाह के अनन्तर स्त्री का पति के साथ, एकीकरण होता है। उसमें पारस्कर गृह्यसूत्र के [ यदेतद्धृदयन्तव १ अन्नपाशेन मणिना २] यह दो मंत्र प्रमाण हैं। इस कारण सप्तपद्यन्त विवाह के बाद वह दूसरे की होजाती है। दूसरे की चीज पर पिताका अधिकार नहीं रहता है। दूसरे के पदार्थ पर बल पूर्वक अधिकार करना चोर और डाकुओं का काम है, सभ्य पुरुषों का नहीं। इसीलिये—

सकृदंशो निपतति सकृत्कन्या प्रदीयते।
सकृदाह ददानीति त्रीण्येतानि सतां सकृत् ॥ ९।४७

ऐसा मनुने लिखा है। विवाह के पूर्व पिता के मरने पर भाई या अन्य कुटुम्बी जन कन्यादान कर सकते हैं, परन्तु सप्तपदी के बाद उसपर किसी का अधिकार नहीं रहता है। स्त्री भोग्या है, और पुरुष भोक्ता है। वह यदि एक बार भी उसको भोग लेता है, तब भी वह उसका ( निर्माल्य ) उच्छिष्ट है। उस पर दृष्टि डालना कुत्ते और कौओं का काम है। मनुष्यों का नहीं।

(प्रश्न) यदि सप्तपद्यन्त विवाह के अनन्तर दूसरा विवाह नहीं होसकता है तो [ पुनः संस्कारमर्हति" "निजो विन्देत देवरः ] इत्यादि बचनों का क्या अर्थ होगा? (उत्तर) मनु में निम्न लिखित दो पद्य युग्म के नाम से प्रसिद्ध हैं इस कारण दोनों को मिलाकर ही उनका अर्थ करना होगा। देखिये❀

या पत्या वा परित्यक्ता विधवा वा स्वयेच्छया ।
उत्पादयेत्पुनर्भूत्वा स पौनर्भव उच्यते ॥ ९ । १७५
साचेदक्षतयोनिः स्याद् गतप्रत्यागतापि वा ।
पौनर्भवेन भर्त्रा सा पुनः संस्कारमर्हति ॥ ९ । १७६

इन दोनों पद्यों में [या-सा] इन दो पदों का सम्बन्ध है। "यत्तदोर्नित्य सम्बन्धः" जो स्त्री किसी अपराध के कारण पति ने छोड़ दी हो अथवा विधवा हो, दोनों हालतों में यदि किसी दूसरे के घर अपनी इच्छा से बच्चा जने तो वह बालक "पौनर्भव" नामक होता है और कन्या "पौनर्भवी" होती है। वह पौनर्भवी कन्या क्षत हो अथवा गत प्रत्यागत हो दोनों हालतों में उस "पौनर्भव" लड़के के साथ ही व्याही जा सकती है यह वर्णसंकरों का विवाह है। अच्छे पुरुषों का नहीं। अब रही देवर की बात? उसके लिये मनु में —

यस्या म्रियेत कन्याया वाचासत्ये कृते पतिः ।
तामनेन विधानेन निजो विन्देत देवरः ॥ ९ । ६९

यह पद्य आता है। वाग्दान के अनन्तर यदि दैवयोग से वाग्दत्त पति मर जावे तो उस कन्या का विवाह उसके सहोदर छोटे भाई के साथ करना चाहिये। यहां पर "देवर" पति के छोटे भाई का नाम है। अन्य का नहीं। और देवर शब्द में व्युत्पत्तिनिमित्तक अर्थ ग्राह्य नहीं है किन्तु प्रवृत्ति निमित्तक अर्थही ग्राह्य है। लोक में पति के छोटे भाई को देवर कहते हैं अन्य को नहीं। इस विषय पर प्रथम समुल्लास में बहुत कुछ लिखा जा चुका है।

(प्रश्न) "विधवेव देवरं" इसका आप क्या अर्थ करते हैं? (उत्तर) देखिये-

---

❀द्वाभ्यांयुग्ममितिप्रोक्तं त्रिभिः श्लोकैर्विशेषकम् ।
कलापकं चतुर्भिः स्यात्तदूर्ध्वंकुलकं मतम् ॥ १ ॥

ग्रन्थ में दो पद्य मिलाकर जहां पर अर्थ किया जाता है उसको "युग्म" कहते हैं। इसी प्रकार तीन के मिलाने पर "विशेषक" चार के मिलाने पर "कलापक" और इससे अधिक पद्यों का एकानुक्रम होने पर "कुलक" कहा जाता है। यही साहित्य का नियम है।

कुहस्विद्दोषा कुह वस्तोरश्विना कुहाभिपित्वं करतः कुहोषतुः ।
को वां शयुत्रा विधवेव देवरं मर्यं न योषा कृणुते सधस्थ आ ॥
१० । ४० । २

ऋग्वेद के इस मन्त्र का [ देवता ] प्रतिपादनीय विषय अश्विनीकुमार है। यज्ञ में यजमान अश्विनीकुमारों से पूछता है कि आप दोनों रात को कहां रहते हैं? और दिन में कहां आपका निवास रहता है? कहां आप अपना अर्चन प्राप्त करते हैं और कहां बैठते हैं? और कौन यजमान वेदिरूप एक स्थान में आपको परिचर्या (सेवा) के लिये अपने को अभिमुख करता है? ( यहां पर दो दृष्टान्त हैं ) उन में पहला देवर और विधवा का है। दूसरा योषा और मर्य का है। यजमान पूछता है कि जिस प्रकार विधवा सेवाके लिये देवर (देव पूजन करने वाले) अपने श्वसुर को प्राप्त होती है अथवा सती स्त्री मर्य अपने पति को प्राप्त होती है। इन दोनों दृष्टान्तों में यजमान का अश्विनी कुमारों से सम्बन्ध है। सायणाचार्य इसके भाष्य में [परिचरणार्थं भर्तृ-भर्तारं आकृणुते] ऐसा समन्वय लगाते हैं। यहां पर देवर शब्द [देवं देवसमुदायं उद्दिश्य राति पूजासामग्रीं ददाति यः स देवरः ] इस निर्वचन से श्वसुर का बाचक है! इसीलिये [भर्तृंभर्तारं] यह पद सायण ने दिया है।

[ भर्तुःभर्ता-भर्तृभर्त्ता ] भर्ता पतिदेव है। उसका भरण पोषण करने वाला श्वसुर पुत्र वधू के लिये सर्वथा आदरणीय होता है। इसी कारण पुत्रबधू उसके परिचरण (सेवा के) लिये उसके पास जाती है। अन्य इच्छा से नहीं, इस मन्त्र में विधवा का पुनर्लग्न अथवा नियोग प्रतिपादक न कोई पद है और न कहीं पर प्रकरण है।

अभ्रातृघ्नीं वरुण! अपशुघ्नीं बृहस्पते।
इन्द्र! अपतिघ्नीं पुत्रिणीमस्मभ्यं सवितर्वह ॥१४।१।६२

अथर्ववेद के इस मन्त्र में विवाह के समय, वरुण बृहस्पति, इन्द्र, और सविता से वर प्रार्थना करता है कि हे देवगणो! आप हम को ऐसी वधू दीजिये जा भाई के लिये तथा मेरे लिये मरने की इच्छा रखने वाली न हो, साथ ही पुत्र और पशु आदि की रक्षा करने वाली हो। यहां पर पति का छोटाभाई देवर मन्त्र प्रतिपादित है, इसलिये देवर शब्द से नियुक्त पति का ग्रहण नहीं किया जा सकता है। विवाह के समय मन्त्र पठित देवर शब्द का, यदि पुरुषान्तर परक अर्थ लगाया जावे तो, ऐसी दुष्ट पतिघ्नी स्त्री को, घर में लाने के लिये कौन इच्छा करेगा? जिसके मन में अभी से, पुरुषान्तर की इच्छा हो? और जो विवाह में ही पति की मृत्यु चाहती हो? इसलिये वैवाहिक मन्त्रों का इस प्रकार अर्थ करना, अमंगल सूचक है।

अस्यै ब्राह्मणाः स्नपनीर्हरन्तु अवीरघ्नीः उदजन्त्वापः ।
अर्यम्णो अग्नि पर्येतु रेमन् प्रतीक्षन्ते श्वशुरो देवरश्च १४ ।।१ ३९

अथर्व वेद के इस मन्त्र में श्वसुर, और देवर एक साथ आए हुये हैं। वाग्दान के अनन्तर कन्या का पिता ब्राह्मणों को बुलाकर कन्या के ऊपर इस मन्त्र से मार्जन कराता है, जिससे अमंगल का नाश और मंगल की वृद्धि हो। इसलिये देवर शब्द पत्यन्तर का बाचक नहीं है। प्रत्युत पति के छोटे भाई का बाचक है।

अदेवृघ्नी अपतिघ्नीह एधि शिवा पशुभ्यः सुमनाः सुवर्चाः ।
प्रजावती वीरसूर्देवृकामा स्योनेममग्निं गार्हपत्यं सपर्य ।।१४।२।१८

अथर्व वेद के इस मन्त्र में दो वार देवृ शब्द आया है। [ देवा देवस्तु देवरः ] इस अभिधान से देव, देवर, यह दोनों पद एकार्थक हैं। [ रभसकोष ] में देवर शब्द देवगण, श्वसुर, और पति के छोटे भाई का ग्राहक आया है। इसी कारण सायणाचार्यने अनेकार्थक देवर शब्द को मन्त्र में देव पूजन परक अर्थ में लगाया है। देव यजन करने वाली कन्या ही मन्त्रोक्त "गार्हपत्य" अग्नि देव का, प्रति दिन पूजन कर सकती है। इसलिये [ देवकामा ] पाठ ही सर्वोत्तम है। यदि ऐसा न माना जावे, तो साहित्य दृष्टि से, एकार्थक पद का एक मन्त्र में दो वार प्रयोग करना "पुनरुक्त दोष" से खाली नहीं रह सकता है।

(प्रश्न) यदि वैदिक प्रक्रिया से देवर शब्द, नियुक्त पुरुष का बाचक नहीं है तो आप-[ उदीर्ष्व नार्यभिजीवलोकं ] इस मन्त्र का, क्या अर्थ करेंगे? उसमें तो [ घर से मुरदा ही तब उठता है, जब नियुक्त पति के द्वारा उत्पन्न, अपत्य का बटवारा होता है ]? (उत्तर) वैदिक मन्त्र का जो ऐसा अर्थ करते हैं वे वेदों को रसातल में पहुंचाने का प्रयत्न करते हैं। ऋग्वेद में यह मन्त्र स्त्री के सती होने के समय, पढ़ा जाता है। सती प्रथा, प्राचीन और वैदिक है। वेद में अनेक मन्त्र इस कार्य में विनियुक्त हैं। आज कल भी प्रेमोद्रेक से हजारों स्त्रियां पति की चिता पर चढ़कर अपने अलौकिक पतिप्रेम को दृढ़ रखती हैं। महाभारत में, श्रीकृष्ण जी की आठ पटरानियां चिता बनाकर-सती हो गईं। यह आख्यान प्रसिद्ध है। चित्तौरगढ़ में ७०० सात सौ क्षत्राणियां सती पद्मिनी के साथ चिताओं पर चढ़गईं। मेघनाथ की पत्नी सुलोचना राक्षसी होने पर भी, उसका सिर गोद में लेकर अग्नि में प्रविष्ट हो गई। इसीलिये नैषध में महाकवि श्री हर्ष ने—

दहनजा न पृथुर्दवथुव्यथा विरहजैव पृथुर्यदि नेदृशम् ।
दहनमाशु विशन्ति कथं स्त्रियः प्रियमपासुमुपासितुमुद्धुराः ।।४।४६

ऐसा लिखा है। सती स्त्रियों के लिये पति विरह से पति के साथ मरना मामूली सी बात है। प्रस्तुत मन्त्र में इसी सहमरण का प्रसंग है। इसीलियें—

तामुत्थापयेद्देवरः पतिस्थानीयः अन्तेवासी जरद्दासो वा।
उदीर्ष्वनार्यभिजीवलोकमिति ॥ ४ । २

यह सूत्र [आ० गृ० ] में लिखा है। सूत्र कहता है कि जब स्त्री मृत पुरुष के साथ चिता में लेट जावे तब उसको उसका देवर अथवा घर का बूढ़ा नौकर प्रस्तुत मन्त्र पढ़कर चिता से उठादे। यह मन्त्र इसकार्य में विनियुक्त है और [आश्वलायन गृह्यसूत्र] इसकी साक्षी देरहा है। मन्त्र का पूरा पाठ इस प्रकार है।

उदीर्ष्व नार्यभि जीवलोकं गतासुमेतमुपशेष एहि।
हस्तग्राभस्य दिधिषोस्तवेदं पत्युर्जनित्वमभिसम्बभूथ ॥ १०।१८।८

ऋग्वेद के इस मन्त्र का अर्थ इस प्रकार है। हे नारि! मृत पुरुष की पत्नी तू जीते हुये पुत्र और पौत्रों की ओर देखकर यहां से उठ, और हमारे साथ घर को चल, मरे हुये पति के साथ शयन मत कर क्योंकि तू विवाह में हाथ पकड़ने वाले और गर्भ धारण कराने वाले इस मृतपति की जाया है और तेरे से उत्पन्न यह पुत्र समूह तेरे बिना नहीं रह सकता है। इसलिये साथ मरने का निश्चय छोड़कर यहां से चल। यही लोक सम्मत इस मन्त्र का अर्थ है। इसमें नियुक्त पत्यन्तर का गन्ध तक नहीं है। इस मन्त्र पर प्राचीन सायण भाष्य देखने योग्य है। (प्रश्न)

या पूर्वं पतिं वित्वाऽथान्यं विन्दते परम्।
पञ्चौदनं च तावजं ददातो न वियोषतः ॥
समानलोको भवति पुनर्भुवाऽपरः पतिः।
योऽजं पञ्चौदनं दक्षिणां ज्योतिषं ददाति ॥९।५।२७।२८

इन दोनों मन्त्रोंका क्या अर्थ है? (उत्तर) अथर्व के यह दोनों मन्त्र वाग्दत्त पति के मरने पर उसके सगे छोटे भाई के साथ विवाह में संगत हैं। अज, पंचौदन, सुवर्ण दक्षिणा; यह उसमें प्रायश्चित्त स्वरूप है। इतना प्रायश्चित्त करने पर फिर पति पत्नी का वियोग नहीं होता है। प्राचीन आचार्य इन दोनों मन्त्रों को शूद्र विवाह परक लगाते हैं। क्यों कि शूद्रों में भरेजा होता है। इसका कारण उनका अमन्त्रक विवाह है। उपवीतानर्ह, तथा वेदानर्ह होने से शूद्रों के विवाह में वेद मन्त्र नहीं पढ़े जाते हैं। बिना वेद मन्त्र पढ़े वर वधूका एकीकरण नहीं होता है। शूद्र जाति में इसीलिये स्त्री अपने शरीर की स्वयं स्वामिनी है। और इसीसे वह दूसरे के घर

बैठती है। द्विजों में ऐसा चलन नहीं है। नाई, धीमर, बढ़ई, माली, लुहार, सुनार, चमार, खटीक, धोबी, आदि जातियों में अब भी इसका प्रचार है।

## द्विजों को मनुका आदेश

नान्यस्मिन्विधवा नारी नियोक्तव्या द्विजातिभिः ।
अन्यस्मिन्हि नियुञ्जाना धर्मं हन्युः सनातनम् ॥९।६४
नोद्वाहिकेषु मन्त्रेषु नियोगः कीर्त्यते क्वचित् ।
न विवाहविधावुक्तं विधवावेदनं पुनः ॥९।६५
सकृदंशो निपतति सकृत्कन्या प्रदीयते ।
सकृदाह ददानीति त्रीण्येतानि सतां सकृत् ॥९।४७
नान्योत्पन्ना प्रजास्तीह नचाप्यन्यपरिग्रहे ।
न द्वितीयश्च साध्वीनां क्वचिद्भर्तोपदिश्यते ॥५।१६२

मनुके इन पद्यों में कहा है कि द्विजों को विधवा स्त्री दूसरे पुरुष के पास नहीं भेजनी चाहिये। ऐसा करने पर द्विजों की सनातन मर्यादा नष्ट होती है। विवाह में जो मन्त्र पढ़े जाते हैं उनमें नियोग का निर्देश नहीं है और न कहीं पर मन्त्रों में विधवा के पुनर्विवाह का आदेश है। सज्जनों में दाय भाग कन्यादान एक बार ही होता है। पति के अतिरिक्त अन्य पुरुष के द्वारा पैदा हुई सन्तान पति की नहीं मानी जा सकती है और दूसरे की स्त्री में पैदा की हुई सन्तान अपनी नहीं हो सकती है इन दोनों कारणों से सती स्त्रियों को दूसरे पति का विधान नहीं है।

(प्रश्न) यदि विधवा का विवाह न होगा तो उसको बड़ा कष्ट होगा, उससे बचने का क्या उपाय है? (उत्तर) वैधव्यदशा को धर्म पूर्वक भोगना ही उस दुःख से बचने का उपाय है। क्यों कि वैधव्य पूर्व जन्म के पाप का फल है। वह बिना भोगे छुट नहीं सकता है। जो स्त्री जवानी में मानवती होकर पति को तिरस्कृत करती है वह जन्मान्तर में विधवा होती है। यदि वह विधवा होकर भी व्यभिचार करती है, तो अनेक जन्म तक बार २ विधवा हकर उसको कष्ट उठाना पड़ेगा (?) इसलिये एक बार कष्ट भोग कर अगाडी के लिये साफ होना अच्छा है। (प्रश्न) विधवाओं को अपना जीवन किस प्रकार व्यतीत करना चाहिये?

(उत्तर) विधवा अपना मन विषय वासनाओंसे हटाकर भगवदर्चनमें लगावे। एकान्त में रहे। मनुष्यों के समक्ष न आवे। दान पुण्य आदि से सुकृत संचय करके उसका फल परलोक गत पति के लिये छोड़ दे। सुन्दर वस्त्र और आभूषण न

पहिने। व्रत उपवास आदि से अपना शरीर दुर्बल करे क्योंकि दुर्बल शरीर में काम वासना नहीं रहती है। रूखा सूखा लवण रहित एक बार भोजन करे, गीत वाद्य नृत्य आदि में सम्मिलित न हो और अधिक जीने की इच्छा न करे। यही विधवाओं का धर्म है।

कामं तु क्षपयेद्देहं पुष्पमूलफलैः शुभैः।
न तु नामापि गृह्णीयात्पत्यौ प्रेते परस्य तु ॥५।१५७
आसीतामरणात्क्षान्ता नियता ब्रह्मचारिणी।
यो धर्म एकपत्नीनां कांक्षन्ती तमनुत्तमम् ॥१५८
अनेकानि सहस्राणि कुमारब्रह्मचारिणाम्।
दिवं गतानि विप्राणामकृत्वा कुलसन्ततिम् ॥१५९
मृते भर्त्तरि साध्वी स्त्री ब्रह्मचर्ये व्यवस्थिता।
स्वर्गं गच्छत्यपुत्रापि यथा ते ब्रह्मचारिणः ॥१६०
अपत्यलोभाद्यातु स्त्री भर्तारमतिवर्तते।
सेह निन्दामवाप्नोति पतिलोकाच्च हीयते ॥१६१

पति के मरने पर पतिव्रता पुष्प मूलफल खाकर अपने शरीर को दुर्बल करे अन्य पुरुष का नाम तक न ले। धर्म की इच्छा रखती हुई विधवा मरण पर्यन्त नियत होकर ब्रह्मचर्य व्रत का धारण करे। सनकादिक ऋषि जिस प्रकार ब्रह्मचारी रह कर विना पुत्रों के ही स्वर्ग को चले गये उसी प्रकार विधवा स्त्री भी पति के मरने पर बिना सन्तति के ही स्वर्ग को चली जाती है। जो स्त्री सन्तान के लोभ से पतिके मरने पर व्यभिचार करती है वह इसलोक में निन्दित होकर पति लोक से गिर जाती है।

व्यभिचारा लोके प्राप्नोति निन्द्यताम्।
शृगालयोनि। पापरोगैश्च पीड्यते ॥५।१६४
पतिं या नाभिचरति मनोवाग्देहसंयता।
सा भर्तृलोकमाप्नोति सद्भिः साध्वीति चोच्यते ॥१६५

जो स्त्री व्यभिचारिणी होती है वह लोक में निन्दित होकर मरने पर गीदड़ी बनती है और कोढ़ आदि अनेक पाप रोगों से पीड़ित होती है। मन वाणी और शरीर से संयत रहकर जो स्त्री व्यभिचार में प्रवृत्त नहीं होती है वह मरने पर पति के साथ स्वर्ग में आनन्द करती है और इस लोक में सज्जन उसकी प्रशंसा करते हैं। (प्रश्न) जिस स्त्री का पति किसी काम के लिये परदेश गया हो और वहां से फिर न आ सके तो वह स्त्री फिर क्या करे? (उत्तर)

प्रोषितपत्नी पञ्चवर्षाण्युपासीत ऊर्ध्वं पञ्चभ्यो वर्षेभ्यो भर्तृसकाशं गच्छेत् ।
यदि धर्मार्थाभ्यां प्रवासंप्रत्यनुकामानस्याद्यथाप्रेतएवं वर्तितव्यं स्यात् ॥

(वसिष्ठ) १७।६०।६८

नष्टे भर्तरि षाड्वार्षिकं क्षपणं । श्रूयमाणे अभिगमनम् । प्रव्रजितेतु निवृत्तिः ॥

( गोतम । १८।१ )

जिस का पति परदेश गया हो; वह स्त्री पांच वर्ष तक उसकी राह देखे, उसके अनन्तर पति के पास चली जावे । यदि उसको वहां जाने तक साधन प्राप्त न हो तो विधवा की तरह जीवन व्यतीत करे यह वसिष्ठ का मत है। पति के विदेश जाने पर स्त्री छः वर्ष तक उसकी बाट देखे। यदि पता लग जावे तो उसके पास जावे। यदि वह मरगया हो तो "निवृत्तिः" विषय वासनाओं से निवृत्त हो कर विधवा को तरह रहे। यह गोतम का मत है। यहां पर [ नष्टे मृते प्रव्रजिते ] यह पराशर स्मृति का बचन नहीं लग सकता है, क्यों कि वह "सप्तपद्यन्त विवाह" से पूर्व की बात है। विवाह होने पर नहीं। पद्मपुराण में दिव्या देवी का आख्यान इसका निदर्शन है। उसका सप्तपद्यन्त विवाह किसी के साथ पूरा नहीं हुआ। सब इससे पूर्व ही मरजाते थे। अन्त में वह कुमारी ही रह कर बन में तप करने के चली गई।

प्रासूत यं जगति पूज्यतमा सुबुद्धिः श्रीमत्सनाढ्यकुलकीर्तिकरं सुपुत्रम् ।
पूर्तिं समेति समयेन शिवप्रसादादुल्लास एष किल तस्य कृतौ तुरीयः ॥ १ ॥

---

इतिश्रीमदखिलानन्दशर्मप्रणीते
वैदिक सत्यार्थप्रकाशे
चतुर्थःसमुल्लासः

# पंचमसमुल्लासः

## वर्णाश्रमधर्म निर्देशः ।

धर्म रक्षा के लिये वर्ण धर्म और आश्रम धर्म की रक्षा अत्यावश्यक है। धर्मके दोही ये प्रधान स्तम्भ है। इसलिये प्रत्येक भारतवासी को इन दोनों की रक्षा के लिये प्राणपण से प्रवृत्त होता चाहिये। (प्रश्न) वर्ण कितने हैं? (उत्तर)

ब्राह्मणः क्षत्रियो वैश्यस्त्रयो वर्णा द्विजातयः ।
चतुर्थ एकजातिस्तु शूद्रो नास्ति तु पञ्चमः ॥१०।४

मनु के इस पद्य में ब्राह्मणादि चार ही वर्ण कहे हैं। चार वर्णों को छोड़कर बाकी कोई पञ्चम वर्ण नहीं किन्तु वर्ण संकर है। निरुक्त में [ चत्वारोवर्णा निषादः पञ्चम इत्यौपमन्यवः ] ऐसा लिखकर यास्काचार्य ने इसी बात का समर्थन किया है। निषाद वर्ण नहीं वर्ण संकर है। इसीलिये निरुक्त में [ निषादः कस्मात्। निषदनोभवति। निषण्णमस्मिन्पापकमिति नैरुक्ताः ] ऐसा लिखकर यास्क ने अपना मत प्रगट किया है। दुर्गाचार्य ने इसके भाष्य में [ निषद्यहन्तीति निषादः प्राणि वध जीवनः ] ऐसा लिखा है।

जनायदग्निमयजन्त पञ्च ।१०।४५।६
पञ्चजना मम होत्रं जुषन्ताम् ॥१०।५३।५

ऋग्वेद के इन दो मन्त्रों में जो पञ्च जन शब्द आया है उसका निघन्टु में मनुष्य मात्र के लिये प्रयोग हुआ है। क्षीरस्वामि ने उसके भाष्य में [ पञ्चभिर्भूतैर्जाताः पञ्चजनाः ] ऐसा निर्वचन किया है।

स्युः पुमांसः पञ्चजनाः पुरुषाः पूरुषा नरः ।

इस कोष के प्रमाण से भी मनुष्य मात्र वाचक यह शब्द ठहरता है। इसलिये पंचजन शब्द से पंचम वर्ण की कल्पना प्रमाण विरुद्ध है।

पाञ्चजन्यं वा एतदुक्थम्। देवमनुष्याणाम्। गन्धर्वाप्सरसाम्। सर्पाणां च पितृणांच। एतेषां पञ्चजनानामुक्थम्।

ऐतरेय ब्राह्मण की इस श्रुति में देव, मनुष्य, गन्धर्व, सर्प, पितर, यह पांच पंचजन ठहरते हैं। और—

यदिन्द्राग्नी यदुषु तुर्वशेषु यद् द्रुह्युष्वनुषु पूरुषुस्थः॥ १०।१०।८८

ऋग्वेद के इस मन्त्र में यदु, तुर्वश, द्रुह्यु, अनु, पुरु, इनको पञ्च जन कहा है हरिवंश पुराण के तीसवें अध्याय में जो आख्यान मिलता है उससे यह ययाति के पुत्र ठहरते हैं। ययाति नहुष का पुत्र था। उसकी देवयानी और शर्मिष्ठा दो रानियां थीं। देवयानी शुक्राचार्य की पुत्री थी और शर्मिष्ठा वृषपर्वा की। देवयानी के यदु और तुर्वश दो पुत्र हुये। शर्मिष्ठा के द्रुह्यु अनु पुरु ये तीन पुत्र हुये। हम इस लम्बे इतिहास को इस ग्रन्थ में अन्यत्र उपस्थित करेंगे।

## ब्राह्मणों के कर्म

अध्यापनमध्ययनं यजनं याजनं तथा।
दानं प्रतिग्रहं चैव ब्राह्मणानामकल्पयत् ॥ १।८८

मनु के इस पद्य में पढ़ना पढ़ाना, यज्ञ करना कराना, दान देना और दान लेना ये ६ कर्म ब्राह्मणों के लिये ही नियत हैं। भगवद्गीता में शम दम तप शौच क्षान्ति आर्जव ज्ञान विज्ञान आस्तिक्य ये स्वभावज कर्म ब्राह्मण के लिये कहे हैं। (१८।४२)

"ब्रह्मण्यता, देवपितृभक्तिता, सौम्यता, अपरोपतापिता, अनसूया, मृदुता, अपारुष्यं, मैत्रता, प्रियवादिता, कृतज्ञता, शरण्यता, कारुण्यं, प्रशांतिश्चति त्रयोदशविधं ब्राह्मणशीलम्" (इति हारीतः)

ब्राह्मणस्यैव कर्मैतदुपदिष्टं मनीषिभिः।
राजन्यवैश्ययोस्त्वेवं नैतत्कर्म विधीयते ॥ २। १९०

मनु के इस प्रमाण से ऊपर कहे कर्म केवल ब्राह्मण के लिये ही नियत हैं, क्षत्रिय और वैश्य के लिये नहीं।

## वेदों में ब्राह्मणों का महत्व

उग्रो राजा मन्यमानो ब्राह्मणं यो जिघत्सति।
परा तत्सिच्यते राष्ट्रं ब्राह्मणो यत्र जीयते ॥ ५।१९।६
ये ब्राह्मणं प्रत्यष्ठीवन्ये वास्मिञ्छुल्कमीषिरे।
अस्नस्ते मध्ये कुल्यायाः केशान्खादन्त आसते ॥ ५।१९।३
तद्वै राष्ट्रमास्रवति नावं भिन्नामिवोदकम्।
ब्राह्मणं यत्र हिंसन्ति तद्राष्ट्रं हन्ति दुच्छुना ॥ ५।१९।८
तं वृक्षा अपसेधन्ति छायां नो मोपगा इति।
यो ब्राह्मणस्य सद्धनमभि नारद ! मन्यते ॥ ५।१९।९

विषमेतद्देवकृतं राजा वरुण अब्रवीत् ।
न ब्राह्मणस्य गां जग्ध्वा राष्ट्रे जागार कश्चन ॥ ५।१९।१०
ये सहस्रमराजन्नासन्दशशता उत ।
ते ब्राह्मणस्य गां जग्ध्वा वैतहव्याः पराभवन् ॥ ५।१८।१०
न ब्राह्मणो हिंसितव्योऽग्निः प्रियतनोरिव ।
सोमोह्यस्य दायाद इन्द्रोह्यस्याभिशस्तिपाः ॥ ५।१८।६

अथर्व वेद के इन मन्त्रों का अर्थ इस प्रकार है। जो राजा क्रोध में आकर ब्राह्मण को मारना चाहता है उसका राज्य नष्ट होता है। जो ब्राह्मण की ओर थूकता है अथवा जो ब्राह्मण से किसी प्रकार का शुल्क (दण्ड) लेने की इच्छा करता है वह राधकी नदी में बाल खाकर अपना जीवन व्यतीत करता है। जो राजा ब्राह्मण को मारने की इच्छा करता है उसका राज्य सछिद्र नौका की तरह बहुत शीघ्र कुत्तों के उपद्रव से नष्ट होता है। जो मनुष्य ब्राह्मण का धन लेना चाहता है, उस पर वृक्ष अपनी छाया नहीं करना चाहते हैं। ब्राह्मण का धन अथवा अन्य कोई पदार्थ राजा वरुण ने देवकृत विष ( जहर ) माना है। ब्राह्मण का धन लेकर कोई मनुष्य राज्य में अपना जीवन आनन्द से व्यतीत नहीं कर सकता है। संख्या में एक सहस्र होने पर भी (वैतहव्य) वीतहव्य राजा के पुत्र नाश को प्राप्त होगये। ब्राह्मण को कभी मारना नहीं चाहिये क्योंकि सोम (चन्द्रमा) इसका सम्बन्धी है और इन्द्र उसका रक्षक है।

निर्वैक्षत्रं नयति हन्ति वर्चः अग्निरिवारब्धो विदुनोति सर्वम् ।
यो ब्राह्मणं मन्यते अन्नमेव स विषस्य पिवति तैमातस्य ॥५।१८।४

क्रुद्ध ब्राह्मण क्षत्रियों का नाश करता है, प्रज्वलित अग्निके समान सबको भस्म करदेता है। जो मनुष्य ब्राह्मण को अन्न की तरह उपभोग्य समझता है वह जान बूझ कर "तैमात" नामक गरल को पीता है।

य एनं हन्ति मृदुं मन्यमानो देवपीयुर्धनकामो न चित्तात् ।
सन्तस्येन्द्रो हृदये ऽग्निमिन्धे उभे एनं द्विष्टो नभसी चरन्तम् ॥ ५।१८।५

जो मनुष्य ब्राह्मणको कमजोर समझ कर धनकी लालसा से उसको मारता है उसके हृदय में इन्द्र देव अग्नि जलाते हैं और पृथिवी तथा अन्तरिक्ष उसको जीवित देखना नहीं चाहते हैं।

जिह्वा ज्या भवति कुड्मलं वाक् नालीका दन्तास्तपसाभिदिग्धाः ।
तेन ब्रह्मा विध्यति देवपीयून् हृद्बलैर्धनुभिर्देवजूतैः ॥५।१८।८

ब्राह्मण की जिह्वा शत्रु के लिये ज्या बनजाती है, वाणी पुङ्खका काम करती है, तपसे देदीप्यमान दंतपंक्ति नालीक बनजाती है, हार्दिक बल देवप्रदत्त धनु का काम देता है, इन सब के प्रभाव से ब्राह्मण अपने शत्रु को छिन्न भिन्न कर देता है।

तीक्ष्णेषवो ब्राह्मणा हेतिमन्तो यामस्यंति शरव्यां न सा मृषा।
अनुहाय तपसा मन्युना च उत दूरादवभिन्दन्त्येनम् ॥५। १८। ९

ब्रह्म तेज से सन्निद्ध, ब्राह्मण जिस वाणीरूप वाण का प्रयोग करते हैं वह खाली नहीं जाता है, ये ब्राह्मण अपने तप और क्रोध से अपने शत्रु को दूर से ही नष्ट करते हैं।

देवपीयुश्चरति मर्त्येषु गरगीर्णोभवत्यस्थिभूयान् ।
यो ब्राह्मणं देवबन्धुं हिनस्ति न स पितृयानमप्येति लोकम् ।५। १८। १३

जो मनुष्य देवताओं के बन्धु स्वरूप ब्राह्मण को मारता है वह संसार में भटकता हुआ फिरता है, रोग से घिर जाता है, कङ्कालावशेष रह जाता है, और मरने पर स्वर्ग लोक से गिर जाता है।

न वर्षं मैत्रावरुणं ब्रह्मज्यमभिवर्षति ।
नास्मै समितिः कल्पते न मित्रं नयते वशम्। ५ । १९ । १५

ब्राह्मण के साथ शत्रुता रखने वाले क्षत्रिय के राज्य में मित्रावरुण वर्षा नहीं करते हैं, ऐसे राजा को सभा में भी आदर नहीं मिलता है, और न कोई उससे मित्रता रखता है। इस प्रकार के अनेक सूक्त तथा मन्त्र अथर्व वेद में हैं, जिनमें ब्राह्मणों का महत्व दिखाया गया है। छान्दोग्योपनिषद् में भी(ब्राह्मणान्ननिन्देत्तद्व्रतम् २।२०) ऐसा लिखा है। इस परश्री आद्यशङ्कराचार्य ने (एतेवै देवाः प्रत्यक्षंयद्ब्राह्मणा इतिश्रुतेर्ब्राह्मणनिन्दा देव निन्दैव) ऐसा लिखा है। मनु के चतुर्थाध्याय में कहा है कि ब्राह्मणों से त्रस्त होने पर भी मनुष्यों को ब्राह्मणों की निन्दा नहीं करनी चाहिये क्योंकि ऐसा करने से मनुष्य अल्पायु होता है। ( ४। २३६। ३७ ) इन प्रमाणों पर विश्वास करके धार्मिक मनुष्यों को ब्राह्मण निन्दा से तथा उनके अन्य पदार्थों से सर्वदा बचना चाहिये।

## क्षत्रिय के कर्म।

प्रजानां रक्षणं दानमिज्याध्ययनमेव च ।
विषयेष्वप्रसक्तिश्च क्षत्रियस्य समासतः । १ । ८९

मनु के इस पद्य में प्रजा की रक्षा दान, यज्ञ, स्वाध्याय और विषयों में अप्रसक्ति यह पांच कर्म क्षत्रिय के लिये लिखे हैं। भगवद्गीता में शौर्य, तेज, धृति, दक्षता, युद्ध में स्थिरता, दान, ईश्वर में आस्तिकता, यह स्वभावज कर्म क्षत्रिय के लिये नियत किये हैं। ( १८। ५३ ) (प्रश्न) ईश्वर ने संसार में राजा क्यों बनाया ? (उत्तर)—

अराजके हि लोकेस्मिन्सर्वतो विद्रुते भयात् ।
रक्षार्थमस्य सर्वस्य राजानमसृजत्प्रभुः ॥ ७ । ३
स्वे स्वे धर्मे निविष्टानां सर्वेषामनुपूर्वशः ।
वर्णानामाश्रमाणां च राजासृष्टोऽभिरक्षिता ॥ ७ । ३५

मनु के इन दो पद्यों में राजा के बनाने का प्रयोजन बताया है। भय से विद्रुत अराजक विश्व में संसार की रक्षा करने के लिये ईश्वर ने राजा को उत्पन्न किया। अपने २ धर्म में लगे हुये ब्राह्मणादि चारों वर्णों को तथा ब्रह्मचर्यादि चार आश्रमों को क्रमबद्ध रखने के लिये रक्षक स्वरूप राजा को ईश्वर ने पैदा किया। इसका विस्तृत विवरण हम (षष्ठ समुल्लास) में लिखेंगे।

## वैश्य के कर्म।

पशूनां रक्षणं दानमिज्याध्ययनमेव च ।
वणिक्पथं कुसीदं च वैश्यस्य कृषिमेव च ॥ १ । ९०

मनु के इस पद्य में पशुओं की रक्षा, दान, यज्ञ, स्वाध्याय, व्यापार, सूद ब्याज लेना, और कृषि करना वैश्य के लिये नियत कर्म हैं। भगवद्गीता में कृषि, गोरक्षा, और वाणिज्य ये तीन ही कर्म वैश्य के लिये नियत हैं ( १८ । ४४ )। (तुलायै वाणिजम् ३०।१७) यजु के इस मन्त्र में केवल व्यापार करना ही वैश्य के लिये बताया है।

ये पन्थानो बहवो देवयाना अन्तरा द्यावापृथिवी सञ्चरन्ति।
ते मा जुषतां पयसा घृतेन यथा ह क्रीत्वा धनमाहरामि ॥ ३ । १५ । ३.

अथर्व के इस मन्त्र में वैश्य ईश्वर से प्रार्थना करता है कि द्युलोक तथा पृथिवी के मध्य में जितने देवयान मार्ग हैं, वे मुझे प्राप्त हों जिससे घृत और दुग्ध के क्रय से मैं देशान्तर से द्रव्य लाऊं।

येन धनेन प्रपणं चरामि धनेन देवा धनमिच्छमानः ।
तन्मे भूयो भवतु मा कनीयः अग्ने ! सातघ्नो देवान्हविषा निषेध ॥ ३।१५।५

हे देवगणो ? जिस धन से मैं व्यापार करता हूं, और प्रत्येक स्थान में जाकर जिस धन से धन कमाता हूं, वह मेरा मूलधन बढता रहे, कभी कम न हो, और हे अग्ने ! आप हविष्य के द्वारा प्रसन्न देवगणों को विघ्न करने से रोकिये जिससे इन्द्रादिक देवगण मेरे व्यापार में कदापि विघ्न न करें।

येन धनेन प्रपणं चरामि धनेन देवा धनमिच्छमानः ।
तस्मिन्म इन्द्रो रुचिमादधातु प्रजापतिः सविता सोमो अग्निः ॥३।१५।६॥

हे देवगणो ! जिस धन से मैं व्यापार करता हूं और प्रत्येक स्थान में जाकर जिस धन से धन कमाता हूं उस मूलधन के बढ़ाने में इन्द्र, ब्रह्मा, सूर्य चन्द्रमा, और अग्नि, मेरी रुचि को सर्वदा बढ़ाते रहें। इस व्यापार सूक्त में आठ मन्त्र हैं। वैश्यों को चाहिये कि वे पूजा के अन्त में इन मन्त्रों का अवश्य पाठ करें।

## शूद्र के कर्म

एकमेवतु शूद्रस्य प्रभुः कर्म समादिशत् ।
एतेषामेव वर्णानां शुश्रूषामनुसूयया ॥१।९१

मनु के इस पद्य में शूद्र के लिये केवल एक ही कर्म नियत किया है। शूद्र प्रसन्नता पूर्वक तीन वर्णों की सेवा करे। भगवद्गीता में भी—

परिचर्यात्मकं कर्म शूद्रस्यापि स्वभावजम् ॥ १७।४४

इस पद्य में सेवा करना ही शूद्र के लिये स्वभावज कर्म बताया है।

शुचिरुत्कृष्टशुश्रूषुर्मृदुवागनहंकृतिः ।
ब्राह्मणाद्याश्रयो नित्यमुत्कृष्टां जातिमश्नुते ॥ ९।३३५
विप्रसेवैव शूद्रस्य विशिष्टं कर्म कीर्त्यते ।
यदतोन्यद्धि कुरुते तद्भवत्यस्य निष्फलम् ॥ १०।१२३
विप्राणां वेदविदुषां गृहस्थानां यशस्विनाम् ।
शुश्रूषैव तु शूद्रस्य धर्मोनैःश्रेयसः परः ॥ ९।३३४

मनु के इन पद्यों में शूद्र के धर्म का विशेष वर्णन है। जो शूद्र पवित्र रहकर अपने से ऊंचे वर्णों की सेवा में तत्पर रहकर नम्र वाणी बोलता हुआ अहंकार रहित द्विजों की सेवा में लगा रहता है वह जन्मान्तर में उन्नत जाति को प्राप्त हो जाता है। शूद्र के लिये ब्राह्मण की सेवा करना सर्वोत्तम कर्म है इसके अतिरिक्त वह जो कुछ करता है वह सब निष्फल है। वेदज्ञ गृहस्थ यशस्वी ब्राह्मण की सेवा करता हुआ शूद्र परम कल्याण का भागी होता है। (प्रश्न) क्या किसी कोष में अथवा धर्म शास्त्र में मूर्ख को भी शूद्र कहा है? (उत्तर) नहीं। यदि मूर्ख को शूद्र माना जावे तो सर्वज्ञता न होने के कारण किसी न किसी विषय में सभी मूर्ख ठहरेंगे फिर सभी शूद्र बन जावेंगे? इसलिये भगवान के चरणों से उत्पन्न हुआ ही शूद्र माना जायगा। मन्वादि धर्म शास्त्रों में शूद्र दो प्रकार के माने गए हैं। एक स्पृश्य तथा दूसरे अस्पृश्य? उन में जिनका छुआ हुआ कच्चा अन्न ग्रहण किया जाता है वे शूद्र स्पृश्य हैं और जिनके हाथ का छुआ हुआ अन्न नहीं लिया जाता है वे अस्पृश्य हैं।

शूद्राणामनिरवसितानाम् २।४।१०

इस पाणिनि सूत्र के भाष्य में निरवसित ( वहिष्कृत ) तथा अनिरवसित ( अवहिष्कृत ) इन दो विभागों में शूद्रों को विभाजित किया है। "जिनके भोजन से पात्र अग्नि में देने पर शुद्ध होता है वे अवहिष्कृत है। जैसे–बढ़ई और लुहार? और जिनके भोजन करने से अग्निमें देने पर भी पात्र शुद्ध नहीं होता है, वे अन्त्यज-बहिष्कृत हैं, जैसे चाण्डाल और चमार? इनका जन्म और कर्म यजुर्वेद के ३० अध्याय में देखने योग्य है।

आर्धिकः कुलमित्रं च गोपालो दासनापितौ।
एते शूद्रेषु भोज्यान्ना यश्चात्मानं निवेदयेत् ॥४।२५३
नाद्याच्छूद्रस्य पक्वान्नं विद्वानश्राद्धिनो द्विजः।
आददीताममेवास्मादवृत्तावेकरात्रिकम् ॥४।२२३॥

मनु के मत में आर्धिक, कुलमित्र, गोपाल दास (धीवर) नापित (नाई) इन शूद्रों का छुआ हुआ अन्न लेना चाहिये। शूद्र के घर का पका हुआ अन्न कभी नहीं लेना चाहिये कच्चा अन्न भी प्राणान्त समय में लेना चाहिये। दास शब्द से यहां पर [ कैवर्ते दासधीवरौ ] इस प्रमाण से धीवर का ग्रहण है। [ सच्छूद्रौ गोपनापितौ ] इस प्रमाण से गोप, और नापित भी सच्छूद्र है। [ आभीरीतुमहाशूद्रो ] इस प्रमाण से आभीर महाशूद्र है। [ आसमन्तात्–भियं–राति–ददातीत्याभीरः ] इस विषय में जिनको अधिक देखना हो, वे हमारी [ वैदिक-वर्णव्यवस्था ] देखें।

रजकश्चर्मकारश्च नटो वुरुड एव च।
कैवर्तमेदभिल्लाश्च सप्तैते अन्त्यजाः स्मृताः ॥ १९५

अत्रिस्मृति तथा अङ्गिरः स्मृति के इस प्रमाण से धोबी, चमार, नट, कञ्जर, (वुरुड) कैवर्त, मेद (मेव) भिल्ल, अन्त्यज माने गये हैं। व्यास स्मृतिके९।१०।११।१२ पद्यों में बढई, नाई, गोप आशाप, कुंभार, तमोली, किरार, माली, वरुआ, चांडाल, धीवर आदि अंत्यज माने हैं। इनके दर्शन करने पर सूर्य दर्शन तथा सम्भाषण करने पर स्नान करना लिखा है। आयुर्वेद के मत से बहुत से रोग केवल स्पर्श मात्र से उड़कर लगते हैं। इसी कारण इनसे अलग रहने का आदेश है। [ प्रश्न ] मनु में जिस नापित को शूद्र माना है उसके द्वारा वैदिक चौलकर्म कैसे कराया जाता है? उत्तर—

मातुरङ्कोपविष्टस्य कुमारस्य तु चैव हि।
पश्चात्स्थित्वा पिता शीतं जलमादाय पाणिना ॥ ८ ॥

दक्षिणेनाथ सव्येन पाणिनोष्णं जलं तथा ।
दक्षिणोत्तरयोस्तत्र निनयेत्केशपक्षयोः ॥ ९
प्रदक्षिणप्रकारेण वामकर्णप्रदेशतः ।
स केशान्धारयेद्ब्रह्मा त्रींस्त्रीन्प्रागग्रगान्कुशान् ॥ ११
आचार्यश्छेदयेदेतानोषधे मन्त्रमुच्चरेत् ।
क्लेदयेद्वामकर्णान्तं त्रिश्चैवादितिरुच्चरेत् ॥ १२
यत्क्षुरेणेतिमन्त्रेण क्षुरधारां जलेन च ।
निमृज्येन्मर्म तत्कृत्वा नापिताय प्रदापयेत् ॥ १६

लघ्वाश्वलायनस्मृति के चौल प्रकरण में यह पद्य है। इनका भाव यह है कि बालकको माता के गोदमें देकर पिता पहिले गरम और ठंडे जलको मिलावें, अनन्तर दक्षिण और वाम भाग में केश भिगोवे, तदनन्तर वेदी के पास विद्यमान ब्रह्मा तीन प्रागग्र कुशों के साथ बालों को पकड़े और आचार्य स्वयं पहिले उन बालों को कैंची से अथवा छुरे से काट दे, अनन्तर क्षुरधारा को जल से धोकर वह छुरा नापित के हाथ में देवे। यहां पर जबतक वैदिक मन्त्रोच्चारण पूर्वक कार्य होता है तबतक यज्ञ शालामें सब ब्राह्मण ही कार्य करते हैं। तदनन्तर नाई के हाथ में छुरा दिया जाता है यही बात—

माता कुमारमादायाऽव्याहते वाससी परिधाप्याङ्कआधाय पश्चादग्नेरुपविशति।५। सकेशानिप्रच्छिद्यानडुहे गोमयपिण्डे प्रास्यत्युत्तरतोध्रियमाणे१२। एवंद्विपरन्तूष्णीम्१३। इतरयोश्चोन्दनादि।१४। अथपश्चात्त्र्यायुषमिति।१५। त्रिःक्षुरेण शिरःप्रदक्षिणं परिहरति समुखंकेशान्ते१८। ताभिरद्भिःशिरःसमुद्यनापितायक्षुरंप्रयच्छति अक्षण्वन्परिवपेति२१।

इस पारस्करगृह्य सूत्र में लिखी है। संस्कार पूरा होने पर जब अमंत्रक मुण्डन बाकी रहता है तब नापित के हाथ का बालक को स्पर्श कराया जाता है। तब० न० नहीं इसलिये नापित का वेदी पर जाने का प्रश्न अप्रासंगिक है।

## कारुक जाति निर्देश

संसार में शिल्प, कारीगरी से निर्वाह करने वाले बढ़ई; लुहार, सुनार, मेमार, ( राज ) दर्जी, पत्थर बनाने वाले, ये सब धर्मशास्त्रों में "कारु" कहे गये हैं यह बात मनु के—

यैः कर्मभिः प्रचलितैः शुश्रूष्यन्ते द्विजातयः ।
तानि कारुककर्माणि शिल्पानि विविधानिच ॥ १०।१००

अशक्नुवंस्तु शुश्रूषां शूद्रः कर्तुं द्विजन्मनाम् ।
पुत्रदारात्ययं प्राप्तो जीवेत्कारुककर्मभिः ॥ १०।९९

इन दो पद्यों में कही है। संसार में प्रचलित जिन कर्मों से द्विजों की सेवा हो सकती है वे अनेक प्रकार के शिल्प (कारु कर्म) कहे जाते हैं। यह शिल्प कर्म अन्त्यजों के लिये नियत हैं। आपत्काल में स्त्री पुत्रादि के नष्ट होने पर इन कर्मों से शूद्र भी निर्वाह कर सकता है।

कर्मोपकरणाः शूद्राः कारवः शिल्पिनस्तथा । १०।१२०

इस मनुके प्रमाणसे भी शूद्र, कारु, शिल्पी ये तीनों कर्मोपकरण माने जाते हैं।

ये कर्मणैव द्विजातीनुपकुर्वन्ति ते कर्मोपकरणाः शूद्रादयः ।

(प्रश्न) यदि शिल्पी अस्पृश्य है तो उसके द्वारा बनाये हुये पदार्थ तथा भगवद्विग्रह कैसे पवित्र हो सकते हैं? (उत्तर)प्रक्षालन अग्नितापन प्रोक्षण आदि से उन चीजों का दोष नष्ट होता है। भगवद्विग्रह पंचगव्यस्नान मन्त्राभिमन्त्रण करने पर पवित्र होजाता है। धर्मशास्त्रों में सब कारुगण वेदानर्ह हैं। इसी कारण वेद मन्त्रों द्वारा प्रतिष्ठित दैवतपीठ में इनका आना जाना निषिद्ध है। इसका विस्तार (अर्चनातन्त्र) में देखने योग्य है।

## वेदों में अन्तर प्रभव।

यजुर्वेद के ३० अध्याय में ३४ जातियों का उल्लेख मिलता है। उन में चार वर्ण और तीस वर्णसंकर हैं। स्थपति, (निषाद) क्षत्तृ, तक्षा, रथकार, कुलाल, अयोगू (आयोगव) मागध, सूत, शैलूष, मनिहार, पौञ्जिष्ठ, हस्तिप, अश्वप, गोपाल, अविपाल, अजपाल, सुराकार (सूंढी) धीवर, दास, वैन्द, किरात, सुवर्णकार, गोघात (यवन) गोविकृन्तक, वीणावाद, तलव, चाण्डाल, नट, धोबी, रंगरेज, चमार, भील, लुहार यह उनके नाम हैं। मन्त्रोंमें इनका नाम निर्देश तथा कर्म भेद साथ २ मिलता है। इनका उद्भव किस २ जाति के योग से होता है यह बात धर्मशास्त्रों में देखने योग्य है। कुछ अन्तर प्रभव ऐसे भी हैं जो वैदिक काल में नहीं थे। उदाहरणार्थ उन में से हम यहां पर अंवष्ठ को उपस्थित करते हैं। [अम्बायां मातरि तिष्ठतीत्यंवष्ठः]

ब्राह्मणाद्वैश्यकन्यायामंवष्ठोनामजायते ।

मनुके इस प्रमाण से ब्राह्मण से वैश्य की कन्या में इसकी उत्पत्ति है। [अंवष्ठानां चिकित्सनम् ] १०।४७ मनु के इस पद्य में चिकित्सा इनकी आजीविका है। इसी प्रकार—

क्षत्रियाद्विप्रकन्यायां सूतो भवति जातितः। १०।११
शूद्रादायोगवः क्षत्ता चाण्डालश्चाधमो नृणाम्। १०।१२
आभीरोम्बष्ठकन्यायामायोगव्यां तु धिग्वणः। १०।१५
कारावरो निषादात्तु चर्मकारः प्रसूयते। १०।३६

मनु के इन पद्यों में सूत आयोगव, क्षतृ, चाण्डाल, आभीर, धिग्वण चर्मकार की उत्पत्ति लिखी है। क्षत्रिय से ब्राह्मण की कन्या में सूत जाति उत्पन्न होती है। यजुर्वेद के—

सूतायनमः १६।१८॥ नृत्ताय सूतम् ३०।६॥

इन दो मन्त्रों में इसका उल्लेख है। नाचना इसका काम है। शूद्र के वीर्यसे क्षत्रिय की स्त्रीमें क्षतृ जाति उत्पन्न होती है इस बातको [नमः क्षतृभ्यः १६।२६] इस मन्त्र के भाष्य में सब टीकाकार लिखते हैं। ब्राह्मणसे अम्बष्ठ की कन्या में महा शूद्र आभीर होता है। शूद्र से वैश्य की स्त्री में आयोगव होता है। [शूद्रोयदर्यायैजारः २३।३१] यह यजुर्वेद का मन्त्र इस में प्रत्यक्ष निदर्शन है। [निषादः शूद्र कन्यायाम् १०।८] मनु के इस प्रमाण से ब्राह्मण से शूद्र की कन्या में निषाद होता है। निषाद से आयोगवी कन्या में चमार होता है। इसी प्रकार अन्य वर्णसंकरों का भी उद्भव है। यहां पर इन के लिखने का प्रयोजन यही है कि ये जातियां भी संसार में वैदिक समय से विद्यमान हैं। नवीन नहीं है। वेद में इनका उल्लेख इनकी सनातनता का बोधक है। इन बातोंके विचार करने पर वर्णव्यवस्था का वैदिक कालिक चित्रपट अनायास ही सामने आ जाता है।

## वर्ण संकरों का उद्भव

व्यभिचारेण वर्णानामवेद्यावेदनेन च।
स्वकर्मणां च त्यागेन जायन्ते वर्णसंकराः॥ १०।२४
संकरे जातयस्त्वेताः पितृमातृप्रदर्शिताः।
प्रच्छन्ना वा प्रकाशा वा वेदितव्याःस्वकर्मभिः॥ १०।४०
अनार्यता निष्ठुरता क्रूरता निष्क्रियात्मता।
पुरुषं व्यञ्जयन्तीह लोके कलुषयोनिजम्॥ १०।५८
पित्र्यं वा भजते शीलं मातुर्वोभयमेव वा।
न कथंचन दुर्योनिः प्रकृतिं स्वां नियच्छति॥ १०।५९
कुले मुख्येपि जातस्य यस्य स्याद्योनिसंकरः।
संश्रयत्येव तच्छीलं नरोल्पमपि वा बहु॥ १०।६०

चारों वर्णों में परस्पर व्यभिचार से, नियोग और विधवा गमन से समय पर संस्कार न होने से वर्ण संकर पैदा होते हैं। माता के द्वारा अथवा पिता के द्वारा जिसमें वर्ण संकरता आ जाती है उसकी पहिचान उसके कर्म से स्वयं होती है। नीचता, कठोरता, क्रूरता, आचार हीनता, मनुष्य की वर्ण संकरता को स्वयं दिखाती हैं। वर्ण संकर में माता पिता का असर विना आए नहीं रहता है और वर्ण संकर अपनी वर्ण संकरता को किसी प्रकार छिपा नहीं सकता है। अच्छे वंश में उत्पन्न होने पर भी जिसमें वर्ण सांकर्य आता है वह कुछ न कुछ अपना प्रभाव दिखा ही देता है। इस कारण राजाओं को चाहिये कि वह अपने राज्य में वर्णव्यवस्था का यथावत् पालन करे।

## चारों वर्णों के आपद्धर्म

अजीवंस्तु यथोक्तेन ब्राह्मणः स्वेन कर्मणा।
जीवेत्क्षत्रियधर्मेण सह्यस्य प्रत्यनन्तरः ॥ १०।८१
उभाभ्यामप्यजीवंस्तु कथंस्यादितिचेद्भवेत्।
कृषिगोरक्षमास्थाय जीवेद्वैश्यस्य जीविकाम् ॥ १०।८२
क्षत्रियो बाहुवीर्येण तरेदापदमात्मनः।
धनेन वैश्यशूद्रौतु जपहोमैर्द्विजोत्तमः ॥ ११।३४
वैश्योऽजीवन्स्वधर्मेण शूद्रवृत्त्यापि वर्तयेत्।
अनाचरन्नकार्याणि निवर्तेत च शक्तिमान् ॥ १०।९८
अशक्नुवंस्तु शुश्रूषां शूद्रः कर्तुं द्विजन्मनाम्।
पुत्रदारात्ययं प्राप्तो जीवेत्कारुककर्मभिः ॥ १०।९९

"आपत्काले मर्यादानास्ति" इस लोकोक्ति के अनुसार ब्राह्मण पर जब आपत्ति आवे तब अपने कर्मों से निर्वाह न देखकर क्षत्रिय वृत्ति से जीविका करे। इतने पर भी यदि निर्वाह न हो तो वैश्य वृत्ति से भी अपनी आजीवका करे परन्तु शूद्र वृत्ति से न करे। क्षत्रिय आपत्काल में बाहुबल से अपना निर्बाह करे। वैश्य शूद्रवृत्ति से अपना समय काटदे और शूद्र वर्ण संकरोंकी शिल्प वृत्ति से निर्वाह करे। जब आपत्ति का समय निकल जाय तब फिर अपना २ जातीय काम करें।

## वर्ण भेद से आश्रम भेद

ब्रह्मचारी गृहस्थश्च वानप्रस्थो यतिस्तथा।
एते गृहस्थप्रभवाश्चत्वारः पृथगाश्रमाः ॥ ६।८७

मनु के इस पद्य में गृहस्थ प्रभव चार आश्रमों का नामोल्लेख मिलता है ब्रह्मचर्य, गृहस्थ, वानप्रस्थ और संन्यास ये चार आश्रम केवल ब्राह्मण के लिये नियत हैं। क्षत्रिय के लिये तीन और वैश्य के लिये दो हैं। शूद्र के लिये केवल गृहस्थ है। इसीलिये—

एष वोभिहितो धर्मो ब्राह्मणस्य चतुर्विधः ।
पुण्योऽक्षयफलः प्रेत्य राजधर्मान्निबोधत ॥ ६।९७

मनु के इस पद्य में [ ब्राह्मणस्य चतुर्विधः ] ऐसा पाठ है। यदि द्विज मात्र के लिये इनका विधान होता तो ब्राह्मण पद का आना व्यर्थ होता ? और [ प्रेत्यराज धर्मान्निबोधत ] इसका लिखना भी व्यर्थ होता ? इसलिये चार आश्रमों में जाना केवल ब्राह्मण के लिये ही नियत है।

दत्वा धनन्तु विप्रेभ्यः सर्वदण्डसमुत्थितम् ।
पुत्रे राज्यं समासज्य कुर्वीत प्रायणं रणे ॥ ९ ३२३
एषोखिलः कर्मविधिरुक्तो राज्ञः सनातनः ।
इमं कर्मविधिं विद्यात्क्रमशो वैश्यशूद्रयोः ॥ ९।३२५
वैश्यस्तु कृतसंस्कारः कृत्वा दारपरिग्रहम् ।
वार्तायां नित्ययुक्तः स्यात्पशूनाञ्चैव रक्षणे ॥ ९।३२६
विप्राणां वेदविदुषां गृहस्थानां यशस्विनाम् ।
शुश्रूषैव तु शूद्रस्य धर्मो नैःश्रेयसः परः ॥ ९।३३४

क्षत्रिय जब वृद्धावस्था को प्राप्त हो तब दण्ड ( जुर्माने ) से प्राप्त समस्त धन ब्राह्मणों को देकर अपने पुत्र को राज्य दे दे और स्वयं रण में जाकर प्राण त्याग करे यही क्षत्रिय के लिये सनातनकर्मविधि है। वैश्य समावर्तन के अनन्तर विवाह कर के अन्त समय तक व्यवहार ही करता रहे। शूद्र सर्वदा वेदज्ञ, गृहस्थ, यशस्वी ब्राह्मणों की सेवा करे। यही मनुप्रोक्त आश्रम विधान है।

## वानप्रस्थाश्रम

वानप्रस्थ नाम का कोई संस्कार गृह्यसूत्रों में न मिलने के कारण इस पर अधिक विवेचन नहीं किया जा सकता है। स्मार्त धर्म के अनुकूल इसका वर्णन किसी २ धर्मशास्त्र में मिलता है वेदों में नहीं। इसलिये यह आश्रम अवैदिक है।

इहैव स्तं मा वियौष्टं विश्वमायुर्व्यश्नुतम् ।
क्रीडन्तौ पुत्रैर्नप्तृभिर्मोदमानौ स्वे गृहे ॥ १४।१।२२

अथर्ववेद के इस मन्त्र में ईश्वर वधू वर को आज्ञा देता है कि तुम दोनों इसी गृहस्थाश्रम में सर्वदा रहो, कदापि वियोग को प्राप्त मत हो, समस्त आयु का उपभोग करो, पुत्र और पौत्रों के साथ खेलते हुए अपने गृह में आनन्द पूर्वक जीवन व्यतीत करो। जब गृहस्थाश्रम में ही समस्त आयु बिताने का वैदिक आदेश है तो बानप्रस्थ और संन्यास फिर कहां रहा?

संन्यस्य सर्वकर्माणि कर्मदोषानपानुदन्।
नियतो वेदमभ्यस्य पुत्रैश्वर्ये सुखं वसेत्॥ ६।९५

मनु के इस पद्य में कहा है कि गृहस्थ सब कामों को छोड़कर प्राणायामादि से पापों का नाश कर के जितेन्द्रिय योगाभ्यासी होकर पुत्रों के ऐश्वर्य में आनन्द पूर्वक जीवन व्यतीत करे। इस से ग्राम के बाहर रहना ही मनु के सिद्धान्त में चतुर्थाश्रम है। अन्यथा—

एष धर्मोनुशिष्टोवो यतीनां नियतात्मनाम्।
वेदसंन्यासिकानान्तु कर्मयोगं निबोधत॥ ६।८६

इस पद्य में भगवान् मनु सामान्यतया यति धर्म कह कर "वेदसंन्यासिकानान्तु" ऐसा अलग क्यों लिखते? यहां पर संन्यासी दो विभागों में विभक्त किये जाते हैं। एक वे जो सामान्यतया केवल संन्यास वेष का धारण करके यत्र तत्र भ्रमण करते हैं, दूसरे वे जो विषय व्यावृत्त होकर ज्ञान योग के द्वारा अपना समय एकत्र रहकर ही व्यतीत करते हैं। इस कारण इस प्रकार के वेद संन्यासियों का ही वर्णन यहां पर अभिमत है। इस अवस्था में वानप्रस्थ और संन्यास दोनों ही व्यर्थ हैं। इसीलिये विदुर नीति में—

उत्पाद्यपुत्राननृणांश्च कृत्वा वृत्तिंच तेषां प्रविधाय काञ्चित्।
स्थाने कुमारीः प्रतिपाद्य सर्वा अरण्यसंस्थोऽथ मुनिर्बुभूषेत्॥१॥

ऐसा लिखा है। इस पद्य का अभिप्राय यह है कि मनुष्य को पहिले गृहस्थाश्रम में रहकर पुत्र उत्पन्न करने चाहिये। उन पर किसी प्रकार का ऋण नहीं छोड़ना चाहिये। उन के जीवन की कोई वृत्ति करनी चाहिये। कन्याओं का योग्य घरों में सम्बन्ध करना चाहिये। इतना काम करने पर बन में रहकर मुनि वृत्ति से जीवन व्यतीत करना चाहिये। यही वैदिक काल का आदर्श जीवन है।

जायमानोह वै ब्राह्मणस्त्रिभिर्ऋणैर्ऋणवाञ्जायते यज्ञेनदेवेभ्यः प्रजया पितृभ्यः स्वाध्यायेन ऋषिभ्यः।

इस श्रुति के प्रमाण से ब्राह्मण जब जन्म लेता है तब ऋषिऋण, देवऋण, पितृऋण, इन तीन ऋणों से ऋणवान होता है। इन ऋणों को बिना उतारे उसको घर छोड़ने का अधिकार नहीं है। इसीलिये—

ऋणानि त्रीण्यपाकृत्य मनो मोक्षे निवेशयेत् ।
अनपाकृत्य मोक्षन्तु सेवमानो व्रजत्यधः ॥ ६ । ३५
अधीत्य विधिवद्वेदान्पुत्रांश्चोत्पाद्य धर्मतः ।
इष्ट्वाच शक्तितो यज्ञैर्मनो मोक्षे निवेशयेत् ॥ ६ । ३६

ऐसा मनु ने लिखा है। ब्राह्मण को तीनों ऋणों से मुक्त होकर मोक्ष में मन लगाना चाहिये, ऐसा न करने पर मोक्षार्थी ब्राह्मण नरक में जाता है। विधिवत् वेद पढ़कर, धर्म से पुत्र पैदा करके शक्ति पूर्वक यज्ञ करता हुआ ब्राह्मण मोक्ष में मन लगावे यही नियम है।

अथ शालीनयायावराणामनपत्यानाम् ।१।३।
सप्तत्या ऊर्ध्वं संन्यासमुपदिशन्ति ।१।५।

बौधायन स्मृति के इस सूत्र में वृद्ध अनपत्य पुरुषों के लिये ७० वर्ष के अनन्तर संन्यास लेने का विधान है। पुत्र वालों के लिये नहीं, उनके लिये तो [पुत्रैश्वर्यैसुखं-वसेत्] ऐसा पहिले ही कहा गया है।

## स्मार्त यति धर्म

एककालं चरेद्भैक्षं न प्रसज्जेत विस्तरे ।
भैक्ष्ये प्रसक्तोहि यतिर्विषयेष्वपि सज्जति ॥ ६।५५
विधूमे सन्नमुसले व्यंगारे भुक्तवज्जने ।
वृत्ते शरावसम्पाते भिक्षां नित्यं यतिश्चरेत् ॥ ६।५६
अलाभे न विषादीस्याल्लाभेचैव न हर्षयेत् ।
प्राणयात्रिकमात्रःस्यान्मात्रासंगाद्विनिर्गतः ॥ ६।५७
अभिपूजितलाभांस्तु जुगुप्सेतैव सर्वशः ।
अभिपूजितलाभैश्च यतिर्मुक्तोपि बध्यते ॥ ६।५८
अल्पान्नाभ्यवहारेण रहः स्थानासनेन च ।
ह्रियमाणानि विषयैरिन्द्रियाणि निवर्तयेत् ॥ ६।५९

संन्यासी को चाहिये कि वह एक बार भोजन करे, बहुत से स्वादु पदार्थ न खावे, ऐसा करने से वह फिर भी विषयों में प्रवृत्त होजाता है। जब गृहों में धूम न

उठे मूसल का शब्द सुनाई न पड़े, चूल्हा ठण्डा पड़ जावे, मनुष्य भोजन कर चुकें, शकोरे बाहर गिर जावें, तब भिक्षा मांगने को जावे। न मिलने पर रुष्ट न हो, मिलने पर हर्षित न हो, प्राणयात्रा के लिये थोड़ा सा भोजन करे। सम्मान पूर्वक भिक्षा न ले, इस प्रकार देने वाले की निन्दा करे, थोड़ा सा भोजन करे, एकान्त देशमें निवास करे, इन्द्रियोंको विषयों से रोकता रहे स्मार्त संन्यासियों के लिये यही धर्म शास्त्रोक्त नियम है। इसीलिये

निःसङ्गता मुक्तिपदं यतीनां, संगादशेषाः प्रभवन्ति दोषाः।
आरूढयोगोपि निपात्यतेऽधः सङ्गेन योगी किमुताल्पसिद्धिः ॥१॥

ऐसा व्यास जी ने कहा है (प्रश्न) कलियुग में संन्यास लेना चाहिये या नहीं? (उत्तर) नहीं लेना चाहिये क्योंकि [कलौपञ्चविवर्जयेत्] ऐसा लिखकर पराशर ने उसका निषेध किया है। (प्रश्न) फिर शङ्कराचार्य ने संन्यास क्यों लिया? (उत्तर) वे मनुष्य नहीं थे साक्षात् शङ्करावतार थे--इसलिये उन पर यह प्रश्न निरर्थक है। (प्रश्न) क्या संन्यासी का आदर करना उचित है? (उत्तर) यदि ब्राह्मण जाति का संन्यासी गृह पर आवे तो उसका आतिथ्य करना चाहिये। यह गृहस्थ का धर्म है। परन्तु आजकल जो शूद्र या अन्त्यज कपड़ा रंग कर यत्र तत्र घूमते फिरते हैं– उनके लिये तो---

पाखण्डिनो विकर्मस्थान्वैडालव्रतिकाञ्छठान्।
दाम्भिकान्वकवृत्तींश्च वाङ्मात्रेणापि नार्चयेत् ॥ ४। ३०

यह मनु का पद्य ही पर्याप्त है। उनके आदर करने से उलटा अधर्म होता है। इस पद्य का व्याख्यान करते हुये कुल्लूक भट्ट ने [पाखण्डिनो वेदबाह्यव्रतलिंग-धारिणः शाक्यभिक्षुक्षपणकादयः] ऐसा साफ लिख दिया है। वर्तमान समय में संन्यासका जो रूपक दिखाई देता है वह बौद्ध भिक्षुओं का है। उनके यहां ही "मठ" बनाकर रहना त्रिपिटक आदि बौद्ध ग्रन्थों में मिलता है। श्रावक-और श्राविकाओं का जमघट भी उनके यहां ही प्रचलित है। अपने यहां तो—

वासे वहूनां कलहो भवेद्वार्ता द्वयोरपि।
एकएवचरेत्तस्मात्कुमार्याइव कङ्कणः ॥ १ ॥

यह श्रीमद्भागवत का पद्य ही मुनि जनों के लिये आदर्श मार्ग बतलाने वाला है। मठ बनवाकर रहना, झुन्ड के झुन्ड साथ लेकर चलना, स्त्री समाज में बैठकर उन से बात करना, धन एकत्र करके उसका मन माना उपभोग करना

आदि बातें यति धर्म से सर्वथा विपरीत हैं। ऐसा करने वाले मनुष्य ही पाखण्डी शब्द से मनु ने लिखे हैं।

भिक्षां च भिक्षवे दद्याद्विधिवद् ब्रह्मचारिणे ।

इस मनु के पद्य में "भिक्षु" पद ब्रह्मचारी के लिये प्रयुक्त है। भिक्षान्न भोजन उसी के लिये नियत है। यति शब्द वेद में प्रयत्न शील यतात्मा के लिये प्रयुक्त मिलता है। जो ऐसा नहीं है उसके लिये [ अयतिः श्रद्धयोपेत ] इत्यादि स्थलों में अयति-असंयतात्मा आदि पद प्रयुक्त मिलते हैं। इसलिये वैदिक प्रक्रिया में भिक्षु-यति आदि पद संन्यास बोधक नहीं है।

## प्रवृत्ति मार्ग और निवृत्ति मार्ग

संसार में मनुष्यों के लिये दो ही मार्ग नियत हैं। एक प्रवृत्तिमार्ग, दूसरा निवृत्ति मार्ग, इनका ही रूपान्तर श्रेय और प्रेय मार्ग है। यह दोनों मार्ग आदि सृष्टि में ब्रह्मा के मानस पुत्रों ने प्रकट किये हैं। सनक—सनन्दन—सनातन सनत्कुमार आदि अनेक बालखिल्य ऋषि आरम्भ से ही विषयों से "उदासीन" होकर निवृत्ति मार्ग के पथिक बने यह बात इतिहास प्रसिद्ध है। इसीलिये—[ उत्-ऊर्ध्वं-आसीनः ] यह निर्वचन उनमें घटता है। दूसरी ओर मरीचि अत्रि अंगिरा आदि ब्रह्मा जी के दश पुत्रों ने—प्रवृत्ति मार्ग का अनुगमन किया जिनके वंशज अठासी हजार ब्राह्मण गण-आज भी मिलते हैं। दोनों प्रकार के ब्रह्मा के इन पुत्रों में सब के सब मुनिव्रत धारण करने वाले मिलते हैं। वसिष्ठ के साथ अरुन्धती, अत्रि के साथ अनुसूया, गौतम के साथ अहल्या, अगस्त्य के साथ लोपा मुद्रा—आज भी गगन मण्डल में चमक रहीं हैं। इनमें से एक ने भी अपनी पत्नी का त्याग नहीं किया और सब के सब ये मन्त्र द्रष्टा ऋषि हुए। इसलिये—

शैशवेभ्यस्तविद्यानां यौवने विषयैषिणाम् ।
वार्द्धके मुनिवृत्तीनां योगेनान्ते तनुत्यजाम् ॥

यही भारतवर्षियों के लिये उच्चतर आदर्श है। मुनिव्रत और मुनिवृत्ति मानव जीवन का अन्तिम ध्येय है। वाण भट्ट कृत कादम्बरी में जावालि का आश्रम मुनिवृत का प्रत्यक्ष निदर्शन है। उसमें मुनिकुमार हारीत का वैशम्पायन के प्रति जो व्यवहार है—वह आजकल के सभ्य समाज में नहीं पाया जाता है। महर्षि वाल्मीकि अपने आश्रम में प्रसङ्ग प्राप्त श्री जानकी जी का आतिथ्य पूर्वक जो आश्वासन करते हैं—आज उसका गन्ध भी जन समाज में नहीं है। इसीलिये साधु मण्डल में कदाचार प्रवृत्त होरहा है। प्राचीन समय में ब्रह्मचारी के

अतिरिक्त यदि कोई (काषाय) वस्त्र पहिनता था तो उसको मनुष्य सशंक होकर देखते थे। रावणने संन्यास वेष लेकर ही सीता हरण किया, और अर्जुन ने सुभद्राहरण किया, जिसका निदर्शन रामायण और महाभारत है। इससे यह बात अनायास सिद्ध होती है कि काषाय वस्त्र धारण केवल विषय सामग्री को एकत्र करने के लिये ही पर्याप्त साधन है। इसलिये वर्तमान समय में सभ्य जनता को इससे अलग रहना चाहिये। गृहस्थ में रहकर भगवदर्चन के द्वारा भुक्ति और मुक्ति दोनों प्राप्त होती हैं। इसका प्रत्यक्ष उदाहरण श्रीमद्भागवत में राजा प्रियव्रत के प्रसङ्ग में उल्लिखित है। देखिये—

भयं प्रमत्तस्य वनेष्वपि स्याद्यतः स आस्ते सह षट् सपत्नः।
जितेन्द्रियस्यात्मरतेर्बुधस्य गृहाश्रमः किन्नु करोत्यवद्यम् ॥ १ ॥
गृहेष्वाविशतां वापि पुंसां कुशलकर्मणाम्।
मद्वार्तायातयामानां न बन्धाय गृहा मताः ॥ २ ॥

प्रमत्त पुरुष के लिये वन में भी कामादि का भय प्राप्त होता है, क्योंकि वह उन को घर से साथ लेकर ही चला है। जो मनुष्य आत्मरति और जितेन्द्रिय है, उसके लिये गृहस्थाश्रम बाधक नहीं है। घर में रहकर वेदोक्त कर्म करते हुये भगवच्चिन्तन में समय व्यतीत करने वाले सज्जनों को गृह बन्धन में गेरने वाले नहीं होते हैं। इसीबात को लक्ष्य में रखकर पराशरस्मृति में [ कलौपञ्च विवर्जयेत् ] ऐसा लिखा गया है। द्रव्यदान प्रसंग में—

धनानि तु यथाशक्ति विप्रेषु प्रतिपादयेत्।
वेदवित्सु विविक्तेषु प्रेत्य स्वर्गं समश्नुते ॥ ११। ६

मनु के इस पद्य की संगति लगाने के लिये पहिले पांच पद्य देखने चाहिये। जिनमें धनहीन स्नातकों को धन देने का विधान है। [ निःस्वेभ्योदेयमेतेभ्यः ११।२]

सर्वरत्नानि राजातु यथार्हं प्रतिपादयेत्। ११। ४

इन दो पद्यों के साथ इस पद्य का समन्वय करके प्रसंग जोड़ना चाहिये तब अर्थ ठीक बैठता है। राजा को चाहिये कि वह यथा शक्ति वेदज्ञ तथा विविक्त [पुत्रकलत्राद्यवसक्त ] ब्राह्मण को धन दे ऐसा करने से वह स्वर्ग जाता है। यहां पर ब्राह्मण को दान देने का विधान है। संन्यासी को नहीं, इसीलिये—

किमत्रहेयं कनकं च कान्ता सेव्यं सदा किं गुरु वेदवाक्यम् ॥ १ ॥

ऐसा श्री आद्यशङ्कराचार्य जी ने [प्रश्नोत्तरी] नामक निबन्ध में लिखा है। संन्यासी को कान्ता और कनक से सर्वदा अलग रहना चाहिये। आजकल का व्यवहार संन्यासियों में अपनी आचार्य की सदुक्ति से सर्वथा विपरीत है।

# धर्म विवेचन ।

इस परिच्छेद के आरम्भ में वर्ण धर्म और आश्रम धर्म को ही धर्म का आधार बतलाया गया था जिसका वर्णन यहां तक हुआ अब धर्म का विवेचन करना आवश्यक है। धर्म शब्द धृञ् धातु से बना है। धारण करना उसका मुख्य अर्थ है। •मीमांसकों के मत में (चोदनालक्षणोऽर्थोधर्मः) यह धर्म का लक्षण है। असत् मार्ग से हटाकर सत् मार्ग में प्रवृत्त करना चोदना शब्द का अर्थ है।

धर्मस्य शब्दमूलत्वादशब्दमनपेक्षं स्यात् ।

इस सूत्र में जैमिनिने धर्म को शब्द मूलक माना है। इसी कारण शब्द प्रमाण भूत वेद धर्म प्रतिपादन में प्रधान कारण है। [अक्षैर्मा दीव्यः कृषिमित्कृषस्व] इत्यादि मन्त्र इस के प्रत्यक्ष उदाहरण हैं। काणादों के मत में-

यतोभ्युदयनिःश्रेयससिद्धिः स धर्मः ।

यह धर्म का लक्षण है। सांसारिक अभ्युदय तथा पारलौकिक मोक्ष जिसके द्वारा प्राप्त हो वही धर्म माना जाता है। इसमें किसी को विप्रतिपत्ति नहीं है। हमारे मत में—

स्वरूपरक्षको धर्मः

यह धर्म का लक्षण है। आब्रह्मस्तम्ब पर्यन्त स्वरूप के बिना किसी भी द्रव्य का अवस्थान नहीं है। उसकी रक्षा यथावस्थितरूप से जिसके द्वारा हो वही धर्म है। उदाहरणार्थ वर्ण धर्म, आश्रम धर्म, स्त्री धर्म, पुरुषधर्म, गुरु धर्म, शिष्य धर्म, आदि अनेक धर्म हैं। इनकी यथा योग्य रक्षा करना धर्म का काम है। इसके विरुद्ध अपने स्वरूप से जो गिराता है उसको पातक कहते हैं। इसी बातको लक्ष्य में रखकर वेदव्यास ने महाभारत के कर्णपर्व में—

धारणाद्धर्ममित्याहुर्धर्मो धारयते प्रजाः ।
यत्स्याद्धारणसंयुक्तं स धर्म इति निश्चयः ॥ ६९।५९

ऐसा लिखा है इसका अर्थ यह है कि धारण से धर्म कहा जाता है, धर्म ही प्रजा को धारणा करता है जो धारणात्मक शक्ति से युक्त हो वही निश्चय धर्म है। यहां पर धर्म दो विभागों में विभक्त है। एक सामान्य धर्म दूसरा विशेष धर्म ? सामान्य धर्म जातिमात्रव्यापक होता है और विशेष धर्म स्वरूप रक्षक होता है। आत्मा के साथ धर्म के अतिरिक्त संसार में अन्य कोई पदार्थ नहीं जाता है। देखिये—

मृतं शरीरमुत्सृज्य काष्ठलोष्ठसमं क्षितौ ।
विमुखा बान्धवा यान्ति धर्मस्तमनुगच्छति ॥ ४।२४२

नामुत्रहि सहायार्थं पिता माता च तिष्ठतः ।
न पुत्रदारा न ज्ञातिर्धर्मस्तिष्ठति केवलः ॥ ४।२३९
तस्मान्नित्यं सहायार्थं धर्मं सञ्चिनुयाच्छनैः ।
धर्मेण हि सहायेन तमस्तरति दुस्तरम् ॥ ४।२४२

बान्धव मरे हुये शरीर को ढेले की तरह फेंककर विमुख चले जाते हैं परन्तु धर्म साथ जाता है। परलोक में धर्म के अतिरिक्त पिता माता भाई स्त्री कोई भी नहीं जाता है। इसलिये मनुष्य को चाहिये कि वह धीरे २ धर्म का संचय करे, धर्म के अवलम्ब से ही वह दुःख से पार होजाता है। महाराज मुञ्ज ने राज्य लोभ से जब भोज को मारने की चेष्टा की थी तब भोज ने अपने रुधिर से एक श्लोक लिखकर उनके पास भेजा जो इस प्रकार है।

वाताभ्रविभ्रममिदं वसुधाधिपत्यमापातमात्रमधुरो विषयोपभोगः ।
प्राणास्तृणाग्रजलविन्दुसमा नराणां धर्मः सखा परमहोपरलोकयाने ॥१॥

इसका अर्थ यह है कि संसार में राज्य भोग बादल की छाया के समान चंचल है, विषय सुख नाम मात्र के लिये ही मधुर है वास्तवमें नहीं ? जीवन तृणाग्र जल बिंदु के समान क्षणभंगुर है, केवल धर्म ही एक ऐसा है जो परलोक में साथ देता है। इस पद्य को देखकर मुञ्ज भोज को राज्य देकर बन को चला गया। धार्मिक सज्जनों को चाहिये कि वह कदापि धर्म को न छोड़ें।

न जातु कामान्न भयान्न लोभाद्धर्मं त्यजेज्जीवितस्यापि हेतोः ॥२॥

विदुर नीति के इस आदेशानुसार काम से भय से लोभ से तथा जीवनेच्छा से भी अपना धर्म नहीं छोड़ना चाहिये। [ स्वधर्मे निधनं श्रेयः परधर्मो भयावहः ] भगवद्गीता के इस कथनानुसार अपने धर्म में मरना भी अच्छा है और दूसरे का धर्म अच्छा होने पर भी बुरा है। हमभी यहां पर भगवान से यही प्रार्थना करते हैं कि-

सपदि विलयमेतु राज्यलक्ष्मीरुपरिपतन्त्वथवा कृपाणधाराः ।
अपहरतु तरां शिरः कृतान्तो ममतु मतिर्नमनागपैतु धर्मात् ॥३॥

मुनिवरटीकारामप्रस्तुतसंकल्पपूरके ग्रन्थे ।
पूर्त्तिं प्रयाति पञ्चम उल्लासोयं हृदन्तरोल्लासः ॥१॥

इतिश्रीमदखिलानन्दशर्मप्रणीते
वैदिक सत्यार्थप्रकाशे
पञ्चमः समुल्लासः

—※—

# षष्ठः समुल्लासः

## राजन्य सूक्तम्

अथर्व वेद के चतुर्थ काण्ड में बाईसवां राजन्यसूक्त है। ब्राह्मण गण राजाकी वृद्धि के लिये इन मन्त्रों से ईश्वर की प्रार्थना करते हैं। मन्त्र इस प्रकार हैं।

इममिन्द्र ! वर्धय क्षत्रियं मे इमं विशामेकवृषं कृणु त्वम्।
निरमित्रानक्ष्णुहि—अस्य सर्वान् तान्रन्धयास्मा अहमुत्तरेषु ॥१॥

हे इन्द्र ! तुम इस हमारे क्षत्रिय को बढ़ाओ; प्रजा के ऊपर इस को एकमात्र अधिपति बनाओ, इसके समस्त शत्रुओं को नष्ट करो, उनको नष्ट कर इसका ऐश्वर्य बढ़ाओ।

एमं भज ग्रामे अश्वेषु गोषु निष्टम्भज यो अमित्रो अस्य।
वर्ष्म क्षत्राणामयमस्तु राजा इन्द्र ! शत्रुं रन्धय सर्वमस्मै ॥२॥

हे इन्द्र ! इसके ग्राम की, अश्वों की, और गौओं की तुम रक्षा करो। जो इस का अमित्र ( शत्रु ) है उसको ध्वस्त करो। यह हमारा राजा अन्य समस्त जनों का रक्षक बने। इसके सब शत्रुओं का तुम मर्दन करो।

अयमस्तु धनपतिर्धनानां अयं विशां विश्पतिरस्तु राजा।
अस्मिन्निन्द्र महि वर्चांसि धेहि अवर्चसं कृणुहि शत्रुमस्य ॥३॥

हे इन्द्र ! तुम हमारे इस राजा को समस्त धन का अधिपति करो। प्रजामात्र पर इसका आधिपत्य करो। समस्त तेज इसमें आविष्ट करो। और इसके शत्रु को तेज रहित करो।

अस्मै द्यावापृथिवी भूरि वामं दुहाथां धर्मदुघे इव धेनू।
अयं राजा प्रिय इन्द्रस्य भूयात् प्रियो गवामोषधीनां पशूनाम् ॥४॥

इस हमारे राजा के लिये द्युलोक और पृथिवी लोक दोनों कामधेनु की तरह (वाम) सुन्दर सुख की वृष्टि करें। यह राजा इन्द्र के लिये प्रिय हो। और गौ ओषधी और अन्य पशु इस से प्रेम करें।

युनज्मि ते उत्तरावन्तमिन्द्रं येन जयन्ति न पराजयन्ते।
यस्त्वाकरदेकवृषं जनानां उत राज्ञामुत्तमं मानवानाम् ॥५॥

हे राजन् ! हम बलवान इन्द्र को आपका पक्षपाती बनाते हैं। जिस से सब जय को प्राप्त होते हैं। पराजित नहीं होते हैं। जिस इन्द्र ने आपको मनुष्यों पर एक मात्र अधिपति बनाया है और जिसने अन्य राजाओं में भी आपको उत्तम बनाया है।

उत्तरस्त्वमधरे ते सपत्ना ये केच राजन्प्रतिशत्रवस्ते ।
एकवृष इन्द्रसखा जिगीवान् शत्रूयतामाभरा भोजनानि ॥६॥

हे राजन् ! आप सब में उत्तम हों, आप के शत्रु आप से हर बात में नीचे हों, और जो आपके शत्रुओं के मित्र हैं वह अधोगति को प्राप्त हों, आप बलवान हों, इन्द्र के मित्र हों, जयशील हों, और शत्रुता रखने वालों का भोजन नष्ट करें।

सिंहप्रतीको विशो अद्धि सर्वा व्याघ्रप्रतीक अववाधस्व शत्रून् ।
एकवृष इन्द्रसखा जिगीवान् शत्रूयतामाखिदा भोजनानि ॥७॥

हे राजन् ! आप सिंह के समान समस्त प्रजाजनों पर आधिपत्य प्राप्त करें, व्याघ्र के समान शत्रुओं पर आक्रमण करें, ( शेषं पूर्ववत् ) इस प्रकार की प्रार्थना जब ईश्वर से ब्राह्मण गण करते थे तब भारत में क्षत्रियों का एकच्छत्र राज्य था। आज वह बात नहीं है इसका कारण ( परस्परं भावयन्तः ) का अभाव है।

## राजा की मंगल कामना।

आ ब्रह्मन् ! ब्राह्मणो ब्रह्मवर्चसी जायताम् । आराष्ट्रे राजन्यः शूर इषव्यो-ऽतिव्याधीमहारथो जायताम् । दोग्ध्री धेनुर्वोढानड्वानाशुः सप्तिः । पुरन्धिर्योषा जिष्णूरथेष्ठाः । सभेयो युवास्य यजमानस्य वीरो जायताम् । निकामे निकामे नः पर्जन्यो वर्षतु । फलवत्यो न ओषधयः पच्यन्ताम् । योगक्षेमो नः कल्पताम् ॥ २२ । २२ ॥

यजुर्वेद में इस मन्त्र के पूर्वार्द्ध से राजा ईश्वर से प्रार्थना करता है कि हे ब्रह्मन् ! हमारे राष्ट्र में ब्राह्मण ब्रह्मवर्चस्वी हों। क्षत्रिय शूर हों, वाण चलाने वाले हों शत्रुओं पर विजय प्राप्त करने वाले हों, रथी और अर्धरथी न होकर महारथी हों, धेनु दुग्ध देने वाली हों, वृषभ भारवहन योग्य हों, रथ में बैठने वाले जयशील हों, [ अब उत्तरार्द्ध से ब्राह्मण गण ईश्वर से प्रार्थना करते हैं ] हे ब्रह्मन् ! इस हमारे राजा का पुत्र सभा में बैठने योग्य विद्वान् और संग्राम में विजय प्राप्त करने वाला वीर हो, समय २ पर राज्य में मेघ वर्षा करें, ओषधि वर्ग फलवान् हो, और इस राजा के द्वारा हमारा योगक्षेम हो। [ अलब्धलाभोयोगः । लब्धस्यपरिपालनं क्षेमः ] इस प्रकार की संयुक्त प्रार्थना जब तक न होगी तब तक मंगल होना असम्भव है।

# राज्याभिषेक

इमं देवा असपत्नं सुवध्वं महते क्षत्राय,
महते ज्यैष्ठ्याय जानराज्यायेन्द्रस्येन्द्रियाय।
इम मनुष्यपुत्रममुष्यैपुत्रमस्यै विश एष वोमी राजा,
सोमोऽस्माकं ब्राह्मणानां राजा ॥ ९। ४०

यह यजुर्वेद का मन्त्र है। राजा जिस समय राज्य सिंहासन पर बैठता है उस समय ब्राह्मण राजा के लिये प्रार्थना करते हैं कि हे देव गणो! तुम इस राजा को शत्रु रहित करो, (क्यों?) क्षात्र धर्म की वृद्धि के लिये, महत्व प्राप्त करने के लिये, मनुष्यों पर आधिपत्य प्राप्त करने के लिये, और ऐश्वर्य भोगने के लिये! इस राजा को और इसके पुत्र युवराज को भी इसी प्रकार का बनाओ!! इतना कहकर ब्राह्मण प्रजा को सम्बोधित करके कहते हैं कि हे विशः! तुम्हारा यह राजा है, और हमारा राजा सोम है। (उमया सहितः सोमः) हमारे ऊपर केवल ईश्वर का ही शासन हो सकता है अन्य किसी का नहीं। इस वैदिक प्रार्थना से वेद में राजा का होना अनादि काल सिद्ध है।

इन्द्रानिलयमार्काणामग्नेश्च वरुणस्य च।
चन्द्रवित्तेशयोश्चैव मात्रा निर्हृत्य शाश्वतीः ॥ ७। ४
यस्मादेषां सुरेन्द्राणां मात्राभ्यो निर्मितोनृपः।
तस्मादभिभवत्येष सर्वभूतानि तेजसा ॥ ७। ५
बालोपि नावमन्तव्यो मनुष्यइति भूमिपः।
महती देवताह्येषा नररूपेण तिष्ठति ॥ ७। ८
एकमेवदहत्यग्निर्नरं दुरुपसर्पिणम्।
कुलं दहति राजाग्निः सपशुद्रव्यसंचयम् ॥ ७। ९
यस्यप्रसादे पद्माऽऽस्ते विजयश्च पराक्रमे।
मृत्युश्चवसति क्रोधे सर्वतेजोमयोहिसः ॥ ७। ११

मनु के इन पद्यों का अर्थ यह है कि ईश्वर ने इन्द्र वायु यम- सूर्य-अग्नि वरुण-चन्द्रमा-कुबेर इन आठ देवगणों की मात्रा (अंश) लेकर इस लोक में राजा को बनाया। राजा देवांश प्रसूत होने के कारण अपने तेज से सब को दबाता है। राजा को छोटा समझ कर उसका अपमान नहीं करना चाहिये, क्योंकि नर रूप में आकर वह देवांश रूप राजा भूमण्डल पर शासन करता है। अग्नि जिसको

।रता है, उसको अकेला नष्ट कर देता है। परन्तु राजा जिस पर रुष्ट होता है, उसका सर्वस्व नष्ट करता है। जिसकी प्रसन्नता में लक्ष्मी बल में विजय और क्रोध में मृत्यु बसता है वह राजा समस्त तेजोमय समझना चाहिये।

## राजा की नित्यता

ध्रुवा द्यौर्ध्रुवा पृथिवी ध्रुवं विश्वमिदं जगत्।
ध्रुवासः पर्वता इमे ध्रुवो राजा विशामयम्॥ ६। ८८। १
ध्रुवं ते राजा वरुणो ध्रुवं देवो बृहस्पतिः।
ध्रुवं त इन्द्रश्चाग्निश्च राष्ट्रं धारयतां ध्रुवम्॥ ६। ८८। २

अथर्ववेद के इन दो मन्त्रों में राजा नित्य माना गया है। मन्त्र कहता है कि द्युलोक ध्रुव (नित्य) है, पृथ्वी नित्य है, यह समस्त संसार नित्य है, पर्वत नित्य है, जब ये सब नित्य हैं तब इन पर शासन करने वाला राजा भी नित्य ही है। उसके लिये वरुण बृहस्पति, इन्द्र, और अग्नि ये सब देवगण--राष्ट्रधारण करने की ध्रुव शक्ति दें। इन दो मन्त्रों से यह अवगत होता है, कि वेदों में राजा के सार्वकालिक शासन का वर्णन है।

## राज सभा

उत्थाय पश्चिमे यामे कृतशौचः समाहितः।
हुताग्निर्ब्राह्मणानर्च्य प्रविशेत्स शुभां सभाम्॥ ७। १४५
तत्र स्थितः प्रजाः सर्वाः प्रतिनन्द्य विसर्जयेत्।
विसृज्यच प्रजाः सर्वा मन्त्रयेत्सह मन्त्रिभिः॥ ७। १४६
सभां वा न प्रवेष्टव्यं वक्तव्यं वासमञ्जसम्।
अब्रुवन्विब्रुवन्वापि नरो भवति किल्बिषी॥ ८। १३

मनु के इन श्लोकों का अभिप्राय यह है कि राजा को चाहिये कि वह रात्रि के चतुर्थ प्रहर में उठकर शौच स्नानादि से निवृत्त होके पहिले ब्राह्मणों का पूजन करे। तदनन्तर राज सभा में प्रवेश करे। वहां पर उपस्थित प्रजाजनों को धन्यवाद के साथ विदा करके मन्त्रियों के साथ आवश्यक विषयों पर विचार करे। सद्स्यों को या तो सभा में जाना नहीं चाहिये यदि जावें तो वहां सत्य बोलें। न बोलने पर अथवा झूंठ बोलने पर दोनों अवस्थाओं में मनुष्य पाप का भागी होता है।

## वेद में सभा का वर्णन

अथर्ववेद के पन्द्रहवें काण्ड में नवम सूक्त तथा सप्तम काण्ड में बारहवां सूक्त सभा वर्णन परक है। हम दोनों सूक्तों के कुछ मन्त्र यहां पर उपस्थित करते हैं।

स विशोऽनु व्यचलत् ।१। तं सभाच समितिश्च सेनाच सुराच अनुव्यचलन् ।२। सभायाश्च वै समितेश्च सेनायाश्च सुरायाश्च प्रियं धाम भवति य एवं वेद । १५।९।३

इन मन्त्रों का अर्थ इस प्रकार है। वह ब्रह्म नामक विराट् पुरुष राजन्य बन कर प्रजा में प्रविष्ट हुआ। उसके पीछे सभा समिति सेना और सुरा चली। जो इस बात का रहस्य समझता है वह सभा समिति सेना सुरा इन चारों का प्यारा बन जाता है।

विद्म ते सभे नाम नरिष्टा नाव वा असि।
येते केच सभासदस्ते मे सन्तु सवाचसः ॥ ७।१२।२
एषामहं समासीनानां वर्चो विज्ञानमाददे।
अस्याः सर्वस्याः संसदो मामिन्द्र ! भागिनं कृणु ॥ ७।१२।३

इन दो मन्त्रों का अर्थ इस प्रकार है। सभ्य कहते हैं कि हे सभे! हम तेरा न्वर्थ नाम जानते हैं। ( सम्यग्भाति या सा सभा ) अथवा तेरा नाम नरिष्ठा है। [ नरास्तिष्ठन्ति यस्यां सा नरिष्ठा ] जो तेरे अन्दर सभासद आवें वे सुन्दर वाणीसे युक्त हों। सभा में विद्यमान सभासदों का तेज और विज्ञान हमको प्राप्त हो। सभापति कहता है कि हे इन्द्र! इन समस्त सभाओं का तुम मुझे सभापति बनाओ। इस प्रकार वेद में राजसभा का वर्णन मिलता है।

## सहयोग

यत्र ब्रह्मच क्षत्रंच सम्यञ्चौ चरतः सह । २०।२५

यजुर्वेद के इस मन्त्र में ब्राह्मण और क्षत्रिय का सहयोग मिलता है। शरीर में शिरोभाग ब्राह्मण है और बाहुभाग क्षत्रिय है।

ऊर्ध्वं नाभेर्मेध्यतरः पुरुषः परकीर्तितः । १।९२

मनु के इस प्रमाण से नाभि के ऊपर होने के कारण ये दोनों भाग पवित्र हैं। इसी कारण व्यावहारिक सत्ता में ब्राह्मण और क्षत्रिय का प्रायः सहयोग मिलता है।

नाब्रह्म क्षत्रमृध्नोति नाक्षत्रं ब्रह्मवर्धते ।
ब्रह्म क्षत्रंच संपृक्तमिह चामुत्र वर्धते ॥ ९।३२२

मनु के मत में बिना ब्राह्मण के क्षत्रिय और बिना क्षत्रिय के ब्राह्मण वृद्धि को प्राप्त नहीं होता है। जहां पर क्षात्र तेज और ब्राह्म तेज दोनों मिलकर काम करते हैं वहीं पर समृद्धि उपस्थित होती है।

## राजा का कर्तव्य

ब्राह्मं प्राप्तेन संस्कारं क्षत्रियेण यथाविधि ।
सर्वस्यास्य यथान्यायं कर्तव्यं परिरक्षणम् ॥ ७।२

क्षत्रियस्य परोधर्मः प्रजानामेवपालनम् ।
निर्दिष्टफलभोक्ताहि राजा धर्मेण युज्यते ॥ ७।१४४

ब्राह्मणान्पर्युपासीत प्रातरुत्थाय पार्थिवः ।
त्रैविद्यवृद्धान्विदुषस्तिष्ठेत्तेषां च शासने ॥ ७।३७

वृद्धांश्च नित्यं सेवेत विप्रान्वेदविदः शुचीन् ।
वृद्धसेवी हि सततं रक्षोभिरपि पूज्यते ॥ ७।३८

तेभ्योधिगच्छेद्विनयं विनीतात्मापि नित्यशः ।
विनीतात्माहि नृपतिर्न विनश्यति कर्हिचित् ॥ ७।३९

मनु के मत में विधि पूर्वक वेद पढ़कर राजा को अपने राज्य में प्रजा की रक्षा करनी चाहिये। क्योंकि क्षत्रिय का परम धर्म प्रजा पालन ही है। अपने धर्म का पालन करने वाला क्षत्रिय स्वर्गादि उत्तम फलों को भोगता है। राजा प्रातः काल उठकर ब्राह्मणों का दर्शन करे और उनके आदेश का सर्वदा पालन करे। वेदज्ञ-वृद्ध-ब्राह्मणों का नियमपूर्वक आदर करके स्वयं विनीत होने पर भी ब्राह्मणों से विनय की शिक्षा ग्रहण करे क्योंकि विनीत राजा कदापि नष्ट नहीं होता है।

समोत्तमाधमैराजा त्वाहूतः पालयन्प्रजाः ।
न निवर्तेत संग्रामात्क्षात्रं धर्ममनुस्मरन् ॥ ७।८७

म्रियमाणोप्याददीत न राजा श्रोत्रियात्करम् ।
नच क्षुधास्य संसीदेच्छ्रोत्रियो विषये वसन् ॥ ७।१३३

जातिजानपदान्धर्मान्श्रेणीधर्मांश्चधर्मवित् ।
समीक्ष्य कुलधर्मांश्च स्वधर्मं प्रतिपादयेत् ॥ ८।४१

द्यूतं समाह्वयं चैव यः कुर्यात्कारयेत वा ।
तान्सर्वान्घातयेद्राजा शूद्रांश्च द्विजलिङ्गिनः ॥ ९।२२४

परामप्यापदं प्राप्तो ब्राह्मणान्न प्रकोपयेत् ।
ते ह्येनं कुपिता हन्युः सद्यः सबलवाहनम् ॥ ९।३१३

आरभेतैव कर्माणि श्रान्तः श्रान्तः पुनः पुनः।
कर्माण्यारभमाणं हि पुरुषं श्रीर्निषेवते ॥ ९।३००

मनु के मत में राजा को युद्ध निमन्त्रण आने पर प्रजा पालन का प्रबन्ध करके युद्ध से विमुख न होना चाहिये। दरिद्र होने पर भी श्रोत्रिय ब्राह्मण से कदापि कर न लेना चाहिये और किसी विद्वान ब्राह्मण को अपने राज्य में भूखा न रखना चाहिये। देश धर्म, जाति धर्म, कुल धर्म की, रक्षा करते हुए अपने धर्म का पालन करना चाहिये। जुआ खेलने वालों को तथा यज्ञोपवीत आदि द्विजवेष धारण करने वाले शूद्रों को फांसी देना चाहिये आपत्ति आने पर भी ब्राह्मण को रुष्ट न करना चाहिये क्योंकि ब्राह्मण कुपित होकर बल और बाहन सहित राजा का नाश करता है। बार २ थकने पर भी राजा को अपना कर्तव्य न छोड़ना चाहिये क्योंकि सर्वदा कर्म में प्रवृत्त पुरुष को अवश्य लक्ष्मी प्राप्त होती है।

## मन्त्रि मण्डल

मौलाञ्छास्त्रविदः शूरांल्लब्धलक्षान्कुलोद्भवान् ।
सचिवान्सप्तचाष्टौवा प्रकुर्वीत परीक्षितान् ॥ ७।५४
तैः सार्द्धं चिन्तयेन्नित्यं सामान्यं सन्धिविग्रहम् ।
स्थानं समुदयं गुप्तिं लब्धप्रशमनानि च ॥ ७।५६
सर्वेषां तु विशिष्टेन ब्राह्मणेन विपश्चिता ।
योजयेत्परमं मन्त्रं राजा षाड्गुण्यसंयुतम् ॥ ७।५८
नित्यं तस्मिन्समाश्वस्तः सर्वकार्याणि निःक्षिपेत् ।
तेन सार्धं विनिश्चित्य ततः कर्म समारभेत् ॥ ७।५९
निवर्तेतास्य यावद्भिरितिकर्तव्यता नृभिः ।
तावतोऽतन्द्रितान्दक्षान्प्रकुर्वीत विचक्षणान् ॥ ७।६१

कुल परम्परा से आए हुये शास्त्रज्ञ, शूर, युद्ध विद्या विशारद, कुलीन, सात अथवा आठ मन्त्रियों का प्रबन्ध करे। उनके साथ प्रतिदिन सन्धि विग्रह यान आदि विषयों

पर विचार करे। इन सब में ब्राह्मण को प्रधान मन्त्री बनावे और प्रधान विषयों में ब्राह्मण मन्त्री से ही परामर्श ले। ब्राह्मण मन्त्री पर समस्त कार्य भार छोड़कर उसकी सलाह से ही सब काम करे। जितने मन्त्रियों से काम चल सकता हो उतने ही कुलीन निरालस्य चतुर मन्त्री एकत्र करे।

## सेना का प्रबन्ध

सेनापतिबलाध्यक्षौ सर्वदिक्षु निवेशयेत्।
यतश्च भयमाशंकेत्प्राचीं तां कल्पयेद्दिशम्॥ ७।१८९
स्यन्दनाश्वैः समेयुध्येदनूपे नौद्विपैस्तथा।
वृक्षगुल्मावृते चापैरसिचर्मायुधैः स्थले॥ ७।१९२
कुरुक्षेत्रांश्च मत्स्यांश्च पाञ्चालान्शूरसेनजान्।
दीर्घाल्लघूंश्चैव नरानग्रानीकेषु योजयेत्॥ ७।१९३

हाथी घोड़े रथ और पैदल इनका सञ्चालक सेनापति कहा जाता है। ऐसे दस पत्तिकों पर एक सेनापति होता है। दश सेनापतियों पर बलाध्यक्ष होता है। इन सेनापति और बलाध्यक्षों को चारों दिशाओं में लगाकर राजा जिधर से अधिक भय हो वहीं पूरा प्रबन्ध करे। बराबर की जमीन पर रथ और घोड़ों की सेना से लड़े। जल प्राय (अनूप) देश में नाव और हाथियों से लड़े। तलवार और ढाल लेकर जमीन पर लड़े। कुरुक्षेत्र मत्स्यप्रान्त पञ्चाल (एटा इटावा मैनपुरी) और शूरसेन (ब्रजमण्डल) के रहने वाले लम्बे और मोटे पहलवानों को सेना के अग्रभाग में (मोर्चे पर) नियुक्त करे।

## वेद में सेना वर्णन

अथर्ववेद के ग्यारहवें काण्ड में नवम दशम सूक्त सेना वर्णन परक है। उसमें सेनापति और बलाध्यक्ष का नाम "अर्बुदि" और "न्यर्बुदि" है। दस करोड़ सेना का संचालक "अर्बुद" कहाता है और दस अर्बुद सेना का सञ्चालक "न्यर्बुदि" कहाता है। दोनों सूक्तोंमें सेना के अवयवों का वर्णन है। परशु धनुर्बाण, अग्नि जिह्व, धूमशिख, ध्वजा, अयोमुख, सूचीमुख, विकंकत, कवच, त्रिषंधि वज्र आदि शस्त्रों का जादू के द्वारा प्रयोग करना भी इन मन्त्रों में लिखा है हम यहांपर दोनों सूक्तों के मन्त्र उपस्थितकरते हैं।

उत्तिष्ठत सन्नह्यध्वं मित्रा देवजना यूयम्।
संदृष्टा गुप्ता वः सन्तु यानोऽमित्राण्यर्बुदे॥ ११।९।२

उत्तिष्ठत आरभेथां आदानसंदानाभ्याम् ।
अमित्राणां सेना अभिधत्तं अर्बुदे ॥ ३ ॥
अर्बुदिर्नाम योदेव ईशानश्च न्यर्बुदिः ।
याभ्यामन्तरिक्षमावृतमियं च पृथिवी मही ॥
ताभ्यामिन्द्र मेदिभ्यामहं जितमन्वेमि सेनया । ४
उत्तिष्ठ त्वं देवजन ! अर्बुदे ! सेनया सह ।
भञ्जन्नमित्राणां सेनां भोगेभ्यः परिवारय ॥ ५

कौशिक सूत्र के आधार पर इन मन्त्रों का अर्थ इस प्रकार है। सेनापति कहता है कि हे वीरो ! उठो ! तैय्यार होजाओ ! आप सब मित्र पक्ष के भेजे हुये हो हे अर्बुदे ! आप को तैयार देखकर हमारे शत्रु की सेना भाग जावे। उठो ! आरम्भ करो ! ले देकर शत्रु सेना के वीरों को अपने वश में करो। ईशान कोण पर विद्यमान अर्बुदि और न्यर्बुदि [ जिसने कि अपने प्रयोग जादू से जमीन और आसमान को एक आर से काबू में किया है ] उन दोनों को साथ लेकर मैं अपने शत्रु पर इन्द्र लोक तक युद्ध करूंगा। हे दिव्य गुण युक्त अर्बुदे ! तू सेना के साथ उठ, शत्रुओं की सेना को पीसता हुआ तू समस्त भोगों से हटा दे।

उद्वेपय त्वमर्बुदे ! अमित्राणाममूः सिचः ।
जयांश्च जिष्णूश्चामित्रा—ञ्जयतामिन्द्रमेदिनौ ॥ ११।९।१८
अग्निजिह्वा धूमशिखा जयन्तीर्यन्तु सेनया ।
तयार्बुदे ! प्रणुत्तानामिन्द्रो हन्तु वरं वरम् ॥ १९
उत्कसंतु हृदयानि ऊर्ध्वः प्राण उदीषतु ।
शौष्कास्यमनुवर्ततामिमित्रान्मोत मित्रिणः ॥ २१
तेषां सर्वेषामीशाना उत्तिष्ठत ।
सन्नह्यध्वं मित्रादेवजना यूयम् ।
इमं संग्रामं सञ्जित्य यथालोकं वितिष्ठध्वम् ॥ २६

हे अर्बुदे ! तू शत्रुओं की सेना को [ वायवीयास्त्र ] से कम्पायमान कर, इन्द्र और मेदि दोनों मिलकर जीतने वालों को भगादे। अग्निजिह्व और धूमशिख वीर जीतने वाली सेना को साथ लेकर चलें। हे अर्बुदे ! इस सेना से घेरे हुये शत्रुओं में से इन्द्र वीरों को चीन २ कर मारदे। हमारे शत्रुओं के हृदय जकड़ जावें। प्राण निकल जावे, मुख सूख जावे। हे समस्त सेना के वीरो ! उठो ! तैयार होजाओ ! ! आप

हमारे मित्रों के प्रतिनिधि हैं। इस संग्राम को जीतकर अपने २ गृहों में जाकर आनन्द करो।

उत्तिष्ठत ! सन्नह्यध्वमुदाराः केतुभिः सह ।
सर्पाइव रजना रक्षांसि-अमित्राननु धावत ॥ १०।१०।१
ये अन्तरिक्षे ये दिवि पृथिव्यां ये च मानवाः ।
त्रिषन्धेस्ते चेतसि दुर्नामान उपासताम् ॥ २
उत्तिष्ठ त्वं देवजन ! अर्बुदे ! सेनया सह ।
अयं वलिर्व आहृतस्त्रिषन्धेराहुतिः प्रिया ॥ ५
धूमाक्षी संपततु कृधुकर्णीच क्रोशतु ।
त्रिषन्धैः सेनया जिते अरुणाः सन्तु केतवः ॥ ७
येनासौ गुप्त आदित्य उभाविन्द्रश्च तिष्ठतः ।
त्रिषन्धिं देवा अभजन्त ओजसे च बलाय च ॥ ११
सर्वे देवा अत्यायन्ति ये अश्नन्ति वषट्कृतम् ।
इमां जुषध्वमाहुतिं इतो जयत मामुऽतः ॥ १४
सर्वे देवा अत्यायन्तु त्रिषन्धेराहुतिः प्रिया ।
संधां महतीं रक्षत ययाग्रे असुरा जिताः ॥ १५

उठो ! सन्नद्ध हो जाओ !! झण्डे लेकर खड़े हो !!! पन्नग, यक्ष, राक्षस सब मिलकर शत्रुओं पर प्रहार करो। अन्तरिक्ष में, द्युलोक में, पृथिवी में जितने देव गण और मनुष्य हैं वे सब त्रिषन्धि के चित्त में गुप्त रूप से प्रविष्ट हों। हे अर्बुदे ! तू सेना के साथ उठ ! तेरे लिये यह बलि दिया गया है। धूमाक्षी और कृधुकर्णी इस नाम की दोनों कृत्या ( जादू ) त्रिषन्धि की सेना के द्वारा शत्रु सेना जीतने पर उन पर टूट पड़ें तथा शब्द करें। और अपने पक्ष के सब झण्डे अरुण ( लालवर्ण ) कर दिये जावें। जिसने इन्द्र और आदित्य इन दोनों को छिपा दिया है ( दिन में अन्धकार कर दिया है ) उसको त्रिषन्धि के द्वारा ओज और बल के लिये, देवगण प्राप्त करें। वषट्कार के द्वारा त्रिषन्धि में जिन देवताओं के लिये बलि दिया गया है, वे हमारी आहुति लेकर हमारे पक्ष का विजय करें, शत्रुपक्ष का नहीं। त्रिषन्धिकी प्रिय आहुति को लेने के लिये सब देवगण आवें, और हमारी बड़ी भारी प्रतिज्ञा की रक्षा करें, जिससे पूर्वकाल में असुर मारे गये थे।

वायुरमित्राणां इष्वग्राणि अञ्चतु ।
इन्द्र एषां बाहून्प्रतिभनक्तु मा शकन्प्रतिधामिषुम् ॥

आदित्य एषामस्त्रं विनाशयतु ।
चन्द्रमा युतां अगतस्य पन्थाम् ॥ ११।१०।१६
क्रव्यादानुवर्तयन्मृत्युना च पुरोहितम् ।
त्रिषन्धे प्रेहि सेनया जयामित्रान्प्रपद्यस्व ॥ १८
त्रिषन्धे ! तमसा त्वममित्रान्परिवारय ।
पृषदाज्यप्रणुत्तानां माऽमीषां मोचि कश्चन ॥ १९
शितिपदी सम्पततु अमित्राणाममूः सिचः ।
मुह्यन्त्वद्यामूः सेना अमित्राणां न्यर्बुदे ! २०
यश्च कवची यश्चाकवचोऽमित्रो यश्चाज्मनि ।
ज्यापाशैः कवचपाशैरज्मनाभिहतः शयाम् ॥ २२
ये रथिनो ये अरथा असादा येच सादिनः ।
सर्वानदन्तु तान्हतान्गृध्राः श्येनाः पतत्रिणः ॥ २४

वायव्यास्त्र शत्रुओं के प्राणाग्रों को मोड़ दे, ऐन्द्रास्त्र शत्रुओं के बाहुओं को काटदे जिससे वे दुबारा बाणसंधान न कर सकें, आदित्यास्त्र शत्रुओं के अस्त्रों को काट दे, सौम्यास्त्र चलते हुए शत्रुओं का मार्ग रोकदे। हे त्रिषन्धे ! तू राक्षसों को साथ लेकर शत्रुपक्ष के पुरोहित पर आक्रमण कर, उसको मारकर शत्रुओं पर धावा बोल दे। हे त्रिषन्धे। तू अन्धकार करने वाले पर्जन्यास्त्र से शत्रुओं को भगा दे, पृषदाज्य के द्वारा भगाए हुए इन शत्रुओं में एक भी न बचने पावे। शितिपदी नामक कृत्या का कपाल शत्रुओं की सेना में जाकर गिरे, उससे शत्रु की सब सेना मोह को प्राप्त होकर नष्ट होवे। अन्तरिक्ष में लड़ने वाला हमारा शत्रु कवची हो अथवा कवच रहित, वह हमारे बाणों से भिन्न होकर बीच में ही मरकर जमीन पर गिरकर सोवे। हमारे शत्रु पक्ष में जो कोई रथवान हों-अथवा रथ हीन, अश्वों पर सवार हों या अश्वों से रहित हों उन सबको मरने पर गृध्र, बाज, और कौवे खावें। इस प्रकार की सेना आज कल विश्व भर में नहीं है। महाभारत में इसका केवल वर्णन मात्र मिलता है। राम रावण के युद्ध में मेघनाद इन बातों का ज्ञाता और प्रयोक्ता था। बाणासुर और शंकर के युद्ध में ये सब प्रयोग किये जाते थे। इस प्रकार का "वैदिक युद्ध" देवासुर संग्राम को छोड़कर अन्यत्र कहीं नहीं हुआ।

## दुर्ग संपादन निर्देश

एकः शतं योधयति प्राकारस्थो धनुर्धरः ।
शतं दशसहस्राणि तस्माद्दुर्गं विधीयते ॥ ७ । ७४

काम न करें। राजा जेलखाने या फांसीघर सबके सब मार्ग पर बनावे। जिस से पाप कर्म करने वालों को दुःखित देखकर इतर जन पाप कर्म से बचें। इन्द्र व्रत, सूर्य व्रत, वायु व्रत, यमव्रत, वरुण व्रत, चन्द्र व्रत, अग्नि व्रत, पृथिवी व्रत, इन आठ व्रतों का राजा अवश्य पालन करे।

## राजा के आठ व्रत

वार्षिकांश्चतुरोमासान्यथेन्द्रोभि प्रवर्षति ।
तथाभिवर्षेत्स्वं राष्ट्रं कामैरिन्द्रव्रतं चरन् ॥ ९ । ३०४
अष्टौ मासान्यथादित्यस्तोयं हरति रश्मिभिः ।
तथाऽऽहरेत्करं राष्ट्रान्नित्यमर्कव्रतंहितत् ॥ ३०५
प्रविश्य सर्वभूतानि यथाचरति मारुतः ।
तथाचारैः प्रवेष्टव्यं व्रतमेतद्धि मारुतम् ॥ ३०६
यथा यमः प्रियद्वेष्यौ प्राप्तेकालेनियच्छति ।
तथाराज्ञानियन्तव्याः प्रजास्तद्धियमव्रतम् ॥ ३०७
वरुणेन यथापाशैर्बद्ध एवाभिदृश्यते ।
तथा पापान्निगृह्णीयाद्व्रतमेतद्धि वारुणम् ॥ ३०८
परिपूर्णं यथा चन्द्रं दृष्ट्वा हृष्यन्ति मानवाः ।
तथा प्रकृतयोयस्मिन्स चान्द्रव्रतिको नृपः ॥ ३०९
प्रतापयुक्तस्तेजस्वी नित्यं स्यात्पापकर्मसु ।
दुष्टसामन्तहिंस्रश्च तदाग्नेयं व्रतं स्मृतम् ॥ ३१०
यथा सर्वाणि भूतानि धरा धारयते समम् ।
तथा सर्वाणि भूतानि बिभ्रतः पार्थिवं व्रतम् ॥ ३११

राजा अष्ट लोकपालों के अंशों से बनता है यह बात पहिले कही जा चुकी है। उन लोक पालों का जो व्रत है वही राजा को भी करना चाहिये। इस अभिप्राय से मनु ने राजा के लिये आठ व्रतों का पालन नियत किया है। इन्द्र जिस प्रकार चातुर्मास्य में वर्षता है उसी प्रकार राजा को भी प्रजा की कामनाओं को पूरा करने के लिये बरसना चाहिये यही ऐन्द्र व्रत है। सूर्य जिस प्रकार आठ मास जल खींचता है राजा उसी प्रकार प्रजा से कर खींचे। वायु जैसे सर्वत्र प्रविष्ट होता है उसी प्रकार राजा गुप्तचरों से काम ले। यमराज जिस प्रकार शत्रु मित्र भाव को छोड़कर सब को खा जाता है उसी प्रकार राजा सब को न्याय

पूर्वक दण्ड दे। वरुण जिस प्रकार पापी जनों को पकड़ कर बांधता है उसी प्रक राजा दुष्टों को बांधे। चन्द्रमा जिस प्रकार सबको आनन्द देता है उसी प्रक राजा अपनी प्रजा को सुख दे। अग्नि जिस प्रकार सबको तपाता है उसी प्रव राजा सब शत्रुओं को तपावे। पृथिवी जिस प्रकार सब का धारण करती है उसी प्रव राजा सबका धारण पालन पोषण करे। यही राजा के लिये आठ व्रत हैं। इन व्रतों से व्रती राजा कभी कष्ट नहीं पाता है।

सैषा क्षत्रस्य योनिर्यद् ब्रह्म। तस्माद् ब्राह्मणः क्षत्रियमधस्तादुपास्ते।

शतपथ के इन [ १४।३।२।२३ ] दो मन्त्रों में ब्राह्मण को क्षत्रिय का योनि माना गया है। ऐतरेय ब्राह्मण में भी इसी प्रकार—

ब्रह्मणि खलु वै क्षत्रं प्रतिष्ठितम्। ब्रह्मणएव क्षत्रं वशमेति।

ऐसा कहा है। हमारा प्रयोजन केवल इतना ही है कि ब्राह्मबल के सामने क्षात्रबल अधिक देर तक नहीं ठहर सकता है। उदाहरणार्थ इस विषय में [ महावीरचरित ] का रामजामदग्न्यसंवाद देखना चाहिये।

यैः कृतः सर्वभक्षोऽग्निरपेयश्च पयोनिधिः।
क्षयीचाप्यायितः सोमः को न नश्येत्प्रणश्य तान्॥ ९।३१४
लोकानन्यान्सृजेयुर्ये लोकपालांश्च कोपिताः।
देवान्कुर्युरदेवांश्च कः क्षिण्वंस्तान्समृध्नुयात्॥ ३१५
यानुपाश्रित्य तिष्ठन्ति लोका वेदाश्च सर्वदा।
ब्रह्मचैव धनं येषां को हिंस्यात्ताञ्जिजीविषुः॥ ३१६

मनु जी कहते है कि जिन ब्राह्मणों ने अग्नि को शाप देकर सर्वभक्ष बनाया, समुद्र को क्षारकर दिया– क्षयी चन्द्रमा को पूरा कर दिया उनको दुःख देकर कौन सुख पा सकता है (?) जो ब्राह्मण नवीन लोक बना सकते हैं-जो क्रुद्ध होकर [ अन्यमिन्द्रं करिष्यामि ] कह सकते हैं। जो देवगणों को शाप देकर मनुष्य बना सकते हैं– उनको छेड़ कर सुख पाना असम्भव है। जिनके आधार पर लोक और वेद सर्वदा रहते हैं-जिनका वेद विद्या ही धन है उन ब्राह्मणों को जीने की इच्छा रखने वाला कौन छेड़ सकता है? अर्थात् कोई नहीं!

## क्षत्रियों का दमन

स्ववीर्याद्राजवीर्याच्च स्ववीर्यं बलवत्तरम्।
तस्मात्स्वेनैव वीर्येण निगृह्णीयादरीन्द्विजः॥ ११।३२

श्रुतीरथर्वाङ्गिरसीः कुर्यादित्यविचारयन् ।
वाक्शस्त्रं वै ब्राह्मणस्य तेन हन्यादरीन्द्विजः ॥ ११।३२

मनु जी कहते हैं कि अपनी और राज शक्ति के बीच में अपनी शक्ति बलवत्तर है। इस कारण से ब्राह्मण अपनी शक्ति से ही शत्रुओं का निग्रह करे। अथर्व वेद प्रोक्त आंगिरसी श्रुतियों द्वारा अभिचार करके ब्राह्मण वाणी रूप शस्त्र से शत्रुओं का संहार करे।

क्षत्रस्यातिप्रवृद्धस्य ब्राह्मणान्प्रति सर्वशः ।
ब्रह्मैव सन्नियन्तृस्यात्क्षत्रं हि ब्रह्मसम्भवम् ॥ ९।३२०
अद्भ्योऽग्निर्ब्रह्मणः क्षत्रमश्मनो लोहमुत्थितम् ।
एषां सर्वत्रगं तेजः स्वासु योनिषु शाम्यति ॥ ९।३२१

क्षत्रिय मदान्ध होकर जब ब्राह्मणों को कष्ट देने लगते हैं तब ब्राह्मण ही उनको शाप एवं अभिचारों द्वारा दण्ड दे सकते हैं। क्यों कि अग्नि जल से, क्षत्रिय ब्राह्मण से, लोहा पत्थर से उठता है-इस कारण इन का तेज अपने २ उद्भव स्थान में शान्त हो जाता है। इसीलिये गोतमस्मृति में [ क्षत्रियः सर्वस्येष्टे ब्राह्मण वर्जम् ] ११।१ ऐसा लिखा है।

## ब्राह्मणों से विद्यागम

क्षत्रियों में विद्या का आगम ब्राह्मणों से होता है। विद्या का केन्द्रस्थल एक मात्र ब्राह्मण जाति है। पठन पाठन द्वारा विद्यारूप ईश्वरीय धन को ब्राह्मण ही बढाते हैं। इसीलिये ब्राह्मणानन्यशरणा भगवती सरस्वती अनादिकाल से ब्राह्मणों के पास ही रहती है। इसीलिये गृह्यसूत्र में [ ब्रह्मआयुष्मत्तद्ब्राह्मणैरायुष्मत् ] ऐसा लिखा है। निरुक्त में भी—

विद्या ह वै ब्राह्मणमाजगाम गोपाय माशेवधिस्तेऽहमस्मि ।
असूयकायानृजवेऽयताय नमा ब्रूया वीर्यवती तथा स्याम् ? ॥

यह वेद मन्त्र इस का प्रत्यक्ष प्रमाण है। मनुस्मृति में भी—

विद्या ब्राह्मणमेत्याह शेवधिस्तेहि रक्ष माम् ।
असूयकाय मां मादास्तेन स्यां वीर्यवत्तमा ॥ २।११४

इस पद्य के द्वारा नैरुक्त मन्त्र का ही अनुमोदन है। इसीलिये ब्राह्मणोंके पास आकर प्राचीन समय में क्षत्रियगण विद्या ग्रहण करते थे। भगवान रामचन्द्र के

कुल गुरु वसिष्ठ थे। भगवान कृष्णचन्द्र के कुलगुरु गर्ग और संदीपनऋषि। महाराजा जनक के गुरु याज्ञवल्क्य और पंचशिखाचार्य थे! इसीलिये—

जनकोह वैदेहः कूर्चादुपावसर्पन्नुवाच।
नमस्तेऽस्तु याज्ञवल्क्य! अनु माशाधीति॥

ऐसा शतपथ ब्राह्मण [१४।२।१] की श्रुति में कहा है। [भिक्षोः पंचशिखस्याहं शिष्यः परमसम्मतः] यह बचन योग बासिष्ठ में स्वयं जनक जी ने कहा है। आचार्य पंचशिख का वर्णन दर्शनों में भी आता है। ये नैष्ठिक ब्रह्मचारी थे। (प्रश्न) यदि यही बात प्रमाण सिद्ध है तब छान्दोग्य में मन्त्र द्रष्टा गौतमऋषि [प्रवाहण जैवलि के पास] पंचाग्नि विद्या सीखने क्यों गए? (उत्तर) पंचाग्नि विद्या-वेद के मन्त्र भाग में अनादिकाल से विद्यमान है। [पंचाग्नयो येचतृणाचिकेताः] यह श्रुति इस बात में उदाहरण स्वरूप है। इसीलिये—

सहोवाचाजातशत्रुः। प्रतिलोमं चैतत्।
यद्ब्राह्मणः क्षत्रियमुपेयाद्ब्रह्मने वक्ष्यतीति॥

शतपथ ब्राह्मण [१४।४।१।१५] में इस श्रुति द्वारा इस बात का खण्डन किया गया है। श्रुति कहती है कि यह बात (प्रतिलोम) उलटी है कि ब्राह्मण क्षत्रिय के पास ब्रह्म विद्या सीखने को जाता हो? वेद जिस बात को उलटा मानता है वह मानने योग्य कदापि नहीं हो सकती है।

## शूद्र के लिये दण्ड।

वध्यो राज्ञा स वै शूद्रो जपहोमपरस्तु यः।
ततो राष्ट्रस्य हन्तासौ यथा वन्हेश्च वै जलम्॥ १९॥ (अत्रिः)

राजा को चाहिये कि जो शूद्र सेवा धर्म छोड़कर द्विजोचित जपहोमादि में प्रवृत्त हो-उसका बध करे। यदि वह ऐसा न करेगा तो उसका राज्य नष्ट हो जायगा। इसी कारण महाराजा रामचन्द्रजी ने अनधिकार चेष्टा में प्रवृत्त हुए शंबूक नामक शूद्र को तलवार से मारा था। जिनको यह इतिहास देखना हो वे बाल्मीकि रामायणका स्वाध्याय करें।

## द्यूत खेलने का निषेध

द्यूतमेतत्पुराकल्पे दृष्टं वैरकरं महत्।
तस्माद्यूतं न सेवेत हास्यार्थमपि बुद्धिमान्॥ ९।२२७
प्रच्छन्नं वा प्रकाशं वा तन्निषेवेत यो नरः।
तस्य दण्डविकल्पःस्याद्यथेच्छं नृपतेस्तथा॥ ९।२२८

राजा को चाहिये कि वह कभी मजाक में भी द्यूत न खेले क्यों कि पुराकल्प ( प्राचीन काल ) में इसका फल बुरा हुआ था, पुराकल्प से यहां पर पूर्व सृष्टि का ग्रहण है। राजा के राज्य में यदि कोई प्रजाजन छिपकर अथवा प्रत्यक्ष में द्यूत खेले तो राजा को चाहिये कि जो मन में आवे वही दंड दे। अन्यथा राज्य का नाश हो जाता है।

## द्यूत का परिणाम

अक्षैर्मा दीव्यः कृषिमित्कृषस्व वित्ते रमस्व बहु मन्यमानः।
तत्र गावः कितव तत्र जाया तन्मे विचष्टे सवितायमर्यः ॥ १ ॥

यह मन्त्र ऋग्वेद के [ अक्षकितवनिन्दा ] नामक सूक्त में आए हैं। इनमें द्यूत का बुरा परिणाम दिखाया गया है। हे कितव ! तू जूआ मत खेल ? खेती कर, और खेती करने से जो धन प्राप्त हो उससे आनन्द कर, उसीसे गौ और स्त्री आदि का भरण पोषण कर? ( प्रश्न ) जो मनुष्य जान बूझकर इस वेदाज्ञा का उल्लङ्घन करता है उसको क्या फल मिलता है? ( उत्तर )

अन्ये जायां परिमृशन्त्यस्य यस्यागृधद्वेदने वाज्यक्षः।
पिता माता भ्रातर एनमाहुः न जानीमो नयताऽऽबद्धमेतम् ॥ २ ॥

जो मनुष्य जूआ खेलते हैं उनकी स्त्री पर दूसरों का अधिकार होजाता है। वेग से चलने वाला ( अक्ष ) पाश जिसको चाहता है उसी को आपत्ति में फंसा देता है। फंसने पर पिता-माता भाई कोई साथ नहीं देता है। और सबलोक राज पुरुषों से कहते हैं कि इसको बांध कर लेजावो हम इसको नहीं जानते हैं। इतना ही नहीं-

नीचा वर्तन्त उपरि स्फुरन्ति अहस्तासो हस्तवन्तं सहन्ते।
दिव्या अङ्गारा इरिणे न्युप्ताः शीताः सन्तो हृदयं निर्दहन्ति॥ ३ ॥

नीचजन उच्चजनों पर आधिपत्य करने लगते हैं। बलवान भी अहस्त बनकर नीचजनों से त्रास पाते हैं। दिव्य अङ्गार स्वरूप द्यूत के पाश मैदान में आकर ठंडे बन कर मनुष्य का हृदय जलाते रहते हैं। और भी लीजिये--

जाया तप्यते कितवस्य हीना माता पुत्रस्य चरतः क्व स्वित्।
ऋणा वा बिभ्यद्धनमिच्छमान अन्येषामस्तमुपनक्तमेति ॥ ४ ॥

जूआ खेलने वाले की स्त्री सर्वदा कष्ट पाती है। द्यूत खेलने वाले पुत्र की कुढ़ती रहती है। जुआरी जूए में हार कर ऋण की इच्छा से अन्य मनुष्यों के ऋण लेने के लिये रात्रि में मुंह छिपाकर जाता है।

द्वेष्टि श्वश्रूरपजाया रुणद्धि न नाथितो विन्दते मार्डितारम्।
अश्वस्येव जरतो वस्न्यस्य नाहं विन्दामि कितवस्य भोगम्॥ ५॥

जूआ खेलने वाले की सास द्वेष करती है। स्त्री इस पाप कर्म से उसको रोकती है। जब जुआरी फंस जाता है उस समय प्रार्थना करने पर भी उसका कोई सहायक नहीं होता है। वृद्ध वस्त्र हीन दुर्बल अश्व की तरह द्यूत खेलने वाले को मैं सुख नहीं देता हूं यह ईश्वरादेश है। ऋग्वेद में इन मन्त्रों के होते हुए युधिष्ठिर आदि नृपतियों ने पूर्व काल में जो द्यूत खेला था उसका प्रायश्चित्त अभी तक भारत की प्रजा भोग रही है। ईश्वर इस बुरे काम से सब को बचावे।

## [ सूचना ]

वेदों के आधार पर हमने इतना-राजसम्बन्धी-विवेचन किया है। भारत में सनातन धर्म ही एक ऐसा धर्म है जो अनादि काल से राजा का अस्तित्व मानता आया है। इसलिये सब राजाओं को इसकी रक्षा करनी चाहियें। धर्म रक्षा से ही राज्य सुरक्षित रहता है। हम भगवान से प्रार्थना करते हैं कि भारत के वर्तमान चक्रवर्ती सम्राट सर्वत्र विजयी हों और भारत में सनातन धर्म की रक्षा करें। चारों वर्ण मिलकर भारत के लिये मंगल कामना करें और भगवान के श्री चरणों में सबका अनुराग हो।

सनातनस्य धर्मस्य सर्वस्वं यत्र लभ्यते।
तस्मिन्निबन्धे षष्ठोयं समुल्लासः समाप्यते॥ १॥

इतिश्रीमदखिलानन्दशर्मप्रणीते
वैदिक सत्यार्थप्रकाशे
षष्ठः समुल्लासः



# सप्तमः—समुल्लासः

## ब्रह्म विवेचनम्

ब्रह्म क्या पदार्थ है ? इस विषय पर यदि विचार किया जावे तो ब्रह्म [ अनिर्वचनीय ] ठहरता है। सदसद्विलक्षण, सजातीय विजातीय स्वगत भेद शून्य, गुण त्रयातीत आदि २ ब्रह्म के लक्षण अन्त में जाकर अनिर्वचनीयता में ही परिणत होते हैं। वेदान्त दर्शन के-

जन्माद्यस्य यतः। १ । १ । २

इस सूत्र में ब्रह्म का तटस्थ लक्षण किया है। प्रत्यक्ष में दृश्य भाव को प्राप्त हुए प्रतीयमान जगत का "स्थित्युद्भव प्रलय" जिससे होता है वही ब्रह्म है ऐसा व्यास जी का मत है। इस सूत्र का मूलस्तम्भ—

यतोवा इमानि भूतानि जायन्ते, येन जातानि जीवन्ति।
यत्प्रयन्त्यभि संविशंति, तद्विजिज्ञासस्व तद्ब्रह्म ॥ ३ । १

यह तैत्तिरीय श्रुति वाक्य है। श्रीमद्भागवत में—

यस्मिन्निदं यतश्चेदं येनेदं यइदं स्वयम्।
योस्मात्परस्माच्च परस्तं प्रपद्ये स्वयं भुवम् ॥

इस पद्य के अन्दर व्यास जी ने यावन्मात्र ब्रह्म विषयक श्रुतियों का समान्वय कर दिया है। इसका विवरण जहां तक किया जाय वहां तक थोड़ा है। इस विषय में—

आनन्दादेव खल्विमानि भूतानि जायन्ते।
आनन्देन जातानि जीवन्ति आनन्दं प्रयन्त्यभिसंविशंति ॥ ३ । ६

यह तैत्तिरीय श्रुति प्रमाण है। इस में ब्रह्म को आनन्द स्वरूप कहा है। ब्रह्म का यही स्वरूप लक्षण है। इसी के आधार पर ब्रह्म को "सच्चिदानन्द स्वरूप" कहा जाता है।

एक एवाग्निर्बहुधा समिद्ध एकः सूर्यो विश्वमनु प्रसूतः।
एकैवोषाः सर्वमिदं विभाति एकंवा इदं विवभूव सर्वम् ॥ ८ । ५ । ८

ऋग्वेद की इस श्रुति में यह समस्त ब्रह्माण्ड एक ही ब्रह्म का विस्तार कहाता है। जिस प्रकार एक ही अग्नि अनेक भेद से संसार में प्रतीत हो रहा है, एक ही

सूर्य द्वादशात्मा बनकर सबको आलोक दे रहा है, एक ही उषा समस्त ब्रह्माण्ड को निरस्तान्धकार कर देती है, उसी प्रकार एक ही ब्रह्म अनेक रूप से विस्तृत होकर सब कुछ बन जाता है। यही इस श्रुति का अर्थ है। इसकी पुष्टि में—

रूपं रूपं प्रतिरूपो बभूव तदस्य रूपं प्रतिचक्षणाय।
इन्द्रो मायाभिः पुरुरूप ईयते युक्ताह्यस्यहरयः शता दश॥ ६।४।७

ऋग्वेद की यह एक श्रुति और प्रमाण है। इसमें कहा गया है कि एक ब्रह्म प्रत्येक रूप में नाना रूप होकर भास रहा है। यही ब्रह्म का अनेक रूपत्व जगत के अनेक रूप होने में साधकतम करण है। अपनी माया के द्वारा एक ही ब्रह्म अनेक रूप होकर प्रतीति में आ रहा है। इसलिये ब्रह्म से भिन्न जगत की सत्ता का मानना उचित नहीं है। यजुर्वेद में-

पुरुष एवेदं सर्वं यद्भूतं यच्च भाव्यम्॥ ३१।२
एतावानस्य महिमा अतोज्यायांश्च पूरुषः।
पादोस्य विश्वाभूतानि त्रिपादस्यामृतं दिवि। ३१।३

इन श्रुतियों के द्वारा एक ही ब्रह्म के महत्व का वर्णन किया गया है [इदं सब पुरुष एव] यह मान्त्रिक अक्षर विन्यास इस विषय में प्रमाण स्वरूप है। [पादोस्य विश्वा भूतानि] यह मांत्रिक पद विन्यास ब्रह्म के एक देश में माया को बताकर ब्रह्म की इयत्ता को अपास्त करता है इन सब विषयों पर विचार करने से ब्रह्म की अनिर्वचनीयता ही सिद्ध होती है।

## मूर्तामूर्त भेद

द्वे वा व ब्रह्मणो रूपे, मूर्तश्चैवा मूर्तश्च।
तदेतन्मूर्तं यदन्यद्वायोरन्तरिक्षाच्च॥ श० प० १४।५।३

इस श्रुति में ब्रह्म के दो स्वरूपों का प्रतिपादन है। एक ब्रह्म मूर्त है जो देखने में आता है दूसरा अमूर्त है जो देखने में नहीं आता है स्थूल से स्थूल और सूक्ष्म से सूक्ष्म इन दोनों भेदों में ब्रह्म का ब्रह्मत्व नष्ट नहीं होता क्योंकि वह विश्वात्मक है यही बात—

उभयं वा एतत्प्रजापतिः। निरुक्तश्चानिरुक्तश्च परिमितश्चापरिमितश्च।

इसश्रुति में कथन की गई है। निर्वचनीय ब्रह्म निरुक्त है, और अनिर्वचनीय अनिरुक्त है। व्यक्त भेद से परिमित है। अव्यक्त भेद से अपरिमित है व्यक्ताव्यक्त दोनों स्वरूप एक ही ब्रह्म के हैं।

काष्ठ में विद्यमान अव्यक्त अग्नि व्यक्त अग्नि का काम नहीं दे सकता है इसी कारण व्यक्त अग्नि की संसार को आवश्यकता पड़ती है। व्यक्त जगत की अव्यक्त ब्रह्म में रुचि नहीं लगती है क्योंकि—

समानशीलव्यसनेषु सख्यम् ।

इस नीति बचन के अनुसार व्यक्त में ही व्यक्त की श्रद्धा हो सकती है अव्यक्त में नहीं इसीलिये संसार में व्यक्त ब्रह्म की उपासना ही प्रचलित है।

## ब्रह्म की सर्वशक्तिमत्ता

ब्रह्म सर्व शक्तिमान है कर्तुं अकर्तुं अन्यथाकर्तुं वह समर्थ है। हर प्रकार की शक्ति उसमें विद्यमान है। जो इसमें मत भेद रखते हैं वह ईश्वर को केवल कथन मात्र सर्वशक्तिमान कहते हैं ईश्वर किसी नियम का परबश नहीं है सर्वतन्त्र स्वतन्त्र है। जिसको वह चाहता है वही नियम बन जाता है इस विषय में-

वयमिह पदविद्यां तर्कमान्वीक्षिकीं वा
यदि पथि विपथे वा वर्तयामः स पन्थाः।
उदयति दिशि यस्यां भानुमान्सैव पूर्वा
न हि तरणिरुदीते दिक्पराधीनवृत्तिः ॥

भास्कराचार्य ने यह पद्य बड़ा ही उपयुक्त लिखा है। सूर्य दिशा का पराधीन नहीं प्रत्युत दिशायें सूर्य के आधीन हैं। जिधर सूर्य का उदय होगा वोही दिशा पूर्व मानी जायगी। क्यों कि--

आदित्यसंयोगाद्भूतपूर्वाद्भविष्यतोभूताच्च प्राची ।

इस सूत्र में आदित्याधीन दिग्विभाग माना गया है। यही बात सृष्टि नियम के विषय में भी है। जो सृष्टि का कर्ता है और जिसकी सृष्टि है वो ही उसका नियामक भी है। उसको अपने प्रबन्ध में हमारी बुद्धि की अपेक्षा नहीं है। इसलिये उसकी इच्छा में किसी का दखल नहीं है।

## ब्रह्म की सर्व व्यापकता

ब्रह्म सर्व व्यापक है। सर्वत्र ओत प्रोत है। इसलिये [स ओतः प्रोतश्च विभूः प्रजासु] ऐसा यजुर्वेद के मन्त्र में कहा है। व्यापक पदार्थ के लिये व्याप्य पदार्थ को आवश्यकता होती है। प्रकृति व्याप्य है। ब्रह्म व्यापक है। यही व्याप्यव्यापक भाव जगत के अवस्थान में कारण भूत है। ब्रह्म किसमें व्यापक है। इस प्रश्न का उत्तर

केवल जगत है। जगत पञ्चभूतात्मक है। पञ्चभूतों के बाहर भीतर सर्वत्र ब्रह्म व्या है। इसीलिये-

ईश्वरः सर्वभूतानां हृद्देशेर्जुन तिष्ठति ।
भ्रामयन्सर्वभूतानि यन्त्रारूढानि मायया ॥१८।६१

भगवद्गीता में ऐसा कहा गया है। मध्य भाग को गर्भ अथवा हृद्देश हैं। वेद में भी-

प्रजापतिश्चरति गर्भे अन्तः ।

यह मन्त्र इसी अभिप्राय का द्योतक है अधिष्ठानभूत प्रकृति में ब्रह्म का ओत प्रोत होना ही जगत को अन्दर से बालक की तरह बढ़ाता है और बाहर से उसकी रक्षा करता है। आज कल संसार में सत्कार्यवाद, असत्कार्य वाद, सदसत्कार्य वाद, तीनों उपस्थित हो रहे हैं।

नासदासीन्नो सदासीत्तदानीं
नासीद्रजो नोव्योमापरो यत् ॥ १० । १२९

ऋग्वेद की यह श्रुति-सृष्टि के आरम्भ काल का वर्णन करती हुई कहती है कि उस समय में नसत् था। न असत् था। सदसद्विलक्षण केवल ब्रह्म ही था। [ अनादिमत्परं ब्रह्म नसत्तन्नासदुच्यते ] इतिव्यासः। इसके विपरीत—

देवानां पूर्व्ये युगे असतः सदजायत।
देवानां युगे प्रथमे असतः सदजायत ॥ १० । ७२

यह अथर्व वेद मन्त्र-देवताओं से पूर्व-सृष्टि में असत् से सत् की उत्पत्ति बतलाता है। इन दोनों के साथ २

असद्वा इदमग्रआसीत् ।
सदेव सोम्येदमग्र आसीत् ॥

यह दो श्रुतियां भी चलती हैं। इन दोनों के विरुद्ध-

आत्मैवेदमग्र आसीत् । १४ । ४ । २ । १
ब्रह्म वा इदमग्र आसीत् ॥ १४ । ४ । २ । २१

शतपथ ब्राह्मण की यह दो श्रुतियां सर्वदा सद्रूप ( त्रिकालाबाध्य ) ब्रह्म का अस्तित्व बतलाती हुई ब्रह्म से सबका उद्भव बतलाती हैं। आकाशादि पंचमहाभूतों का उद्भव—

तस्माद्वा एतस्मादात्मन आकाशः संभूतः ।
आकाशाद्वायुः वायोरग्निः अग्नेरापः ॥
अद्भ्यःपृथिवी पृथिव्या ओषधयः ।
ओषधिभ्यः अन्नं अन्नाद्रेतः रेतसोयं पुरुषः ॥

इस श्रुति में ब्रह्म से स्पष्ट है। इसके विपरीत—

स वै भूमेरजायत तस्माद्भूमिरजायत ।
स वा अद्भ्यो अजायत तस्मादापो अजायन्त ॥
स वा अग्नेरजायत तस्मादग्निरजायत ।
स वै वायोरजायत तस्माद्वायुरजायत ॥
स वै दिवो अजायत तस्माद्यौरजायत ।
स वा अन्तरिक्षादजायत तस्मादन्तरिक्षमजायत ॥
स वै दिग्भ्यो अजायत तस्माद्दिशो अजायन्त ।
स वै रात्र्या अजायत तस्माद्रात्रिरजायत ॥
स वै अन्हो अजायत तस्मादहरजायत ।
स वा ऋग्भ्यो अजायत तस्मादृचोऽजायन्त ॥
स वा यज्ञादजायत तस्माद्यज्ञो अजायत ।

अथर्व के इन मन्त्रों में पृथिव्यादि पंचमहाभूतों से ब्रह्म का प्राकट्य माना है। इस परस्पर कार्य कारण भाव से मूर्तामूर्तभेदव्यवस्थित ब्रह्म का बोध होता है। विचार दृष्टि से यदि देखा जाय तो—

स धाता सविधर्ता स वायुर्नभ उच्छ्रितम् ।
सोऽर्यमा सवरुणः सरुद्रः समहादेवः ।
स अग्निः सउ सूर्यः सउ एव महायमः । १३ । ४ । ३

अथर्व वेद के यह मन्त्र उस एक ब्रह्म को ही सब कुछ बतलाते हैं। वोही अर्यमा वरुण-रुद्र और महादेव है। वोही अग्नि सूर्य और यम हैं। व्यवहार सत्ता में जगत का कार्य चलाने के लिये वह अनेक रूप है। परमार्थमें एक रूप है।

यदेजति पतति यच्च तिष्ठति प्राणदप्राणन्निमिषच्च यद् भुवत् ।
तद्दाधार पृथिवीं विश्वरूपं तत्संभूय भवत्येकमेव ॥ १० । ८ । ११

अथर्व वेद के इस मन्त्र से यह बात और भी पुष्ट होती है। मन्त्र कहता है कि संसार में जो कुछ चलता फिरता जड़ चेतन पदार्थजात है उस सबका एक

मात्र उद्भवस्थल ब्रह्म है और वह सब कुछ मिलकर एक ब्रह्म ही बन जाता है। इस विषय में अनेक वेद मन्त्र उपस्थित किये जा सकते हैं परन्तु मनुष्य अल्पज्ञ है। वह अतीन्द्रिय विषय में शब्द प्रमाण के अतिरिक्त अन्य कुछ नहीं कह सकता है।

"इन्द्रो मायाभिः पुरु रूप ईयते" ऋग्वेद की इस श्रुति में ईश्वर को "मायी" माना है। माया के द्वारा ही वह अनेक रूप धारण करता है। वह माया दैवी दिव्य गुण युक्त है। इसीलिये—

दैवीह्येषा गुणमयी मम माया दुरत्यया।
मामेव ये प्रपद्यन्ते मायामेतां तरन्ति ते ॥ ७ । १४

भगवद्गीता में भगवान् ऐसा कहते हैं। दैवी, दिव्य गुणमयी दुरत्यय-मायाको भगवान् के भक्त ही तर सकते है अन्य नहीं। मनुष्य के द्वारा दैवी माया का पार होना असम्भव है। माया "अनिर्वचनीय" है। उस का निर्वचन नहीं हो सकता है। [ असती सती या प्रतीयते सा माया ] "मा" निषेधार्थक अव्यय है, उसका-यत् के साथ समन्वय होने पर प्रतीतिपरक अर्थ होता है।

ज्ञानिनामपि चेतांसि देवी भगवती हि सा।
महामाया प्रसादेन बलादाकृष्य यच्छति ॥

ऐसा मार्कण्डेय पुराण में लिखा है। यह भगवती महामाया ज्ञानियों को भी धोखा देकर अपने वश में करलेती है।

योगमाया हरेर्ह्येषा तयासम्मोह्यते जगत्।

यह योग माया भगवान् की सहचरी है। रामावतार में यह मन्थरा बन कर आई। कृष्णावतार में इसने नन्दगोप के यहां जन्म लिया। इसका पार वेही पा सकते हैं जो भगवान् के शरण में जाते हैं।

जिस माया के द्वारा ब्रह्म मायी बनकर जगत की उत्पत्ति करता है, वह माया ब्रह्म के एक देश में रहती है समस्त ब्रह्म में नहीं। जिस प्रकार पृथिवी के एक देश में घटोद्भावक शक्ति ? पार्थिव घट यद्यपि पृथिवी से बनता है, तथापि पर्वत वालुका आदि से अनुस्यूत पृथिवीमण्डल में उसकी सत्ता नहीं है। जहां कहीं पर चिकनी मृत्तिका रहती है वहीं पर घट बन सकता है। इसी प्रकार जितने देश में माया रहती है उतना ही ब्रह्म ( सगुण ) है। बाकी त्रिपाद्ब्रह्म गुणत्रयातीत है। सत्व, रज, तम यह तीन गुण द्रव्यों में रहते हैं। द्रव्य और गुण का परस्पर "आधाराधेयभाव" सम्बन्ध है यह समस्त जगतको व्याप्तकर सबको मोह लेते हैं इसीलिये—

त्रिभिर्गुणमयैर्भावैरेभिः सर्वमिदं जगत् ।
मोहितं नाभिजानाति मामेभ्यः परमव्ययम् ॥७।१३

ऐसा भगवद्गीता में कहा है। इन गुणों से मोहित मनुष्य गुणत्रयातीत ब्रह्म को नहीं जान सकते हैं। ब्रह्मा, विष्णु, महेश ( तीन देव ) ऋग्यजुः साम ( तीन वेद ) भूर्भुवःस्वः ( तीन लोक ) सभी इन गुणों के वशीभूत हैं इनका अन्त योगी तक नहीं पा सकते हैं। मनुष्यों का तो कहना ही क्या है ?

## अवतार विवेचन।

ईश्वर का अवतार होता है वा नहीं ? इस विषय में मतभेद है। नास्तिक ईश्वर का अवतार होना नहीं मानते है। आस्तिक भगवद्भक्त, भक्तानुकम्पी भगवान् का अवतार मानते हैं।

प्रजापतिश्चरति गर्भे अन्तः अजायमानो बहुधा विजायते ।
तस्य योनिं परिपश्यन्ति धीराः तस्मिन्ह तस्थुर्भुवनानि विश्वा ॥ ३१।१९

यजुर्वेद के इस मन्त्र में भगवान् का प्राकट्य होना लिखा है। मन्त्र कहता है कि—प्रजापति गर्भ में अन्दर ( चरति ) आता है । और स्वयं अज होने पर भी ( बहुधा ) अनेक रूपों से ( विजायते ) प्रकट होता है। विपूर्वक जन धातु का अर्थ प्रकट होना है। उसके प्रकट होने का कारण धीर (ध्यानवान) जानते हैं। इसी बातको—

अजोपि सन्नव्ययात्मा भूतानामीश्वरोपि सन् ।
प्रकृतिं स्वामधिष्ठाय सम्भवाम्यात्ममायया ॥ ४।६

भगवद्गीता के इस पद्य में स्वयं भगवान ने अपने श्री मुख से कहा है। भगवान कहते हैं, मैं अज होकर भी, अपनी अधिष्ठान भूत प्रकृति का आश्रय लेकर आत्ममाया से सम्भूत होता हूं।

या ते रुद्र शिवातनूरघोरा पापकाशिनी ।
तया नस्तन्वा शन्तमया गिरिशन्ताभिचाकशीहि ॥ १६।२

यजुर्वेद के इस मन्त्र में भगवान के शरीरी होने का प्रमाण मिलता है। इसमें स्पष्ट रूप से [तनुः] पद शरीर वाचक है। "स्त्रियांमूर्तिस्तनुस्तनूः"। अथर्व वेद में

या आपो. याश्च देवता याविराड् ब्रह्मणा सह ।
शरीरं ब्रह्म प्राविशच्छरीरेऽधि प्रजापतिः ॥ ११।८।३०
तस्माद्वै विद्वान्पुरुषमिदं ब्रह्मेति मन्यते ।
सर्वाह्यस्मिन्देवता गावो गोष्ठइवाऽऽसते ॥ ११।८।३१

अथर्ववेद के इन दो मन्त्रों में ईश्वर को शरीरवान् माना है। मन्त्र कहता है कि पृथिव्यादि पञ्चमहाभूत देवगण विराट् पुरुष और ब्रह्म शरीर में प्रविष्ट होते हैं और शरीर में ही प्रजापति रहता है। इसलिये विद्वान् पुरुष ब्रह्म को शरीरी मानते हैं जिस प्रकार गोष्ठ में गौ रहती है उसी प्रकार समस्त देवगण शरीर में ही रहते हैं। अथर्ववेद के [त्रितोधर्तादाधारत्रीणि] ५।१।१ इस मन्त्र में तीनों धाम अर्थात् स्थान नाम और जन्म ईश्वर के लिये लिखे हैं।

धामानित्रयाणिभवन्ति। स्थानानि नामानि जन्मानीति निरुक्ते ९।२८ यास्कः

इन प्रमाणों से ईश्वर का अवतार लेना सिद्ध है।

एषो ह देवः प्रदिशोऽनु सर्वाः पूर्वोह जातः स उ गर्भे अन्तः।
स एव जातः स जनिष्यमाणः प्रत्यङ् जनास्तिष्ठति सर्वतोमुखः॥ ३४।४

यजुर्वेद के इस मन्त्र में इस बात का और भी स्पष्ट रूप से प्रतिपादन है। मन्त्र कहता है कि यही ईश्वर सब दिशाओं में व्याप्त होकर पहिले गर्भ में रहकर प्रकट हुआ फिर भी पैदा होगा इस मन्त्र में जितने अवतार हुए हैं उनका और भी भविष्य में जो होने वाले हैं उन सबका अस्तित्व सिद्ध कर दिया है। इसी प्रकार के अन्य भी अनेक मन्त्र विद्यमान हैं जो कि भगवान का अवतार सिद्ध करते हैं।

वेदादिसत्य शास्त्रों में अवतार लेने के कई प्रयोजन लिखे हैं। अत्यन्त बलशाली या पापपरायण दुष्टों को प्रत्यक्ष में दण्ड देकर शिक्षा देना वेद प्रोक्त विज्ञान को आदर्श रूप से स्वयं आचरण करके जनता में धार्मिक आदर्श उपस्थित करना भक्तों पर आई हुई आपत्ति को हटाना सर्वत्र प्रकट होकर सर्व व्यापक होने का परिचय देना, संसार में अलौकिक कार्य दिखाकर मनुष्यों को आस्तिक बना रखना, अधर्म का नाश और धर्म की वृद्धि करना आदि आदि—

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥ ४।७
परित्राणाय साधूनां विनाशाय च दुष्कृताम्।
धर्मसंस्थापनार्थाय सम्भवामि युगे युगे॥ ४।८

भगवद्गीता के इन दो पद्यों में भगवान् स्वयं अपने श्रीमुख से अवतार लेने का प्रयोजन कह रहे हैं। धर्म संस्थापन, दुष्टदमन, सज्जन रक्षण, धर्मवृद्धि, अधर्मनाश, यह पांच प्रयोजन इन दो पद्यों में वर्णित हैं। वेद में ( तदस्यरूपं प्रति चक्षणाय ) यह श्रुति इन सब प्रयोजनों का सांकेतिक वर्णन कर रही है। इनका उदाहरण महाभारतादि अनेक आर्ष ग्रन्थों में विद्यमान है।

# अवतार भेद

वेद में अवतार प्रसंग अनेक बार आता है अवतार शब्द( अवे त्रीस्त्रोर्घञ् ) इस सूत्र से करण और अधिकरण में बनता है। इसीलिये ( अवतरन्ति जनाः येन असौ अवतारः ) ऐसा निर्बचन बनता है। जिसका अवलम्ब लेकर मनुष्य दुःख सागर से पार हों वह अवतार कहाता है। यदि ( अवतरन्ति जनाः यस्मिन् प्राकृतिके विकारे असाववतारः ) ऐसा निर्वचन करें तो जिस प्राकृतिक पिण्ड में ईश्वर उतरता है वह अवतार कहा जाता है। दोनों अवस्थाओं में अवतार का होना सिद्ध है । प्राकृतिक सर्ग का *निर्माण करके उसमें अनुप्रविष्ट होना ( तत्-सृष्ट्वा तदेवानुप्राविशत्)* इस श्रुति प्रमाण से सिद्ध है। अवतारों में प्रथम पुरुषावतार है। पुरुष सूक्तके मन्त्रोंमें इसका सर्वत्र वर्णन है। इसीको लेकर श्रीमद्भागवत में (आद्योऽवतारः पुरुषः परस्य) ऐसा कहा गया है। यह पुरुषावतार अन्य अनेक अवतारों का बीज है। इसीलिये—

एतन्नानावताराणां निधानं बीजमव्ययम् ।
यस्यांशांशेन सृज्यन्ते देवतिर्यङ् नरादयः ॥

ऐसा श्रीमद्भागवत में आया है । पुरुषावतार के अनन्तर नारायणावतार होता है। जल का नाम "नारा" है। नारा जल जिसका अयन स्थान हो उसको नारायण कहते हैं। इसका वर्णन [ आपोनारा इति प्रोक्ता ] इस मनु के पद्य में मिलता है। नारायणावतार के अनन्तर त्रिविक्रमका नम्बर आता है। यजुर्वेद के—

यस्योरुषु त्रिषु विक्रमणेषु अधिक्षियन्ति भुवनानि विश्वा ।

इस मन्त्र में उसका वर्णन है। जिसके बड़े तीन गमनों में समस्तविश्व आक्रान्त हो वही त्रिविक्रम है। विपूर्वक क्रमु धातु का अर्थ बुद्धिपूर्वक चरण न्यास होता है। सूर्यपरक अर्थ लगाने पर सूर्य भी त्रिविक्रम हो सकता है। परन्तु अवतारत्व दोनों स्थलों में मानना होगा अन्यथा—

हिरण्मयेन सविता रथेना देवोयाति भुवनानि पश्यन् ।

इत्यादि वेद मन्त्रों का समन्वय होना असम्भव है। सुवर्णमय रथ पर बैठ कर समस्त भुवनों को बुद्धिपूर्वक देखते हुये यातायात क्रम नियत रखना चेतनारहित द्रव्य का काम नहीं हो सकता है। इसी प्रकार—

अग्ने ! त्रीते वाजिना त्री सधस्था तिस्रस्ते जिह्वा ऋतजात पूर्वीः ।

ऋग्वेद के इस मन्त्र में अग्नि का अवतरण वर्णित है। इसी का रूपान्तर भूमण्डल में श्री १०८ वल्लभाचार्य जी के रूप में प्रकट हुआ है। खाण्डव वन के दाह के समय

अग्नि देव का अनेक विध होना इसका प्रत्यक्ष निदर्शन है। इसी प्रकार अन्य अनेक अवतारों का वेद में वर्णन है जो समय २ पर लिखा जायगा।

## देव संख्या निर्णय

अग्निर्देवता वातो देवता सूर्यो देवता चन्द्रमा देवता वसवो देवता रुद्रा देवतादित्या देवता मरुतो देवता विश्वे देवा देवता बृहस्पतिर्देवतेन्द्रोदेवता वरुणो देवता। १४। २०

यजुर्वेद के इस मन्त्र में अग्निः, वातः, सूर्यः, चन्द्रमाः, इन एकवचनान्त शब्दों से तथा वसवः (८) रुद्राः (११) आदित्याः (१२) मरुतः (७) विश्वेदेवाः (१३) इनबहुबचनान्त शब्दों से फिर बृहस्पति, इन्द्र, वरुण, इन एकवचनान्त शब्दों से ५८ अट्ठावन देवता उपलब्ध होते हैं इसी प्रकार--

ब्रह्मचारिणं पितरो देवजनाः पृथग्देवा अनुसंयन्ति सर्वे। गन्धर्वा एनमन्वायंस्त्रयस्त्रिंशत् त्रिशताः षट्सहस्राः सर्वान्स देवांस्तपसा पिपर्ति। ११। ५। २।

अथर्ववेद के इस मन्त्र में देवताओं की संख्या ६३३३ उपलब्ध होती है।

त्रीणि शता त्री सहस्राण्यग्निं त्रिंशच्च देवा नवचासपर्यन्।
औक्षन्घृतैरस्तृणन्बर्हिरस्मै आदिद्धोतारं न्यसादयन्त ॥ ३३।७

यजुर्वेद के इस मन्त्र में वसु, रुद्र, आदित्य आदि तीन हजार तीन सौ उनतालीस ३३३९ देवगण प्राप्त होते हैं। इन सब का--

नवैवांकास्त्रिवृद्धाःस्युर्देवानां दशकैर्गुणैः।
ते ब्रह्मविष्णुरुद्राणां शक्तीनां वर्णभेदतः ॥१॥

इस महीधर भाष्य गत पद्य के आधार पर ३३३, ३३३, ३३३, इतने भेद होते हैं। इन अंकों का संहनन करके ३३ करोड़ ३३ लाख ३३ हजार ३०० तीनसौ ३३ तेतीस होते हैं। इसी वैदिक सिद्धान्त के आधार पर सनातनधर्मावलम्बी सज्जन देवगणों को अनन्त मानते हैं।

## आवश्यक शंका समाधान

(प्रश्न) ईश्वर के अवतार लेने पर उसकी सर्वव्यापकता कैसे रह सकती है? (उत्तर) अग्निवत्। जिस प्रकार अग्नि एकत्र प्रज्वलित होने पर भी संसार के पदार्थ मात्र में व्यापक रहता है उसी प्रकार ईश्वर भी। (प्रश्न) जब परमेश्वर [अकाय, अव्रण, अस्नाविर] है तव वह शरीर धारण कैसे करता है? (उत्तर) ईश्वर

का शरीर [ जन्मकर्म च मेदिव्यम् ] इस भगवद्गीता के प्रमाण से [ दिव्य ] है। हमारा जैसा नहीं।। दिव्य शरीर अयोनिज होता है। इसी कारण अज-अजन्मा भगवान जन्म नहीं लेते किन्तु प्रकट होते हैं।

( प्रश्न ) फिर वे शरीर रूपी बन्धन में क्यों पड़ते हैं ? ( उत्तर ) वह वेद में "स्वयं भू" कहे गये हैं [ कविर्मनीषी परिभूः स्वयं भूः ] इसलिये वे कर्मबन्धन से शरीर में नहीं आते हैं। [ यस्य पृथिवी शरीरम् १ यस्यापः शरीरम् २ ] इत्यादि श्रुति प्रमाणों से पृथिव्यादि शरीरों में रहना उनके लिये स्वभाव सिद्ध है। और उन का दयावश भूतों में प्रवेश है। जिस प्रकार उच्च पदस्थ राजकर्मचारी और पापी चोर डाकू राजद्रोही दोनों ही जेल में जाते हैं। परन्तु राजकर्मचारी दयावश दीन जनों का उद्धार करने जाते हैं और अन्य पापी अपने पापों का फल भोगने जाते हैं।

( प्रश्न ) यदि ईश्वर सर्व शक्तिमान् है तब दूसरा ईश्वर क्यों नहीं बनाता है ? ( उत्तर ) ईश्वर ज्ञानवान और सर्वज्ञ है प्रयोजनाभाव से वह ऐसे व्यर्थ काम नहीं करता है।

( प्रश्न ) ईश्वर क्या पापों की क्षमा भी कर सकता है ? ( उत्तर ) अवश्य करता है, अन्यथा उसको सर्व शक्तिमान कौन कहे ? यह काम तो लोक में राजकर्मचारी तक कर देते हैं, जो भक्तों के अपराधों को क्षमा नहीं करता है वह सर्वेश्वर और सर्व शक्तिमान् नहीं कहा जा सकता है।

( प्रश्न ) फिर ईश्वर न्यायकारी कैसा ? ( उत्तर ) साम दाम दण्ड भेद से क्षमा करना भी न्याय करना ही है। न्याय विरुद्ध नहीं। अधिक दण्डनीय को थोड़े दण्ड में, फांसी के योग्य को कालेपानी में, आजन्म नरकार्ह को पश्वादि योनियों में, सामान्यापराधी को जुर्माना देने मात्र से, सर्वथा अशक्त स्त्री बालक वृद्धादि को क्षमा प्रदान से मुक्त करना ही न्याय करना है। सब को कठोर दंड देना अथवा सब को एक लाठी से हांकना न्याय नहीं है।

( प्रश्न ) ईश्वर का ध्यान कहां करना चाहिये ? ( उत्तर )--

देशबन्धश्चित्तस्यधारणा ३ । १ यथाभिमतध्यानाद्वा । ३० ।

इन दो योग सूत्रों में लिखा है कि चित्त को एकाग्र करके जो अपना अभिमत इष्ट देव हो उसी में ध्यान करना चाहिये। इस पर भाष्यकार लिखते हैं [ यदेवाभिमतं तदेवध्यायेत् ] भगवान स्वयं भी कहते हैं--

यो यो यां यां तनुं भक्तः श्रद्धयार्चितुमिच्छति।
तस्य तस्याचलां श्रद्धां तामेव विदधाम्यहम् ॥ ७ । २१

जो भक्त जिस प्रतिमा में जिस भावना से मेरी पूजा करता है मैं उस श्रद्धा अचल रखने के लिये उसी भावना में फल देता हूं।

( प्रश्न ) मूर्त्ति किस चीज की बनानी चाहिये ? ( उत्तर ) अथर्व और यजुः

पृथिव्यै अकरं नमः १२ । १ । २६ । भूम्यै पर्जन्यपत्न्यै
नमोऽस्तु १२ । १ । ४२ ; पद्भ्यां भूमिः ३१ । १३

इन मन्त्रों द्वारा पृथिवी की पूजा का विधान मिलता है। यजुर्वेद में पृथिवी ईश्वर के चरणस्थानीय मानी है। और [ अश्माचमे मृत्तिकाचमे ] इस मन्त्र में यावन्मात्र धातुओं की मूर्त्ति बनाने का संकेत है। [ पादोस्यविश्वाभूतानि ] इस श्रुति से समस्त विश्व ही भगवान का चरणस्थानीय है। किसी भी लोक में जाओ सर्वत्र भगवच्चरणों में ही रहना अनिवार्य है। पृथिवी प्रत्यक्ष में भगवच्चरण है। पृथिवी के किसी अंश की पूजा भगवच्चरण पूजा है। श्रीमद्भागवत में—

शैली दारुमयी लौही लेप्यालेख्या च सैकती।
मनोमयी मणिमयी प्रतिमाष्टविधा स्मृता ॥

इस पद्य के अन्दर पाषाण, काष्ठ, लोह, आलेप्य, आलेख्य, मनोमय, मणिमय, सैकत इन आठ प्रकार की प्रतिमाओं का वर्णन है। मनुष्य को जो सुलभ हो उस में ही ध्यान लगाना चाहिये।

( प्रश्न ) किसी मूर्त्ति में मन न लगाकर मन में ईश्वर का ध्यान करना क्या उत्तम नहीं है ? ( उत्तर ) मन भी भगवान की प्राकृत मूर्त्ति है। भुक्त पदार्थ के सूक्ष्मांश से मन बनता है।

अन्नमशितं त्रेधा विधीयते······यदणिष्ठं तन्मनः।

ऐसा उपनिषद् में लिखा है। इसलिये मन में ईश्वर का ध्यान करना मूर्ति पूजन से बाहर नहीं है।

( प्रश्न ) अव्यक्त ब्रह्म की उपासना में क्या दोष है ? ( उत्तर ) अव्यक्त में मन लगना असम्भव है। क्यों कि--

यादृग्गुणस्तादृग्गुणं भजति।

इस न्याय से प्राकृत मन प्राकृत मूर्त्ति में ही लग सकता है अप्राकृत में नहीं।

स्वसमानगुणाकर्षिणी प्रकृतिः।

प्रकृति समानगुण पदार्थ को अपनी ओर आकृष्ट करती है। मन सगुण है। सात्विक राजस तामस भावों से सम्बद्ध है वह निर्गुण ब्रह्म में लग ही नहीं सकता–

। और उपासना शब्द का अर्थ है [ उप समीपे आसनम् ] पास में बैठना ? वह व्यक्त में हो नहीं सकती ? इसीलिये--

क्लेशोधिकतरस्तेषामव्यक्तासक्तचेतसाम् ।
अव्यक्ता हि गतिर्दुःखं देहवद्भिरवाप्यते ॥ १२।५

भगवद्गीता में ऐसा लिखा है। अव्यक्त में जो मन लगाते हैं उनको क्लेश अधिक होता है। अव्यक्तगति केवल दुःख है, अर्थात् व्यक्तगति सुख है। फल उभयत्र समान है। यहां पर--

कटुकौषधोपशमनीयस्य रोगस्य, सितशर्करोपशमनीयत्वे,
कस्य वा रोगिणः सितशर्कराप्रवृत्तिः साधीयसी न स्यात्।

यह दर्पणकार का कथन अत्युपयुक्त प्रतीत होता है। जिस रोग का औषध कडुवा और मीठा दोनों प्रकार का हो उस रोग का रोगी समान फल होनेमें कडुवा औषध खाने में क्यों प्रवृत्त होगा ? इसी प्रकार भव रोग प्रशमन के लिये व्यक्ताव्यक्त पूजन दोनों उपाय हैं। उन में एक सुखसाध्य और दूसरा कष्ट साध्य है। फल उभयत्र समान है। फिर कष्ट साध्य में कौन प्रवृत्त हो सकता है ?

( प्रश्न ) ब्रह्मसत्ता से जीवसत्ता पृथक् है वा नहीं ? ( उत्तर ) इस विषय में दर्शनकारों का मत भेद है। गोतम और कणाद इसकी सत्ता ब्रह्म से भिन्न मानते हैं।

अजामेकां लोहितशुक्लकृष्णां बह्वीः प्रजाः सृजमानां सरूपाः ।
अजो ह्येको जुषमाणोऽनुशेते जहात्येनां भुक्तभोगामजोऽन्यः ॥ ४।५

श्वेताश्वतर की इस श्रुति में त्रिगुणात्मिका प्रकृति को अजा मानकर उसके पीछे दो अज-जीव और ब्रह्म लगाए गए हैं। एक जीव उस अजा को भोगता है- दूसरा अज-ब्रह्म भुक्त भोगा उस अजा को छोड़ देता है। अजा प्रकृति को कहते हैं।

द्वा सुपर्णा सयुजा सखाया समानं वृक्षं परिषस्वजाते ।
तयोरन्यः पिप्पलं स्वाद्वत्ति अनश्नन्नन्यो अभिचाकशीति ॥

ऋग्वेद की इस श्रुतिमें प्रकृति को वृक्ष मानकर उस पर जीव ब्रह्म रूप दो पक्षी अवस्थित माने हैं। वृक्ष बिना बीज के नहीं होता है। जगद्रूप वृक्ष का बीज प्रकृति है। वह ब्रह्म के साथ सर्वदा गर्भ में बालक की तरह छिपी हुई है। उसके साथ सम्बन्ध रखने वाले दो पक्षी जीव ब्रह्मात्मक "सयुजौ सखायौ" इन दो विशेषणों से मित्र रूप में होने चाहिये।

समानशीलव्यसनेषु सख्यम् ।

इस नीतिबचन के अनुसार मित्रता समान गुण वालों में ही होती है। इस कारण जीव ब्रह्म का भेद होना सयौक्तिक है।

भूमिरापोऽनलोवायुः खं मनो बुद्धिरेव च।
अहंकार इतीयं मे भिन्नाप्रकृतिरष्टधा ॥७।४
अपरेयमितस्त्वन्यां प्रकृतिं विद्धि मे पराम्।
जीवभूतां महाबाहो ययेदं धार्यते जगत् ॥७।५

भगवद्गीता के इन दो पद्यों में भगवान प्रकृति के दो विभाग करते हैं। एक अपर दूसरा पर, उन दो विभागों में पृथिवी, जल, तेज, वायु, आकाश, मन, बुद्धि, अहंकार ये आठ प्रकार की ( अपरा ) प्रकृति है। इससे भिन्न जगत का धारण करने वाली ( परा ) प्रकृति जीव भूत है। इन दोनों के मूलाधार ब्रह्मस्वरूप भगवान स्वयं इन से अलग हैं।

ममैवांशो जीवलोके जीवभूतः सनातनः।
मनःषष्ठानीन्द्रियाणि प्रकृतिस्थानि कर्षति ॥१५।७

भगवद्गीता के इस पद्य में भगवान् कहते हैं कि जीव भाव को प्राप्त हुआ मेरा ही एक सनातन अंश जीव है जो कि सर्वदा प्रकृति में रहने वाले इन्द्रियों को अपनी ओर आकृष्ट करता है। इस पद्य में "सनातनः" यह विशेषण जीव का है। सनातन ब्रह्म का अंश सनातन होना ही चाहिये—

ईश्वरः सर्वभूतानां हृद्देशेर्जुन तिष्ठति।
भ्रामयन्सर्वभूतानि यन्त्रारूढानि मायया ॥१८।६१

भगवद्गीता के इस प्रमाण से समस्त भूतों के हृदय ( मध्य ) देश में बैठा हुआ ईश्वर यन्त्रारूढ समस्त जीवों को अपनी मायासे चला रहा है। जिधर चलाता है उधर वे चलते हैं। इस बात को—

एषएव साधुकर्म कारयति। यं यमेभ्यो लोकेभ्य उन्निनीषति।
एषएव असाधुकर्माणि कारयति। यं यमधो निनीषते।

यह श्रुतिबाक्य भी पुष्ट करता है। इसी के आधार पर—

अज्ञोजन्तुरनीशोयमात्मनः सुखदुःखयोः।
ईश्वरप्रेरितोगच्छेत्स्वर्गं नरकमेव वा ॥ ३०।२७

यह पद्य महा० वन० अध्याय ३० में लिखा है। पद्य का अभिप्राय यह है कि अज्ञजीव अपने सुख दुःख के भोगने में ( अनीश ) परतन्त्र है। स्वतन्त्र होकर कर्म फल स्वरूप सुख दुःख का उपभोग नहीं कर सकता है। इसी कारण नरक में अथवा

में ईश्वर की प्रेरणा से जाता है। ईश्वरने जितने लोक लोकान्तर बनाये है-उनमें गमनागमन रूप चक्र के कारण जीव का आना जाना बना रखने के लिये सब प्रबन्ध ने हाथ में रक्खा है। इसीलिये जीव के कर्म करने में तथा उसके फल भोगने में आधिपत्य नहीं है।

## ब्रह्म में अपुनरावर्तन

आब्रह्मभुवनाल्लोकाः पुनरावर्त्तिनोऽर्जुन ।
मामुपेत्य तु कौन्तेय पुनर्जन्म न विद्यते ॥ १६
मामुपेत्य पुनर्जन्म दुःखालयमशाश्वतम् ।
नाप्नुवन्ति महात्मानः संसिद्धिं परमां गताः ॥ १७

भगवद्‌गीता के इन दो पद्यों में कहा है कि हे कौन्तेय ! ब्रह्म लोक पर्यन्त जाकर मनुष्य [क्षीणे पुण्ये मर्त्यलोकं विशन्ति] इस कथनानुसार प्रत्यावृत्त होते हैं। परन्तु मेरे स्वरूप में लीन होकर फिर उनका दुबारा जन्म नहीं होता है।

सर्गेऽपि नोपजायन्ते प्रलये न व्यथन्ति च ।

महाप्रलय के अनन्तर जब दुबारा सृष्टि होती है वे तब भी जन्म नहीं लेते हैं और प्रलयावस्था में उनको कष्ट नहीं होता है। इसीलिये-

यद्‌गत्वा न निवर्तन्ते तद्धाम परमं मम ।
यस्मिन्-गता न प्रविशन्तिभूयः ।

ऐसा भगवान् ने बार बार कहा है। इसबात का समर्थन—

यावदायुषं ब्रह्मलोकमभिसम्पद्य नस पुनरावर्तते ।

यह श्रुति भी करती है। इसीलिये यही सर्व तन्त्र सिद्धान्त है। इस विषय में इतना ही पर्याप्त समझकर अब अन्य विषय उपस्थित करते हैं।

## ब्रह्मा से वेदों का प्राकट्य

ब्रह्मा देवानां प्रथमः सम्बभूव ।

इस मुण्डक श्रुति से सृष्टिमें सबसे प्रथम ब्रह्मका उद्भव होता है। मनुस्मृतिके प्रथमाध्याय में आरम्भ से ही यही विषय उठाया है।

यो वै वेदांश्च प्रहिणोति तस्मै ।

इस श्वेताश्वतर श्रुति से ब्रह्मदेव के हृदय में ईश्वर ही ने वैदिक ज्ञान प्रकाशित किया यह बात सिद्ध होती है। इसीलिये ब्रह्मा के द्वारा वेद प्रकट हुये यह बात निर्विवाद है।

ऋचः सामानि छन्दांसि पुराणं यजुषा सह ।
उच्छिष्टाज्जज्ञिरे सर्वे दिवि देवा दिविश्रितः ॥ ११।७।२४

अथर्व वेद के इस मन्त्र में उच्छिष्ट [सर्वोत्तम] ब्रह्म से पुराणों के साथ वेदों का आविर्भाव माना है। ब्रह्म अव्यक्त रूप में क च ट त प इत्यादि वर्णाभिव्यञ्जित ज्ञान का बिना प्राकृत अवलम्ब के प्रकट नहीं कर सकता है इस कारण ब्रह्मदेव से प्रकट कराता है। यजुर्वेद के—

तदेवाग्निस्तदादित्यस्तद्वायुस्तदु चन्द्रमाः ।
तदेव शुक्रं तद्ब्रह्म ता आपः स प्रजापतिः ॥ ३२।१

इस मन्त्र में एक ही ब्रह्म के अग्नि आदित्य वायु और चन्द्रमा यह नाम कहे हैं ऋग्वेद के—

इन्द्रं मित्रं वरुणमग्निमाहुः

इस मन्त्र में भी इसी बात का समर्थन है। इसलिये अग्नि वायु आदित्य अंगिरा इनको ईश्वर से भिन्न ऋषि मानकर वेदों का प्राकट्य मानना केवल असिद्ध साधन मात्र है। गोपथ ब्राह्मण में—

चत्वारो वा इमे लोकाः पृथिव्यन्तरिक्षं द्यौराप इति ।
चत्वारो वा इमे देवा अग्निर्वायुरादित्यश्चन्द्रमाः ।
चत्वारो वा इमे वेदा ऋग्वेदो यजुर्वेदः सामवेदो ब्रह्मवेद इति ॥१
पृथिवी धेनुस्तस्या अग्निर्वत्सः अन्तरिक्षं धेनुस्तस्या वायुर्वत्सः ।
द्यौर्धेनुस्तस्या आदित्यो वत्सः दिशोधेनवस्तासां चन्द्रो वत्सः ॥२॥
ऋग्वेदस्य पृथिवीस्थानमन्तरिक्षस्थानो अध्वरः ।
द्यौः स्थानं सामवेदस्य आपो भृग्वंगिरां मतम् ॥
अग्निर्दैवतमृग्वेदस्य यजुर्वेदो वायुदैवतः ।
आदित्यः सामवेदस्य चन्द्रमा भृग्वङ्गिरसाम् ॥
वागध्यात्ममृग्वेदस्य यजुषां प्राण उच्यते ।
चक्षुषी सामवेदस्य मनो भृग्वङ्गिरां मतम् ॥

वेदों के उद्भव प्रसंग में श्रुतियां उपलब्ध होती हैं। यजुर्वेद के [अग्निर्देवता वातो देवता] इस मन्त्र में अग्नि आदि को देवता माना है ऋषि नहीं। [ऋषयो मन्त्र द्रष्टारः] इस निरुक्त के प्रमाण से मन्त्र द्रष्टा को ऋषि कहते हैं। अग्नि आदि तत्वों का मथन करके ब्रह्म ने ऋगादि वेदों को ब्रह्मा के द्वारा प्रकट कराया यही बात वैदिक

से सिद्ध होती है और यही बात [अग्निवायुरविभ्यः] इस मनु पद्य से भी होती है। इसीलिये यही बात निर्विवाद है।

## वेद शाखा विवेचन

वेद जिसका नाम है वह वेदत्वेन एक होने पर भी विषय भेदसे ११३१ शाखाओं में विभक्त है। पातञ्जल महाभाष्य के–

एक शतमध्वर्युशाखाः सहस्र वर्त्मा सामवेदः ।
एकविंशतिधाबाह्वृच्यम् नवधाथर्वणोवेदः ॥

इस लेख से यही बात अवगत होती है। ये सब शाखायें याज्ञवल्क्य आदि ऋषियों द्वारा अवतीर्ण हुई हैं। वर्तमान समय में जो वेद मिलते हैं वे सब शाकल शौनक बाष्कल याज्ञवल्क्य संकलित हैं। उन के ऊपर किसी पर भी [ ईश्वरप्रणीतो ऋग्वेदः ] नहीं मिलेगा। इसके विपरीत—

आदित्यादिमानि शुक्लानियजूंषि वाजसनेयेन याज्ञवल्क्येन आख्यायन्ते

यह प्रमाण शतपथ ब्राह्मण के अन्त भाग में मिलता है। शतपथ ब्राह्मण याज्ञवल्क्य के द्वारा संकलित हुआ यह बात महाभारत शान्ति पर्व अध्याय ३१८ श्लोक मिलती है। ऋग्वेद के मंत्र द्रष्टा ऋषि ४१४ हैं, यजुर्वेद के ७७ हैं, अथर्ववेद के हैं, सामवेद के ५८ हैं इन सब की सपिंडित संख्या ८८४ होती है इतने मन्त्र ऋषियों ने वेद मन्त्रों का संङ्कलन करके-वर्तमान स्वरूप में वेद उपस्थित िया है। यह बात [ बृहद्देवता कात्यायन सूत्र चरणव्यूह ] आदि ग्रन्थों में देखने ग्य है।

"मन्त्रब्राह्मणात्मकः शब्दराशिर्वेदः" (आपस्तम्ब)

"मन्त्रब्राह्मणयोर्वेदनामधेयम्" ( कात्यायन )

इन दो महर्षियों के मत से तथा बौधायन आदि अन्य अनेक मुनियों की सम्मति से मन्त्र और ब्राह्मण दोनों मिल कर वेद माने जाते हैं। केवल मन्त्रभाग के वेद मानने में कोई वैदिक प्रमाण उपलब्ध नहीं होता है। मीमांसा में—

तच्चोदकेषु मन्त्राख्या । २ । ३२ शेषे ब्राह्मण शब्दः । २ । ३२

इन दो सूत्रों द्वारा गद्य पद्यात्मक दोनों भागों को वेद माना है। सहस्रों मन्त्र गृह्य सूत्र कल्पसूत्र तथा ब्राह्मण ग्रन्थों में मिलते हैं। सहस्रों गद्य यजुर्वेद में तथा अथर्ववेद में विद्यमान हैं। यदि गद्य मात्र होने से ब्राह्मण का वेदत्व व्याहत किया जाय तो मन्त्र भाग में ( ओत प्रोत ) बहुत सा गद्य भाग आप को, मिलेगा ? इसलिये वेद

की यह कसौटी मानने योग्य नहीं है। दोनों में विद्यमान "भाग" शब्द इस बात क. और भी साफ कर देता है। अवयव को (भाग) कहते हैं। मन्त्र भाग ब्राह्मण भाग ये दो शब्द ही आपस में एक दूसरे को अपना २ अवयव बतलाते हैं। ऐसी अवस्था में एक को वेद मानकर दूसरे को वेद न मानना अयौक्तिक है। जिस हेतु वाद के आधार पर मन्त्र भाग को वेद माना जाता है-उसी हेतु वाद के आधार पर ब्राह्मण भी वेद सिद्ध होते हैं। उदाहरणार्थ दो चार हेतुवाद हम यहां पर उपस्थित करते हैं। यदि कहो कि ब्राह्मणों में इतिहास होने से वह वेद नहीं हो सकते (?) तो मन्त्र भाग में भी अनेक इतिहास विद्यमान हैं। देखिये—

आर्ष्टिषेणो होत्रमृषिर्निषीदन् देवापिर्देव सुमतिं चिकित्वान् ॥ १ ॥
यद्देवापिः शन्तनवे पुरोहितो होत्राय वृत्तः कृपयन्नदीध्येत् ॥ २ ॥
प्र ये गृहादममदुस्त्वाया पराशरः शातयातुर्वसिष्ठः ॥ ३ ॥
प्रसिन्धुमच्छाबृहती मनीषावस्युरह्वे कुशिकस्य सूनुः ॥ ४ ॥
सौधन्वना ऋभवः सूरचक्षसः संवत्सरे समपृच्यन्त धीतिभिः ॥ ५ ॥
अपागूहन्नमृतां मर्त्येभ्यः कृत्वी सवर्णामददुर्विवस्वते ॥ ६ ॥

ऋग्वेद के इन मंत्रों में अनेक इतिहास हैं। यास्क ने निरुक्त में इन को विस्तृ किया है। (२) यदि कहो कि व्याख्यान मात्र होने से ब्राह्मण वेद नहीं? तो मंत्रों भी अनेक मन्त्र आपस में एक दूसरे के अनुवाद स्वरूप हैं। देखिये—

ये अग्निष्वात्ता ये अनग्निष्वात्ता मध्ये दिवः स्वधया मादयन्ते ।१।
ये अग्निदग्धा ये अनग्निदग्धा मध्ये दिवः स्वधया मादयन्ते ॥२॥

इन दोनों मंत्रों में एक दूसरे का अनुवाद है। (३) यदि कहो कि ब्राह्मण ऋषि प्रणीत हैं? तो वेद भी ऋषिप्रणीत हैं। देखिये—

ये च पूर्वे ऋषयो येच नूत्ना इन्द्र ब्रह्माणि जनयन्त विप्राः ।
अस्मे ते सन्तु सख्या शिवाय यूयं पात स्वस्तिभिः सदा नः ॥७।२२।९

इस मन्त्र में साफ लिखा है कि पुराण तथा नूतन दोनों प्रकार के ऋषियों ने मन्त्र लिखे हैं। अथर्व वेद के कई मन्त्रों में ऋषियों का [ मन्त्रकृतः ] यह विशेषण भी मिलता है।

सहस्तोमाः सहच्छन्दसआवृतः सहप्रमाऋषयः सप्तदैव्याः ३४॥४९

यजुर्वेद के इस मन्त्र में मन्त्र सम्पादक सात ऋषियों का वर्णन मिलता है। [४] यदि कहो कि ब्राह्मण ईश्वरोक्त नहीं है? तो वेद भी किसी मन्त्र से निराकार

ईश्वर प्रणीत सिद्ध नहीं होता है। [५] यदि कहो कि ब्राह्मण भाग के वेद मानने में किसी ऋषि का प्रमाण नहीं है ? तो—

मन्त्र ब्राह्मणात्मकः शब्दराशिर्वेदः।

ऐसा आपस्तम्ब ने कहा है। [६] यदि कहो कि ब्राह्मण मनुष्य बुद्धि प्रणीत है ? तो—

सहप्रमा ऋषयः सप्तदैव्याः।

इस मन्त्र में निश्चयात्मक ज्ञानयुक्त उन ऋषियों को भी कहा है जिन्होंने मन्त्रों का सम्पादन किया था। इसलिये जिन कारणों से मन्त्र भाग वेद माना जाता है उन्हीं कारणों से ब्राह्मण भी वेद मानना होगा।

## मन्त्रकर्त्ता ऋषियों का विवेचन

वेदों के स्वाध्याय करने वाले को यह बात अनायास विदित होजाती है कि कौन मन्त्र किस ऋषि ने देखा है। मन्त्र द्रष्टा ऋषि प्रत्येक मन्त्र अथवा सूक्त पर लगा हुआ है। उसी के द्वारा वह मन्त्र संसार में प्रचलित हुआ है। इसलिये—

अनूचानत्त्वेसति मन्त्रार्थाभ्यूहन समर्थत्वं ऋषित्वम्।

ऐसा व्याडिने कहा है।

साक्षात्कृतधर्माण ऋषयो बभूवुः

ऐसा निरुक्त में यास्क का मत है। वेद में कई मन्त्रों के अन्दर—

ब्रह्माणि ससृजे वसिष्ठः ७।१८।४

ब्रह्माणि जनयन्त विप्राः ७।२२।९

ब्रह्माणि गोतमासोऽक्रन् ८।२।१

इस प्रकार के पाठ उपलब्ध होते हैं। जिन से विस्पष्ट रूप में यह बात पाई जाती है कि वेद के मन्त्र अनेक ऋषियों द्वारा संकलित किये गए है। इसीलिये—

तत्तदृषिदृष्टानां बहूनां सूक्तानामेकर्षिकर्तृकः संग्रहो मण्डलम्।

सम्पूर्णमृषिवाक्यन्तु सूक्तमित्यभिधीयते।

ऐसा शौनक में वृहद्देवता में कहा है। मन्त्र द्रष्टा और मन्त्र कर्त्ता दोनों ही मन्त्र के सम्पादन में कारक माने जाते हैं। ब्रह्मा जिस बात को ध्यानमें देखते हैं—उनके वंशज ऋषि उसी बात को शब्द द्वारा कहते हैं। इसी प्रकार वैदिक ज्ञान क्रमशः विस्तृत होता हुआ —अन्त में संकलित होते-होते वृहत्पुस्तक के रूप में परिणत हो गया है।

## वेदों का प्रयोजन

"असन्मार्ग से हटाकर सन्मार्ग में प्रवृत्त करना" यही एक मात्र वेदोंका प्रयोजन है अतीन्द्रिय दुरूह लोकोत्तर विषयों को यथा क्रम सरलरूप में जनसाधारण के समक्ष उपस्थित करके प्राणिमात्र को अभ्युदय और निःश्रेयस की ओर लेजाना ही एक मात्र वैदिक साहित्य का अनन्यसाध्य कर्तव्य है। उसके अर्थ करने का प्रकार आर्षानुक्रमणी–देवतानुक्रमणी–छन्दोनुक्रमणी अथवा सर्वानुक्रमणी के तत्वज्ञान पर निर्भर है [यातेनोच्यते सा देवता] इस नैरुक्त प्रमाण से मन्त्र का प्रतिपाद्नीय विषय ही "देवता" कहाता है जिसने जिस मन्त्र को अथवा मन्त्रार्थ को देखा वह "ऋषि" है। गायत्री आदि छन्दों का परिज्ञान तथा उदात्तानुदात्त स्वरितादि–स्वर परिचय इतनी सामग्री वेदार्थ करने में पर्याप्त है। मन्त्रों का अर्थ पूर्वापर संगति से स्वयं लग जाता है उसके बिना नहीं। इसी कारण–

"नतु पृथकत्वेन मन्त्रा निर्वक्तव्याः। प्रकरणश एव तु निर्वक्तव्याः।
नह्येषु प्रत्यक्षमस्ति। अनृषेरतपसोवा"

ऐसा निरुक्त में यास्क ने लिखा है। प्रसग को छोड़कर वेदार्थ करने में मन्त्रों की वही दुर्दशा होती है जो केशाकर्षण के समय में द्रुपदसुता की हुई थी। द्रुपद सुता अपना हठ नहीं छोड़ती थी। दुःशासन अपना हठ नहीं छोड़ता था। मन्त्र ईश्वरीय संकेत को नहीं छोड़ सकते और मनुष्य उन से अपना प्रयोजन बिना निकाले नहीं रहता इसीलिये मन्त्रों का विनियोग ऋषियों ने पूर्व से ही नियत कर दिया है। बिनियोग के अनुकूल वेदार्थ करने से विरुद्धार्थ कल्पना का दोष हम पर नहीं लग सकता है।

## वेदों में वेदाङ्ग

आजकल कुछ मनुष्य वेद के अर्थ करने में स्वयं असमर्थ होकर विचार करने के समय में अष्टाध्यायी, निरुक्त, महाभाष्य, आदि ग्रन्थों का अवलम्ब लेते हैं। परन्तु हम को यह अभीष्ट नहीं है। क्यों कि वेद का अर्थ बिना ईश्वर कृपा और गुरु संकेत के नहीं आता है। इसमें परम्पराऽऽगत वैदिक संस्कारों की आवश्यकता है। यदि वेदार्थ करने के समय में वेद ग्रन्थान्तर के परवश हों तो उनका महत्व नष्ट हो जाता है। वेद स्वतः प्रमाण हैं। परतः प्रमाण नहीं हैं अन्य ग्रन्थों के आधार पर वेदार्थ निर्भर करना वेद को परतः प्रमाण बनाना है। इसलिये वेदों का अर्थ पूर्वोक्त प्रकार से ही वैदिक विद्वानों को करना चाहिये। जिस निरुक्त के आधार पर वेदार्थ किया जाता है। वह वेद में स्वयं है। देखिये—

यद्दः संप्रयतिरहावनदताहते ।
तस्मादानद्यो नाम स्थ ता वो नामानि सिन्धवः ॥ ३।१३।१
यत्प्रेषिता वरुणेन अच्छीभं समवल्गत ।
तदाप्नोदिन्द्रो वो यतीः तस्मादापो अनुष्ठन ॥ २
अपकामं स्यन्दमानाः अवीभरत वो हि कम् ।
इन्द्रो वः शक्तिभिर्देवीस्तस्माद्वार्नाम वो हितम् ॥ ३
एको वो देवोध्यतिष्ठत्स्यन्दमाना यथावशम् ।
उदानिषुर्महीरिति तस्मादुदकमुच्यते ॥ ४

अथर्व वेद के इन मंत्रों में [नदी-आप-वारि-उदक] इन चार शब्दों का कितना सुन्दर निर्वचन किया है। इसी प्रकार यजुर्वेद के दो मन्त्रों में समस्त छन्दः शास्त्र-अनुस्यूत है। देखिये—

गायत्री त्रिष्टुब्जगत्यनुष्टुप्-पङ्क्त्या सह ।
बृहत्युष्णिहा ककुप्सूचीभिः शम्यन्तु त्वा ॥ २३।३३
द्विपदा याश्चतुष्पदास्त्रिपदा याश्च षट्पदाः ।
विच्छन्दा याश्च सच्छन्दाः सूचीभिः शम्यन्तुत्वा ॥ ३४

यजुर्वेद के इन दो मन्त्रों में गायत्री आदि समस्त वैदिकच्छन्द तथा विच्छन्द एवं सच्छन्द सब छन्दोजातियां संकेत मात्र से वर्णित हैं।

[ विगतं छन्दोलक्षणं याभ्यस्ता विच्छंदाः । छन्दो लक्षणेन सहिताः सच्छन्दाः ] इति महीधरः ।

इसी प्रकार [ वर्णोच्चारण शिक्षा ] छान्दोग्योपनिषद् में ओत प्रोत है। ज्योतिष विद्या का मूलभूत "नक्षत्र सूक्त" इस ग्रन्थ में पहिले आ चुका है। कल्प भाग शतपथ ब्राह्मण में सर्वत्र विद्यमान है। केवल वैदिक साहित्य के स्वाध्याय करने की आवश्यकता है।

वैदिकी सुषमा यस्मिन्निबन्धे परिणीयते ।
सप्तमस्तत्र सम्पूर्तिं समुल्लासोऽद्य नीयते ॥१॥

इतिश्रीमदखिलानन्दशर्मप्रणीते
वैदिक सत्यार्थप्रकाशे
सप्तमः समुल्लासः

——०——

# अष्टमः समुल्लासः

## प्रलयावस्था वर्णन

आसीदिदं तमोभूतमप्रज्ञातमलक्षणम् ।
अप्रतर्क्यमविज्ञेयं प्रसुप्तमिव सर्वतः ॥ १।५

महर्षियों के प्रश्न करने पर भगवान् मनु कहते हैं कि महाप्रलय में यह समस्त जगत अन्धकार मय था। प्रत्यक्षादि प्रमाणों से जानने योग्य न था। किसी पदार्थ का लक्षण प्रतीत नहीं होता था, तर्कना के अयोग्य होने के कारण मनुष्य बुद्धि वेद्य नहीं था, उस समय का कोई पदार्थ बुद्धि में आने योग्य न था, सब ओर से सोता हुआ जैसा था। ब्रह्म भी उस समय निर्गुण, निरीह, निष्क्रिय था। इसी कारण से जगत की यह अवस्था हुई। क्योंकि—

यदा स देवो जागर्ति तदेदं चेष्टते जगत् ।
यदा स्वपिति शान्तात्मा तदा सर्वं निमीलति ॥ १।५२
तस्मिन्स्वपति सुस्थेतु कर्मात्मानः शरीरिणः ।
स्वकर्मभ्यो निवर्तन्ते मनश्च ग्लानिमृच्छति ॥ ५३
युगपत्तु प्रलीयन्ते यदा तस्मिन्महात्मनि ।
तदायं सर्वभूतात्मा सुखं स्वपिति निर्वृतः ॥ ५४

मनु के इन पद्यों में कहा है कि जब ईश्वर जागता है तब यह जगत अपनी २ चेष्टा में व्यग्र रहता है, जब वह सोता है [अपने स्वरूप में लीन होता है] तब सब जगत निद्रितावस्था में आजाता है। उसके निश्चेष्ट होने पर समस्त कर्मात्मा प्राणी अपने २ कर्म से हट जाते हैं और मन मूर्च्छित होजाता है। जब सब एक साथ उस ब्रह्म में लीन होजाते हैं उस समय ब्रह्म निश्चिन्त होकर सो जाता है। जगत का प्रकृति में लय होना ही महा प्रलय है।

महा प्रलय के अनन्तर ब्रह्म से जगत की सृष्टि किस प्रकार हुई, इस विषय में वेद चुप है। उस समय का "प्रकार वर्णन" अनिर्वचनीय है क्यों कि उस समय ब्रह्म के अतिरिक्त और कोई द्रष्टा नहीं रहता है। इसीलिये—

को अद्धा वेद क इह प्रवोचत् कुत आजाताः कुत इयं विसृष्टिः ।
अर्वाग्देवा अस्य विसर्जनेन अथ को वेद यत आबभूव ॥ ८।७।१

ऋग्वेद की यह श्रुति कहती है कि कौन इस बात को जानता है? और कौन इस बात को कह सकता है? कि हम सब कहाँ से उत्पन्न हुए? और कहां से यह, प्रत्यक्ष में दृश्यमान जगत की विविध सृष्टि हुई? क्योंकि ब्रह्मादिक देवगण इस सृष्टि के अनन्तर हुए हैं। इसलिये अब कौन जान सकता है कि यह कहां से और कैसे हुआ?

इयं विसृष्टिर्यत आवभूव यदिवा दधे यदिवा न।
यो अस्याध्यक्षः परमेव्योमन् सो अंग वेद यदिषा न वेद ॥ ८।७।१७

यह प्रत्यक्ष में विद्यमान विविध सृष्टि जहां से उत्पन्न हुई वह ब्रह्म ही क्या इसका धारण कर्त्ता है वा उससे भिन्न अन्य कोई? इस बात को जो इस का परात्पर अध्यक्ष है वही जानता है या वह भी नहीं जानता है। इन दो श्रुतियों के मत में उस समय का वर्णन कोई नहीं कर सकता है।

## ईश्वर की सांकल्पिक सृष्टि

महाप्रलय के अनन्तर ईश्वर जब [एकोहं बहुः स्यां प्रजायेय] ऐसा विचार करता है तब सब से प्रथम अप उत्पन्न करता है। उसमें अपना शक्ति रूप बीज बोता है। यही बात--

सोऽभिध्याय शरीरात्स्वात्सिसृक्षुर्विविधाः प्रजाः।
अपएव ससर्जादौ तासु वीजमवासृजत् ॥ १।८

मनु के इस पद्य में कही है। ऋग्वेद के नासदीय सूक्त में--

कामस्तदग्रे समवर्तताधि मनसो रेतः प्रथमं यदासीत्।

यह मन्त्र भी इसी बात का समर्थन करता है। मन्त्र में काम शब्द से इच्छा का ग्रहण है। संकल्प - इच्छा का प्रथम होना ही [रेत] जलोद्भावक शक्ति का कारण होता है। निघन्टु में रेत शब्द जल का वाचक है। ईश्वर सर्व शक्तिमान होने के कारण आकाश के बिना भी अपनी शक्ति से जल का धारण करता है, क्योंकि नासदीय सूक्त के प्रथम मन्त्र में-

नासीद्रजो नोव्योमापरो यत्।

इस कथन के द्वारा उस समय में आकाश का अभाव सिद्ध होजाता है। आकाश के अभाव में जल का धारण अपनी शक्ति के अन्यत्र होना अनुपयुक्त है। इसलिये स्वसामर्थ्य से जल का धारण करना अर्थापत्ति सिद्ध है। ईश्वर ने जल ही सबसे प्रथम उत्पन्न किया, और जल ही सबसे प्रथम अपना स्थान बनाया। इसीलियें-

आपो नारा इति प्रोक्ता आपो वै नरसूनवः ।
ता यदस्यायनं पूर्वं तेन नारायणः स्मृतः ॥ १।१०

ऐसा मनु ने कहा है। नवीन सर्ग में ईश्वर का पहिला नाम [नारायण] होता है। जल में शक्ति रूप वीज का आधान करके वही ब्रह्म (अहंकार) बनता है। उसमें (ब्रह्म के मान से) एक वर्ष रहकर अपने ध्यान से उस अंड को दो विभागों में विभक्त करता है। उस समय में ब्रह्म का जो रूप रहता है, उसी को "हिरण्यगर्भ" कहते हैं, इसीलिये—

हिरण्यगर्भः समवर्तताग्रे भूतस्य जातः पतिरेकआसीत् ।
स दाधार पृथिवीं द्यामुतेमां कस्मै देवाय हविषा विधेम ॥ १३।४

यजुर्वेद के इस मन्त्र में इसका वर्णन है। मन्त्रार्थ इस प्रकार है। प्राणियों में सर्व प्रथम हिरण्यगर्भ उत्पन्न हुआ वह पैदा होते ही उत्पत्स्यमान जगत का एक मात्र अध्यक्ष हुआ उसने पृथिवी को धारण किया और द्युलोक को धारण किया उस ब्रह्म देव के लिये हम हविष्य दान करते हैं। यही बात वेद के अन्य मन्त्रों में भी कही गई है। (कस्येत्) इस पाणिनि के निर्देश से कशब्द यहां पर ब्रह्म का वाचक है। ब्रह्माण्ड के दो विभाग होने पर द्यौ-पृथिवी-अन्तरिक्ष आठ दिशायें और समुद्र बनता है। यह बात—

ताभ्यां स शकलाभ्यां च दिवं भूमिं च निर्ममे ।
मध्ये व्योमदिशश्चाष्टावपां स्थानं च शाश्वतम् ॥ १।१३

इस पद्य में मनु जी कहते हैं, जो बात मन्त्र में [सदाधार पृथिवीं द्यामुतेमां] इन शब्दों में कही गई है वही बात पद्य में [दिवंभूमिंच निर्ममे] इन शब्दों में कही गई है। इसके बाद का सृष्टि क्रम सुगम है। मनु के प्रथमाध्याय में उसका विशद वर्णन है।

## औषधिसर्ग का प्राथम्य

या ओषधीः पूर्वा जाता देवेभ्यस्त्रियुगं पुरा ।
मनै नु बभ्रूणामहं शतं धामानि सप्त च ॥ १२।७५

यजुर्वेद के इस मन्त्र में कहा है, कि सृष्टि आरम्भ काल में जो ओषधियां देवताओं के लिये पहिले उत्पन्न हुई पिंगल वर्ण उन ओषधियों के भेद और स्थान एक सौ सात हैं। औपनिषद् सृष्टि क्रम में (पृथिव्याः ओषधयः) इस प्रमाणसे पृथिवी में सब से प्रथम ओषधियों का ही उद्गम माना गया है। देव गण (अमृतांधस) है अमृत ही देवगणों का अन्न है। अमृत सोम आदि ओषधियों के बिना बन नहीं सकता इसलिये देवताओं से पहिले अमृत का होना स्वाभाविक है।

## दैवी और मानवी सृष्टि

क्रम विकास के कारण ओषधि सृष्टि के अनन्तर दैवी सृष्टि का नम्बर आता है। क्योंकि सृष्टि में देव (दिव्यगुण) होने के कारण मानवी सृष्टि में प्रथम उत्पन्न होते हैं। यहां पर देवगण से हमारा प्रयोजन (अष्टदिक्पाल) इन्द्र-वरुण-यम--कुवेर आदि से है। दैवी सृष्टि के अनन्तर मानवी सृष्टि का क्रम आता हैं। क्योंकि (रेतसोर्य पुरुषः) इस श्रुति से वीर्य बनने पर मानवी सृष्टि होती है इसीलिये पंच महा भूतसर्ग ओषधि सर्ग--देवसर्ग और मानवसर्ग में क्रम विकास प्रतीत होता है।

## सृष्टि का आधार

अनेक लोक लोकान्तर प्रतिष्ठित-यह सृष्टि किस से आधार पर अवलम्बित है? इस प्रश्न पर बड़ा मतभेद है। कोई इसको शेष पर अवस्थित मानते हैं कोई गौ के शृंग पर मानते हैं। कोई "परस्पराकर्षण" मानते हैं कोई ईश्वर के आधार पर इसकी अवस्थिति मानते हैं। देखिये—

नष्टे लोके द्विपरार्धावसाने महाभूतेष्वादिभूतं गतेषु।
व्यक्तेऽव्यक्तं कालवेगेन याते भवानेकः शिष्यते शेषसंज्ञः ॥ १०।३।२५

श्रीमद्भागवत के इस पद्य में व्यास जी कहते हैं कि दो परार्द्ध समाप्त होने जब समस्त लोक लोकान्तर नष्ट होजाते हैं, महाभूत क्रमशः क्रमलय के द्वारा आदि भूत ( आकाश ) में लीन हो जाते हैं साथ ही कालवेग से व्यक्त जगत अव्यक्त दशा में परिणत होता है, उस समय ब्रह्म ही ( शेष ) अवशिष्ट रहता है। उसी शेष ब्रह्म पर-जगत रहता है। परार्द्ध गणित में अन्तिम संख्या है दो बार परार्द्ध होने पर महा प्रलय होता है। (२) गौ के शृंग पर मानने में—

उक्षा दाधार पृथिवीमुतद्याम्।

यह श्रुति प्रमाण है। यहां पर लक्षणा से यज्ञ वाधिनी गौ का निर्देश है। यज्ञके द्वारा अनेक लोगों का पालन, पोषण, धारण, समस्त शास्त्रानुमोदित है। और वृषभ कृषि के द्वारा अन्न उत्पन्न कर [illegible] पालन करता है। भारत कृषि प्रधान देश है। इस में तो इस बात के अधिव [illegible] की आवश्यकता भी नहीं है। अन्न से यज्ञ दान, पुण्य, के द्वारा परस्परोपकार भाव से विश्व का धारण होजाता है यह बात सभी जानते हैं। (३) रहा परस्पराकर्षण? वह पदार्थ विज्ञान के द्वारा सिद्ध है। (४) ईश्वर के आधार पर मानने में—

स दाधार पृथिवीं द्यामुतेमाम् ॥१॥ तदाधार पृथिवीं विश्वरूपम् ॥२॥

इत्यादि अनेक श्रौत प्रमाण हैं। परन्तु ब्रह्म के कितने अंशों पर यह सृष्टि निर्भर है? इस विषय में सन्देह है। जब सर्जनोन्मुखी शक्ति ब्रह्म के एक देश में अवस्थित है तब धारणोन्मुखी शक्ति सर्वावयवव्यापिनी हो-यह बात असम्भव है। ब्रह्म सर्व शक्तिमान है। उसकी कोई शक्ति जगत को बनाती है, कोई धारण करती है, कोई संहार करती है, सब शक्तियों से अथवा पूर्णशक्ति से सब काम ईश्वर नहीं करता है। यदि करता तो—

त्रिपादस्यामृतं दिवि ॥१॥ स्वर्यस्य च केवलम् ॥२॥

इत्यादि श्रुति वाक्यों का नैरर्थक्य प्रसंग होता? सो है नहीं? इसलिये ब्रह्म की कितनी शक्तियों पर जगत अवलम्बित है? यह प्रश्न समक्ष में आकर उपस्थित होता है। इसके समर्थन में—

यत्परममवमं यच्च मध्यमं प्रजापतिः ससृजे विश्वरूपम्।
कियता स्कम्भः प्रविवेश तत्र यन्नमाविशत्कियत्तद्बभूव ॥१०।७।८
कियता स्कम्भः प्रविवेश भूतं कियद्भविष्यदन्वाशयेऽस्य।
एकं यदङ्गमकृणोत्सहस्रधा कियता स्कम्भः प्रविवेश तत्र ॥१०।७।९

अथर्ववेद के यह दो मंत्र उपस्थित हैं। मन्त्रार्थ इस प्रकार है। उत्तम, मध्यम, अधम, भाव से विविध जिस विश्व रूप को प्रजापति ने बनाया उसमें उस प्रजापति की कितनी शक्ति (स्कंभ) रूप से लगी हुई है। और कितने में लगी हुई है। और जितने में वह नहीं लगी हुई है वह जगत कितना है? दूसरे मन्त्र में यही बात और विस्तृत रूप से कही गई है मन्त्र कहता है कि ईश्वर की धारण रूप शक्ति पञ्च महा भूतों के कितने अंश में प्रविष्ट हुई है? और कितना भूतों का भाग भविष्य में इसकी शक्ति में रहेगा? एक भूत के जो हजारों रूप ईश्वर ने किये हैं उनमें किस २ रूप के अन्दर धारणात्मक शक्ति से ईश्वर घुसा हुआ है। इन दोनों मन्त्रों के अन्दर ईश्वर की धारणात्मक शक्ति के विषय में अनेक प्रश्न उपस्थित किये गये हैं। व्याकरण में (स्कंभ) शब्द भौवादिक "स्कभि प्रतिबन्धे" इस धातु से बना है। जिसका अर्थ "रोध" रोकना, थामना, धारण करना होता है। मान्त्रिक प्रश्न के उत्तर में वेदान्त वादियों का जो उत्तर है वही उचित प्रतीत होता है। वे कहते हैं कि जितने अंश से वह जगत बनाता है उतने ही अंश से उसका धारण करता है। परिमित शक्ति संपाद्य कार्य के धारण में अपरिमित शक्ति का प्रयोग करना न्याय सिद्ध नहीं है।

आत्मैवेदमग्रआसीत्पुरुषविधः। सोऽनुवीक्ष्यनान्यदात्मनोऽपश्यत् ॥१॥ सवै नैवरेमे। स द्वितीयमैच्छत् ॥२॥ सइममेवात्मानं द्विधापादयत्। ततःपतिश्चपत्नीच

अभवताम् । ततो मनुष्या अजायन्त ॥५॥ साह इयमीक्षाञ्चक्रे । कथं नुमां आत्मनएव जनयित्वात्र सम्भवतीति । हन्ततिरोऽसानीति ॥६॥ सागौरभवत् । वृषभइतरः । सतामेवसमभवत् । ततोगावोऽजायन्त ॥७॥ एवमेवयदिदं किंचमिथुनमापिपीलिकाभ्यः तत्सर्वमसृजत ॥९॥ सहअवेत् । अहं वावसृष्टिरस्मि । अहं हिइदंसर्वमसृक्षीति । ततःसृष्टिरभवत् ॥१०॥ सैषाब्रह्मणोतिसृष्टिः ॥१४॥ तद्धेदं तर्ह्यव्याकृतमासीत् । तन्नामरूपाभ्यामेव व्याक्रियत । असौनामायम् । इदंरूपइति ॥१५॥ सएषइहप्रविष्टः ॥१६॥

शतपथ के इन श्रुति वाक्यों का "संक्षिप्त" अर्थ यह है कि पहिले एक पुरुषाकार आत्मा था। उसने अपने से भिन्न कुछ न देखा, उसको अकेले में आनन्द न आया उसने अपने को दो विभागों में विभक्त किया, उससे पति पत्नी बने, उन दोनों से मनुष्य बने, स्त्री ने देखा कि मुझको इसने अपने से बनाकर मिथुन किया, इसलिये वह छिपकर गौ बनी। पुरुष वृषभ बना। इससे गौ उत्पन्न हुई, इसी प्रकार चींटी तक सब जोड़े बने, फिर पुरुष ने देखा कि मेरा ही यह सब विस्तार है, परन्तु अव्याकृत है इसलिये उसने नाम रूप से उसका विभाग किया और अन्त में नाम रूपात्मक जगत में स्वयं भी प्रविष्ट होगया। इससे यह सिद्ध होता है कि एक ब्रह्म का ही यह सब विस्तार है। इसीलिये समस्त जगत का एक ही ब्रह्म में उपक्रमोप संहार हो जाता है।

आपोहवाइदमग्रे सलिलमेवास । ताअकामयन्त कथंनुप्रजायेमहीति । तास्तपोऽतप्यन्त । तासुतपस्तप्यमानासु हिरण्मयमण्डं सम्बभूव। अजातोहि संवत्सरआस । तदिदं हिरण्मयमण्डं यावत्संवत्सरस्यवेला तावत्-पर्यप्लवत ॥१॥ ततःसंवत्सरे पुरुषः समभवत् । सप्रजापतिः ॥२॥ सभूरितिव्याहरत् । सेयं पृथिव्यभवत् । सभुवइतिव्याहरत् । तदिदमन्तरिक्षमभवत् । अवरितिव्याहरत्। असौद्यौरभवत् ॥३॥ ( ११ । १ । ६ । १ )

शतपथ की इन श्रुतियों का भावार्थ यह है कि पहिले जल था। उससे एक (अण्डाकार) बना। वह पानी में एक वर्ष तक तैरता रहा। उसके अनन्तर उसमें से पुरुष निकला। उसने कहा "भूः"। इतने से पृथिवी बन गई। उसने कहा "भुवः" इतने में अन्तरिक्ष बन गया। उसने कहा "स्वः?" इतने में द्युलोक बन गया। मनु का सृष्टि क्रम भी इसी श्रुति पर निर्भर है। अब लीजिये नासदीय सूक्त का समन्वय ?

नैववाइदमग्रे असदासीत् । नैवसदासीत् । आसीदिववा इदमग्रे । नैवासीत्तद्ध तन्मन एवास ॥१॥ नैवहिसन्मनोनैवासत् ॥२॥ तदिदंमनः सृष्टं आविरबुभूषत् ।

निरुक्ततरंमूर्ततरं तदात्मानमन्वैच्छत् । तत्तपोऽतप्यत । तत्प्रामूर्च्छत् । तत्षट्त्रिंशतिं सहस्राणि अपश्यदात्मनः । अग्नीन् आर्कान् मनोमयान् । मनश्चितस्तेमनसैवाधीयन्त ॥३॥ तन्मनो वाचमसृजत॥४॥ सावाक् प्राणमसृजत ॥५॥ सप्राणश्चक्षुरसृजत ॥६॥ तच्चक्षुः श्रोत्रमसृजत ॥७॥ तच्छ्रोत्रंकर्मासृजत ॥८॥ तत्कर्माग्निमसृजत ॥९॥

शतपथ के इस श्रुति कदम्ब का भावार्थ यह है कि मन पहिले न सत् था, न असत् था। था भी, और नहीं भी था, ऐश्वर मन था। प्राकृत मन नहीं था। इसलिये मन न सत् है न असत् है। इस मन ने सृष्टि बनानी चाही। उसने फिर आत्मा में प्रविष्ट होकर तप किया। तप से वह ३६००० छत्तीस हजार सूर्य और अग्नि बना। यह सब मानसिक विस्तार था। मन ने वाणी को, वाणी ने प्राण को, प्राण ने चक्षु को, चक्षु ने श्रोत्र को, श्रोत्र ने कर्म को, कर्म ने अग्नि को क्रमशः पैदा किया। इसी के आधार पर सांकल्पिक सिद्धि निर्भर है, क्योंकि [ संकल्पविकल्पात्मकं मनः ] मन संकल्प विकल्पात्मक है। मन उपनिषदों में दो प्रकार का माना है । एक अमर ? दूसरा मरण धर्मा ? उनमें ब्रह्म निष्ठ मन [ येनेदं भूत भुवनं ] इस श्रुति के प्रमाण से अमर है। और जीव निष्ठ मन—

अन्नमशितंत्रेधा विधीयते यदणिष्ठं तन्मनः।

इस श्रुति के आधार पर मरणधर्मा है। इसलिये मनः प्रसूत सृष्टि को लक्ष्य में रखकर [ नासदासीन्नोसदासीत्तदानीम् ] ऐसा वेद ने कहा है । बाकी श्रुतियों का समन्वय इन तीन के अन्तर्गत ही है। इसलिये उनका विशिष्ट विवेचन करने की आवश्यकता नहीं है।

## पौराणिक सृष्टिक्रम।

पुराणों में जो सृष्टि क्रम आजकल उपलब्ध होता है वह वैदिक साहित्य के साथ अनुस्यूत है। सृष्टि क्रम के विषय में जितनी विभिन्नता वैदिक श्रुतियों में मिलती है उतनी ही विभिन्नता पौराणिक साहित्य में है। हम यहां पर दो तीन उदाहरण उपस्थित करके दोनों का सामञ्जस्य दिखाते हैं।

सयत्कूर्मोनाम । एतद्वैरूपं कृत्वा प्रजापतिः
प्रजाअसृजत । यदसृजत अकरोत्तत् ।
यदकरोत् तस्मात्कूर्मः । कश्यपो वैकूर्मः ।
तस्मादाहुः । सर्वाः प्रजाःकाश्यप्य इति ।७।४।१।५

शतपथ ब्राह्मण की इस कण्डिका में कहा है कि प्रजापतिकूर्म रूप धारण करके सृष्टि करने में प्रवृत्त हुआ। कूर्म से यहां पर कश्यप का ग्रहण है कश्यप से उत्पन्न

होने के कारण प्रजा को भी "काश्यपी" कहा जाता है। कश्यप के नाम से गोत्र भी प्रचलित है यही आख्यान श्रीमद्भागवत् के तृतीय स्कंध में चतुर्दशाध्याय के अंदर विस्तृत रूप से वर्णित है। कश्यप मरीचि ऋषि के पुत्र थे। दक्ष प्रजापति की दिति नामक पुत्री आपकी पत्नी थी। दिति और अदिति से हा देवादि सृष्टि हुई। दक्ष प्रजापति का वर्णन

दक्षः पार्वतिः तइमेप्येतर्हि दाक्षायणाः।

इस शतपथ ब्राह्मण की [ २।४।६ ] श्रुति में मिलता है। इसी प्रकार ब्रह्मा के द्वारा जो पुराणों में सर्जन क्रम लिखा गया है वह भी वेदानुकूल है। मनुजी इसका स्वयं अनुमोदन करते हैं। ऐसी अवस्था में पौराणिक सर्ग क्रम को वैदिक सर्ग क्रम से अवर मानना सरासर अन्याय करना है। दोनों के सर्ग क्रम में प्रक्रिया भेद के अतिरिक्त अन्य कुछ भी अन्तर नहीं है।

## पूर्व सृष्टि का संकेत

"सूर्याचंद्रमसौ धाता यथा पूर्वमकल्पयत्"

ऋग्वेद के इस मन्त्र में "यथा पूर्वम्" यह पद पूर्व सृष्टि का द्योतक है। [ पूर्वमनतिक्रम्य यथा पूर्वम् ] यथा पूर्व का अर्थ पूर्वानुकूल होता है। वेद में पूर्व सर्ग का वर्णन केवल संकेत मात्र है। पुराणों में उसी को विस्पष्ट करके कहा है। वेद में इतिहास मात्रका बीज "यथा पूर्व" यह पद है। विद्वान् इसीसे सब कुछ निकाल सकते हैं। ऋग्वेद का समस्त अघमर्षण सूक्त इतिहास रूप है। अथर्ववेद के मंत्र भाग में सैकड़ों इतिहास ओतप्रोत हैं जिसका वर्णन हमने इसी ग्रंथ में अन्यत्र किया है।

## आदि सृष्टि का स्थान निर्णय

महा प्रलय के अनन्तर आदि सृष्टि कहां होनी चाहिये? इस प्रश्न पर विचार करने के लिये पहिले इस बात पर विचार करना आवश्यक है कि महा प्रलय किन २ तत्वों के उपचय में होता है। पुराणों में आग्नेय प्रलय तथा जली प्रलय का प्रायः वर्णन मिला करता है। आग्नेय प्रलय के अनन्तर स्वभावतः सृष्टि वहां होनी चाहिये जहां जल सान्निध्य हो? और जलीय प्रलय के अनन्तर सृष्टि वहां होनी चाहिये जहां सबसे प्रथम भूमि भाग जल से निकल आया हो इन दोनों प्रश्नों पर विचार करने से आदि सृष्टि का स्थल निर्णय हो सकता है। दैवी और मानवी सृष्टि से पूर्व ओषधि सृष्टि का होना आवश्यक है। ओषधियों का प्रथम सर्ग "ओषधि प्रस्थ" में होता है ऐसा शिव पुराण में लिखा है। ओषधि प्रस्थ ही पार्वती का जन्म स्थल है। जिसका वर्णन "कुमार संभव" में कालिदास ने किया है। ओषधि सर्ग के अनन्तर उस स्थल की

खोज करनी चाहिये जहां सबसे प्रथम ब्रह्मा का अवतार हुआ हो ? क्यों कि दैवी सृष्टि में सबसे प्रथम ब्रह्मा ही प्रकट होते हैं। ब्रह्मा का नाम कोष में "स्वयंभू" है। उनका उद्भव कारणान्तरानपेक्ष है। ब्रह्मा का अवतार ब्रह्मावर्त के अन्दर हुआ है।

ब्रह्माआवर्तते यत्र स ब्रह्मावर्तः

ब्रह्मावर्त देश मनु में सरस्वती और दृषद्वती नदी के मध्य भाग को कहा है। (२।१७)सरस्वती कुरुक्षेत्र में बह रही है। इसी कुरुक्षेत्र को [देवयजन] के नाम से शत पथ ब्राह्मण में [१४ । १ । १ । २] कहा है। देवगणों ने सबसे प्रथम यहीं पर यज्ञ किया था ब्रह्मा के अनन्तर मानव जाति में सबसे प्रथम ब्राह्मण उत्पन्न हुए इनका उद्भव-

उपह्वरे गिरीणां सङ्गमे च नदीनाम्।

धिया विप्रो अजायत । २६ । १५

यजुर्वेद के इस मन्त्र में लिखा हुआ है, । इसके हिसाब से पर्वतों के निकट, नदियों के समागम पर ब्राह्मणोंका उद्भव होना चाहिये। यह स्थान 'सप्तश्रोत है जिस ओषधि प्रस्थकी हमने पूर्व लेख में चर्चा की है उसका यहीं से आरम्भ होता है।

विप्रादयो मया यज्ञं करिष्यन्तीति (धिया) विचार्य अत्रैव सोमोऽजायत इति महीधरः २६।१५

यहां पर द्विज मेरे से यज्ञ क विचारकर इसी स्थान में सोम उत्पन्न हुआ, इसलिये यहीं पर ब्राह्मणों सृष्टि हुई क्योंकि यज्ञ और ब्राह्मण का आपस में बड़ा घनिष्ठ सम्बन्ध है। ब्रह्मा का वर्णन पहिले हो चुका है। ब्रह्मा ब्राह्मणों का उद्भव है। इसीलिये [ ब्रह्मणोऽपत्यं ब्राह्मणः ] ऐसा कौमुदी में लिखा है

## आर्यजाति का निवास स्थान

आसमुद्रात्तु वैपूर्वादासमुद्राच्च पश्चिमात्।
तयोरेवान्तरं गिर्योरार्यावर्तं विदुर्बुधाः ॥ २।२२

मनु के इस पद्य में आर्यावर्त देश को आर्य जाति का निवास स्थान माना है।

आर्या अत्रावर्त्तन्ते पुनःपुनरुद्भवन्तीत्यार्यावर्तः

जिस देश में आर्यजाति वार२ जन्म लेती हो उस देश को 'आर्यावर्त्त' कहते हैं हिमालय और विन्ध्य पर्वतके मध्य भागमें ही आर्यावर्त देश है। पश्चिम समुद्र से पूर्व समुद्र तक लम्बा यह देश ब्राह्मण क्षत्रिय और वैश्यों का ही उद्भव स्थल है क्योंकि-

त्रयः कृण्वन्ति भुवनेषु रेतः तिस्रः प्रजा आर्या ज्योतिरग्राः । ७।३३।७

ऋग्वेद के इस मन्त्र में "तिस्रः प्रजा आर्याः" इस पद के आने से ब्राह्मण क्षत्रिय वैश्य ही आर्य ठहरते हैं शूद्र नहीं, शूद्र अनार्य जाति है। आर्यजाति अनादिकाल से इसी देश में उत्पन्न हुई है कहीं से आकर यहां नहीं बसी है। हमको इस देश में उत्पन्न होने का गर्व है। इसी लिये प्राणपण से इसकी उन्नति में तन मन धन लगाते हैं। जिसको अपने देश का अभिमान नहीं है, तथा जो अपने को अन्य देश से आया हुआ मानता है, वह अनार्य आर्य देश की रक्षा क्या कर सकता है ?

## सप्तद्वीप विवेचन

महर्षि पतञ्जलि ने महाभाष्य में "सप्तद्वीपा वसुमती" ऐसा लिखा है योगदर्शन के-

भुवनज्ञानं सूर्यसंयमात् ३।२२

इस सूत्र में भी पतञ्जलि ने चतुर्दश भुवनों का संकेत लिखा है। महर्षि वेदव्यासकृत श्रीमद्भागवत के पञ्चमस्कन्ध में पहिले और बीसवें अध्याय में सप्तद्वीपों का विभाग, उद्भव, परिमाण, उसके आस पास का ज्योतिश्चक्र, सप्तसिन्धु वर्णन बड़े विस्तार के साथ लिखा हुआ है। उसी के आधार पर व्यासजी ने योग दर्शन के भाष्य में पूर्वोक्त सूत्र पर समस्त भौगोलिक परिभाषा लिखी है जिस व्यास ने श्रीमद्भागवत लिखा उसी ने योगभाष्य लि[illegible]नों का कर्ता जब एक है तब श्रीमद्भागवत के विषयों का योगभाष्य में आना स[illegible]सिद्ध है। अब हम यहां पर दो चार उद्धरण योगभाष्य के देते हैं। भु[illegible] सूर्ये संगमात् ३।२२ इस सूत्रका व्याख्यान करते हुये आप लिखते हैं।

स खल्वयं सप्तसाहस्रायामो जम्बूदीपः ततो द्विगुणेन लवणोदधिना वलयाकृतिना वेष्ठितः तस्य नीलश्वेतश्रृङ्गवन्त उदीचीनास्त्रयः पर्वता द्विसहस्रायामाः तदन्तरेषु त्रीणि वर्षाणि नव नवयोजनसहस्राणि। रमणकं १ हिरण्मयं २ उत्तराः कुरव इति। निषधहेमकूटहिमशैलादक्षिणतो द्विसाहस्रायामाः तदन्तरेषु त्रीणि वर्षाणि नव नव योजनसहस्राणि। हरिवर्षं १ किंपुरुषं २ भारतमिति।"

इसका भावानुवाद यह है कि जम्बूद्वीप का विस्तार एक लक्ष योजन है। यह जम्बूद्वीप द्विगुण लवण समुद्र से घिरा हुआ है। उसके उत्तरभाग में २।२ हजार योजन वाले नीले और सफेद शिखर वाले तीन पर्वत हैं। उनके बीच में रमणक हिरण्मय, उत्तरकुरु, यह तीन प्रदेश हैं। जम्बू द्वीप के दक्षिण भाग में २।२ हजार योजन वाले तीन पर्वत हैं। उनके मध्य में ९।९ हजार योजन के हरिवर्ष किंपुरुष, भारतवर्ष तीन प्रदेश हैं और इन सबका विराट् परिमाण-

पञ्चाशद्योजनकोटिपरिसंख्याताः

पचास करोड़ योजन है। भूर्भुवः स्वः आदि चतुर्दश भुवनों का यह विस्तार है। उसका विस्तृत विवरण भागवत में देखने योग्य है।

## भारतवर्ष का देश विभाग

मनु स्मृति के द्वितीयाध्याय में ब्रह्मावर्त्तब्रह्मर्षिदेश, मध्यदेश, आर्यावर्त, म्लेच्छदेश का वर्णन मिलता है। इनकी सीमा भी वहीं पर लिखी हुई है। वराहमिहिराचार्य प्रणीत वृहद्वाराहीसंहिता में ५०० के लगभग देशों का नाम सीमा के साथ २ मिलता है। शक्ति संगमतंत्र, अनंगरंग, पञ्चसायक, वात्स्यायनीय कामसूत्र, आदि ग्रन्थों में अनेक देश देशान्तरों का परिचय मिलता है। इनके आधार पर भारत वर्ष का दैशिक विभाग बहुत ही मनोरम प्रतीत होता है। मन्त्र ब्राह्मणात्मक वैदिक साहित्य में भी तत्तन्मन्त्रों में अनेक देशों का नाम उपलब्ध होता है। उदाहरणार्थ कुछ मन्त्र हम यहां पर उपस्थित करते हैं।

१ सैषा कोसलविदेहानां मर्यादा। १।४।३।१७
२ श्वेतकेतुः००० पञ्चालानां परिषदमाजगाम १४।७।२।१ [शतपथ]
३ किं ते कृण्वन्ति कीकटेषु गावः।
४ सर्वाहमस्मि रोमशा गान्धारीणामिवाविका। [ऋग्वेद]
५ तक्मन् मूजवतो गच्छ वल्हिकान्वा परस्तराम् ५।२२।७
६ गन्धारिभ्यो मूजवद्भ्य अंगेभ्यो मगधेभ्यः ५।२२।१४
[अथर्व]

इन मन्त्रोंमें कोसल विदेह पञ्चाल कीकट गंधार वाल्हीक अंग मगध इन आठ देशों का नाम आया है। एक सौ बाईस १२२ देशों का नाम हमको वेद मन्त्रों में मिला है। इन देशों का नाम वेद में क्यों आया? क्या यह देश वैदिक समय में थे? यह भगवान् ही जानता है हम अल्पज्ञ मनुष्य इस विषय में ऊहापोह नहीं कर सकते हैं इन देशों का अस्तित्व भारत में अवश्य होना चाहिये। यवन साम्राज्य में हमारे दैशिक नामों में तथा दैशिक सीमाओं में बहुत कुछ अन्तर आ गया है। उसको ठीक करना चाहिये।

## म्लेच्छ देश की परिस्थिति

"म्लेच्छ देशस्त्वतः परः" २।२३ मनु के इस पद्य में म्लेच्छ देश का अस्तित्व मिलता है। वसिष्ठ स्मृति में [न म्लेच्छभाषां शिक्षेत १।३७] इस सूत्र के द्वारा

म्लेच्छ भाषा सीखने का निषेध किया है। मनु के दशमाध्याय में [१०।४४] पौंड्रक, औंड्र, द्रविड़, कम्बोज, यवन, खश (शक) पारद अपल्हव चीन किरात दरद, आदि देशों का नाम उपलब्ध होता है। ये देश भी भारत के अन्तर्गत ही हैं। वराहमिहिराचार्य ने वाराही संहिता में यवन राज्यों की सीमा निर्दिष्ट की है। इसलिये द्विजो को उसके अन्दर स्वभावतः नहीं रहना चाहिये। चीन (तिब्बत) आर्यजाति का निवास स्थान नहीं है। ( ब्राह्मणादर्शनेनच १०।४३ ) इस मनु पद्य से ज्ञात होता है कि ब्राह्मणों ने उस देश को निन्दनीय समझ कर वहां जाना छोड़ दिया था।

## ब्राह्मणों का निवास स्थान

कुरुक्षेत्रं च मत्स्याश्च पाञ्चालाः शूरसेनकाः।
एषब्रह्मर्षिदेशो वै ब्रह्मावर्त्तादनन्तरः ॥ २।१९
एतद्देशप्रसूतस्य सकाशादग्रजन्मनः।
स्वं स्वं चरित्रं शिक्षेरन्पृथिव्यां सर्वमानवाः ॥ २।२०

मनु के इन पद्यों में ब्राह्मणों का निवास स्थान वर्णन किया गया है। कुरुक्षेत्र मत्स्य पञ्चाल शूरसेन इन चार विभागों में विभक्तब्रह्मर्षि देश ही ब्राह्मणों का निवास स्थान है। कुरुक्षेत्र प्रसिद्ध है। मत्स्य देश विराट नगर है। पञ्चाल देश इटावा, एटा, मैंनपुरी इन तीन जिलोंमें विभक्त होगया है। शूरसेन का देश व्रजमण्डल मथुरा प्रान्त है। इतने लम्बे चौड़े देश का नाम ब्रह्मर्षि देश है। इसी में सृष्टि के आरम्भ काल से तपोविद्या विशिष्ट ब्राह्मण निवास करते आए हैं। इसी देश के उद्भव तपोधन ब्राह्मण से भारत के अन्य प्रान्तीय समस्त मानव अपना अपना चरित्र सीखें! ऐसा मनु जी कहते हैं ब्राह्मण अग्र जन्मा है अग्र शब्द से यहां पर सृष्टि के आरम्भ काल का ही निर्देश हैं। और [एतद्देश प्रसूतस्य] इस वाक्य से यह देश सबसे प्रथम आविर्भूत हुआ था यह भी अनुमित होता है।

## मनुष्यों पर दैवी शासन।

मानवी शक्ति से दैवी शक्ति कई अंशों में अत्यधिक प्रबल है। द्युलोक यहाँ से बहुत ऊंचा है। वहां पर रहने वाले दिव्य देवगण मानव समूह पर अथवा भूलोकस्थ सत्व मात्र पर पूरा अधिकार रखते हैं। देवों में अनेक रूप धारण करनेकी शक्ति होती है। इसी लिये निरुक्तकार कहते हैं-

यद्यद्रूपं कामयते तत्तद्देवता भवति।
"रूपं रूपं मघवा वोभवीति" इत्यपि निगमो भवति ॥

दवत काण्ड में लिखा हुआ यह यास्कीय मत ऋग्वेद के मन्त्र द्वारा मूल ग्रन्थ में ही अनुमोदित है। उदाहरणार्थ हम यहां पर इन्द्र को उपस्थित करते हैं। "इन्द्राय स्वाहा" इस यजुर्वेद के मन्त्र से यदि भारतवर्ष में एक दिन एक समय एक सहस्र भिन्न २ स्थानों पर आहुतियां दी जावें तो इन्द्र अनेक रूप धारण करके सर्वत्र जाकर अपना हविर्भाग ले सकता है, परन्तु मनुष्य ऐसा करने में असमर्थ है। इसीलिये—

माहाभाग्याद्देवताया एकआत्मा बहुधास्तूयते एकस्यात्मनोऽन्ये देवाः प्रत्यङ्गानि भवन्ति। (निरुक्त)

ऐसा दैवत काण्ड में निरुक्तकार ने लिखा है। इसका आशय यह है कि अनेक शक्ति सम्पन्न होने के कारण देवता का एक स्वरूप अनेक रूपों में स्तुत किया जाता है। क्योंकि देवता के एक स्वरूप होने पर अन्य देवता उसके प्रत्यंग बन जाते हैं। इतना ही नहीं देवगण—

प्रकृतिसार्वनाम्यात्, इतरेतरजन्मानोभवन्ति, इतरेतरप्रकृतयः, कर्मजन्मानः, आत्मजन्मानः, आत्माएषांरथोभवति, आत्मा-अश्वः, आत्माआयुधं, आत्माइषवः, आत्मासर्वं देवस्य।

(निरुक्त दैवत काण्ड)

इसका आशय यह है कि प्रकृति की एकता के कारण देवता आपस में एक दूसरे के जन्मदाता होते हैं। एक दूसरे के प्राकृतिक अवयव एक से होते हैं संसार की कर्म सिद्धि के लिये इसका जन्म होता है। कारण कार्य भाव के बिना भी इन का जन्म होता है। ये स्वयं अपनी शक्ति से रथ बनजाते हैं, अश्व बन जाते हैं, स्वयं शस्त्र बन जाते हैं, स्वयं बाण बन जाते हैं। ये सब कुछ बन जाते हैं। इसीलिये इनका मनुष्यों पर शासन रहता है।

## देवगणों का पुरुष विधत्व।

देवता पुरुषाकार होना चाहिये अथवा अपुरुष विध? इस प्रश्न पर विचार करने के लिये निरुक्तकार ने [ अथाकारचिन्तनं देवतानाम् ] यह उपक्रम उठाया है। चेतन की तरह स्तुत्य होने के कारण प्रश्न उठना स्वाभाविक है। ब्रह्म चेतन है। उस के अंश भूत देवगण भी चेतन ही होने चाहिये। इस विचार को लक्ष्य में रखकर निरुक्तकार ने—

पुरुषविधाःस्युरित्येकम् (१) अपुरुषविधाःस्युरित्यपरम् (२) अपिवाउभयविधाःस्युः (३) अपिवापुरुषविधानामेवसतांकर्मात्मानएतेस्युः (४) १।२

यह चार प्रश्न उठाये हैं। उनमें देवता पुरुष विध होते हैं यह प्रथम पक्ष है। नहीं होते हैं यह दूसरा पक्ष है। दोनों प्रकार के होते हैं यह तीसरा पक्ष है। अन्दर चेतन और बाहर [ शरीर ] से अचेतन होते हैं यह चौथा पक्ष है। इन में चौथा पक्ष ऐतिहासिकों का है। वे कहते हैं कि [ १ ] पृथिवी गो रूप बन कर ब्रह्मा जी के पास गई। [ २ ] अग्नि ब्राह्मण बन कर खांडव बन मांगने गया इन दो बातों से अन्तिम पक्ष प्रमाण सिद्ध है। औपनिषदों के मत में—

नैव स्त्री न पुमानेष नचैवायं नपुंसकः।
यद्यच्छरीरमादत्ते तेन तेन स युज्यते ॥१॥

ब्रह्म न स्त्री है, न पुरुष है, न नपुंसक है। जिस २ भौतिक शरीरमें प्रविष्ट होता है उस उस रूप में माना जाता है। ब्रह्म स्वयं अव्यक्त है। और स्वयं ही व्यक्त बन जाता है। इस पक्ष में—

अथयत्केशवस्यपुरुषस्य। नवाएषस्त्रीनपुमान्यत्केशवः ५।४।१।१

शतपथ ब्राह्मण की यह श्रुति प्रमाण है। केशव भगवान का नाम है। [के जले-शेते स्वपितीति केशवः] नारायण इत्यर्थः। ( आपोनाराइतिमनुः ) जल में रहने के कारण भगवान के केशव और नारायण ये दो नाम हैं। वह केशव नारायण न स्त्री है, न पुरुष है, एक होने पर उभयात्मक है, तात्त्विक दृष्टिसे सर्वात्मक है। अथर्ववेद के—

त्वं स्त्री त्वं पुमानसि त्वं कुमार उतवा कुमारी।
त्वं जीर्णो दण्डेन बञ्चसि त्वं जातो भवसि विश्वतोमुखः ॥ १०।८।२७
उतैषां पिता उतवा पुत्र एषाँ उतवा ज्येष्ठ उतवा कनिष्ठः।
एकोह देवो मनसि प्रविष्टः प्रथमो जातः स उ गर्भे अन्तः ॥ १०।८।२८

इन दो मन्त्रों में ईश्वर को सब कुछ माना है। स्त्री, पुरुष, कुमारी, कुमार, वृद्ध सब एक ही विश्वतोमुख ब्रह्म का विस्तार है। पिता, पुत्र, ज्येष्ठ, कनिष्ठ, तथा गर्भस्थ एक ही देव है जो हिरण्य गर्भ रूप से पहिले उत्पन्न हुआ है। यहां पर विश्वतो मुख शब्द से ईश्वर का ग्रहण है जीव का नहीं क्योंकि--

विश्वतश्चक्षुरुत विश्वतोमुखो विश्वतोपाहुरुत विश्वतस्पात्।
संवाहुभ्यां धमति संपतत्रैर्द्यावा भूमीजनयन्देव एकः ॥ १७।१९

यजुर्वेद के इस मन्त्र में [ विश्वतश्चक्षुः ] आदि शब्दों से ईश्वर का ही ग्रहण किया गया है। देवी, देवता, कुमारी, वटुक, सत्यनारायण आदिका पूजन इस मन्त्र से सिद्ध होता है। यह मन्त्र सब का बीज भूत है। [त्वंजीर्णोदण्डेनबञ्चसि] यह वही सत्यनारायण है जिसका हिन्दू मात्र के घर में पूजन होता है। [ वृद्धब्राह्मण रूपेण

पप्रच्छद्विजमादरात् ] यह सत्यनारायण का पाठ इसी मान्त्रिक वृद्धि का द्योतन करा रहा है। इतने लम्बे चौड़े उपक्रमोपसंहार से हमारा प्रयोजन सिर्फ इतना ही था कि वेद में देवता पुरुष विध माने गये हैं।

## परस्परोपकार भाव।

देवान्भावयतानेन ते देवा भावयन्तु वः।
परस्परं भावयन्तः श्रेयः परमवाप्स्यथ ॥ ३।११
इष्टान्भोगान्हि वो देवा दास्यन्ते यज्ञभाविताः।
तैर्दत्तानप्रदायैभ्यो यो भुंक्ते स्तेन एव सः ॥ ३।१२

भगवद्गीता के इन दो पद्यों द्वारा भगवान् उपदेश देते हैं कि हे मनुष्यो! यज्ञके द्वारा तुम इन्द्रादि देवगणों का पूजन करो? देवगण इसके प्रत्युपकार में तुम्हारा कार्य कर देंगे। इस प्रकार परस्पर उपकार बुद्धि से काम चलने पर दोनों का मान रहेगा? कल्याण होगा? यज्ञ के द्वारा प्रसन्न होकर देवगण अवश्य ही इष्ट भोग प्रदान करते हैं। उनके दिये हुये भोगों को बिना देवार्पण किये यदि तुम भोगोगे तो चोर कहलाओगे!

## देव शब्द का निर्वचन।

देव शब्द (दिवु) धातु से बना है, निरुक्त में यास्क ने [देवो दानाद्वा, दीपनाद्वा, द्योतनाद्वा, द्युस्थानो भवतीति वा] इस प्रकार देव शब्द का निर्वचन किया है, सूर्यदेव है, इसमें सभी बातें हैं। इसी प्रकार वायु और जल भी देव हैं; ये प्राण देते हैं, जीवन देते हैं, अन्नादिक देते हैं। स्वयं दीप्त रहकर सामयिक घटनाओं का द्योतन कराते हैं॥ ऐहलौकिक तथा पारलौकिक सुखोंका अविरत रूपसे प्रदान करना देवताओंका ही कामहै

न देवा दण्डमादाय रक्षन्ति पशुपालवत्।
यं वर्द्धयितुमिच्छन्ति बुद्धया संयोजयन्ति तम्॥

देवगण ग्वाले की तरह हाथ में दण्ड लेकर कुछ नहीं करते हैं जिसको वे उन्नत बनाना चाहते हैं, उसको उत्तम बुद्धि प्रदान करते हैं। संसार में बुद्धि से ही सब काम होता है, सूर्योपासना का प्रधान फल मेधाप्राप्त करना ही है, ब्रह्मचारी समिदाधान के समय अग्नि-देव से मेधा की ही प्रार्थना करता है। [धीर्धारणावती मेधा] धारणावती बुद्धि को मेधा कहते हैं, ब्रह्मचारियों को अथर्ववेद प्रोक्त मेधा सूक्त [६।१०८।४] अवश्य पढ़ना चाहिये।

सुधांशुगौरं भुवि यस्य वर्धते दिने दिने दिक्षु विदिक्षु सद्यशः।
निबन्धभागोऽष्टम एषतत्कृतौ समाप्तिमभ्येति विचित्रविक्रमः ॥१॥

इति श्रीमदखिलानन्दशर्मप्रणीते
वैदिक सत्यार्थप्रकाशे-
अष्टमः समुल्लासः

# * नवमः-समुल्लासः *

सुविज्ञानं चिकितुषे जनाय सच्चासच्च वचसी पस्पृधाते ।
तयोर्यत्सत्यं यतरदृजीयः तदित्सोमोऽवति हन्त्यासत् ॥८।४।१२॥

अथर्ववेद के इस मन्त्र में सत्य का प्राधान्य कहा गया है। मन्त्र कहता है कि—मनुष्य जब किसी विषय की विवेचना करने लगता है तब उसके समक्ष-सत्य और असत्य दोनों आकर उसमें सहयोग देते है, उनमें कोमल सत्य का ईश्वर रक्षण करता है और कठोर असत्य को नष्ट कर देता है। बहुत से मनुष्य इरादे के साथ झूठ बोलकर छिपाने का प्रयत्न करते हैं। परन्तु अन्त में भेद खुल ही जाता है। शतपथ ब्राह्मण के-

द्वयं वा इदं न तृतीयमस्ति । सत्यंचैवानृतञ्च । सत्यमेवदेवा अनृतं मनुष्याः ।
इदमहमनृतात्सत्यमुपैमीति । तन्मनुष्येभ्यो देवानुपैति [ १ । १ । १ । ४ ]

इस मन्त्र कदम्ब में कहा गया है कि संसार में दो ही चीज़ हैं, सत्य और झूठ ? देवता सत्य बोलते हैं। मनुष्य असत्य बोलते हैं। व्रत के समय में मनुष्य देव बन जाता है क्योंकि वह व्रतपूर्ति के लिये सत्य बोलने का नियम करता है।

अमेध्यो वै पुरुषो यदनृतं वदति १ । १ । १ । १

मनुष्य अपवित्र इसीलिये माना जाता है कि वह अपने स्वार्थ के वश झूठ बोलता है, इसलिये मनुष्य को सर्वदा सत्य बोलना चाहिये।

## नित्य मुक्ति प्रार्थना

त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिं पुष्टिवर्धनम् ।
उर्वारुकमिव बन्धनान्मृत्योर्मुक्षीय माऽमृतात् ॥ ३ । ६०

यजुर्वेद के इस मन्त्र में अग्नि की तीन प्रदक्षिणा करने का विधान है। निरुक्त-कारके मत में यह मन्त्र महादेव जी का प्रतिपादन करता है। हम नैरुक्त अर्थ को लक्ष्य में रखकर मन्त्र का अर्थ उपस्थित करते हैं। तीन नेत्र वाले रुद्र को हम पूजित करते हैं। वह रुद्र दिव्यगंधोपेत है और धन धान्यादि वृद्धि का कारण होने से पुष्टि वर्धन है। हम उसकी कृपा से खरबूजे की तरह अपमृत्यु से छूटें ? परन्तु [ मा-अमृतात् ] मुक्ति सुखसे कदापि अलग न हों। इस मन्त्रका उत्तरार्द्ध इस प्रकार है।

त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिं पतिवेदनम् ।
उर्वारुकमिव बन्धनादितो मुक्षीय माऽमुतः ॥ ३ । ६०

इसमें कन्या अग्नि से प्रार्थना करती है कि हे अग्ने ! मैं तेरा पूजन करती हूं (रुद्र पक्ष में) भी यह लगाना चाहिये। क्योंकि तू पति वेदन है। पति का देने वाला है। मैं खरबूजे की तरह पितृ कुल के बन्धन से छुट जाऊं परन्तु [मा-अमुतः] पति के कुल से कदापि न छूटूं ? इस प्रार्थना से कन्या पति कुल में जाकर पितृ कुल से छुट जाती है। उसका पैतृक गोत्र छुट जाता है। इसी प्रकार महादेव की कृपा से मनुष्य बन्धन से छूट कर सर्वदा के लिये मुक्त हो जाता है। मार्कण्डेय ऋषि इसके प्रत्यक्ष उदाहरण हैं। इनका पुराणों में बड़ा विस्तृत इतिहास है। जो मनुष्य मुक्ति को सार्वकालिक न मानकर मुक्ति से लौटना मानते हैं वे इस वैदिक मन्त्र पर ध्यान दें।

## मुक्ति में शरीर का अत्यन्ताभाव

न मुक्तस्य पुनर्बन्धयोगोप्यनावृत्तिश्रुतेः (सांख्य० ६ । १७)

इस सूत्र के द्वारा महर्षि कपिल अपना अभिप्राय कहते हैं कि मुक्त पुरुष का फिर बन्धन नहीं होता है क्योंकि अनावृत्ति श्रुति इसमें प्रमाण है।

अनावृत्तिःशब्दात् (वेदान्त ४ । ४ । २२)

इस सूत्र के द्वारा [illegible] अपना मत कहते हैं कि अनावृत्ति श्रुति के प्रमाण से मुक्त जीव का फिर बन्धन नहीं होता है। अर्चि में प्रविष्ट होकर देवयान मार्ग से जो ब्रह्मलोक जाते हैं उनका अन्य लोकों की तरह पुनरावर्तन नहीं होता है। इस विषय में

१-तयोर्ध्वमायन्नमृतत्वमेति (कठ) ६ । १६
२-तेषां न पुनरावृत्तिः (बृह०) ६ । २ । १५
३-एतेन प्रतिपद्यमाना इमं मानवमावर्तं नावर्तन्ते (छां०) ४ । १५ । ६
४-ब्रह्मलोकमभिसम्पद्यन्ते (छां०) ८ । १५ । १
५-न च पुनरावर्तते (छां०) ८ । १५ । १

इतने श्रौत प्रमाण हैं। वापिस आने में एक भी श्रौत प्रमाण नहीं है। इसी विषय का विवेचन-

कार्यात्यये तदध्यक्षेण सहातः परम् । ४ । ३ । १०

इस ब्रह्म सूत्र में भी किया है। [ज्ञानान्मुक्तिः] ३ । २३ इस सांख्य सूत्र में ज्ञान से मुक्ति मानी है।

ज्ञानाग्निः सर्वकर्माणि भस्मसात्कुरुतेऽर्जुन ।

इस भगवद्गीता के वचन से ज्ञान होने पर कोई कर्म बन्धन बाकी नहीं रहता। सब भस्म हो जाते हैं। जब बन्ध का कारण कर्म ही न रहा तब किस के लिये कि से प्रत्यावर्तन होगा ?

न स्वभावतो बद्धस्य मोक्षसाधनोपदेशविधिः १।७ ॥ स्वभावस्यानपायित्वाद ननुष्ठानलक्षणमप्रामाण्यम् १।८ ॥ असंगोयं पुरुष इति १।१५ ॥ नाशः कारणलयः १।१२१ ॥ चन्द्रादिलोकेप्यावृत्तिर्निमित्तसद्भावात् ६ । ५६

इन सांख्य सूत्रों में कहा है कि जीव स्वभाव से बद्ध नहीं है। यदि यह स्वभाव से बद्ध होता ? तो इसको मोक्षोपदेश का अधिकार ही न होता ? क्योंकि स्वभाव अनपायी होता है। यह पुरुष स्वभाव से असङ्ग है। कारण में लय होने पर ( समुद्र में सैन्धवखण्ड की तरह ) इसका नाश होजाता है। चन्द्रादिलोक तक तो जाकर आता है। परन्तु ब्रह्म लोक से निकल कर ब्रह्म में मिल जाने के बाद इसका प्रत्यावर्तन असम्भव है।

## बन्ध का स्वरूप

"बन्धो विपर्ययात्" ३ । २४

इस सांख्य सूत्र में विपर्यय से बन्ध होना लिखा है। विपर्यय का लक्षण—

विपर्ययो मिथ्याज्ञानमतद्रूपप्रतिष्ठम् । १।८ ॥

ऐसा योग दर्शन में कहा है। अयथार्थ में यथार्थ बुद्धि कराने वाला मिथ्या ज्ञान ही विपर्यय कहाता है।

दुःखजन्मप्रवृत्तिदोषमिथ्याज्ञानानामुत्तरोत्तरापाये तदनन्तरापायादपवर्गः । १।२

न्याय दर्शन के इस सूत्र में मिथ्या ज्ञान के नाश होने पर (अपवर्ग) मोक्ष माना है।

बाधनालक्षणंदुःखम् १।२१ तदत्यन्तविमोक्षोपवर्गः । १।२२ ॥

न्यायदर्शन के इन दो सूत्रों में बाधनात्मक दुःख और उसका अत्यन्त विमोक्ष ( अत्यन्ताभाव ) अपवर्ग माना है।

तमेव विदित्वातिमृत्युमेति । ३१ । १८
ज्ञात्वा देवं मुच्यते सर्वपाशैः ( श्वे० ) १ । ८
निरञ्जनः परमंसाम्यमुपैति ( मुंड० ) ३ । १ । ३

इन श्रुतियों के आधार पर मानना पड़ता है कि ईश्वर के साक्षात् ज्ञान के अनन्तर मनुष्य समस्त पाश ( बन्धनों से ) छुटकर ईश्वर में परम साम्य प्राप्त कर लेता है। इसीलिये—

अभावंबादरिराहह्येवम् ४ । ४ । १०

इस वेदान्त दर्शन के सूत्र में कहा है कि बादरि मोक्षावस्था में शरीर और इन्द्रियों का अभाव ( नाश ) मानते हैं। क्योंकि [ मनसैतान्कामान्पश्यन् रमते ] इस छान्दोग्य श्रुति में ( ८।१२।५ ) तथा [ यतते ब्रह्मलोके ] इस छान्दोग्य श्रुति में [ ८।१३।१ ] मनसा कहा है। यदि मन और शरीर तथा इन्द्रियों के साथमें भी मोक्ष में मन रहता तो श्रुति में "मनसा" यह विशेषण न होता ?

तस्मादभावः शरीरेन्द्रियाणांमोक्षे । इत्याचार्यभगवत्पादाः ।

व्यास जी का मत [ अनावृत्तिः शब्दात् ] इस अन्तिम सूत्रमें अनावृत्ति परक है ऐसा पहिले कहा जा चुका है। इसलिये मोक्षावस्था में बन्ध के कारण का अत्यन्ताभाव होता है यही सर्व तन्त्र सिद्धान्त है।

## मोक्ष का स्वरूप निर्णय।

यदा पञ्चावतिष्ठन्ते ज्ञानानि मनसा सह ।
बुद्धिश्च न विचेष्टेत तामाहुः परमाङ्गतिम् ॥ २ । ६ । १०

कठोपनिषद् के इस मन्त्र में कहा कि जिस समय ज्ञानेन्द्रियों के पांचो विषय मन के साथ आत्मा में निश्चल रूप से निवृत्त गति होजाते हैं और साथ ही बुद्धि भी अचल रूप से निजाधिष्ठान रूप में लीन होजाती है तब मनुष्य परमगति (मोक्ष) को प्राप्त होजाता है। कोई २ नास्तिक निरवधिक मोक्ष को भी एक प्रकार से (जेल) मानकर उससे जीव को फिर दुःख में फंसाना अपना परम कर्तव्य समझते हैं परन्तु शास्त्र उनकी मदद नहीं देता है। इसीलिये उनका मत—

नायौक्तिकस्य संग्रहोऽन्यथा बालोन्मत्तादिसमत्वम् १।२६

इस सांख्य दर्शनकार के मतानुसार अग्राह्य है। सांख्य दर्शनकार के मत में आधिभौतिक, आधिदैविक, आध्यात्मिक, इन तीन प्रकार के दुःखों की अत्यन्त निवृत्ति को मोक्ष कहते हैं। जिसका अत्यन्ताभाव होगया उसका पुनरुद्भव मानना भी अयौक्तिक है। इसलिये युक्ति से पुनरावृत्ति मानना केवल बुद्धिमान्द्य है।

## अपुनरावृत्ति विवेचन।

सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्म यो वेद निहितं गुहायां परमे व्योमन् ।
सोऽश्नुते सर्वान्कामान् सह ब्रह्मणा विपश्चिता ॥१॥

तैत्तिरीयोपनिषद् के आनन्दवल्लीगत इस श्रुति का आशय यह है कि जो मनुष्य, सत्यस्वरूप, ज्ञान स्वरूप, अनन्त ब्रह्म को ( जो कि गुहा में सर्वदा रहता है )

जानता है वह ब्रह्म में मिलने पर ब्रह्म के साथ समस्त आनन्द का अनुभव करता है। जब तक ब्रह्म रहेगा तब तक ब्रह्म में मिला हुआ जीव भी तदंश होने के कारण उसीमें रहेगा। न ब्रह्म का अन्त होगा? न जीव फिर बन्धनमें पड़ेगा। कर्म बन्धनके आधार पर जीव जन्म लेता है, जब कर्मोंका क्षय होगया? तब फिर आना कैसा? इसीलिये-

भिद्यते हृदयग्रन्थिश्छिद्यन्ते सर्वसंशयाः।
क्षीयन्ते चास्य कर्माणि तस्मिन्दृष्टे परावरे॥ २।२।८

मुण्डकोपनिषद् में ऐसा लिखा है। उस परावर ब्रह्म के साक्षात्कार होने पर अज्ञान ग्रन्थि छिन्न भिन्न हो जाती है संशय नष्ट हो जाते हैं और कर्म बन्धन ज्ञानाग्निमें भुन जाते हैं। ज्ञानी मनुष्य "ज्ञानाग्नि दग्धकर्मा" होजाता है। भुना हुआ अन्न दुबारा अंकुर देने की शक्ति नहीं रखता है। फिर उगेगा कैसे? इसलिये ब्रह्म में मिलकर पुनरावृत्ति होनी असम्भव है। अपुनरावृत्ति शब्द का अर्थ यही है कि फिर दुबारा वापिस न आना?

आवर्त्तनमावृत्तिः। पुनरावर्तनं-पुनरावृत्तिः। न पुनरावृत्तिः अपुनरावृत्तिः तल्लय इति यावत्।

## परान्त काल की विवेचना।

वेदान्तविज्ञानसुनिश्चितार्थाः संन्यासयोगाद्यतयः शुद्धसत्वाः।
ते ब्रह्मलोकेषु परान्तकाले* परामृताः परिमुच्यन्ति सर्वे॥ ३।२।६

मुण्डकोपनिषद् की इस श्रुति में "परान्त काल" का निर्णय करते हुए कहा गया है कि ब्रह्मलोक में विद्यमान, वेदान्त विज्ञान से निश्चित किया है अर्थ निवृत्ति मार्ग जिन्होंने ऐसे कर्म फल त्याग से शुद्ध सत्व गुण में अवस्थित वे सब यतात्मा योगी पुरुष ब्रह्मलोक की निवासावधि में परम अमृत ब्रह्म को प्राप्त होकर समस्त आवागमनादि बन्धनों से छुट जाते हैं। यहां पर अर्थ शब्द का निवृत्यर्थ उपादेय है! संन्यास शब्द का अर्थ कर्म फल त्याग मात्र है। अमृत शब्द ब्रह्म वाचक है। क्योंकि (माऽमृतात्) इस त्र्यम्बक श्रुति में (३।६०) अमृत शब्द से ब्रह्म का ग्रहण किया गया है और इसी ब्रह्म से अलग न होने की महादेव से प्रार्थना की गई है। जिस प्रकार जल में जल, आकाश में आकाश, अग्नि में अग्नि मिलकर अपने अस्तित्वको सर्वांश में मिला देता है उसी प्रकार जीव ब्रह्मांश होनेके कारण ब्रह्ममें मिलकर अपना अस्तित्व

*संसारिणां ये मरणकालास्ते परान्ताः, तानपेक्ष्य मुमुक्षूणां संसारावसाने देहपरित्यागकालः परान्तकालः-इत्याचार्य शङ्करपादाः।

ब्रह्म के अस्तित्व में मिलाता है। इसी कारण ब्रह्म की तरह सर्वत्र व्यापक होकर भी असंग निर्लेप शुद्ध बुद्ध मुक्त स्वभाव होकर रहता है यही आवागमन रहित निर्वाणपद है। इसमें सांकल्पिक सिद्धि रहती है, नमित्तिक सिद्धि का अत्यन्ताभाव हो जाता है परान्त काल का निर्णय ब्रह्माण्ड पुराण में विस्तार से मिलता है।

## पञ्चक्लेश विवरण

"अविद्याऽस्मितारागद्वेषाभिनिवेषाः पञ्चक्लेशाः" २।३

योग दर्शन के इस सूत्र में अविद्या अस्मिता राग द्वेष अभिनिवेश ये पांच क्लेश कहे हैं। इनमें सब का मूल अविद्या है। इसीलिये—

अविद्याक्षेत्रमुत्तरेषाम् २।४।

ऐसा कहा गया है। योग दर्शन में अविद्या का लक्षण-

अनित्याशुचिदुःखानात्मसु नित्यशुचिसुखात्मख्यातिरविद्या २।५

इस प्रकार किया है। अनित्य को नित्य मानना, अपवित्र को पवित्र मानना, दुःख को सुख मानना, आत्म रहित द्रव्यों को आत्मा मानना, यही अविद्या है। अविद्या का क्षय ज्ञानोद्भव के प्रतिकारण है। ज्ञान समुद्भव आत्म ज्ञान के प्रतिकारण है। आत्म ज्ञान से दोषबीजक्षय होता है। और-

दोषबीजक्षयेकैवल्यम् ३।५०

दोष बीज के क्षय में कैवल्प (मुक्ति) प्राप्त होती है। इस के लिये प्रथम मनुष्य को साधन चतुष्टय सम्पन्न होना चाहिये। तदनन्तर अन्नमय-प्राणमय-मनोमय-विज्ञानमय-आनन्दमय इन पांच कोषों का यथोत्तर एक दूसरे में योग साधनों द्वारा लय करते हुये आत्मा में आत्मा को देखना चाहिये।

ततः क्षीयते प्रकाशावरणम् २।५२

अन्त में जब प्राणायामादि के द्वारा आत्मा स्वच्छ होजाता है तब प्रकाश का जो आवरण है वह नष्ट होजाता है। कर्म उपासना और ज्ञान के द्वारा मल विक्षेप और आवरण इन तीनों के नष्ट होने पर ब्रह्म का साक्षात्कार होजाता है। इस प्रकार मनुष्य उन्नति करते २ अन्त में ब्रह्म स्वरूप होकर आवागमन के चक्र से सर्वदा के लिये मुक्त होजाता है।

## जीव का स्वर्गादि लोकों में गमन।

निशिष्टस्य जीवत्वमन्वयव्यतिरेकात्। ६।६३

सांख्य के इस सूत्र में शरीर विशिष्ट जीव को चेतन मान कर जन्म मरणादि का व्यवहार माना है। जीव का शरीर में आना जन्म और शरीर से विमुक्त होना मरण कहाता है। केवल शरीर को आत्मा नहीं कहते हैं। इसीलिये—

अग्निदाहे पातका भावात् ।

ऐसा कहा है। आत्मा देह से भिन्न है।

देहादिव्यतिरिक्तोसौ वैचित्र्यात् । ६।२

इसमें यह सांख्य सूत्र प्रमाण है। सुख दुःख का अनुभव जीव को शरीर के साथ ही होता है।

यथा दुःखात्क्लेशः पुरुषस्य न तथा सुखादभिलाषः ६।६ । तन्निवृत्ता-वितिसूत्रशेषः ।

जैसे जीव दुःख से घबड़ा कर उससे छुटना चाहता है वैसे सुख से हटकर सुख की निवृत्ति में इच्छा नहीं करता है। इसी लिये मुक्ति से वापिस नहीं आता है जीव मरकर जिस प्रकार स्वर्गलोक, यमलोक, ब्रह्म लोक आदि में जाता है उसका वर्णन हम इसी ग्रन्थ में अन्यत्र करेंगे।

## स्वर्गादि लोकों का अवस्थान

सहस्राश्वीने वा इतः स्वर्गो लोकः ।

ऐतरेय ब्राह्मण की इस श्रुति से यहां से एकहजार 'आश्वीन' ऊंचा स्वर्गलोक है। ( अश्वस्यैकाहगमः ) एकाहेन गम्यते इत्येकाहगमः । अश्वस्यैकाह-गमोध्वा आश्वीनः ।

एक दिन में तरुण पुष्ट अश्व जितने मार्ग को पार कर जाता है उतने मार्ग का नाम "आश्वीन" है। एक हजार दिन में जितना मार्ग अश्व पार करे उतने दूर पर यहां से स्वर्ग लोक है। अश्व १ दिन में १०० मील चला जाता है। यह बात प्रत्यक्ष है। इस हिसाब से एक लक्ष मील ऊंचा स्वर्ग लोक है। इस का अवस्थान चन्द्र मण्डल के ऊपर और सूर्य मण्डल के अधोभाग में है। इसी के पास यमलोक है। इसी प्रकार ध्रुवलोक, पितृलोक, देवलोक आदि हैं। इन सब का अवस्थान अथर्ववेद के मन्त्रों में लिखा है। इन का विवेचन हम श्राद्ध प्रकरण में करेंगे।

## त्रिविध गति निर्णय

सत्वं रजस्तमइति गुणाः प्रकृतिसंभवाः ।
निबध्नन्ति महाबाहो देहे देहिनमव्ययम् ॥ १४।५

न तदस्ति पृथिव्यां वा दिवि देवेषु वा पुनः।
सत्वं प्रकृतिजैर्मुक्तं यदेभिःस्यात्त्रिभिर्गुणैः ॥ १८।४०
ऊर्ध्वं गच्छन्ति सत्वस्था मध्ये तिष्ठन्ति राजसाः ।
जघन्यगुणवृत्तिस्था अधो गच्छन्ति तामसाः ॥ १४।१८

भगवद्गीता के इन पद्यों में कहा गया है कि प्रकृति में सर्वदा अवस्थित सत्व रज, तम तीन गुण अव्यय देही को देह में निबद्ध करते हैं। पृथिवी में, अन्तरिक्ष में, देवगणों में तथा प्राणिमात्र में कोई भी (सत्व) जीव ऐसा नहीं है जो इन तीन गुणों के बन्धन में न पड़ा हो। सत्व गुण वाले उच्चगति को प्राप्त होते हैं, रजोगुण वाले मध्यम गति में रहते हैं और तमोगुण वाले अधोभाग में जाते हैं।

## त्रिविधकर्म गति

यो यदैषां गुणो देहे साकल्येनातिवर्त्तते ।
स तदा तद्गुणप्रायं तं करोति शरीरिणम् ॥१२।१५
शुभाशुभफलं कर्म मनोवाग्देहसम्भवम् ।
कर्मजा गतयो नृणामुत्तमाधममध्यमाः ॥१२।५
मानसं मनसैवायमुपभुंक्ते कृताकृतम् ।
वाचा वाचाकृतं कर्म कायेनैव च कायिकम् ॥१२।८
शरीरजैः कर्मदोषैर्याति स्थावरतां नरः ।
वाचिकैः पक्षिमृगतां मानसैरन्त्यजातिताम् ॥१२।९

मनु के इन पद्यों में कहा गया है कि मनुष्य के शरीर में जिस समय पर जो गुण अपना आधिपत्य जमा लेता है वह उस समय उस मनुष्य को पूर्ण रूप से अपने वश में कर लेता है। मनुष्य मन वाणी और कर्म से शुभाशुभ कर्म करता है। और उसके फल में उत्तम मध्यम अधम तीन गति को प्राप्त होजाता है। मानसिक कर्म का फल मन से भोगता है। वाचिक कर्म का फल वाणी से भोगता है। कायिक कर्म का फल काय से भोगता है। मानसिक कर्म से चाण्डालादि नीच योनि में जाता है। वाचिक कर्म से पशु और पक्षी बनता है, और शारीरिक कर्म से वृक्ष योनि में जाता है।

यादृशेन तु भावेन यद्यत्कर्म निषेवते ।
तादृशेन शरीरेण तत्तत्फलमुपाश्नुते ॥१२।८१
यां यां योनिं तु जीवोयं येन येनेह कर्मणा।
क्रमशो याति लोकेस्मिंस्तत्तत्कर्म निबोधत ॥१२।५३

देवत्वं सात्विका यान्ति मनुष्यत्वं च राजसाः ।
तिर्यक्त्वं तामसा नित्यमित्येषा त्रिविधागतिः॥ १२।४०

मनु जी कहते हैं कि मनुष्य जैसे २ भाव से जो २ कर्म करता है वैसे ही वैसे भावानुरूप शरीर से उसका फल भोगता है। जिस २ कर्म के फल में जिस २ योनि में जीव जाता है उस उस कर्म फलका अब मैं विवेचन करता हूँ। सात्विक कर्म से देवत्व को प्राप्त होता है। राजस कर्म से मनुष्य बनता है। तामस कर्म से तिर्यक् योनि में जाता है।

## त्रिगुणात्मक उत्तम गति

ब्रह्मा विश्वसृजो धर्मो महानव्यक्तमेवच ।
उत्तमां सात्विकीमेतां गतिमाहुर्मनीषिणः ॥१२।५०

गन्धर्वागुह्यका यक्षा विबुधानुचराश्च ये ।
तथैवाप्सरसः सर्वा राजसीषूत्तमा गतिः ॥१२।४७

चारणाश्च सुपर्णाश्च पुरुषाश्चैव दाम्भिकाः ।
रक्षांसि च पिशाचाश्च तामसीषूत्तमा गतिः ॥१२।४४

ब्रह्मदेव मरीच्यादि ऋषि धर्म महत्तत्व अव्यक्त (सांख्यप्रतिपादिततत्व युगल) इनमें उत्तम सात्विक गुण वाले जाते हैं। गन्धर्व, गुह्यक, यक्ष, विबुधानुचर विद्याधर आदि समस्त अप्सरा (देवगणिका) यह रजोगुण की उत्तम गति है। यजुर्वेद में तथा अथर्व वेद में अप्सराओं का वर्णन विद्यमान है विस्तृत विवरण हम श्राद्ध प्रकरण में करेंगे। चारण (नट) सुपर्ण (पक्षी) दाम्भिक (छली) राक्षस और पिशाच यह तमोगुण की उत्तम गति है।

## त्रिगुणात्मक मध्यम गति

यज्वान ऋषयो देवा वेदा ज्योतींषि वत्सराः ।
पितरश्चैव साध्याश्च द्वितीया सात्त्विकी गतिः १२।४९

राजानः क्षत्रियाश्चैव राज्ञांचैव पुरोहिताः ।
वादयुद्धप्रधानाश्च मध्यमा राजसी गतिः १२।४६

हस्तिनश्च तुरङ्गाश्च शूद्राम्लेच्छाश्च गर्हिताः ।
सिंहा व्याघ्रा वराहाश्च मध्यमा तामसी गतिः १२।४३

यज्ञ करने वाले ऋषि गण, इन्द्रादिदेव, वेद के मूर्तविग्रह, ध्रुवादिनक्षत्र, विग्रहवानवर्ष, सोमपा आदि पितर, साध्यदेवभेद, यह सात्विक गुण की मध्यम गति है।

राजा अभिषिक्त भूप-क्षत्रियजाति-राजपुरोहित-शास्त्रार्थ करने वाले पंडित-सेनापति-ये रजोगुण की मध्यम गति है। हाथी-घोड़े-शूद्र (नापित धीवर) यवन-शेर-भेड़िये-सूअर-ये तमोगुण की मध्यम गति है।

## त्रिगुणात्मक अधम गति

तापसा यतयो विप्रा येच वैमानिकागणाः।
नक्षत्राणिच दैत्याश्च प्रथमा सात्विकी गतिः॥ १२।४८

झल्ला मल्ला नटाश्चैव पुरुषाः शस्त्रवृत्तयः।
द्यूतपानप्रसक्ताश्च जघन्या राजसी गतिः॥ १२।

स्थावराः कृमिकीटाश्च मत्स्याः सर्पाः सकच्छपाः।
पशवश्च मृगाश्चैव जघन्या तामसी गतिः १२।४२

मुनि योगी ब्राह्मण-अप्सराओं के अतिरिक्त वैमानिक ( पुष्पकादि पर चलने वाले ) तारागण और दैत्य ( दिति के पुत्र ) यह सत्व गुण की अधम गति है। व्रात्य क्षत्रिय से सवर्णा स्त्री में उत्पन्न झल्ल-मल्ल (वर्ण संकर विशेष ) ( झल्ल दण्ड योधी-मल्ल बाहु योधी ) नट ( सूत्रधार ) शिकारी-जुआरी-शराबी-कबाबी यह रजोगुण की अधम गति है। वृक्ष-छोटे बड़े कीड़े-मीन-सर्प-कच्छप-पशु-और मृग ये तमोगुण की अधम गति है। जीव अपने कर्म वश इन योनियों में आता जाता है।

## भगवद्गीता से गुणत्रय विभाग

यदा सत्वे प्रवृद्धेतु प्रलयं याति देहभृत्।
तदोत्तमविदां लोकानमलान्प्रतिपद्यते॥ १४। १४

रजसि प्रलयं गत्वा कर्मसंगिषु जायते।
तथा प्रलीनस्तमसि मूढयोनिषु जायते॥ १५

कर्मणः सुकृतस्याहुः सात्विकं निर्मलं फलम्।
रजसस्तु फलं दुःखमज्ञानं तमसः फलम्॥ १६

सत्वात्संजायते ज्ञानं रजसो लोभ एव च।
प्रमादमोहौ तमसो भवतोऽज्ञानमेव च॥ १७

गीता में भगवान् कहते हैं कि जब मनुष्य सत्वगुण के प्रवृद्ध होने पर शरीर छोड़ता है तब सूर्यादि लोक में जाता है। जब रजोगुण के प्रवृद्ध होने पर शरीर छोड़ता है तब कर्म संगियों में जन्म लेता है। तमोगुण की वृद्धि में शरीर छोड़ने

पर मूढ़ योनि में जन्म लेता है। सुकृत कर्म का सात्विक निर्मल फल होता है। रजोगुण का फल दुःख और तमोगुण का फल अज्ञान होता है। सत्व से ज्ञान, रज से लोभ, तम से प्रमाद, मोह और अज्ञान उत्पन्न होता है।

सर्वद्वारेषु देहेस्मिन्प्रकाश उपजायते।
ज्ञानं यदा तदा विद्याद्विवृद्धं सत्वमित्युत ॥ १४ । ११
लोभः प्रवृत्तिरारम्भः कर्मणामशमः स्पृहा।
रजस्येतानि जायन्ते विवृद्धे भरतर्षभ ॥ १२
अप्रकाशोऽप्रवृत्तिश्च प्रमादो मोह एव च।
तमस्येतानि जायन्ते विवृद्धे कुरुनन्दन ॥ १३

*गीता में भगवान् कहते हैं कि जिस समय मनुष्य के समस्त ज्ञानेन्द्रियों में* प्रकाश और ज्ञान बढ़े उस समयमें सत्व की वृद्धि समझना। जब लोभ-प्रवृत्ति कर्मों का आरम्भ-क्रोध-ईर्ष्या की वृद्धि हो तब रजोगुण की वृद्धि समझना। जब अन्धकार अकर्मण्यता प्रमाद मोह की वृद्धि हो तब तमोगुण का उद्रेक समझना।

हेयं दुःखमनागतम्।

अतीतानागत वर्तमान भेद से दुःख तीन प्रकार का माना गया है। जो दुःख अतीत होगया उसकी चर्चा करनी व्यर्थ है। प्राप्त काल होने से वर्तमान भी अपरिहार्य है। परन्तु जो दुःख अभी अनागत है उसका प्रतीकार चिन्तन करना अत्यावश्यक है। जिस प्रकार से हो उस प्रकार से कर्मोपासना ज्ञान प्रयोग से आने वाले दुःख का प्रतीकार करना मनुष्य मात्र का अवश्य कर्तव्य है। उत्तम कर्म करने से भगवदर्चन से तथा तात्विक ज्ञान से अवश्य दुःख नष्ट होता है। वर्तमान समय में उसके हटाने का सर्वोत्तम उपाय भगवदर्चन है। तथा भगवन्नामस्मरण है। वैदिक कर्म करने का द्विजों को छोड़कर अन्य को अधिकार नहीं है। ज्ञान प्राप्त करना तथा ज्ञान पूर्वक कर्म फल त्याग करना आज कल के लिये अत्यन्त कठिन है इसलिये मनुष्य मात्र का कल्याण करने वाला सर्वोपयोगी सुलभ साधन आजकल भगवदर्चन और नामस्मरण है। इसके द्वारा जगन्मात्र का कल्याण हो सकता है। मनुष्य के लिये सबसे अधिक भय देने वाला मृत्यु भय है। इससे प्रत्येक प्राणी डरता है। परन्तु भगवत् सेवा से भगवद्भजन से भगवन्नाम ग्रहण से मृत्यु का भी भय नहीं रहता है। शङ्कर का तो नाम ही मृत्युञ्जय है। जो स्वयं मृत्यु को जीत चुके हैं, उसकी सेवा करने से अवश्य ही मृत्यु भय नष्ट हो सकता है। मार्कण्डेय ऋषि ने शिवजी के प्रसाद से ही यमराज का मानमर्दन कर दिया। इसी प्रकार भगवान विष्णु की सेवा से मृत्यु भय जाता रहता है। पांच वर्ष का बालक ध्रुव सौतेली

माता से अपमानित होकर जब नारदोपदेश से वृन्दावन के निकट मधुवन में तप करने लगा तब अन्त में भगवान् ने स्वयं आकर उसे अपनी गोद में ले लिया। और ३६ सहस्र वर्ष तक राज्य भोगने के अनन्तर उसे सर्वदा के लिये ध्रुव पद दे दिया जब ध्रुव विष्णु लोक जाने को उद्यत हुआ तब यमराज ने प्रणाम करके कहा कि मेरे लिये क्या आज्ञा है। ध्रुव ने कहा "यथेच्छसि तथाकुरु।" यम ने ध्रुव के समक्ष नत मस्तक होकर कहा कि आप मेरे सिर पर चरण रख कर विमान पर चढ़ें! यही मैं चाहता हूं। ध्रुव ने "तथास्तु" कहकर ऐसा ही किया। इन दो दृष्टान्तों से यह बात सिद्ध होती है कि भगवान् के भक्तों को मृत्यु का भी भय नहीं रहता है। श्रीमद्भागवत में ध्रुवोपाख्यान तथा शिवपुराण में मार्कण्डेयोपाख्यान प्रत्येक सनातनधर्मावलम्बी को पढ़ना चाहिये। इस प्रकार के आख्यान सुननेसे ही मनुष्य का हृदय पवित्र होता है। भक्तिरस का उद्रेक होता है। भगवच्चरण में अनुराग बढ़ता है। चतुर्वर्गफल अनायास ही प्राप्त हो जाता है। इसलिये तन मन धन से भगवदाराधन करना ही मनुष्य मात्र के लिये श्रेयस्कर है।

सनाढ्यवंशे जनिमेत्य यः कृती ममन्थ वेदार्णवमुत्तरोत्तरम् ।
समाप्तिमभ्येति तदीयसत्कृतौ निबन्धभागो नवमोऽतिसुन्दरः ॥१॥

इति श्रीमदखिलानन्दशर्मप्रणीते
वैदिक सत्यार्थप्रकाशे-
नवमः समुल्लासः

———o———



# दशमः समुल्लासः

## त्रिवर्ग विवेचन

"त्रिवर्गो धर्मकामार्थैश्चतुर्वर्गः समोक्षकैः"

इस अभिधान से धर्म अर्थ काम-इन तीनों को समष्टि रूपमें "त्रिवर्ग" कहते हैं। मोक्ष को साथ लेकर यही त्रिवर्ग "चतुर्वर्ग" कहाता है। इनका उपार्जन करना मनुष्य के लिये परमावश्यक है। मन्वादिप्रणीत धर्मशास्त्र, कौटिल्यादि प्रणीत अर्थशास्त्र, वात्स्यायनादि विरचित काम शास्त्र, तथा व्यासादि प्रणीत मोक्षशास्त्र इनके विवेचन के लिये सर्वोत्तम साधन है? इनमें प्रधान धर्म है। धर्मोपार्जन के अनन्तर अर्थोपार्जन-कामोपार्जन, मोक्षोपार्जन-अनायास ही सुसम्पन्न हो जाते हैं धर्म से रहित अर्थ और काम मनुष्य को अवनति की ओर लेजाने वाले माने जाते हैं। इसीलिये—

परित्यजेदर्थकामौ यौ स्यातां धर्मवर्जितौ।
धर्मंचाप्यसुखोदर्कं लोकविद्विष्टमेव च। ४।१७६

ऐसा मनु में कहा है। इस पद्य का अर्थ यह है कि जो अर्थ और काम धर्म के विपरीत हों उनको छोड़ना चाहिये-तथा लोक विपरीत राजद्रोहादिक एवं अन्तमें कष्ट देने वाले सर्वस्व दानादि कार्य-नहीं करने चाहिये। एतावता-धर्मानुकूल अर्थ काम का उपार्जन करना ही मनुष्य के लिये कल्याणकारक है। इसी बात को पुष्ट करने के लिये—

अर्थकामेष्वसक्तानां धर्मज्ञानं विधीयते।
धर्मं जिज्ञासमानानां प्रमाणं परमं श्रुतिः।२।१३

ऐसा मनुने कहा है। जो मनुष्य अर्थ और काममें अत्यन्त आसक्त नहीं होते हैं वे ही धर्म ज्ञानके अधिकारी माने जाते हैं। सामान्य जन नहीं। और धर्म जिज्ञासुजनों के लिये सर्वोत्तम प्रमाण वेद है। इसीलिये—

वेदोऽखिलोधर्ममूलं स्मृतिशीलेच तद्विदाम्।
आचारश्चैव साधूनामात्मनस्तुष्टिरेव च। २।६

ऐसा मनुने लिखा है। अखिल शब्द से यहां पर विधि-अर्थ-वाद और मंत्र-इन तीनों का ग्रहण है। केवल मंत्र भाग-धर्म निर्णय में प्रमाण नहीं माना जा सकता

है। वेदज्ञों की स्मृतियां तथा उनका शील भी धर्म निर्णय में प्रमाण माना जाता है। सज्जनों का आचार और आत्मतुष्टि भी धर्म निर्णय में प्रमाण स्वरूप है।

श्रुतिस्तु वेदो विज्ञेयो धर्मशास्त्रंतु वै स्मृतिः।
ते सर्वार्थेष्वमीमांस्ये ताभ्यां धर्मोहि निर्बभौ ।२।१०

मनु के इस पद्य का आशय यह है कि वेदमात्र को श्रुति और धर्म शास्त्र मात्रको स्मृति समझना चाहिये। इन दोनों पर तर्क (प्रतिकूल तर्क) नहीं करना चाहिये क्योंकि? इन दोनों के आधार पर ही धर्म अवस्थित है।

श्रुतिद्वैधंतु यत्र स्यात्तत्रधर्माबुभौ स्मृतौ।
उभावपि हि तौ धर्मौ सम्यगुक्तौ मनीषिभिः।२।१४

जिस विषय में भिन्न २ दो प्रकार की श्रुति प्राप्त हों वहां पर दोनों माननी चाहिये ऐसा विद्वानों का मत है।

उदिते जुहोति ।१। अनुदिते जुहोति ।२।

इत्यादि श्रुति वाक्य इस के उदाहरण भूत हैं। अब धर्मका सामान्य विशेष रूप से लक्षण लिखते हैं।

धृतिः क्षमा दमोऽस्तेयं शौचमिन्द्रियनिग्रहः।
धीर्विद्या सत्यमक्रोधो दशकं धर्मलक्षणम्। ६।९२

मनु के मत में धृति-क्षमा-दम-अस्तेय-शौच-इन्द्रियनिग्रह-धी-विद्या-सत्य अक्रोध-ये दस धर्म के सामान्य लक्षण हैं। और—

वेदः स्मृतिः सदाचारः स्वस्य च प्रियमात्मनः।
एतच्चतुर्विधं प्राहुः साक्षाद्धर्मस्य लक्षणम् ।२।१२

मनु के इस पद्य में धर्म का विशेष लक्षण कहा गया है वेद प्रतिपादित स्मृत्यनुमोदित सदाचार व्यवहृत आत्मोन्नतिकारक जो धर्म है वही सबको मानने योग्य है। यही बात [ वेदखिलोधर्ममूलम् २। ६ ] इस पद्य में मनु जी ने कही है—

सतां हि सन्देहपदेषु वस्तुषु प्रमाणमन्तः करणस्यवृत्तयः।

लोक में व्यवहृत सन्दिग्ध व्यवहारों में आत्मप्रसाद भी धर्मानुमापक माना जाता है ऐसा शाकुन्तल में लिखा है। सदाचार शब्दसे यहां पर परम्पराऽऽगत दैशिक व्यवहारों का ग्रहण है। इसीलिये—

यस्मिन्देशे यआचारः पारम्पर्यक्रमाऽऽगतः।
वर्णानां सान्तरालानां स सदाचार उच्यते ॥ २। १८

ऐसा मनु ने कहा है। अभिधाशक्ति से यद्यपि [ सतां आचारः सदाचारः ] यह अर्थ हो सकता है परन्तु यहां पर देशाचारपरक सदाचार शब्द लक्षणया उपादेय है अन्यथा—

येनास्य पितरो याता येन याताः पितामहाः ।
तेन यायात्सतां मार्गं तेन गच्छन्न रिष्यति ॥ ४ । १७८

इस मनु के पद्य की सङ्गति नहीं लग सकती है जिस विषय में शास्त्र अनेक मार्ग बताता है उस विषय में देशाचार प्रयुक्त पितृपैतामहिक व्यवहार ही धर्मनिर्णायक होता है। जो सदाचार को धर्म का अङ्ग नहीं मानते हैं वे सन्दिग्ध विषयों में किंकर्तव्य विमूढ़ होकर धर्म पथ से भ्रष्ट होजाते हैं। इसलिये श्रौतस्मार्त धर्म के साथ साथ सदाचार का समन्वय करना अत्यावश्यक है।

## आचार और अनाचार

नित्य और नैमित्तक कार्यों में धर्मशास्त्रों के आदेशानुसार आचरण रखना आचार कहाता है और मनमाने ढंग से धार्मिक व्यवहारों की अवहेलना करके यथेच्छाचरण करना अनाचार कहाता है।

दुराचारोहि पुरुषो लोके भवति निन्दितः ।
दुःखभागी च सततं व्याधितोल्पायुरेव च ॥ ४ । १५७
सर्वलक्षणहीनोपि यः सदाचारवान्नरः ।
श्रद्दधानोऽनसूयश्च शतं वर्षाणि जीवति ॥ १५८
आचाराल्लभते ह्यायुराचारादीप्सिताः प्रजाः ।
आचाराद्धनमक्षय्यमाचारो हन्त्यलक्षणम् ४ । १५६ ॥

मनु के इन पद्यों में आचार और अनाचार का फल बतलाया गया है। दुराचारी पुरुष इस संसार में निन्दा को प्राप्त होता है, सर्वदा दुःख भोगता है, रोगी रहता है और अल्पायु होजाता है। सामुद्रिक शास्त्र में लिखे हुये शुभ लक्षणों से हीन होने पर भी सदाचारी पुरुष केवल आचार पालन के प्रभाव से सौ वर्ष जीता है। आचारवान् पुरुष दीर्घायु होता है, प्रजावान् होता है, धनवान् होता है और अल्प मृत्यु को जीत लेता है।

आचारः परमोधर्मः श्रुत्युक्तः स्मार्त एव च ।
तस्मादस्मिन्सदायुक्तो नित्यं स्यादात्मवान्द्विजः ॥ १ । १०८
आचाराद्विच्युतो विप्रो न वेदफलमश्नुते ।
आचारेण तु संयुक्तः सम्पूर्णफलभाग्भवेत् ॥ १ । १०९

श्रुति और स्मृति में कहा हुआ आचार ही परम धर्म है इसलिये आत्महित चाहने वाला मनुष्य इसका सर्वदा पालन करे। आचारहीन ब्राह्मण वैदिक कर्म का फल प्राप्त नहीं कर सकता है, आचारवान् होने पर ही ब्राह्मण को वैदिक कर्मों का फल प्राप्त होता है। इसीलिये [ आचारहीनं न पुनन्ति वेदाः ] ऐसा कहा गया है।

अनभ्यासेन वेदानामाचारस्य च वर्जनात् ।
आलस्यादन्नदोषाच्च मृत्युर्विप्राञ्जिघांसति ॥ ५ । ४ ॥

मनु के मत में वेदों के न पढ़ने से, आचार के छोड़ने से, सन्ध्यावन्दनादि नित्य कर्मों में आलस्य करने से, और सङ्कीर्ण जाति के अन्न ग्रहण करने से ब्राह्मणों को मृत्यु दर्शन देता है यदि ये चार कारण न हों तो ब्राह्मणों को कदापि मृत्यु दर्शन नहीं दे सकता है। इसलिये आचार का पालन करना परमावश्यक है। अनाचार, कदाचार, और अत्याचार के करने से मनुष्य संसार में निन्दनीय होता है। आचार का अतिक्रमण और कुत्सित आचार का ग्रहण ही यहां पर अनाचार पद से अभिप्रेत है। जो मनुष्य बाहर से धर्म का ढोंग दिखाकर अन्दर से जनता को धोखे में डालना चाहता है उसको मनु जी "वैडालव्रतिक" कहते हैं। [ ४। १९५ ] ऐसे मनुष्यों का वाणी मात्र से भी आदर नहीं करना चाहिये यह भी मनु की आज्ञा है। [ ४ । ३० ] जिन देशों में आचार की प्रधानता नहीं है उनमें नहीं जाना चाहिये ऐसा धर्मशास्त्र कहते हैं देखिये—

अङ्गवङ्गकलिङ्गेषु सौराष्ट्रमगधेषु च ।
तीर्थयात्रां विनागच्छन्पुनः संस्कारमर्हति ॥
( आचारतंत्र )

अवन्तयोऽङ्गमगधाः सुराष्ट्रौ दक्षिणापथाः ।
उपावृत्सिन्धुसौवीरा एते संकीर्णयोनयः ॥
( बौधायन स्मृति १।१।३१ )

पद्भ्यां स कुरुते पापं यः कलिंगान्प्रपद्यते ।
ऋषयो निष्कृतिं तस्य प्राहुर्वैश्वानरं हविः ॥
( बौधायन० १।१।३४ )

त्रिशंकुं वर्जयेद्देशं सर्वं द्वादशयोजनम् ।
उत्तरेण महानद्या दक्षिणेनतु कीकटम् ॥
( देवल० २२।४ )

सिन्धुसौवीरसौराष्ट्रं तथाप्रत्यन्तवासिनः ।
कलिङ्गकोङ्कणान्वङ्गान्गत्वा संस्कारमर्हति ॥
(देवल० २२।१६)

धर्मशास्त्रों के इन पद्यों में अंग, वंग, कलिंग, सौराष्ट्र, मगध, अवन्ति, दक्षिणापथ, सिंधु, सौवीर, अैशंकव, कोकट, कौंकण आदि देशों में जाना वर्जित किया है। इसी प्रकार—

मागधो मालवश्चैव कापटः कीटकानजौ ।
पञ्चविप्रा न पूज्यन्ते बृहस्पति समा अपि ॥३८६॥

अत्रिस्मृति के इस पद्य में कुछ जातियां भी वर्जित बतलाई हैं। इन जातियों में आचार विचार केवल कथन मात्र है। वास्तव में यह सब कदाचार प्रधान हैं। इसी कारण प्राचीन धर्मशास्त्रों में इनका इस प्रकार उल्लेख है।

## द्विजों में आचार की प्रधानता

ब्राह्मण क्षत्रिय वैश्य इन तीन वर्णों में आचार का प्राधान्य रहता है। आचार भेद ही वर्णव्यवस्था का अस्तित्व संसार में रखता है। आचार के उठ जाने पर शूद्र और ब्राह्मण में कुछ भेद नहीं रहता है। धर्मशास्त्रों की मर्यादा तभी तक रह सकती है जब तक आचार की मर्यादा अक्षुण्ण हो, इसलिये भोजन में, परिधान में, व्यवहार में, शरीर मार्जन में, रहने के स्थान में, बाजार की चीजों में, स्पर्शास्पर्श का विचार अवश्य रखना चाहिये। ऐसा न करने से आत्मा पर बुरा असर पड़ जाता है। आत्मा को उन्नत बनाना हमारा कर्तव्य है इसलिये आत्मा को अवनति की ओर ले जाने वाले व्यवहार द्विजों को कदापि नहीं करने चाहिये। क्योंकि ऐसे व्यवहारों के करने से जीव को तिर्यक् योनि में जाना पड़ता है। इसका विस्तृत विवरण मन्वादि धर्मशास्त्रों में विद्यमान है।

## पवित्रता का साधन

ज्ञानं तपोऽग्निराहारो मृन्मनोवार्युपाञ्जनम् ।
वायुः कर्मार्ककालौच शुद्धेः कर्तॄणि देहिनाम् ॥ ५।१०५

मनु के इस पद्य में पवित्रीकरण के साधनों का सूचीपत्र लिखा है। ज्ञान, तप, अग्नि, आहार, मृत्तिका, मन, जल, गोमयलेपन, वायु, कर्म, सूर्यकिरण, काल, इन बारह पदार्थों से पवित्रीकरण होता है। इनके द्वारा कौन २ पदार्थ कब कब कितने २ समय में पवित्र होता है यह बात अनेक धर्मशास्त्रों में लिखी है।

वसा शुक्रमसृङ् मज्जा मूत्रविट् घ्राणकर्णविट् ।
श्लेष्माश्रु दूषिकाद्यते द्वादशैते नृणां मलाः ॥ ५।१३५

विण्मूत्रोत्सर्गशुद्ध्यर्थं मृद्वार्याऽऽदेयमर्थवत् ।
दैहिकानां मलानांच शुद्धिषु द्वादशस्वपि ॥ ५।१३४

वसा, शुक्र, रुधिर, मज्जा, मूत्र, पुरीष सिंहाण, पिंजूष, कफ, अश्रु, नेत्रमल, प्रस्वेद, यह बारह प्रकार का मल शरीर से निकलता है। इन सब मलों के श्राव में उतना जल और उतनी मृत्तिका व्यय करनी चाहिये जितने में इनका गन्ध नष्ट हो जावे।

नोच्छिष्टं कुर्वते मुख्या विप्रुषोऽङ्गे पतन्ति याः ।
न श्मश्रूणि गतान्यास्यं न दन्तान्तरधिष्ठितम् ॥ ५ । १४१

स्पृशन्ति विन्दवः पादौ य आचामयतः परान् ।
भौमिकैस्ते समाज्ञेया न तैराप्रयतो भवेत् ॥ ५ । १४२

भाषण के समय में मुखसे निकले हुये जल के कण मनुष्य को अपवित्र नहीं करते हैं। मुख में गये हुये मूछों के बाल तथा दांतों के बीच में लगा हुआ अन्न मनुष्य को अपवित्र नहीं बनाता है। औरों को जल देते समय जो छींटें अपने ऊपर गिरती हैं वे भूमिगत जल के समान हैं, इस कारण वे मनुष्य को अपवित्र नहीं बनाती हैं।

मक्षिका विप्रुषश्छाया गौरश्वः सूर्यरश्मयः ।
रजोभूर्वायुरग्निश्च स्पर्शे मेध्यानि निर्दिशेत् ॥ ५।१३३

आपः शुद्धा भूमिगता वैतृष्ण्यं यासु गोर्भवेत् ।
अव्याप्ताश्चेदमेध्येन गन्धवर्णरसान्विताः ॥ ५।१२७

उड़ती हुई मक्षिका, जल के छींटे, परछाईं, गौ, अश्व, सूर्य, किरण, उड़ती हुई धूल, पृथिवी, वायु, अग्नि, यह दश पदार्थ सर्वदा पवित्र रहते हैं। जितना जल पीकर एक गौ तृप्त होजावे उतना जल यदि पृथिवी पर हो वह पवित्र माना जाता है, परन्तु वह जल अमेध्य से व्याप्त न हो और उत्तम गन्ध, उत्तम वर्ण उत्तम रस वाला हो।

सम्मार्जनोपाञ्जनेन सेकेनोल्लेखनेन च ।
गवांच परिवासेन भूमिः शुध्यति पञ्चभिः ॥ ५।१२४

त्रीणि देवाः पवित्राणि ब्राह्मणानामकल्पयन् ।
अदृष्टमद्भिर्निर्णिक्तं यच्च वाचा प्रशस्यते ॥ ५।१२७

बुहारी लगाने से, लीपने से, गो मूत्र के सींचने से, खोदने से, सर्वदा गौओं के रहने से भूमि पवित्र होती है। ब्राह्मणों के लिये तीन प्रकार से पदार्थ पवित्र होते हैं। एक अदृष्ट दूसरा जल सिंचित तीसरा वाणी के द्वारा प्रशस्त।

देवयात्राविवाहेषु यज्ञप्रकरणेषु च।
उत्सवेषु च सर्वेषु स्पर्शदोषो न विद्यते ॥ (अत्रि०) २४७
उदकञ्च तृणं भस्म द्वारः पन्थास्तथैव च।
एभिरन्तरिन्तं कृत्वा पंक्तिदोषो न विद्यते ॥ ७४
आसनं शयनं यानं नावः पथिगतं तृणम्।
श्वचाण्डालपरिस्पृष्टं मारुतेनैव शुध्यति ॥ ५।६२

देवयात्रा में, विवाह में, यज्ञ में, समस्त उत्सवों में स्पर्श दोष नहीं लगता है ऐसा अत्रिस्मृति का मत है। जल, तृण, राख, दरवाजा, मार्ग इनको बीच में करने से पंक्ति दोष नहीं लगता है ऐसा लघु हारीत का मत है। आसन, विस्तर, सवारी, नौका, मार्ग में पड़े हुये तृण कुत्ते और चाण्डाल का छुआ हुआ यदि हो तो वायु लगने से पवित्र होजाता है ऐसा बौधायन का मत है। यह बात विवशता में ( मजबूरी ) पड़ने पर है। जान बूझकर अस्पृश्यों के स्पर्श में तो मनुप्रोक्त प्रायश्चित्त ही करना चाहिये। यह केवल पवित्रता के साधनों का निदर्शन मात्र है। विशेष विवरण मन्वादि धर्मशास्त्रों में देखना चाहिये।

## पवित्रता का फल

योग दर्शन में आत्मोन्नति विधायक यमनियमादि साधन वर्णित हैं। नियमों में शौच ( पवित्रता ) पहिला है। उसका द्रव्य मात्र से सम्बन्ध है। जो मनुष्य योग साधन के द्वारा अपने अन्तरात्मा को ईश्वर में मिलाना चाहता है उसको पवित्रता पर अवश्य ध्यान देना चाहिये।

शौचात्स्वाङ्गजुगुप्सापरैरसंसर्गः ।२।४०

इस योग दर्शन के सूत्र में पवित्रता का फल विस्पष्ट रूप से वर्णित है। जो मनुष्य सर्वदा पवित्रता का ध्यान रखता है उसको अपने शरीर में भी अनास्था हो जाती है। अनास्था होने का कारण इसमें मलबाहुल्य है। इसी कारण—

कलेवरे मूत्रपुरीषभाजने रमन्ति मूढा न रमन्ति पण्डिताः।

ऐसा वशिष्ठ जी ने कहा है। शरीर में बारह प्रकार के मल रहते हैं यह बात पूर्व प्रकरण में कही गई है। जो मनुष्य स्वयं अपने शरीर में अनास्था करेगा वह दूसरों

के सम्पर्क जन्य दोष से कहां तक बचेगा ? इसका अनुमान स्वयं लगाना चाहिये। स्पृश्यास्पृश्यव्यवस्था का हर समय ध्यान रखना इसी उद्देश्य से धर्मशास्त्रों में लिखा गया है। दूसरे का अपमान करना उसका लक्ष्य कदापि नहीं है। जो पवित्रात्मा इन बातों का तत्व समझते हैं वे ही मोक्ष मार्ग का आश्रय लेते हैं सर्व साधारण नहीं।

## भक्ष्याभक्ष्य निर्णय

धर्मशास्त्रों में जिन पदार्थों को भक्ष्य माना है वे भक्ष्य हैं बाकी सब अभक्ष्य हैं उदाहरणार्थ लहसुन-प्याज छत्राक मद्यमांस अमेध्य ( पाखाने ) से बढ़े हुये कन्दमूल फल आदि ये सब द्विजों को नहीं खाने चाहिये। ऐसा मनु में [ ५।५।१९ ] मिलता है सामान्यतया शूद्र मात्र का और विशेषतया वर्ण संकरों का उनमें भी खासतौर पर शिल्पवृत्ति वालों का अन्न कदापि नहीं खाना चाहिये। क्योंकि—

शूद्रान्नं शूद्रसम्पर्कः शूद्रेण च सहाशनम्।
शूद्राज्ज्ञानागमश्चापि ज्वलन्तमपि पातयेत् ॥ ६।६०
कारुकान्नं प्रजां हन्ति बलं निर्णेजकस्य च।
गणान्नं गणिकान्नं च लोकेभ्यः परिकृन्तति ॥ ४।२१९
राजान्नं तेज आदत्ते शूद्रान्नं ब्रह्मवर्चसम्।
आयुः सुवर्णकारान्नं यशश्चर्मावकर्तिनः ॥ ४।२१८

ऐसा मनु ने कहा है। शूद्र का अन्न, शूद्र का सम्पर्क, शूद्र के साथ एक आसन पर बैठना शूद्र से विज्ञान की बातें सुनना इतनी बातों से अग्नि के समान देदीप्यमान द्विज भी नष्ट होता है। शिल्पवृत्ति से निर्वाह करने वाले मनुष्य का अन्न खाने से प्रजा नष्ट होती है रंगरेज का अन्न बल नष्ट करता है और गणान्न ( चन्दे का अन्न ) तथा वेश्या का अन्न मनुष्य को स्वर्गादि लोकों से च्युत करता है। राजा के अन्न से तेज शूद्र के अन्न से ब्रह्म तेज सुनार के अन्न से आयु और चमार के अन्न खाने से यश नष्ट होता है।

अतीतानागत ज्ञान सम्पन्न त्रिकालदर्शी प्राचीन ऋषि इन सूक्ष्म दृष्टि वेद्य विषयों को विचार कर संसार के कल्याणार्थ जो वाक्य लिख गये हैं उन पर आस्तिक्य बुद्धि से विचार करने पर लाभ होता है केवल तर्क से नहीं। मन वाणी और बुद्धि पर अपवित्र भाव दूषित अन्न का जो प्रभाव पड़ता है उसका निदर्शन महाभारत के एक आख्यान से सिद्ध है।

युद्ध के अन्त में-शरशैय्या पर पड़े हुये देवव्रत जब धर्मोपदेश दे रहे थे तब उनके समक्ष में उपस्थित द्रुपद पुत्री अकस्मात् सस्मित होकर विस्मयापन्न हुई। उस

की यह अवस्था देखकर देवव्रत चकित होकर इसका निदान पूछने लगे। अन्त में निर्बन्ध करने पर पाञ्चाली ने कहा कि हे भगवन्! जिस समय राज सभा में मेरा केशाकर्षण हुआ था उस समय आपका यह धर्म ज्ञान किस कन्दरा में जाकर छिपा रहा? जो अब प्रकट हुआ है। द्रौपदी की यह बात सुनकर देवव्रत कहने लगे कि पुत्रि! उस समय मेरी बुद्धि अन्नदोष से दूषित थी। पापी दुर्योधन के अन्न खाने से मेरा धार्मिक ज्ञान नष्ट हो चुका था। अब युद्ध में उस रक्त के निकलने पर उसका उन्मेष हुआ। यह दृष्टान्त अन्नदोष के लिये पर्याप्त है। इसलिये मनु ने मृत्युनिदान में [ अन्नदोषाच्च ] यह हेतु दिया है। उपनिषदों में "अन्नमयं हि सोम्यमनः। तेजोमयी वाक्। अपोमयः प्राणः।" इत्यादि वचनों से इस बात का विस्पष्ट उपदेश मिलता है। मन अन्न का परिणाम है। वाणी तेज का और प्राण जल का? इसलिये इनके विषय में बहुत सावधान रहना चाहिये।

[ प्रश्न ] सुवर्णकार का अन्न खाने से आयु क्यों नष्ट होती है? ( उत्तर ) यह विषय अत्यन्त गम्भीर है। इस पर सूक्ष्म दृष्टि से विवेचन करना होगा। अथर्ववेद के-

यो बिभर्ति दाक्षायणं हिरण्यं सजीवेषु कृणुते दीर्घमायुः।

इत्यादि मन्त्रों में सुवर्ण के धारण से आयु वृद्धि होती है ऐसा लिखा है। आयुर्वेद के प्रधान ग्रन्थ सुश्रुत में—

गव्यं सर्पिः सुवर्णं च तृतीयं माक्षिकं मधु।
मेध्यमायुष्यमारोग्य-पुष्टिसौभाग्यवर्धनम् ॥

इस पद्य के अन्दर गो का घृत सुवर्ण और मधु आयु वर्धक माना है। सुवर्ण का चुराना मनु के [ ११।५४ ] पद्य में महापाप लिखा है। आयु के बढ़ाने वाले सुवर्ण को जो चुराता है वह एक प्रकार से जनता की आयु का अपहरण करता है। इसलिये [ आयुः सुवर्णकारान्नम् ।४।२१८ ] ऐसा मनु में लिखा है। मणि मुक्ता प्रवालादि रत्नों का लोभ से अपहरण करने वाला मनुष्य मरने पर सुवर्णकार की योनि में जन्म लेता है ऐसा मनु ने [ १२।६१ ] लिखा है।

सर्वकंटकपापिष्ठं हेमकारन्तु पार्थिवः।
प्रवर्तमानमन्याये छेदयेल्लवशः क्षुरैः ॥ ९ ॥ २९२

मनु के इस पद्य में कहा है कि समस्त कंटकों में महापाप करने वाला प्रधान कंटक सुवर्णकार है। यह तुलाछद्म, कर्षपरिवर्तन, अपद्रव्य प्रक्षेप आदि से सुवर्ण को चुराता है। इस कारण राजा को चाहिये कि इसका पूर्ण रूप से निग्रह करे यही

अनेक धर्मशास्त्रों का मत है। इसी प्रकार सूक्ष्म दृष्टि से विवेचन करने पर चमार, लुहार, सुनार, मेमार, आदि के अन्न खाने का दोष ज्ञात होता है। जो मनुष्य मोटी दृष्टि से इन बातों पर विचार करते हैं उनकी दृष्टि में यह विषय नहीं आ सकता हैं। इस पर विचार करना पवित्र हृदय वालों का ही काम है।

## अस्पृश्यजन्तु

त्रयोवा पशव अमेध्याः। वराहः एड्कः श्वा। १२। ४। १। ४

स्त्री शूद्रः श्वा कृष्णः शकुनिः तानि न प्रेक्षेत १४। १। १। ३१

शतपथ की इन श्रुतियों में शूकर, एड्क, कुत्ता, शूद्र की स्त्री, शूद्र, कौआ आदि जन्तु न देखने चाहिये, और न छूने चाहिये यह आदेश है। इसी प्रकार—

यद्यत्कृष्णःशकुनएहगत्वात्सरन्विषक्तं बिल आससाद।

यद्वादासीआर्द्र हस्तासमक्त उलूखलं मुसलं शुंभतापः॥ १२।३। १३

अथर्ववेद के इस मन्त्र में कौआ कपोत, सर्प, शूद्र की स्त्री इनका स्पर्श वर्जनीय बतलाया है। काक अमेध्यभक्षी है कपोत, उलूक, सर्प यह तीनों यमदूत हैं। अथर्व के [ ७। ६४। १ ] सूक्त में काकशान्ति और [ ६। २७। १ ] सूक्त में कपोत तथा [ ६। २९। १ ] सूक्त में कपोतोलूक शान्ति का विधान है। शूद्र की स्त्री के आर्द्र हस्त से स्पृष्ट उलूखलादि काष्ठद्रव्य मार्जन के विना अव्यवहार्य होते हैं यह बात स्वयं मन्त्र बतला रहा है। इसलिये वेदों पर विश्वास रखने वाले पुरुष इनसे बचने का प्रयत्न करते हैं। द्रव्य शुद्धि प्रसंग में—

मार्जनं यज्ञपात्राणां पाणिना यज्ञकर्मणि।

चमसानां ग्रहाणां च शुचिः प्रक्षालनेनतु॥ ५। ११६

चरूणांस्रुक्स्रुवाणाञ्च शुद्धिरुष्णेन वारिणा।

स्फ्यशूर्पशकटानां च मुसलोलूखलस्य च॥ ११७

मनुजी इन दो पद्यों में शूद्रनिर्मित यज्ञ पात्रों का मार्जन बतलाते हैं। शूद्रनिर्मित समस्त यज्ञ पात्र यज्ञ में तापन, मार्जन, प्रोक्षण, अभ्युक्षण, आदि क्रिया से शुद्ध होने पर व्यवहार्य किये जाते हैं यह वैदिक नियम है। इस शोधन का मूल कारण—

दैव्यायकर्मणेशुन्धध्व देवयज्यायैयद्वोऽशुद्धाःपराजघ्नुरिदंवस्तच्छुन्धामि। १। १३

यह यजुर्वेद का मन्त्र है। इसमें देवकार्य के लिये तथा देवयजन के लिये यज्ञ पात्रों का शोधन करना लिखा है। क्योंकि अशुद्ध, अमेध्य, तक्षा ने इनको बनाने के

समय स्पर्श किया है। वह स्पर्श दोष विना प्रक्षालन के निकल नहीं सकता है। इस-लिये इनका प्रक्षालन आवश्यक है। इस मन्त्र के भाष्य में आचार्य महीधर ने—

अशुद्धाःनीचजातयस्तक्षादयः ।

यह स्पष्ट लिखा है। तक्षा आदि जातियां अशुद्ध अपवित्र हैं यह बात शतपथ ब्राह्मण के [ अत्राशुद्धस्तक्षा वा अन्योऽमेध्यःकश्चित् १ । १ । ३ । १२] इस मूल पाठ में मिलती है। इस विषय में मन्त्र और ब्राह्मण दोनों एक मत हैं। शतपथ के भाष्य में

तक्षावर्द्धकिः । अन्यः तद्व्यतिरिक्तो वृषलादिः ।
स सर्वोपि अशुद्धत्वादमेध्यः ॥

यह लेख सर्ववेद भाष्यकार श्री सायणाचार्य का है। इन सब वैदिक प्रमाणों से तक्षा अव्यवहार्य शूद्र अथवा अन्त्यज सिद्ध होता है। अमर के शूद्र वर्ग में तक्षा-वर्द्धकि-त्वष्टा-रथकार-आदिपद-यद्यपि पर्याप्त रूप से आते हैं परन्तु इनमें भी हीन हीनतर भाव भरा हुआ है। उदाहरणार्थ हम यहां पर—

नमस्तक्षभ्यो रथकारेभ्यश्च । १६।२७
मेधायै रथकारं धैर्याय तक्षाणम् ३९।६

यह दो यजुर्वेद के मन्त्र उपस्थित करते हैं । इनमें इनको एक न मान कर दो भागों में विभक्त किया गया है निरुक्त में नमः-पद अन्न वज्र और सत्कारार्थक है। प्रस्तुत मन्त्र में शूद्रों को अन्न देना अभीष्ट है। लोक में द्विजों से अन्न लेकर ही शूद्रादि संकी-र्ण वर्ग—अपना निर्वाह करते हैं। रथकार–

रथकारस्तु माहिष्यात्करण्यां यस्य सम्भवः२।१०।४

इस अमर प्रमाण से करणी में माहिष्य से उत्पन्न होता है। माहिष्य क्षत्रिय से वैश्या में और करण वैश्य से शूद्रा में उत्पन्न होता है। यह मत यम गौतम और याज्ञवल्क्य स्मृति का है। औशनस स्मृति में क्षत्रिय से ब्राह्मणी में रथकार का उद्भव माना है। (१।५) इन प्रमाणों से अनुलोम प्रतिलोम सांकर्य रथकार में अवश्य है। तक्षा सूत्रधार है। जिस लकड़ी को आरे से चीरता है उसको पहिले सूत्र से नापता है। लोक में इसी का अपभ्रंश सुतार होगया है। बलिदान प्रसंग में मेधा के लिये रथकार का और धैर्य के लिये तक्षा का बलिदान करना लिखा है पुरुषमेध में पुरुषों को ही पशु मानकर चतुर्थ्यन्त देवताओं के लिये द्वितीयान्त पशुओं का बलिदान नियत है। कात्यायन श्रौत सूत्र के विनियोगानुसार यह सब कार्य भिन्न २ काम्यकर्मों में भिन्न२ कामनाओं के अनुसार किया जाता है। वेद में मनुष्य को द्विपाद पशु माना है। अथर्व में पशुपति प्रीत्यर्थ इन पशुओं का विश्रपण निर्दिष्ट है। इसीलिये—

तवे मे पञ्चपशवो विभक्ता
गावो अश्वाः पुरुषा अजावयः ॥

यह मन्त्र आया है। प्रस्तुत प्रसंग में भिन्न दो देवताओं के लिये-रथकार और तक्षा में भेद किया गया है। अब हम यहां पर धर्मशास्त्रों के बचन उद्धृत करते हैं।

शूद्रायां वैश्यसंसर्गाद्विधिना सूचकः स्मृतः।
सूचकाद्विप्रकन्यायां जातस्तक्षक उच्यते ॥

औशनस ४२।४३

ब्राह्मण्यांशूद्रजनितश्चाण्डालस्त्रिविधः स्मृतः।
बर्धकी श्वपचः कोलः॥ [व्यास स्मृति]
कर्मोपकरणाः शूद्राः कारवः शिल्पिनस्तथा।

[ मनु० १०।१२० ]

ब्राह्मण्यां क्षत्रियाच्चौर्या-द्रथकारः प्रजायते।
वृत्तंतु शूद्रवत्तस्य द्विजत्वं प्रतिषिध्यते॥

[ औशनस १५ ]

माहिष्येण करण्यान्तुरथकारः प्रजायते।
असत्संतस्तु विज्ञेयाः प्रतिलोमानुलोमजाः॥

[ यमस्मृति ६५ ]

धर्मशास्त्रों के इन बचनों से—अनेक ऋषिसम्मत यह सिद्धान्त-रथकार और तक्षाको-अव्यवहार्य अस्पृश्य ठहराता है। इसीलिये इनके हाथसे बने यज्ञ-पात्र गरम जल से शुद्ध किये जाते हैं। वेद जिस जाति को अशुद्ध कह कर पुकारता है, और जिसके हाथ से बने काष्ठपात्रों को धुलवाता है-वह जाति कदापि शुद्ध नहीं मानी जा सकती है। क्यों कि—

श्रुतिस्मृतिपुराणानां विरोधो यत्र दृश्यते।
श्रुतिस्तत्रप्रमाणं स्यात्तयोर्द्वैधे स्मृतिर्वरा॥ ४

इस व्यासस्मृति के प्रमाण से-वेद का प्रमाण-अन्य सब प्रमाणों के समक्ष में बलवत्तर है।

## शूद्र पक्वान्न भोजन विचारः।

( प्रश्न ) द्विजों को शूद्र के हाथ का बना हुआ अन्न खाना चाहिये या नहीं? ( उत्तर ) नहीं खाना चाहिये। क्यों कि गर्भाधानादि संस्कारों द्वारा उसका वैजिक

( वीज सम्बन्धी ) तथा गार्भिक ( रजः सम्बन्धी ) दोष नहीं हटाया गया । दूसरा कारण यह भी है कि शूद्र तमः प्रधान है। उसमें तमोगुण प्रधान बिजली रहती है। उसका असर उसके छुए हुए अन्न पर आता है। हाथों में बिजली खास तौर पर रहती है। इसी कारण हाथ में बाल नहीं जमते हैं। जलमें बिजली का असर कम होता है। इसी कारण नापित धीवर के हाथ का जल ग्राह्य माना जाता है। घृत पक्व-अथवा भर्जित धान्य पर भी बिजली का आक्रमण नहीं होता है। इसी कारण नापित और धीवर के छुए हुये घृताग्नि भर्जित धान्य ग्राह्य माने जाते हैं । यदि यह बात न होती तो—

नाद्याच्छूद्रस्य पक्कान्नं विद्वानश्राद्धिनो द्विजः ।
आददीताममेवास्मा—दवृत्तावेकरात्रिकम्. ॥ ४।२२३

ऐसा मनुजी न लिखते ? मनुमें इस प्रकार का लिखना ही इस बात का प्रबल प्रमाण है कि शूद्र के घर का पका हुआ अन्न नहीं खाना चाहिये ।(प्रश्न) जब यही बात है तो बौधायन धर्मसूत्र में [आर्याधिष्ठिता वा शूद्राः संस्कर्तारः स्युः २।२।२।४] ऐसा क्यों लिखा ? ( उत्तर ) इस सूत्र से पहिले तीन सूत्र देखिये। उनमें द्विजों को केवल द्विजों के हाथ का बना हुआ अन्न ही भोज्य बताया है। प्रकरण की पूर्वापर संगति बिना लगाये ठीक अर्थ नहीं लगता है। इसीलिये सूत्र में "वा" यह विकल्पार्थक अव्यय आया है। दूसरी बात यह है कि सूत्र में [संस्कर्तारः] पद आया है। संस्कार छान कूटकर साफ करना होता है। जैसा लोक में व्यवहृत भी है। शूद्र अन्न को फट-कते हैं, छरते हैं, पीसते हैं, छानते हैं, बीनते हैं। यही अन्नका संस्कार करना है। जैसे भूमि संस्कार पात्र संस्कार आदि। यहां पर संस्कार का अर्थ साफ करना है बनाना नहीं है। यदि बौधायन को पकाना अभीष्ट होता तो वे [पक्तारः] ऐसा पाठ लिखते। इस लिये शूद्र के हाथ का पका हुआ भोजन करना बौधायन को अभीष्ट नहीं है। (प्रश्न) शूद्र के पक्वान्न में यदि आप दोष मानते हैं तो उसके यहां का कन्द, मूल, फल, शाक घृत मिष्ट आदि पदार्थ क्यों लेते हैं ? (उत्तर) कन्द मूलादिक की शुद्धि जल में धोने मात्र से होती है घृत तपाने से शुद्ध होता है। मिष्ट अग्निपक्व होने के कारण पवित्र माना गया है। इसीलिये—

शाकमूलफलानांच धान्यवच्छुद्धिरिष्यते ।५।११९
द्रवाणां चैव सर्वेषां शुद्धिरुत्पवनं स्मृतम् ।५।११५

इस प्रकारके प्रमाण मनुमें मिलते हैं। धर्मशास्त्रों में जिस द्रव्य की जिसप्रकार से शुद्धि लिखी है उसीप्रकार उस द्रव्य को पवित्र बनाकर व्यवहार में लेना चाहिये।

# भोजन स्थान निर्णय

(प्रश्न) भोजन कैसे स्थान में करना चाहिये ? (उत्तर) पवित्र स्थान में, पवित्र भूमि में, एकान्त देश में। (प्रश्न) कौन सा स्थल पवित्र समझना चाहिये ? (उत्तर) गोमय से लिप्त। यदि भोजन स्थान पक्का बना हो तो उसको खूब जल से धोना चाहिये तब वह पवित्र होजाता है। मार्ग में अथवा तीर्थ यात्रा में ऊर्ण कम्बल बिछाकर भोजन करने में अधिक आपत्ति नहीं है। भोजन के समय अस्पृश्य मनुष्य का पास बैठना अथवा भोज्य पदार्थ पर उसकी दृष्टि गिरना अधिक हानिकारक है। कुत्ते बिल्ली आदि श्वापदों का तथा काकादि पक्षियों का भोजन स्थान में अथवा उसके आस पास रहना अत्यन्त हानिकारक है। इसी कारण [श्वातुदृनिनिपातेन ३।२४१] ऐसा मनु ने लिखा है। इतना ही नहीं और भी लीजिये--

चाण्डालश्चवराहश्च कुक्कुटः श्वातथैवच।
रजस्वलाच षंढश्च नेक्षेरन्नश्नतोद्विजान्॥ ३।२३९
होमेप्रदाने भोज्ये च यदेभिरभिवीक्ष्यते।
दैवे कर्मणि पित्र्ये वा तद्गच्छत्ययथातथम्॥ २४०
खञ्जोवा यदि वा काणो दातुः प्रेष्योपि वा भवेत्।
हीनातिरिक्तगात्रो वा तमप्ययनयेत्पुनः॥ २४२

इन पद्यों के द्वारा मनु जी कहते हैं कि चाण्डालादिक अस्पृश्य जाति शूकरादिक श्वापद कुक्कुट, आदि पक्षी, रजोवती स्त्री, नपुँसक, गञ्जा, काणा, लूला, लंगड़ा, अधिकांग, सेवक, शूद्रमात्र ये प्राणी भोजन के समय द्विजों को न देखें अन्यथा विपरीत फल होता है। इसी कारण सनातनधर्मी ऐसा करते हैं। [पथिशूद्रवदाचरेत्] इस वचन से मार्गादि प्रदेशों में उसका नियम नहीं है। भोजन के समय में जहां तक हो सके वहांतक इन बातों से बचना चाहिये। दृष्टि दोष का बहुत शीघ्र भोक्ता पर असर होता है। ऋषियों ने योग द्वारा इस विषय में हानि लाभ देखकर धर्म ग्रंथों में नियम बांधे हैं। उनका पालन करना परमावश्यक है। (प्रश्न) ईसाई मुसलमान आदि अव्यवहार्य मनुष्यों के हाथ का कटा हुआ फल, द्विजों को लेना चाहिये वा नहीं ? उत्तर) नहीं लेना चाहिये। क्योंकि ये दोनों ही अस्पृश्य हैं इनसे स्पर्श होने पर सचैल स्नान पञ्चगव्यपान अवश्य करना चाहिये। अज्ञात स्पर्श होने पर मार्जन मात्र भी पर्युक्त हो सकता है। ये लोग प्रायः गो मांस भक्षी होते हैं इनके हाथ में दूषित बिजली रहती है उसके द्वारा खाद्य पदार्थ सद्यः अमेध्य होजाता है वैज्ञानिक दृष्टि से या रासायनिक क्रिया से इन बातों पर विचार करना परमावश्यक है।

(प्रश्न) जब धर्म शास्त्रों में शूद्रान्न लेने का निषेध है तब निषाद राज गुह का आतिथ्य मर्यादा पुरुषोत्तम श्री रामचन्द्र जी ने क्यों अङ्गीकार किया? (उत्तर) निषाद के आतिथ्य प्रसंग में-

तत्रराजा गुहोनाम रामस्यात्मसमः सखा।
निषाद जात्यो बलवान्स्थपतिश्चेति विश्रुतः॥ ३३
सश्रुत्वा पुरुषव्याघ्रं रामं विषयमागतम्।
वृद्धैः परिवृतोमात्यै-र्ज्ञातिभिश्चाप्युपागतः॥ ३४
ततो गुणवदन्नाद्य-मुपादाय पृथग्विधम्।
अर्घ्यश्चोपानयच्छीघ्रं वाक्यश्चेदमुवाचह॥ ३७
भक्ष्यम्भोज्यञ्च पेयञ्च लेह्यं चैतदुपस्थितम्।
गुहमेवं ब्रुवाणं तु राघवः प्रत्यभाषत॥ ४०
यत्विदं भवता किंचित्प्रीत्या समुपकल्पितम्।
सर्वं तदनुजानामि नहिवर्तें प्रतिग्रहे॥ ४४
अश्वानां खादनेनाहमर्थीनान्येन केनचित्।
एतावतात्र भवता भविष्यामि सुपूजितः॥ ४५
ततश्चीरोत्तरासङ्गः संध्यामन्वास्यपश्चिमाम्।
जलमेवाददे भोज्यं लक्ष्मणेनाहृतं स्वयम्॥ ४८

यह पद्य [बाल्मीकि० अयो० सर्ग ५०] में मिलते हैं। इनमें कहीं पर भी गुह प्रदत्त अन्न जल का स्वीकार नहीं है। केवल घोड़ों के दाने घास मात्र की अनुज्ञा है। गुह जाति का अस्पृश्य है इस कारण श्री राम ने आलिंगन का प्रायश्चित सद्यः स्नान और सूर्यावलोकन करके-तब स्वयं लक्ष्मण के लाये हुये जल का ग्रहण किया। यह प्रायश्चित-

एषां सम्भाषणात्स्नानं दर्शनादर्कवीक्षणम्। १२

इस व्यास स्मृति के पद्य में मिलता है। निषाद के विषय में-(निषद्यहंतीति निषादः प्राणिवधजीवनः। निषादः कस्मात्? निषदनो भवति। निषण्णमस्मिन्पापकमिति नैरुक्ताः) ऐसा निरुक्त में लिखा है। (प्रश्न) शवरी के विषय में आपका क्या मत है? (उत्तर) धर्म शास्त्रों में किरात, शबर, पुलिन्द, भिल्ल आदि बनचर जातियां अस्पृश्य मानी हैं। (शवरोबनचाण्डालः) बन के चाण्डाल को शबर कहते हैं, शवरी इसी जाति की स्त्री थी। श्रीरामचन्द्र जी जब पंपा [पुष्करिणी] के तट पर पहुंचे तब शबरी का आश्रम देख उसमें प्रविष्ट हुये आश्रम में भगवान् को आता देख

वृद्धा शबरी हाथ जोड़ कर चरण स्पर्श करके अर्घ्य पाद्य देने लगी। भगवान् उस की ओर ध्यान न देकर कुशल प्रश्न में प्रवृत्त हुए। उत्तर देते हुये शबरी ने कहा-

मयातुसंचितं वन्यं विविधं पुरुषर्षभ।

तवार्थे पुरुषव्याघ्रपम्पायास्तीरसंभवम् ॥१८

हे भगवन्! मैंने आप के लिये पम्पा के तट पर उत्पन्न-वन्य ( वन में उत्पन्न हुआ ) विविध प्रकार का संचय किया है। परन्तु वह विविध वन्य क्या है? इसका *पद्य में नाम निर्देश नहीं है। तीर पर होने के कारण ( अर्थात् )* कंद मूल फल-हो सकता है। परन्तु बेरका यहां पर कुछ प्रसंग नहीं है। जो मनुष्य भगवान पर झूंठे बेर खानेका कलंक लगाते हैं-उनपर ईश्वरीय कोप अवश्य होगा। भगवान् शबरी की बात सुनकर उससे मतङ्ग बन देखने की इच्छा प्रकट करने लगे। शबरी ने साथ चल कर समस्त बन दिखाया और उनके समक्ष ही चिता में जल कर स्वर्गधाम को चली गई। यह आख्यान [ वाल्मी० अरण्य० सर्ग. ७४ ] में लिखा है। इसमें शबरी के दिये हुये वन्य पदार्थ श्रीराम ने अंगीकार किये-यह बात भी सिद्ध नहीं होती है। उनका खाना तो अलग रहा। ( प्रश्न ) क्या भगवान् को भी जातीय पक्षपात रहता है? यदि रहता है तो-

विद्याविनयसम्पन्ने ब्राह्मणे गवि हस्तिनि।

शुनिचैव श्वपाके च पंडिताः समदर्शिनः ॥

इस वाक्य का समन्वय कैसे होगा? ( उत्तर ) भगवद्गीता का यह पद्य व्यवहार सत्तागत भेद का बाधक नहीं है। भगवान् श्रीराम मर्यादापुरुषोत्तम हैं। उनके द्वारा शास्त्र मर्यादा का भंग कदापि नहीं हो सकता है। क्योंकि-वे स्वयं-अवतारान्तर में—

यः शास्त्रविधिमुत्सृज्य वर्तते कामकारतः।

न स सिद्धिमवाप्नोति न सुखं न परां गतिम् ॥

तस्माच्छास्त्रं प्रमाणं ते कार्याकार्यव्यवस्थितौ।

ज्ञात्वा शास्त्रविधानोक्तं कर्मकर्तुमिहार्हसि ॥

ऐसा कह चुके हैं। उनको यह प्रतिज्ञावाक्य सर्वदा-सब अवतारों में स्मरण रहता है। यदि वे ही शास्त्र मर्यादा का उल्लंघन करेंगे-तो अन्य कौन पालन करने में प्रवृत्त होगा। इसलिये उनपर पक्षपात का आरोप नहीं हो सकता है। अब रहा समदर्शिता का प्रश्न?

उस पर-श्लोक स्वयं व्यवस्था देरहा है। श्लोक में "समदर्शिनः" ऐसा पाठ है। [ समवर्तिनः ] पाठ नहीं है। "समलोष्ठाश्मकाञ्चन" भी ज्ञानी पुरुष-व्यवहार सत्ता में-लोष्ठाश्म कांचन गत भेद हटाने में स्वयं असमर्थ है। स्त्री जाति में-जाति गत भेद न होने पर भी- व्यक्तिगत भेद अवश्य मानना पड़ता है। उसके न मानने पर लोक व्यवहार चलना-सर्वथा असंभव है। इसी प्रकार-कर्म विपाक प्राप्त जाति भेद का प्रश्न है। मनुष्य जाति के एक होने पर भी गीतोक्त पद्य में गुण भेद से ब्राह्मणादि जातिभेद-नामभेद-प्रत्यक्ष हैं। पशु समुदाय में-गौ और कुत्ते का भेद प्रत्यक्ष है। इसीलिये नैय्यायिकों के मतमें जाति और जाति भेद नित्य है। ब्राह्मण के साथ गौका और चाण्डाल के साथ कुत्ते का समन्वय बुद्धि पूर्वक है। पहले दो-सात्विक यज्ञोपयुक्त और अन्तिम दो तामस यज्ञानर्ह-मध्मगत राजस हस्तिव्यवस्थिति से-आपस में मिल नहीं पाते-यही भगवद्वचन में वैचित्र्य है। इसके न समझने पर ही इस प्रकार के प्रश्न उठते हैं। योगीजन-व्यवहार में-भेद मानकर-सुख दुःख की मात्रा सबमें एक सी देखते हैं। इसीलिये—

आत्मौपम्येन सर्वत्र समं पश्यति योर्जुन।
सुखं वा यदि वा दुःखं सयोगी परमो मतः॥

ऐसा भगवद्गीता में लिखा है। जो मनुष्य ब्राह्मण और चाण्डाल में भेद नहीं मानते हैं। वे जरा ध्यान पूर्वक—

सति मूले तद्विपाको जात्यायुर्भोगः।

इस योग दर्शन के सूत्र पर विचार करें तब इस विषय का रहस्य अवगत हो सकेगा। इसमें प्राक्तन मूल भूत कर्म के विपाक में जाति आयु और भोग की व्यवस्था की गई है। वेद में जो कर्मभेद पूर्वक जाति भेद मिलता है, वह ईश्वर बुद्धि कृत है, ईश्वर ने बुद्धि पूर्वक प्राक्तन कर्मानुसार चार वर्ण और तीस वर्णसंकर विभक्त किये हैं। इस विषय में—

बुद्धिपूर्वा वाक्यकृतिर्वेदे।

यह सांख्य सूत्र अत्युपयुक्त मिलता है। वेद में जो वाक्य रचना है, वह ईश्वर का बुद्धि वैभव बतला रही है। यदि यह व्यवस्था नवीन होती? तो वेद में इसकी व्यवस्थिति न होती? वेद में इसका होना इसको अनादि काल सिद्ध और ईश्वर बुद्धि प्रयुक्त अवश्य सिद्ध करता है।

(प्रश्न) यदि भगवान् श्रीरामचन्द्र जी मर्यादा का स्थापन करने के लिये अवतीर्ण हुये तो क्षत्रिय होते हुये उन्होंने ब्राह्मणी अहल्या का चरण से स्पर्श क्यों किया? (उत्तर) उन्होंने ऐसा नहीं किया। देखिये—

साहि गौतमवाक्येन दुर्निरीक्ष्या बभूवह ।
त्रयाणामपि लोकानां यावद्रामस्य दर्शनम् ॥ १६
राघवौतु तदातस्याः पादौजगृहतुर्मुदा ।
स्मरन्ती गौतमवचः प्रतिजग्राह साच तौ ॥ १७

यह दो पद्य (बाल्मीकि० बा० सर्ग ४६) के हैं । इनमें गोतम के शाप से अहल्या का दुर्निरीक्ष होना प्रत्यक्ष है । रामके दर्शन तक यह शाप चक्र अहल्या को अदृश्य रूप में रखता था । राम के आने पर शाप को अवधि समाप्त हुई और ऋषि पत्नी अहल्या को प्रथम राम और लक्ष्मणने चरण स्पर्श किया । यही मर्यादा का रक्षण है इस शिष्टाचार के अनन्तर अहल्या ने भी पतिदेव की आज्ञा का स्मरण करके उनका आतिथ्य करना आरम्भ किया । यहां पर "प्रतिजग्राह" का सम्बन्ध "तौ" के साथ है न कि उनके चरणों के साथ ? क्योंकि अगले पद्य में भी अङ्गीकार के अर्थ में "प्रतिजग्राह" पद आया है । इस शिष्टाचार में उभयतः [illegible] का भंग नहीं है । जो मनुष्य इस आदर्श को अन्यथा उपस्थित करते हैं वे ज[illegible]कृत्य का प्रचार करते हैं रामावतार का ऐतिहासिक आदर्श केवल बाल्[illegible]यण में ही मिलता है । इसलिये इसके विरुद्ध कल्पित कथानक विद्वानों के [illegible]र्था अमान्य है । आज कल बहुत से ज्ञानलवदुर्विदग्ध गुरुलब्ध विद्या के अभाव स शास्त्र सम्बन्धी मौलिक तत्व न जानकर मूर्ख जनता पर प्रभाव जमाने के लिये अनेक प्रकार के मन गढ़न्त कल्पित आख्यान बना २ कर जनता को धोखा दे रहे हैं । उनमें और उनके लिखे हुये ग्रन्थों में शास्त्र प्रमाण सम्बन्धी विवेचन का अत्यन्ताभाव है । इसलिये विवेकी पुरुषों को ऐसे ग्रन्थों में अपना अमूल्य समय नष्ट नहीं करना चाहिये ।

( प्रश्न ) उच्छिष्ट शब्द का क्या अर्थ है ? और उच्छिष्ट किसका-किसको खाना चाहिये ?

( उत्तर ) अथर्व वेद के ग्यारहवें काण्ड में सातवां उच्छिष्ट सूक्त है-जिसमें सत्ताईस मंत्र हैं । उसमें ब्रह्म को उच्छिष्ट कहा है । ब्रह्मसे उत्पन्न सब पदार्थ उच्छिष्ट कहे हैं और—

ऋचःसामानि छन्दांसि पुराणं यजुषासह ।
उच्छिष्टाज्जज्ञिरे सर्वे दिवि देवादिविश्रितः ॥२४

इस मंत्र में वेदों तक को भी उच्छिष्टोत्पन्न लिखा है । इसलिये उच्छिष्ट शब्दपर विचार करना आवश्यक है । उच्छिष्ट पदमें उत् और शिष्ट-यह दो पद हैं । उनमें पहिला उपसर्ग है ! उपसर्ग अर्थ विशेष का द्योतक होता है । इसीलिये—

निपाताश्चोपसर्गाश्च धातवश्चेति ते त्रयः ।
अनेकार्थाः स्मृताः सर्वे पाठस्तेषां निदर्शनम् ॥५८

ऐसा वररुचि कोष में लिखा है । वररुचि कात्यायन का नामान्तर है । प्रस्तुत में शिष्ट पद अवशिष्ट-शेष-बचे हुए का वाचक है । [ उत्-ऊर्ध्वं शिष्टं अवशिष्टं उच्छिष्टं ] यह इसका निर्वचन है । महाप्रलय में उत्कर्ष के साथ ब्रह्मही शिष्ट बचा हुआ रहता है इसलिये ब्रह्म का नाम उच्छिष्ट है । इसी प्रकार अन्यत्र भी-प्रसंग प्राप्त इसपद का अर्थ करना चाहिये । व्यवहार में-भोजन के समय थाली में बचे हुए भुक्त शेष को उच्छिष्ट कहते हैं । उसका अधिकार अनेक व्यक्तियों को है । विवाह के समय—

अन्नपाशेन मणिना प्राणसूत्रेण पृश्निना ।
बध्नामि सत्यग्रन्थिना मनश्च हृदयञ्च ते ॥

इस मंत्र को पढ़कर-वर-अपनी वधू को अपना भुक्त शेष देता है । यह लोकाचार है । भुक्तान्न का परिणाम मन है बात [ यदणिष्ठंतन्मनः ] इस श्रुति वाक्य से सिद्ध है । इसलिये-मंत्रमें मनोबन् ा संकेत है ।

शूद्राणां मासिकं कार्यं ..ं न्यायवर्तिनाम् ।
वैश्यवच्छौचकल्पश्च द्विजोच्छिष्टं च भोजनम् ।५।१४०

इस मनु के पद्यमें-शूद्रों को उच्छिष्ट भोजन का अधिकार दिया गया है । शूद्र नापित धीवर-ब्राह्मण क्षत्रिय वैश्य का उच्छिष्ट खा सकता है । इसीलिये गौतम स्मृति में भी [ उच्छिष्टाशनम् १।६१ ] ऐसा शूद्रके लिये लिखा है । मनु में [ नोच्छिष्टंकस्यचिद्दद्यात् २।५६ ] यह जो निषेध वाक्य है वह केवल ब्रह्मचारी के लिये कहा गया है । ब्रह्मचारी अपना उच्छिष्ट किसी को नहीं देसकता है । क्योंकि वह स्वयं भिक्षान्न भोजी है । [ गुरोरुच्छिष्टभोजनम् ] यह वाक्य सवर्ण गुरु के लिये प्रयुक्त है । विवर्ण अथवा हीनवर्ण गुरु उच्छिष्ट नहीं-दे सकता है-ऐसा धर्मशास्त्रों में नियम है ।

( प्रश्न ) लोकमें-कच्चे और पक्के भोजन का जो भेद दीखता है-उसको कहां तक मानना उचित है ? ( उत्तर ) इस विषय में देशाचार और कुलाचार ही प्रमाण रूप हैं । जिस देशमें-जैसा व्यवहार प्रचिलित हो उसीके अनुसार वर्तना चाहिये । परन्तु आचार की प्रधानता सर्वत्र देखनी चाहिये । जिन पात्रोंमें-या जिन घरों में मांस पकता हो-उनमें कदापि भोजन नहीं करना चाहिये ।

यक्षरक्षः पिशाचान्नं मद्यं मांस सुरासवम् ।
तद्ब्राह्मणेन नात्तव्यं देवानामश्नता हविः ।११।९५

मनुके इस पद्य में -- ब्राह्मणों के लिये मद्य मांसके सेवन का निषेध है। मांस यक्ष राक्षस पिशाचों का भोजन है। ब्राह्मणों का नहीं। इसलिये इससे सर्वदा बचना चाहिये। ब्राह्मण सत्वगुण प्रधान है-इसलिये उसका भोजन—

रस्याः स्निग्धाः स्थिरा हृद्या आहाराः सात्विकप्रियाः ।१७।८

इस भगवद्वचन के अनुसार-रसप्रधान चिकना-बहुत देर तक रहने वाला-रुचिर होना चाहिये। चाहे वह कच्चा हो-अथवा पक्का? यह कच्चे पक्के का भेद लोक प्रचलित है। शास्त्र में इसका वर्णन नहीं है। इसलिये लोक व्यवहार को लक्ष्य में रख कर व्यवहार करना चाहिये यही सदाचार है।

[ प्रश्न ] मृगया करनी चाहिये वा नहीं? और यदि करनी चाहिये तो किनको? [ उत्तर ] आखेट करना क्षत्रियों के लिये नियत है, इसलिये उनको ही करना चाहिये महाराजा दशरथ, दुष्यन्त, नल आदि नृपतिगण इसके प्रत्यक्ष उदाहरण हैं। इतिहास इसमें साक्षी है। इसके करने से प्रजा की रक्षा होती है। शरीर में युद्ध स्फूर्ति बनी रहती है। बन की परिस्थिति ज्ञात होती है। दुर्बलों पर बलवान् सिंहादि सत्व आक्रमण नहीं करने पाते हैं। कृषकों के खेतों का उजाड़ नहीं होता है। इस प्रकार मृगया के अनेक उत्तम फल हैं। इसलिये क्षत्रिय को मृगया अवश्य करनी चाहिये।

[ प्रश्न ] क्या महर्षि वेदव्यास अपने पुत्र शुकदेव के साथ अमेरिका गये थे? [ उत्तर ] कभी नहीं गये। उनके विषय में महाभारत शान्ति पर्व अध्याय ३२३ में इस प्रकार लिखा है।

मेरुशृङ्गे किल पुरा कर्णिकारवनायुते ॥११॥
तत्र दिव्यंतपस्तेपे कृष्णद्वैपायनस्तदा ॥१२॥

एकबार मेरु शिखर पर पुत्रेच्छा से वेदव्यास जी तप करते थे। उनके तपोबल से अरणि गर्भ से श्री शुकदेव जी प्रकट हुये। पिता ने पुत्र को किसी विशेष कारण से मेरु शृंग से भारतवर्ष भेजा। मेरु से भारत तक आने के समय मार्ग में अनेक द्वीप पड़ते थे। शुकदेव उनको आकाश मार्ग से देखते हुये भारतवर्ष पहुंचे। यह आख्यान तीन अध्याय तक बराबर चलता है। और उसमें—

अध्वानमतिचक्राम खचरः खेचरन्निव ॥१६॥

यह पद्य ३२५ अध्याय में शुकदेव का आकाश गमन सिद्ध करता है। हैमवत-वर्ष, हरिवर्ष, किंपुरुषवर्ष, रमणकवर्ष आदि सात वर्ष पर्वत मेरु से भारत तक समाप्त होते हैं। जिनका वर्णन श्रीमद्भागवत के पञ्चम स्कन्ध में मिलता है। इस प्रसंग में न कहीं अमेरिका है और न कहीं समुद्र यात्रा है और न कहीं बन्दरों का

बन्दरगाह है। इसलिये यह प्रश्न सर्वथा अनुपयुक्त है। शिशुपाल वध के प्रथम सर्ग में नारद का आकाश मार्ग से अवतरण नैषध के चतुर्थ सर्ग में पर्वत का आकाश गमन प्रस्तुत प्रकरण में शुकदेव का अम्बर गमन, योगिजनों के यातायात क्रम का स्पष्ट निदर्शन है। इसपर इतिहास विरुद्ध कुछ लिखना केवल अज्ञान विलसित है।

## समुद्र यात्रा

माधवाचार्य प्रणीत पराशर माधव नामक निबन्ध में आचार प्रधान ब्राह्मणों के लिये समुद्र यात्रा सर्वथा वर्जित है। राजा के लिये नहीं। राजा समुद्र पर अपना आधिपत्य रखने के लिये यात्रा कर सकता है। राजा पृथिवी का पति है। उसके बिना पृथिवी विधवा होजाती है। इसका निदर्शन—

विधवा मेदिनी नूनं क्षिप्रमेव भविष्यति। ५१। १२

इस पद्य में मिलता है। यह पद्य वाल्मी० अयो० सर्ग ५१ का है।

यार्णवेधि सलिलमग्र आसीत् १२। १। ८
यस्यामापः परिचराः ॥९॥
विष्णुर्यस्यां विचक्रमे ॥१०॥
अग्निवासाः पृथिव्यसि ॥२१॥
भूम्यै पर्जन्य पत्न्यै नमोस्तु ॥४२॥

अथर्ववेद के इत्यादि मन्त्रों में भूमि को पर्जन्य पत्नी, इन्द्रपत्नी, विष्णुपत्नी, आदि नामों से सम्बोधित किया है। इसका पहिला निवास समुद्र में था यह भी मन्त्र सिद्ध बात है। अग्नि और जल इसका वस्त्र है। पर्वत इसके स्तन हैं। समुद्र वसना पर्वतस्तनी यह पृथिवी जिसके वश में रहती है वही चक्रवर्ती राजा होता है। इसका प्रत्यक्ष निदर्शन वर्तमान राजशासन है। स्त्री के वस्त्र की रक्षा करना उसके पति का काम है। अतएव समुद्र पर समुद्री बेड़े सर्वदा रखना और उनकी रक्षा के लिये सेना रखना शतारित्रा, सहस्रारित्रा नावें रखना आदि कार्य राजा ही कर सकता है इसलिये राजा के लिये समुद्र यात्रा वर्जित नहीं है। [समुद्रे यात्रा समुद्ररक्षार्थं वा यात्रा] इस निर्वचन से यहां पर राजकर्त्तृक यात्रा का ही प्रसंग अनुकूल है। राजा की आज्ञा से राजा की संरक्षकता में व्यवहार सिद्ध्यर्थ यातायातक्रम जारी रखना वैश्यों का धर्म है। इसलिये उनके लिये यह अनायास सिद्ध है परन्तु यह सब कार्य वही कर सकता है जो चक्रवर्ती राजा हो? चक्रवर्ती राज्य बिना पूर्व पुण्य के प्राप्त नहीं हो सकता है। जो मनुष्य भारत में भारतीय भूप शासन को अच्छा बतलाकर अनुदारता से वैदे-

शिक शासन को बुरा बतलाते हैं वे जरा दुर्योधन, सहस्रार्जुन, नहुष, वेण, शिशुपाल, जरासन्ध प्रभृति राजाओं के चरित्र पर भी दृष्टिपात करें ? क्या ये भारतीय न थे ? जिनके अत्याचारों का फल अभी तक रोमांच ला रहा है। राजाओं में न सब अच्छे होते हैं न बुरे ? राज्य चक्र कालचक्र की वक्रिम गति से अलात चक्र की तरह घूमता रहता है। इसमें नल एवं युधिष्ठिर जैसे भी नरपति होते हैं परन्तु सब नहीं। इसलिये उदार चरित होकर विश्व को अपना समझना चाहिये। जो ईश्वर यहां कर्म फल दे रहा है वही वहां पर भी कर्मफल देने में बद्ध हस्त नहीं है। समस्त विश्व उसी का है। वही सब का एक मात्र नियामक है। उसके प्रबन्ध में किसी का दखल नहीं है। यही समझकर उसमें आस्था रखनी चाहिये।

## गो—रक्षण।

धर्मप्राण भारतवर्ष में धर्माङ्गभूत गो--रक्षण का सम्बन्ध अनादिकाल से चला आ रहा है, इसमें अणुमात्र भी सन्देह नहीं है। वेद से लेकर पुराण तक में गो सम्बन्धी साहित्य ओत प्रोत है। ऋग्वेद में—

माता रुद्राणां दुहिता वसूनां स्वसादित्यानाममृतस्यनाभिः।
प्रनुवोचं चिकितुषे जनाय मागामनागामदितिं वधिष्ट ॥८।१०१।१५

इस मन्त्र के अन्दर गौ को रुद्रों की माता वसुओं की पुत्री आदित्यों की बहिन अमृत का खजाना निष्पाप देवताओं की माता बताया है। यजुर्वेद में

घृतं दुहानामदितिं जनाय
अग्ने ! माहिंसीः परमेव्योमन् ॥ १३ ॥३९

इस मन्त्र के अन्दर सहस्रमूल्यार्ह, शतधार, अमृतकूपोपम, उपजीव्यमान, घृत देने वाली गौ का रक्षण करो। हिंसन मत करो। यह स्पष्ट ईश्वरादेश है। अथर्व में-

एतद्वै विश्वरूपं सर्वरूपं गोरूपम्।
( ६ । ७ ।२५ )

इस मन्त्र के अन्दर गो रूप को विश्व मात्र का स्वरूप बताया है। इस सूक्तमें २६ मन्त्रों के द्वारा गौ के शरीर में समस्त विश्व का निवास बतलाया है। ऐसे विश्वोपकारी विश्वजनीन गो वंश का रक्षण प्राचीन समय के दिलीप रघु नल आदि समस्त नृपतिगण करते थे यह इतिहासज्ञों से छिपा नहीं है। कृषि प्रधान भारत में कृषि का प्रधान साधन गो वंश है। इसी के द्वारा द्युलोक और पृथिवी लोक का धारण होता है। यह संकेत—

उक्षादाधार पृथिवीमुतद्याम्।

इस मन्त्र में स्पष्ट है भारत के अत्याचारी मदान्ध विश्वामित्र सहस्रार्जुन आदि नृपतियों ने जब २ स्वार्थ वश गो वंश पर आक्रमण किया तब २ ब्राह्मणों ने उनका दमन किया। इसकी साक्षी इतिहास दे रहा है। वाल्मीकीय रामायण के बालकाण्ड में ५४।५५।५६ सर्ग इसके साक्षी हैं। मदान्ध विश्वामित्र ने वसिष्ठ की नन्दिनी पर आक्रमण करके अपने वंश का नाश कराया। सहस्रार्जुन ने जमदग्नि की गौ छीनकर परशुराम के द्वारा अपने समस्त हैहयवंश का इक्कीस बार संहार कराया। दुर्योधन ने विराट नगरी में गो वंश पर आक्रमण करके अपना मान मर्दन कराया। इस प्रकार के अनेक संग्राम केवल गौ की रक्षा के निमित्त ही हुए। और इन में ईश्वर की दया से ब्राह्मणों का विजय हुआ। इस प्रकार के युद्धमें तपोधन ब्राह्मण क्यों अग्रसर हुए? इस प्रश्न का उत्तर—एक मात्र धर्म रक्षण है। देखिये—

ब्राह्मणाश्चैव गावश्च कुलमेकं द्विधाकृतम् ।
एकत्र मन्त्रास्तिष्ठन्ति हविरन्यत्र तिष्ठति ।। १ ।।

इस व्याख्या में ब्राह्मण और गौ को एक कुलोत्पन्न बतलाया है। यह दोनों ही यज्ञ के साधन ब्राह्मणों में वेद मन्त्र और गौ में देव पितृ कार्य के लिये हव्य कव्य सुरक्षित रहता है। वेद में गौ का नाम [ आग्निवारुणी ] आता है। गौ में अग्नि और वरुण सर्वदा रहते हैं। इन दो के द्वारा ही वाजपेयादि बड़े २ यज्ञ और पितृलोकगत पितरों के निमित्त श्राद्धादि वैदिक कृत्य सम्पन्न होते हैं। गोमय से यज्ञ भूमि की शुद्धि और गो मूत्र से अनेक रोग निवृत्यर्थ अंगमार्जन यज्ञ में प्रधान रूप से किया जाता है ऐसा वैदिक विधान है। बिना पञ्च गव्य के संसार में न देवकार्य सिद्ध होता है, और न पितृ कार्य सिद्ध होता है। इसीलिये धर्मरक्षार्थ ब्राह्मणगण प्राणपण से, प्राणप्रिय गोवंश का रक्षण, अनादि काल से करते चले आ रहे हैं। इन दोनों में दोनों परस्पर सापेक्ष हैं। आपस में एक दूसरे के बिना दोनों बेकार हैं। इस बात का रहस्य समझ कर ही रामकृष्णादिक भगवदवतार गोरक्षण में प्रवृत्त हुए। भगवान् गोपाल हैं। गौ को दुःखी देखकर ही भगवान् को क्षीर सागर का सुख छोड़ना पड़ता है। इसी लिये भूमि, अत्याचारी राजाओं से पीड़ित होकर गौ का रूप धरके ब्रह्मा के पास जाती है। देखिये—

भूमिर्दृप्तनृपव्याज दैत्यानीकशतायुतैः ।
आक्रान्ता भूरिभारेण ब्रह्माणं शरणं ययौ ।। १७ ।।
गौर्भूत्वाश्रुमुखीखिन्नाक्रन्दन्ती करुणं विभोः ।
उपस्थितांतिके तस्मैव्यसनं स्वमवोचत ।। १८ ।।

ब्रह्मातदुपधार्याथसहदेवस्तया सह ।
जगाम स त्रिनयनस्तीरं क्षीरपयोनिधेः ॥ १९ ॥

यह पद्य [ भाग १० अ० १ ] के हैं। इनमें पहिले लिखी बातों का पूर्ण समर्थन है। कलि-भारत में नृपति वेषधर राक्षसों द्वारा गौ पर आक्रमण कर रहा है और धर्मप्राण भारत के नरनारी प्राणपण से गो रक्षार्थ प्रत्याक्रमण कर रहे हैं, यह कितना रोमहर्षण सम्बाद है जिसे लिखते हुए लेखनी रुकती है और हृदय कांप उठता है। जिस भारत के प्राचीन ऐतिह्य में एक भी कसाई खाने का वर्णन नहीं मिलता है उसमें आज कलि प्रभाव से नगर नगर और ग्राम ग्राम में कसाईखाने बन रहे हैं भारत का कोई प्रान्त इस कुकृत्य से खाली नहीं है। जो भारतीय गोरक्षा में तत्पर थे वे आज स्वयं दया के बहाने गोविध्वंस कर रहे हैं। यह कितने अनर्थ की बात है? गीता में भगवान् वैश्यों के सहज कर्म में गोरक्षा बतला चुके हैं। परन्तु इतने पर भी आज गोरक्षा नहीं हो रही है। भारत का गोधन प्रति दिन क्षीण होता जा रहा है। कृषक गण उसके अभाव में दीनाक्रन्दन कर रहे हैं। इतने पर भी प्राप्ताधिकार मदान्ध भारतीयों को इस प्रश्न पर विचार करने के लिये समय नहीं है। भारतीय नरेश चर्म-व्यवसाय में रुपया लगाकर यवनों को मालामाल बना रहे हैं। तीर्थों के पंडे गोदान प्राप्त गौओं को यवनों के हाथ बेचकर गोदान करने वालों को जन्म जन्मान्तर के लिये नरक में भेज रहे हैं। कृतघ्नता के एक मात्र पात्र ग्रामीण कृषक वृद्ध होने पर स्वकुटुम्ब पोषक गौ और वृषभों को बाजार में यवनों के हाथ बेच रहे हैं। यह अनर्थ भारत में दिन प्रति दिन बढ़ रहा है। जहाँ पर सैकड़ों जङ्गल गोचर भूमि के लिये रिजर्व रहते थे वहां आज गौओं को खड़े होने के लिये भूमि नहीं है। होमधेनु का स्थान कुत्तों ने घेर लिया है। वेदों का स्थान उपन्यासों ने घेर लिया है। देव पूजन स्थान, देवनिन्दक देवान्तकों ने घेरा है। योगियों का स्थान पाखंडियों ने घेरा है। सती पतिव्रताओं का स्थान कुलटाओं ने छीना है। संस्कृत साहित्य का स्थान भंडगीतों ने छीना है। इस घुड़दौड़ में लक्ष्मी के स्थान पर दरिद्रनारायण आन विराजे हैं। यह सब अनधिकार चर्चा धर्म प्रचार के अभाव में हो रही है। इसी लिये भारतीयों को धर्म प्रचार की ओर अग्रसर होना चाहिये। धर्म प्रचार का प्रधान अङ्ग गोरक्षण है। गोरक्षण के बिना धर्म का कोई भी अङ्ग सफल नहीं हो सकता है। इसलिये गोरक्षण की परम आवश्यकता है। इस विषय पर भारत के समस्त हिन्दू जब तक एक मत न होंगे तब तक सुख और सम्पत्ति का स्थान रिक्त ही रहेगा।

वेदों में गोवंश का जहां पर वर्णन है वहां पर वशा, शतौदना, धेनु आदि अनेक गो जातियों का वर्णन है। अथर्ववेद के दशम कांड में नवम सूक्त [शतौदना] वर्णन में विनियुक्त है। दशम सूक्त [ वशा ] वर्णन परक है। नवम कांड में सप्तम सूक्त [ धेनुसूक्त ] है। द्वादशतम कांड में चतुर्थ सूक्त दुवारा वशा के वर्णन में प्रयुक्त है। यदि इन सब सूक्तों को तथा अन्य वेदों के मन्त्रों को एकत्र किया जावे तो एक ( गोमन्त्र काण्ड ) बन सकता है। वशा नाम की गौ देवगणोंकी अक्षय निधि है। यही कामधेनु वंश है। इसके स्तन मण्डलसे स्वयं दुग्धधारा बहती है, यह हमने प्रत्यक्ष देखा है। यह कदापि गर्भवती नहीं होती है, देवगणोंकी प्रेरणासे इसका अवतार होता है। बड़े २ देवगणों के यज्ञ में इसी की कृपा से पूर पड़ती है। यह अव्याहतगति है। सब लोकों में इसका प्रवेश है। दीर्घ सत्रों में जो कि सहस्रों वर्षों में समाप्त होते हैं इसका सान्निध्य बना रहता है। वशिष्ठ के यहां इसी का निवास था। भारद्वाजाश्रम में इसी का चमत्कार था। जमदग्नि के यहां इसी का पूजन होता था यह ब्राह्मणों को छोड़कर अन्य के पास नहीं रहती है। जो मनुष्य इस वशा को सामान्य पशु समझ कर इसको घर से निकाल देते हैं उन पर देवगण रुष्ट होकर अनिष्ट की वर्षा करते हैं। इसका अत्यन्त पुण्य से दर्शन होता है। इसी प्रकार वेद में शतौदना का महत्व लिखा है।

ओदन भोज्य पदार्थ को कहते हैं। शतशब्द वेद में अनन्तार्थ में आता है। अनन्त प्रकार के भोजन शतौदना स्मरण मात्र से देती है। ऋषि गण इसी के भरोसे पर बड़े २ राजाओं को निमन्त्रित करते हैं। इसी का दूसरा नाम अग्निवारुणी है। इसके शरीर से सुरभि [ घ्राण तर्पण वायु ] प्रकट होता है। उसी से यह पहिचानी जाती है। [ उत्तानावै देवगवश्चरन्ति ] इस श्रुति के प्रमाण से इस प्रकार की गौ उत्तान होकर चलती है। इनको कामदुधा कहते हैं। इनके द्वारा देवगणों की सब कामना पूरी होती है। श्रीवल्लभाचार्य जी के समय गोवर्धन पर्वत पर शतौदना आकर दूध पिलाती थी यह बात लोक प्रसिद्ध है। इसी के विषय में—

अतीन्द्रियेष्वप्युपपन्नदर्शनो बभूव भावेषुदिलीपनन्दनः। ३। ४१

ऐसा रघुवंश में लिखा है। इसका दुग्ध पीकर ऋषिगण अतीतानागत ज्ञान सम्पन्न होते थे। इसके मूत्र का गुण ऊपर के पद्य में स्पष्ट है। इसके विषय में वेद के मन्त्र इस प्रकार हैं।

जायमानाभिजायते देवान्स ब्राह्मणान्वशा।
तस्माद्ब्रह्मभ्यो देयैषा तदाहुः स्वस्य गोपनम्॥

१२। ४। १०

यएनामवशामाह देवानां निहितं निधिम् ।
उभौ तस्मै भवाशर्वौ परिक्रम्येषुमस्यतः ॥
१२ । ४ । १७

यावदस्या गोपतिर्नोपशृणुयादृचः स्वयम् ।
चरेदस्य तावद्गोषु नास्यश्रुत्वा गृहे वसेत् ॥
१२ । ४ । २७

वशा चरन्ती बहुधा देवानां निहितो निधिः ।
आविष्कृणुष्व रूपाणि यदास्थामजिघांसति ॥
१२ । ४ । २९

प्रतीपमानाचरति क्रुद्धा गोपतये वशा ।
वेहतं मां मन्यमानो मृत्योः पाशेषु बध्यताम् ॥
१२ । ४ । ३७

प्रियं पशूनां भवति यद्ब्रह्मभ्यःप्रदीयते ।
अथो वशायास्तत्प्रियं यद्देवत्रा हविः स्यात् ॥
१२ । ४ । ४०

तां देवा अमीमांसन्त वशेयमवशेति ।
तामब्रवीन्नारद एषा वशानां वशतमेति ॥
१२ । ७ । ४२

विलिप्ती या बृहस्पते अथो सूतवशा वशा ।
तस्यानाश्नीयादब्राह्मणो य आशंसेत भूत्याम् ॥
१२ । ४ । ४६

यदन्येशतं याचेयुर्ब्राह्मणा गोपतिं वशाम् ।
अथैनां देवा अब्रुवन्नेवं ह विदुषो वशा ॥
१२ । ४ । २२

प्रजया सविक्रीणीते पशुभिश्चोपदस्यति ।
य आर्षेयेभ्यो याचद्भ्यो देवानां गां नदित्सति ॥
१२ । ४ । २

ऊर्ध्वोविन्दुरुदचरद्ब्रह्मणः ककुदादधि ।
ततस्त्वं जज्ञिषे वशे ! ततो होता अजायत ॥
१० । १० । १९

देवा वशामयाचन्—मुखं कृत्वा ब्राह्मणम् ।
तेषां सर्वेषामददन्—हेडं न्येति मानुषः ॥
१२ । ४ । २०

सर्वान्कामान्यमराज्ये वशा प्रददुषे दुहे ।
अथाहुर्नारकं लोकं निरुन्धानस्य याचिताम् ॥
१२ । ४ । ३६

चरेदेषा त्रैहायनात् अविज्ञात गदा सती ।
वशांच विद्यान्नारद ! ब्राह्मणास्तर्हि-एष्याः ॥
१२ । ४ । १६

मनसा संकल्पयति तद्देवान् अपि गच्छति ।
ततोह ब्रह्माणो वशां उपप्रयन्ति याचितुम् ॥
१२ । ४ । ३१

यथासेवधिर्निहितो ब्राह्मणानां तथा वशा ।
१२ । ४ । १४

ब्राह्मणेभ्यो वशां दत्वा सर्वान् लोकान् समश्नुते ।
१० । १० । ३३

यदुदरं वरुणस्य अनुप्राविशथा वशे !
ततस्त्वा ब्रह्मा उपह्वयत् सहिनेत्रमवेत्—तव ॥
१० । १० । २२

वशा यज्ञं प्रत्यगृह्णात्—वशासूर्यमधारयत् ।
वशायां अन्तरविशत्—ओदनो ब्रह्मणा सह ॥
१० । १० । २५

तिस्रोजिह्वावरुणस्य अंतर्दीद्यति आसनि ।
तासां या मध्ये राजति सा वशा दुष्प्रतिग्रहा ॥
१० । १० । २८

वशाद्यौर्वशापृथिवी वशा विष्णुः प्रजापतिः ।
वशाया दुग्धमपिवन्-साध्याश्च वसवश्चये ॥
१० । १० । ३०

वशां देवा उपजीवन्ति वशा मनुष्या उत ।
वशेदं सर्वमभवत्—यावत्सूर्यो विपश्यति ॥
१० । १० । ३४

इन मन्त्रों का अर्थ इस प्रकार है। सृष्टि के आरम्भ काल में देवता और ब्राह्मणों के साथ वशा गौ उत्पन्न होती है। इसलिये वशा ब्राह्मणों को देनी चाहिये इसी में अपना कल्याण है ।१०।

देवताओं के निधि स्वरूप वशा को जो मनुष्य वशा न मानकर-अपने घर रखता है उसपर भव और शर्व बाण वर्षा करते हैं। अथर्व वेद के [ १५ । ५ ] सूक्त में भव-शर्व-पशुपति- उग्र रुद्र-महादेव-ईशान यह नाम शङ्कर के हैं।

गोपति जब तक वशा के मुख से निकले हुए मन्त्र न सुने-तब तक वशा उसके गोयूथ में चरती रहे—सुनने पर उन गौओं से अलग हो आवे। वशा से वेद प्रकट हुये—यह बात-वशा सूक्त में प्रत्यक्ष है।

देवताओं की निधि रूप वशा त्रिलोकी में स्वच्छन्द विचरती हैं। जो इस पर आक्रमण करता है उसके नाश करने के लिये यह अनेक रूप हो जाती है इसका उदाहरण वा० रा० में वसिष्ठ और विश्वामित्र का संवाद है।

वशा जिस गोपति पर रुष्ट होती है। उसके विरुद्ध आचरण करती है और कहती है कि जो मुझको ( वेहत् ) गर्भघातिनी समझता है—वह मृत्यु पाश में बद्ध हो। गृष्टि-धेनु-वशा वष्कयणी—यह गोविशेषों के नाम हैं।

वशा जब ब्राह्मणों को दी जाती है—उस समय अन्य पशु बड़े प्रसन्न होते हैं—और वशा तब प्रसन्न होती है जब देव यजन होता है। देव यजन के लिये यह हव्य प्रदान करती है।

यह गौ-वशा है वा नहीं, इस संदेह में देवगण स्वयं आकर निर्णय करते हैं एक बार इस प्रकारके सन्देहमें इन्द्रने नारद से कहा कि यह वशा से भी उत्तम वशातमा है।

इन्द्र बृहस्पति सम्वाद में-इन्द्र बृहस्पति से कहते हैं कि हे बृहस्पते! विलिप्ती सूतवशा और वशा यह तीन भेद गो वंश में है। इन तीनों पर अब्राह्मण-ब्राह्मणेतर क्षत्रियादि आधिपत्य न करे-यदि वह भूति की आशंसा रखता हो? अन्यथा उसका सर्वनाश होजाता है। विश्वामित्र और सहस्रार्जुन इसमें प्रत्यक्ष उदाहरण हैं।

गो पति के पास आकर-यदि सौ मूर्ख ब्राह्मण वशा के लिये याचना करें तो गोपति को चाहिये कि वह देवताओं के आदेशानुसार विद्वान् ब्राह्मण को वशाको दान करे। यह मन्त्र मूर्ख ब्राह्मणों को गो दान के लिये अयोग्य ठहराता है।

आर्षेय ऋषि वंश प्रसूत ब्राह्मणों को मांगने पर भी जो पुरुष देवताओं की गौ वशा को देनेकी इच्छा नहीं करता है वह प्रजा और पशुओं समेत त्रास प्राप्त करता है।

ब्रह्म के ककुद से अमृत का एक बिन्दु ब्रह्माण्ड के ऊर्ध्व भाग की ओर गया

उससे हे वशे! होतृआदि ऋत्विजों के साथ तेरा प्राकट्य हुआ। यह एक ऐतिहासिक घटना है।

देव गण ब्राह्मण को अपना प्रतिनिधि बनाकर वशा मांगने आते हैं। उसको न देता हुआ मनुष्य उन सब देवताओं के क्रोध का भाजन बन जाता है।

वशा यमालय में—अपने गोपति के लिये, दान देने पर-सब काम पूर्ण करती है। और जो-वशा के दान देने से उसे रोकता है उसके लिये नरक प्रदान करती है।

तीन वर्ष तक-जो पुरुष वशा को न पहिचाने और न पहिचानने के कारण वशा उसके यहां रहकर कष्ट पावे-तो उसको चाहिये कि वह शीघ्र देने योग्य ब्राह्मण का अन्वेषण करे और मिलने पर शीघ्र वशा का दान करे।

वशा-पहिले देवगणों के पास जाने के लिये मन से संकल्प करती है—देवगण उस का संकल्प जानकर ब्राह्मणों के हृदय में प्रेरणा करते हैं-तब ब्राह्मण गोपति के पास जाकर उसकी याचना करते हैं।

जिस प्रकार कोई किसी के पास अपनी धरोहर रखता है उसी प्रकार वशा ब्राह्मणों की धरोहर है। इसलिये उसको ब्राह्मणों के पास पहुंचाकर देने वाला समस्त स्वर्गादि लोकों का फल भोगता है।

वशा एकवार वरुण के उदर में प्रविष्ट हुई। उसको वरुण के उदर में प्रविष्ट जानकर ब्रह्मा ने पास जाकर बुलाया। बुलाने पर वशा छिपकर निकलने लगी। परन्तु नेत्र देखकर ब्रह्मा ने उसे पहिचान लिया यह घटना ऐतिहासिक है।

वशा ने यज्ञ सम्पादन किया और वशा ने ही सूर्य को धारण किया और वशा के अन्दर ही ओदन के साथ ब्रह्म प्रविष्ट हुआ। यह वैज्ञानिक रहस्य है।

वरुण के आस्य के अन्दर तीन जिह्वायें चमकती हैं। उन तीनों के मध्य में जो चमकती है वही कष्ट से पकड़ने योग्य वशा है।

द्युलोक और पृथिवी में रहने वाले सब प्राणी तथा ब्रह्मा विष्णु साध्य वसु सब वशा का दुग्ध पीते हैं।

समस्त देवगण और मनुष्य वशा गौ के अवलम्ब से अपना जीवन व्यतीत करते हैं जहां तक सूर्य के रथ की गति है, वहां तक समस्त विश्व वशा के आधार पर अवलम्बित है।

सतान् लोकानवाप्नोति ये दिव्या ये च पार्थिवाः।
हिरण्यज्योतिषं कृत्वा यो ददाति शतौदनाम् ॥ १०।९।६
अन्तरिक्षं दिवं भूमिमादित्यान्मरुतो दिशः।
लोकान्स सर्वानाप्नोति यो ददाति शतौदनाम् ॥ १०।९।१०

घृतं प्रोक्षन्ती सुभगा देवी देवान् गमिष्यति।
पक्तारमघ्न्येमाहिंसीर्दिवं प्रेहि शतौदने ॥ १०।९।११

इन मन्त्रों में शतौदना गौ का वर्णन है। जो मनुष्य सुवर्ण के अलङ्कारों से अलंकृत कर के शतौदना धेनु का दान करता है वह दिव्य और पार्थिव लोकों में अपनी इच्छा के अनुसार जाता है।

जो मनुष्य शतौदना का दान करता है वह अन्तरिक्ष द्युलोक, पार्थिवलोक, आदित्यलोक, इन्द्रलोक सब दिशा और विदिशाओं में इच्छानुसार जाता है।

शतौदना गौ देवी ( दिव्य गुणवती ) है इसी लिये वह देवताओं के पास यज्ञ सम्पन्न करने के अनन्तर चली जाती है। यज्ञ में यजमान उससे प्रार्थना करता है कि हे अघ्न्ये! शतौदने!! तू पक्ता-पकाने वाला जो अग्निदेव है, उसका शमन मतकर और स्वर्गको चली जा। यह मन्त्र गो-मेध में विनियुक्त है। स्वर्ग की अमर गौ यज्ञ में मरती नहीं है। क्योंकि वह देवताओं की तरह अजर अमर है। देवकार्य के लिये ही उसका सर्वत्र आवागमन होता है।

इन्द्रेण दत्ता प्रथमा शतौदना, भ्रातृव्यघ्नी यजमानस्य गातुः ।१०।९।१

इस मन्त्र में कहा है कि सबसे प्रथम इसका दान इन्द्र ने यज्ञ में उद्गाता के लिये किया है। यह यजमान के भ्रातृव्य शत्रु का नाश करने वाली होती है। [ व्यन्-सपत्ने ] भ्रातृव्यः शत्रुः। नायं सोदर्यपुत्रः किन्तु शत्रुपुत्रः ] इसी प्रकार अन्य भी अनेक मन्त्र वेद में शतौदना धेनु का महत्व बतला रहे हैं इस लिये गो-वंश का रक्षण करना लोक मात्र का रक्षण करना है।

वर्तमान भारत में कुछ ऐसे भी मनुष्य हैं जो संन्यासी का वेष धारण कर के वशा का वैदिक अर्थ न समझ कर बन्ध्या गौ का बध करके उसके मांस से हवन और हवन से बचे मांस का भक्षण वैदिक धर्म बतलाते हैं। हमने उनके लिखे पुस्तक के ३०३ पृष्ठ पर ऐसा लेख स्वयं देखा है। हम ऐसे गोवंश घातक संन्यासियों का नाम लेना महा पाप समझते हैं। इसलिये केवल उनके पुस्तक का संकेत से पृष्ठ मात्र निर्दिष्ट किया है। ईश्वर ऐसे गो वंश घातक यति-वेशधारी असुरों से भारत को बचावे और विश्वोपकारी गोवंश के रक्षण में भारतीयों को प्रवृत्त करे यही उस से बार २ हमारी प्रार्थना है।

गोपालवंशशरवेणुशरैकवृत्तिर्यः कृष्णचन्द्रचरितं रचयाम्बभूव।
तस्यैव सत्कविवरस्य कृतौ समेति पूर्तिं क्रमेण दशमोद्यनिबंन्धभागः ॥१॥

इति श्रीमदखिलानन्दशर्मप्रणीते
वैदिक सत्यार्थप्रकाशे-
दशमः समुल्लासः

# एकादशः-समुल्लासः

## भारतमहत्वम्

ईश्वरकी सृष्टिमें भारतवर्ष एक ऐसा देश है जिसमें ईश्वर ने अपनी कारीगरी का सब नमूना दिखा दिया है। उसका एक २ प्रान्त ईश्वर के विज्ञान की विचित्रता से पूर्ण है उच्च से उच्च हिमालय जैसे पर्वत, सुन्दर से सुन्दर कश्मीर जैसे प्रदेश संसार का उद्धार करने वाली भागीरथी जैसी देव नदियां, संसार में आदर्श जीवन उपस्थित करने वाले श्री राम जैसे अवतार, पातिव्रत्य का उदाहरण देने वाली श्री जानकी जैसी देवियां, भ्रातृस्नेह का परिचय देने वाले भरत जैसे भाई, वशिष्ठ-व्यास जैसे महर्षि, हरिश्चन्द्र जैसे दृढ़व्रत, विक्रम जैसे दानी, अर्जुन जैसे वीर, ध्रुव जैसे भगवद्भक्त इसका पदे-पदे महत्व दिखा रहे हैं। औरोंकी तो बात ही क्या ? देवता भी इस भारत में जन्म लेने के लिये तरसते हैं। देखिये—

अहो अमीभिः किमकारि शोभनं प्रसन्न एषां भगवानुत स्वयम् ।
अलंभि यैर्जन्म सुभारताजिरे मुकुन्दसेवौपयिकं स्पृहाहिनः ॥
५ । १६ । २१

श्रीमद्भागवत के इस पद्य में महर्षि वेदव्यास ने कितना सुन्दर भारत का महत्व दिखाया है। भारतवर्षीय मनुष्य को देखकर देवगण भी "स्पृहाहिनः" कह उठते है। क्योंकि यह कर्म भूमि है। इसमें जन्म लेकर जो कर्म किया जाता है उसी का फल स्वर्गादि लोकों में मिलता है। इसी लिये [ प्राप्येमां कर्मभूमिं न चरति मनुजो यस्तपो मन्दभाग्यः ] ऐसा भर्तृहरि ने कहा है।

## भारतीय देश विभाग

भारत में वैदिक समय से लेकर अब तक अनेक विभाग हो चुके हैं। इनमें ब्रह्मावर्त ब्रह्मर्षिदेश मध्यदेश आर्यावर्त आदि बड़े २ विभागों का पता मनुसे मिलता है इनमें बहुत से अवान्तर विभाग हैं। जिनमें कीकट, मगध, गांधार, वाल्हीक कोसल, विदेह आदि जन पदों का नाम वेद के मन्त्र भाग में मिलता है। इनमें भी बहुतसे अवान्तर विभाग हैं। जिनमें मैथिल अंग बंग, कलिंग, सौराष्ट्र, पंचाल, गुर्जर तैलंग, कर्णाटक आदि देशों का नाम शक्ति-संगमतन्त्र महाभारत, रामायण बृहद्वाराही संहिता आदि ग्रन्थों में मिलता है। इन सब देशों में ब्राह्मणादि चार वर्ण तथा

अन्त्यजादि तीस सङ्कीर्ण वर्ग अनादि काल से रहते हैं। इन सब देशों को मिलाकर एक भारतवर्ष ( जम्बूद्वीप ) बनता है।

## आर्यावर्त की सीमा

पातञ्जल महाभाष्य में [कः पुनरार्यावर्तः] इस प्रश्न को उठाकर [ प्रागादर्शात् प्रत्यक् कालकवनात् उत्तरेण हिमवन्तं दक्षिणेन पारियात्रम्] यह उसका सीमा निर्देश किया है। एतदन्तर्गत ही मध्यदेश है। मध्य देशान्तर्गत कुरुक्षेत्र मत्स्य पञ्चाल शूरसेन इन अवान्तर देशों को लेकर एक ब्रह्मर्षि देश है। वही देश विश्वमात्र का गुरु है। इसी के लिये-

एतद्देशप्रसूतस्य सकाशादग्रजन्मनः।
स्वं स्वं चरित्रं शिक्षेरन्पृथिव्यां सर्वमानवाः॥ २। २०

ऐसा मनु जी ने लिखा है। एतच्छब्द से यहां पर ब्रह्मर्षि देश का ग्रहण है। जिसकी सीमा इसके पूर्व पद्य में मनुजी लिख चुके इस देश में प्रायः सनाढ्य (तपो-विद्या विशिष्ट) ब्राह्मण रहते हैं इस में उत्पन्न होने वाले ब्राह्मण से विश्वमात्र के समस्त नरनारी अपना २ चरित्र सीखें। यह मनु का आदेश है। इसी देश में वसिष्ठादि महर्षि रामकृष्णादि भगवदवतार प्रकट हुये हैं। इसी में गीता और रामायण जैसे ग्रन्थों का सम्पादन हुआ है। इसी में विश्वविजयी स्वायम्भुव आदि सात मनु हुये हैं। इसी में सनक सनन्दन सनातन सनत्कुमार आदि बालखिल्य ऋषि हुये हैं। कहां तक कहें आज कल जहां तक कला कौशल अपनी चमक दिखा रहा है उस सब के आविर्भावक महानुभाव इसी ब्रह्मर्षि देश में प्रकट हुये। इसी कारण यह विश्वमात्र का ज्ञान प्रद माना जाता है।

## भारत में भारतीयों का राज्य

सृष्टि के आरम्भ काल से लेकर पाण्डवों तक भारत में भारतीय नरेशों का राज्य रहा। इन नरेशों के पूर्वज सात मनु थे--जैसा कि मनु के निम्न प्रमाणों से सिद्ध होता है।

स्वायंभुवस्यास्य मनोः षड्वंश्या मनवोऽपरे।
सृष्टवन्तः प्रजाः स्वा स्वा महात्मानो महौजसः॥ १६१
स्वारोचिषश्चोत्तमश्च तामसो रैवतस्तथा।
चाक्षुषश्च महातेजा विवस्वत्सुतएवच ॥ ६२
स्वायंभुवाद्याः सप्तैते मनवो भूरितेजसः।
स्वेस्वेन्तरे सर्वमिदमुत्पाद्यापुश्चराचरम् ॥ ६३

इन पद्यों का भावार्थ यह है कि स्वायंभुव मनु के वंशज स्वारोचिष-उत्तम तामस-रैवत-चाक्षुस-वैवस्वत-इन सात मनुओं ने-अपने २ समय में-जगत का विस्तार करके बराबर विश्व की रक्षा की। आज कल वैवस्वत मनुका अन्तर है। वैवस्वत मनु सूर्य के पुत्र थे इसीलिये [ विवस्वत्सुतएवच १ । ६२ ] कहागया है। इन्हीं से सूर्य वंशी क्षत्रिय हुए हैं। पहिला चक्रवर्ती साम्राज्य वैवस्वत मनु ने ही किया। उनके साथ ही साथ तामस मनु से प्रादुर्भूत होकर चन्द्र वंश चला। इन दोनों वंशों के क्षत्रिय राजा समय समय पर भारत में चक्रवर्त्ती राज्य प्राप्त कर चुके यह बात पुराणों से विदित होती है। कलि के आरम्भ दिन से देवापि और मरु-यह दोनों वंशों के क्षत्रिय कलाप ग्राम में गुप्त होकर तप कर रहे हैं-यह बात कल्कि पुराण से ज्ञात होती है।

## भारतीय राजाओं का वंशानुक्रम

भारत में जो चक्रवर्ती राजा हुये हैं-उनका वर्णन सोमदेव भट्ट प्रणीत "कथा सरित्सागर" में मिलता है। कल्हण कृत "राजतरंगिणी" में भी कुछ पूर्व राजाओं का परिचय मिलता है। वाल्मीकिरामायण-महाभारत-श्रीमद्भागवत-स्कन्दपुराण भविष्यपुराण इन पांच ग्रन्थों में यावन्मात्र चक्रवर्त्ती राजाओं का इतिहास विद्यमान है। हरिवंश पुराण-के देखने से ज्ञात होता है कि सृष्टि के आरम्भ काल से लेकर महाप्रलयान्त जो २ महाराजा भारत में शासन कर चुके या भविष्य में करेंगे उन सब का क्रम बद्ध इतिहास व्यास जी ने लिखा था। परन्तु दैव दुर्विपाक से आज वह ग्रन्थ अप्राप्य है इसीलिये भारतवर्ष के किस राजा ने कितने वर्ष तक-कहां राज्य किया--यह नहीं बतलाया जा सकता है। केवल सूचना मात्र श्रीमद्भागवत के बारहवें स्कन्ध में मिलता है। यदि श्रीमद्भावत के संकेतानुसार-अन्य पुराणों में इस विषय का अन्वेषण किया जाय तो उसका ठीक पता लग सकता है।

## भारत में शस्त्रास्त्र विद्या

भारतदेश-जिस प्रकार ब्रह्म विद्या में प्रसिद्ध हैं उसी प्रकार युद्ध विद्या में भी अप्रसिद्ध नहीं है। युद्ध का साधन शस्त्रास्त्र सम्पत्ति है। जिसका वर्णन वेद से लेकर तन्त्र ग्रन्थों तक में मिलता है। अथर्व वेद में अन्तिम काण्ड का नाम "शस्त्रकाण्ड" है। उसमें केवल शस्त्रास्त्र विद्या का ही सांकेतिक वर्णन है। ग्यारहवें कांड में नवम और दशम सूक्त केवल युद्ध विद्या का सूचीपत्र है। शक्तिसंगम तन्त्र-वृहत्सावर

तन्त्र-में सभी शस्त्रों के नामों का सांकेतिक उल्लेख है। ब्रह्मास्त्र-ऐन्द्रास्त्र पाशुपतास्त्र-कौवेरास्त्र-वैष्णवास्त्र-गारुडास्त्र इन सब अस्त्रों का मन्त्र प्रयोग पूर्वक सीखना आजकल भारतवर्ष से उठ गया है। इस विद्या का मजाक उड़ाने वाले अथवा इन बातों को गप्प कहने वाले भारत में बहुत मिलेंगे। परन्तु इनको सच्चा सिद्ध करके दिखाने वाले विरले ही निकलेंगे। विश्वामित्र से रामचन्द्र जी ने इन्हीं मन्त्रों को प्राप्त किया था। शिवजी के वर प्रदान से ये ही मन्त्र अर्जुन को प्राप्त हुये थे। यदि ये बातें असत्य होतीं तो इनका उल्लेख वैदिक साहित्य में न होता। मन्त्र ग्रन्थों में से इन बातों को निकाल कर आज यूरोप वाले कला कौशल के एक मात्र अध्यक्ष बने हुये हैं। मारण-मोहन-उच्चाटन-वशीकरण ये सब इसी युद्ध विद्या के अङ्ग प्रत्यङ्ग है। जिनका उल्लेख "सावर तन्त्र" में मिलता है। इस सांकेतिक विद्या को वे ही समझ सकते हैं जो गुरु दीक्षा पूर्वक "बीज मन्त्रोद्धार" जानते हों। वाण विद्या इसी का एक अङ्ग है—जिसका वेद में अनेक मन्त्रों द्वारा वर्णन मिलता है। इन सब बातों का विस्पष्ट वर्णन भरतमुनि कौटिल्य नागार्जुन आदि ने अपने २ ग्रन्थों में किया है। युद्ध विद्या का समस्त रहस्य तन्त्रशास्त्रों में वाम विधि से, वामाक्षरों में स्वर व्यञ्जनों के परिवर्तन के साथ लिखा है। जिनको देखना अभीष्ट हो वे इनका अवलोकन करें।

## भारत की विद्यायें

*भारत अनादि-काल से विद्याओं का केन्द्र था, यह बात पहिले कही जा चुकी है।* भरतमुनि प्रणीत "नाट्य शास्त्र" मय प्रणीत "शिल्प शास्त्र" शुक्राचार्य प्रणीत "लक्षण शास्त्र" शिव प्रणीत "सामुद्रिक शास्त्र" शालिहोत्र प्रणीत "अश्व शास्त्र" पालकाप्य मुनि प्रणीत "हस्ति शास्त्र" भास्कराचार्य प्रणीत "खनिज शास्त्र" वात्स्यायन प्रणीत "कामशास्त्र" दैवज्ञ सूरि प्रणीत "भूगोल खगोल विज्ञान" इन ग्रन्थों में जिसको उठाकर देखो बुद्धि चकित रह जाती है। भारतीय नर-रत्नों ने कोई भी विषय ऐसा नहीं छोड़ा, जिस पर बड़े २ ग्रन्थ न लिखे हों। जयपुर महाराज ने जयपुर में जो "ज्योतिश्चक्र" बहुत काल पूर्व बनवाया था, उसी को देखकर आजकल के वैज्ञानिक चकित रह जाते हैं। यहां से सीख कर जो लोग द्वीपान्तरों में गये थे, वह आज विज्ञान के ठेकेदार बने हुये हैं। भारत को अपने विज्ञान का कुछ भी घमण्ड नहीं है, यह बात देखकर यही कहना पड़ता है।

अगाधजलसंचारी न गर्वं याति रोहितः ।
पीत्वा कर्दमपानीनं भेको मकमकायते ॥ १ ॥

## महाभारत का युद्ध

संसार में जो सर्वोन्नत होता है—उसी का भयङ्कर अधःपात भी होता है। यह एक असाधारण प्राकृतिक नियम है जिस भारत को महत्व लिखते २ महर्षि व्यास जैसे थक गये आज वही भारत काल की वक्रिमगति से अथवा दैव दुर्विपाक से दिन प्रतिदिन अधोगति को प्राप्त हो रहा है। इसका प्रधान कारण महा भारत का- युद्ध हुआ है। यह युद्ध क्यों हुआ ! इस प्रश्न का उत्तर यदि पक्षपात शून्य होकर दिया जाय तो ईश्वर की प्रेरणा से हुआ। धर्म की ग्लानि और अधर्म का अभ्युदय जब जब धरातल पर होता है तब तब इस प्रकार की अलौकिक घटनायें हुआ करती हैं। स्वार्थ परायणता से प्रेरित होकर दूसरे का आधिपत्य छीनने वाले मदान्ध जब भारत में ही दुर्भाग्य से उत्पन्न हुये तब-भगवान् को भी उनका सर्वान्त करने के लिये कोई न कोई उपाय सोचना पड़ा। उसी का रूपान्तर महाभारत था।

## युद्ध में भारतीयों का—सर्वस्वनाश

महाभारत के युद्ध में भारत की "इति श्री" हो गई। जो कुछ भारत में धनबल-जनबल-विद्याबल था सबका अवसान होगया। अर्जुन जैसे वीर, देवव्रत जैसे विज्ञानी, द्रोणाचार्य जैसे युद्ध विशारद, अश्वत्थामा जैसे आयुर्वेदज्ञ "अहमहमिका" के कारण नष्ट होगये। पतिव्रता गांधारी के शाप से यदुवंश का नाम निशान मिट गया अठारह अक्षौहिणी सेनायें बात की बात में अदृश्य हो गईं। बार २ भगवान श्री कृष्ण के समझाने पर भी-जब दुर्योधन ने पांच ग्राम नहीं दिये तब भगवत्प्रेरणा से प्रेरित होकर पांडवों ने भी अपना रण कौशल दिखाया था। इसमें पांडवों का कोई दोष नहीं है। दोष है उन मदान्ध महानुभावों का जिन्हों ने जान बूझ कर परस्वापहरण करने का प्रजनन लिया था।

## ब्राह्मणों का कर्त्तव्य

महाभारत के समाप्त होने पर भारत-शक्ति रहित होगया। वेदज्ञ ब्राह्मणों का कोई रक्षक नहीं रहा। सब अपना माल समेट कर बैठ गये। राजाओं के न रहने पर प्रजा में अराजकता फैल गई। ऐसे भीषण समय में ब्राह्मणों ने अपने कर्तव्य का पालन किया। वैदिक ग्रन्थों को अपने साथ लेकर-जहां २ अपनी प्राण रक्षा का साधन मिला वहीं जाकर वैदिक साहित्य की उन्होंने रक्षा की। वर्तमान समय में जो भी कुछ वैदिक विज्ञान बचा हुआ मिलता है वह सब ब्राह्मणों की कृपा का फल है। यदि उस समय ब्राह्मण वेदों की रक्षा न करते तो आज एक भी वेद

वेदाङ्ग प्राप्त न होता। आज जिन ब्राह्मणों को "पोप" कहकर नास्तिक लोग सम्बोधित करते हैं—उनके उपकारों पर जब वे विचार करेंगे तब उनको ब्राह्मणों के समक्ष नतमस्तक होना पड़ेगा? वह समय अब दूर नहीं है जिसमें वैज्ञानिक विचारों का स्रोत भारत में उमड़ पड़ेगा। विद्वानों का आदर होगा और नास्तिकता का सर्वान्त होगा।

## बुद्ध का शासन काल

महाभारत के अनन्तर भारत में जिन मतों का स्थापन हुआ उनमें "बौद्धमत" सर्व प्रथम है। इसी के प्रचार से भारत शक्ति हीन होगया। इसका प्रभाव क्षत्रियों पर भी बिना पड़े न रहा। "अहिंसा परमोधर्मः" के चक्कर में पड़कर क्षत्रियों ने "शिकार तक" खेलना बन्द किया। इसके प्रति फल में शत्रुओं पर शस्त्र चलाने का निशाना मारने का, अभ्यास ही जाता रहा। शक्ति पूजा-क्षत्रियों का परमधर्म है। बिना शक्ति पूजा के मनुष्य बलवान् नहीं बन सकता है। बौद्धमत ने शक्ति पूजा का नाश करके भारत के क्षत्रियों में दुर्बलता का सूत्रपात किया! अहिंसा व्रत के मानने वाले सभी वैदिक विद्वान् हैं परन्तु जिस अहिंसा व्रत के पालन करने से हम सर्वथा निर्वीर्य बन जावें अपने शत्रु का प्रतिकार भी न कर सकें ऐसे अहिंसा व्रत के पक्षपाती हम नहीं हैं। हम चाहते हैं कि भारत का प्रत्येक हिन्दू अपनी मान रक्षा के लिये बलवान हो। आज हम यवनों के अत्याचार के उत्तर देने योग्य न रहे यह दुष्परिणाम बौद्ध मत का ही है। बुद्ध ने अपने समय में यज्ञों का लोप करके श्रावक "पुङ्गी" बढ़ाये। उनके द्वारा अपने मत का प्रचार कराया अपने विपक्ष में जो वेदज्ञ भी ब्राह्मण खड़े हुये उनका बुद्ध ने "सर्वापहारी" लोप किया। परन्तु ब्राह्मण इतने पर अपने कर्तव्य से विमुख न हुये उन्होंने प्राणतक देकर वैदिक धर्म की रक्षा की, बौद्ध का मत अङ्गीकार न किया। इस विषय का विस्तृत विवरण हमने "ब्राह्मण-महत्वादर्श" नामक (खण्डकाव्य) में किया है।

## कुमारिल भट्ट

बुद्ध ने तथा बुद्ध के अनुगामियों ने जब यज्ञों का, वेदों का, यज्ञ स्थलों का, वेदज्ञ विद्वानों का विनाश किया तब ईश्वर से न रहा गया। ईश्वर ने काशीराज की पुत्री के हृदय में वेद रक्षण की चिन्ता उत्पन्न की। उधर कुमारिल भट्ट के रूप में भगवान् का एक अंशावतार अवतीर्ण हुआ। भट्टपाद बौद्धों के यहां कृतक (बनावटी) बौद्ध बनकर जब उनका सब तत्व जान गये तब उनसे अलग होकर उन्होंने बौद्धों को गुरु दक्षिणा देनी आरम्भ करदी। "तन्त्रवार्तिक" जैसा अद्भुत ग्रन्थ

लिखकर सर्वदा के लिये बौद्धों का दर्पदलन कर दिया। एक दिन अकस्मात् मणि-कर्णिका के घाट पर सन्ध्या करते हुये भट्टपाद ने—

"किं करोमि क्व गच्छामि को वेदानुद्धरिष्यति" ?

यह अर्द्ध श्लोक काशीराज की पुत्री के मुख से सुना। फिर क्या था? भट्टपाद के शरीर में बिजली सी दौड़ गई। वेद के विषय में चिन्ता भरे बचन ब्राह्मण भट्ट-पाद से न सुने गये। उन्होंने शीघ्र सन्ध्या समाप्त करके राजकुमारी की चिन्ता को दूर करने के लिये—

"मा विभेहि वरारोहे! भट्टाचार्योऽस्ति भूतले"

यह पद्यार्ध कहा। काशीराज की सहायता प्राप्त कर थोड़े ही दिनों में भट्टपाद ने बौद्धों का मत छिन्न भिन्न कर दिया। बौद्धों के सहयोगी जैनों को भी भट्टपाद ने खूब छकाया। इसीलिये शङ्कर दिग्विजय में—

कुमारिलमृगेन्द्रेण हतेषु जिनहस्तिषु।
निष्प्रत्यूहमवर्धन्त श्रुतिशाखाः समन्ततः॥

ऐसा लेख मिलता है। भट्टपाद की तर्क शैली अलौकिक थी। वे बात की बात में नास्तिकों को परास्त करते थे। एक बार कुछ नास्तिक मृतक श्राद्धके विषय में कुछ पूछने के लिये आये थे। भट्टपाद ने तुरन्त उनका आशय समझकर कहा कि—

सन्दिग्धे परलोकेपि कर्तव्यः पुण्यसंग्रहः।
नास्तिचेन्नास्ति नो हानिरस्तिचेन्नास्तिको हतः॥१॥

भट्टपाद के मुख से इस पद्य को सुन कर नास्तिकों के होश बन्द हो गये, उनसे कुछ उत्तर न बन पड़ा। अन्त में वे निरुत्तर होकर चले गये; प्रसंग वश एक बार भट्ट पाद जगन्नाथ जी का दर्शन करने गये, चलते २ सायङ्काल हो गया, पुजारियों ने पूजन समाप्त कर के फाटक लगा दिये। जब सब लोग चले गये तब किवाड़ के छिद्रों से भगवान् को देखकर भट्टपाद ने कहा—

ऐश्वर्यमदमत्तोसि यन्मां त्वं नानुकम्पसे।
उपस्थितेषु बौद्धेषु मदधीना तव स्थितिः॥१॥

पद्य पढ़ते ही अपने आप फाटक खुलगये, भगवान् का दर्शन कर जब भट्टपाद लौटे तब पुजारियों ने क्षमा प्रार्थना की। कार्य समाप्त करने पर भट्टपाद ने प्रयाग में त्रिवेणी के तट पर तुषाग्नि से चिता बनाकर एक बार किये हुये मिथ्या भाषण का प्रायश्चित्त स्वरूप तुषाग्नि ज्वलन अङ्गीकार कर के अपनी मानव लीला का सर्वदा के लिये संवरण कर लिया ऐसे ही ब्राह्मणों से भारत का मुख आज भी उज्वल है।

# शक्ति-पूजा का उपदेश।

शक्ति के विना संसार में कोई कार्य सिद्ध नहीं होता है, ईश्वर अनेक शक्ति सम्पन्न है। उसमें से यदि शक्ति अलग की जाय तो ईश्वर कुछ नहीं कर सकता है। शब्द से यदि अभिधा आदि शक्तियां अलग कर दी जावें तो शब्द निरर्थक हो जाता है। शक्ति का एक मात्र केन्द्र भगवती दुर्गा है। महाकाली, महालक्ष्मी, महा सरस्वती-रूपों से वही सर्वत्र व्याप्त है। इसका अधिक वर्णन आद्य शङ्कराचार्य ने "प्रपञ्चसार" में किया है। एकवार भगवान् शङ्कराचार्य विश्वनाथ की पूजा करने काशी गये थे। विश्वनाथ का पूजन समाप्त कर के वे जगद्धात्री अन्नपूर्णा जी का दर्शन करने गये, वहां जाने पर उनका वाक्-स्तम्भन हो गया वे कुछ बोल न सके। रात्रि में स्वप्न हुआ कि शक्ति का स्तवन करो तब वाणी खुलेगी अन्यथा नहीं। इस पर [ शिवः शक्त्या युक्तः ] यह स्तोत्र भगवती की स्तुतिमें शङ्कराचार्य ने लिखा और कहा –

न मन्त्रं नो यन्त्रं तदपि च न जाने स्तुतिमहो
नचाह्वानं ध्यानं तदपि च न जाने स्तुतिकथाः।
नजाने मुद्रास्ते तदपि च न जाने विलपनं
परं जाने मातस्त्वदनुसरणं क्लेशहरणम् ॥१॥

यह सुन कर भगवती ने दिग्विजयी होने का आशीर्वाद दिया। यह कथा विद्वन्मण्डली में प्रसिद्ध है। विचार दृष्टि से यदि देखा जाय तो कोई भी घर शक्ति पूजा से खाली नहीं है। विद्याशक्ति, धन-शक्ति, जन शक्ति, बल-शक्ति यह सब का सब शक्ति का ही प्रपञ्च है। इसी लिये—

विद्याः समस्तास्तवदेवि भेदा—
स्त्रियः समस्ताः सकला जगत्सु।
त्वयैकया पूरितमम्बयैतत्
का ते स्तुतिः स्तव्यपरा परोक्तिः ॥११।६ दु०स०

ऐसा मार्कण्डेय पुराण में लिखा है, इस विषय का यदि पूर्ण विवेचन देखना है तो देवीभागवत और मार्कण्डेय-पुराण अवश्य देखना चाहिये।

## तन्त्रागम का रहस्य।

"मणि-मन्त्र-महौषधि-तपः समाधिजाः सिद्धयः" इस योग दर्शन के सूत्र में पांच प्रकार की सिद्धियां बतलाई हैं। मणि-सिद्धि १, मन्त्र-सिद्धि २, औषधि-सिद्धि ३, तपः-सिद्धि ४ और समाधि-सिद्धि ५। इन पांच प्रयोगों से सिद्धियां

उत्पन्न होती हैं, इनमें दूसरा नम्बर मन्त्र-सिद्धि का है। मन्त्र दो प्रकार के होते हैं-वैदिक और तान्त्रिक? फल दोनों का बराबर है, साधन अलग २ हैं। गायत्री मन्त्रके जप से बुद्धि-शुद्ध होती है, अघमर्षण सूक्त के जप से पापापनोदन होता है, यदि मन्त्र में शक्ति न हो तो वैदिक मन्त्रों का प्रयोजन ही क्या है? यही बात तान्त्रिक मन्त्रों में भी है। वैदिक-मन्त्र बहुत बड़े और दीर्घ-काल साध्य होते हैं, तान्त्रिक-मन्त्र अल्पाक्षर और सद्यः सिद्धि-प्रद होते हैं। तान्त्रिक मन्त्रों का सम्पादन अथर्ववेद के आधार पर हुआ है। यद्यपि यह बात सर्व साधारण में प्रकाश करने योग्य नहीं है तथापि हम सङ्केत से निदर्शन मात्र यहां पर उपस्थित करते हैं। अथर्ववेद में—"पेलवम्" शब्द आता है। वसिष्ठ-तन्त्र में इसी पद से [ ऐं-लं-वं ] इन तीन बीज मन्त्रों का उद्धार किया है, ये तीनों बीज मन्त्र भिन्न २ कार्यों में प्रयुक्त होते हैं। इसी प्रकार [ वं ] यह भी वेद मात्र का बीज मन्त्र है, तीनों वेदों में से एक एक अक्षर ले कर इसका सम्पादन हुआ है। ऐं-शिवा बीज है, शिवा और शिव के सहयोग से ही समस्त जगत् उद्भूत होता है इस बात का तत्व तान्त्रिक ही समझते हैं। महाकवि श्रीहर्ष और कालिदास ने इन्हीं मन्त्रों के अनुष्ठान से वाक्-सिद्धि प्राप्त की थी। मम्मटाचार्य ने लक्ष्मी-बीज का मन्त्र सिद्ध किया था। बाणभट्ट ने काम-बीज के मन्त्र का अनुष्ठान किया था। वाल्मीकि ने [ रं ] यह अग्नि-बीज सिद्ध किया था। व्यास जी ने समस्त-बीज मन्त्र सिद्ध किये थे। इन बीज मन्त्रों का अनुष्ठान निर्जन वन में स्वाभीष्ट दैवत पीठ के समक्ष करना होता है। महाकवियों ने इन मन्त्रों के उद्धार साङ्केतिक रूप में किसी न किसी बहाने से किये हैं। देखिये—

अवा मा वामार्धे सकलमुभयाकारघटनाद्द्विधाभूतं शश्वद्भगवदभिधेयं भवति यत्।
तदन्तर्मंत्रं मे स्मर हरमयं सेन्दुममलं निराकारं शश्वज्जप नरपतेसिध्यतु स ते ॥१४।८८

महाकवि श्री हर्ष ने इस पद्य में चिन्तामणि मन्त्र का उद्धार किया है। इसके अनुष्ठान से मनुष्य सभाविजयी होता है मन्त्रों का उद्धार मल्लिनाथ ने "जीवातु" नामक टीका में संक्षिप्त रूप से किया है। इस प्रकार—

सम्मोहनं नाम सखे ममास्त्रं प्रयोगसंहारविभक्तमंत्रम्।
गान्धर्वमादत्स्व यतः प्रयोक्तुर्नचारिहिंसा विजयश्च हस्ते ॥ ५।५०

इस पद्य में कालिदास ने गान्धर्वमन्त्र का कामबीज के साथ वर्णन किया है। इस मन्त्र के अनुष्ठान से मनुष्य रण विजयी होता है। मारणास्त्र, मोहनास्त्र, वशीकरणास्त्र, सब अलग २ हैं। बीज मन्त्रों से ही इनका प्रयोग और संहार होता है इसी प्रकार ( सरस्वती कण्ठाभरण परिच्छेद १। ११४ के )

इन्दुर्मूर्ध्नि शिवस्य शैलदुहितुर्वक्रो नखांकः स्तने
देयाद्वोऽभ्युदयं द्वयं तदुपमामालम्बमानं मिथः ।
संवादः प्रणवेन यस्य दलता कार्यैकतार्या तयो-
रूर्ध्वद्वारविचिन्तितेन च हृदि ध्यातः स्वरूपेण च ॥

इस पद्य में महाराज भोज ने ब्रह्मबीजोपघटित शिवाबीज का उद्धार किया है। इस मन्त्र का अनुष्ठान पिता जी ने अमन्तिका पीठ पर कराया है। फल प्रत्यक्ष है—आजकल के अर्धशिक्षित मनुष्य इन बातों का रहस्य न जानकर इसका उपहास करते हैं। जब कभी उनको भगवदनुग्रह से इन बातों का तत्व अवगत होगा तब वे स्वयं अपने उपहास पर पश्चात्ताप करेंगे।

## तन्त्रों की वेदमूलकता

अथर्व वेद के आधार पर तन्त्रों का सङ्कलन हुआ है ऐसा हम पहिले कह चुके हैं। अब हम यहां पर मारणात्मक मन्त्रों का नमूना उपस्थित करते हैं।

आददानमांगिरसि ब्रह्मज्यमुपदासय । १२ । ५ । ५२
वैश्वदेवीह्युच्यसे कृत्या कूल्वजमावृता । ५३
ओषन्ती समोषन्ती ब्रह्मणो वज्रः । ५४
क्षुरपविर्मृत्युर्भूत्वा विधाव त्वम् । ५५
आदत्से जिनतां वर्च इष्टापूर्तं चाशिषः । ५६
आदाय जीवं जीवाय लोकेऽमुष्मिन्प्रयच्छसि । ५७
अघ्न्ये पदवीर्भव ब्राह्मणस्याभिशस्त्या । ५८
मेनिः शरव्या भव अघादघविषा भव । ५९
वृश्च प्रवृश्च संवृश्च दह प्रदह सन्दह । ६२
ब्रह्मज्यं देव्यघ्न्ये आमूलादनु सन्दह । ६३
छिन्धि आछिन्धि प्रछिन्धि अपि क्षापय क्षापय । ५१
यथायाद्यमसादनात्पापलोकान्परावृतः । ६४

अथर्व वेद के बारहवें काण्ड में ये मन्त्र हैं। इन्हीं से मारण मोहन और उच्चाटन होता है। प्रक्रिया में भेद है। इनमें सब क्रिया प्रतिलोम करनी पड़ती है। वैकङ्कत वृक्ष की समिधा से प्रतिलोम शरबर्हिका प्रयोग होता है। इसी कारण इसको वाम विधि कहते हैं।

वाममद्य सवितर्वाममु श्वो दिवे दिवे वाममस्मभ्यं सावीः ।

वामस्य हि क्षयस्य देव ! भूरेरयाधिया वामभाजः स्याम ॥ ८।६

यजुर्वेद के इस मन्त्र में वाम शब्द का अर्थ [ वननीयं ] किया है । वाम शब्द अनेकार्थ है । इसी एक मन्त्र में वाम शब्द बार २ अनेक अर्थों में आया है । [ वामस्य सम्भजनीयस्य ] [ वामभाजः अभिलषितभागिनः ] [ वामं वयनीयं यज्ञकर्मभजन्तीति वामभाजो यज्ञानुष्ठातारः ] इसी प्रकार वामशब्द अन्य अनेक अर्थों में भी प्रयुक्त होता है । जैसे वामांगी वामभाग इत्यादि । वैदिक एवं तान्त्रिक विधि के न समझने वाले कुछ लोग आजकल अपनी कुवासना के अनुकूल वैदिक वाम शब्द को बुरा समझ बैठे हैं । ये उनकी अदूरदर्शिता है । गोपनीय रहस्य को वाम विधि से प्रतिपादन करना प्राचीन आचार्यों को अभीष्ट था इसी कारण उन्होंने तन्त्र ग्रन्थों में शब्दों में अक्षरों में, पदों में, वाक्यों में, काकुध्वनि से काम लिया है । हम यहां पर सर्व साधारण के लाभार्थ एक दो उदाहरण उपस्थित करते हैं ।

गङ्गायमुनयोर्मध्ये बालरण्डां तपस्विनीम् ।
बलात्कारेण गृह्णीयात्तद्विष्णोः परमं पदम् ॥ ३ । १०९

गोमांसं भक्षयेन्नित्यं पिबेदमरवारुणीम् ।
कुलीनं तमहं मन्ये तदन्ये कुलघातकाः ॥ ३ । ४७

यह दो पद्य हठ योग प्रदीपिका में लिखे हैं । इसके सम्पादक महायोगेश्वर गोरक्षनाथ जी हैं । हठयोग और राजयोग का इस ग्रन्थ में विस्तृत वर्णन है । योग के साथ मद्य मांस व्यभिचार का कोई सम्बन्ध नहीं है यह सभी विद्वान् जानते हैं । पद्यों में बालरण्डा, गोमांस, वारुणी, इन तीनों का उपयोग है । इस विषय का मर्म न समझने वाले अल्पज्ञ योगियों पर भी आक्षेप किये बिना नहीं रह सकते हैं । परन्तु बात कुछ और ही है । यहां पर न मद्य है, न मांस, न व्यभिचार है । केवल योग मुद्रा का वर्णन है । जिसका संकेत ग्रन्थकार ने स्वयं अगाड़ी जाकर खोला है देखिये-

इडा भगवती गङ्गा पिङ्गला यमुना नदी ।
इडापिङ्गलयोर्मध्ये बालरण्डास्ति कुण्डली ॥३।११०
गोशब्देनोदिता जिह्वा तत्प्रवेशो हि तालुनि ।
गोमांसभक्षणं प्रोक्तं महापातकनाशनम् ॥३।४८
जिह्वाप्रवेशसंभूतवन्हिनोत्पादितः खलु ।
चन्द्रात्स्रवति यः सारः स स्यादमरवारुणी ॥३।४९

इन पद्यों का आशय स्पष्ट है। इडा, पिङ्गला, सुषुम्णा ( कुण्डली ) यह ब्रह्माण्ड में तीन नाडी हैं। इडा और पिङ्गला के बीच में कुण्डली का निवास है। इसी को बालरण्डा कहते हैं। गो शब्द से जिह्वा का अग्र भाग लिया गया है। उसका तालु प्रदेश में लगाना ही गो मांस है जिह्वा और तालु के रगड़ से उष्णता उठती है चन्द्रनाडी उससे द्रवीभूत होकर जल टपकाने लगती है। उसका पान ही वारुणी पान है। इस योग क्रिया में अमेध्य द्रव्यों की भावना करके, योगमार्ग से मनुष्यों को बञ्चित रखना जिनको अभीष्ट है वे ही प्रायः इस प्रकार के शब्दों का विरुद्धार्थ करते हैं। जनता को इन बातों पर स्वयं विचार करना चाहिये।

## शावर मन्त्र विचार

अर्जुन के साथ युद्ध करते समय शवर वेषधारी भगवान् शङ्कर ने जिन मन्त्रों का प्रयोग किया था वे मन्त्र "शावर" कहलाते हैं। उनका मूलाधार अथर्ववेद है ऐसा हमने पहले कहा है। ऐं, इत्यादिक उसी के बीज मन्त्र हैं। [ छिन्धि २ दह २ वृश्च २ ] आदि परोत्सादन प्रयुक्त मन्त्रों का निदर्शन भी हम अथर्ववेद के मन्त्रों से दिखला चुके हैं जिनका कामरत्न तन्त्र के उच्चाटन प्रकरण में उल्लेख है। वैदिक विधि का उपहास अथवा अवहेलन वेदाभिमानियों को शोभा नहीं देता है। यदि इस विषय में उनको कुछ सन्देह हो तो विद्वान् उसका निराकरण कर सकते हैं। युद्ध समय में करने योग्य तान्त्रिक प्रयोग उपेक्षणीय कदापि नहीं हो सकते हैं। उन प्रयोगों के आधार पर भी हमारे भारतवासी पहिले समय में स्वायत्त शासक होते थे। आजकल इन प्रयोगों की विधि प्राप्त करने की आवश्यकता है। केवल उपहास करने से काम न चलेगा। किसी रहस्यज्ञ गुरु के पास जाकर भारतवासियों को इसका ज्ञान प्राप्त करना चाहिये, यही इस विषय में हमारा वक्तव्य है।

## अश्वमेधादि यज्ञ विचार

वैदिक साहित्य में ९६ हजार श्रुतियां केवल कर्म काण्ड का प्रतिपादन करती हैं। ऐहिकामुष्मिक फल देने वाला कर्म-काण्ड ही कर्म प्रधान जगत को अनेक विध शक्ति शाली बनाता है। कर्म-काम्य वासनाओं का आलबाल माना जाता है। राजसूय, वाजपेय, अश्वमेध, आदि बड़े २ यज्ञ कर्म-काण्ड के देदीप्यमान स्मारक हैं। इसका वर्णन शतपथ, गोपथ, आपस्तम्बकल्पसूत्र कात्यायनश्रौतसूत्र आदि ग्रन्थों में विस्तृत-रूप से उपलब्ध होता है, हम इनका वर्णन इसी ग्रन्थ में आगे जाकर करेंगे।

## चार्वाक और वेद

भारतवर्ष में, दैवदुर्विपाक से कुछ ऐसे भी जन्तु उत्पन्न हुये हैं जिन्होंने वेदों

का नाश करने के लिये अपना सर्वस्व समाप्त कर दिया। उनमें चार्वाक बौद्ध, वृहस्पति आदि नास्तिक नाम लेने योग्य हैं। इन्होंने—

त्रयो वेदस्य कर्त्तारो भण्डधूर्त्तनिशाचराः ॥

आदि बचन अपने निबन्धों में लिखकर मूढ़ जनता को अनायास ही अपनी ओर खींचा। जिसका परिणाम यह हुआ कि अल्पज्ञ मनुष्य प्रत्यक्षवाद के चक्र में पड़कर अदृष्ट फल बोधक वैदिक विज्ञान से हटे, जो वर्तमान समय में भी पितृ-लोक गत आत्माओं के साथ सम्बन्ध रखने वाले श्राद्धादि वैदिक कार्यों में अनेक प्रकारके कुतर्क उपस्थित करते हैं। हम उनका इसी ग्रन्थ में आगे चलकर यथोचित उत्तर देने के लिये पूर्ण प्रयत्न करेंगे। प्राचीन समय में इन नास्तिकों का दर्पदलन करने के लिये जिन प्रातःस्मरणीय महानुभावों ने प्रयत्न किया था उनमें तपोधन उदयनाचार्य पदे २ स्मरणीय हैं। आपने "न्याय कुसुमाञ्जलि" जैसे उत्तम निबन्ध उस समय लिख कर जो नास्तिकों का मान-मर्दन किया वह आज तक भारत के संस्कृतज्ञ विद्वान् भूलने नहीं हैं। इसी प्रकार अन्य विद्वानों का काम भी हम समय २ पर उपस्थित करेंगे।

## विक्रम का समय

भारतवर्ष के प्राचीन राज मण्डल में महाराजा विक्रम अपने पराक्रम से यशस्वी हुए जिनका संवत्सर वर्तमान समय में प्रचलित है। ये शैव सिद्धान्त के प्रथक प्रचारक और वैदिक साहित्य के अनन्य उपासक थे इनके शासन काल में भारतवर्ष के आबाल वृद्ध सभी नर नारी संस्कृत वाणी में समस्त व्यवहार करते थे बड़े २ विद्वान् भारत का कला-कौशल उन्नत करने के लिये भारत के कोने २ में सचेष्ट रहते थे जिनका विस्तृत कार्य विवरण उस समय के अवदान पद्यों से अवगत होता है। इनके ही समय में सुबन्धु वाणभट्ट, त्रिविक्रम भट्ट, भवभूति, भास, कालिदास आदि अनेक महाकवि हुये जिनकी रचनाओं से आज भारत जगमगा रहा है। परम माहेश्वर जगद्धर भट्ट और परम भागवत वरदराज जैसे आस्तिक शिरोमणि इनके समय में जो कार्य कर गये वही हमारे लिये इस समय पथ प्रदर्शक है। इनकी राज सभा के नवरत्न सदस्य थे जिनका वर्णन—

धन्वन्तरिक्षपणकामरसिंहशङ्कुवेतालभट्टघटखर्परकालिदासाः।
ख्यातो वराहमिहिरो नृपतेः सभायां रत्नानि वै वररुचिर्नव विक्रमस्य ॥१॥

इस प्राचीन पद्य में मिलता है। इनके शासन के समय सुरभारती जिस उन्नतावस्था में पहुंची थी उसका अनुभव केवल उस समय के साहित्य से ही इस समय हो सकता है।

# भोज का समय

विक्रमादित्य के अनुत्तर काल में भारत में भोज राज का शासन काल उपस्थित हुआ जो संस्कृत विद्या का सर्वोन्नत समय था। इनके राज्य में तन्तुवाय कुम्भकार-हेमकार-मालाकार आदि हीनतर जाति के मनुष्य भी आपस में संस्कृत बोलते थे। वल्लालसेन प्रणीत भोज-प्रबन्ध नामक निबन्ध इस विषय का पूर्ण परिचय दे रहा है। इनके शासन काल में वर्णाश्रम धर्म का ठीक २ पालन होता था इसी कारण देश हर तरह से हरा भरा था। कलाकौशल चमक रहा था। अपने २ धर्म के पालन में सब लगे हुए थे। अनधिकार चर्चा केवल चर्चा मात्र में अवस्थित रही। संस्कृत साहित्य के अधिकतर ग्रन्थ इनके समय में ही पल्लवित, पुष्पित तथा फलित हुए। काव्य नाटक आख्यायिका आदि दशरूपक प्रत्येक विभाग में विकसित हुए। ये स्वयं बड़े विद्वान् थे और "सरस्वतीकण्ठाभरण" जैसे उत्तम निबन्धों के रचयिता थे। इनके कोष का समस्त द्रव्य विद्वानों के भरणपोषण में व्यय होता था। कवियों का उपहार प्रत्यक्षर लक्ष तक पहुँच गया। चोर डाकू तक भी रात्रिमें काव्य करते थे, जिसका नमूना—

सम्मीलने नयनयोर्नहि किंचिदस्ति—

इन शब्दों में मिलता है। आपके कोष में संस्कृत के ५२ कोष अवशेष रहे बाकी सब द्रव्य राशि समाप्त हो गया था। यह बात प्राचीन लेखमाला से अवगत होता है। इनके चाचा महाराजा मुञ्ज इनको अपने राज्य का उत्तराधिकारी बनाकर आप बन गये थे, यह बात इतिहास प्रसिद्ध है।

# भारत में दुर्दिन प्रवेश

स्वनाम धन्य भोजदेव के शासनान्त में भारत में दैवदुर्विपाक से दुर्दिन प्रवेश हुआ। हिन्दू संस्कृति का अधःपतन आरम्भ हुआ। समय पाकर यवन शासनारूढ़ हुए, शासनोन्मत्त हो कर समस्त भारत में हिन्दू धर्म, हिन्दू जाति और हिन्दू सभ्यता का यवनों ने कुचलना आरम्भ किया। उदाहरणार्थ—वाराणसी का भग्नावशेष श्री बिश्वनाथ का मन्दिर, अयोध्या में श्रीराम जन्म स्थल, मधुपुरी में श्रीकृष्ण जन्म-स्थल पर्याप्त निदर्शन है जिसको देखकर रोमाञ्च होता है। इसके अतिरिक्त प्राचीन उपनिवेशों का परिवर्त्तन शास्त्रीय देश सीमा विमर्द, नगरों के नामों का विपर्यय, तीर्थों के पवित्र जलाशयों का समीकरण, पुण्याश्रमों का उच्छेद, सुन्दर वनों का उन्मूलन वैदिक साहित्य का भस्मीकरण, हिन्दू नर नारियों का बल पूर्वक धर्मच्यावन, गो-वंश विकर्त्तन, ब्राह्मण जाति निकृन्तन जिस अत्याचार के साथ यवनों ने किया उसका

उल्लेख करते हृदय उमड़ पड़ता है, कलम काले आंसू बहाती है, कण्ठ अवरुद्ध होता है, और मन उद्विग्न होता है। ऐसी विकट परिस्थिति में जिन महानुभावों ने हिन्दु जाति की आन बान शान बचाई थी उनमें महाराणा प्रताप, शिवाजी, सती पद्मिनी आदि उल्लेख योग्य हैं। इन्होंने अनेक त्रास पड़ने पर भी अपनी मान मर्यादा नहीं छोड़ी जो अब तक चली आरही है।

## समय ने पलटा खाया

यवन शासन से त्रस्त हिन्दूजाति के वीर पुरुषों ने प्राणों की बाजी लगाकर अपने सनातनधर्म की जब रक्षा करनी विचारी तब भगवदिच्छा से पञ्जाब में एक दल यवनों के विरोध के लिये तैयार हुआ। ईश्वर सब कुछ कर सकता है। उसने यवन शासन के विरुद्ध एक सिक्ख जाति ठीक मुकाबिले के लिये उत्पन्न करदी, जिसने रणजीतसिंह को अपना राजा बनाकर यवनों को नष्ट भ्रष्ट कर दिया।

## सिक्खों के दस गुरु

सिक्ख समाज के प्रधान नेता सर्व प्रथम श्री गुरु नानकदेव जी हुए। आपका जन्म संवत् १५२६ विक्रम में कार्तिकी पूर्णिमा को तलखण्डी में मेहता कालूराम पटवारी के यहां हुआ। आपने भारत में जन्म लेकर उस समय वह कार्य किया जो अनन्य साधारण था। आपका विवाह बटाला के मूलाचोणा नामक खत्री की कन्या श्रीमती सुलखनी के साथ हुआ। संवत् १५५१ में आपके यहां महाराज श्री चन्द्र जी प्रकट हुये। गुरु नानकदेव के अनन्तर क्रमशः श्री गुरु अङ्गददेव जी, अमरदास जी, रामदास जी, अर्जुनदेव जी, हर गोविन्द जी, हरराय जी, हरिकृष्ण जी, तेगबहादुर जी, गोबिन्दसिंह जी भारत में अवतीर्ण हुये। इन दशों गुरुओं ने अपना सर्वस्व लगाकर सनातनधर्म की जो रक्षा की, वह सुवर्ण लेखनी से सुवर्णाक्षरों में अङ्कित है गुरुगोविन्दसिंह के दो पुत्र यवनों ने छल से छीनकर किले की दीवार में चिनवाये, यह बात इतिहास प्रसिद्ध है। धन्य है उन अमर आत्माओं को जिन्होंने अपना नश्वर कलेवर धर्म की बलि-बेदी पर चढ़ाकर सर्वथा अजर अमर इन्दुकिरणधवल यश संसार में छोड़ा। बार २ धन्यवाद उस जगदीश्वर को है जिसने संकट के समय में इन गुरुओं को प्रकट कर-भारत का मान बचाया।

## मन्दिरों की पुनः प्रतिष्ठा

महाराजा रणजीतसिंह जिस समय भारत का शासन कर रहे थे उस समय यवनों के द्वारा गिराये हुये देव मन्दिरों का फिर जीर्णोद्धार होने लगा। काशी में

श्री विश्वनाथ जी का वर्तमान मन्दिर उनके प्रबल प्रताप का प्रत्यक्ष परिचायक है। जो मन्दिर उस समय में जीर्णोद्धार से रह गये वे आज तक भग्नावशेष पड़े हुये हैं। न मालूम ईश्वर कब उनके जीर्णोद्धार का समय उपस्थित करेगा ?

## वर्तमान शासन

समय सर्वदा किसी का एकसा नहीं रहता है। काल-चक्र सबको अपने चक्र में लाकर निर्जीव बना देता है। जिस यवन शासन को नष्ट करने के लिये अनेक प्रकार के साधन सोचे जा रहे थे उसको बात की बात में छिन्न भिन्न करके भारत में आजकल गौराङ्ग शासन चल रहा है। धर्म के विषय में उदासीन यह शासन किसी के धर्म में दखल न देकर केवल शासन मात्र का सञ्चालक है। इसकी दृष्टि में सब धर्म बराबर हैं। और सबकी रक्षा में यह तत्पर रहता है।

श्रीमद्भागवत के द्वादश स्कन्ध में प्रथमोध्याय के अन्दर भविष्य राज शासन का उल्लेख महर्षि वेदव्यास ने किया है उनका एक एक अक्षर सत्य होकर रहता है। श्रीकृष्ण जी के गोलोक पधारने पर कलियुग में अनेक राज्य परिवर्तित होंगे, यह संकेत स्पष्ट शब्दों में व्यास जी ने किया है। उसी प्रसङ्ग में—

ततोष्टौ यवना भाव्याश्चतुर्दशतुरुष्कका: ।
भूयोदशगुरुण्डाश्च मौना एकादशैवतु ॥१२।१।२८

यह पद्य आया है। इसमें आठ यवन बीत गये, म्लेच्छ राज्यों में चौदह तुरुष्क भी राज्य कर चुके, अब भारत में दश टोपी गौरांगों की चल रही हैं। वर्तमान शासन चतुर्थ है, इसके अनन्तर छः गौरांग शासक और राज्य करेंगे। इनका ठीक २ समय किस शासक पर जाकर कितने दिनों में अवधि प्राप्त करेगा ? यह बात ईश्वर के अतिरिक्त अन्य कोई नहीं जानता है।

भारत में इनका शासन करीब २ डेढ़ सौ वर्ष से चल रहा है। इतने समय में क्या २ रूपान्तर भारत में हुआ, यह बात सब कोई आबाल वृद्ध जानते हैं। विस्तृत राजमार्ग, रेल, तार, नहर, अस्पताल; स्कूल, कालेज, समुद्री बेड़े, जङ्गी जहाज, वायुयान आदि का उत्तरोत्तर निर्माण, इनके राज्य का प्रत्यक्ष परिचायक है। इनके राज्य में कर्महीनों को छोड़ कर सभी प्राणी आनन्दित रहे, यह बात निर्विवाद है।

भारत में आज कल जो अशान्ति की लहर चल रही है, उसका कारण वर्तमान नास्तिक समाज है। इसमें क्रिया-कलाप शून्य लार्ड मेकाले के मानस पुत्र अधिक संख्या में प्रविष्ट हैं; जो बाहर से हिन्दू और भीतर से अंग्रेज बने हुये हैं। ये प्राचीन पूर्वजों को दकियानूसी कह कर उनके समक्ष अपना आडम्बर पूर्ण असद्

व्यवहार उपस्थित करके व्यर्थ का असामयिक अकाण्ड ताण्डव मचाते हैं। जिससे लाभ के स्थान में उलटी हानि हो जाती है। भगवद्गीता में कहे हुये आसुरी सम्पत्ति के सब लक्षण इन नास्तिकों में मिलते हैं, ये ही अपने प्रयोजन सिद्ध करने के लिये वेद और ब्राह्मणों को बदनाम करते हैं, धर्म ग्रन्थों की अवहेलना करते हैं। राजा और प्रजा में विद्रोह कराते हैं, और स्वयं पशु बन कर अपनी बेकारी दूर करने का प्रयत्न करते हैं। यही इन नास्तिकों की काली करतूतें हैं, जिनके प्रभाव से भारत प्रति दिन गारत होता चला जा रहा है।

पुच्छ विषाणहीन ये नरपशु स्वयं वेदों के पीछे न चलकर वेदों को अपनी इच्छा के अनुकूल चलाने का प्रयत्न करते हैं, उनके पदों का अर्थ विपर्यय करते हैं। प्रसङ्ग विरुद्ध उनके प्रतीकों को देकर अपना कलुषित भाव सिद्ध करने की चेष्टा करते हैं। देव प्रतिमाओं को जड़ बतला कर जन-साधारण का कल्याण मार्ग नष्ट करते हैं। परलोक विज्ञान को परोक्षवाद कहकर परलोक साधनों का उपहास करते हैं। मन्दिरों की पवित्रता एवं मर्यादा को नष्ट कर भारत को देवताओं के कोप का भाजन बनाते हैं। देवोचित माल्य-देव निन्दकों पर चढ़ा कर प्रत्यक्ष देव-द्रोह जनता को दिखाते हैं। यज्ञानर्ह शूद्रों को यज्ञाधिकारी बनाकर यज्ञों की पवित्रता पर आक्रमण करते हैं, विवाहादि वैदिक कार्यों में मनमाना प्रतिबन्ध लगा कर लोकोत्तर वैदिक धर्म फल पर अविश्वास उत्पन्न कराते हैं। कुलपरम्पराऽऽगत मर्यादाओं का मूलोच्छेदन करके वर्णसङ्करता का प्रवर्तन करते हैं। दरिद्रों का व्यवसाय छीन कर उनके कोरे उद्धार का ढोंग रचते हैं। प्रत्येक कार्य में मशीनें लगाकर मनुष्यों को बेकार कर देते हैं। इतने पर भी ये ज्ञानलवदुर्विदग्ध देशोद्धारक होने का दम भरते हैं, यही देश के अधःपतन का प्रधान कारण है। यदि इन नास्तिकों का कुछ दिन इसी प्रकार कुचक्र चलता रहा, तो वह दिन दूर नहीं है। जिनमें भारत पूर्ण रूप से प्रत्यक्ष दरिद्र नारायण बनकर रहेगा। इस लिये बुद्धिमानों को चाहिये कि वे इनके मायाजाल में न फंस कर स्वयं अपने कल्याण का मार्ग निश्चय करें।

## आवश्यक प्रश्नोत्तर।

( प्रश्न )—भारत में मूर्त्ति-पूजन कब से प्रवृत्त हुआ?

( उत्तर )—मूर्त्तामूर्त्त-भेद से ब्रह्म का—अवस्थान इस ग्रन्थ के १०३ पृष्ठ में लिखा जा चुका है। उसमें पृथ्वी, जल, अग्नि यह तीन तत्व ब्रह्म के मूर्त्त स्वरूप में अवस्थित कहे जा चुके हैं जबसे इन तत्वों का अवस्थान है तभी से मूर्त्ति पूजन प्रवृत्त हुआ है। सूर्योपस्थान सूर्यपूजन है, वेदी में अग्नि स्थापन अग्नि पूजन है। वैदिक मन्त्रों में वर्णित वरुण स्तव जल पूजन है। पृथ्वी सूक्त में कथित मन्त्रों से पृथ्वी को प्रणाम

करना, पृथ्वी पूजन है। इन महामूर्त्तियों के पूजन से छोटे मोटे मूर्त्ति पूजन स्वतः सिद्ध होजाते हैं। अथर्ववेद में अप् सूक्त, पृथ्वी सूक्त, आदित्य सूक्त, लिखे हुये हैं जिनका प्रसङ्ग प्राप्त उल्लेख इस निबन्ध में पहिले होचुका है।

( प्रश्न ) मूर्त्तिपूजन से मनुष्य को क्या लाभ हो सकता है ? ( उत्तर ) मूर्त्ति पूजनका पहिला लाभ चञ्चल मन का निग्रह है। योगदर्शन में जहां पर धारणा और ध्यान का विवेचन किया है वहां पर—

देशबन्धश्चित्तस्य धारणा ।३।१।१

तत्र प्रत्ययैकतानता ध्यानम् । २

इन दो सूत्रों में देश बन्ध, और प्रत्ययैकतानता का वर्णन है। देश बन्ध एक देश में मन लगाने से होता है। और वहीं पर प्रत्यय की एक तानता एकाग्रता होती है इन दोनों के लिये साकार प्रतिमा की आवश्यकता है। आकार शून्य निर्गुण द्रव्य में साकार, सगुण, मन लग नहीं सकता है। बिना उसके निग्रह के मनुष्य को दैवी सम्पत्ति प्राप्त नहीं हो सकती है। उसके बिना प्राप्त किये भव बन्ध विच्छेद नहीं हो सकता है। जो मनुष्य जन्म का प्रधान फल है। ईश्वर का निवास द्रव्यापेक्ष है। वह व्याप्य द्रव्य की सत्ता को छोड़कर व्यापक होने के कारण अन्यत्र रह नहीं सकता है। किसी न किसी द्रव्य में ही उसकी प्राप्ति हो सकती है । मूर्ति में मान्त्रिक प्रभाव से आकृष्ट भावाभिराम चेतन ब्रह्म की व्यापक सत्ता अनायास में प्राप्त हो सकती है इसलिये उसमें मन लगाकर अपना जन्म साफल्य प्राप्त करना पहिला लाभ है। इसी प्रकार मूर्त्ति पूजन के अन्य अनेक लाभ हैं जो वैज्ञानिक दृष्टि से अवगत हो सकते हैं स्थूल दृष्टि से नहीं।

(प्रश्न) ईश्वर के नाम लेने से मनुष्य को क्या लाभ होता है ? (उत्तर) नाम रूपात्मक जगत में बिना नाम का कोई पदार्थ नहीं मिलता है। ईश्वर के अनेक नाम हैं। उनके साथ में अनेक गुणों का सम्बन्ध है। गुण और गुणी में समवाय सम्बन्ध से अभेद रहता है। ईश्वर के गुणों का स्मरण बिना उसके नामों के बन नहीं सकता है। इसलिये जिस गुण में अपनी अभिरुचि हो तद्गुण विशिष्ट ईश्वर का बार २ नाम लेना प्रयोजनापेक्ष ठहरता है। इसीलिये वेदों में नाम स्मरण का उल्लेख है। जिसका विस्तृत विवरण हमने [नाम माहात्म्य संहिता] में किया है।

(प्रश्न) जब ब्रह्म सब द्रव्यों में व्यापक है तब मूर्त्ति स्थानीय ब्रह्म पर पुष्प स्थानीय ब्रह्म का भार धरना किस प्रकार बन सकता है ? और इस प्रक्रिया से नीचे का ब्रह्म ऊपर के ब्रह्म से दब सकता है या नहीं ?

(उत्तर) यह प्रश्न व्यावहारिक सत्ता में रहकर उठाना केवल महामोह विल-

सित है। क्योंकि ब्रह्म की व्यापकता मानकर यदि इस प्रकार के प्रश्न उठाये जावें तो संसार में कोई कार्य नहीं चल सकता है। उदाहरणार्थ मोटी दृष्टि से ब्रह्म पेट में समान भाव से व्यापक है। ऐसी अवस्था में भोजन बन्द करना पड़ेगा।

इसी प्रकार स्त्री और पुरुष में ब्रह्म सत्ता समान है ऐसी परिस्थिति में पुरुष-गत ब्रह्म से स्त्री गत ब्रह्म को दबाना कहाँ तक उचित है यह भी विचार करना होगा? यदि यह सब बातें लोक व्यवहार में बन्द नहीं हो सकती हैं तब मूर्त्ति पर पुष्प चढ़ाना ही क्यों खटकता है? उसमें भी वैज्ञानिक गम्भीर भाव है। वैशेषिक दर्शन के—

व्यवस्थितः पृथिव्यां गन्धः। २। २। २

इस सूत्र में गन्ध गुण का सम्बन्ध यावन्मात्र पार्थिव द्रव्यों के साथ बताया गया है। पुष्प पार्थिव द्रव्य है। तद्गत गुण का सम्बन्ध चिद्रूप ब्रह्म के साथ संपृक्त है। गन्धगुण पुष्पगत होने पर भी प्रत्यक्ष में अदृश्य है उसका अनुभव चेतन को घ्राण द्वारा ही होता है। मूर्तिगत घ्राण चिन्ह स्थूल है परन्तु मूर्तिगत चेतन ब्रह्मांश गन्ध गुण का आदान कर सकता है। स्थूल-पुष्प स्थूल-नासिका तक जाकर ठहर जाता है परन्तु सूक्ष्मगन्ध मूर्ति गत चेतन ब्रह्म के साथ सूक्ष्मरूप से जाकर मिल जाता है। यही इसमें वैज्ञानिक गम्भीर भाव है। जो तत्वदर्शी जगत को ब्रह्ममय समझकर देव पूजन करता है उसको सर्वत्र ब्रह्म सत्ता ही नजर आती है, इसीलिये वह सब द्रव्य ब्रह्मार्पण करता है। इसी भाव से अन्य बातों पर भी विचार करना चाहिये।

(प्रश्न) मन्दिरों में युगल मूर्त्ति की स्थापना करने का क्या प्रयोजन है! (उत्तर) सांख्य और योग के सिद्धान्तानुसार आगम रहस्यों द्वारा मन्दिरों में प्रतिष्ठापित युगल मूर्त्तियां प्रकृति और पुरुष का बोधन करती है। पुरुष के साथ प्रकृति का अनादि-काल सिद्ध सम्बन्ध है। प्रकृति-माया योग-माया अजा आदि पद प्रकृति के पर्याय हैं। इस प्रकृति को वेद ब्रह्मनिष्ठ और ब्रह्म से भिन्न भी मानता है। प्रकृति की उपासना अलग न होकर ब्रह्म के साथ की जाती है। इसीलिये गौरीशंकर सीताराम राधाकृष्ण आदि के विग्रह युगल रूप में दृष्टिगत होते हैं। पुरुष श्याम है और प्रकृति गौर है। आगम ग्रन्थों में आम्नाय परिपाटी से दोनों का एक साथ अर्चन करना ही भक्ताभीष्ट फलप्रद माना गया है एक का नहीं। इसीलिये युगल मूर्त्तियों का ही प्रायः प्रतिष्ठापन होता है।

(प्रश्न) मन्दिरों में मूर्त्तियों के समक्ष नैवेद्य क्यों धरा जाता है? (उत्तर) भगवद्गीता में भगवान् इस प्रश्न का उत्तर अर्जुन को दे चुके हैं। वे कहते हैं कि भक्त श्रद्धा और भक्ति के साथ जो कुछ पत्र पुष्प फल जल मुझे अर्पण करते हैं उस अर्पित द्रव्य को मैं [अश्नामि] ग्रहण करता हूँ। इसी वचन पर विश्वास करके आस्तिक जन ऐसा

करते हैं। तर्क और विश्वास में स्वाभाविक वैर है। जो पुरुष तर्क करता है उसका मन सतर्क रहता है उसका किसी पर विश्वास नहीं होता है इसी कारण संशयापन्न पुरुष का अन्तिम समय अन्धकार मय रहता है। ऐसा रहना मनुष्य को अधोगति की ओर खींचता है। इसलिये इस प्रकार का कुतर्क बुद्धिमानों को नहीं करना चाहिये। इस विषय में—

नैवात्मनः प्रभुरयं निजलाभपूर्णो
मानं जनादविदुषः करुणो वृणीते।
यद्यज्जनो भगवते विदधीत मानं
तच्चात्मने प्रतिमुखस्य यथा मुखश्रीः॥ ७।९।११

यह श्रीमद्भागवत का पद्य बड़ा ही उपयुक्त है। इसका भाषानुवाद यह है कि आप्तकाम ईश्वर भक्तों से अपना पूजन कराना अपने लिये नहीं चाहते हैं तथापि भक्तजन अपनी २ भावनाओं के अनुसार उनका पूजन करना नहीं छोड़ते, यह क्यों? इसका उत्तर इसी पद्य में व्यास जी देते हैं कि भगवान् के लिये भक्तजन जो मान देते हैं वह उनके लिये नहीं, किन्तु अपने लिये देते हैं। जैसे दर्पण में प्रतिबिम्बित मुख के लिये अपना मुखमण्डन संसार में प्रचलित है। उससे आदर्श का मण्डन अपेक्षित नहीं है, यही बात भगवान् के सम्बन्ध में है।

( प्रश्न ) भोग लगाने के विषय में क्या कोई वैदिक प्रमाण है?

( उत्तर ) ऋग्वेद के तृतीय मण्डल में इन्द्र देवताक बावनवां सूक्त नैवेद्य देने में विनियुक्त है। उसमें—

धानावन्तं करम्भिणमपूपवन्तमुक्थिनम्।
इन्द्र! प्रातर्जुषस्व नः ॥३।५२।१
पुरोडाशं सनश्रुत! प्रातःसवे जुषस्व नः।
इन्द्र! क्रतुर्हि ते बृहन्! ४

यह दो मन्त्र प्रातःकालिक नैवेद्य के विषय में प्रमाण हैं। मन्त्र में इन्द्रपद ईश्वरार्थक है। दधि सक्तु मिश्रित द्रव्य को करम्भ कहते हैं। अपूप संसार में प्रसिद्ध है। भर्जिततण्डुल सम्पादित लेख द्रव्य को उक्थ कहते हैं। यह सब प्रातःकालिक नैवेद्य द्रव्य है, इसी को पुरोडश कहते हैं। [ पुरो दाश्यते दीयते इति पुरोडाः। अवयाः श्वेतवाः पुरोडाश्चेति सूत्रे निपातसिद्धोऽयं शब्दः ]

माध्यन्दिनस्य सवनस्य धानाः
पुरोडाशमिन्द्र! कृष्वेह चारुम्।५

तृतीये धानाः सवने पुरुष्टुत ।
पुरोडाशमाहुतं मामहस्व नः ॥६॥

इन दो मन्त्रों में मध्याह्न और सायाह्न का भोग द्रव्य निर्दिष्ट है इन मन्त्रों द्वारा अर्पित नैवेद्य ईश्वर को ग्राह्य होता है।

( प्रश्न ) ईश्वर जब भक्त जनार्पित भक्तिभरित-नैवेद्य खाते हैं, उस समय हमको क्यों नहीं दीखते ?

( उत्तर ) इस प्रश्नका उत्तर गीता में स्वयं भगवान् दे चुके हैं। देखिये—

उत्क्रामन्तं स्थितं वापि भुञ्जानं वा गुणान्वितम् ।
विमूढ़ानानुपश्यन्ति पश्यन्ति ज्ञानचक्षुषः ॥

इस पद्य में भगवान् कहते हैं कि हमको या हमारे अंश को विग्रह में आते, उससे निकलते, उसमें रहकर खाते हुये, सगुण रूप में अवस्थित ईश्वर को मूर्ख जन नहीं देख सकते हैं, केवल ज्ञाननेत्र वाले ही देख सकते हैं। इससे यह बात अनायास से सिद्ध है कि जिनको नहीं दीखते वे वास्तव में मूढ़ हैं। यहां पर मूढ़ पद स्वयं उनके लिये भगवान् प्रयुक्त करते हैं।

( प्रश्न ) मन्दिरों में जो शङ्ख आदि वाद्य बजाये जाते हैं उनका किस वेद में वर्णन है और क्या प्रयोजन है ?

(उत्तर) अथर्ववेद के चतुर्थ काण्ड में सप्त-मन्त्रात्मक एक शङ्ख-सूक्त है जिसमें-

यो अग्रतो रोचनानां समुद्रादधि जज्ञिषे ।
शङ्खेन हत्वा रक्षांसि अत्रिणो विषहामहे ॥४।१०।२
शङ्खो नो विश्वभेषजः कृशनः पात्वंहसः ॥३॥
सनो हिरण्यजाः शङ्ख आयुष्प्रतरणो मणिः ॥४॥
रथे त्वमसि दर्शत इषुधौ रोचनस्त्वम् ॥६॥
देवानामस्थि कृशनं बभूव
तदात्मन्वत् चरति अप्सु अन्तः ।
तत्ते बध्नाम्यायुषे वर्चसे बलाय
दीर्घायुत्वाय शतशारदाय ।
कार्शनस्त्वाभिरक्षतु ॥७॥

यह मन्त्र है। इनका अभिप्राय यह है कि शङ्ख चमकदार अन्य रत्नों के साथ समुद्र से उत्पन्न हुआ, देवासुर संग्राम में देवगणों ने इसके द्वारा राक्षसों पर विजय प्राप्त किया, इसलिये जयार्थियों को यह अपने पास अवश्य रखना चाहिये आजकल भी इसके शब्द से असुर स्थानीय यवन बहुत घबड़ाते हैं यह भारतवर्ष में प्रसिद्ध है।

( २ ) दूसरे मन्त्र में शङ्ख को विश्व का भेषज कहा गया है और पाप से दूर करने वाला बतलाया है। आयुर्वेद में शङ्ख वटी, शङ्ख चूर्ण आदि अनेक भेषज इसके योग से बनते हैं, यह बात वैद्य जानते हैं। रहा पाप दूरीकरण ? वह शङ्ख स्थित जल के मार्जन करने से प्रत्यक्ष सिद्ध है। इसी लिये मन्दिरों में पुजारी शङ्खजल को दर्शकों पर छिड़कते हैं।

( ३ ) तीसरे मन्त्र में शङ्ख को सुवर्ण की खान से उत्पन्न बतलाया है और आयु का देने वाला बतलाया है, इसी कारण बाल-ग्रहों से बचाने के लिये बालकों के गले में यह बांधा जाता है।

( ४ ) चौथे मन्त्र में-रथ में बैठ कर इसके बजाने का सङ्केत है और पुङ्ख में शङ्ख लगाकर बाण चलाने का आदेश है। इसी लिये महाभारत में पाञ्चजन्य, देवदत्त पौंड्र, सुघोष, मणि पुष्पक नामक पांच शंख-पांचों पांडवों ने अपने २ रण-क्षेत्र में प्रयुक्त किये थे।

(५) पाचवें मंत्र में-इसकी उपपत्ति बतलाई गई है। देवताओं की अस्थि का नाम कृशन है, कृशन शब्दसे कार्शन शब्द बना है। कार्शन शंख समुद्र के अन्दर बलिष्ठ होकर चलता है। उसको लेकर देवगण अपने २ परिवार में आयु-तेज और बल की वृद्धि के लिये बांधते है। यही शंख का मांत्रिक-सप्रयोजन वर्णित है।

( प्रश्न ) मंदिरों में पूजन करने का किन २ को अधिकार है ? ( उत्तर ) मंदिरों में वेद-मंत्र-प्रतिष्ठापित दैवतप्रतिमा का वे ही पूजन कर सकते हैं जिनको यज्ञोपवीत धारण करनेका, वेद पढ़ने का, यज्ञमें दीक्षित होने का अधिकार धर्मशास्त्रों में प्राप्त हो।

( प्रश्न ) ऐसी कितनी जातियां है-जिनको यह अधिकार प्राप्त है ? ( उत्तर ) मन्वादि धर्मशास्त्रों में ब्राह्मण-क्षत्रिय-वैश्य इन तीन जातियों को ही यह अधिकार दिया गया है। शूद्रादि संकीर्ण-वर्ग को यह प्राप्त नहीं है। इसका विवेचन इस ग्रन्थ के तृतीय समुल्लास में उपनयन प्रकरण में किया जाचुका है। वेदाधिकार के विषय में भी इस ग्रन्थके ३४-३५ पृष्ठमें विवेचन लिखा जाचुका है। देवपूजाधिकार में जिन का सम्पर्क देवगण चाहते हैं उनको ही यज्ञाधिकार और देवपूजनाधिकार-श्रुतियों द्वारा प्राप्त होता है-सर्व साधारण को नहीं। इस विषय में—

स वै न सर्वेण संवदेत। देवान्वा एष उपा—
वर्तते यो दीक्षते। स देवानामेको भवति।
न वै देवाः सर्वेण संवदन्ते। ब्राह्मणेन वा।
राजन्येन वा। वैश्येन वा। तेहि यज्ञियाः। ३।१।१।१०

यह श्रुति वाक्य शतपथ के तृतीयकाण्ड में उपलब्ध होते हैं। इनमें यह आदेश है कि यज्ञ में दीक्षित द्विज सबके साथ सम्भाषण न करे क्योंकि यज्ञ में प्राप्त-दीक्ष पुरुष देवताओं का सान्निध्य प्राप्त कर लेता है और देवताओं का एक अद्वितीय प्रधान प्रतिनिधित्व प्राप्त करता है। देवगण सब के साथ सम्भाषण नहीं करते हैं। ब्राह्मण-राजन्य-वैश्य इन तीन के साथ ही करते हैं—क्योंकि ये ही तीन यज्ञ के योग्य हैं। इन श्रुति वाक्यों में स्पष्ट-रूप से द्विजों को यज्ञ में दीक्षित होने का तथा देवताओं के साथ सम्भाषण करने का अधिकार मिला है शूद्र को नहीं। यजुर्वेद के—

यजेन यज्ञमयजन्त देवाः। ३१।१६

इस मंत्र में देवताओं के लिये ही देव पूजनाधिकार मिला है। देवगण यज्ञ में यज्ञ पुरुष का यजन करते थे-यह मान्त्रिक पदों का अर्थ है। देव शब्द से यहां पर केवल ब्राह्मण का ग्रहण है। इसीलिये—

द्वयावै देवा देवाः। अहैव देवाः। अथ ये
ब्राह्मणाः सुश्रुवांसः अनूचानाः ते मनुष्य-
देवाः। तेषां द्विधा विभक्त एष यज्ञः। आहु-
तय एव देवानाम्। दक्षिणा मनुष्य देवानाम्।
ब्राह्मणानां सुश्रुवुषां अनूचानानां आहुति-
भिरेव देवान्प्रीणाति। दक्षिणाभिर्मनुष्य देवा-
न्ब्राह्मणान् शुश्रुवसः अनूचानान्।
ते एनं उभये देवाः प्रीताः सुधायां दधति।२।२।२।६

शतपथ के द्वितीय कांड में यह मन्त्र प्राप्त होते हैं। इनका अर्थ यह है कि देवता दो भागों में विभक्त हैं एक देव दूसरे भूदेव। उनमें इन्द्र, वरुण, यम, कुवेर आदि देव हैं और ब्राह्मण मनुष्य देव अर्थात् भूदेव हैं। इस प्रसंग में—

येदेवा दिविषदो अन्तरिक्षसदश्चये
ये केच भूम्यामधि। १०।९।१२
यो ब्राह्मणं देवबन्धुं हिनस्ति।
न स पितृयानमप्येति लोकम्॥५।१८।१३

अथर्ववेद के यह दो मंत्र बहुत उपयुक्त हैं। इनमें ब्राह्मण को देव बन्धु कहा है और देव गणों की तीन लोकों में भिन्न २ रूप से अवस्थिति बतलाकर [ भूम्या मधि ] पद से भूलोक में भूदेव ब्राह्मणों का देवत्व स्थिर किया गया है। ऊपर लिखी शतपथ की कंडिका में ब्राह्मण के दो विशेषण बहुत गम्भीर हैं। ब्राह्मण श्रुति सम्पन्न और अनूचान होना चाहिये जो यज्ञ में और देव पूजन में विनियुक्त हो। यहां पर —

अनूचानः प्रवचने साङ्गेऽधीती गुरोस्तु यः २।२।११

इस अभिधान प्रमाण से अनूचान उसको कहते हैं जो गुरु मुख से अंगोपांग सहित वेदों का अध्ययन कर चुका हो। प्रस्तुत प्रसंग में दो विभागों में विभक्त देवगण यज्ञ में आकर दो प्रकार की आहुति से तृप्त होते हैं। इन्द्रादि देवगण अग्निहुत द्रव्य से तृप्त होते हैं, और भूदेव ब्राह्मण दक्षिणा में प्राप्त द्रव्य से तृप्त होते हैं। यजमान दोनों के तृप्त होने पर ही सुधोपलक्षित स्वर्ग में स्थित होता है। यज्ञ में देवगण ब्राह्मणों द्वारा दी हुई आहुतियों से ही तृप्त होते हैं, क्षत्रियादि के द्वारा प्राप्त आहुतियों से नहीं। इस बात का मन्त्र में नियामक [एव] पद है। इसी लिये यज्ञ में होता अध्वर्यु उद्गाता, ब्रह्मा आदि दीक्षित गण केवल ब्राह्मण ही वरण किये जाते हैं, यही नियम मन्दिरों के पुजारियों के लिये भी है वहां पर भी क्षत्रियादिक पुजारी नहीं बन सकते हैं। ब्राह्मण के विषय में—

त्रीणि यस्यावदातानि विद्यायोनिश्च कर्म च ।
एतच्छिवे ! विजानीहि ब्राह्मणाग्र्यस्यलक्षणम् ॥४।१।४८
तपः श्रुतञ्चयोनिश्चेत्येतद् ब्राह्मणकारणम् ।
तपःश्रुताभ्यां यो हीनो जातिब्राह्मणएव सः ॥२।२।६

यह पद्य पातञ्जल महाभाष्य में मिलते हैं। इनमें तपश्रुत (विद्या) और योनि इन तीनों को मिलाकर एक कारण माना है, इसी लिये कारणानि (न कहकर) कारणं यह एक बचनान्त प्रयोग लिखा है, यह तीनों अवदात स्वच्छ होने चाहिये। यह कथन तन्त्र में शिवा के प्रति शिव का है, इसीलिये पद्य में [शिवे] यह सम्बोधन है ब्रह्मा से लेकर आजतक जिनका वंशानुकम ठीक २ चला आ रहा हो वे ही ब्राह्मण यज्ञार्ह हो सकते हैं, ऐसे ब्राह्मण भारतवर्ष में ही हैं अन्यत्र नहीं। विश्वामित्रादि के वंश में अवदात पद का प्रवेश नहीं हो सकता है इसी लिये वे ब्राह्मण नहीं माने जा सकते हैं, इस विषय का विस्तृत विवेचन पाठकों को—

सनाढ्य गौरवादर्श और सनाढ्यवंश प्रदीप—

में मिलेगा। "अनृष्यानन्तर्ये विदादिभ्योऽञ्" [ ४।१।१०४ ] इस सूत्रके भाष्य में भगवान् भाष्यकार अनृष्यानन्तर्य का उपक्रम उठाकर उदाहरण में विश्वामित्र के पिता, पितामह तक को ऋषि का अपत्य न मान कर गाधि-वंश में अब्राह्मण्य मान रहे हैं। ऐसी अवस्था में योनि की अवदातता इस वंश में दुर्लभ है, जिसका होना ब्राह्मण्य में आवश्यक है। (प्रश्न) मन्दिरों में शूद्रों के जाने का निषेध क्यों है? (उत्तर) शूद्र में दैवी सम्पत्ति का सर्वथा अभाव है और आसुरी सम्पत्ति का उसमें प्राधान्य है। इसी लिये—

दैव्यो वै वर्णो ब्राह्मणः । असुर्यः शूद्रः ।२।८

यह श्रुति तैत्तिरीय ब्राह्मण में प्राप्त होती है, इसी प्रकार शूद्र की देव पूजा-नर्हता में अन्य अनेक श्रुतियां भी प्रमाणरूप में उपलब्ध होती है। जैसे—

१ यस्मात्तौ भूतसंक्रमिणौ । अश्वश्च शूद्रश्च ।
तस्मात्-शूद्रः यज्ञे अनवक्लृप्तः ।
[ तैत्ति० सं० ] ॥३ । ३७

२ स्त्री-शूद्रः-श्वा-कृष्णः शकुनिः ।
तानि न प्रेक्षेत । [शतपथ] १४।१।१।३१

३ सावित्रीं-प्रणवं-यजुर्लक्ष्मीं -स्त्रीशूद्रायनेच्छन्ति ।
यदिजानीयात्, स्त्री-शूद्रः समृतोऽधोगच्छति ॥३
[ नृसिंहपूर्वतापिनी ]

इन श्रुतियों में शूद्रों को यज्ञ में प्रवेश करने का निषेध है। यज्ञ में दीक्षित पुरुष का शूद्र दर्शन भी न करे यह शतपथ श्रुति का आदेश है। शूद्र के लिये गायत्री, ओंकार देने का भी स्पष्ट निषेध है। जो शूद्र ऐसी अनधिकार चर्चा करता है वह मरकर नरक जाता है। इसी लिये असुर्य शूद्र मन्दिर में नहीं जासकता है।

अन्यव्रतममानुषमयज्वानमदेवयुम् ।
अवस्वः सखा दुधुवीत पर्वतः सुघ्नाय दस्युं पर्वतः ॥८।७०।११

ऋग्वेद के इस मन्त्र में शूद्र के सम्बन्ध में ऊपर कही हुई सब बातों का समन्वय है। वेदमें दास शब्द शूद्र के अर्थ में आता है और दस्यु शब्द दास शब्द का पर्याय माना गया है। शूद्र असुर्य होने के कारण असुर व्रत है देवव्रत नहीं। इसीलिये मन्दिर से इसका वहिष्कार है। अमानुष अर्थात् पशु सधर्मा है, अयज्वा यज्ञ कर्म वहिष्कृत है। अदेवयु अर्थात् देव मन्दिर गमनानर्ह है, इसी लिये इसका यज्ञ और देव पूजन से बहिष्कार है। जो शूद्र जप, तप, तीर्थयात्रा, प्रव्रज्या मन्त्र साधन और देवाराधन करता है उसका पतन होता है, यह बात अत्रि के आधार पर इसी ग्रन्थके २३ पृष्ठ में कही जा चुकी है।

( प्रश्न ) मन्दिर में यदि शूद्र प्रवेश करे तो देवता की क्या हानि होती है ? और संसार को कौन सा भय प्राप्त होता है। ( उत्तर )—

रुद्रस्य वाथ विष्णोर्वा प्राकाराभ्यन्तरे यदि ।
रजस्वलाथ शूद्रश्च चाण्डालो वा समागतः ॥

तस्मिन्पुरेऽथवाग्रामे शतहस्तान्तरस्थिते ।
तद्देवस्य कलाहानिर्मरणं नृपतेस्ततः ॥
तद्ग्रामस्य क्षयः प्रोक्तः सस्यानां नाशनं ध्रुवम् ।

कारिकावृत्ति के प्रायश्चित्त काण्ड में वर्तमान इन प्रमाणों से यह बात सिद्ध होती है कि जिस ग्राम में या नगर में, शैव मन्दिर या वैष्णव मन्दिर के प्राकार के अन्दर शूद्र अथवा अन्त्यज प्रविष्ट हो जावे तो सौ हाथ के अन्तर तक देवता की कला नष्ट होती है, इससे राजा मरता है, ग्राम का क्षय होता है और अन्न, तृण, फल फूल का निश्चय नाश होता है, इसीलिये मन्दिर में शूद्र का प्रवेश वर्जित है। वर्तमान समय में जहां २ अज्ञान वश मनुष्य ऐसा विधि-विरुद्ध कार्य करते हैं वहांपर भूकम्प अनावृष्टि, अतिवृष्टि आदि उपद्रव हो रहे हैं। इसी लिये फल देख कर बुद्धिमान जन भविष्य में मर्यादा का उलङ्घन स्वयं न करें और न औरों से करावें, अन्यथा भारी उपद्रव होने की सम्भावना है।

(प्रश्न) अनन्त कलासम्पन्न देवता की शक्ति शूद्र के गमन मात्र से क्यों कर नष्ट होती है? (उत्तर) शूद्र तमोगुण प्रधान, वैदिक संस्कार वर्जित, सेवा धर्म प्रधान उच्छिष्टान्न भोजी और स्वभावतः मलिन है। उसका छायापात जिस स्थान पर होगा उस स्थान पर सत्व गुण नहीं रह सकता है। उदाहरणार्थ सूर्योपराग हम यहां पर उपस्थित करते हैं। सूर्य अनन्त कला सम्पन्न प्रकाशमय लोक है यह सभी जानते हैं परन्तु ग्रहण के समय राहु का प्रतिविम्ब जब उस पर पड़ता है तब वह तेजोहीन होजाता है। इसी प्रकार देवता की कला पर भी आसुर शूद्र का प्रभाव पड़ जाता है इसलिये मन्दिरों में शूद्र का प्रवेश वर्जित है। जिन मन्दिरों में छिपकर या प्रत्यक्ष में शूद्र जाते हैं उनमें शास्त्रानुसार दैवी कला का अभाव होजाता है। केवल जाति ब्राह्मण की तरह नाम मात्र बना रहता है उसके पूजन से फल प्राप्त नहीं हो सकता।

(प्रश्न) शूद्र यदि मन्दिरों में जाकर दर्शन नहीं करेंगे तो उनका कल्याण कैसे होगा? (उत्तर)—

अन्येषामपि सर्वेषां नराणां मुनिपुङ्गव ।
पूजा देवालयं दृष्ट्वा प्रणामस्तस्य कीर्तितः ॥

सूत संहिता अध्याय ५

दर्शनं गेहचूड़ायां दर्शनं गोपुरस्य च ।
अन्त्यजानां तथान्त्यानां विज्ञेयं देवदर्शनम् ॥

शैव सिद्धान्त रहस्य

वैश्यानामथशूद्राणां भद्र ! मण्डपसेवनम् ।
इतरेषां तु वर्णानां गोपुरान्तःप्रवेशनम् ।
चाण्डालपतितादीनां वहिर्गोपुरतः स्थितिः ॥ कारिकावृत्ति

आम्नाय व्यवस्थित इन प्रमाणों से यह बात सिद्ध है कि द्विजों के अतिरिक्त अन्य सब मनुष्य केवल देवालय के दर्शन मात्र से देव दर्शन का फल प्राप्त कर लेते हैं। मन्दिर का शिखर अथवा वहिर्द्वार देखने से अन्त्यजों को तथा शूद्रों को देव दर्शन का फल प्राप्त होता है। नीलकण्ठ के मत में पूर्वोक्त दो मतों से कुछ विशेष बात मिलती है। वे कहते हैं कि द्विजों का गोपुर में प्रवेश होना चाहिये और शूद्रों का बाहिरी जगमोहन प्रवेश होना चाहिये और अन्त्यजों का द्वार से बाहिर ही अवस्थान होना चाहिये। यहां पर केवल प्रक्रिया में भेद है फल में भेद नहीं है। जो फल द्विजों को मन्दिर में जाकर देवदर्शन से प्राप्त होता है वही फल शूद्रादि को शिखर दर्शन से होता है फल में लेश मात्र भी अन्तर नहीं है भगवदनुग्रह सबको वाञ्छनीय है वह भगवदाज्ञा के पालन से प्राप्त होगा न कि उसका उल्लङ्घन करने से शास्त्र मर्यादा का पालन भगवदाज्ञा पालन है। शास्त्र में जिसके लिये जो मर्यादा नियत है उसके पालन से ही उसका कल्याण है। शूद्रों के लिये जो शास्त्र में आदेश दिया गया है उसका पालन उनको अवश्य करना चाहिये।

( प्रश्न ) जो मनुष्य मन्दिर तक किसी कारणवश जाने में असमर्थ हो वह किस प्रकार भगवद्दर्शन प्राप्त कर सकता है? ( उत्तर ) सर्वोपकारी सनातनधर्म में इस प्रकार के मनुष्यों के लिये चल प्रतिमाओं का आयोजन है। साम्प्रदायिक नियम के अनुसार समस्त भारत में भगवान् की सवारी रथ पालकी आदि पर निकाली जाती है। उसका समस्त जनता कल्याण ही उद्देश्य है। इसीलिये उसमें स्पर्शास्पर्श दोष विचार भी नहीं है। इसमें—

देवयात्राविवाहेषु यज्ञे नगरविप्लवे ।
उत्सवेषु तथान्येषु स्पर्शदोषो न विद्यते ॥२४७

यह अत्रि का मत है। इसमें सर्व प्रथम देव यात्रा है। जिसका उदाहरण प्रति वर्ष साम्प्रदायिक मन्दिरों में मिलता है।

( प्रश्न ) मन्दिरों से बाहिर बाजारों में जो प्रतिमायें विक्रयार्थ धरी जाती हैं उन पर यह प्रतिबन्ध क्यों नहीं लगता? ( उत्तर ) जब तक वेद मंत्रों द्वारा मूर्ति में प्राण प्रतिष्ठा नहीं होती है तब तक उनमें देवांश उद्भूत नहीं होता है। उसके बिना उन पर प्रतिबन्ध लगाना व्यर्थ है। प्रतिबन्ध केवल पूजार्थक प्रतिमा पर है विक्रयार्थ प्रतिमा पर नहीं है।

( प्रश्न ) जिन शिल्पियों द्वारा मन्दिरस्थ मूर्तियां बनती हैं वे उनका दर्शन मन्दिर में जाकर कर सकते हैं या नहीं ? ( उत्तर )

विश्वकर्मातु शूद्रायां गर्भाधानं चकार सः ।
ततोबभूबुःपुत्राश्च नवैते शिल्पकारिणः ॥१।१९
मालाकारः कर्मकारः शङ्खकारः कुविन्दकः ।
कुम्भकारः कंसकारः षडेते शिल्पिनांवराः ॥२०
सूत्रधारश्चित्रकारः स्वर्णकारस्तथैव च ।
पतितास्ते ब्रह्मशापादयाज्या वर्णसंकराः । २१

यह पद्य ब्रह्मवैवर्त पुराण के प्रथमाध्याय में मिलते हैं। शिल्पि जाति अस्पृश्य तथा वर्णसंकर है ऐसा व्यास का मत है। विश्वकर्म नामक मयदानव ने शूद्र की स्त्री में गर्भाधान करके माली, कुम्हार, चित्रकार आदि नौ पुत्र उत्पन्न किये। ब्रह्मदेव ने इनको शाप देकर अयाज्य और वर्णसंकर कर दिया। इसलिये मन्दिर में जाकर ये देव दर्शन नहीं कर सकते हैं। महाभारतस्थ सभापर्व के प्रथमाध्याय में--

अहंहि विश्वकर्मा वै दानवानां महाकविः ।
सोहं वै तत्कृते किञ्चित्कर्तुमिच्छामि पाण्डव ॥५

इस पद्य के अन्दर स्वयं विश्वकर्मा ने अपने को विश्वकर्म नामक दानव बताया है। वेद में जो यह पद आता है वह ईश्वरार्थक है। इसलिये उस पर कुछ लिखना व्यर्थ है भाष्यकारों ने स्वयं उसपर अपने भाष्य में भाव स्पष्ट किया है।

( प्रश्न ) प्रतिष्ठित [ प्राण प्रतिष्ठायुक्त ] तथा अप्रतिष्ठित [प्राण प्रतिष्ठा रहित] मूर्ति में भेद होता है वा नहीं और उसकी पहिचान कौन कर सकता है ? ( उत्तर ) भरद्वाज संहिता के तृतीय खण्ड में इन दोनों का भेद लिखा है। जिस को भावुक, लक्षणज्ञ जान सकते हैं सर्व साधारण नहीं। जिस प्रकार रूप रेखा में समान दो रत्नों को जौहरी पहिचानता है अन्य नहीं इसी प्रकार यहां पर दैवी कला युक्त पुरुष हीं देव कला को पहिचान सकता है, आसुरी कला वाला नहीं। कला परीक्षण सर्व साधारण वेद्य नहीं है।

( प्रश्न ) अज्ञान वश भूल में यदि कभी शूद्र मन्दिर में जावे तो मन्दिर वालों को क्या हानि है ? ( उत्तर )—

चौरचाण्डालपदजश्वोदक्यामृतदर्शने ।
स्पर्शने सति देवस्य प्रतिष्ठां पुनराचरेत् ।
[ सिद्धान्त शेखर ]

अन्त्यजातिरविज्ञातः प्रविशेद्यदि वेश्मनि ।
सद्यएव पुनर्विज्ञः कुर्यात्तस्य विशोधनम् ।
[ आपस्तम्ब स्मृतिः ]

प्रमादात्स्पर्शने तेषां संप्रोक्षणमथाचरेत् ।
अज्ञानादर्चने चैव प्रतिष्ठां पुनराचरेत् ॥
[ भृगु संहिता ]

पञ्चमहापातकैः चाण्डालाद्यैश्च आलये
प्रविष्टे तत्स्पृष्ट निवेदने च सप्ताहं
महाशान्ति कृत्वा देवं कलशैः संस्नाप्य
पुनः प्रतिष्ठां कारयेत् ।
[ विमानार्चन कल्प ]

इन प्रमाणों से यह सिद्ध है कि शूद्र प्रमाद से स्पर्शन और अज्ञान से अर्चन यदि कर जावे तो मन्दिर का संस्कार तथा मूर्ति की पुनः प्रतिष्ठा करनी चाहिये। इस कार्य में सहस्रों रुपयों का मन्दिराध्यक्ष को नुकसान होता है और शूद्र को कुछ लाभ नहीं होता है, इसलिये उसका मन्दिर प्रवेश वर्जित है।

( प्रश्न ) शूद्र के स्पर्श होने पर भगवान् को क्या कष्ट पहुंचता है ? ( उत्तर )–

शालिग्रामं न स्पृशेत्तु हीनवर्णो वसुन्धरे।
स्त्रीशूद्रकरसंस्पर्शो वज्रस्पर्शाधिकोमतः ॥

वराह पुराण का यह पद्य—निर्णय सिन्धु के तृतीय परिच्छेद में ५०४ पृष्ठ पर उद्धृत है। इसके देखनेसे यह बात सिद्ध है कि शूद्र जब भगवद्विग्रहका स्पर्श करता है, उस समय मूर्ति में प्रतिष्ठित भगवदंशावतार को वज्राघात से भी अधिक वेदना होती है। भगवान के प्रेमी उसका अनुभव करके विह्वल हो उठते हैं मूर्ति को प्रस्वेद होता है और नेत्र से जलधारा बहती है। उस समय शतपथोक्त महाशान्ति सेही भगवान की वेदना दूर होती है अन्यथा नहीं। इसलिये ऐसा साहस करना बहुत बुरा है।

( प्रश्न ) मंदिर का निर्माण वैदिक है वा नहीं ?

( उत्तर ) वेदमें इष्टा पूर्त शब्द कई मंत्रों में आता है।

उद्बुध्यस्वाग्ने प्रतिजागृहित्वं
इष्टापूर्ते संसृजेथामयंच ( यजु० १५।५४ )
इष्टापूर्तं मन्यमाना वरिष्ठम् ( मुंडक० ) १।२।१०
इष्टापूर्ते पुत्रपशूंश्च सर्वान् ( कठ० ) १।१।८

अथयइमे ग्राम इष्टापूर्तेदत्तमित्युपासते ।
ते धूममभिसम्भवन्ति ( छान्दोग्य ). ५।१०।३

इन वेदमंत्रों में इष्ट और पूर्त का बार २ संकेत आता है।

अग्निहोत्रं तपः सत्यं वेदानामनुपालनम् ।
आतिथ्यं वैश्वदेवश्च इष्टमित्यभिधीयते ॥४४॥
वापीकूपतडागादि देवतायतनानि च ।
अन्नप्रदानमारामः पूर्तमित्यभिधीयते ॥४५॥

अत्रिस्मृति के इन दो पद्यों में अग्निहोत्र,तप,सत्य, वेदानुगमन, आतिथ्य,वैश्वदेव इन छः को इष्टपद से कहा है और वापी, कूप; तडाग, देवस्थान, अन्नदान, बागका लगाना इन छः को पूर्त्त पद से कहा है। देवतायतन का ही पर्याय देवमंदिर है। यहां पर लक्षणावृत्ति से सांकेतिक अर्थ का ग्रहण करना विद्वानों का काम है। केवल अभिधावृत्ति से काम नहीं चल सकता है।

( प्रश्न ) मालाकार जब अस्पृश्य है तब उसके पुष्प मूर्ति पर क्यों चढ़ते है? ( उत्तर ) मालाकार आजीविका के लिये पुष्प वेचता है भक्त माल्य धोकर भगवान् पर चढ़ाते हैं। जलक्षालनसे माला, पुष्प, फल, पत्र, कन्द,मूल शुद्ध होते हैं ऐसा धर्म निबन्धों में लिखा है। अब रहा माली का सांकर्य दोष बिवरण ? उसके लिये—

व्रात्यात्तु जायते विप्रात्पापात्मा भूर्जकण्टकः ।
आवंत्यवाटधानौ च पुष्पधः खशएव च ॥ १०।२१

मनु के इस पद्य में विस्पष्ट विवरण है। मालीका नाम वृक्षारोपक और पुष्पध है। मनु के [ ३।१६३ ] पद्यमें वृक्षारोपक को पतितों में गिना है और [ ३।१६६ ] पद्य में वर्जनीय बतलाया है। ऊपरके मानव पद्यमें भी व्रात्य से व्रात्य स्त्री में उत्पन्न माली को पापात्मा कहा है। पाप से छिपकर व्यभिचार करने से जिसका शरीर उत्पन्न हो उस को पापात्मा कहते हैं। फूल के पेड़ों को बाग में लगा कर उनका पोषना पुष्पध पद का अर्थ है। देश भेद से माली के नाम अनेक पर्यायों में मनु के पद्य में लिखे हैं। इन सब को मनु ने [ १०।२४ ] पद्य में वर्णसंकर कहा है। ब्रह्मवैवर्त पुराण में भी मालाकारको वर्णसंकर कहा है, इसलिये इसकी संकरतामें दोनों एकमत हैं।

( प्रश्न ) मूर्ति में प्राण प्रतिष्ठा किन मन्त्रों से होती है? और जड़ मूर्ति में प्राण किस प्रकार प्रवेश करता है? ( उत्तर ) प्राण-वायु का नाम है। वायु का आवागमन सर्वत्र है जड़में प्राण मूर्च्छित है। उसका केवल उद्बोधन मात्र करना पड़ता है। देखिये इस विषय में—

प्राणमाहुर्मातरिश्वानं वातोह प्राण उच्यते ।
प्राणेहभूतं भव्यञ्च प्राणेसर्वं प्रतिष्ठितम् ॥ ११।४।१५
प्राणः प्रजा अनुवस्ते पिता पुत्रमिव प्रियम् ।
प्राणोह सर्वस्येश्वरो यञ्च प्राणति यञ्चन ॥ ११।४।१०
अन्तर्गर्भश्चरति देवतासु
आभूतो भूतः सउ जायते पुनः ।
सभूतो भव्यं भविष्यत्
पिता पुत्रं प्रविवेशाऽऽशचीभिः ॥ ११।४।२०
एकं पादं नोत्खिदति सलिलाद्धंस उच्चरन् ।
पदङ्ग ! स तमुत्खिदेत् नैवाद्यनश्वः स्यात्
नरात्रीनाहः स्यात् न व्युच्छेत्कदाचन ॥ ११।४।२१

अथर्ववेद के यह मन्त्र प्रमाण हैं । इनका क्रमशः अर्थ इस प्रकार है । [ मातरि-अन्तरिक्षे श्वयति गच्छति वर्द्धतेवा यः स मातरिश्वा ] अन्तरिक्ष में बहने वाले वायु को प्राण कहते हैं । उसी प्राण को बात कहते हैं । भूत भव्य सब कुछ प्राण में प्रति-ष्ठित है । (ष्ठागति निवृत्तौ) इस धातु से प्रतिष्ठा शब्द बनता है । एक द्रव्य में प्राण का निरोध करना प्रतिष्ठा पद का अर्थ है ।

तस्मिन्सति श्वासप्रश्वासयोर्गतिविच्छेदः प्राणायामः ॥ २।४९
स तु वाह्याभ्यन्तरस्तम्भवृत्तिः ॥ ५०

योग दर्शन के इन दो सूत्रों में श्वास का गमन रोकना ही प्राणायाम कहाता है । वह बाहर भीतर प्राण के स्तम्भन से होता है । [ प्राणस्य आसमन्तात् यमनं नि-ग्रहः प्राणायामः ] ष्ठभि प्रतिबन्धे इस धातु से स्तम्भ शब्द बनता है । रोकने का नाम प्रतिबन्ध है । किसी द्रव्य में विशेष विज्ञान के द्वारा वायु के आवागमन को रोकना प्राण प्रतिष्ठा पद का अर्थ है ।

( २ ) अब दूसरे मन्त्र का अर्थ लीजिये । पिता पुत्रमें जिस प्रकार अन्तर्निविष्ट हैं उसी प्रकार प्राण समस्त प्रजा में अनुप्रविष्ट है । संसार में जड़ या चेतन जो कुछ दीखता है प्राण सबका ईश्वर ईशन करने वाला है । इस मन्त्र से जड़ पाषाण में प्राण का होना सिद्ध है । दृष्टान्त में मन्त्र पिता-पुत्र को उपस्थित करता है । पिता का प्राण

पुत्र में जिस प्रकार तात्विक दृष्टि से सिद्ध है। इसी प्रकार सबका ईश्वर प्राण मूर्ति में पहले ही से अन्तर्निविष्ट है। क्यों कि सर्व शब्द के अन्दर जड़ पाषाण अथवा तदुद्भूत मूर्ति भी आजाती है।

प्राण शरीर में रहता है। ईश्वर का शरीर [ यस्य पृथिवी शरीरम् १ यस्यापः शरीरम् २ यस्याग्निः शरीरम् ३ यस्य वायुः शरीरम् ४ यस्य सर्वाणि भूतानि शरीरम् ५ ] इन बृहदारण्यक श्रुतियों से पृथिव्यादि भूतमय है। यावन्मात्र भूत ईश्वर का शरीर है। उनमें प्राण का होना स्वभाव सिद्ध है प्राण से खाली शरीर रह नहीं सकता है।

(३) अब तीसरे मन्त्र का अर्थ लीजिये। देवताओं में अथवा देवताओं की मूर्त्तियों में अन्तर्गर्भ छिपा हुआ प्राण आता जाता है। बार २ आने जाने पर वह (जायते) प्रकट होता है यहां पर आभूत शब्दमें भूधातु सत्तार्थक मानकर प्रसङ्ग बैठता है। मूर्तियों में प्राण की सत्ता स्वभावतः विद्यमान रहती है। इसलिये वह मूर्त्तिगत प्राण तीनों कालोंमें पुत्र में पिता की तरह अनुस्यूत रहता है। यह दृष्टान्त पहिले भी आ चुका है।

ऋगादि वेद ईश्वर के निःश्वास रूप हैं यह बात बृहदारण्यक से सिद्ध है। वेदों में निश्वासत्व का अध्यारोप ईश्वर में मूर्तिमदध्यारोप का अनुमापकलिङ्ग है, निःश्वास बिना शरीरी के रहना असम्भव है। शरीर ईश्वर का भूत-मय है, भूतों में प्राण अनुस्यूत है, इसलिये कोई भी द्रव्य प्राण से खाली नहीं है यह बात अनायास सिद्ध है।

अब जड़ों में प्राण सत्ता है या नहीं? इस पर ध्यान दीजिये। मनु के मत में वृक्ष अनेक प्रकार के तम से वेष्टित बाहिर से जड़ और अन्तःसंज्ञ हैं। (१। ४९) जिसमें जितना अधिक तमोगुण रहेगा वह उतना ही जड़ बनेगा। पत्थर में तमोगुण की मात्रा सबसे अधिक है इसीलिये उसमें जड़ता भी अत्यधिक है। परन्तु इतने से उनमें अन्तः संज्ञता का अभाव नहीं माना जा सकता है। पत्थर भी बाहर से जड़ और अन्दर अन्तः संज्ञ है। उनकी लुप्तप्राय संज्ञा को जगाने के लिये मांत्रिक बल की आवश्यकता होती है। जो प्राण प्रतिष्ठा के समय साधनों द्वारा एकत्र की जाती है विज्ञान की कृपा से वृक्षों की तरह मूर्त्तियों में भी प्राण संचार करके विज्ञान वेत्ता दिखाते हैं उसी का नमूना मन्दिरों में प्राण प्रतिष्ठा की क्रिया है। मूर्त्तिगत गूढ़चैतन्यांश को वेद मन्त्र जगाते हैं यह मन्त्रों में अलौकिक शक्ति है। सर्वौषधि के जल से रसायन शास्त्र वेत्ता कर्मठगण मूर्त्ति से तमो गुण प्रधान जड़ता को हटाकर सत्व गुण प्रधान चेतनता का उद्बोधन करते हैं और उद्बुद्ध प्राण को मन्त्र बल से मूर्ति में

स्तम्भित कर (जकड़कर) उस मूर्ति से निकलने नहीं देते और अपने भावानुकूल फल को उससे प्राप्त करते रहते हैं यही वैज्ञानिक रहस्य मनुष्यों को समझना चाहिये। यह प्राण प्रतिष्ठा का महत्व वे ही समझ सकते हैं जो ईश्वर में श्रद्धा पूर्वक विश्वास करते हैं।

( ४ ) अब चौथे मन्त्र का अर्थ लीजिये। जिस प्रकार हंस जल से दोनों चरण एक साथ नहीं उठाता है एक उठाकर दूसरे को जल के भीतर रखता है, उसी प्रकार प्राण भी अपनी सत्ता को बाहिर से हटाकर द्रव्यों के भीतर रहने देता है। यदि वह ऐसा न करे अर्थात् एक साथ अपनी सत्ता खींच ले तो प्रलय काल की तरह दिन संख्या न रहे और न दिन रहे, न रात रहे, न दिन रात्रि का व्यवहार रहे इस लिये वह ऐसा कभी नहीं करता है। मन्त्र का भावार्थ स्पष्ट है इन चारों मन्त्रों से प्राण प्रतिष्ठा का सिद्धान्त सिद्ध होजाता है।

अब रहा प्राण प्रतिष्ठापक मन्त्रों का प्रश्न? उसके लिये अनेक मन्त्र हैं, उनमें एक मन्त्र—

एहि अश्मानमातिष्ठ अश्माभवतु ते तनुः।
कृण्वन्तु विश्वेदेवा आयुस्ते शरदः शतम्॥ (ऋग्वेद)

यह है। इसमें ईश्वर का मूर्ति में आवाहन सिद्ध है। प्राण प्रतिष्ठा के समय कर्मठ कहता है कि-हे ईश्वर! आओ इस पाषाण-मूर्त्तिमें आकर ठहरो, आपका विग्रह आश्ममय हो और अन्य आपके सहयोगी देवगण आपको इस विग्रह में ठहरने के लिये अनन्त समय तक प्रतीक्षा करें। यह मन्त्र ईश्वरके आवाहनमें अनेक धर्माचार्यों ने विनियुक्त किया है, इस एक वेद मन्त्र से आवाहन सिद्ध हो चुका इस लिये मन्त्रान्तर की अपेक्षा नहीं है। विसर्जन के विषय में—

स्तुतामया वरदा वेदमाता
प्रचोदयन्तां पावमानी द्विजानाम्।
आयुः प्राणं प्रजां पशुं कीर्तिं द्रविणं ब्रह्मवर्चसं
मह्यं दत्वा व्रजतु ब्रह्मलोकम्॥१९।७१।१

यह अथर्व का मन्त्र है, इस मन्त्र का गायत्री देवता है, गायत्री ब्रह्मलोक में रहती है वहीं से इसको बुला कर साधक-स्तवन, पूजन कर के फिर वहीं वापिस भेजता है, इसी लिये मन्त्र में "व्रजतु" क्रिया है। गायत्री का आवाहन केवल द्विज कर सकते हैं, शूद्र नहीं कर सकता है। इसका निदर्शक मन्त्र में "द्विजानां" यह पद है। इस मन्त्र से शक्ति रूप गायत्री का आवाहन और विसर्जन एक साथ सिद्ध

होता है, गायत्री के प्रवर्तक ब्रह्मदेव हैं अन्य कोई ऋषि नहीं है इसी लिये ब्रह्मसृष्टा गायत्री ब्रह्मपुत्री कहलाती है।

यस्मात् कोषादुदभराम एनं तस्मिन्नन्तरवदध्म एनम् ।
कृतमिष्टं ब्रह्मणो वीर्येण तेन मा देवास्तपसाऽवतेह ॥७२।१

इस मन्त्र में साधक कहता है कि- जिस दैवीकोष से हमने अपना प्रयोजन सिद्ध करने के लिये दैवीकला को बुलाया था उसी कोष में हम उसको फिर अन्दर रखते हैं हमने अपना इष्ट सिद्ध कर लिया, देवगण हमारे उस इष्ट की अपने तेज से रक्षा करें। यह मन्त्र देवाराधन के अन्त में पढ़ा जाता है। शाखा भेद से मन्त्र में ( एनं ) के स्थान में-( एतं-देवं-वेदं ) यह तीन पाठ भेद जर्मन के पुस्तक में प्राप्त होते हैं, कई शाखाओं में यह मन्त्र आता है।

( प्रश्न ) जब आवाहन-विसर्जन द्विजों के ही लिये नियत है तब पतित जनों का उद्धार कैसे होगा ? ( उत्तर ) वेद ईश्वराज्ञा है। ईश्वर ने जिसके लिये जो कर्म वेद में नियत किये हैं उसके करने से ही उसका उद्धार हो सकता है अपनी इच्छा से नहीं। इसी लिये—

यतः प्रवृत्तिर्भूतानां येनसर्वमिदं ततम् ।
स्वकर्मणातमभ्यर्च्य सिद्धिं विन्दति मानवः ॥

ऐसा गीता में लिखा है। जिससे समस्त भूतों का सर्जन हुआ है तथा जिसने इस समस्त जगत्‌को व्याप्त किया है उस ईश्वर को अपने कर्म से ही मनुष्य सन्तुष्ट करके अपने कार्य में सिद्धि प्राप्त कर सकता है दूसरे के कर्म से नहीं, यही भगवदाज्ञा है इसके विपरीत करनेसे मनुष्य को हानि उठानी पड़ती है। इसीलिये—

वरं स्वधर्मो विगुणो न पारक्यः स्वनुष्ठितः ।
परधर्मेण जीवन्हि सद्यः पतति जातितः ॥१०।९७

ऐसा मनु ने लिखा है—अपना धर्म, कर्म हीन-गुण होने पर भी अपने लिये अच्छा है, दूसरे का धर्म, कर्म उत्कृष्ट गुण होने पर भी अपने लिये अच्छा नहीं है। अपना धर्म छोड़ कर दूसरे के धर्म से जीता हुआ पुरुष सद्यः अपनी जाति से गिर जाता है, यह मनु की आज्ञा है। इसी बात को लेकर—

स्वधर्मे निधनं श्रेयः परधर्मो भयावहः ।

ऐसा गीता में भी कहा है। अपने धर्म में मरना भी श्रेयःप्रद है और दूसरे के

धर्म में जाकर ( प्रविष्ट होकर ) मरना भी भयप्रद है। इस लिये जीना, मरना, हानि लाभ सब कुछ अपने धर्म में ही रहकर करना चाहिये, यही भगवदादेश है।

सहजं कर्मकौन्तेय सदोषमपि न त्यजेत् ।
सर्वारम्भाहि दोषेण धूमेनाग्निरिवावृताः ॥

गीता के इस पद्य में भगवान् कहते हैं कि यदि किसी को अज्ञानवश अपने सहज ( साथ उत्पन्न होने वाले ) जातीय कर्म में दोष भी प्रतीत हो तब भी उसको अपना कर्म नहीं छोड़ना चाहिये। क्यों कि प्रत्येक जाति के कर्म में कुछ न कुछ दोष अग्नि में धूम की तरह लिपटे रहते हैं। जातीय कर्म में दोष-दर्शी पुरुष आज जिस प्रकार अपना कर्म छोड़ रहा है उसी प्रकार दोष मालूम होने पर दूसरे का भी कर्म छोड़ सकता है? क्योंकि उसकी बुद्धि निश्चल नहीं है। इस प्रकार उसके लिये अनवस्था दोष सर्वदा उत्पन्न रहेगा, अन्त में संशयात्मा का नाश अवश्यम्भावी है। इस लिये श्रद्धा एवं विश्वास के साथ ईश्वर-निर्दिष्ट अपने जातीय कर्म को कभी नहीं छोड़ना चाहिये इसी में सबका उद्धार है।

संसार में पतित नाम की कोई जाति नहीं है प्रसंग वश इस शब्द से अनेक अर्थ निकाले जाते हैं। जैसे धर्म से पतित, कर्म से पतित, जाति से पतित आदि। पतन ऊंचे स्थानसे होता है, नीचे स्थान से नहीं। लोकमें जिस प्रकार पुण्यजन शब्दका राक्षस अर्थ लिया जाता है, उसी प्रकार पतितशब्द का भी विपरीतार्थ में विनियोग किया जा रहा है, जो नहीं करना चाहिये।

संसारकूपे पतितं विषयैर्मुषितेक्षणम् ।
दष्टं कालाहिनात्मानं कोन्यस्त्रातुमधीश्वरः ॥११।८।४१॥

श्रीमद्भागवत के इस पद्य में पतित शब्द का बड़ा मनोहर समन्वय किया गया है, जीव संसार रूप कुये में पतित अर्थात् गिरा हुआ है। विषय वासनाओं से अंधा हो गया है, इतने पर भी कालरूप सर्पने इसको डस लिया है। अब इस पतित जीव की रक्षा करने वाला ईश्वर के अतिरिक्त दूसरा कौन है? अर्थात् कोई नहीं है। यहां पर भवकूप में गिरना, उस पर अंधा होना, फिर सर्प से डसना आदि रूपक जीव-मात्र पर लागू होता है। उन सब का उद्धार, ऊपर को उठाना केवल ईश्वर के ही हाथ में है। जीव ब्रह्म से अलग होकर भवकूप में पतित है। पतितोद्धार करना पतित-पावन भगवान् के आधीन है। जीव पतित होने पर पावन-पूत पवित्र तभी हो सकता है, जब उपासना के द्वारा भगवद्भावापन्न बने, अथवा ब्रह्म स्वरूप हो जावे। इन दो अवस्थाओं के बिना प्राप्त किये, सभी जीव भवकूप में पतित हैं। तब एक

पतित दूसरे पतित को पतित कैसे कह सकता है ? इस बात पर विद्वानों को सावधान होना चाहिये ।

( प्रश्न ) यदि जीव का उद्धार ईश्वर के आधीन है, तो वह जल्दी क्यों नहीं करता ? ( उत्तर ) भगवदाज्ञा के विपरीत चलकर जीव ने जो अपनी इच्छा से कर्म किये हैं, उनका बन्धन जब तक जीव स्वयं भोग कर समाप्त न करेगा, तब तक ईश्वर उसका उद्धार कैसे करेगा ? क्योंकि कर्म चक्र भी उसी की इच्छा से संसार में चल रहा है । कर्म-चक्र में पड़कर भी जो जीव मनसा, वाचा, कर्मणा ईश्वर को नहीं भूलता है, और साथ ही समस्त कर्म-फल ईश्वरार्पण करता हुआ अपने को केवल कैङ्कर्य मात्र का अधिकारी समझता है, उसका उद्धार अपनी दयावश ईश्वर जन्मान्तर में अथवा कालान्तर में करता है, सर्वसाधारण का नहीं ।

( प्रश्न ) जब जीव का उद्धार इतना कठिन है, तब

श्वादोपि सद्यः सवनाय कल्पते ॥१॥

क्षिप्रं भवति धर्मात्मा ॥ २ ॥

सद्यः पुनाति सद्धर्मः ॥ ३ ॥

इत्यादि वचनों में [ सद्यः-क्षिप्रं ] शब्द का कैसे समन्वय ह
( उत्तर ) श्रीमद्भागवत के वचन में जो सद्यः पद है, उसका समन्वय श्रीध[र]
जी ने [ तदुत्तरजन्मनि ] इस प्रकार किया है, और भगवद्गीता के वचन म[ें]
स्थित क्षिप्र-पद का अर्थ श्रीशङ्कराचार्य जी ने जन्मान्तर परक किया है । इस विषय में दोनों आचार्य एक मत हैं, और नारद का दृष्टान्त प्रत्यक्ष निदर्शन है । यह दृष्टान्त श्रीमद्भागवत के [ १ । ५ । २३ ] से लेकर [ १ । ६ । २४ ] तक है, जो इस ग्रन्थ के ४६ । ४७ पृष्ठ में आ चुका है । यदि क्रम प्राप्त उन्नति का अनुगमन किया जाय, तो इन्द्र मतङ्ग सम्वाद के अनुपात से एक चाण्डाल १००० एक हजार वर्ष में शूद्र बनता है । एक शूद्र ३०००० तीस हजार वर्ष में वैश्य बनता है । एक वैश्य १८०००० एकलाख अस्सी हजार जन्म के बाद क्षत्रिय होता है, एक क्षत्रिय १०८००००० एक करोड़ आठ लाख जन्म के बाद ब्राह्मण बनता है । इस क्रम से यदि कोई उन्नत होना चाहे तो अरबों-खरबों जन्म तक छुटकारा मिलना असम्भव है । इसलिये भगवदनुग्रह से प्राप्त जन्म के अनन्तर ही जीव उन्नत हो जाता है ।

( प्रश्न ) भगवदनुग्रह इसी जन्म में क्यों नहीं होता ? (उत्तर) योगदर्शन के—

सतिमूले तद्विपाकोजात्यायुर्भोगः ॥ २।१३॥

इस सूत्र में पूर्व जन्म के वासनात्मक संस्कारों के फल स्वरूप जीव को जाति आयु और भोग प्राप्त होते हैं । इसी सिद्धान्त को लेकर जगत में साम्यवाद मृत्यु

मुख में प्रविष्ट होता है जब तक पूर्व कर्म के फल में ईश्वर से प्राप्त जात्यायुर्भोग समाप्त नहीं होंगे, तब तक उद्धार होना असम्भव है। क्योंकि वह भी ईश्वरेच्छा ही से जीव को मिला है। ईश्वर ने सर्वज्ञ होकर बुद्धि पूर्वक जो कार्य किया है, वह अवधि के पूर्व नष्ट नहीं हो सकता है, इसी लिये जन्मान्तर की प्रतीक्षा करनी पड़ती है।

## तीर्थ शब्दार्थ निर्णय

निपानागमयोस्तीर्थमृषिजुष्ट जले गुरौ। अमर नामार्थ ३। ८६
तीर्थं शास्त्राध्वरक्षेत्रोपायनारीरजःसु च।
अवतारर्षिजुष्टाम्बुपात्रोपाध्यायमंत्रिषु
[ मेदिनी ]

उपर लिखे दो कोषों के प्रमाणों से तीर्थ शब्द निपान ( जलावतार ) आगम ... उपाय रजोधर्म अवतार सेवित जल ऋषि सेवित जल राजमंत्री आदि ... होता है। इन में से किसी एक अर्थ में तीर्थ शब्द की प्रवृत्ति मानकर ... न मानना केवल अज्ञान विलसित है।

कृतं तीर्थं सुप्रपानम् १०।४०।१३
तीर्थे नार्यः पौंस्नानितस्थुः १।१६९।६
तीर्थे सिंधोरधिस्वरे ८।७२।७
[ ऋग्वेद ]

ये तीर्थानि प्रचरन्ति १६।६१
तीर्थेभ्य आन्दम् ३०।१६
नमस्तीर्थ्याय च कूल्याय च १६।४२
[ यजुः ]

सुगं तीर्थं सुप्रपानम् १४।२।६
तीर्थैस्तरंति प्रवतो महीरिति १८।४।७
[ अथर्व ]

वेद के इन मन्त्रों में जलावतार को तीर्थ मानकर उव्वट महीधर सायण इन तीनों भाष्यकारों ने तीर्थ पद का अर्थ लगाया है। गुरु वाचक तीर्थ शब्द वेद में प्रयुक्त नहीं है स्थावर जंगम भेद से तीर्थ दो प्रकार के होते हैं उनमें स्थावर नैमिषादि हैं। जंगम तीर्थ अकस्मात् गृह पर आये हुये योगीजन परमहंस माने जाते हैं। उनके लिये ही—

प्रायेण तीर्थव्यगमापदेशैः
स्वयंहि तीर्थानि पुनन्ति सन्तः।

ऐसा श्रीमद्भागवत में आया है। दोनों प्रकार के तीर्थ मनुष्य को भवसागर से पार करते हैं। अवतार जुष्ट तीर्थ सरयू नदी है। इसके तट पर श्री रामावतार का प्राकट्य हुआ है। यमुना के तट पर श्रीकृष्ण जी का प्राकट्य हुआ है। वेद प्रतिपादित गंगा आदि देव खात स्वभावतः तीर्थ हैं इनमें स्नान करने से सहस्रों नर नारी प्रति दिन मुक्त पाप होते हैं। इन सब तीर्थों में जाकर मनुष्य को सत्य संकल्प होकर पुण्य कार्य करना चाहिये। पापों से मन हटाकर ईश्वराराधन में लगाना चाहिये। भगवन्नाम-जप, भगवद्गुण-कीर्त्तन, भगवत्कथा-श्रवण, देवस्तोत्र-पाठ अवश्य करना चाहिये।

## सप्तपुरी-विवेचन

अयोध्या, मथुरा, माया, काशी, काञ्ची, अवन्तिका, द्वारिका यह सातपुरी के नाम से संसार में प्रसिद्ध हैं। इनमें पांच संयुक्त प्रान्त में हैं बाकी दो मद्रास और गुजरात में हैं। इन सब में देवताओं ने अपना निवास नियत किया है इसलिये यह देवपुरी कहलाती हैं। इनका वर्णन वेद में उपलब्ध होता है।

अष्टाचक्रा नवद्वारा देवानां पूरयोध्या।
तस्यां हिरण्मयः कोषः स्वर्गो ज्योतिषावृतः॥

अथर्व वेद के इस मंत्र में देवपुरी अयोध्या का वर्णन है। आठ प्राकार और नवद्वार इस देवपुरी में महाराजा मनु ने बनवाये। इसमें रामावतार रूप हिरण्यमय कोष अपने ज्योतिश्चक्रके साथ सर्वदा रहता है। [नयोद्धुं शक्या अयोध्या] यह इसका निर्वचन है। निरुक्त के नवमाध्याय में दैवत काण्डके अन्दर [याओषधीः पूर्वा जाता] इस मन्त्र के व्याख्यान में निरुक्तकार यास्क धाम शब्द के सम्बन्ध में—

धामानि त्रयाणि भवन्ति।
स्थानानि नामनि जन्मानि।

ऐसा लिखते हैं। लोक में भी धाम शब्द स्थान के अर्थ में व्यवहृत होता है। सातों पुरियां भगवद्धाम के नाम से जनसमाज में प्रख्यात हैं-वृन्द्रावनधाम, जगन्नाथ धाम, वैद्यनाथधाम, आदिस्थान, भूलोक में तथा गोलोकधाम, बैकुण्ठधाम, स्वर्गधाम आदि स्थान स्वर्लोक में भगवन्निवासार्थ प्रख्यात हैं।

अखण्ड भूमण्डलाचार्य श्री १०८ वल्लभाचार्यचरण व्रज-मण्डलस्थ गोकुलधाम को भगवदवतार-स्थल मानकर—

दर्शयतश्चैवं प्रत्यक्षानुमाने।४।४।५।२०
तानि परे तथाह्याह।४।२।३।१५

इन दो वेदान्त सूत्रों पर अणुभाष्य में एक वेद मन्त्र से गोकुल धाम का वर्णन करते हैं जो बड़ा ही मनोहर है। मन्त्र का पाठ यजुर्वेद में ऋग्वेदीय आश्वलायन शाखा में तैत्तिरीय संहिता में कुछ पाठ भेद के साथ मिलता है, हम ऋग्वेद का आश्वलायनीय पाठ उपस्थित करते हैं।

ताबां वास्तून्युष्मसि गमध्यै
यत्र गावो भूरिश्रृङ्गा अयासः।
अत्राह तदुरुगायस्य वृष्णः
परमंपदमवभाति भूरि ।१।१५४।६

[ अत्र श्रीवल्लभाचार्य कृतं भाष्यम् ]—ता तानि-वां-भगवत्तदन्तरङ्गभक्तयोः सम्बन्धीनि-वास्तूनि-वस्तूनि-गमध्यै-प्राप्तुमुश्मसि-कामयामहे । तानि कानीत्याकांक्षायां गूढ़ाभिसन्धिमुद्घाटयति। यत्र श्रीगोकुले गावो-भूरिश्टङ्गा बहुश्टङ्गारुरुप्रभृतयो मृगाश्च वसन्तीति शेषः। अयासः शुभावहाः-तत् उक्तगुणविशिष्टं-उरुगीयत इत्युरुगायस्तस्य । गोप्योहि सततं तं गायन्ति । अतएव—तदादिभक्तेषु कामान् वर्षतीति वृषा। तस्य परमं प्रकृतिकालाद्यतीतं-पदं-स्थानं भगवतो वैकुण्ठं भवति। तत्र-एतादृशलीलाऽभावेन तस्मादपि परममुत्कृष्टम्। अत्र-भूमौ अवभाति-प्रकाशत-इत्यर्थः। तथापि स्वदृग्गोचरो न भवतीति खेदेन अह-इत्याह श्रुतिः। उरुगीयते-परं सर्वत्रकामवर्षणं-भक्तेष्वत्रैवेति तात्पर्येण विशेषणद्वयमुक्तम्। यमुना पुलिनतदुपवननिकुञ्ज-गह्वरप्रदेशाद्रिसान्वाद्यात्मकत्वेन-भूरि-बहुरूपम्। तथा च एतादृशं यत्परमं पदं-अवभाति-तत्सम्बन्धीनि वास्तूनि कामयामह इति वाक्यार्थः सम्पद्यते।

इस संस्कृत भाष्य का हिन्दी में अनुवाद इस प्रकार है—हम उस गोकुल को जाना चाहते हैं जहां पर भगवान् और उनके अन्तरङ्ग भक्त रहते हैं, साथ ही जहांपर गौ और बहुत सींग वाले रुरु आदि मृग स्वच्छन्द विचरते हैं। समस्त कामप्रद भगवान् का वह स्थान गोकुल इसी भू-मण्डल पर है जिसको परम पद कहते हैं और वह यमुनातट-स्थित वन, उपवन, निकुञ्ज, गुहा, पर्वत, शिखर आदि भेदसे अनेक रूप हैं, ऐसे उत्तम स्थान में हम रहने की इच्छा करते हैं। यह वर्णन मथुरा, गोकुल, बृन्द्रावन, गोवर्धन को साथ लेकर चलता है, यह सब स्थान भगवान् के लीलाधाम हैं। इसी प्रकार अन्य भी अनेक विचित्र बातें हैं, जिनका उल्लेख अगाड़ी [ सिद्धान्त समन्वय ] में मिलेगा। यह मन्त्र यजुर्वेद में—

या ते धामान्युश्मसि गमध्यै
यत्र गावो भूरिश्रृङ्गा अयासः ।६।३

इस पाठ भेद से मिलता है। निरुक्त में यास्क ने इस मन्त्र को नैघण्टुक-काण्ड के द्वितीयाध्याय में पृथ्वी के नाम निर्वचनमें दिया है, मन्त्र बड़ा विलक्षण है। इसपर सायण, महीधर, उव्वट का भाष्य ध्यान से देखने योग्य है वेदमें अन्य पुरियों का भी इसी प्रकार अन्वेषण से वर्णन मिलता है जिसका उल्लेख प्रसंगवश अन्यत्र करेंगे।

## गङ्गादि देव नदी विवेचन

धाम तीर्थ प्रसङ्ग में अब क्रम प्राप्त देव नदी विवेचन किया जाता है। ऋग्वेद के-

इमं मे गङ्गे यमुने सरस्वति शुतुद्रि-
स्तोमं सचता परुष्ण्या ।
असिक्न्या मरुद्वृधे वितस्तया-
आर्जीकीये शृणुहि आसुषोमया १०।७५।५

इस मन्त्र में गङ्गा, यमुना, सरस्वती, शुतुद्रि, परुष्णी, वितस्ता, विपाशा, सुषोमा इन आठ नदियों का वर्णन है निरुक्त के दैवत काण्ड में नदी वर्णन प्रसङ्ग लेकर यास्क ने यह मन्त्र दिया है। इसी प्रकार—

सरस्वती सरयुः सिन्धुरूर्मिभिः
महोमहीरवसा यन्तु वक्षणीः ।
देवीरापो मातरः सूदूयित्न्यो
घृतवत्पयो मधुमन्नो अर्चत ॥१०।६४।९

इस मन्त्र में सरयू और सिन्धुनदी का उल्लेख है। इनके साथ मान्त्रिक 'मातरः' पद के लगाने से सब नदियां माता बन जाती हैं। इसीलिये लोक में गङ्गा माता मातृत्वेन प्रसिद्ध है। मन्त्र में स्तोम शब्द स्तुति वाचक है। नदियों को सम्बोधित करके "हमारी स्तुति सुनो" ऐसा मान्त्रिक उपक्रम स्तुति सम्बन्धी साहित्य को पुष्ट करता है। इसी लिये आचार्यों ने अनेक स्तोत्र लिखे हैं। उनमें गङ्गा विष्णु पाद प्रभव ब्रह्म कमण्डलुद्भव हरशिरःप्रभव मानी है। वेद में विष्णु पद सूर्य का भी वाचक है। उसके किरणों को पाद कहते हैं। सूर्य के किरणों से हिमालय में द्रवता को प्राप्त हुआ हिम (हिमवतो गङ्गा प्रभवति) इस कहावत को चरितार्थ करता है। यह इसका वेदोक्त उपक्रम है। इसका सुन्दर वर्णन इतिहास और पुराणों में विस्तृत रूप से किया गया है। वाल्मीकि के बालकाण्ड में इसका वर्णन देखने योग्य है। इसके वर्णन से कोई आर्ष ग्रन्थ खाली नहीं है। इसी प्रकार अन्य नदियों का महत्व भी वैदिक मन्त्रों में विद्यमान है जो प्रसङ्ग आने पर लिखा जायगा।

# गुरु-गरिमा

अब हम अवसर प्राप्त-गुरु गौरव के विषय में विचार करते हैं। संस्कृत साहित्य में गुरु शब्द अनेकार्थ है। ईश्वर से लेकर-पिता-आचार्य-उपदेशक-अवतार-मन्त्रप्रद-विद्याप्रद-आदि के लिये संसार में इस पद का प्रयोग मिलता है।

सपूर्वेषामपिगुरुः कालेनानवच्छेदात् । १ । २६

योगदर्शन के इस सूत्र में-ईश्वर को गुरु-पद से सम्बोधित किया है। वह वेद रूप अपने ज्ञान को स्वयं अवतार लेकर संसार को बतलाता है। उदाहरणार्थ मर्यादा पुरुषोत्तम-श्री रामावतार को ही लीजिये। उनके चरित्र में आदर्श पितृ-भक्ति, भ्रातृ-प्रेम, सत्य-भाषण, एक पत्नी-व्रत, मित्रोपकार, भक्त-वत्सलता, शरणागत-त्राण, मर्यादा-रक्षण, प्रजा-रंजन आदि अनेक अनुगमनीय गुण हैं जिनके लिये उनको गुरु मानना अत्यावश्यक है।

यस्य देवे पराभक्तिर्यथा देवे तथा गुरौ ।
तस्यैते कथिताह्यर्थाः प्रकाशन्ते महात्मनः ६।२३

श्वेताश्वतर के इस मन्त्र में-गायत्री मन्त्र देने वाले आचार्य के लिये गुरु पद का प्रयोग किया गया है। इस मन्त्र में गुरु को देव तुल्य मानने का आदेश है जो गुरु को देव तुल्य मानकर उनका आदर करता है उसकी विद्या सफल होती है।

तद्विज्ञानार्थं सगुरुमेवाभिगच्छेत्
समित्पाणिः श्रोत्रियं ब्रह्मनिष्ठम् ॥१।२।१२

मुण्डकोपनिषद् के इस मन्त्र में वेदज्ञ के लिये गुरु पद का प्रयोग किया गया है। खाली हाथ न जाने के लिये अर्थाभाव में समित्पाणि होकर जाने का मन्त्र में आदेश है इस विषय में श्री शङ्कराचार्य का—

कोवागुरुर्योहि हितोपदेष्टा
शिष्यस्तुको-यो गुरुभक्त एव ॥

ऐसा [ प्रश्नोत्तरी ] नामक निबन्ध में उल्लेख है। इसमें धर्मोपदेशक को गुरु कहा गया है। हितोपदेशप्रद गुरु और गुरु भक्त शिष्य-सनातनधर्म में आवश्यक माने गये हैं। जो मनुष्य गुरु से दीक्षा न लेकर स्वयं शास्त्र विषयक ज्ञान प्राप्त करने का प्रयास करते हैं वे अन्धनायकवत् स्वयं अन्धगर्त में गिरते हैं। इस लिये बिना गुरु किये संसार में सन्मार्ग प्राप्त नहीं हो सकता है।

गुरोर्यत्र परीवादो निन्दावापि प्रवर्तते ।
कर्णौ तत्र पिधातव्यौ गन्तव्यं वा ततोऽन्यतः २।२००

मनु के इस पद्य में-शिष्य के लिये आदेश है कि जहां पर-कोई गुरुद्रोही गुरु के दोषों का उद्घाटन करे अथवा गुरु की निन्दा करे वहां पर अपने कान बन्द करले या वहां से उठ कर अन्यत्र चला जावे परन्तु निन्दा न सुने। जो सुनता है वह जन्मान्तर में गदहा-कुत्ता बनता है यह बात इसके अगले पद्य में ( २।२०१ ) मनु ने कही है। गुरु को भी चाहिये कि वह अपने शिष्यों को स्पष्ट कह दे कि—

यान्यनवद्यानि कर्माणि-तानि सेवितव्यानि। नो इतराणि।

यान्यस्माकं सुचरितानि-तानि त्वयोपास्यानि नो इतराणि॥

तैत्तिरीयोपनिषद् के-इन बचनों के अनुसार जो हमारे अच्छे कर्म हों तुम उनका ग्रहण करना—बुरों का नहीं। जो हमारे अच्छे चरित्र हों तुम उनका अनुकरण करना—बुरों का नहीं, ऐसा स्पष्ट कहने पर गुरु निर्दोष हो जाता है। मनुष्य अल्पज्ञ है, उससे अज्ञान-वश गलती होना स्वाभाविक है। इसलिये सरल भाव से निरभिमान होकर उन्होंने ऐसा अनुशासन किया है। इसका अनुगमन सबको करना चाहिये।

## व्यास महिमा

महर्षि वेदव्यास शिवावतार श्री शुकदेव जी के पिता थे-पराशर के पुत्र थे-शक्ति के पौत्र थे। वसिष्ठ के नप्ता थे-और स्वयं विष्णु के अवतार थे-यह बात पौराणिक जगत में प्रसिद्ध है। चौदह विद्याओं में पुराण एक विद्या है। जिसमें सर्ग-प्रति-सर्ग-वंश-मन्वन्तर-वंशानुचरित यह पांच विषय हैं। जो मनुष्य पुराणों को नहीं मानते हैं-वे एक विद्या का सर्वथा नाश करते हैं। पुराण विद्या के प्रधान आचार्य वेद व्यास हैं। इनके द्वारा अठारह पुराणों का प्राकट्य हुआ-जिनका समन्वय महाभारत के अन्दर मिलता है। महाभारत एक अनुपम ग्रन्थ है जिसकी तुलना विश्व में कोई नहीं कर सकता है। महाभारत में समस्त वैदिक इतिहास बीज रूप से विद्यमान है जिन का विस्तार अठारह पुराणों में व्यास ने किया है महाभारत का-सम्पादन और प्रवचन नैमिषारण्य में हुआ वहां पर श्री रामचन्द्र जी ने अश्वमेध किया था। पहिले वेद गत तीन काण्ड मिश्रित थे, जिनसे कर्मो-पासना ज्ञानात्मक मन्त्र निकालना कठिन था। इस काठिन्य को दूर करने के लिये व्यास ने बड़ा श्रम करके वेद को यथाक्रम ११३१ शाखाओं में विभक्त किया। इसी से इनका नाम वेद व्यास हुआ। वेदान्त-दर्शन, व्यास-स्मृति आदि इनके रचे अन्य ग्रन्थ पुराणों से भिन्न हैं। आप की रचना में अन्तिम ग्रन्थ-श्रीमद्भागवत है जो चतुर्थ प्रस्थान माना जाता है। यह विद्या परीक्षा का निकषोपल है जो नास्तिकों

के दांत खट्टे करता है ऐसे विश्वोपकारी मुनिवर का जो मान नहीं करते हैं वे नारकी नर हैं। उनका नाम लेना भी महापाप है। हम ऐसे मुनिवर को वार २ मनसा वाचा कर्मणा प्रणाम करते हैं।

## व्रत—विवेचन।

संसार में व्रत, उपवास, अभिषव पवित्रता के कारण माने जाते हैं। मुनिव्रत का पालन, मुनिजन अनादिकाल से करते चले आये हैं इसी लिये वे तपस्वी, तपोधन कहे जाते हैं। विषयों से हटने के लिये व्रत से बढ़ कर अन्य कोई साधन नहीं है। इसी लिये गीता में—

विषया विनिवर्तन्ते निराहारस्य देहिनः।

ऐसा श्रीकृष्ण ने कहा है—ब्रह्मचारी, गृहस्थ, वनस्थ सब के लिये इसका विधान है। इसी लिये वैधव्य दशा में पतिव्रता कुलीन स्त्रियां अधिकतर उपवास करती हैं जिससे कामबाधा उत्पन्न न हो। कामके नष्ट होने पर क्रोध-लोभ-मोह अपने आप नष्ट हो जाते हैं। वेद में व्रतों की भरमार है, हर बात में वहां पर व्रत चलता है उपनयन से पूर्व कुमार व्रत करता है तब उसको उपनीत किया जाता है यह नियम है। शतपथ का आरम्भ ही—

व्रतमुपैष्यन् ।१।१।१

यहां से होता है मनु में बारह दिन का पराकव्रत (११।२१६) पद्य में लिखा है। चान्द्रायण, कृच्छ्रचान्द्रायण आदि अनेक व्रत, यम-नियमादि तत्पर सज्जन करते रहते हैं।

अग्ने ! व्रतपते व्रतञ्चरिष्यामि १।५
सूर्य ! व्रतपते ! व्रतञ्चरिष्यामि २
चन्द्र ! व्रतपते ! व्रतञ्चरिष्यामि ३
वायो ! व्रतपते ! व्रतञ्चरिष्यामि ४

यजुर्वेद के इन मन्त्रों में अग्नि आदि देवगणों को व्रतपति मानकर उनके समक्ष व्रत करने का सङ्कल्प किया जाता है। सूर्य का रविवार, चन्द्र का सोमवार जगत् प्रसिद्ध है, इसी लिये प्रायः लोक में रविवार और सोमवार को मनुष्य-व्रती रहते हैं व्रत का पर्याय उपवास, व नियम भी है। किसी कार्य को करने के लिये नियम करना भी व्रत शब्दार्थ के अन्दर है। जैसे छान्दोग्य के प्रपाठक में—

न प्रत्यक् अग्निमाचामेत्।
तपन्तं न निन्देत्।
वर्षन्तं ननिन्देत्।

ऋतुं न निन्देत् ।
लोकान्न निन्देत् ।
ब्राह्मणान्न निन्देत् ।

इस प्रकार के ग्यारह व्रत मिलते हैं—उनको ध्यान में रखकर उनका पालन करना भी व्रत है। [ ऋतंवदिष्यामि-सत्यं वदिष्यामि ] इत्यादि वेद-विवेचन इसी व्रत की पुष्टि करते हुये मनुष्यों को सत्पथ पर चलने का आदेश देते हैं। जो इन व्रतों का, उपवासोंका खण्डन करता है उस अव्रती, अयज्वा, अदेवयु के कथन पर आस्तिकों को कदापि नहीं चलना चाहिये।

## शकुन-विवेचन ।

सनातनधर्म से अकारण द्वेष रखने वाले कुछ नास्तिक लोग वेद-प्रोक्त शकुन शास्त्र का भी खण्डन करते हैं। उनको यह ज्ञान नहीं कि वेद सब विद्याओं का मूल-संकेत अपने अन्दर रखता है। हम इस विषय में जनता का भ्रम दूर करने के लिये वेदमन्त्रों-द्वारा इस विषय का उपपादन करते हैं—

स्वस्तितं मे सुप्रातः सुसायं
सुदिवं सुमृगं सुशकुनं मे अस्तु ।
सुहवमग्ने ! स्वस्ति अमर्त्यं गत्वा—
पुनरायाभिनन्दन् ॥ १९।८।३

अथर्ववेद के इस मन्त्र में अग्निदेव से प्रार्थना की गई है कि—हे देव ! आपकी कृपा से हमारे लिये आज कल्याण हो, प्रातःकाल शुभ हो, सायङ्काल शुभ हो, समस्त दिन शुभ हो, मृग और पक्षी शुभ हों आपका बुलाना शुभ हो, आप अपने दिव्य-लोक में जाकर फिर हमारा अभिनन्दन करते हुये हमारे यहां आवें। इस मन्त्रमें अन्य बातों के साथ २ मृग और पक्षियों का भी आनुकूल्य मांगा गया है, प्रातिकूल्य नहीं।

अनुहवं परिहवं परिवादं परिक्षवम् ।
सर्वैर्मेरिक्तकुम्भान्-परातान्-सवितः सुव १९।८।४

इस मन्त्र में सूर्यदेव से प्रार्थना की गई है कि-हे सवितः! आप हमारे चलने के समय अनुहव-पीछे से बुलाना, परिहव-सब ओर से बुलाना परिवाद-झगड़ा होना, परिक्षव-छींक होना दूर कीजिये और इन सब के साथ २ [ तान् रिक्तकुम्भान् ] उन खाली घड़ों को भी [ परासुव ] दूर कीजिये। इस मन्त्र में चलने के समय पांच बातें नहीं होनी चाहिये, यह कहा गया है।

इमा या ब्रह्मणस्पते ! विषूचीर्वात ईरते ।

सध्रीचीरिन्द्र ! ताः कृत्वा मह्यं शिवतमाः कृधि ॥ १९।८।६

इस मन्त्र में इन्द्र से प्रार्थना की गई है कि-हे इन्द्र ! हमारे गमन के समय जो प्रतिकूल वायु चलता है उसको आप अनुकूल करके हमारे लिये कल्याणप्रद करदें। इस मन्त्र में सामने की हवा का विरोध किया गया है, ऋग्वेद के द्वितीय मण्डल में ४२।४३ दो सूक्त इसी विषय में प्रयुक्त हैं। उनका देवता कपिञ्जल [ तीतुर ] है। दोनों सूक्तों में क्रमशः ३।३ मन्त्र हैं। इनमें कुछ मन्त्र प्रतीक इस प्रकार हैं—

सुमङ्गलश्च शकुने भवासि । २।४२।१

सुमङ्गलो भद्रवादी वदेह । २

अवक्रन्द दक्षिणतो गृहाणां

सुमङ्गलो भद्रवादी शकुन्ते ।

मावः स्तेनईशत माघशंसः । ३

सर्वतोनः शकुने भद्रमावद

विश्वतोनः शकुने पुण्यमावद । २।४३।२

आवदन्स्त्वं शकुने भद्रमावद ।

तूष्णीमासीनः सुमतिं चिकिद्धि नः ॥ ३

इन मन्त्र प्रतीकों में कपिञ्जल ( भरद्वाज ) पक्षी का शकुन बताया गया है, यह मङ्गल मय भद्रवाणी मतिबर्द्धक है। रात्रि में गृह के दक्षिण भाग में इसके शब्द होने पर चोर डाकू नहीं आते हैं यह इसके शब्द का शकुन है।

एमांकुमारस्तरुण' आवत्सो जगतासह ।

एमांपरिस्रुतः कुम्भआदध्नः कलशैरगुः ॥ ३ । १२ । ७

पूर्णं नारि ! प्रभरकुम्भमेतं

घृतस्य धाराममृतेन सम्भृताम् ॥ ८

यह दो मन्त्र अथर्व वेद के तृतीय काण्ड में हैं। इनमें नूतन गृह प्रवेश के समय करने योग्य शकुनों का उल्लेख है। उसमें जल भरा घट दधि पूर्ण अनेक कलश घृत कलश लेकर कुमार कुमारी सधवा स्त्री भरी गोद लेकर प्रवेश करें यह वेद का आदेश है।

यदा कर्मसु काम्येषु स्त्रियं स्वप्नेषु पश्यति ।

समृद्धिं तत्रजानीयात्तस्मिन्स्वप्ननिदर्शने ॥ ५।२।९

यह मन्त्र छान्दोग्य का है। इसमें कहा है कि काम्य कर्म में यदि स्वप्न में स्त्री का दर्शन हो तो उस कार्य को सफल समझना चाहिये। यह स्वप्नावस्था का शकुन फल है। जाग्रदवस्था का फल पहले कहा जा चुका है। केनोपनिषद् के तृतीय खण्ड में-

स तस्मिन्नेवाकाशे स्त्रियमाजगाम बहु-
शोभमानां उमां हैमवतीं तांह उवाच ॥
किमेतद्यक्षमिति सा ब्रह्मेतिह उवाच। १२

यह पाठ मिलता है। इन्द्र के समक्ष-यक्ष के रूप में ब्रह्म आया, उसे इन्द्र न पहिचान सका कि यह क्या है? उसी समय उसके समक्ष आकाश में अत्यन्त सुन्दर एक स्त्री आई जिसका नाम हैमवती (शैलपुत्री) भगवती उमा है। उस उमासे इन्द्र ने एतद्विषयक प्रश्न किया। सर्वज्ञ उमा ने कहा कि यह ब्रह्म है। इस औपनिषद् आख्यान से स्त्री का दर्शन शकुन माना गया है। यहां तक हमने केवल वैदिक प्रमाण से शकुन प्रकरण दिखाया है। बसंत राज शकुन नामक ग्रन्थ में समस्त शकुनों का फलाफल मिलता है। जिनको इस विषय में अभिरुचि हो वे उक्त ग्रन्थ का अवलोकन करें।

## ग्रहचक्र

जैमिनि गृह्य सूत्र के उत्तर सूत्र में नवग्रहों का पूजन किस २ मन्त्र से करना चाहिये? इस विषय पर बहुत विवेचन है। जैमिनि ऋषि पूर्वमीमांसा के कर्त्ता हैं। ज्योतिष के ग्रन्थों में उनका जैमिनि सूत्र प्रसिद्ध ग्रन्थ है। उसमें जिन ग्रहों का विवेचन जैमिनि मुनि ने किया है उनका ही शान्ति करण जैमिनि गृह्य सूत्र में लिखा है। हम यहां पर उसका पाठ उपस्थित करते हैं।

अथ ग्रहाणामातिथ्यं बलिकर्मोपहृतं व्याख्यास्यामः ॥१॥
आसत्त्येनेत्यादित्याय ॥२॥
अग्निर्मूर्धादिवइत्यङ्गारकाय ॥३॥
आप्यायस्व समेतु इति सोमाय ॥४॥
ब्रह्मजज्ञानमिति बुधाय ॥५॥
बृहस्पते अतियदर्य इति बृहस्पतये ॥६॥
अस्यप्रत्नामनुद्युतमिति शुक्राय ॥७॥
शन्नोदेवीरभिष्टय इति शनैश्चराय ॥८॥
कयानश्चित्र आभुवत् इति राहोः ॥९॥
केतुंकृण्वन्न केतव इति केतोः ॥१०॥ २१९

इन सूत्रों में-जो मन्त्रों के प्रतीक हैं उनका विनियोग तत्तद्ग्रह के पूजन में जैमिनि ने लगाया है।

याज्ञवल्क्य स्मृति के आचाराध्याय में ग्रह-शान्ति नामक एक प्रकरण है उसमें १४ श्लोक हैं जिनमें नवग्रहों का पूजन मन्त्रों-द्वारा बताया गया है। जैमिनि गृह्यसूत्र के जो मन्त्र हमने ऊपर दिये हैं उनसे याज्ञवल्क्य स्मृति गत मन्त्रों का पाठ कुछ भिन्न है परन्तु नवग्रहों की शान्ति में दोनों ऋषि एक मत हैं, दोनों ग्रन्थों में यह विषय विद्वानों के देखने योग्य है। महर्षि याज्ञवल्क्य लिखते हैं—

यस्य यः स्याद्यदादुः स्थः स तं यत्नेन पूजयेत् ।
ब्रह्मणैषां वरोदत्तः पूजिताः पूजयिष्यथ ॥ ३०७
ग्रहाधीनानरेन्द्राणा—मुच्छ्रायाः पतनानि च ।
भावाभावौ च जगतस्तस्मात्पूज्यतमाग्रहाः ॥ ३०८

इन दोनों पद्यों का भाव स्पष्ट है। अथर्ववेद के उन्नीसवें काण्ड में [ ७।८।९ ] तीन सूक्त नक्षत्र-शान्ति के विषय में विनियुक्त हैं जिनका उल्लेख हमने [ अथर्ववेदालोचन ] में किया है, यहांपर इतना ही लिखना पर्याप्त है।

## पौराणिक सृष्टि-क्रम।

सनातनधर्म के सिद्धान्तों पर व्यर्थ कटाक्ष करने वाले बहुत से अल्पज्ञ विषय को बिना जाने ही उस पर कुछ लिखने की धृष्टता कर बैठते हैं, हम उनको सचेत करने के लिये यहां पर पौराणिक सृष्टि-क्रम तुलनात्मक आलोचन के साथ लिखते हैं।

पुराण चौदह विद्याओं में एक विद्या है और उसमें पांच विषय हैं यह पहिले लिखा जा चुका है। सृष्टि-क्रम के विषय में पाश्चात्य विद्वानों ने जो अपने विचार प्रकट किये हैं उनमें—"डार्विन" के विचार प्रायः यत्र-तत्र सुनने में आते हैं परन्तु वे अपूर्ण हैं, उनके मत में क्रम-विकास प्रधान है परन्तु वह बन्दर पर आकर रुक गया है बन्दर पूंछ घिसने पर मनुष्य बने? यह उनका अन्तिम निर्णय है। यदि इस पर विचार किया जावे तो अब वह क्रम बन्द क्यों हुआ?, क्रम-विकास अब क्यों नहीं होता है? इसका उत्तर उनके पास कुछ नहीं है, इस लिये यह उनका सिद्धान्त गलत है।

जिनके मत में केवल वेद ही प्रमाण है उनके मत में आदि सृष्टि-क्रम उनके कथनानुसार वेद के किसी मन्त्र में नहीं मिलता है। युवावस्थापन्न प्रत्येक जन्तु के अनेक जोड़े ईश्वर ने आदि सृष्टि में पैदा किये? यह बात केवल कपोल कल्पना-मात्र है। वे न बाल थे, न वृद्ध थे-युवा थे, इसका साक्षी कौन है? प्रत्यक्ष

के बिना अनुमान लगाना न्याय-विरुद्ध है। उस समय का प्रत्यक्ष करने वाला जब तक कोई न मिले तब तक इस प्रकार का कथन उन्मत्त-प्रलाप के अतिरिक्त कुछ नहीं है।

पुराणों का इस विषय में जो मत है वह पहिले के समान अब भी दीखता है, देखिये पुराण कहते हैं कि—क्षीरसागर में शेष पर भगवान रहते हैं, उनकी नाभि कमल से ब्रह्मदेव और उनसे सृष्टि होती है उसका नकशा विष्णु के उदर में रहता है। इन बातों पर वैज्ञानिक दृष्टि से विचार कीजिये।

( १ ) क्षीरसमुद्र विश्वव्यापी है। वेद में समुद्र शब्द आकाश, जलाशय, सूर्य किरण आदि कई अर्थों में आता है। व्यापक होने के कारण विष्णू का सर्वत्र प्रवेश है, वे सर्व-व्यापक और सर्व-शक्तिमान् होने से घर २ दुग्ध का प्रबन्ध अदृश्य रूप में रखते हैं। उनका क्षीरसमुद्र—वृक्षों में, पशुओं में, मनुष्यों में, सब चराचर में रहता है। जहां जैसी आवश्यकता होती है वहां वैसा ही प्रबन्ध वे करते हैं। दुग्धस्रावी वृक्षों में दुग्ध कहां से आया? दुग्धप्रद पशुओं में दुग्ध कहां से आया? प्रसूता स्त्री के स्तनों में दुग्ध कहां से आया? इन प्रश्नों पर विचार करने से क्षीरसमुद्र में विष्णू का रहना मानना पड़ेगा? यदि न मानोगे तो व्यवस्थिति नहीं बैठेगी? इसी को [ उभयतः पाशारज्जुः ] कहते हैं।

( २ ) अब शेष का विवरण लीजिये—श्रीमद्भागवत के दशम स्कन्ध में गर्भ स्तुति नामक एक अध्याय है उसमें देवकी भगवान् से कहती है—

नष्टे लोके द्विपरार्द्धावसाने महाभूतेष्वादिभूतं गतेषु।
व्यक्तेऽव्यक्तं कालवेगेन याते भवानेकः शिष्यते शेषसंज्ञः ॥१०।३।२५

इसका अर्थ इस प्रकार है। लोक की अवस्था दोपरार्द्ध काल तक है। दोपरार्द्ध के बाद प्रलय होता है। आज कल-दूसरा परार्द्ध चल रहा है। उस समय पंच महाभूत क्रमलयक्रम से आदि भूत आकाश में लीन हो जाते हैं। ऐसा होने पर काल वेग से व्यक्त अव्यक्त में लीन हो जाता है। अन्त में शेष केवल आप ही रहते हैं। शेष में आप अपने स्वरूप में शयन करते हैं। इसी लिये [ शेषे-अब शिष्टावस्थायां-शेते स्वरूपे णावतिष्ठते यः स शेषशायी ] इस निर्वचन से आप शेषशायी हैं। यह पुराणों का सिद्धान्त है। इसको मानते हुये भी इसका उपहास करना केवल "वांताशित्व" है।

(३) दूसरे भावों में शेष पदोपलक्षित सर्प है। तमोगुण को उसमें आरोपित किया जाता है। सर्प योनि अपने अण्डों तक को आप खा जाती है यह उसमें तमोगुण की पराकाष्ठा है। भगवान् इस को नीचे दबा कर-तम से परे उसके

ऊपर रहते हैं यह इसका आधिभौतिक अर्थ है। पुराणों में प्रत्येक विषय पर आधिदैविक, आधिभौतिक-आध्यात्मिक तीनों अर्थ साथ २ चलते हैं। इसी लिये इनका समझना कठिन है।

(४) अब कमल का रहस्य सुनिये। [कस्य जलस्य मलं कमलम्] जल के मल का नाम कमल है। मनु के प्रथमाध्याय में जल का नाम नारा है। जल जिसका अयन निवास हो उसको नारायण कहते हैं। [पयःक्षीरं पयोंवुच] इस कोष के प्रमाण से जल, पय, दोनों को क्षीर कहते हैं। क्षरण से क्षीर बनता है। सूर्याकृष्टजल क्षरण होने पर ही अन्न तृणादि रूप में परिणित होकर शरीरों में दुग्ध रूप धारण करता है। जिससे विश्व का पोषण होता है। इन समस्त भावों को एक रूपक देकर व्यास जी ने यह कमल का आलंकारिक वर्णन किया है जिसको—

तमिद्गर्भं प्रथमं दध्र आपः यत्र देवाः समगच्छन्त विश्वे ।
अजस्य नाभौ अधिएकमर्पितं यस्मिन्विश्वा भुवनानि तस्थुः ॥ १७।३०

यजुर्वेद इस मन्त्र में कहता है—

विद्मते धामपरमं गुहायत् समुद्रे अन्तर्निहितासि नाभिः ।

ऋग्वेद के इस मन्त्र में भी पौराणिक अलंकार का उल्लेख है। पृथिवी समुद्र के अन्दर जल में रहती है यही ऋग्वेद मन्त्र का भाव है। यही बात—

यार्णवेधिसलिलं अग्र आसीत् १२ । १ । ८

अथर्व वेद के इस मन्त्र में कही गई है। सबसे प्रथम पृथिवी का निवास अर्णव में जल के ऊपर था इसीलिये इसको कमल से उपमा दी गई है। अब यजुर्वेद के मन्त्र का अर्थ लीजिये। इस मन्त्र से पूर्व—

किंस्विद्गर्भं प्रथमं दध्र आपः । १७ । २९ ।

इस मन्त्र में जल ने सर्व प्रथम किस गर्भ का धारण किया? यह प्रश्न है। उसके उत्तर में मन्त्र कहता है कि जल ने सर्व प्रथम उसी ब्रह्म रूप गर्भ का धारण किया जिसमें सब देवगण संगत रहते हैं। वह गर्भ अज नारायण के नाभि में स्थापित था जिसमें समस्त भुवन निवास करते हैं। यह मांत्रिक पदों का अर्थ है। इस मन्त्र ने बहुत बातों का निर्णय कर दिया है। यजुर्वेद में—

अयं यज्ञो भुवनस्य नाभिः । २३ । ६२

इस मन्त्र के अन्दर यज्ञ विष्णु को भुवन का नाभि बताया है। [यज्ञोवैविष्णुः] इस शतपथ की श्रुति में यज्ञ नाम विष्णु का है। विष्णु के नाभिप्रदेश से भुवन प्रकट होता है यह बात इन प्रमाणों से अनायास सिद्ध होती है। नाभि को पुण्डरीक

कमल अनेक प्रमाण सिद्ध करते हैं। वर्तमान समय में बालक जितने उत्पन्न होते हैं उनका नाभि कमल से आज भी सम्बन्ध दीखता है। जिसको तुरन्त काट दिया जाता है। यह वही नाभि कमल है जिसने सर्व प्रथम ब्रह्मदेव को जन्म दिया। जिनको सृष्टि कर्त्ता कहा जाता है।

अप्सु आसीन्मातरिश्वा प्रविष्टः प्रविष्टादेवाः सलिलान्यासन् ।
वृहन् ह तस्थौ रजसो विमानः पवमानो हरित आविवेश ॥१० । ८ ४० ॥

अथर्व वेद के इस मन्त्र में संवर्तक अग्नि से त्रस्त देवगणों की क्या दशा हुई यह वर्णन है। वायु जल में प्रविष्ट हुआ और अन्य सब देवगण भी सलिलमें प्रविष्ट हुये। अन्य लोक केवल नभोमण्डल में लीन थे और वायु जल से भाग कर दिशाओं में चला गया। यह मंत्र प्रलय कालिक अवस्था का द्योतक है। अब इस विषय को पुराणों में देखिये—

प्राक्सर्गे दह्यमानेतु तदा संवर्तकाग्निना ।
तेनाग्निना विशीर्णास्ते पर्वता भुवि सर्वशः ॥
शैलाएकार्णवे मग्ना वायुनाऽऽपस्तु संहताः ।
निषक्ता यत्र यत्रासंस्तत्रतत्राचलाभवन् ॥
( मार्कण्डेय पुराण )

ततस्तु सलिले तस्मिन्विज्ञायान्तर्गतां महीम् ।
अनुमानात्तदुद्धारं कर्त्तुकामः प्रजापतिः ॥
जलक्रीडासु रुचिरं वाराहं रूपमास्थितः ।
अधृष्यं मनसाप्यन्यैर्वाङ्मयं ब्रह्मसंज्ञितम् ॥
पृथिव्युद्धरणार्थाय प्रविश्य च रसातलम् ।
दंष्ट्र्याभ्युज्जहारैना-मात्माधारो धराधरः ॥
[ कूर्मपुराण अध्याय ६ ]

ततः स्वस्थानमानीय पृथिवीं पृथिवीपतिः ।
मुमोच रूपं मनसा धारयित्वा धराधरः॥
तस्योपरि जलौघस्य महती नौरिव स्थिता ।
विततत्वाच्च देहस्य न मही याति संप्लवम् ॥
पृथिवीं स समीकृत्य पृथिव्यां सोचिनद्गिरीन् ।
प्राक्सर्गदग्धानखिलांस्ततः सर्गे दधन्मनः ॥
[ कूर्म पुराण )

अथ योगवतां श्रेष्ठमसृजद्भूरि तेजसम् ।
स्रष्टारं सर्वलोकानां ब्रह्माणं सर्वतो मुखम् ॥
यस्मिन्हिरण्मये पद्मे बहुयोजनविस्तृते ।
सर्वतेजोगुणमयं पार्थिवैर्लक्षणैर्वृतम् ॥
तच्च पद्मं पुराणज्ञाः पृथिवीरूपमुत्तमम् ।
नारायणसमुद्भूतं प्रवदन्ति महर्षयः ॥
या पद्मा सा रसादेवी पृथिवी परिकल्प्यते ।
ये पद्मसारगुरवस्तान्दिव्यान्पर्वतान्विन्दुः ॥
हिमवन्तं च मेरुंच नीलं निषधमेव च ।
कैलाशमुच्चशिखिरं तथान्यं गन्धमादनम् ॥

[ मत्स्यपुराण अध्याय १६९ ]

( १ ) इन पद्यों का भाषानुवाद यह है कि संवर्तक नामक अग्नि ने जब पूर्व सर्ग को दग्ध किया तब समस्त पर्वत चूने की तरह बिखर गये। उनको वायु ने उड़ाकर समुद्र में फेंका समुद्र में वायु से उत्पन्न तरङ्गों द्वारा वह जल पर बहते हुये पर्वत कण जहां २ ढेर होकर जम गये वहीं पर सर्व प्रथम नग सृष्टि हुई यह मार्कण्डेय पुराण का मत है।

( २ ) संवर्तकाग्नि से विशीर्ण पर्वत कण गुरुतर होने के कारण जब समुद्र में मैनाक पर्वत की तरह छिप गये तब ईश्वर ने उनका उद्धार करने के लिये जल में जाने योग्य बराहरूप धरकर उनका अपने बल से उद्धार किया। वेद में बराह शब्द मेघ वाचक है। बादल समुद्र से पानी लेकर दूर फेंकता है यह बात विज्ञान सिद्ध है। बिजली रूप डाढ़ से जल के अन्दर वायु की कड़कड़ाहट करके पृथिवी को जल सुखाकर उससे अलग करना ही वराहावतार का रूपक है। वराह का रूप उस समय वाङ्मय और ब्रह्म पद वाच्य रहता है यह कूर्म पुराण का मत है।

( ३ ) वराह ने जल खींच कर पृथवी को अपनी अवस्था में जब पहुंचा दिया तब वराह रूप छोड़ दिया। अब जल के ऊपर नौका के समान पृथिवी फैल गई उस को वायु से बराबर करके उस पर सृष्टि का आरम्भ किया यह भी कूर्म पुराण कहता है।

( ४ ) सृष्टि में सर्व प्रथम ब्रह्मा को उत्पन्न किया। वह ब्रह्मा सुवर्ण मय बहुयोजन विस्तृत सर्व तेजोगुणमय पार्थिव लक्षणों से युक्त पद्मपर अवस्थित था। पुराणवेत्ता महर्षि उस पद्म को नारायण के नाभि कमल से उद्भूत पृथिवी को ही कहते हैं

उस पर गुरुतर हिमालय, मेरु, नील, निषध, कैलास; गन्धमादन पर्वत खड़े हैं यह मत्स्य पुराण का मत है। पृथिवी को रत्नगर्भा मानकर सुवर्ण मय पद्म का रूपक दिया गया है। क्यों कि सुवर्ण भी पृथिवी में ही रहता है। इसके बाद का सृष्टि क्रम देखिये।

मेघेभ्यः स्तनयित्नुभ्यः प्रवृत्तं वृष्टिसर्जनम्।
सकृदेव तया वृष्ट्या संयुक्ते पृथिवीतले॥
प्रादुरासंस्तथा तासां वृक्षावै गृहसंज्ञिताः।
सर्वप्रत्युपयोगस्तु तासां तेभ्यः प्रजायते॥
वर्तयन्तिस्म तेभ्यस्तास्त्रेतायुगमुखे प्रजाः।
वस्त्राणि ते प्रसूयन्ते फलान्याभरणानि च॥
तेष्वेव जायते तासां गन्धवर्णरसान्वितम्।
अमाक्षिकं महावीर्यं पुटके पुटके मधु॥ (कूर्म पुराण)

वायु ने पृथिवी को समतल बनाया यह बात ऊपर नं० ३ में कही गई है। उसके बाद गर्जते हुये मेघों से प्रथम वृष्टि समतल पर हुई। उसी प्रथम वृष्टि से समस्त पृथिवी पर गृह स्वरूप वृक्ष उगे। उनसे प्रजा का सब काम चलने लगा—त्रेता के आरम्भ में यही प्रजा की अवस्था थी। उन कल्पवृक्षों से वस्त्र, आभूषण, फल सब कुछ प्राप्त होने लगा और उनमें ही उत्तम गन्ध, उत्तम वर्ण, उत्तम रसयुक्त वीर्य भी मधु के रूप में हर एक किसलय दलपुट से प्राप्त हुआ जिससे सृष्टि चली, कल्प के आरम्भ में जो सर्व प्रथम वृक्ष उगते हैं उनको कल्पवृक्ष कहते हैं और सर्व प्रथम उत्पन्न हुई कामवर्षिणी गौ को कामधेनु कहते हैं।

अपां भूमेश्च संयोगादोषध्यस्तास्तदाभवन्।
अफालकृष्टाश्चानुप्ता ग्राम्यारण्याश्चतुर्दश।
ऋतुपुष्पफलाश्चैव वृक्षगुल्माश्च जज्ञिरे। [कूर्म पुराण]
अधमोत्तमता नासां निर्विशेषाः पुरञ्जय।
तुल्यमायुः सुखं रूपं तासां तत्र कृतेयुगे।
विशोकाः सत्त्वबहुला एकान्तबहुलास्तथा।
ध्याननिष्ठास्तपोनिष्ठा महादेवपरायणाः।
तावैनिष्काम चारिण्यो नित्यं मुदितमानसाः।
पर्वतोदधिवासिन्यो ह्यनिकेताः परन्तप।
[कूर्म पुराण अ० २८]

अप्रवृत्तिः कृतयुगे कर्मणोः शुभपापयोः ।
वर्णाश्रमव्यवस्थाश्च तदानासन्न सङ्करः ।
अनिच्छाद्वेषमुक्तास्ते वर्तयन्ति परस्परम् ।
लाभालाभौ नतास्वास्तां मित्रामित्रे प्रियाप्रिये । [ वायु पुराण ]
ततः प्रादुरभूत्तासां रागो लोभश्च सर्वशः ।
ततस्ता जगृहुः सर्वा अन्योन्यं क्रोधमूर्च्छिताः ।
आप्तदारधनाद्यास्तु बलात्कामबलेनतु ।
मर्यादायाः प्रतिष्ठार्थं ज्ञात्वैतद्भगवानजः ।
ससर्ज क्षत्रियान्ब्रह्मा ब्राह्मणानां हिताय च ।
वर्णाश्रमव्यवस्थां च त्रेतायां कृतवान्प्रभुः । [ कूर्म पुराण ]
मेरोरुत्तरतस्तेतु जाताः पार्थिवसत्तमाः । [ मत्स्य पुराण ]

इसके बाद का सृष्टि-क्रम देखिये—मधुसर्ग के अनन्तर जल भूयोग से चौदह औषधियां उगीं, ऋतु २ में पुष्प-फल देने वाले बृक्ष और गुल्म भी उगे। उस समय केवल ब्राह्मण प्रजा थी क्षत्रियादिक नहीं थे, ब्राह्मणों में उत्तमाधम भेद न था बराबर सब की आयु थी, सुख-रूप सब कुछ तुल्य था, सब शोक रहित सत्वगुण प्रधान एकान्त सेवी थे, ध्यान और तप में रत सब शिव-पूजक थे, सब निष्काम कर्म करने वाले, सर्वदा प्रसन्न, पर्वतों के ऊपर और समुद्र तटपर बिना स्थान के रहते थे। पुण्यकर्म और पापकर्म यह दो भेद कर्मों में नहीं थे। वर्णाश्रम व्यवस्थाकी अवस्थिति भी उस समय नहीं थी। वर्ण के अभाव में वर्णसङ्करों का कोई प्रसङ्ग नहीं था उस समय के मनुष्यों में न इच्छा थी न द्वेष था परस्पर प्रेम था लाभ और अलाभ की चर्चा तक नहीं थी मित्र शत्रु-भेद भी नहीं था इसके बाद उनमें राग और लोभ प्रवृत्त हुआ आपस में सब अपनी २ चीज पर बलपूर्वक आसक्त हुए। यह उनकी अवस्था देखकर ब्रह्मा ने मर्यादा के रक्षार्थ और ब्राह्मणों के हित के लिये क्षत्रियों को उत्पन्न कर त्रेता में वर्ण व्यवस्था कर दी, वह क्षत्रिय मेरुपर्वत के उत्तर भाग में प्रकट हुये। यहां तक हमने पौराणिक सृष्टि-क्रम दिखाया। ऐसा सुन्दर उपक्रम वेदों में नहीं मिलता है, वहां तो केवल सङ्केत मात्र है जिससे काम नहीं चल सकता है। काम पुराणों से ही चलता है। क्यों कि इनका मुख्य विषय सर्ग प्रतिसर्गादि वर्णन है, इनके बिना वेदार्थ नहीं लगता है। इसी लिये—

इतिहासपुराणाभ्यां वेदार्थमुपबृंहयेत् ।
बिभेत्यल्पश्रुताद्वेदो मामयं प्रहरिष्यति ॥१॥

ऐसा लिखा है। जो लोग वेद पर भरोसा रखकर पुराणों की अवहेलना करते हैं वे कदापि ठीक २ वेदार्थ नहीं कर सकते हैं इस लिये उनके लेख में त्रुटियां रहती हैं। हमने यहां पर केवल संकेत मात्र पुराणों का सृष्टि-क्रम दिखाया है बाकी प्रयोजन पड़ने पर अन्यत्र लिखा जायगा।

## नाम-माहात्म्य।

संसार में मनुष्य जीवन की सफलता जिन कर्त्तव्यों पर निर्भर है, उनमें सर्व प्रथम कर्त्तव्य भगवन्नामस्मरण है। जो मनुष्य भगवन्नामस्मरण से विमुख या निन्दक हैं उनका दर्शन अथवा स्पर्शन करना महा पाप है। वेद में भगवान् के अनेक नाम हैं। अथर्ववेद के एक ही सूक्त में--[ १५।५।१।१६ ] शिव के [ भव-शर्व-रुद्र-पशुपति-उग्र महादेव-भीम-ईशान ] यह आठ नाम मिलते हैं। इसी प्रकार ऋक्-यजु-साम इन तीनों वेदों में विष्णु, सूर्य, गणपति आदि देवगणोंके अनन्त नाम उपलब्ध होते हैं। यह सब नामभेद गुणभेद का अवलम्ब लेकर चलते हैं। भगवान्के गुण अनन्त हैं उनमें से एक २ गुण लेकर एक २ नाम चलता है। निर्गुण अर्थात् गुण से सम्बन्ध न रखने वाला ईश्वरका कोई नाम कहीं पर भी नहीं मिलेगा। उदाहरणार्थ ॐ कोही लेलीजिये [अवतीति-ओम्] यह इसका निर्वचन है अवन रक्षण करनेसे ईश्वर का नाम-ॐ हुआ अवनात्मक क्रिया गुण संपृक्त है। गुण शून्य नहीं, इसी लिये दावे के साथ यह कहा जा सकता है कि निर्गुण ईश्वर का कोई नाम नहीं है। गुण स्मरण पूर्वक नाम स्मरण वेदों से लेकर पुराणों तक में ओत प्रोत है। अब हम वेद के उन मन्त्रों को उपस्थित करते हैं जिनमें नाम का महत्व बताया गया है।

१ अस्यजानन्तो नाम चिद्विवक्त न — २ मनामहे चारुदेवस्य नाम
३ मर्त्या अमर्त्यस्य ते भूरिनाम मनामहे — ४ नाम स्वधावन् गुह्यं विभर्षि
५ भूरिनाम बन्दमानोदधाति — ६ नामानि चिद्दधिरे यज्ञियानि
७ प्रियन्ते नाम सहुरे गृणीमसि [ ऋग्वेद ]
८ यत्ते अनाधृष्टं नाम यज्ञियम् — ९ यो देवानां नामधा एकएव
१० शिवो नामासि — ११ यस्य नाम महद्यशः [ यजुर्वेद ]
१२ सदाते नाम स्वयशो विवक्मि — १३ यस्य वाकूततिर्नामानि
१४ पूयमान अभ्यार्षे गुह्यं चारुनाम [ सामवेद ]
१५ इन्द्रस्यनाम गृह्णन्त ऋषयः [ अथर्ववेद ]

१ यद्वैकिंचैतदध्यगीष्ठा नामैव एतत् — २ नामवाऋग्वेदः
३ नामैवएतत् — ४ नाम उपास्व

५ सयो नाम ब्रह्मेति उपास्ते
६ यावन्नाम्नोगतं तत्रास्य कामचारो भवति [ छान्दोग्य ]
१ त्रयं वा इदं नाम रूपं कर्म २ तेषां नाम्नां वाक्
३ अतोहि सर्वाणि नामानि उत्तिष्ठन्ति ४ एतद्धि सर्वैर्नामभिः समम्
५ एतद्धि सर्वाणि नामानि विभर्ति [ वृहदारण्यक ]

इन वैदिक मन्त्रों में नाम माहात्म्य मिलता है। मन्त्रोंका अर्थ अत्यन्त सरल है भगवान् की महिमा अनन्त है। ऋग्वेद के—

न ते विष्णोजायमानो न जातो देवो महिम्नः परमंतमाप ॥७।९९।२

इस मन्त्र में कहा है कि विष्णु की महिमा का अन्त संसार में कोई नहीं पा सकता है क्योंकि यजुर्वेद कहता है—

न तस्य प्रतिमा अस्ति यस्य नाम महद्यशः ॥३२।३

जिस ईश्वर का नाम और यश महान् है उसकी प्रतिमा ( सादृश्य ) संसार में नहीं है इसी बात को—

न यस्यद्यावा पृथिवी अनुव्यचा न सिन्धवो रजसो अन्तमानशुः ॥१।५२।१४

यह ऋग्वेद का मन्त्र कहता है। द्युलोक और पृथ्वी लोक सिन्धु और परमाणु यह कोई भी ईश्वर का अन्त नहीं पा सकता है। अथर्ववेद के—

यः श्रद्धाति सन्ति देवा इति चतुष्पदे द्विपदेऽस्य मृड ॥११।२।२८

इस मन्त्र में कहा है कि जो पुरुष देवताओं को मानकर उन पर श्रद्धा रखता है उसके धन और जन पर देवता सुख-वृष्टि करते हैं। इस लिये प्रत्येक आस्तिक को देवताओं पर श्रद्धा-पूर्वक विश्वास रखना चाहिये। संसार में मनुष्य को देव-प्रदत्त ही सब पदार्थ प्राप्त होते हैं, इस लिये उनको देवार्पण कर के ही व्यवहार में लेना चाहिये, इसीमें मनुष्य का उभयत्र कल्याण है। इस विषय में इतना ही लिखकर इस प्रसङ्ग को हम समाप्त करते हैं। जिन विषयों का यहां तक विवेचन हो चुका है उनसे अवशिष्ट विषय इस ग्रन्थ के उत्तरार्द्ध में लिखे जावेंगे। अब भगवदिच्छा से यह ग्रन्थका पूर्वार्द्ध यहीं पर समाप्त किया जाता है।

इतिश्री सनाढ्यवंशोद्भव-कविवर श्रीमदखिलानन्द शर्म-प्रणीते
वैदिक सत्यार्थप्रकाशे एकादशः समुल्लासः

समाप्तमदः पूर्वार्द्धम् ।

❀ श्रीहरिः ❀

# वैदिक-सत्यार्थ-प्रकाशः

## ( उत्तरार्द्धम् )

## द्वादशः—समुल्लासः

### ❀-मंगलम्-❀

गणानां त्वा गणपतिं हवामहे कविं कवीनामुपवश्रवस्तवम् ।
ज्येष्ठराजं ब्रह्मणां ब्रह्मणस्पते आनः शृण्वन्नूतिभिः सीद सादनम् ॥
२।२३।१

ऋग्वेद के इस मन्त्र में श्रीगणेश जी का स्तवन है। हे गणपते! आप गणों में गणपति हैं। हम आपको बुलाते हैं। आप पधारिये। आप कवियों में क्रान्तदर्शी हैं। हमारी स्तुति को आप सुनिये। हे ब्रह्मणस्पते! वेद के अध्यक्ष! आप वेदज्ञों में ज्येष्ठराज हैं। हमारी स्तुतियों को सुनकर हमारे सदन में "आसीद" स्थिर हूजिये।

यः श्रमात्तपसो जातो लोकान्सर्वान्समानशे ।
सोमं यश्चक्रे केवलं तस्मै ज्येष्ठाय ब्रह्मणे नमः ॥ १०।७।३६

अथर्व वेद के इस मन्त्र में ब्रह्मदेव का बन्दन है। जो श्रम पूर्वक तप करके प्रकट होकर समस्त लोकों को व्याप्त कर चुके और साथ ही जिन्होंने द्विजराज सोम को ब्राह्मणों का अद्वितीय नियन्ता नियत किया उस ब्रह्मदेव को हमारा प्रणाम है। यहां पर [ सोमोस्माकं ब्राह्मणानां राजा ] इस यजुर्वेद के मन्त्र को लक्ष्य में रखकर प्रसंग लगता है। श्रम पूर्वक इनके तप का वर्णन-

आदौ सनात् स्वतपसः स चतुःसनोभूत् ।२।७।५

इस श्री मद्भागवत के पद्य का स्मरण दिलाता है। इस पद्य में "सनात्" यह पञ्चम्यन्त पद है। वेद में अकारान्त "सन" पद तप के अर्थ में कई मन्त्रों में आया है। जिसका उल्लेख हमने अन्यत्र किया है।

सविता पश्चात्सविता पुरस्तात् सवितोत्तरात्सविताचाधरात्तात् ।
सविता नः सुवतु सर्वतातिं सविता नो रासतां दीर्घमायुः ॥
१०।३६।१४

प्रजापतेरावृतो वर्मणाहं कश्यपस्य ज्योतिषा वर्चसा च ।
जरदष्टिः कृतवीर्यो विहायः सहस्रायुः सुकृतः सञ्चरेयम् ॥
१७।१।२७

इन दो मन्त्रों में एक ऋग्वेद का और दूसरा अथर्व का है। दोनों में सूर्यदेव से प्रार्थना है। भगवान् सूर्यदेव अगाड़ी और पिछाड़ी से हमारी रक्षा करें ऊपर से और नीचे से हमारी रक्षा करें साथ ही हमारे लिये सब कुछ देकर हमको दीर्घआयु प्रदान करें।

हे सूर्यदेव ! आपकी कृपा से ब्रह्म कवच से आवृत कश्यप के तेज और ओज से सुरक्षित वृद्ध होने पर भी कार्यक्षम अलौकिक तत्वदर्शी बहुत काल तक जीवित रहकर सुकृत करते हुये हम भ्रमण करें यही आपसे निवेदन है।

चतुर्नमो अष्टकृत्वो भवाय दशकृत्वः पशुपते नमस्ते ।
तवेमे पञ्च पशवो विभक्ता गावो अश्वाः पुरुषा अजावयः ॥ ११।२।६

अथर्व वेद के इस मन्त्र में महादेव का नमन है। हे पशुपते ! हम भव स्वरूप आप के लिये चार बार आठ बार दशबार ( अथवा ) बार २ प्रणाम करते हैं। और आपके लिये गौ अश्व मनुष्य अज अवि इन पांच पशुओं की बलि विभक्त करते हैं। इसी मन्त्र को लक्ष्य में रखकर [उपहृतपशू रुद्रः] यह उदाहरण दिया गया है।

अम्बितमे नदीतमे देवितमे सरस्वति ।
अप्रशस्ता इव स्म सि प्रशस्तिमम्ब नस्कृधि ॥ २।४१।१६

ऋग्वेद के इस मन्त्र में माता सरस्वती से प्रार्थना की गई है। [प्रशस्ता अम्बा अम्बितमा] प्रशस्त माता को अम्बा अम्बितमा कहते हैं। हे अम्ब ! सरस्वती ! आप हमारी माता हैं। मधुर वाणी की अधिष्ठातृ हैं। दिव्य गुणों की सवित्री हैं। हम आपकी बिना कृपा के अभी तक अप्रशस्त जैसे हैं। आप जगत में हमारी प्रशस्ति विस्तृत करें बिना आपकी कृपा के हम प्रशस्त नहीं बन सकते हैं।

देवीं वाचमजनयन्त देवाः तां विश्वरूपाः पशवो वदन्ति ।
सा नो मन्द्रा इषमूर्जं दधाना धेनुर्वागस्मानुपसुष्टुतैतु ॥ ८।१००।११

ऋग्वेद के इस मन्त्र में वाणी का स्तवन है। दिव्यगुण वाली वाणी को ब्रह्म आदि देव गणों ने सर्व प्रथम प्रकट किया उसको अनेक प्रकार के प्राणी अनेक प्रकार से बोलते हैं। प्राणियों में पशु पक्षि आदि का भी समावेश है। गम्भीर भाव भरित सुष्टुत कामधेनु रूप वह दैवी वाणी अन्न और ओज को साथ लेकर हमको ( उपैतु ) प्राप्त होवे यही उससे निवेदन है।

अग्ने ! नय सुपथा राये अस्मान् विश्वानि देव वयुनानि विद्वान् ।
युयोध्यस्मज्जुहुराणमेनः भूयिष्ठां ते नम उक्तिं विधेम ॥ १।१८९।१ ॥

ऋग्वेद के इस मन्त्र में अग्नि-देव को प्रणाम है, और उनसे प्रार्थना भी है। हे अग्ने ! समस्त धन-धान्य आदि ऐश्वर्य जिस मार्ग से प्राप्त होता है, उसको जानते

हुये आप हमको अच्छे मार्ग से ले चलें। जिससे हमको धन प्राप्त हो, और हमसे द्वेष रखने वाले पाप को आप नष्ट करें। इन बातों के लिये हम आपको बार २ प्रणाम करते हैं।

अवन्तु मामुषसो जायमाना अवन्तु मा सिन्धवः पिन्वमानाः।
अवन्तु मा पर्वतासो ध्रुवासः अवन्तु मा पितरो देवहूतौ ॥६।५२।४॥

ऋग्वेद के इस मन्त्र में उषा-सिन्धु-पर्वत और पितरों से प्रार्थना है। प्रति दिन नवीन रूप से उदय को प्राप्त हुई उषा, बढ़ते हुये नदी नद, निश्चल भाव से रहने वाले पर्वत, देवमार्ग रक्षक पितृगण ये सब हमारी सर्वत्र रक्षा करें।

यथा देवा असुरान्प्राणुदन्त यथेन्द्रो दस्यूनधमं तमो ववाधे।
तथा त्वं काम ! मम ये सपत्नाः तानस्माल्लोकात्प्रणुदस्व दूरम् ॥९।२।१८

अथर्व वेद के इस मन्त्र में काम से प्रार्थना है। हे काम ! जिस प्रकार देवगणों ने असुरों को दूर किया था, और जिस प्रकार इन्द्र ने दस्यु-जाति को अधम अन्धकार में ढकेला उसी प्रकार आप हमारे जो शत्रुगण हैं, उनको इस लोक से दूर कीजिये, अर्थात् सर्वथा नष्टकर दीजिये।

कण्वः कक्षीवान् पुरुमीढो अगस्त्यः श्यावाश्वः सौभरिः अर्चनानाः।
विश्वामित्रो जमदग्निस्तथाऽत्रिः अवन्तु नः कश्यपो वामदेवः ॥१८।३।१५॥
विश्वामित्र जमदग्ने वसिष्ठ भरद्वाज गोतम वामदेव।
शर्दिर्नो अत्रिरग्रभीन्नमोभिः सुशंसासः पितरो मृडता नः ॥ ८।३।१६॥

अथर्व वेद के इन दो मन्त्रों में अपने पूर्वज ऋषियों को तथा वंश प्रवर्तक पितरों को प्रणाम है और उनसे अपनी रक्षा की प्रार्थना है, दोनों मन्त्रों में नाम स्पष्ट हैं।

ये च पूर्वे ऋषयो ये च नूत्ना इन्द्र ब्रह्माणि जनयन्त विप्राः।
अस्मे ते सन्तु सख्या शिवानि यूयं पात स्वस्तिभिः सदा नः॥७।२२।९॥

ऋग्वेद के इस मन्त्र में वेद प्रवर्तक ऋषियों से प्रार्थना है। हे इन्द्र ! ब्राह्मण कुलों में उत्पन्न जो पहिले ऋषि हो गये हैं तथा जो नवीन ऋषि हैं, वेद प्रवर्तक वे सब ऋषि हम से मित्रता करें, जिससे हमारा कल्याण हो। इतना इन्द्र से कह कर अब खास ऋषियों से प्रार्थना है। हे ऋषि-गणो ! आप सर्वदा हमारा कल्याण करते हुये हमारी रक्षा करें।

मयि देवा द्रविणमायजन्तां मय्याशीरस्तु मयि देवहूतिः।
दैवा होतारः सनिषन्न एतत् अरिष्टाः स्याम तन्वा सुवीराः ॥५।३।५

अथर्व वेद के इस मन्त्र में यह प्रार्थना है कि देवगण हमको बहुत सा धन दें, आशीर्वाद दें, और हमसे आदान प्रदान करें, तथा हम शरीर से नीरोग और वीर पुत्र वाले हों।

पातां नो द्यावापृथिवी अभिष्टये पातु ग्रावा पातु सोमो नो अंहसः।

पातु नो देवी सुभगा सरस्वती पात्वग्निः शिवा ये अस्य पायवः ॥६।३।२॥

अथर्व वेद के इस मन्त्र में द्युलोक, पृथ्वी-लोक, पाषाण, सोम, सरस्वती और अग्नि की प्रार्थना है। हम इन सबको मन्त्र के आदेश से प्रणाम करते हैं, और पाप दूर करने की प्रार्थना करते हैं।

जहि त्वं काम! मम ये सपत्ना अन्धे तमस्यवपातयैनात्।

निरिन्द्रिया अरसाः संतु सर्वे मा ते जीविषुः कृतमच्च नाहः ॥८।२।१०॥

अथर्व वेद के इस मन्त्र से कामेश्वर से प्रार्थना है कि हे काम! सर्व वाञ्छनीय ईश्वर! आप हमारे बाह्य, कामादि तथा जो भीतर के वासनादि शत्रु हैं, उन सबको नष्ट कीजिये। उनको अन्धतम के अन्दर ढकेल दीजिये। वे सब हमारे लिये वीर्य रहित और असमर्थ बन जावें, और एक दिन भी हमारे समक्ष जीवित न रहें। [ काम्यते सर्वैर्जनैर्यः स कामः—सचायमीश्वरः—तस्यैव मुनिभिरपि काम्यत्वात् ]

इदं नम ऋषिभ्यः पूर्वजेभ्यः पूर्वेभ्यः पथिकृद्भ्यः ॥१०।१४।१५॥

ऋषीणां प्रस्तरोसि नमोस्तु दैवाय प्रस्तराय ॥ १६।२।६ ॥

इन दो मन्त्रों में पहिला ऋग्वेद का और दूसरा अथर्व का है। इनमें पूर्वज ऋषि और पूर्वज पथ-प्रदर्शकों को प्रणाम है। हमारे गोत्र प्रवर्तक मरीचि आदि ऋषि हैं, और पथ प्रदर्शक रामादि अवतार हैं, उन सबको हमारा प्रणाम है और ऋषियों के द्वारा पूजित पाषाण-मय भगवद्विग्रहों को भी हमारा बार२ प्रणाम है। प्रस्तर-पाषाण को कहते हैं।

❀ श्रीहरिः ❀

# * उत्तरार्द्धोपक्रमः *

प्रतिद्वन्द्वितया येषु विषयाणां विवेचनम् ।
पूर्वार्द्धे विहितं ते ते समुल्लासाः समापिताः ॥१॥
प्रसङ्गादवशिष्टानां विषयाणां विवेचनम् ।
कर्तुमेते समुल्लासा विविच्यन्ते यथाक्रमम् ॥२॥
नास्तिकानां विमर्दाय निर्मिते भगवानजः ।
साहाय्यं दिशतादस्मिन्निबन्धे हृदयस्थितः ॥३॥

प्रतिद्वन्द्विता से जिनमें विषयों का विवेचन किया गया वे समुल्लास पूर्वार्द्ध में समाप्त हो गये उनमें प्रसङ्ग से अवशिष्ट तथा ग्रन्थ में आवश्यक जो विषय रहे हैं उनका यथाक्रम विवेचन करने के लिये यह प्रस्तुत समुल्लास उपस्थित होते हैं। नास्तिकों के विमर्द्दन के लिये निर्मित इस निबन्ध में हृदय-स्थित भगवान् हमारी सहायता करें, यह उनसे हमारी करबद्ध प्रार्थना है।

## सिद्धान्त विवेचनम् ।

भारतवर्ष में अनादि-काल से सनातनधर्म के सिद्धान्त व्यापकता के साथ प्रचिलित हैं जिनका कुछ२ वर्णन वेदोंमें आभासमात्र झलकता है। सिद्धान्त परम्परा से हृदय स्थित होते हैं उनका शब्दों द्वारा वर्णन नहीं हो सकता है। वेद शब्दात्मक है शब्द आकाश गुण होने के कारण प्रकृतिस्थ है, ब्रह्म परात्पर है, परात्पर ब्रह्म-सम्बन्धी विवेचन केवल शब्दों द्वारा बन नहीं सकता है इस लिये सिद्धान्त गत रहस्य सर्व साधारणवेद्य नहीं है।

प्राचीन समय के ऋषियों ने विचार पूर्वक जिन बातों पर अपना निश्चय स्थिर कर लिया वे वर्तमान समयमें सिद्धान्त पद से व्यवहृत किये जाते हैं उनको परम्परा से प्राप्त कर जिन महानुभावोंने जगत के कल्याणार्थ अपने शिष्यों द्वारा उनका प्रचार किया वे गुरु परम्पराऽऽगत रहस्य सम्प्रदाय कहे जाते हैं। [सम्यक् प्रदीयन्ते ये ते सम्प्रदायाः]

वे सिद्धान्त अथवा सम्प्रदाय नास्तिकों के समय में उनके अत्याचारों से लुप्त-प्राय हो गये थे जिनका उद्धार उनको परास्त कर श्रीशङ्कराचार्य, श्रीरामानुजाचार्य श्रीवल्लभाचार्य आदि धर्माचार्यों ने किया जिनका वर्णन तत्तदाचार्य कृत ग्रन्थों में सोपपत्तिक मिलता है।

धर्माचार्यों में सभी सम्प्रदायों पर विवेचन करने वाले आचार्य हुये हैं। उनमें श्रीशङ्कराचार्य ने अद्वैत सिद्धान्त का प्रतिपादन किया है। श्रीरामानुजाचार्य ने विशि-

ष्टाद्वैत सिद्धान्त का प्रतिपादन किया है। श्रीबल्लभाचार्यजी ने शुद्धाद्वैत का प्रतिपादन किया है। श्रीमाधवाचार्य ने [जिनका दूसरा नाम निम्बार्काचार्य है] द्वैताद्वैत सिद्धान्त का प्रतिपादन किया। श्रीसम्प्रदाय प्रचारक श्रीरामानन्दाचार्य ने विशिष्टाद्वैत समकक्ष एक सिद्धान्त जनता में उपस्थित किया। हम इन सब आचार्यों का समय, स्वरूप, सिद्धान्त अलग २ लिखकर सबके कल्याणार्थ जनता में उपस्थित करते हैं।

## [ श्रीशङ्कराचार्य ]

इनका समय निश्चय ( शङ्करमन्दारसौरभ १ गुरुपरम्पराचरित्र २ शङ्कर दिग्विजय ३ ) आदि ग्रन्थों में लिखा गया है। इनके आधार पर विक्रम संवत् ७४५ वैशाख शुक्ल पञ्चमी को इनका जन्म हुआ। यही बात दक्षिण पञ्चाङ्गों में मिलती है। केरल प्रान्त में वृषाचल पर पूर्णा नदी के तटस्थ कलाप ग्राम में आपके पिता शिव-गुरु अपनी पत्नी सुभद्रा के साथ रहते थे।

श्रीशङ्कराचार्य साक्षात् शङ्कर के अवतार थे यह बात शङ्कर दिग्विजय के प्रथम सर्ग में मिलती है। उसका उपक्रम इस प्रकार है-एक समय कैलाश पर समस्त देवगण एकत्र होकर शङ्कर से कहने लगे कि बुद्धावतार के अत्याचार के कारण आजकल भू-तल पर वैदिक धर्म का उच्छेद होरहा है। आप जब तक इसकी रक्षा न करेंगे तब तक यह सुरक्षित नहीं रह सकेगा। देवगणों की यह बात सुनकर श्रीशङ्कर ने कहा कि वैदिक धर्म की रक्षा के लिये मर्त्यलोक में, मैं शङ्कर के नाम से बहुत शीघ्र अवतार लूंगा। ऐसा कहकर श्री शङ्कर जी ने देवगणों से कहा कि आप लोग भी मेरी आज्ञा से मर्त्यलोक में अवतार लें। इस अन्तरङ्ग विचार के बाद देवगणों के अवतार होने लगे। ब्रह्मा जी मण्डन मिश्र के रूपमें, स्वामि कार्तिक कुमारिल भट्ट के रूपमें विष्णु सङ्कर्षण के रूप में यथाक्रम अवतीर्ण हुए। यह वृत्तान्त [ २८ से ५७ पद्य तक ] मिलता है।

श्री शङ्कर अवतार लेकर प्रथम वर्ष में वर्ण परिचय, द्वितीय में अक्षर लेखन, तृतीयमें श्रुतार्थ ग्रहण करते २ आठ वर्ष तक समस्त विद्यायें समाप्त कर चुके। सोलह वर्ष की अवस्था तक प्रस्थान त्रयी आदि २०-२५ ग्रन्थ लिखकर इसके अनन्तर धर्म प्रचार में प्रवृत्त हुए। ३२ वर्ष की अवस्था समाप्त कर भगवान् कैलाश को पधारे।

शङ्करावतार होने के कारण आपका स्वरूप अवतारानुरूप ही था। व्याघ्रचर्म आपका आसन था। दण्ड, कमण्डलु, भिक्षान्न भोजन, एकान्त वास, धन त्याग, यह सब स्वाभाविक रूप से रहता था। कान्ता और कनक दोनों से आप अलग रहते थे आप आचार्य थे इस कारण दश नाम धारियों में आप का परिगणन नहीं किया जा सकता है। वर्तमान समय में गिरी पुरी आदि जो दश नाम संन्यासियों में मिलते हैं उनका शंकराचार्य से कोई सम्बन्ध नहीं था। इनका प्रचार पीछे से हुआ।

( १ )　　अभिचक्राम वैदेहीं परिव्राजकरूपधृक् । ४६।२

( २ )　　श्लक्ष्णकाषायसंवीतः शिखी छत्री उपानही ।
परिव्राजकरूपेण वैदेहीमन्ववर्तत ।४६।४ [वाल्मीकि अरण्य]

( ३ )　　रावणस्तु यतिर्भूत्वा मुण्डः कुण्डी त्रिदण्डधृक् ।
मृगश्च भूत्वा मारीचस्तं देशमुपजग्मतुः । २७७।१६

( ४ )　　अभव्यो भव्यरूपेण भस्मच्छन्नइवानलः ।
यतिवेषप्रतिच्छन्नो जिहीर्षुस्तामनिन्दिताम् ।२७७।३२
[ महा० वन० ]

( ५ )　　तल्लिप्सुः स यतिर्भूत्वा त्रिदण्डी द्वारिकामगात्
[ भाग० दशम उत्तरार्द्ध ८६।३ ]

वाल्मीकि रामायण महाभारत श्रीमद्भागवत के इन पद्यों से जहां दण्ड धारण आदि की प्राचीनता सिद्ध होती है वहां संन्यास वेश की निन्दा भी साथ२ झलकती है। ग्रन्थ ऐतिहासिक होने के कारण सर्व मान्य है। उनकी सत्यता पर किसी को सन्देह नहीं हो सकता है। इन ग्रन्थों के रहने पर भी भगवान् शंकर ने इस वेष को धारण क्यों किया ! यह प्रश्न बिना उठे नहीं रह सकता है ?

हमारा प्रयोजन यहां पर संन्यासाश्रम की निन्दा करने में नहीं है। स्मार्त धर्मानुसार हम भी इसको आदर बुद्धि से देखते हैं। परन्तु इसकी वैदिकता स्वीकार करने में हमें संकोच है। जिन ग्रन्थों से वर्तमान समय में इसकी प्राचीनता सिद्ध की जाती है वे स्वयं अर्वाचीन हैं। शंकर के समय में उनका अस्तित्व नहीं था। यदि होता तो प्रस्थानत्रयी में उनका नाम निर्देश अवश्य होता ? जो नहीं है। इसलिये उनका प्रामाण्य नहीं माना जा सकता है।

अप्रमाण होने पर भी [ तुष्यतु दुर्जनः ] इस न्याय से यदि नवीन ग्रन्थों के आधार पर इसका थोड़ी देर के लिये अस्तित्व मान भी लिया जाय तो कलि में [ कलौ पञ्चविवर्जयेत् ] इस निषेध वाक्य से सर्वथा अत्यन्ताभाव मानना पड़ता है जिन स्मृतियों के आधार पर इसकी इति कर्त्तव्यता सिद्ध की जाती है वे स्मृति ग्रन्थ ही यदि कलिमें इस का निषेध करते हैं तो इसका वर्तमान समय में धारण करना कहां तक उचित है ! इस विषय में हम कुछ लिखना नहीं चाहते हैं। विद्वान् स्वयं समझ लें।

दैव कर्म में तथा पितृ कर्म में संन्यासी का सहयोग विधि प्रतिषिद्ध है। श्राद्ध में विद्यमान मण्डन मिश्र ने इसी कारण शङ्कर का आगमन सुनकर द्वार बन्द कराया

था। संन्यासी का वस्त्र आसन पात्र सर्वथा अस्पृश्य होता है। ऐसा धर्म निबन्धों में लिखा है इस लिये वैदिक कार्यों में इनका सहयोग सर्वथा वर्जनीय है।

जो महानुभाव सिद्ध कोटि में पहुंच गए हैं तथा योगानुष्ठान द्वारा जो अपने को विश्वोपयोगी बना चुके हैं वे निर्मानमोह जितसंगदोष अपरिग्रह काञ्चनकामिनोवासनाशून्य परमहंस वर्तमान समय में दुर्लभ हैं। उनका आदर अवश्य करना चाहिये, और उनको ही अतिथि समझना चाहिये। उनके सत्सङ्ग से मनुष्य को उत्तम गति प्राप्त होती है।

## शङ्कर का अद्वैत

श्री शङ्कराचार्य विवर्तवाद और अनिर्वचनीय ख्याति का उपक्रम लेकर समस्त प्रतीयमान जगत को ब्रह्म का विवर्त मानते हैं यह बात उनके ग्रन्थों में स्पष्ट है। जोव ईश्वरांश है और प्रकृति भी ब्रह्म शक्ति में अधिष्ठित है। इन दोनों का अधिष्ठान ब्रह्म के अतिरिक्त अन्य कोई नहीं है। माया सदसद्विलक्षण है। असत् होने पर भी प्रतीत होती है। [ असती सती या प्रतीयते सा माया ] माया स्वयं असत् है परन्तु सद्रूप ब्रह्म के एक देश में उसका निवास अवश्य है। इसीलिये सत् सी प्रतीत होती है। परन्तु वास्तव में माया सदसद्विलक्षण है। यह बात सबको माननी पड़ती है। माया का अत्यन्ताभाव ज्ञान के बिना नहीं होता है। ज्ञान में ही माया तिरोहित हो जाती है। माया का व्यावहारिक रूप सत्य है। परन्तु परमार्थ में उसकी सत्ता स्वनिष्ठ नहीं है। ज्ञानी पुरुष सर्वत्र ब्रह्म को देखता है। उसकी दृष्टि में माया का ब्रह्म से कोई सम्बन्ध नहीं है। ब्रह्म निर्गुण निष्क्रिय आनन्द स्वरूप है। माया का कार्य सगुण और दुःखमय है। इसीलिये माया के चक्र में न पड़कर ज्ञानी सर्वत्र ब्रह्म सत्ता ही देखता है। इस विषय में—

परीत्य भूतानि परीत्य लोकान् परीत्य सर्वाः प्रदिशो दिशश्च।
उपस्थाय प्रथमजां ऋतस्य आत्मना आत्मानमभिसंविवेश ॥ ३२।११

यजुर्वेद का यह मन्त्र प्रमाण है ज्ञानी पुरुष समस्त भूतों को ब्रह्मत्वेन (परीत्य) जानकर तथा सब दिशा और विदिशा भू आदि लोक ब्रह्म रूप जानकर प्रथमोत्पन्न वेदवाणी को समाप्त करके ऋत यज्ञ के अधिष्ठातृ रूप ब्रह्म में आत्मना जीव रूप से प्रविष्ट होता है, प्रविष्ट होकर समस्त भूत मुझमें है और समस्त भूतों में मैं हूँ यह उसको ज्ञान होता है। यही बात—

परि द्यावापृथिवी सद्य इत्वा परि लोकान्परिदिशः परिस्वः।
ऋतस्य तन्तुं विततं विच्यृत्य तदपश्यत्तदभवत्तदासीत् ॥ ३२।१२

इस मन्त्र में और विस्पष्ट रूप से कही गई है। ज्ञानी पुरुष द्युलोक और पृथिवी लोक को ( सद्यः ) अज्ञान निवृत्तिक्षण में जानकर अर्थात् ब्रह्म रूप समझ कर इसी प्रकार सब लोक सब दिशा और सूर्य मण्डल को ब्रह्ममय जान करके ऋत यज्ञ की इति कर्तव्यता को समाप्त करके सर्वत्र उस ब्रह्म को देखता है स्वयं ब्रह्म बनता है बनता क्या है पहिले जो ब्रह्म स्वरूप था वही फिर होजाता है यहां पर [ तदेवसन्तस्तदु तद्भवाम] यह श्रुति इस बात को और भी पुष्ट करती है। जीव पहिले भी ब्रह्म था। उससे अलग होकर जीव बना। ज्ञान से भेद हटाकर फिर एक बना। यह जीव ब्रह्म का ऐक्य ही वेदान्त ज्ञान का अन्तिम फल है। इसी प्रकार अन्य अनेक वेद मन्त्र द्वैतभाव के हटने पर अद्वैतभाव स्थिर करते हैं जिनका उल्लेख करना केवल पिष्टपेषण मात्र है।

यस्तु सर्वाणि भूतानि आत्मन्येवानुपश्यति।
सर्वभूतेषु चात्मानं ततो न विचिकित्सति ॥ ४०।६

यजुर्वेद के इस मन्त्र में यह कहा गया है कि जो मुमुक्षु पुरुष समस्त अव्यक्त से लेकर स्थावर पर्यन्त और चेतन रूप से विद्यमान भूतों को आत्म स्वरूप देखता है और समस्त भूतों में आत्मा को देखता है उस दर्शन से उसका संशय नष्टहो जाता है, संशय नष्ट होनेपर वह ब्रह्मानन्द में मग्न होजाता है यही मनुष्य जीवनका अन्तिम फल है और यही शङ्कर-सिद्धान्त है, आपकी विशेष घटनायें शङ्करदिग्विजय में देखिये।

## अत्रायं निष्कर्षः

अद्वैतं ब्रह्म सत्यं जगदिदमखिलं मायिकं सप्रपञ्चं,
ब्रह्मांशोऽणुः स जीवः प्रकृतिरपि तथा ब्रह्मणः संप्रसूता।
ब्रह्मानन्दानुभूतिर्निरवधिरमलामुक्तिरन्यत्समस्तं,
मिथ्यैवेति प्रसिद्धो जगति विजयते शाङ्करो योगिमार्गः ॥१॥

अब शङ्कर सिद्धान्त का निचोड़ कहते हैं, शङ्कर के सिद्धान्त में अद्वैत ब्रह्म ही सत्य है। सप्रपञ्च यह जगत मायिक अर्थात् माया का कार्य है, जीव ब्रह्म का अंश तथा अणु परिमाण है, प्रकृति भी ब्रह्म से ही प्रकट हुई है। अनन्त काल तक शुद्ध ब्रह्मानन्द का अनुभव ही मुक्ति है, और सब ब्रह्म से अतिरिक्त मिथ्या है। यही जगत्प्रसिद्ध योगियों के जानने योग्य श्रीशङ्कराचार्य का सिद्धान्त है।

## श्रीरामानुजाचार्य।

आपका प्राकट्य विक्रम संवत् ११६ शकाब्द ६३८ में चैत्र शुक्ल ५ गुरुवार आर्द्रा नक्षत्र कर्कट लग्न में हुआ। मदरास प्रान्त के पेरवधूरं नामक स्थान में ( जिसका प्रा-

चीन नाम भूतपुरी है ) हारीत गोत्रीय याज्ञिक केशव जी रहते थे। उन्होंने कैरविनी नदी के तट पर पार्थसारथि नामक विष्णु मन्दिर के पास चन्द्रग्रहण के अवसर पर पुत्रेष्टि यज्ञ किया, उसके फल स्वरूप संकर्षण के अवतार आप प्रकट हुये। श्रीशैल-पूर्णाचार्य के ये भानजे थे। इस कारण भूतपुरी में आकर उन्होंने आपका नामकरण संस्कार करके रामानुज नाम धरा। पांच वर्ष की अवस्था में विद्यारम्भ आठवें वर्ष में उपनयन होने पर आपके पिता ने ही आपको पढ़ाना आरम्भ किया। फिर यादव प्रकाश से आप पढ़ते रहे। सोलह वर्ष की अवस्था में आपका विवाह हुआ, विवाह के अनन्तर आप अपने भूतपुरी ग्राम में रहने लगे। कुछ दिनों के बाद धर्म प्रचारार्थ संन्यास दीक्षा में आप प्रविष्ट हुये।

वरदराजके समक्ष यतिधर्म ग्रहण के अनन्तर आपका स्वरूप यतिवेष मण्डित हुआ। त्रिदण्ड शिखा, उपवीत, काषाय वस्त्र, यति होने पर भी आप धारण करते थे। आपने वैष्णवधर्म प्रचारार्थ वेदार्थ संग्रह १, वेदान्तसार २, वेदान्तदीप ३, श्री-भाष्य ४, गीता विवृत्ति ५ आदि उत्तम ग्रन्थ लिखे, जिनका मूलाधार बौधायन वृत्ति नामक प्राचीन ग्रन्थ था, यह ग्रन्थ काश्मीर से आपको प्राप्त हुआ था। शारदापीठ से इस ग्रन्थ को लेकर आप श्रीरङ्ग को चले गये। वहां रह कर ७४ आचार्यों को आपने पीठाधीश बनाया। आपने शिष्यों के आग्रह से अपने तीन चित्र बनवाये, जिनमें १-श्रीरङ्ग में, १-भूतपुरी में, १-मैलकोटा में स्थापित कराया। आपने समस्त भारत में दिग्विजय करके विशिष्टाद्वैत सिद्धान्त का प्रचार किया, और १२० वर्ष के बाद आप परमपद को प्राप्त हुये। यहां तक आपके सम्बन्ध में समय और स्वरूप का विवेचन हुआ।

आपकी विशेष घटनाओं में कई बातें विशेष उल्लेख के योग्य हैं, कांचीपुरी राजा की पुत्री पर एक ब्रह्म-राक्षस आता था, जिसको आपने चरणामृत देकर भगाया। एक दिन रात में आप मार्ग भूलकर बड़े दुःख में मग्न थे, इतने में भगवान् वरदराज को आपने याद किया। भगवान् वरदराज बन में भिल्ल का भेष धर आपको अभीष्ट स्थान तक पहुंचाने गये। यामुनाचार्य के देहावसान के समय उनके त्र्यङ्गुल संकेत को समझ कर जो तीन प्रतिज्ञायें आपने की थीं, उनको आपने पूरा किया। उनमें श्रीभाष्य की रचना, वैष्णवधर्म प्रचार, पौराणिक अभिधान-कोष का सम्पादन यही संकेत था, आपने अपने जीवन में इन तीनों को पूरा किया।

आपने छान्दोग्य के प्रथमाध्याय गत षष्ठखण्डके सप्तम मन्त्र में पठित 'कप्यास' शब्द पर जो अलौकिक प्रतिभा का परिचय दिया, वह अनन्य साधारण है। आप त्रिदण्डी संन्यासी थे, शिखा सूत्र धारण आपने अन्त तक किया।

# त्रिदण्ड निर्णय।

वाग्दण्डोऽथ मनोदण्डः कायदण्डस्तथैव च।
यस्यैते निहिता बुद्धौ त्रिदण्डीति स उच्यते ॥१२।१०॥

मनु के इस पद्यमें कहा है कि जिसकी बुद्धि में वाग्दण्ड, मनोदण्ड, कायदण्ड अर्थात् मन-वाणी शरीर का दमन करना निश्चित होगया, या इन तीनों को असत् मार्ग के चलने से जिसने रोक लिया, उसको त्रिदण्डी कहते हैं। यहां पर दमन का नाम दण्ड है। हाथ में तीन दण्ड अथवा एक दण्ड लेने पर भी जो इनका दमन नहीं कर सकता है, उसके लिये दण्ड-धारण निरर्थक है। दण्ड किसी को काबू में करने के लिये किया जाता है। दो के दमन होने पर एक का दमन करने के लिये एक दण्ड हाथ में जो रखते हैं, वह भी दण्डनीय को दण्डित करने के लिये ही यह बाह्य लिङ्ग रखते हैं। दण्ड का अन्य कोई प्रयोजन नहीं है, तीनों के दमन होने पर दण्ड की कोई आवश्यकता नहीं रहती है।

ब्रह्मचारी के लिये इन्द्रियों को दमन करने की आवश्यकता है, इसलिये उसको दण्ड दिया जाता है, वही दण्ड संन्यास तक चलता है। विषयों से उदासीन योग-मार्ग रत, विरक्तों के लिये दण्ड, धारण स्वतः निरर्थक है। इसीलिये शुकदेवादि परम हंस इनसे सर्वोत्तम हैं।

त्रिदण्डमेतन्निक्षिप्य सर्वभूतेषु मानवः।
कामक्रोधौतु संयम्य ततः सिद्धिं नियच्छति ॥१२।११॥

मनु जी कहते हैं कि मनुष्य समस्त भूतों में त्रिदण्ड फेंक कर काम-क्रोध के रोकने पर ही मोक्ष सिद्धि प्राप्त कर सकता है। बिना तीनों के दमन किये मोक्ष होना सर्वथा असम्भव है।

# विशिष्टाद्वैतसिद्धान्त

श्री रामानुजाचार्य ने बौधायन प्रणीत वृत्ति ग्रन्थ के आधार पर द्वैत प्रति-पादक श्रुति वाक्यों का समन्वय करने के लिये जिन ग्रन्थों का प्रणयन किया है उनमें जीव ईश्वर प्रकृति का सार्वकालिक भेद स्पष्ट रूप से चमक रहा है। जीव चित् है प्रकृति अचित् है। यह दोनों ईश्वर के समान अनादि अनन्त हैं। जीव ईश्वर के अधीन है स्वतन्त्र नहीं। वह अचित प्रकृति में प्रविष्ट होकर नाम और रूप के भेद से अनेक विध जगत्प्रपञ्च में ओत प्रोत दीखता है। इसी बात को लेकर—

अनेन जीवेनात्मनानुप्रविश्य
नामरूपे व्याकरवाणि ।६।३।२

यह छान्दोग्य श्रुति प्रवृत्त होती है। परापर भेद से चित् अचित् दोनों ईश्व-राज्ञा से कार्य करते हैं माया भगवान् की शक्ति है। भगवान् उसके प्रपञ्च से बाहिर हैं जीव उसमें पड़कर कर्म फल का आस्वादन करता है। यह बात—

द्वा सुपर्णा सयुजा सखाया समानं वृक्षं परिषस्वजाते।
तयोरन्यः पिप्पलं स्वाद्वत्ति अनश्नन्नन्यो अभिचाकशीति ॥

१।१६४।२०

ऋग्वेद के इस मन्त्र में स्पष्ट है। प्रकृति रूप वृक्ष पर जीव ईश्वर दोनों पक्षि रूप से बैठे हैं। उनमें एक जीव प्रकृति के स्वादु फल का आस्वादन कर रहा है। दूसरा ईश्वर साक्षित्वेन तटस्थ रह कर उसको देख रहा है। इस मन्त्र में [द्वौ सयुजौ सखायौ] यह पद जीव ब्रह्म में भेद प्रतिपादक है इसी प्रकार—

ज्ञाज्ञौ द्वौ अजौ ईशानीशौ अजाह्येका भोक्तृभोग्यार्थयुक्ता।
अनन्तश्चात्मा विश्वरूपोह्यकर्ता त्रयं यदा विन्दते ब्रह्म चैतत् ॥

श्वेताश्व० १।९

छन्दांसि यज्ञाः क्रतवो व्रतानि भूतं भव्यं यच्च वेदा वदन्ति।
अस्मान्मायी सृजते विश्वमेतत् तस्मिंश्चान्यो मायया सन्निरुद्धः ॥

श्वेताश्व० ४।९

संयुक्तमेतत्क्षरमक्षरं च व्यक्ताव्यक्तं भरते विश्वमीशः।
अनीशश्चात्मा बध्यते भोक्तृभावात् ज्ञात्वा देवं मुच्यते सर्वपाशैः ॥

श्वेताश्व० १।८

क्षरं प्रधानममृताक्षरं हरः क्षरात्मानौ ईशते देवएकः।
तस्याभिध्यानाद्योजनात्तत्वभावात् भूयश्चान्ते विश्वमायानिवृत्तिः ॥

श्वेताश्व० १।१०

समाने वृक्षे पुरुषो निमग्नः अनीशया शोचति मुह्यमानः।
जुष्टं यदा पश्यति अन्यमीश अस्य महिमानमिति वीतशोकः ॥

श्वेताश्व० ४।७

अजामेकां लोहितशुक्लकृष्णां बह्वीः प्रजाः सृजमानां सरूपाः।
अजोह्येको जुषमाणोऽनुशेते जहात्येनां भुक्तभोगामजोऽन्यः ॥

श्वेताश्व० ४।५

इन श्वेताश्वतर के मन्त्रों में ईश्वर और जीव में भेद सिद्ध है। इनमें एक ज्ञ जानने वाला और दूसरा अज्ञ न जानने वाला है। और दोनों अज हैं। एक ईश,

दूसरा अनीश है। इन दोनों के मध्य में तीसरी अजा प्रकृति है जो भोक्ता के लिये भोग्य अर्थों को लेकर सर्वदा रहती है। आत्मा अनन्त और अकर्त्ता है। इन तीनों का ज्ञान तत्व निर्णय ही ब्रह्म विवेचन है। वेदों के अन्दर जो कुछ यज्ञ क्रतु व्रत भूत भव्य कहा है वह सब मायाध्यक्ष ब्रह्म माया से बनाता है। माया प्रकृति का नाम है माया के अन्दर एक बद्ध है दूसरा माया के बन्धन से रहित है।

संयुक्त साथ रहने वाला यह क्षर अक्षर जो कि व्यक्ताव्यक्त रूप से रहता है उसका भरण एक ईश करता है। भोक्ता बनकर जीव प्रकृति के बन्धन में बंध जाता है परन्तु ईश्वर को जानकर उसकी माया के बन्धनों से मुक्ति अर्थात् बन्धविच्छेद हो जाता है। यही बात ( क्षरं प्रधान ) इस श्रुति में भी कही है। प्रकृति रूप एकही वृक्ष पर बैठा जीव मोह वश चिन्ता में फंस जाता है। और जब उसी वृक्ष पर साक्षित्वेन बैठे हुए ईश्वर को देखता है। तभी शोक रहित हो जाता है। गुणत्रय वाली अनेक विध प्रजा को उत्पन्न करने वाली प्रकृति को दो अज जीव ईश्वर दोनों ओर से घेरे हुए है। उनमें एक अज जीव अनुशायी होकर फंसता है। दूसरा अज उसको जीव द्वारा भुक्त भोगा समझ कर छोड़ता है। यही श्रुतिओं का भावार्थ है इन श्रुतियों में जीव ईश्वर प्रकृति इन तीनों को नित्य माना है। तीनों की नित्यता मानने पर दो का अत्यन्ताभाव होना असंभव है। इसलिये चिदचिद्विशिष्ट ही ईश्वर सिद्ध होता है। यही बात—

ऋतं पिबन्तौ सुकृतस्य लोके गुहां प्रविष्टौ परमे परार्द्धे।
छायातपौ ब्रह्मविदो वदन्ति पञ्चाग्नयो येच तृणाचिकेताः

कठ० १।३।१

कठ की इस श्रुति में भी प्रतिपादित है। श्रुति के अन्दर [ पिबन्तौ प्रविष्टौ छायातपौ ] यह द्विबचनान्त पद जीवेश्वर भेद को स्पष्ट करते हैं। जीव छायात्मक है। आतपशब्दोपलक्षित प्रकाश मय ईश्वर है। इनका भेद ऊपर की श्रुतियों में कहा जा चुका है। अब गुहा शब्द पर विचार करते हैं।

ऊपर के मन्त्र में गुहा पद आया है। बुद्धि रूप गुहा में जीव ईश्वर दोनों ही प्रविष्ट हैं। इसीलिये—

गुहां प्रविष्टावात्मानौ हि तद्दर्शनात् १।२।११

वेदान्त दर्शन के इस सूत्र में गुहां प्रविष्टौ आत्मानौ यह लिखा है पञ्चदशी-कार विद्यारण्य गुहा शब्द से अन्नमय आदि पांच कोषों का ग्रहण करते हैं। परन्तु केवल शाब्दिक हेर फेर से गुहा का अस्तित्व नहीं मिटाया जा सकता है। श्रुतियों में पूर्व पक्ष परक श्रुतियों को गौण मान कर उत्तर पक्ष की श्रुतियों को बलवान्

ाानना प्रमाण सिद्ध नहीं है श्रुतियां सब एकसा महत्व रखती हैं। उनमें दौर्बल्य ;खना केवल पक्षपात मात्र है।

प्रकृतिं पुरुषं चैव विध्यनादी उभावपि

इस गीतोक्त पद्य में प्रकृति और पुरुष इन दोनों को अनादि कहा है। [ उत्तमः ;ुरुषस्त्वन्यः ] कह कर जीवात्मक पुरुष का भेद स्वयं गीता कहती है। जीव का श्वर के वश में होना कौषीतकि ब्राह्मण की—

एषह्येवैनं साधुकर्म कारयति तं यमन्वानुनेषति ।
एषएवैनमसाधुकर्मकारयति तं यमेभ्यो लोकेभ्योनुनेषति ॥
एषलोकपाल एषलोकाधिपतिरेष सर्वेश्वरः । ३।९

इत्यादि श्रुतियों से सिद्ध है। महाभारत वनपर्व अध्याय ३० श्लोक २७ में भी ाही बात कही है।

अज्ञो जन्तुरनीशोयमात्मनः सुखदुःखयोः ।
ईश्वरप्रेरितोगच्छेत्स्वर्गं नरकमेव वा ॥ ३० । २७

जीवात्मा अज्ञ अनीश क्षर पूर्व श्रुतियों से सिद्ध है इस कारण प्रत्येक कार्य में ाह ईश्वर के परवश है। प्रकृति स्वयं जड़ है। जड़ का चेतन के वश में रहना स्वभाव सेद्ध है। इन बातों का विस्तृत विवेचन करने के लिये ही श्री भाष्य की रचना ाचार्य ने की है। यही विशिष्टाद्वैत के विषय में संक्षिप्त विवेचन है।

श्री रामानुजाचार्य के ग्रन्थों में जो उनका लोकोत्तर पाण्डित्य उनकी प्रतिभा ;ीख रही है वह असाधारण है। वेदों पर अटल श्रद्धा रखते हुये बौद्धों का मान ार्दन करने के लिये जो आपने वेदान्त सूत्रों पर वेदानुकूल तर्क उठाया है उसका कुछ निदर्शन हम यहां देते हैं-

अशुद्धमितिचेन्न शब्दात् ३।१।२५

इस सूत्र पर आपका जो संस्कृत भाष्य है उसमें आप कहते हैं कि [ अग्नीषोमी-ादेः संज्ञपनस्य स्वर्गलोकप्राप्तिहेतुतया हिंसात्वाभावशब्दात् पशोर्हि संज्ञपननिमित्तां ;वर्गलोकप्राप्तिं बदन्त शब्दमामनन्ति—

हिरण्यशरीर ऊर्ध्वः स्वर्गं लोकमेतीति ।

इत्यादिकम्। अतिशयिताभ्युदयसाधनभूतो व्यापारः अल्पदुःखदोपि न हिंसा ात्युत रक्षणमेव। तथाच मन्त्रवर्णः—

न वा उ एतन म्रियसे न रिष्यसि देवान् इदेषि पथिभिः सुगेभिः ।
१।१६२।२१

यत्र यन्ति सुकृतो नापि दुष्कृतः तत्र त्वा देवः सविता दधातु ।

इति । चिकित्सकञ्च तादात्विकाल्पदुःखकारिणमपिरक्षकमेव वदन्ति पूजयन्ति चतज्ज्ञाः ] इसका आशय यह है कि यज्ञका खण्डन करने वाले जो नास्तिक लोक यज्ञ का अलौकिक फल न मान कर अग्नीषोमीय पशुका संज्ञपन अवैध कहते हैं वह अल्पज्ञ हैं। क्योंकि वह ऐहलौकिक जीव का सुख देखते हैं। पारलौकिक जो उन्नति यज्ञ के द्वारा उसको प्राप्त होती है उसका उनको ज्ञान नहीं है इस लिये—

पशुश्चेन्निहतः स्वर्गं ज्योतिष्टोमे गमिष्यति ।
स्वपिता यजमानेन तत्र कस्मान्न हिंस्यते ॥१॥

इस प्रकार के तर्क नास्तिकों के ग्रन्थ में प्रायः पाये जाते हैं यहां पर [ कस्मान्न हिंस्यते ? ] इस प्रश्न का उत्तर श्रीरामानुजाचार्य ने बड़ी सुन्दरता के साथ दिया है वे कहते हैं कि जिस प्रकार—

अग्नीषोमीयं पशुमालभेत ।
वायव्यं पशुमालभेत ।
आग्निवारुणं पशुमालभेत् ।

इत्यादि-काम्यकर्म परक, वैधवाक्य-कर्मकाण्ड में मिलते हैं उस प्रकार [मनुष्य मालभेत ] इस प्रकारके बचन नहीं मिलते हैं। "बचनाभावात्" यजमान अपने पिता का हिंसन नहीं करता है। यदि कोई ऐसा बचन मिल जावे तो इस प्रकार के कार्य में भी काम्य कर्म वालों को कोई आपत्ति नहीं है। अग्निषोमीय पशु का विश्रपण—

१ हिरण्यशरीरः ।
२ न वा उ एतत् ।
३ यत्र यन्ति सुकृतः ।

इन पूर्वोक्त तीन श्रुतियों से सिद्ध है इस कारण यज्ञ में उसका उपयोग किया जाता है। उत्कृष्ट अभ्युदय देने वाले कर्म में यदि कुछ कष्ट भी हो तो वह सुख प्राप्ति निमित्तक होने से सुख ही मानना होता है। जिस प्रकार कोई चिकित्सक किसी दुःखद व्रण को शस्त्रोपघात से चीर कर उसको भविष्य में दुख से बचाने की इच्छा से रोगी के शरीर पर आघात करने की भी दक्षिणा ( फीस ) लेता है और बुद्धिमान् जन उसको देते हैं इसी प्रकार यहां पर भी नीच पशु योनि से उत्तम योनि प्रापक हिंसन पशु योनिगत जीव के लिये दुःखप्रद नहीं माना जाता है। यही रामानुज भाष्य का आशय है। इस भाष्य के देखने से आचार्य की वेदों पर कितनी आस्था थी ? इसका पता अनायास लग जाता है। आपने जिस हिम्मत के साथ अनीश्वर

वादियों के समक्ष ईश्वर की उपासना का स्थापन किया उसके लिये समस्त सनातन-धर्मी संसार आपका ऋणी है।

## त्रिदण्डियों के नियम।

त्रिदण्डमुपवीतं च वासः कौपीनवेष्टनम्।
शिक्यं पवित्रमित्येतद्बिभृयाद्यावदायुषम् ॥७

त्रिदण्डं वैष्णवं लिङ्गं विप्राणां मुक्तिसाधनम्।
निर्वाणं सर्वधर्माणामिति वेदानुशासनम् ॥१०

त्रिसन्ध्यं शक्तितः स्नानं तर्पणं मार्जनं तथा।
उपस्थानं पञ्चयज्ञान्कुर्यादामरणान्तिकम् ॥१२

पञ्चैतास्तु यतेर्मात्रास्तामात्राब्रह्मणेश्रुताः।
न त्यजेद्यावदुत्क्रान्तिरन्तेपि निखनेत्सह ॥८

विष्णुलिङ्गं द्विधाप्रोक्तं व्यक्तमव्यक्तमेव च।
तयोरेकमपि त्यक्त्वा पतत्येव न संशयः ॥९

परिव्राजकाश्चतुर्विधा भवन्ति सर्व एते—
विष्णुलिङ्गिनः शिखिन उपवीतिनः।
जपयमवन्तो नियमवन्तः पुण्यलोका भवन्ति ॥११

यह वाक्य शाठ्यायनीयोपनिषद् के हैं। इनमें त्रिदण्डियों के लिये विशेष नियम हैं जिनके अनुसार वैष्णवधर्म में रहकर धर्मसाधन करना होता है यजुर्वेद की शाठ्यायनी शाखा संसार में प्रसिद्ध है।

## अत्रायं–निष्कर्षः।

जगत्सर्वं सत्यं सति जगति जीवाः स्थिरचराः
पतिस्तेषां विष्णुः परमसुखदः सोपि सगुणः।
स्वभावाद्यस्यासन् चिदचिदखिलात्माधिपतयः
सदेति श्रीरामानुजविमलसिद्धान्तसरणिः ॥१॥

अब रामानुज सिद्धान्त का निचोड़ लिखते हैं—श्रीरामानुज के मतमें जगत्सत्य है। जीव भगवान के स्वभावतः स्थिर दास है। उनका अध्यक्ष सगुण विष्णुदेव है। चिद्-चिद्धीश्वर समस्त देवगण उनके स्वभावतः अंश हैं यही रामानुजाचार्य का विमल सिद्धान्त मार्ग है।

# [ श्री मध्वाचार्य ]

आपका प्रादुर्भाव विक्रम संवत् १२९५ माघ शुक्ल सप्तमी को मद्रास प्रान्त के अन्दर उडूपी क्षेत्र के पास वेललिग्राम में भार्गव गोत्रीय नारायण भट्ट के घर माता वेदवती के गर्भ से हुआ। यह वासुदेवांश माने जाते हैं इस कारण इनका नाम भी वासुदेव धरा गया। ग्यारह वर्ष की अवस्था में आपने अच्युत पक्षाचार्य नामक गुरु से संन्यास लिया। आपका संन्यास का नाम पूर्णप्रज्ञ धरा गया। आपने भगवद्गीता पर भाष्य लिखकर बदरिकाश्रम में श्रीवेदव्यास जी को समर्पित किया। उन्होंने आपको तीन शालिग्राम देकर धर्म प्रचार करने की आज्ञा दी। आज्ञानुसार इन्होंने उन शालिग्रामों को उडूपी में मन्दिर बनवाकर स्थापित किया। इसीसे यह स्थान मध्व सम्प्रदायका तीर्थ माना जाता है। आपने यज्ञ में पशुबलि के स्थान में तंडुल निर्मित छाग बलिका समर्थन किया। सरिदन्तर नामक स्थान में आपका मानव लीला संवरण हुआ। परमधाम जाते समय आपने पद्मनाभतीर्थ को उत्तराधिकारी बनाकर उनको सम्प्रदाय चलाने की आज्ञा दी जो परम्परया अब तक चल रही है। आप के मतका निष्कर्ष यह है।

श्रीमन्मध्वमते हरिः परतरः सत्यं जगत्तत्वतो
भेदो जीवगणा हरेरनुचरा नीचोच्चभावं गताः।
मुक्तिर्नैजसुखानुभूतिरमला भक्तिश्च तत्साधनं
प्रस्थानत्रितयं प्रमाणमखिलाम्नायैकवेद्यो हरिः ॥ १ ॥

आपके मतमें उपास्य देव परतर श्रीकृष्ण हैं। जगत् सत्य है। जीव भगवान् के सेवक हैं। निजसुखावाप्ति मुक्ति है। उसका साधन भक्ति है और गीता वेदान्त सूत्र तथा उपनिषद् यह प्रस्थानत्रय प्रमाण ग्रन्थ हैं और समस्त शास्त्रों द्वारा ज्ञातव्य एक मात्र, भगवान् श्रीकृष्ण हैं। यही आपके विषय में सत्य स्वरूप सिद्धान्तों का संक्षिप्त परिचय है।

# [ श्री निम्बार्काचार्य ]

आपका अवतरण आजसे एक सहस्र वर्ष पहिले विक्रम संवत् ९८५ में आश्विन कृष्ण चतुर्दशी को गोदावरी के तट पर अरुणाश्रम में अरुणमुनि के घर जयन्तीदेवी से हुआ, इनको सुदर्शन का अवतार कहा जाता है। आपका पहिला नाम भास्कराचार्य था। पांच वर्ष की अवस्था में आपका उपनयन हुआ जिसमें नारद ने स्वयं आकर इन को गोपाल मन्त्र की दीक्षा दी। द्वैताद्वैत सिद्धान्त आपका मत था। आपने वेदान्त सूत्रों पर वेदान्त पारिजात सौरभ नामक भाष्य लिखा जिसमें

श्रीशङ्कराचार्य को सर्व प्रथम बौद्ध सम्प्रदायी घोषित किया है। नारद से दीक्षा लेने के बाद आपका नाम नियमानन्द हुआ। इनकी गद्दी का प्रधान स्थान यमुना तट पर ध्रुव क्षेत्र है वहीं पर ये रहते थे। एक दिन एक जैन साधु इनके स्थान पर आया। उसके साथ विचार करते २ अति काल हो गया। जैन साधु ने सूर्यास्त के समय भोजन करना अस्वीकार किया। उस समय आपने श्रीकृष्ण को याद किया। श्रीकृष्ण ने अपनी लीला से निम्ब वृक्ष पर सूर्य दिखाया तब उस जैन साधु ने भोजन किया। उसी दिन से आपका नाम निम्बार्क होगया। आपके सम्प्रदाय में श्री राधाकृष्ण की पूजा और प्रधान ग्रन्थ श्रीमद्भागवत माना जाता है। आपने अनेक अन्य भी ग्रन्थ लिखे जो दुष्प्राप्य हैं। आपने श्रीशंकराचार्य पर जो आक्षेप किया है वह उचित कार्य नहीं किया। सम्प्रदाय भेद होने पर भी आपस में जो आचार्यों में विद्वेषपूर्ण व्यवहार होता है उसको हम अच्छा नहीं मानते हैं। श्री शङ्कराचार्यने जो कार्य किया वह अप्रतिम था। इसलिये उनकी निन्दा करना किसी के लिये भी उचित नहीं है।

## [ श्री चैतन्य महाप्रभु ]

आपका प्राकट्य शक संवत् १४०७ में फाल्गुन शुक्लपूर्णिमा को सिंहलग्न में नवद्वीप में हुआ। आपके पिता का नाम जगन्नाथ मिश्र और माता का नाम शचीदेवी था। आपको श्रीराधा का अवतार कहा जाता है। आपका सिद्धान्त द्वैताद्वैत है। आप चौबीस वर्ष तक गृहस्थ थे। न्याय के असाधारण विद्वान् थे। आपने संन्यासियों में भक्ति मार्ग का प्रचार करने के लिये स्वयं भी केशव भारती से संन्यास लिया। आप ने एक न्याय विषय में बड़ा विद्वत्ता पूर्ण ग्रन्थ लिखा था। इनके एक मित्र ने भी न्याय पर ही ग्रन्थ लिखा था दोनों मित्र जब एकत्र हुए तो दोनों ने आपस में अपना २ ग्रन्थ दिखाया। आपका ग्रन्थ देखकर मित्रका चेहरा उतर गया। इसीपर आपने उसके समक्ष अपना ग्रन्थ गंगा में बहा दिया। यह आपका कितना उच्च भाव था कहते कण्ठ गद्गद हो जाता है।

आपके प्रभाव से उस समय के वासुदेव सार्वभौम और प्रकाशानन्द जैसे वेदान्तनिष्ठ परम भक्तिनिष्ठ हो गए। जगाई-मधाई जैसे पतित जन उत्तम भक्त बन गए। आपने कई वार अपने भक्तों को चतुर्भुज रूप में श्रीकृष्ण का दर्शन कराया। आपके जीवन का शेष भाग नीलाचल में व्यतीत हुआ। आपने एकवार मधु की आवश्यकता पड़ने पर एक सरोवर का जल मधु बना दिया जो आज भी मधु पुष्करिणी नाम से ख्यात है। आपने अपने शिक्षाष्टक में भगवन्नाम कीर्त्तन और

भगवन्नाम जप को जीवनोद्धार का मुख्य साधन बतलाया। आप अपने शिष्यों को देवाराधन के द्वारा दैवी सम्पत्ति एकत्र करने का उपदेश देते थे। आचरण पवित्र रखने पर आप विशेष ध्यान रखते थे। उनके पास जाकर जो संन्यासी शिष्य होते थे उनके लिये आपका यही प्रथम उपदेश था कि तुम किसी भी स्त्री से बात मत करो। एक वार उनके शिष्य हरिदास ने एक माधवी नाम की वृद्धा स्त्री से बार्तालाप किया था। इसी अपराध पर उसका सर्वदा के लिये आपने परित्याग कर दिया।

## [ श्री वल्लभाचार्य ]

आपका अवतार विक्रम संवत् १५३५ वैशाख कृष्ण एकादशी को चम्पारण्य ( रायपुर सी० पी० ) में हुआ। आप अग्निदेव के अवतार थे। आपके पिता लक्ष्मण भट्ट और माता श्री इलम्मा थीं। आप तैलङ्ग ब्राह्मण थे। आपका गोत्र भारद्वाज और सूत्र आपस्तम्ब था सात पीढ़ी से आपके यहां सोम यज्ञ होते आये जिनके प्रतिफल में आपका अवतार हुआ। आपके पिता सोमयज्ञ की पूर्त्ति के उपलक्ष्य में काशी में जाकर एक लक्ष ब्राह्मणों को भोजन कराने के लिये घर से चले। मार्ग में आप का प्राकट्य हुआ।

आपके सब संस्कार यथाक्रम यथा समय यथा विधि हुए। आप ने काशी में श्री माधवेन्द्रपुरी से अध्ययन किया। ग्यारह वर्ष की अवस्था में सब विद्या समाप्त कर आप वृन्दावन आये और वृन्दाबन से तीर्थाटन के लिये आप चले। चलते २ आप विजयनगरके राजा कृष्णदेव की सभा में जाकर शास्त्रार्थ करने को प्रस्तुत हुए। शास्त्रार्थ में आपकी विजय हुई। विजय के उपलक्ष में राजा ने समस्त सामयिक विद्वानों के समक्ष आपको सुवर्ण के सिंहासन पर बैठाकर आपका कनकाभिषेक किया जिसमें बहुत सुवर्ण आपको भेंट में दिया। वहां से चलकर आप उज्जैन आये। वहां शिप्रा नदी के तटपर पिप्पल के नीचे आपने निवास किया। आपका वह स्थान आज बैठक के नाम से उज्जैन में प्रसिद्ध है। आप ने वृन्दावन और गोवर्धन में रहकर श्रीकृष्ण की बहुत आराधना की। आपकी अष्टयाम सेवा सर्वत्र प्रसिद्ध है। आपकी सेवा से सन्तुष्ट होकर श्रीकृष्ण ने कई वार आपको प्रत्यक्ष दर्शन दिये और वात्सल्य भाव में ( बालरूप में ) उपासना करने का आदेश दिया इसीलिये वल्लभ सम्प्रदाय में बालकृष्ण भगवान् की पूजा होती है।

भगवान् श्रीकृष्ण जी ने एकवार प्रकट होकर आपके यहां पुत्ररूप में प्रकट होने के लिये अपनी इच्छा प्रकट की। इसलिये अट्ठाईस वर्षकी अवस्था में आपने विवाह किया। आपके यहां पुत्र रूपमें (विट्ठलनाथ के रूपमें) भगवान् प्रकट हुए। आपका

श्रीचैतन्य महाप्रभु के साथ समकालिक होने से कई वार समागम हुआ। आप जीवन के अन्तिम भाग में काशी जाकर रहे। एक दिन हनुमान घाट पर आप स्नान करने गये। स्नान के वाद आप के समक्ष एक उज्वल ज्योति शिखा प्रकट हुई जिसमें प्रविष्ट होकर आप सदेह ऊपर की ओर उठकर आकाश में लीन हुए। यही आपके समय और स्वरूप का विवरण है।

## [ शुद्धाद्वैत सिद्धान्त वैचित्र्य ]

आपके सिद्धान्त की मूल भित्ति जिन साधनों पर स्थिर है उनका केवल संकेतमात्र यहां पर दिखाया जाता है। चिद्चिद्विशिष्ट होने पर भी ब्रह्म को शुद्धबुद्धमुक्त स्वभाव मानना, माया को सत्य मानकर उसके कार्यों को नित्य मानना आदि अनेक विषय आपके सिद्धान्त में अन्य आचार्यों से विलक्षण हैं। आपके मत में—

वेदाः श्रीकृष्णवाक्यानि व्याससूत्राणि सर्वतः।
समाधिभाषा व्यासस्य प्रमाणं तच्चतुष्टयम् ॥१॥

इस पद्य के अनुसार वेद, भगवद्गीता, व्याससूत्र और समाधिकाल निश्चित व्यास की समाधि भाषा श्रीमद्भागवत यह चार ग्रन्थ प्रमाण हैं। आपने सुबोधिनी नामक श्रीमद्भागवत की टीका और वेदान्तसूत्र पर अणु भाष्य बहुत सुन्दरता के साथ लिखा है। उसमें जीव को अणु परिमाण मानकर नित्य माना है और माया को सत्य सिद्ध किया है, माया के सत्य सिद्ध करने में—

असत्यमप्रतिष्ठं ते जगदाहुरनीश्वरम्।
अपरस्परसम्भूतं किमन्यत्कामहैतुकम् ॥१६।८
एतां दृष्टिमवष्टभ्य नष्टात्मानोऽल्पबुद्धयः।
प्रभवन्त्युग्रकर्माणः क्षयाय जगतोऽहिताः ॥१६।९

भगवद्गीता के यह दो पद्य आप देते हैं। जगत् को असत्य मानना आसुर सर्ग के मनुष्यों का काम है। इसी कारण इन्द्र विरोचन सम्वाद में असुर [ मायेत्यसुराः ] कह कर माया वाद को असत्य मानते हैं। दैवी सम्पत्ति वाले जगत् को सत्य और माया को नित्य मानते हैं, यह दोनों बातें अर्थापत्ति सिद्ध हैं। माया को बिना नित्य माने माया का कार्य जगत् सत्य सिद्ध नहीं होता है। इसलिये माया का नित्य मानना अनिवार्य है माया भगवद्विभूति है इसलिये भाष्यप्रकाश में श्रीपुरुषोत्तमचरण जी—

यस्याः कार्यमिदं कृत्स्नं व्यवहाराय कल्पते।
निर्वक्तुं सा न शक्येति वचनं बञ्चनार्थकम् ॥

इस पद्य के द्वारा उसका नित्यत्व सिद्ध करते हैं। जिसका कार्य रूप जगत् प्रति दिन व्यवहार में आता है उसको अनिर्वचनीय कहना केवल परप्रतारण मात्र है, यही ऊपर के पद्य का आशय है। [ २ । १ । १४ ] सूत्र के अणुभाष्य पर यह भाष्य प्रकाशकार का वाक्य है। स्वप्न का दृष्टान्त देकर यदि माया को असत्य माना जावे तो—[ यदाकर्मसु काम्येषु ] इस छान्दोग्य श्रुति का खण्डन होता है। क्यों कि वहां पर भी "पश्यति" क्रिया प्रत्यक्षानुभव गम्य ठहरती है और स्वप्नदृष्टकार्य का प्रत्यक्ष फल मिलता है। असत्य कारण से सत्य कार्य बन नहीं सकता इस लिये माया सत्य है।

इन्द्रो मायाभिः पुरुरूप ईयते १

अस्मान्मायी सृजते विश्वमेतत् २

इत्यादि श्रुतियों में ईश्वर के साथ सर्वदा सर्वत्र माया का साहचर्य मिलता है, जो माया ईश्वर का पीछा कदापि नहीं छोड़ती और जिसमें व्याप्य—व्यापक भाव मानकर ईश्वर की सर्वव्यापकता सिद्ध की जाती है वह माया न अनिर्वचनीय है और न असत्य है। यह श्री बल्लभाचार्य के ग्रन्थों का आशय है।

## पुष्टि—मार्ग।

आपके सिद्धान्त का दूसरा नाम पुष्टि मार्ग है—भक्ति से भगवान् प्राप्त होते हैं, इस लिये भक्ति मार्ग पर भगवान् का अनुग्रह है। यही अनुग्रह—

अत्र सर्गो विसर्गश्च स्थानं पोषणमूतयः।
मन्वन्तरेशानुकथा निरोधो मुक्तिराश्रयः ॥२।१०।१
भूतमात्रेन्द्रियधियां जन्म, सर्ग उदाहृतः।
ब्रह्मणो गुणवैषम्याद्विसर्गः, पौरुषः स्मृतः ॥ २।१०।३
स्थितिर्वैकुण्ठविजयः, पोषणं तदनुग्रहः।
मन्वन्तराणि सद्धर्म ऊतयः कर्मवासनाः ॥२।१०।४

श्रीमद्भागवत के इन पद्यों में यथाक्रम दिखाया गया है। द्वितीय स्कन्ध के दशमाध्याय में जो कि प्रसङ्ग में—[ अत्र ] शब्द से विवक्षित है। सर्ग, विसर्ग, स्थान, पोषण, ऊति आदि का वर्णन किया गया है। वहां पर—

भूतमात्रेन्द्रियधियां जन्म सर्गः।
ब्रह्मणो गुणवैषम्याद्विसर्गः।
वैकुण्ठविजयः स्थितिः स्थानम्।

भगवदनुग्रहः पोषणम् ।
कर्मवासनाद्या ऊतयः ।

श्रीवेदव्यास जी महाराज इन पदों में सर्गादि का यह विवरण करते हैं। इस विवरण में—भगवदनुग्रह का नाम--पोषण है। पुषपुष्टौ--इस धातु से पोषण बनता है, धात्वर्थ पुष्टिपरक है, प्रस्तुत में पोषण का नाम पुष्टि है, पोषण भगवदनुग्रह है, भगदवनुग्रह भक्ति साध्य है। इस परम्परा रूपक से इस भक्ति मार्ग का नाम पुष्टि मार्ग होगया है।

## पद्य का आचार्य-कृत विवरण।

ऊपर श्रीमद्भागवत के जो पद्य दिये गये हैं, उनमें प्रथम पद्य की सुबोधिनी में आचार्य कहते हैं—

१ तत्र अशरीरस्य विष्णोः पुरुषशरीरस्वीकारः सर्गः।
२ पुरुषाद्ब्रह्मादीनामुत्पत्तिर्विसर्गः।
३ उत्पन्नानां तत्तत्मर्यादया पालनं स्थानम्।
४ स्थितानामभिवृद्धिः पोषणम्।
५ पुष्टानामाचार ऊतिः।
६ तत्रापि सदाचारो मन्वन्तरम्।
७ तत्रापि विष्णुभक्तिरीशानुकथा ।
८ भक्तानां प्रपञ्चाभावो निरोधः।
९ निष्प्रपञ्चानां स्वरूपलाभो मुक्तिः।
१० मुक्तानां ब्रह्मरूपेणावस्थानमाश्रयः।

आचार्य के इस विवरण से भक्ति मार्ग समर्थक सब प्रकरणों का अनायास समन्वय हो जाता है। द्वितीय स्कन्ध के तृतीयाध्याय में— [ देवीं मायां तु श्रीकामः २।३।३ ] इस पद्य का विवरण करते हुये आपने माया शब्द का—

"मया सहाऽऽगन्तव्यमिति नियोगकरणान्मायेत्यभिधानम्"

यह विचित्र अर्थ किया है और माया को लक्ष्मी माना है। वह माया सर्वदा विष्णु के रूप को देखकर वैसा ही अपना रूप बना लेती है। रामावतार में सीता और कृष्णावतार में राधा बनकर उसने अपना अनुगमन सिद्ध कर दिया है। इस लिये आपका माया शब्द का निर्वचन ठीक बैठता है। इसके उदाहरण में आपने सुबोधिनी में—

इत्थं विचिन्त्य परमः सतु वासुदेव-
नामाबभूव निजकारणमुक्तिदाता ।
तस्याज्ञयैव नियताथ रमापि रूपं
बभ्रे द्वितीयमिव यत्प्रवदन्ति मायाम् ॥१॥

यह पद्य दिया है, पद्यार्थ ऊपर आचुका है। वास्तव में अपनी माया का अन्त भगवान् भी नहीं जानते हैं क्यों कि वह भगवदीय है। जिस प्रकार व्यापक और अनन्त होने के कारण आकाश अपना अन्त नहीं जानता है, उसी प्रकार भगवान् भी अपना और अपनी माया का अन्त नहीं जानते हैं। अन्यथा भगवान् अनन्त तथा अनन्त गुण नहीं ठहरते हैं। यह आपने बड़ी खूबी के साथ—

योह्यात्ममायाविभवं स्म पर्यगात्
यथा नभः स्वान्तमथापरे कुतः ॥२।६।३५

इस पद्य के विवरण में स्पष्ट किया है। [ परीतिनिषेधार्थे-नज्ञातवानित्यर्थः ]

## सिद्धान्त प्रतिपादन।

वल्लभ सम्प्रदाय में [ भक्त्यात्वनन्ययालभ्यः ] इस भगवद्वाक्य से भक्ति द्वारा भगवत्प्राप्ति सर्वतोभावेन सिद्ध है।

यो यदंशः सतं भजेत् ।

इस वाक्य से जो जिसका अंश होता है वह उसी की ओर जाता है। जीव सनातन और भगवदंश है, जिसके लिये भगवान् स्वयं [ ममैवांशो जीवलोके ] ऐसा गीता में लिख चुके हैं। इस लिये जीव का भगवान् की ओर जाना स्वभाव सिद्ध है। [ भक्त्या मामभिजानाति ] इस भगवद्वाक्य से ईश्वर भक्ति वेद्य है। भगवान् भक्ति को देखकर भक्तका ही वरण करते हैं। इसी लिये—

यमेवैष वृणुते तेन लभ्यः ।

ऐसा श्रुति कहती है। लोक में भी, यज्ञ में यजमान पहिले वरण ही करता है। इसी प्रकार भगवान् भी अपनी क्रीड़ा के लिये भक्तों का वरण करके भक्त पराधीन बनता है यह उसका स्वभाव है। बिना भगवान् के वरण किये भगवत्प्राप्ति सर्वथा असम्भव है। वरण ईश्वर कर्तृक है, इसी लिये मन्त्र में [ यं-एव-वृणुते ] कहा है। [ एनं-यो-वृणुते ] नहीं कहा है। इस लिये मनुष्य को चाहिये कि वह भक्ति के द्वारा अपने को भगवद्वरण योग्य बनावे, यही संक्षेप से वल्लभसिद्धान्त है।

## अत्रायं-निष्कर्षः ।

सद्रूपं कृष्णरूपं जगदिदमखिलं ब्रीहिसूच्यग्रकल्पो
जीवोऽणुः सच्चिदात्मा व्रजपतिचरणे सर्वसारैव भक्तिः ।
साकारं ब्रह्म तद्यद्व्रजभुवि रमते सच्चिदानन्दभावा-
दित्याकारप्रकारो जगति विजयते वल्लभाचार्यमार्गः ॥१

अब वल्लभ सिद्धान्त का निचोड़ लिखते हैं। श्री वल्लभाचार्य के मत में समस्त जगत् कृष्ण रूप सत्य है, जीव अणु है और सच्चित्स्वरूप है। श्रीकृष्ण प्रापक सब में सार भूत-भक्ति मार्ग ही है। ब्रह्म साकार कृष्ण रूप है, जो व्रज में क्रीड़ा करता है। सच्चिदानन्द रूप से वही सर्वत्र रहता है। इस आकार प्रकार वाला जो मार्ग है, वही वल्लभाचार्य का मार्ग है।

## समय तारतम्य सूची ।

अब हम समस्त आचार्यों के समय का तारतम्य बतलाते हैं, शङ्कर का समय संवत् ७४५ विक्रम है। रामानुज का ६३८ संवत् है, इनमें २०७ वर्ष का अन्तर है। माध्वाचार्य का समय १२६५ विक्रम संवत् है, चैतन्य महाप्रभु का १४०७ है। निम्बार्क का ६८५ है, वल्लभाचार्य का समय १५३५ वैक्रम इतना है। इनमें १०-१५ वर्ष का आगा-पीछा होना सम्भव है, परन्तु इससे अधिक अन्तर निकालना ठीक न होगा। क्योंकि ताम्रपत्र, शिला-लेख, विजयस्तम्बलिपि, वंशानुक्रम, दानपत्र लेख देखकर हमने यह समय निर्धारित किया है।

## श्री रामानन्दाचार्य

आपका जन्म विक्रम संवत् १३५६ माघ कृष्णा सप्तमी कुम्भलग्न चित्रानक्षत्र में प्रयागक्षेत्रस्थ श्री पुण्य सदन नामक ब्राह्मण के घर सुशीला देवी से हुआ। बाल्य-काल के बीतने पर आठ वर्ष की अवस्था में आप का उपनयन हुआ। आपका जन्म नाम रामदत्त था। उपनयन के अनन्तर आपने श्रीराघवानन्दजी से विद्याध्ययन किया थोड़े समय में ही आप पूर्ण विद्वान हुए। विद्याध्ययन समाप्त करके नैष्टिक ब्रह्मचर्य की दीक्षा लेकर राघवानन्द जी से ही षडक्षर श्री रामतारक मन्त्र लिया। फिर आप ने विशिष्टाद्वैत सम्प्रदाय के ग्रन्थों का अध्ययन किया। अध्ययन समाप्त करके आपने अपने सिद्धान्त का स्थापन करने के लिये वेदान्त सूत्रों पर आनन्दभाष्य लिखा। रामार्चन पद्धति, वैष्णवमताब्ज भास्कर आदि अनेक ग्रन्थ लिखकर आपने प्रचार कार्य आरम्भ किया। समय और स्वरूप के विषय में इतना ही परिचय हमको प्राप्त हुआ

है। काशी में पञ्चगङ्गा पर आपने अपना मठ स्थापित किया, और १११ वर्ष की अवस्था में आप परधाम को प्राप्त हुये।

## आपका सिद्धान्त।

आपके मत में [ यस्य पृथिवी शरीरम् ] आदि श्रुतियों से प्रतिपादित यावन्मात्र भगवल्लीला परिकर रूप समस्त जगत् भगवच्छरीर है। आपके संप्रदाय की अधिष्ठातृ जगदम्बा श्री जानकी महाराणी हैं, और परमोपास्य देव श्रीभगवान् रामचन्द्र हैं, इनके अतिरिक्त समस्तदेव श्रीरामचन्द्र के अंशकला रूप हैं। श्री गो० तुलसीदास आदि भारत के गण्यमान्य सज्जन आपके सम्प्रदाय के ही प्रचारक माने जाते हैं। आपके मत में रामतारक मन्त्र-मन्त्र राज है। आप किसी संप्रदाय से द्वेष न करके सबके साथ प्रेम करने का उपदेश देते हैं। यवनों के द्वारा बलपूर्वक जो हिन्दू शिखा यज्ञोपवीत हीन हुये थे, उनको रामतारक मन्त्र देकर आपने पवित्र कर दिया और उनकी एक जाति अलग बनाकर हिन्दुओं से उनको अलग रहने का आदेश दिया। जिससे हिन्दु-जाति का आचार-विचार पवित्र बना रहे। आप स्वयं अपने आप भी वैष्णव धर्मानुसार बहुत आचार-विचार के साथ अपना जीवन व्यतीत करते थे। आपने हिन्दू जनता का बहुत उपकार किया। यवन राज्य में रह कर भी रामदल के साथ उनका मुकाबिला किया। साधु बनकर हिन्दुओं को बहकाने वाले यवनों का आपने खूब बहिष्कार किया। इसीसे आज भी यवनदल रामदल से सशङ्क रहता है।

वेदवेद्ये परे पुंसि जाते दशरथात्मजे।
वेदः प्राचेतसादासीत्साक्षाद्रामायणात्मना ॥१॥

यह पद्य आपके सिद्धान्त का पथ-प्रदर्शक है। इस पर आपके विश्वास को दृढ़ बनाने के लिये स्वयं प्राचेतस वाल्मीकि ने आपको स्वप्न में आकर दर्शन दिया और कहा कि वेदवेद्य श्रीराम पुरुषोत्तमावतार है और उसका गुण वर्णन परकवेद ब्रह्मदेव ने मेरे द्वारा ही रामायण के रूप में प्रकट कराया है। गायत्री के चौबीस अक्षरों पर मैंने एक२ सहस्र पद्य रचना की है। मूल रामायण में इसका प्रत्यक्ष निदर्शन है। तकार से आरम्भ करके 'यात्' पर उसका मैंने अवसान किया है, इसका कलि में जितना अधिक प्रचार होगा उतना ही संसार का कल्याण होगा!, यह कहकर वाल्मीकि अदृश्य हुये। उनको ज्ञान-गुरु मानकर आपने यावज्जीवन उनकी आज्ञा का पालन किया।

## [ श्री चन्द्रमौलि चरितम् ]

ऐतिहासिक दृष्टि से दक्षिण भारत में श्री शंकर प्रभृति आचार्य गण; उत्तर भारत में रामानन्द आदि अनेक महापुरुष जिस प्रकार समय २ पर अवतीर्ण हुए

उसी प्रकार धर्मरक्षण तत्पर श्रीचन्द्र आदि अनेक महापुरुष पश्चिम भारत में अवतीर्ण हुए, दक्षिण में शिवाजी, मध्य भारत में प्रताप जिस प्रकार धर्म की बलिवेदी पर सर्वस्व चढ़ा चुके उसी प्रकार श्री चन्द्रका दल पंजाब में धर्म रक्षा के लिये तन-मन धन लगा चुका जिसके प्रभाव से यवनाक्रान्त पंजाब में आज सनातनधर्म चमक रहा है इसीलिये अब हम धर्मरक्षक आचार्यों के प्रसंग में महामहिम स्वनाम-धन्य श्री चन्द्रका परिचय उपस्थित करते हैं।

महामहिम श्री चन्द्रमौलि विक्रम संवत् १५५१ भाद्रपद शुक्ल नवमी को तलवंडी ग्राम में क्षत्रिय कुलभूषण श्री गुरुनानक के घर में सुलक्षणा देवी के गर्भ से प्रकट हुए। आपके गर्भ में रहने के समय भगवान् शंकर ने स्वप्न में आकर स्वयं इनकी माता को संदेश दिया कि इस आपके पुत्र के रूप में मैं आता हूं। इसी कारण आपका वेश जन्म से ही अवधूत रहा। यथा समय समस्त वैदिक संस्कार होने पर गर्भ से ग्यारहवें वर्ष में आपका उपनयन हुआ। काश्मीर देशमें जाकर आपने थोड़े से समय में ही विद्याध्ययन समाप्त कर के अपने गुरु अबिनाशी मुनि से श्रौत मुनिव्रत दीक्षा ग्रहण की। दीक्षा के बाद दिग्विजय निमित्त आपने भारत भ्रमण आरम्भ किया। अनेक विद्वानों को विवाद में निरुत्तर कर आपने चारों वेदों का भाष्य लिखा। जो काश्मीर में कहीं २ पर मिलता है। यह इतिहास सोमदेव रचित श्री चन्द्रचूड़ चरित नामक ग्रन्थमें मिलता है। १५० वर्ष की अवस्था में समाधिस्थ होकर आपने अपना मानव-जीवन संवरण किया। यही आपके विषय में समय और स्वरूप का विवेचन है।

## आपका सिद्धान्त

आपने अपने जीवन में सर्वत्र स्मार्त धर्म का प्रचार किया इसलिये स्मार्त सिद्धान्त ही आपका सिद्धान्त माना जा सकता है। आपने जो कार्य अपने जीवन में किये उनमें-

१—श्रौत सम्प्रदाय को पुनर्जीवित करना।

२—पञ्चदेवोपासना का प्रचार करना।

३—शैव, वैष्णव-कलह को मिटाना।

४—पीर, पैगम्बरों का दम्भ-दर्प-दलन करना।

५—हिन्दू जाति में आत्मिक-बल का उपदेश करना।

यह पांच कार्य प्रधान हैं। आपने अपना समस्त जीवन इनमें ही बिताया। विषयों से उदासीन रह कर परम्पराऽऽगत उदासीन मार्ग का जो आपने उद्धार किया वह अति प्रशंसनीय है। आपका सम्प्रदाय सनत्कुमार नारद बाभ्रव्य दालभ्य श्वेतकेतु च्यवन आदि श्रौत मुनियों द्वारा संसार में प्रचलित हुआ है, जिसमें आप तक १६५ महापुरुष गुजरे हैं। सनकादिक ब्रह्मा के मानसपुत्र इस मार्ग के अव-

तरण रूप थे, वे प्रवृत्ति मार्ग से हट कर निवृत्ति मार्ग के नेता माने जाते थे। आज भी उनको ऋषिसमाज में उन्नत स्थान दिया जाता है।

मन्त्रेषु कर्माणि कवयो यान्यपश्यन्
तानि त्रेतायां वसुधा संततानि ॥ १।२।१

मुण्डकोपनिषद् की इस श्रुति में कहा है कि क्रान्तदर्शी ऋषियों ने वेद मन्त्रों में जिन कर्मों का दर्शन किया वे कर्म सत्य युगोत्तर त्रेतायुग में विस्तृत हुए। मुनि-व्रत कृतयुग में सनकादिकों में उठ कर रह गया उसके बाद त्रेता में आकर उसके महत्व को मनुष्य समझने लगे।

मुनयो वातरशना: १०।१३६।२
इन्द्रो मुनीनां सखा ८।१७।१४

ऋग्वेद के इन मन्त्रों में मुनि शब्द का प्रयोग आया है। मुनि शब्द से ही मौन शब्द बना है। मननशील होने के कारण वेदों पर बिचार करने वालों का नाम मुनि हुआ है। ऋषि केवल मन्त्रद्रष्टा होते हैं, उन पर मनन करना मुनियों का ही काम है। आपस्तम्ब के—

चत्वार आश्रमा:, गार्हस्थ्यं, आचार्यकुलम्।
मौनम्, वानप्रस्थ्यम् २।२१।९।१
अनग्निरनिकेत: स्यादशर्माऽशरणो मुनि: २।९।२१।१०

इन दो सूत्रों में मुनिपद चतुर्थाश्रम के लिये आया है। त्रेता में विरक्त जन मुनि-वृत्ति में रहते थे। इसलिये—

धुनिर्मुनिरिव शर्धस्य धृष्णो: ७।५६।८

ऋग्वेद के इस मन्त्र में "मुनिरिव" कहा गया है। जिस प्रकार [ इववद्वा-यथा-शब्दौ ] इस अभिधान से इव सादृश्य में आता है उसी प्रकार से वत् भी सादृश्य में प्रयुक्त होता है। जैसे—

उदासीनवदासीन: १४।२३
उदासीनवदासीनम् ९।९

भगवद्गीता के इन दो पद्यों में वत् का प्रयोग हुआ है। यदि कोई प्राचीन समय में मुनि अथवा उदासीन नहीं थे तो सादृश्य में इव--वत् का प्रयोग किनके लिये किया गया ? इसलिये त्रेतामें इन दोनों का होना निर्विवाद है। त्रेता में-चन्द्र, दत्त, दुर्वासा यह तीन अत्रि-ऋषि के पुत्र हुये। चन्द्र ने गृहस्थ में प्रवेश किया दत्त और दुर्वासा यह दोनों मुनि व्रत में रहे। इनके द्वारा उस समय निवृत्ति मार्ग प्रौढ़ रहा। देव-समाज में

जहां पर मुनि व्रतधारी नारद का मान होता है, वहां पर मुनि-निन्दक यतियों की दुर्दशा भी होती थी, जिसका निदर्शन—

त्रिशीर्षाणं त्वाष्ट्रं अहनम् ।
अरुन्मुखान् यतीन् सालावृकेभ्यः प्रायच्छम् ॥ ३।१

कौषीतकि ब्राह्मणोपनिषद् के इस मन्त्र में मिलता है। इन्द्र ने जहां तीन शिर वाले त्वाष्ट्र का वध किया वहां मुनि-निन्दक यतियों को मारकर भेड़ियों को खिलाया इन दोनों निदर्शनों से मुनि व्रत का आदर और यति व्रत का अनादर अनायास सिद्ध होता है।

इन्द्रस्तुराषाट् मित्रो वृत्रं जघान यतीर्न ॥२।५।३

अथर्ववेद के इस मन्त्र में कौषितकि मन्त्र का पूर्ण समर्थन होता है। इसीलिये [ यतीर्न ] पद मन्त्र में आया है। वेद में ( न- ) इव के अर्थ में आता है। यहां तक हमने श्रीचन्द्रमौलि के प्रथम कार्य का परिचय दिया। दूसरा कार्य आपका पञ्जाब में—पञ्चदेवों का मन्दिर स्थापन है। आजकल पञ्जाब में जो हिन्दू मन्दिर मिलते हैं वे इनके प्रबल पुरुषार्थ का ही परिणाम है। तीसरा आपका कार्य पञ्जाब में—पीर, फकीरों का दर्पदलन करना है। पञ्जाब में पीर अपना झूठा चमत्कार दिखाकर भोले भाले हिन्दुओं को धर्म-भ्रष्ट करते थे। आपने उनसे अधिक सच्चा चमत्कार दिखाकर पञ्जाब में पीरों को नीचा दिखाया। हरि कीर्तन का प्रत्येक नगर में उपदेश दिया। शिव मन्दिर और विष्णु मन्दिर आपके आदेश से स्थल २ पर बनें। हिन्दुओं में आई हुई कमजोरियों को आपने अपने प्रचार से हटाया। घर के साम्प्रदायिक झगड़े बन्द किये। यह आपके कार्य पञ्जाब में आपकी विजय वैजयन्ती के समान चमक रहे हैं। जिनके लिये हिन्दू जनता आज भी आपकी ऋणी है।

## उपसंहार।

हमने इस समुल्लास में आद्य शङ्कराचार्य से लेकर श्रीचन्द्र तक सनातनधर्म रक्षक अनेक मध्यवर्ती धर्माचार्यों का समय, स्वरूप, सिद्धान्त उपस्थित किया है। इनके देखने से आचार्यों का महत्व अवगत होगा। धर्म में मनुष्यों की रुचि बढ़ेगी। व्यर्थ में बिना सिद्धान्त देखे जो इन पर कटाक्ष करते हैं, उनको इनके सिद्धान्त ग्रन्थ देखने का अवसर मिलेगा सिद्धान्तों की वैदिकता तथा उनका गूढ़ रहस्य आदर्श की तरह सामने दिखाई देगा। इन सब प्रयोजनों को लक्ष्य में रखकर यह धर्माचार्यों का संक्षिप्त चरित्र चित्रण लिखकर सनातनधर्मी महानुभावों के समक्ष उपस्थित किया गया है।

इतिश्रीमदखिलानन्द शर्म प्रणीते वैदिक सत्यार्थप्रकाशे
द्वादशः समुल्लासः

# त्रयोदशः समुल्लासः

## परलोक रहस्यम् ।

इस समुल्लास में परलोक रहस्य प्रस्तुत किया जाता है। जिससे मरने के अनन्तर जीव की क्या२ अवस्था होती है, किस प्रकार उसको श्राद्ध का फल मिलता है? किन २ मन्त्रों से मृतक श्राद्ध सिद्ध होता है? आत्मा किस प्रकार मरने के बाद जन्म लेता है? इत्यादि अनेक सामयिक उपयुक्त प्रश्नों का विवेचन हो जायगा। यजुर्वेद के—

द्वे सृती अशृणवं पितॄणां अहं देवानामुतमर्त्यानाम् ।
ताभ्यामिदं विश्वमेजत्समेति यदन्तरा पितरं मातरं च ॥१९।४७

इस मन्त्र में दो मार्गों का वर्णन मिलता है। इसका देवता अर्थात् प्रतिपादनीय विषय-देवयान पितृयान मार्ग है। मन्त्र में मातरं-पितरं यह दो शब्द द्युलोक और भूलोक के वाचक हैं। मन्त्र कहता है कि-भूलोक और द्युलोक के बीच में यावन्मात्र क्रियाशील प्राणि हैं, वे सब देवमार्ग और पितृमार्ग से लोकान्तर को जाते हैं यह दो मार्ग हमने सुने हैं किससे सुने हैं? श्रुति से, वह श्रुति कौन है? इसका उत्तर—

स एष देवयानो वा पितृयानो वा पन्थाः ।

इस श्रुति से मिलता है, यह श्रुति ब्राह्मण-भाग की है। ब्राह्मण के बिना मन्त्र सङ्गति नहीं होती है, यह इसका प्रत्यक्ष निदर्शन है। मार्ग कहीं जाने को होता है, यह दो मार्ग कहां जाते हैं? इस प्रश्न का उत्तर—

शतंचैका हृदयस्य नाड्यः सासां मूर्धानमभिनिः सृतैका ।
तयोर्ध्वमायन्नमृतत्वमेति विष्वङ् अन्या उत्क्रमणे भवन्ति ॥२।६।१६

कठोपनिषत् के इस मन्त्र में दिया है। मन्त्र कहता है कि मनुष्य के हृदय में एकसौ एक १०१ नाड़ियों का सम्बन्ध लगा हुआ है। उनमें एक सुषुम्ना नाड़ी मूर्धद्वार में शिखा के नीचे जाकर लगी है। उससे यदि प्राण निकलता है, तब तो आत्मा ऊर्ध्व जाता हुआ अमृतत्व को प्राप्त होता है। अर्थात्-फिर जन्म नहीं होता, यदि अन्य नाड़ियों से उसका निर्गमन हुआ, तो जीव सब योनियों में जाता है। इस श्रुति ने गमन के दो मार्ग बताये हैं। इनमें बलवत्तरप्राण-योगी सूर्य-मण्डल को भेद कर ब्रह्मलोक जाता है। मनःशक्ति वाला पुरुष चन्द्र-मण्डल होकर पितृलोक में जाता है। उभय शक्तिहीन पुरुष—

जायस्व म्रियस्व इत्येतत्तृतीयं स्थानम् ।
तेनासौ लोको न पूर्यते ॥ ५।१०।८ ॥

इस छान्दोग्य श्रुति के प्रमाण से बार २ जीने-मरने के चक्र में पड़ता है। यह प्रसङ्ग "पञ्चाग्निविद्या" के प्रसङ्ग में विस्तृत रूप में मिलता है। आज कल कुछ संशयापन्न नास्तिक—

भस्मान्तं शरीरम् ॥ ४० । १५ ॥

इस चतुर्थांश मन्त्र को लेकर कहते हैं कि जब शरीर का अन्तिम रूप भस्म है, तब और्ध्वदैहिक कार्य्य किसके लिये किया जाता है? इसका उत्तर यह कि मरने के बाद जो कर्म किये जाते हैं, उनका सम्बन्ध शरीर के साथ नहीं है। शरीर चिता में जल कर राख बन जाता है, परन्तु जीव अजर-अमर है। ईश्वरांश होने के कारण सनातन है। उसका—

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः ।
नचैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः ॥ २ । २३ ॥

इस गीतोक्त पद्य प्रमाण से न शस्त्र काट सकता है, न अग्नि जला सकता है, न जल गला सकता है और न वायु सुखा सकता है। ऐसी अवस्था में यह प्रश्न ही नहीं उठ सकता है। सनातनधर्म में आत्मा को अजर-अमर मानकर ही परलोक गत आत्मा के लिये श्राद्धादि कृत्य किया जाता है, जिसके लिये वेद प्रतिपद आज्ञा देता है, वेद की आज्ञा न मानना, या उस पर तर्क करना आस्तिकों का काम नहीं है। नास्तिकों का काम है।

यह विषय-कठोपनिषद् में नचिकेताके-प्रश्नोत्तर प्रसङ्ग में विस्तार से कहा गया है, और इसी प्रश्न को लेकर गीता के प्रथमाध्याय में अर्जुन ने—

कुलक्षये प्रणश्यन्ति ॥ १ । ४० ॥
अधर्माभिभवात्कृष्ण ॥ ४१ ॥
सङ्करो नरकायैव ॥ ४२ ॥
दोषैरेतैः कुलघ्नानां ॥ ४३ ॥
उत्सन्नकुलधर्माणां ॥ ४४ ॥

इन पद्यों में दुःख प्रकट कर युद्ध न करने का निश्चय किया था, यह प्रश्न नया नहीं है। इसका उत्तर कठ में--धर्मराज ने और गीता में श्रीकृष्ण ने दे दिया है, जो इन ग्रन्थों को नहीं देखते हैं, दोष उनका है। इसी लिये—

"नैष स्थाणोरपराधो यदेनमन्धो न पश्यति"

ऐसा निरुक्त में यास्क ने लिखा है। कठ में-नचिकेता दो वर मांगने पर तृतीय वरदान प्रसङ्ग में यमराज से कहता है—

येयं प्रेते विचिकित्सा मनुष्ये अस्तीत्येके नायमस्तीति चैके।

एतद्विद्यामनुशिष्टस्त्वयाहं वराणां एष वरस्तृतीयः ॥ १।२०

मरे हुये मनुष्य के विषय में जो द्वैविध्य है? उसमें एक आस्तिक उसका अस्तित्व मानते हैं, दूसरे नास्तिक उसका अस्तित्व नहीं मानते हैं। इसका तात्त्विक उत्तर मैं आपसे चाहता हूं क्यों कि आप ही उस लोक के अध्यक्ष हैं; जिसमें मर कर प्राणी जाते हैं। यही मेरा तीसरा वर है। नचिकेता की यह बात सुनकर यम ने अनेक प्रकार के अन्य प्रलोभन देकर उसको डिगाना चाहा परन्तु वह न डिगा। अन्त में बचन बद्ध होने के कारण इस प्रश्न का उत्तर यम ने नचिकेता को दिया जो समस्त कठ में विद्यमान है। हम उसका उल्लेख समय २ पर क्रमशः इस प्रकरण में करेंगे।

## परलोक पर-विश्वास

भूलोक में जन्म लेने वाले मनुष्यों के लिये स्वर्गलोक-पितृलोक-यमलोक-ब्रह्मलोक आदि अन्तरिक्ष गतलोक प्रत्यक्ष नहीं दीख सकते हैं। परन्तु वेद मन्त्रों के प्रमाण से उनका अस्तित्व अवश्य मानना पड़ता है। लोक में सब पदार्थों का प्रत्यक्ष नहीं होता है। इसीलिये अनुमान उपमान शब्द आदि प्रमाण उपयोग में आते हैं। उदाहरणार्थ अपना २ पितृनिर्णय ही ले लीजिये; लोक में कोई पुत्र अपने पिताका निर्णय अपनी आंखों से नहीं कर सकता है; क्योंकि गर्भाधान के समय पुत्र का अस्तित्व अप्राप्त है। उसका निर्णय केवल जन्मदात्री माता के ऊपर निर्भर है। माता जिसको बतलाती है उसीको पिता मानना पड़ता है और उसकी समस्त स्थावर जंगम सम्पत्ति पर पुत्र का अधिकार हो जाता है। यहां पर प्रत्यक्ष नहीं चलता है। केवल माता के कथन पर विश्वास से काम चलता है। इसी प्रकार लोक लोकान्तर के विषय में भी प्रत्यक्ष का अवलम्बन लेकर श्रुति रूप माता का आश्रय लेना पड़ता है। उसी से जगत्पिता का, जीवका, प्रकृति का, स्वर्गादिलोकों का अस्तित्व मानना पड़ता है। ऐसे दुरूह विषयों में श्रुति प्रमाण के अतिरिक्त अन्य कोई साधन नहीं है।

## पंचाग्नि विद्या विवेचन

तं प्रेतं दिष्टं इतः-अग्नयएव हरन्ति।

यत एव इतः-यतः सम्भूतो भवति ॥ ५।९।२

इस छान्दोग्य श्रुतिमें प्रेतात्मा का अग्नि के द्वारा यहां से गमन और अग्नि के द्वारा ही फिर प्रत्यावर्तन मिलता है। अब अग्नि किस प्रकार से उसका प्रत्यावर्तन करता है। इस पर बिचार किया जाता है।

एक वार आरुणेय श्वेतकेतु जैवलि प्रवाहण के पास गया। उसका अभिमान देखकर प्रवाहणने उसकी परीक्षा लेने के लिये पांच प्रश्न किये जो इस प्रकार हैं।

१ वेत्थ यदितोऽधि प्रजाः प्रयन्तीति ।

२ वेत्थ यथा पुनरावर्तन्त इति ।

३ वेत्थ पथोर्देवयानस्य पितृयानस्य व्यावर्तनम् ।

४ वेत्थ यथासौ लोको न सम्पूर्यते ।

५ वेत्थ यथा पञ्चम्यामाहुतौ आपः पुरुष वचसो भवन्ति ।

इन प्रश्नों को सुनकर श्वेतकेतु का सब अभिमान नष्ट हो गया। इनमें से एक का भी उत्तर वह न देसका। अन्तमें उसने प्रवाहण से ही इनका उत्तर पूंछा जो इस प्रकार है।

( १ ) हे गोतम ! यह लोक अग्नि है उसकी आदित्य समिधा है, किरण धूम है, दिन प्रकाश है, चन्द्रमा अङ्गार है, नक्षत्र चिनगारी है। इस अग्नि में देवगण श्रद्धा रूप घृत की आहुति देते हैं जिससे सोम उत्पन्न होता है। अग्नि के लिये लकड़ी चाहिये। लकड़ी से धूम उठना स्वाभाविक है। फल उसका प्रकाश है। अङ्गार अग्निका प्रौढ़ रूप है। उससे चिनगारियां स्वभावतः निकलती हैं। श्रद्धा के विषय में -

अग्निहोत्राहुतिपरिणामावस्थारूपाः

सूक्ष्मा आपः श्रद्धाभाविताः श्रद्धा उच्यन्ते ।

इस प्रकार स्वामी शंकराचार्य ने लिखा है। कौषीतकि ब्राह्मण में [ श्रद्धावा आपः ] यह मन्त्र है। जिसका विवरण शङ्कराचार्य ने किया है। निघण्टु के पञ्चमाध्याय के तृतीय खण्डमें श्रद्धा को भूस्थान देवता माना है। देवराज यज्वाने उसका विवरण करते हुए [ धर्मार्थसुखापवर्गेषु यथाशास्त्रमधिकृतः पुरुषस्य कर्मानुष्ठानहेतु भाव प्रख्यानात् बुद्ध्यभिदेवता श्रद्धा ] इस प्रकार लिखा है। इन दोनों विवरणों से श्रद्धा एक अलौकिक अपूर्व द्रव्य सिद्ध होता है जिसके द्वारा मृतकश्राद्ध उत्पन्न होता है यहां तक प्रथम प्रश्न का विवरण है।

( २ ) दूसरे प्रश्न के उत्तर में प्रवाहणि ने कहा कि—हे गोतम ! पर्जन्य अग्नि है वायु उसकी समिधा है, अभ्र धूम है, विद्युत् प्रकाश है, अशनि अङ्गार है, ह्राद विस्फु

लिङ्ग है। इस अग्निमें देवगण सोम का हवन करते हैं उससे वर्षा होती है। [ परितो जायतइति पर्जन्यः। अप्सुभ्राजतेइतिअभ्रम्। ह्रादोमेघध्वनिः ]

( ३ ) तृतीय प्रश्न के उत्तर में प्रवाहणि ने कहा कि—हे गोतम ! पृथिवी अग्नि है, वर्ण उसकी समिधा है, आकाश धूम है, रात्रि प्रकाश है, दिशा अङ्गार हैं, विदिशा उसकी चिनगारियां हैं। इस अग्नि में देवगण वर्षारूप घृत का हवन करते हैं जिससे अन्न होता है।

( ४ ) चतुर्थ प्रश्न के उत्तर में कहा कि—हे गोतम ! पुरुष अग्नि है, वाणी उसकी समिधा है, प्राण उसका धूम है, जिह्वा प्रकाश है, नेत्र अङ्गार हैं, श्रोत्र चिनगारियां हैं। इस अग्नि में देवगण अन्न का हवन करते हैं-जिससे वीर्य बनता है।

( ५ ) पञ्चम प्रश्न के उत्तर में कहा कि—स्त्री अग्नि है, उपस्थ उसकी समिधा है गुप्त भाषण धूम है, योनि प्रकाश है, उपस्थप्रवेश अङ्गार है, आनन्द चिनगारियां हैं, इस अग्नि में देवगण वीर्य का हवन करते हैं, जिससे गर्भ रहता है। इस प्रकार पांचवीं आहुति में आप ( जल ) पुरुष रूप में आते हैं। गर्भ में दस या नौ मास रह कर बाहिर आता है। जब तक उसकी आयु है तब तक रहता है, फिर मरने पर अग्नि ही उसको यहां से ले जाता है। यही जीव का आवागमन चक्र है, इसी लिये हिन्दु जाति में अग्नि दाह किया जाता है।

## दोनों मार्गों का स्पष्टीकरण।

देवयान और पितृयान दो मार्ग यजुर्वेद के मन्त्र ने निर्दिष्ट किये हैं। उनमें जो पुरुष ऊपर कहे हुये आवागमन चक्र को समझते हैं, वे बन में रहकर श्रद्धा और तप के द्वारा अग्नि के प्रकाश का अवलम्ब लेते हैं। वहां से दिन, शुक्लपक्ष, उत्तरायण संवत्सर, सूर्य, चन्द्रमा, विद्युत् आदि में होकर ब्रह्मलोक जाते हैं, जहां से फिर नहीं आते हैं—यही देवयान मार्ग है। इसका विवरण भगवद्गीता के—

अग्निर्ज्योतिरहः शुक्लः ८।२४

इस पद्य में भगवान् ने स्वयं किया है। ( २ ) जो पुरुष ग्रामों में रह कर इष्ट और पूर्त का अवलम्ब लेते हैं वे धूम का अवलम्ब लेकर रात्रि, कृष्णपक्ष, दक्षिणायन मास, पितृलोक, आकाश, चन्द्रमा आदि में होकर इसी मार्ग से फिर वापिस आते हैं—यही पितृयान मार्ग है। [ अतो वै खलु दुर्निष्प्रपतरं ] यह छान्दोग्य श्रुति कहती है कि इस मार्ग से निकलना बड़ा कठिन है। इसके अगाड़ी जाकर रमणीय योनि और कपूय योनि रूप दो भेद और बनते हैं। इन दोनों मार्गों से अर्थात् देवयान, पितृयान से जो नहीं जाते वे जीव—

तानि इमानि क्षुद्राणि असकृत् आवर्तीनि भूतानि भवन्ति ।
जायस्व म्रियस्व इत्येतत् तृतीयं स्थानम् ।
तेनासौ लोको न सम्पूर्यते । तस्माज्जुगुप्सेत ॥५।१०।८

छान्दोग्य के इस प्रमाण से छोटे २ बार २ जन्म लेने वाले कृमि-कीट-पतङ्गादि बनते हैं यह तीसरा स्थान है, इससे लोक नहीं भरता है। इसलिये यह निन्दित मार्ग है, इसमें अधिक जीवों के उद्भव--प्रलय से ब्रह्मलोकादि में अधिक जीव स्वभावतः नहीं जा सकते हैं, इसी को पञ्चाग्नि--विद्या कहते हैं। इससे जीवों का गमनाऽऽगमन सिद्ध है।

## मार्ग निर्णायक वेद-मन्त्र ।

ये देवयानाः पितृयाणाश्च लोकाः
सर्वान् पथः अनृणा आक्षिपेम (अथर्व०) ६।११७।३
प्रेहि प्रेहि पथिभिः पूर्वेभिः
यत्रा नः पूर्वे पितरः परेयुः (ऋग्वेद०) १०।१४।७
प्रेहि प्रेहि पथिभिः पूर्व्याणैः
येना ते पूर्वे पितरः परेताः (अथर्व०) १८।१।५४
परापुरैता वसुविद् वो अस्तु
अधामृताः पितृषु सम्भवन्तु (अथर्व०) १८।४।४८
इमे नु ते रश्मयः सूर्यस्य
येभिः सवित्वं पितरो न आसन् (ऋग्वेद०) १।१०९।७
मर्त्योयममृतत्त्वमेति तस्मै
गृहान् कृणुत यावत् सबन्धु (अथर्व०) १८।४।३७
अपरिपरेण पथा यमराज्ञः पितॄन्गच्छ (अथर्व०) १८।२।४६
ये ते पूर्वे परागता अपरे पितरश्च ये (अथर्व०) १८।३।७२
अभिप्रेहि मध्यतो मापहास्थाः
पितॄणां लोकं प्रथमो यो अत्र (अथर्व०) १८।३।७३
ये नः पितुः पितरो ये पितामहाः
ये आविविशुः उरु अन्तरिक्षम् (अथर्व०) १८।३।५९

ऋग्वेद और अथर्ववेद के इन मन्त्रों में मार्ग का निर्णय दिखाया गया है। मन्त्रों का अर्थ इस प्रकार है। प्रार्थना करने वाला कहता है कि हम अनृण होकर

[ किसी का ऋण न लेकर ] जो देवयान अथवा पितृयान मार्ग है, उन सब मार्गों से होकर स्वर्ग प्राप्त करें।

( २--३ ) मन्त्र समानार्थक है, अग्निदाह के समय मृतात्मा को लक्ष्य कर के बान्धव कहते हैं कि—हे मृतात्मन्! तुम जहां तक हो सके वहांतक पूर्व प्रथम अर्थात् देवयान मार्ग से जाओ! जहां हमारे पहिले पितर पहुंचे हुए हैं।

चतुर्थ मन्त्र में बान्धव कहते हैं कि हे मृतात्मन् यहां पर आदरार्थक बहुबचन है। आपके लिये स्थूल देह तथा तत्सम्बन्धी ज्ञान पितृलोक में प्राप्त हो और इस भूलोक में मरे हुए आप पितृलोक में जाकर पितृयोनिमें जन्म लें। इस मन्त्र में [ परा-पुर ] शब्द यजुर्वेद के—

परापुरो निपुरो ये भरन्ति ।२।३०

इस मन्त्रके समान है। [पराक्रान्ताः पुरः परापुरः स्थूलदेहाः] इति महीधरः।

पंचम मन्त्रमें बान्धव कहते हैं कि हे मृतात्मन्! निश्चय पूर्वक यह वे सूर्य के किरण हैं जिनसे हमारे पूर्व पितर सपित्वं अर्थात् सहगमन प्राप्त कर चुके हैं। इस मन्त्र में आत्मा का सूर्य किरणों के साथ जाना सिद्ध है।

षष्ठ मन्त्रमें बान्धव पितृलोकस्थ पितरों से कहते हैं कि यह मरणधर्मा मनुष्य अब अमरत्व प्राप्त करता है। अर्थात् पितृलोक में आता है आप उसको सबन्धु मानकर उसके लिये पितृलोक में स्थान दीजिये।

सप्तम और अष्टम मन्त्र में मृतात्मा से कहा गया है कि हे मृतात्मन्! परेण-पथा अर्थात् पितृयान मार्ग से शीघ्र आप यमराज के अधिकार में वर्तमान पितरों के पास जाइये। जहां पर हमारे मरीचि आदि पूर्व पितर और उनसे भिन्न हमारे वंशानुक्रमिक पितर जा चुके हैं।

नवम मन्त्रमें मृतात्मासे बान्धव कहते हैं कि हे मृतात्मन्! इस भुवन मण्डलमें सर्व प्रथम जो पितृलोक बना है-उसको तुम जल्दी जाओ! बीच में जाकर कहीं लौट मत आना। लोक में प्रायः देखा जाता है कि मृत शरीर में कभी २ प्राण फिर वापिस आता है। उसके लिये यह कहना है।

दशम मन्त्र में मृतात्मा से बान्धव कहते हैं कि हे मृतात्मन्! जो हमारे पिता के पिता हैं तथा जो पितामह हैं और जो बड़े अन्तरिक्ष में प्रविष्ट हुए हैं उनको स्वराट् सूर्य जो कि असुप्राणों का पहुंचाने वाला है जहां तक हो सके वहां तक शीघ्र पितृयोनिस्थ शरीर देवे। इन मन्त्रों में मार्ग प्रदर्शन पितृलोक गमन वहां पर शरीर प्राप्ति आदि अनेक विलक्षण विषय आये हैं-जिनसे मृत आत्मा का पितृलोक यम-लोक स्वर्गलोक में जाना सिद्ध होता है।

# पितरों का निवास स्थान

उदन्वती द्यौरवमा पीलुमतीति मध्यमा।
तृतीया ह प्रद्यौरिति यस्यां पितर आसते ॥१८।२।४८

अथर्व वेद के इस मन्त्र में तीन कक्षाओं का वर्णन है। उदन्वती पीलुमती और प्रद्यु नामक आकाश की तीन कक्षा हैं। इन तीनों में अन्तिम कक्षा में पितर रहते हैं। उदन्वत् शब्द समुद्र और मेघ मंडल के लिये आता है। जहां तक पानी जाता है, वह आकाश की अवम अधम कक्षा है। जहां तक पीलु परमाणु जाते हैं, वह आकाश की कक्षा मध्यम है और केवल प्रकाश जहां पर रहता है उस आकाश की कक्षा का नाम प्रद्यौ है। [ प्रकर्षेण द्योतते प्रकाशते इति प्रद्यौः ] इसी कक्षा में पितृगणों का निवास रहता है। इसी बात का समर्थन—

स्वधा पितृभ्यः पृथिविषद्भ्यः ।१८।४।७८
स्वधा पितृभ्य अन्तरिक्षसद्भ्यः ।७८
स्वधा पितृभ्यो दिविषद्भ्यः ।८०

अथर्ववेद के इन मन्त्रों में है। स्वधा शब्द निघन्टु में अन्न और जल के अर्थ में आया है। आकाश की तीनों कक्षाओं में विद्यमान पितृगणों के लिये स्वधा पहुंचाना पुत्रका कर्तव्य है।

पृष्ठात् पृथिव्या अहमंतरिक्षमारुहं अन्तरिक्षाद्दिवमारुहम्।
दिवो नाकस्यपृष्ठात्स्वर्ज्योतिरगामहम् ॥ ४।१४।३

अथर्व वेद के इस मन्त्र में समस्त लोकों को प्रत्यक्ष करने वाले एक ऋषि का कथन है कि मैं अपने तपोबल से पृथिवी से अन्तरिक्ष, अन्तरिक्ष से द्युलोक और द्युलोक से स्वर्गलोक को गया था। इस मन्त्र से तीनों लोकों में जीव का जाना प्रत्यक्ष सिद्ध है। परन्तु ऐसा प्रत्यक्ष योगियों को ही हो सकता है। अव्याहत गति नारद इन सब में आते जाते रहते हैं। इतिहास इस बातको सिद्ध करता है।

सहस्राश्वीने वा इतः स्वर्गो लोकः ७।७

ऐतरेय ब्राह्मण की इस श्रुति से भूमण्डल से एक हजार आश्वीन ऊंचा स्वर्ग है यह बात मिलती है। [ अश्वस्यैकाहगमः ५।२।१६ ] इस पाणिनि सूत्र से एक दिन के अश्व के जाने योग्य मार्ग का नाम आश्वीन होता है। अश्व एक दिन में सौ कोस जाता है। यह आज कल सिद्ध हो चुका है। इसलिये यहाँ से एक लक्ष कोस अन्तरिक्ष से ऊपर स्वर्ग लोक का होना वेद सिद्ध है।

## स्वर्गलोक वर्णन

अनस्थाः पूताः पवनेन शुद्धाः शुचयः शुचिं अपियन्ति लोकम् ।
नैषां शिश्नं प्रदहति जातवेदाः स्वर्गे लोके बहु स्त्रैणमेषाम् ४।३४।२

अथर्ववेद के इस मन्त्र में स्वर्ग जाने योग्य मनुष्यों की हालत, स्वर्ग में प्राप्त भोगों का सङ्केत, दोनों बातें एक साथ प्रतिपादन की हैं। मन्त्र में अनस्थ शब्द सूक्ष्म शरीर का सङ्केत है, क्योंकि उसमें पृथिव्यंश अस्थि भाग नहीं होता है। स्वर्ग पवित्र लोक है इसी लिये [ शुचिं लोकं ] कहा है। अस्थि भाग रहित पवित्र [ मूत्रपुरीषादि मल रहित ] स्वर्गीय पवित्र वायु से शुद्ध प्रस्वेद रहित, शुचि, पवित्र वासना वाले पुरुष स्वर्ग लोक जाते हैं। जात वेद नामक क्रव्याद अग्नि चिता में जलाते समय स्वर्गीय आत्माओं का ( शिश्न ) इन्द्रिय समूह नष्ट नहीं करता है। सूक्ष्म शरीर के साथ सब इन्द्रिय गोलक बने रहते हैं। इसलिये उनको वहां पर बहुतसा ( स्त्रैण ) स्त्री समूह उपलक्षण से समस्त भोग प्राप्त होता है। स्त्री समूह के विषय में—

त पंचशतानि अप्सरसां प्रतिधावन्ति,
शतं मालाहस्ताः शतमांजनहस्ताः,
शतं चूर्णहस्ताः शतं वासोहस्ताः,
शतं कणाहस्ताः । तं ब्रह्मालंकारेण अलंकुर्वन्ति ।

[ कौषीतकि ब्राह्मणोपनिषद् १।३ ]

यह मन्त्र कौषीतकि ब्राह्मणोपनिषद् में मिलता है। मन्त्रार्थ सरल है। स्वर्गीय आत्मा स्वर्ग में जाकर जिस आनन्द का उपभोग करता है उसका यह केवल निदर्शन मात्र है। इसीको प्राप्त करने के लिये यहां पर इष्ट और पूर्त के द्वारा सुकृत का सञ्चय किया जाता है। [ प्रेत्यानन्त सुखायच ] यह मनु का संकेत इसीको उपलक्षित करता है। इसमें केवल आनन्द का अनुभव मात्र होता है। उसके लिये स्थूल शरीर की आवश्यकता ही नहीं है। स्वप्न की तरह सब कार्य सूक्ष्म शरीरमें होता रहता है। उसीके लिये वासनात्मक सूक्ष्म अवयव लेकर यहांसे जीव जाता है। जिसके लिये—

शरीरं यदवाप्नोति यच्चाप्युत्क्रामतीश्वरः ।
गृहीत्वैतानि संयाति वायुर्गन्धानिवाशयात् ॥१५।८
श्रोत्रं चक्षुः स्पर्शनं च रसनं घ्राणमेव च ।
अधिष्ठाय मनश्चायं विषयानुपसेवते ॥९

उत्क्रामन्तं स्थितं वापि भुञ्जानं वा गुणान्वितम् ।
विमूढा नानुपश्यन्ति पश्यन्ति ज्ञानचक्षुषः ॥१०

भगवद्गीता में ऐसा कहा है। इसलिये सूक्ष्म शरीर के साथ भी स्वर्ग में आनन्दानुभव हेतु भूत ज्ञानेन्द्रिय तथा कर्मेन्द्रियों का वासनामय सूक्ष्म शरीर रहता है। इस की पुष्टि में—

यद्वो अग्निरजहादेकमङ्गं पितृलोकं गमयन् जातवेदाः ।
तद्व एतत्पुनराप्याययामि सांगाः ! स्वर्गे पितरो मादयध्वम् ॥
१८।४।६४

अथर्ववेद का यह मन्त्र है। इसमें बान्धव कहते हैं कि हे मृतात्मन्। (अथवा) हे पितरः ! पितृलोक जाते समय अग्नि में आपके जिस पार्थिव शरीर को हमने आपसे छुड़ाया है—उसको हम फिर दशगात्र तथा सपिंडी करण के द्वारा आप्यायित पूरा करते हैं। [ प्यायी ओप्यायीवृद्धौ ] इससे आप स्वर्ग में सांग अंग सहित आनन्द करें। इस मन्त्र में अग्नि दाह के अनन्तर दशगात्र द्वारा स्वर्गीय अन्य शरीर प्राप्त होने का विस्पष्ट उपपादन है। इसी प्रकार—

घृतह्रदा मधुकुल्याः सुरोदकाः क्षीरेण पूर्णा उदकेन दध्ना ।
एतास्त्वा धारा उपयन्तु सर्वाः स्वर्गे लोके मधुमत्पिन्वमानाः ॥
उप त्वा तिष्ठान्तु पुष्करिणीः समन्ताः ।४।३४।६

अथर्ववेद के इस मन्त्र में स्वर्गीय सामिग्री का वर्णन है। श्राद्ध करने वाला कहता है कि हे मृतात्मन्। आपको स्वर्ग में सब ओर से हमारे दिये हुए पदार्थ प्राप्त हों। घृत के ह्रद [ अगाधकुण्ड ] मधु की छोटी २ नहरें [ कुल्याल्पा कृत्रिमा सरित् ] सुरदेवोचित जल क्षीर से पूर्ण जल से पूर्ण दधि से पूर्ण पुष्करिणी [ छोटे तालाब ] धारावाहिक रूपसे आप को [ उपतिष्ठन्तु ] प्राप्त हों। इस मन्त्र में मृतकश्राद्ध का सर्वाङ्गीण प्रतिपादन है। दश गात्र में पुत्र प्रदत्त सब पदार्थ जीव को स्वर्ग में मिलते हैं-इसका बलवत्समर्थन है। इसी प्रकार—

यत्रा सुहार्दः सुकृतो मदन्ति विहाय रोगं तन्वः स्वायाः ।
अश्लोणा अंगैः अह्रुताः स्वर्गे तत्र पश्येम पितरौ च पुत्रान् ॥
६।१२०।३

अथर्ववेद के इस मन्त्र में एक पुण्यात्मा अपनी मंगल कामना का परिचय दे रहा है। और अपने माता पिता और भविष्य में पुत्र पौत्र सभी स्वर्ग योग्य बनें हमारे वंश में कोई भी असिपत्रादि नरकों में जाने वाला न हो इस कामना से ईश्वर

की प्रार्थना करता है कि जहां पर शत्रु मित्र भाव रहित सुकृती पुण्यवान् अपने रोग शोकयुक्त शरीर को यहां छोड़कर सुन्दराङ्ग बन कर जाते हैं—उस स्वर्ग में हम अपने माता पिता और पुत्रों को देखें। यह भाव कितना उच्च है-कितना पवित्र है ? इसका अनुमान सनातनधर्मी विद्वान् ही लगा सकते हैं। इस स्वर्ग में—

एतं लोकं श्रद्दधानाः सचन्ते ६।१२२।३

इस अथर्व श्रुति के प्रमाण से-विश्वास पूर्वक श्राद्ध करने वाले ही आते हैं। संसार में जो तर्क बल पर स्वर्ग का उपहास करते हैं-उनको इन वेद मन्त्रों पर ध्यान देना चाहिये।

ततं तन्तुमनु एके तरन्ति येषां दत्तं पित्र्यं आयनेन।
अबन्धु एके ददतः प्रयच्छन्तः दातुं चेत् शिक्षान् सस्वर्ग एव ६।१२२।२

अथर्व वेद के इस मन्त्रमें एक अद्भुत संकेत मिलता है। मन्त्र कहता है कि ( एकेजनाः ) एक वो सज्जन हैं-जिनका पित्र्य-पिता के देने योग्य-श्राद्धांश-प्रत्येक अयन में अर्थात् प्रत्येक संक्रान्ति में [ ततं-तन्तुं-अनु ] पुत्र पौत्रों द्वारा दिया हुआ प्राप्त होता है वे तर जाते हैं। और जो ( अबन्धु ) बान्धव रहित ( एके ) एक सज्जन हैं वे- ( ददतः अनु प्रयच्छन्तः ) देने वालों को देखकर देते हैं-अर्थात् औरों को पितरों के आशोर्वाद से फलता फूलता देखकर उनसे दान की शिक्षा प्राप्त करके श्राद्ध करते हैं उनका दिया हुआ भी जहां जाता है [ स स्वर्ग एव ] वह स्वर्गलोक ही है। इस मन्त्र में निर्वंश वालों को जो सज्जन विश्वोपकार की दृष्टि से तर्पण करते हैं उनका संकेत है। सनातनधर्म में जो तर्पण विधि है-उसमें [ आब्रह्मस्तम्बपर्यन्तं ] सब का तर्पण होता है। इसी पवित्र भाव को लेकर विश्वस्थिति निमित्तक श्राद्ध तर्पण सब को करना चाहिये।

## यमराज वर्णन

यो ममार प्रथमो मर्त्यानां यः प्रेयाय प्रथमो लोकमेतम्।
वैवस्वतं संगमनं जनानां यमं राजानं हविषा सपर्यत ॥१८।३।१३
परेयिवांसं प्रवतो महीरनु बहुभ्यः पन्थामनु पस्पशानम्।
वैवस्वतं संगमनं जनानां यमं राजानं हविषा दुवस्य ॥१०।१४।१
यः प्रथमः प्रवतं आससाद बहुभ्यः पन्था अनु पस्पशानः।
योऽस्येशे द्विपदो यश्चतुष्पदः तस्मै यमाय नमो अस्तु मृत्यवे ६।१८।३

इन मन्त्रों में यमराज का वर्णन है। इनमें पहिला मन्त्र अथर्व का है। दूसरा ऋग्वेद का है। तीसरा फिर अथर्व का है। अर्थ क्रमशः इस प्रकार है। मरणशील

मर्त्यों में जो सब से प्रथम मरा-और सब से प्रथम ही जो [ एतं-लोकं ] इस यमलोक में आया उस वैवस्वत [ विवस्वान से उत्पन्न ] मनुष्यों को इस यमालय में एकत्र करने वाले यमराजा को हवि से पूजित करो !!

( २ ) ( प्रवतः ) उत्तम मध्यमाधम प्राणियों को ( अनु ) लक्ष्य करके ( महीः-परेयिवांसं ) पृथिवी पर आए हुए-बहुत मनुष्यों को मार्ग दिखाने वाले वैवस्वत जन संगमन यमराजा को हवि देकर प्रसन्न करो यह दूसरे मन्त्र का अर्थ है। तृतीय मन्त्र में पूर्वार्द्ध पूर्ववत्-समानार्थ है। उत्तरार्द्ध में "द्विपद और चतुष्पद अर्थात् प्राणि मात्र के ऊपर ईशन करने वाले ( अधिकार रखने वाले ) मृत्यु रूप यम को नमस्कार है" इतना विशेष है। इन मन्त्रों में स्पष्ट रूप से वैवस्वतमार्ग दर्शकजीवमात्राध्यक्ष मृत्यु स्वरूप यमका स्पष्ट वर्णन है। अब हम उन मन्त्रों को यहां पर उपस्थित करते हैं-जिनमें यमराज का समस्त आयोजन मिलता है।

## -यमदूत वर्णन-

मृत्युर्यमस्यासीद्दूतः प्रचेताः
असून् पितृभ्यो गमयाञ्चकार ॥ १८।२।२७
नयतामून् मृत्युदूता यमदूता अपोम्भत । ८।८।११
यस्य दूतः प्रहितः एष एतत्—
तस्मै यमाय नमो अस्तु मृत्यवे ( ऋ० ) १०।१६५।४
वैवस्वतेन प्रहितान् यमदूतान्
चरतः अपसेधामि सर्वान् ८।२।११

इन मन्त्रों में यम के दूतों का वर्णन है। मन्त्रार्थ क्रमशः इस प्रकार है। मरने के बाद मृतक के बान्धव एकत्र होकर कह रहे हैं कि इसको घर से जल्दी बाहर ले जाकर ग्राम से दूर इसको जलाओ ! अब इस में प्राण नहीं है। यमराज का दूत वरुण इसके प्राणों को पितृलोक में पहुंचा चुका यह प्रथम मन्त्र का अर्थ है।

( २ ) दूसरे मन्त्र में यमदूतों से कहा जाता है कि हे मृत्युदूतो ! इन जीवों को यहां से घूंसे मार २ कर यमलोक ले जाओ।

( ३ ) तीसरे ऋग्वेद के मन्त्र में कहा गया है कि उलूक अथवा कपोत मृत्यु शय्या पर लेटे हुए इस रोगी का जो अपने शब्दों द्वारा अमङ्गल सूचित करते हैं-उस यमराज को अर्थात् इन अपशकुन करने वाले अपने दूतों को जिसने यहां भेजा है उस यमको हम प्रणाम करते हैं। मृत्यु के समय रोगी के घर के आस पास गृध्र का मंडलाना चील का चक्कर लगाना उल्लू का बोलना घर में कबूतरों का घुसकर

रहना यह सब अपशकुन हैं। उनके बुरे फलों से बचने के लिये यम को प्रणाम किया गया है। चतुर्थ मन्त्र पूर्व मन्त्र के समान अर्थ वाला है। इन सब घूमने वाले यम-दूतों को दूर भगाने का आयोजन इसमें अधिक दिखाया गया है। यहां तक दूतों का वर्णन रहा। अब पाशों का वर्णन सुनिये।

## मृत्यु के—पाश

ऋणात् नः न ऋणं एर्त्समानः
यमस्य लोके अधिरज्जुः आयात् ।६।११८।२
अथो यमस्य पड्वीशात् सर्वस्मादेवकिल्बिषात् ६।९६।२

अथर्व वेद के इन दो मन्त्रों में यमपाशों का वर्णन है। ऋण देकर सूद से ऋण को बढ़ाने वाला वार्धुषिक यमलोक में रज्जु से बंधा हुआ हमारे पास न आवे। हम को ईश्वर यमकी बेड़ी से और देव सम्बन्धी जो हमसे पाप हुए हैं उनसे हमको छुड़ावे। यहां पर रज्जुबन्धन और लोहबन्धन मन्त्र में स्पष्ट मिलता है। [ पड्वीशः पादबंधनम् ] इतिरभसः। अब यमलोक की अवस्थिति का उल्लेख करते हैं।

ये देवा यमनेत्रा दक्षिणासदस्तेभ्यः स्वाहा (यजु) ९।३५
इन्द्रः प्राक् तिष्ठन् दक्षिणा तिष्ठन् यमः ( अथर्व ) ९।७।२०

इन दो मन्त्रों में पहिला यजुर्वेद का है, दूसरा अथर्व का है। मन्त्र से यह प्रतीत होता है कि कुछ देवगण यमराज के अधिकार में भी हैं, और यम के साथ २ दक्षिण दिशा में रहते हैं, उनको हविष्य देने के लिये मन्त्र में आदेश है। अथर्व के मन्त्र में इन्द्र के लिये पूर्व और यम के लिये दक्षिण दिशा नियत है। इसी कारण विचारवान् पुरुष दक्षिण की ओर पैर करके नहीं सोते हैं। यम का अवस्थान दक्षिण दिशा में है, यही मन्त्रों का निष्कर्ष है।

## पितृ—लोक।

जीवानामायुः प्रतिरत्वमग्ने !
पितृणां लोकमपिगच्छन्तु ये मृताः ॥१२।२।४५॥
यद्वो अग्निरजहादेकमङ्गम् !
पितृलोकं गमयन् जातवेदः ॥१८।४।६४॥

अथर्व वेद के इन दो मन्त्रों में पितृलोक शब्द आया है। अग्नि से यहां पर यह प्रार्थना की गई है कि मृत पुरुष पितृलोक में जाकर रहें, इससे स्वर्ग-लोक की तरह पितृलोक और यमलोक का अन्तरिक्ष में होना सिद्ध है।

## क्रव्याद और हव्यवाह।

वेद में दो प्रकार के अग्नि का वर्णन मिलता है, उनमें क्रव्याद अग्नि क्रव्य मांस का अदन करने वाला है। (क्रव्यं मांसमत्तीति क्रव्यात्)। दूसरा हव्यवाह अग्नि है, हव्य को देवताओं तक पहुंचाने से इसका नाम हव्यवाह हो गया है। (हव्यं वहतीति हव्यवाट्) इनमें क्रव्याद चिताग्नि है। उसका वर्णन—

क्रव्यादमग्निं प्रहिणोमि दूरं यमराज्यं गच्छतु रिप्रवाहः।
इहैवायमितरो जातवेदा देवेभ्यो हव्यं वहतु प्रजानन् ॥३५।१९॥
ऋ० १०। १६। ९

यो अग्निः क्रव्यात् प्रविवेश नो गृहं इमं पश्यन्नितरं जातवेदसम्।
तं हरामि पितृयज्ञाय देवं स धर्ममिन्वात् परमे सधस्थे ॥ १०।१६।१०

ऋग्वेद के इन दोनों मन्त्रों में है। पहिला मन्त्र यजुर्वेद में भी मिलता है (३५-१९) मन्त्रार्थ क्रमशः इस प्रकार है। मैं क्रव्याद नामक अग्नि को घर से बाहिर करता हूँ, और रिप्रवाह पाप नाशक हव्यवाह जात वेदस् को अपने घर में रहने के लिये अनुमति देता हूं। प्रजानन् अपने अधिकार का जानने वाला यह हव्यवाह देवगणों को हव्य पहुंचाता रहे। (२) क्रव्याद नामक जो अग्नि दूसरे अग्नि को देखता हुआ हमारे घर आया है, उसको मैं (पितृ यज्ञ) अर्थात् मृतक संस्कार के लिये दूर ले जाता हूँ, वह पितृ-लोक में मृतात्मा को पहुंचावे। इन दो मन्त्रों से अग्नि के दो भेद सिद्ध हुये, इनका प्रयोजन अग्रिम प्रकरण में ज्ञात होगा।

## अग्निष्वात्त और अनग्निष्वात्त।

वेद में अग्निष्वात्त, वर्हिषद्, सोमसद्, अङ्गिरस् आदि पितरों का नाम मिलता है। अग्निष्वात्त पद का निर्वचन (अग्निर्दहन्-यान् स्वदति ते अग्निष्वात्ताः) इस प्रकार होता है। इसका आधार—

यानग्निरेवदहन्स्वदयति ते पितरः अग्निष्वात्ताः ॥२।६।१।७॥

यह शतपथ का मन्त्र है। चिता में जलाते समय जिनके मांस का स्वाद क्रव्याद नामक अग्नि ने लिया है, उनका नाम अग्निष्वात्त, उनके अतिरिक्त अन्य आज्यपा, सोमसद् आदि अनग्निष्वात्त पद से लिये जाते हैं। आज्यपा, घृत पीने वाले पितर होते हैं, सोमसद्, सोम-मण्डल में रहने वाले पितर होते हैं। वर्हिषद्, कुशासन पर बैठने वाले होते हैं। इनका विवरण मनु के तृतीयाध्याय में १९४ पद्य से लेकर १९८ पद्य तक है। उसका उद्धरण यहां पर देना प्रसङ्ग प्राप्त है, इसलिये देते हैं।

मनोर्हैरण्यगर्भस्य ये मरीच्यादयः सुताः ।
तेषामृषीणां सर्वेषां पुत्राः पितृगणाः स्मृताः ॥३।१९४
विराट्सुताः सोमसदः साध्यानां पितरः स्मृताः ।
अग्निष्वात्ताश्च देवानां मारीचा लोकविश्रुताः ॥१९५
सोमपास्तु कवेः पुत्रा हविष्मन्तोऽङ्गिरःसुताः ।
पुलस्त्यस्याज्यपाः पुत्रा वसिष्ठस्य सुकालिनः ॥१९८
दैत्यदानवयक्षाणां गन्धर्वोरगरक्षसाम् ।
सुपर्णकिन्नराणां च स्मृता वर्हिषदोऽत्रिजाः १९६
सोमपा नाम विप्राणां क्षत्रियाणां हविर्भुजः ।
वैश्यानामाज्यपा नाम शूद्राणां तु सुकालिनः ॥१९८
अग्निदग्धानग्निदग्धान्काव्यान्वर्हिषदस्तथा ।
अग्निष्वात्तांश्च सौम्यांश्च विप्राणामेव निर्दिशेत् ॥१९९

मनु के इन पद्यों में वेदमन्त्र प्रोक्त समस्त पितरों का विवरण है। इन के वेद मन्त्र अनुपद ही प्राप्त होंगे। उनसे पूर्व मनु पद्यों का विवरण लिखना आवश्यक है। हिरण्य गर्भ से उत्पन्न मनु के मरीचि आदि जो दशपुत्र हुए हैं-उनके पुत्रों का नाम पितृगण हैं। उन में विराट् के पुत्र सोमसद साध्यों के पितर हैं। मरीचि के पुत्र अग्निष्वात्त देवताओं के पितर हैं। भृगु के पुत्र सोमपा हैं। अङ्गिरा के पुत्र हविर्भुज हैं। पुलस्त्य के पुत्र आज्यपा हैं। वसिष्ठ के सुकालि हैं। अत्रि के पुत्र वर्हिषद हैं। यही चारों वर्णों के पितर हैं। इनका ही वेद के मन्त्रों में नाम आया है। जिन मन्त्रों में नाम आया है वे मन्त्र इस प्रकार है।

आयन्तु नः पितरः सोम्यासः अग्निष्वात्ताः पथिभिर्देवयानैः ।
अस्मिन्यज्ञे स्वधया मदन्तः अधिब्रुवन्तु ते अवन्त्वस्मान् १९।५८
अङ्गिरसोनः पितरो न वग्वा अथर्वाणो भृगवः सोम्यासः । १९।५०
वर्हिषदः पितर ऊत्यर्वाक् १९।५५
सोम एकेभ्यः पवते घृतमेक उपासते ।
येभ्यो मधु प्रधावति तांश्चिदेवापि गच्छतात् ॥ (ऋ०) १०।१५४।१

इन मन्त्रों में सोम्य (सोमसद्) आंगिरस (हविर्भुज) भृगवः (सोमपा) आत्रेय (वर्हिषद्) घृतोपासक (आज्यपा) आदि पितृगणों का नाम आया है। इन का अर्थ इसी प्रकरण में अन्यत्र किया जायगा।

## पितरों के उपकार–

ते नोऽवन्तु पितरो हवेषु ( ऋ० ) १०।१५।१
सुशंसासः पितरो मृडतानः ( अथर्व ) १८।३।१६
नृचक्षसः पितरो गर्भमादधुः ( ऋ० ) ६।८३।३
आधत्त पितरोगर्भम् २।३३ ( यजुः )
स्वां प्रजां पितरः पित्र्यं सह आवरेष्वदधुस्तन्तुमायतम् । ( ऋ० ) १०।५६।६
पुनन्तु मा पितरः सोम्यासः १९।३७ ( यजुः )

वेद के इन मन्त्रों में पितृगण जो हमारा उपकार करते हैं उनका वर्णन है। प्रथम मन्त्र में ( अवन ) हमारी रक्षा करना, दूसरे में ( मृडन ) हम को सुख देना तीसरे में गर्भ धारण शक्ति प्रदान करना, चतुर्थ में भी गर्भ धारण कराना, पंचम में वंशवृद्धि करना, षष्ठ में हमको पवित्र करना आदि अनेक कार्य पितरों से होते हैं। श्राद्ध में इसीलिये इनको स्वर्ग से बुलाया जाता है। बुलाने का प्रकार अन्यत्र लिखा जायगा।

## मृत शरीर की चार गति–

मरने के बाद शरीर की चार गति होती हैं। अग्नि दाह १ ! जल प्रवहण !! २ भूगर्भ निवेशन ३ !!! और वृक्षादि पर उसका स्थापन ४ !!!! इनमें अग्निदाह के मन्त्र लिखे जा चुके है। जलप्रवाह लोक प्रसिद्ध है। ऊपर मकान पर अथवा वृक्ष पर मृतक को रखना पारसियों में प्रचलित है। अब रहा भूमि में गाढ़ना ? उसके लिये–

माता पुत्रं यथा सिचा अभ्येनं भूमे ऊर्णुहि ।१८।२।५०
अभि त्वा ऊर्णोमि पृथिव्या मातुर्वस्त्रेण भद्रया ।१८।२।५२
असौ हा इह ते मनः ककुत्सलमिवजामयः ।
अभ्येनं भूमे ! ऊर्णुहि ।१८।४।६६

अथर्व वेद के इन तीन मन्त्रों में आदेश है। मन्त्र कहते हैं कि हे भूमे ! माता जिस प्रकार ( सिचा ) अपने अंचल से पुत्र को आच्छादित करती है उसी प्रकार तू इस मृत शरीर को सब ओर से आच्छादित कर ( ऊर्णुञ् आच्छादने )। पृथिवी माता के बस्त्र से हम तेरा शरीर सब ओर से ढांकते हैं। हे मृतात्मन्। यदि तेरा इस भूमि में मन है–तो तुझको हम ( ककुत्सल ) अंचल से स्त्रियां पुत्र को जैसे ढांपती हैं उस प्रकार भूमि में गाढ़ते हैं। हे भूमे ! इस शरीर को तू सब ओर से आच्छादितकर। इन मन्त्रों से मुर्दे का ज़मीन में गाढ़ना भी वेदानुमत है। प्राचीन मक्बरों में

इस प्रकार की समाधि देखने में आती हैं। मत्स्येन्द्रनाथ, गोरखनाथ आदि सिद्ध पुरुष भूगर्भ में रह कर वहीं समाधि द्वारा शरीर छोड़ चुके हैं। उनकी समाधियां जगत्प्रसिद्ध हैं।

समाधि बनाने का प्रकार ( यजुः परिशिष्ट ७।२ ) में शुल्व सूत्र के अन्दर मिलता है। वहाँ पर लिखा है कि पितृमेध करने वाले ब्राह्मण को सबसे प्रथम एक घटमें अस्थि संचय करना चाहिये। मृतक के जितने पुत्र पौत्रादि हों उनकी संख्या के अनुसार घट और छत्र एकत्र करके उस घट को बनसे लाकर शैय्या पर धरे। उसको ढांककर वाद्यध्वनि में उसके समस्त बान्धव अंचलों से हवा करते हुए घटकी तीन परिक्रमा करें। उस दिन सब दिन अन्न दान करें। रात्रि में श्मशान में जाकर ( जहां पहिले मुर्दा जलाया हो ) वीरण तृण वेष्ठित गर्त में उस घट को ढांककर उस पर कुछ चिन्ह बना दें। यही समाधि बनाने का प्रकार है।

## स्वर्गद्वार

छान्दोग्यमें पंचाग्नि विद्या के अन्दर चन्द्र मंडल में आना बताया गया है। कौषीतकि ब्राह्मणोपनिषद् में चन्द्र मण्डल को स्वर्गलोक का द्वारा बताया है। संसार में आना जाना द्वार से ही होता है। ऊपर जाने के लिये ऊर्ध्वद्वार और नीचे जाने के लिये अधो द्वार की आवश्यकता होती है।

ये वै केच अस्मात् लोकात् प्रयन्ति चन्द्रमसमेव ते सर्वे गच्छन्ति।
एतद्वै स्वर्गस्य लोकस्य द्वारं यश्चन्द्रमाः। १।२

इस कौषीतकि श्रुति में लिखा है कि इस लोक से जो जीव मर कर जाते हैं वे सब चन्द्रमण्डल में ही पहिले प्रविष्ट होते हैं क्योंकि यह जो चन्द्रमण्डल है वह स्वर्गलोक का द्वार है। इस पर [ इन्द्रप्रजापती द्वारगौपौ ] इस प्रमाण से इन्द्र और प्रजापति दो पहरेदार बैठे रहते हैं। ऊपर जो जाने योग्य होता है उसकोसूर्य मण्डल में भेजते हैं—और नीचे आने वालों को मेघ मण्डल में भेजते हैं। इसी द्वार पर जन्म पत्र और कर्म पत्र देखा जाता है। जो जिस योग्य होता है—उसे वहीं भेजा जाता है। इसी द्वार पर—

यौ ते श्वानौ यम रक्षितारौ चतुरक्षौ पथिषदी नृचक्षसौ।
ताभ्यां राजन्परिधेह्येनं स्वस्ति अस्मै अनमीवं च धेहि॥१८।२।१२

अथर्व वेद के इस मन्त्र के अनुसार यमराज के दो कुत्ते रहते हैं। चार आँख वाले होते हैं-मार्ग पर चलने वाले जीवों को वह पहिचानते हैं। यम उनके साथ जीवों

को यथोपयुक्त स्थान में भेजने का प्रबन्ध करता है। यहां पर पूर्वोक्त द्वार रक्षकों को यह रूपक दिया गया है। इसी कारण लोक में [ श्ववलि ] निकालना प्रचलित है। इसी विषय को—

अतिद्रव श्वानौ सारमेयौ चतुरक्षौ शवलौ साधुना पथा।
अथा पितॄन्सुविदत्रानपीहि यमेन ये सधमादं मदन्ति ।१८।२।११
उरूणसौ असुतृपौ उदुम्बलौ यमस्य दूतौ चरतो जनाननु।
तावस्मभ्यं दृशये सूर्याय पुनर्दातां असुं अद्य इह भद्रम् ।१८।२।१३

अथर्व वेद के इन दो मन्त्रों में और स्पष्ट किया है। सरमा देवशुनी का नाम है। यास्क ने निरुक्त में इसी अर्थ को लिया है। सरमाया अपत्यं सारमेयः सरमा के पुत्र को सारमेय कहते हैं। यम के अन्य अनेक दूतों में सारमेय भी एक दूत है। वह चार आंख वाला ( ऊरूणस ) लम्बी नाक वाला ( असुतृप प्राण पीकर तृप्त होने वाला ( उदुंवल ) उत्कृष्ट वल है। वह पितृयान-देवयान दोनों मार्गों को जानता है। अथर्व वेद के [ १८।१।१६ ] मन्त्र में इन का रूप श्याम और शवल-चितकबरा बताया है। इन्द्र प्रजापति रूपक से दो सारमेयों का कार्य विवेचन करना पूर्वज मन्त्रद्रष्टा ऋषियों के वैज्ञानिक रहस्य को बतलाता है। [ श्वः-परश्वः-अश्वः-नश्वः- ] आदि पद ( कल-परसों-कल नहीं आज ) इन अर्थों में व्यवहृत होते हैं। इनको लेकर इस लोक में जीव का जीवन उपलक्षित होता है। जीवन के आधार पर ही-श्राद्धादि कर्म फल निर्भर है। जीवन प्राप्त करने के लिये ही देवगणों से प्रार्थना की जाती है। जीवन सब में रहता है-परन्तु मनुष्य जीवन सर्वोत्तम और असाधारण है।

असम्बाधे पृथिव्या उरौ लोके निधीयस्व।
स्वधायाश्चकृषे जीवन्-तास्ते सन्तु मधुच्युतः ।१८।२।१०
मा त्वा वृक्षः सम्बाधिष्ट मा देवी पृथिवी मही।
लोकं पितृषु वित्वा एधस्व यमराजसु ।१८।२।२५

अथर्व वेद के इन दो मन्त्रों में कहा गया है कि हे मृतात्मन्! तैंने इस मर्त्यलोक में रहकर जीते जी अपने जीवन में जो देवपितृ निमित्तक [ स्वधा ] अर्थात् अन्न जल दिया है वही तेरे लिये यहाँ पर प्राप्त होगा। मन्त्र में मधुच्युतः पद स्वधा का विशेषण है। पितृ निमित्तक श्राद्धादि कृत्य में मधु का उपयोग अधिक होता है। मनुष्य को चाहिये कि वह इस लोक में रह कर पितृ श्राद्ध अवश्य करे। अन्यथा इसके मरने पर-मार्ग में अवश्य रुकावट होगी। रुकावट को लेकर दूसरा मन्त्र कहता है कि हे मृतात्मन्! वृक्षयोनि तुमको मार्ग में न रोके पृथिवी तुमको अन्न आदि वस्तुओं में

आकृष्ट न करे। तुम पितृलोक जान कर यमराज्य में जाओ और वहां पर-सुकृत अथवा दुष्कृत का फल भोगो।

पञ्चभ्य एव मात्राभ्यः प्रेत्य दुष्कृतिनां नृणाम्।
शरीरं यातनार्थीयमन्यदुत्पद्यते ध्रुवम् ॥ १२।१६

मनु के इस प्रमाण से यमलोक में मरने पर पापी पुरुषों को यातना भोगने के निमित्त निश्चय ही दूसरा शरीर मिलता है। पुण्यात्माओं का दिव्य शरीर भी यमराज के आधीन ही है। इसीलिये—

आयुर्वसान उपयातु शेषः
सङ्गच्छतां तन्वा सुवर्चाः। १८।२।१०
यथा परु तन्वं सम्भरस्व
गात्राणि ते ब्रह्मणा कल्पयामि। १८।४।५२
तेभ्यः स्वराट् असुनीतिर्न अद्य
यथा वशं तन्वः कल्पयाति। १८।३।५९

अथर्व के इन मन्त्रों में सुन्दर शरीर प्राप्त करने की प्रार्थना की गई है। वह शरीर अथवा गात्र वेद मन्त्रों द्वारा किये हुए दशगात्र कर्म से प्राप्त होता है। मन्त्रमें ( ब्रह्मणा ) पद वेद का सूचक है। असुनीति प्राणों को ऊपर खेंचने वाला स्वराट्-सूर्य यथावशं [ वशं अनतिक्रम्य ] अपने अधिकार की रक्षा करते हुए मृतात्मा के लिये शरीर कल्पित करता है। जो आदित्य मण्डल में बनता है। आदित्य मण्डल ही सब शरीर को बना कर पुष्ट करता है।

## अज विवेचन

वैदिक साहित्य में अज शब्द अनेकार्थ है। जीव का नाम अज है। भगवद्गीता भी इसको अजही मानती है। [ न जायते-इत्यजः ] वेद के—

तीर्त्वा तमांसि बहुधा महान्ति अजो नाकमाक्रमतां तृतीयम्। ९।५।१
अजो भागस्तपसस्तं तपस्व तं ते शोचिस्तपतु तं ते अर्चिः। १८।२।८

अथर्व वेद के इन दो मन्त्रों में जीवको अज मान कर अग्नि से कहा गया है कि तुम इसके शरीर को दग्ध करो और जो इसका अज भाग सूक्ष्म शरीर है उसको तृतीय नाक अर्थात् प्रद्युलोक में भेज दो। यहां पर स्पष्ट रूप से जीव का स्वर्ग में जाना सिद्ध है। पशु रूप अज का वर्णन अथर्व वेद के [ ६।५।७ ] मन्त्र में है-इसका उपयोग वरुण याग में होता है। जो मनुष्य शरीर-दाह के बाद जीवके लिये दशगात्र

आदि कर्म को तथा ब्राह्मण भोजन को अप्रयोजनीय समझकर उसके विषय में उपेक्षा करते हैं, वे—

शरीरमस्य सन्दह अथ एनं धेहि सुकृतां उ लोके। १८।३।७१

अथर्व वेद के इस मन्त्र पर विचार करें-जिसमें शरीर दाह के अनन्तर जीव को उत्तम लोक प्राप्त कराने के लिये अग्नि से प्रार्थना की गई है। जीव को उत्तमलोक पहुंचाने तक दशगात्र पाथेय स्वरूप है। तर्पण से प्राण जल पिण्ड से मनोबल जीवको प्राप्त होता है। प्राणजल से हरा भरा होता है-जो सूर्यमण्डल में जीव को ले जाता है? और पिण्ड से [ अन्न भाग मन ] कार्य कारण भाव से पुष्ट होकर जीव को चन्द्र मण्डल में लेजाता है। [ अन्नमयंहि सोम्य मनः। आपो मयः प्राणः। तेजोमयी वाक् ] ( छान्दोग्य ) ६।५।४।

## दर्शन मात्र से तृप्ति

पितृयोनि से देवयोनि का प्रादुर्भाव हुआ है-ऐसा मनु के [ ३।२०१ ] पद्य में मिलता है। देवता और पितर दोनों ही सूक्ष्म होने के कारण स्थूल अन्न जलका आदान नहीं करते हैं। इस विषय में—

नवै देवा अश्नन्ति न पिबन्ति।
एतदेवामृतं दृष्ट्वा तृप्यन्ति। ३।६।१

यह छान्दोग्यश्रुति प्रमाण है। देवता और पितर दोनों ही अमृतान्धस् हैं। अमृत इनका अन्न है। मनु में [ अमृतंस्यादयाचितम् ४।५ ] ऐसा लिखा है। बिना माँगे जो प्राप्त हो उसको अमृत कहते हैं। ( अन्यत्र ) [ अमृतं ब्राह्मणस्यान्नम् ] ऐसा भी बचन मिलता है। ब्राह्मण का अन्न अमृत होता है। उसके दर्शन मात्र से पितृगण तृप्त होते हैं। इसीलिये पितरों के लिये [ स्वधा ] शब्द का प्रयोग किया जाता है। स्वं-आत्मानं धारयतीति स्वधा] आत्माकी धारण करने वाली शक्ति को स्वधा कहते हैं। आत्मिक बलसे प्राण धारण करना पितरों का स्वाभाविक धर्म है। ब्राह्मणान्न-ब्राह्मण सम्बन्धी अन्न अथवा ब्राह्मण निमित्तक अन्न कहाता है। स्वधा के विषय में—

ऊर्जं वहन्तीरमृतं घृतं पयः कीलालं परिस्रुतम्।
स्वधा स्थ, तर्पयत मे पितृन्। २।३४

यजुर्वेदका यह मन्त्र अत्युपयुक्त है। 'स्वधा-अन्नं जलंच' ऐसा निघण्टुमें आता है। प्रस्तुत मन्त्र में जल का नाम स्वधा है। इस मन्त्र का देवता भी जल है मन्त्र में जल का सविशेष वर्णन है। हे स्वधाः! आपः तुम स्वधा अर्थात् पित्र्य हवि स्वरूप हो

इस कारण हमारे पितरों को तृप्त करो। परिस्रुतं मधुवहन्तीः तुम मधुका वहन करने वाली हो, ऊर्ज-घृतं-पयश्च वहन्तीः। ऊर्ज-घृत-पय-इन तीनों का एक रूप होने पर जल ( अमृत ) होता है। तुम इन तीनों का वहन प्रापण करने वाली हो। साथ ही तुम ( कीलाल ) सर्व बन्ध निवारक भी हो। इसलिये तुम से पितृ तर्पण निमित्तक प्रार्थना है। यह मन्त्र स्वधा के विषय में पर्याप्त प्रमाण है।

## अग्नि और ब्राह्मण

श्राद्ध कर्म में अग्नि और ब्राह्मण इन दो की बड़ी आवश्यकता होती है। चितामें अग्नि दाह से लेकर श्राद्ध में पितरों को लिवाकर लाना; पितरों को हवि पहुंचाना, दूरगत पितरों का जानना, मृतात्मा को पितरों के पास तक पहुँचाना, आदि २ कार्य सब अग्नि के द्वारा होता है। ब्राह्मण का कार्य मृतात्मा को दश गात्रों द्वारा शरीर दिलाना, उस का स्वभुक्तांश से पोषण करना, स्वर्ग में अधिक रहने योग्य कार्य पुत्रों से कराकर मृतात्मा को अधिक काल तक स्वर्ग का सुख भुगाना, पितरों से आशीर्वाद दिलवा कर यजमान के वंश को स्थिर रखना, श्राद्धकर्म का लोप न होने देना, आदि २ कार्य हैं। इन कार्यों को ब्राह्मण के अतिरिक्त अन्य कोई नहीं कर सकता है। वेद के अनेक मन्त्र इस विषय में प्रमाण हैं।

## देव दूत-और पितृ दूत

अग्नि और ब्राह्मण आपस में सहोदर भाई होकर भी कार्य भिन्न२ करते हैं। अग्नि देवताओं का दौत्य करता है-और ब्राह्मण पितरों का दौत्य करता है। दोनों विराट् के मुख से उत्पन्न होने के कारण मुख्य कहाते हैं। [शरीरावयवाद्यत्] मुखे भवो मुख्यः।

ब्राह्मणोऽस्य मुखमासीत् । ३१।११

मुखादग्निरजायत । ३१।१२

यजुर्वेद के इन दो मन्त्रों में विराट् के मुखसे इन दोनों का उद्भव बताया है। इनमें ब्राह्मण अग्निका सहोदर और बड़ा भाई है। अग्नि ब्राह्मण का छोटा भाई है। कार्य ये दोनों आपस में मिलकर करते हैं। अग्नि ब्राह्मणों को कर्म कराने के लिये प्रेरित करता है और ब्राह्मण कर्म के द्वारा अग्नि को हविष्य दिलाते हैं। इस परस्परोपकार भाव से दोनों जगत् के कल्याण में लगे हुए हैं।

## अग्निका-कार्य

उशन्तस्त्वा निधीमहि उशन्तः समिधीमहि ।
उशन्-उशत आवह पितॄन् हविषे अत्तवे ॥ यजु० १९।७०

यजुर्वेद के इस मन्त्र में अग्नि से पितरों को बुलाने का काम लिया जा रहा है, यह मन्त्र ऋग्वेद में [ १०।१६।१२ ] अथर्व में [ १८।१।५६ ] आया है। तीनों में अर्थ एकसा है, मन्त्रार्थ इस प्रकार है। हे अग्ने! कामना करते हुये हम आपको स्थापित करते हैं, और प्रदीप्त भी करते हैं। हे उषन्! कामना करने वाले अग्ने! कामना करते हुये पितरों को हवि खाने के लिये लिवा लाओ!! इसी प्रकार इसी अर्थ के द्योतक अन्य भी अनेक मन्त्र हैं।

## पितरों को हवि पहुंचाना।

त्वमग्ने! ईडितो जातवेदः अवाट् हव्यानि सुरभीणि कृत्वा।

प्रादाः पितृभ्यः स्वधया ते अक्षन् अद्धित्वं देव प्रयता हवींषि ॥१०।१५।१२

ऋग्वेद के इस मन्त्र में अग्नि से पितरों को हवि पहुंचाने का काम लिया गया है, यह मन्त्र यजु में [ १६।६६ ] अथर्व में [ १८।३।४२ ] आया है। दोनों जगह अर्थ एकसा और इस प्रकार है। हे अग्ने! जातवेदः!! समस्त उत्पन्न जगत के जानने वाले, हे अग्निदेव! आप स्तुत होकर हव्यों को सुरभि बनाते हुये वहन करो! पितरों को पहुंचाओ! वे जल के साथ इसका भक्षण करें, और आप भी खाओ। इस मन्त्र में अग्नि के साथ २ पितर अग्नि-मुख से खाते हैं; अलग नहीं खाते। यह बात सिद्ध होती है, इसी प्रकार के अन्य भी अनेक मन्त्र हैं।

## दूरस्थ पितरों का जानना।

ये चेह पितरो येच नेह यांश्च विद्म उत यांश्च न प्रविद्म।

त्वं वेत्थ यदि ते जातवेदः स्वधाभिर्यज्ञं सुकृतं जुषस्व ॥१०।१५।१३

ऋग्वेद के इस मन्त्र में अग्नि से दूरस्थ ज्ञात-अज्ञात पितरों को जनवा कर बुलाने का और उनके पास तक हव्य पहुंचाने का काम लिया गया है। मन्त्र कहता है कि हे अग्ने! जो हमारे पितर मर कर यहीं जन्म ले चुके हैं, और जो यहां पर नहीं हैं, अन्य लोकों में पहुंच गये हैं, ( तथा ) जिन से हम परिचित हैं या नहीं हैं। यदि आप उन सबको जानते हैं, तो स्वधा के साथ हव्य-कव्य का ग्रहण करो; अर्थात् आप खाकर उनको पहुंचाओ, इस मन्त्र में अग्नि से सब कुछ काम लिया गया है।

## पितरों का धारण करना।

वैश्वानरे हविरिदं जुहोमि साहस्रं शतधारमुत्सम्।

स बिभर्ति पितरं पितामहान् प्रपितामहान्बिभर्ति पिन्वमानः ॥१८।४।३५

अथर्व वेद का यह मन्त्र कहता है कि हे अग्ने ! मैं आप में इस हवि का हवन करता हूँ, यह हवि सैकड़ों हजारों स्रोत वाला है। इसको खाकर और तृप्त होकर आप हमारे मृत-पिता, पितामह, प्रपितामह का पोषण कीजिये। इस मन्त्र में पितरों को अपने में रखने के लिये अग्नि से प्रार्थना है। इसी प्रकार मृतात्मा को पितृलोक में पहुंचाना आदि अनेक कार्य पहिले लिखे जा चुके हैं। [ विश्वान् समस्तान् नरान् वेत्तीति वैश्वानरः । ]

## अग्नि से पुर्नजन्म–प्रार्थना ।

अग्नेर्वयं प्रथमस्यामृतानां मनामहे चारुदेवस्य नाम ।
स नो मह्या अदितये पुनर्दात् पितरं च दृशेयं मातरं च ॥
अवसृज पुनरग्ने ! पितृभ्यः यस्ते आहुतश्चरति स्वधाभिः ।
आयुर्वसान उपयातु शेषः संगच्छतां तन्वा जातवेदः ॥

( ऋग्वेद ) १० । १६ । ५

इन मन्त्रों में अग्नि से पुनर्जन्म की प्रार्थना की गई है। मन्त्र कहता है कि हम देवगणों में अग्नि का नाम स्मरण करते हैं। वह प्रसन्न हो कर भू-लोक में फिर जन्म दें, जहां हम दुबारा माता पिता को प्राप्त करें यह प्रथम मन्त्र का भाव है। दूसरा मन्त्र कहता है कि—हे अग्ने ! जो जीव तेरे वंश में स्वधा के बल पर अभी तक है उसको तुम पितृ लोक में भेजो। फिर वहां से लौटने पर किसी के घर ( शेष ) पुत्र रूप से उसको शरीर प्रदान करो। यह मन्त्र अथर्व में भी [ १८।२।१० ] आया है। इसी प्रकार इस विषय के अन्य भी अनेक मन्त्र हैं। यहां तक अग्नि का कार्य अंशतः दिखाया गया है। अब ब्राह्मण का कार्य दिखाया जाता है।

## श्राद्ध में ब्राह्मण–भोजन ।

मृतक-श्राद्ध में पितृ-दूत ब्राह्मण अपने भुक्तान्न का गन्धोपसृष्टरस किरण मार्ग से पहुंचाकर अमृतान्धस पितरों को पितृलोक में अधिक काल तक रखता है। इसका समर्थन [ लुप्तपिण्डोदक-क्रियाः ] इस सङ्केत से भगवद्गीता करती है। ब्राह्मण का भुक्त अन्न स्वर्ग में जाकर पितरों को मिलता है। इस विषय में—

इममोदनं निदधे ब्राह्मणेषु विष्टारिणं लोकजितं स्वर्गम् ।
स मे मा क्षेष्ट स्वधया पिन्वमानः विश्वरूपा धेनुः कामदुघा मे अस्तु ॥४।३४।८

यह अथर्ववेद का मन्त्र पर्याप्त प्रमाण है। इस मन्त्र से पक्वान्न का ब्राह्मणों को भोजन कराना और स्वर्ग में उस अन्न का पहुंचना, जल से उसका बढ़ाना, वेद मन्त्र पर विश्वास रख कर कार्य करना आदि अनेक विषय सिद्ध होते हैं। मन्त्र में ब्राह्मण

पद स्पष्ट आया हुआ है, जिससे अन्य वर्णों का प्रत्यावर्तन है। "ब्राह्मणेषु" यह बहु वचनान्त प्रयोग बहुत ब्राह्मणों का भोजन सिद्ध करता है। ओदन पद मांसादि अमेध्य द्रव्यों का प्रत्यावर्तन करता है। स्वर्ग पद [ गच्छतीति गः। स्वर्गंच्छतीति स्वर्गः ] इस निर्वाचन से बनता है, जिसका अर्थ स्वर्ग पहुंचने वाला होता है। धेनु पद वेदवाणी का उपलक्षण है। उसके साथ कामधुक् शब्द करने वाले की कामना का समर्थन करने वाला है। विश्व रूप शब्द क्रियाओं के भेद का समर्थक है। अस्तु पद कार्य सिद्धि का द्योतक है। यह मन्त्र अत्यन्त विज्ञान पूर्ण और अनन्त गम्भीर भावप्रद है। मन्त्र कहता है कि—मैं श्राद्ध करने वाला पुत्र रूप यजमान, इस ओदन को [ दुग्ध पक्व पायसको ] ब्राह्मणों के उदर में अथवा स्थाली पात्र में रखता हूँ। यह ओदन विष्टारी विस्तृत है, इसके साथ अन्य भोज्य द्रव्य भी है और भाव पूर्ण होने से भी यह विस्तृत है। इसमें श्रद्धा के भाव भरे हुये हैं। फिर यह ओदन लोक-जित् है। यहां से लेकर पितृलोक तक बीच में जितने लोक लोकान्तर आते हैं, उन सबको जीतकर [ पार कर के ] सीधा स्वर्ग में जाने वाला है। वह मेरा भाव पूर्ण ओदन कम न होवे यदि होवे ? तो स्वधा से, जल से उसकी वृद्धि होती रहे तथा विश्व रूप अनन्त श्राद्ध कर्म में विनियुक्त यह कामना पूर्ण करने वाली वेदवाणी [ संकल्प से लेकर पितृ-विसर्जन तक ] मेरे सङ्कल्पित अर्थ को पूर्ण करे, यह संक्षिप्त मन्त्रार्थ है। इसका वैज्ञानिक रीति से अनन्त विस्तार हो सकता है। यह ब्राह्मण का एक प्रयोजन वेदमन्त्र ने बताया है। बाकी प्रयोजन विज्ञान सिद्ध एवं प्रत्यक्ष है। याज्ञवल्क्य स्मृति के—

तपस्तप्त्वाऽसृजद्ब्रह्मा ब्राह्मणान्वेदगुप्तये।
तृप्त्यर्थं पितृदेवानां धर्मसंरक्षणाय च ॥१९८

इस पद्य में ब्राह्मणों के लिए तीन कार्य लिखे हैं—वेद-रक्षण १, पितर और देवताओं की तृप्ति-२, धर्म-संरक्षण ३, इन तीन में बाकी सब कर्मों का अन्तर्भाव हो जाता है।

तं हि स्वयंभूः स्वादास्यात्तपस्तप्त्वादितोसृजत्।
हव्यकव्याभिवाह्याय सर्वस्यास्य च गुप्तये ।१।९४
यस्यास्येन सदाश्नन्ति हव्यानि त्रिदिवौकसः।
कव्यानि चैव पितरः किं भूतमधिकं ततः ॥९५
उत्पत्तिरेव विप्रस्य मूर्तिर्धर्मस्य शाश्वती।
स हि धर्मार्थमुत्पन्नो ब्रह्मभूयाय कल्पते ॥९८

ब्राह्मणो जायमनो हि पृथिव्यामधिजायते ।
ईश्वरः सर्वभूतानां धर्मकोषस्य गुप्तये ॥९९

मनुस्मृति के इन पद्यों में ब्राह्मण के और भी अनेक कार्य मिलते हैं। हव्यक-व्यका वहन; विश्व का रक्षण, धर्म प्रचार, पृथिवी पर आधिपत्य; धर्मकोष रक्षण, यह ब्राह्मण के प्रत्यक्ष कार्य हैं। इनके लिये ईश्वर ने इनको अपने मुख से पैदा किया। यह ब्राह्मणों के कर्म का संकेत मात्र है।

## श्राद्ध में उपयुक्त-द्रव्य

यास्ते धाना अनुकिरामि तिलमिश्राः स्वधावतीः ।
तास्ते सन्तु विभ्वीः प्रभ्वीः तास्ते यमोराजानुमन्यताम् १८।३।५९
धाना धेनुरभवद्वत्सो अस्यास्तिलोभवत् ।
तां वै यमस्य राज्ये अक्षितामुपजीवसि ।१८।४।३२
इदं हिरण्यं विभृहि-यत्तेपिताविभः पुरा ।
स्वर्गं यतः पितुर्हस्तं निर्मृड्ढि दक्षिणम् । १८।४।५६
यं ते मन्थं यमोदनं यन्मांसं तिपृणामि ते ।
ते ते सन्तु स्वधावन्तो मधुमन्तो घृतश्चुतः । १८।४।४२
एतत्ते देवः सविता वासो ददाति भर्त्तवे ।
तत्त्वं यमस्य राज्ये वसानःतार्प्यं चर । १४।४।३१
एतत् त्वा वासः प्रथमं नु आगन् अपैतदूह यदिहाविभः पुरा ।
इष्टापूर्त्तमनुसंक्राम विद्वान् यत्र ते दत्तं बहुधा विबन्धुषु ॥१८।२।५७

अथर्व वेद के इन मन्त्रों में तिल तण्डुल से तर्पण; गोदान; सुवर्णदान; भोज्य पदार्थ प्रदान, वस्त्र दान का वर्णन है। मन्त्रार्थ क्रमशः इस प्रकार है। हे मृतात्मन्! तिल मिश्र जिन तण्डुलों को मैं जल के साथ बखेर रहा हूं-वे तेरे लिये बहुत हों-यमराज तेरे लिये उनका अनुमोदन (स्वीकार) करे। इस मन्त्र में यम के द्वारा प्रेतको पदार्थ प्राप्त होना लिखा है।

दूसरे मन्त्र में तण्डुल निर्मित गोदान और तिल निर्मित वत्सदान विवक्षित है। यहां जो तिल और तण्डुल दिये जाते हैं-उनकी स्वर्ग में जाकर गौ बनती है। और वत्स बनता है। श्राद्ध करने वाला कहता है कि हे मृतात्मन्! यमराज्य में उसका तुम अक्षय (बहुतायत) से उपभोग करो।

तीसरे मन्त्र में सुवर्णदान वर्णन है। हे मृतात्मन्! तू इस सुवर्ण को पहिन! यह

वही सोना है जो पहिले तेरे पिता ने पहिना है। खूब पहिचान ले। अब पुत्र सुवर्ण को सम्बोधित करके कहता है। हे सुवर्ण ! तू-दशगात्र के बाद-स्वर्ग में स्थान पाने वाले मेरे पिता के दक्षिण हस्त में रह कर उसको सुशोभित करना।

चतुर्थ मन्त्र में पुत्र कहता है। हे मृतात्मन्। मैं आप के लिये यहां पर-जो २-मन्थ-ओदन ( अथवा ) मांस देता हूं वह जलसे युक्त होकर आप को मधुपूर्ण-और घृतपूर्ण होकर मिले। मांस से यहां पर ( उड़द ) की पिट्ठी का ग्रहण है-क्योंकि—

अतो माषान्नमेवैतन्मांसार्थे विधिना कृतम् ।
पितरस्तेन तृप्यन्ति श्राद्धं कुर्यान्न तद्विना ॥ ( प्रजापति ) ॥१५२

इस पद्य में प्रजापति के मत में-मांस के स्थान में माषका उपयोग होता है। ईश्वर ने इसको इसी लिये बनाया है। इससे पितर तृप्त होते हैं। उसके बिना कभी श्राद्ध नहीं करना चाहिये। यह पद्य प्रजापति स्मृति का है।

( ५—६ ) दोनों मन्त्र वस्त्रदान में विनियुक्त हैं। पुत्र कहता है। हे मृतात्मन् ! सूर्यदेव आप के लिये यह मेरा दिया हुआ वस्त्र-यमायल में देगा। यमराज्य में उस को पहिन कर आप तृप्तिका अनुभव करें। ( ६ ) हे मृतात्मन्। यह तेरे लिये सर्व प्रथम वस्त्र ( कफ्फन ) दिया जाता है। इसीको आपने यहां भी पहिना था। इसके बाद-जो २ आपने इष्ट और पूर्त के द्वारा यहां पर ( बिबन्धु ) अर्थात् अपने कुटुम्बियों से अतिरिक्त ( सजातीय ) ब्राह्मण बन्धुओं को-वरण के समय दिया है-उसके फलानुरूप आपको सब कुछ मिलेगा। यहां पर ( बि ) उपसर्ग विविध और विशिष्टार्थ में [ कौशिकसूत्र ] में लिया है। इन मन्त्रों से बहुत सी बातें अवगत होती हैं। सूर्य के द्वारा वस्त्र प्रापण वैज्ञानिक रीति का द्योतक है। इष्टा पूर्त का फल-मरने के बाद ही मिलने लगता है—यह बात भी इनसे सिद्ध होती है। इन पर ध्यान देना विद्वानों का काम है।

## गोदान और गो प्रार्थना।

प्रतानती अघ्न्ये ! देवलोकं देवानां पन्थां अनुसंचरन्ती ।
अयं ते गोपतिस्तं जुषस्व स्वर्गं लोकमधिरोहयैनम् ॥१८।३।४

अथर्व वेद के इस मन्त्र में गोदान का फल मृतात्मा को प्राप्त हो-इसलिये गौ से प्रार्थना है। हे अघ्न्ये। नहीं मारने योग्य गौ। देवलोक को भली प्रकार जानती हुई आप देवमार्ग का अनुगमन करती हुई इस अपने गोदान करने वाले मृतात्मा को साथ लीजिये और इसको स्वर्ग में पहुंचा दीजिये। यह मन्त्र अनेक वैज्ञानिक तत्वों को सूचित करता है। गौ ही देवलोक का मार्ग जानती है अन्य पशु नहीं, इसलिये मरने

से पूर्व इसका मुमूर्षु से दान कराया जाता है। [ उत्ताना वै देवगवश्चरन्ति ] इस श्रुति के प्रमाण से देव मार्ग में गौ उत्तान चलती हैं। गोदान अच्छे प्रकार होना चाहिये-और गौ भी अपने घर पाली पोसी हुई-सुन्दर-सवत्स हृष्ट-पुष्ट-होनी चाहिये। अन्यथा—

पीतोदका जग्धतृणा दुग्धदोहा निरिन्द्रियाः ।
अनन्दा नाम ते लोकास्तान्सगच्छति ता ददत् ॥३

कठोपनिषद् के इस मन्त्र से फल उल्टा हो जाता है। जल जिनसे पिया नहीं जाता, घास जिनसे खाया नहीं जाता, दूध जिनके नीचे नहीं, गर्भ को जो धारण नहीं कर सकतीं-ऐसी बूढ़ी गौओं को देकर मनुष्य ( अ-नन्द ) समृद्धि शून्य, आनन्द रहित दुःख-पूर्ण लोकों को जाता है। इस वेद-प्रोक्त गोदान-प्रसङ्ग को ले कर आज कल के जो नास्तिक उपहास करते हैं और कल्पित किस्से गढ़ २ कर मूर्खों में अपना पाण्डित्य दिखाते हैं उनको ईश्वर सुबुद्धि प्रदान करे।

## मासिक-श्राद्ध ।

परायात पितरः सोम्यासो गम्भीरैः पथिभिः पूर्याणः ।
अधा मासि पुनरायात नो गृहान् हविरत्तुं सुप्रजसः सुवीराः ॥
( अथर्व ) १८।४।६३

तस्मात् पितृभ्यो मासि उपमास्यं ददाति ।
प्र पितृयानं पन्थां जानाति यएवं वेद । ( अथर्व ) ८।१०।३।४
अथैनं पितरः प्राचीनाऽऽवीतिनः ।
सव्यं जानु अन्वाच्य उपासीदन् ।
तानब्रवीत् मासि मासि वः अशनम् ।
स्वधा मनोजवः चन्द्रमा वो ज्योतिः ॥ ( शतपथ ) २।४।२।२

वेद के इन मन्त्रों में पितरों का श्राद्ध निर्दिष्ट है। [ आयातपितरः सोम्यासः ] इस पूर्व मन्त्र में आवाहन कर के इस मन्त्र से उनको विदा किया जाता है। मन्त्र में [ पूः ) शब्द यमपुर का वाचक है। यजमान कहता है—हे पितरः! आप अब चले जाइये। यमपुर में ( गम्भीर ) अदृश्य मार्ग से जाकर रहिये। एक मास बीतने के बाद श्राद्ध में हवि खाने के लिये हमारे घर फिर आइये, यह पहिले मन्त्र का अर्थ है। दूसरे मन्त्र में मास २ में पिता के श्राद्ध करने का आदेश है और उसके करने का फल भी कहा है। जो पुरुष पिता का प्रति मास श्राद्ध करता है, वह पितृयान

मार्ग को जान लेता है, यही उसका फल है। शतपथ में एक आख्यान द्वारा इसी अर्थ का समर्थन किया गया है। आख्यान इस प्रकार चलता है—एक बार प्रजापति के पास पितृगण दाहिना घुटना टेककर बैठ गये। प्रजापति ने उनका आशय समझ कर कहा कि—मैं आपके लिये महीने में एक दिन भोजन के लिये नियत करता हूं। स्वधा आपको प्राप्त होगी, मन के समान आपका गमन होगा और "चन्द्र-ज्योति" में आप लोग रहेंगे। इसमें पितरों का मासिक-श्राद्ध सिद्ध होता है।

( अमा-सह वसतः चन्द्रार्कौ यस्यांसा अमावस्या ) अमावस्या के दिन, स्वभावतः चन्द्रमण्डल के ऊपर सूर्यमण्डल आता है, उसी समय पितरों को क्षुधा लगती है। मध्याह्न में भूख लगना स्वभाव-सिद्ध है। ( मासेन स्यादहोरात्रः पैत्रः ) इस प्रमाण से हमारा एक मास, पितरों का एक अहोरात्र होता है।

पूर्वाह्णो देवानाम् । अपराह्णः पितृणाम् ॥२।३।२।८

शतपथ के इस प्रमाण से पितरों का श्राद्ध अपराह्ण में किया जाता है। जो मनुष्य प्रत्येक अमावस को श्राद्ध करता है वह पितरों को प्रति दिन भोजन देता है। इसका वैज्ञानिक रहस्य समझने के लिये शतपथ और गोपथ देखना चाहिये।

## पितरों का आवाहन।

आयन्तु नः पितरः सोम्यासः अग्निष्वात्ताः पथिभिर्देवयानैः ।
अस्मिन्यज्ञे स्वधया मदन्तः अधिब्रुवन्तु तेऽवन्त्वस्मान् ॥१९।५८
ये निखाता--येपरोप्ता येदग्धा ये चोद्धृताः ।
सर्वान्स्तानग्ने ! आवह पितॄन्हविषे अत्तवे ॥ ( अथर्व ) १८।२।३४

इन दो मन्त्रों में श्राद्ध के समय मृत-पितरों के आवाहन करने का निर्देश है। यजमान कहता है कि—सोम्य सोमसद अग्निष्वात्त हमारे पितर देवयान मार्ग से इस यज्ञ में आवें और हमारी दी हुई स्वधा से प्रसन्न होकर हमको आशीर्वाद दें और हमारी रक्षा करें, यह पहिले मन्त्र का अर्थ है। दूसरे मन्त्र में अग्नि से कहा जाता है कि—हे अग्ने ! हमारे जो पितर जमीन में गड़े हुये हैं, जो जल में बहाये गये हैं, जो अग्नि में जलाये गये हैं, जो ऊपर फैंके गये हैं—उन सबको हवि खाने के लिये आप बुलावें ? यही उनके आवाहन का प्रकार है।

## आवाहनोत्तर अन्य कार्य।

(१) इदं नम ऋषिभ्यः पूर्वजेभ्यः । पूर्वेभ्यः पथिकृद्भ्यः ॥

( ऋग्वेद १०।१४।१५ )

(२) एदं बर्हिर्निषीदत (यजुः)

" येऽस्माकं पितरस्तेषां बर्हिरसि (अथर्व) १८।४।६८

(३) इदं पितृभ्यो नमः अस्तु (यजुः) १९।६८

(४) नमो वः पितरः। स्वधा वः पितरः (अथर्व) १८।४।८५

(५) एतत्ते तत स्वधा १८।४।७६

" एतत्ते ततामह स्वधा १८।४।७६

" एतत्ते प्रततामह स्वधा १८।४।७५

इन मन्त्रों से आवाहन के अनन्तर क्रमशः नमस्कार, आसन-दान और स्वधा करना चाहिये और—

मा हिंसिष्ट पितरः केनचित् नः
यद्व आगः पुरुषता कराम। (यजु०) १९।६२

यजुर्वेद के इस मन्त्र से अपने अपराधों की क्षमा-प्रार्थना करानी चाहिये और

इदं मे ज्योतिरमृतं हिरण्यं पक्वं क्षेत्रात् कामदुघा म एषा।
इदं धनं निदधे ब्राह्मणेषु कृण्वे पन्थां पितृषु यः स्वर्णः ॥११।२।२८

अथर्ववेद के इस मन्त्र को पढ़कर दीपक, मधु, स्वर्ण, पक्वान्न, गो-दुग्ध और दक्षिणा-द्रव्य यह सब ब्राह्मणों के समक्ष रखकर, विस्तृत मार्ग से जाने की प्रार्थना करनी चाहिये। इसके अनन्तर—

त्रयो लोकाः सम्मिता ब्राह्मणेन
द्यौरेवासौ पृथिव्यन्तरिक्षम् ॥१२।३।२०

अथर्ववेद का यह मन्त्र पढ़कर पृथिवी, अन्तरिक्ष, द्युलोक इन तीनों पर अधिकार रखने वाले निमन्त्रित ब्राह्मणों को बिदा करना चाहिये। पितर सब लोकों से चलकर ब्राह्मणों में प्रविष्ट होते हैं। ब्राह्मण सोमराजक है।

सोमोऽस्माकं ब्राह्मणानां राजा। ९।४
सोमश्च यो ब्राह्मणां आविवेश १८।३।५५

यजुर्वेद, अथर्ववेद के इन दो मन्त्रों में ब्राह्मणों के साथ सोम का घनिष्ठ सम्बन्ध माना गया है। सोम सदपितर ब्राह्मणों में आविष्ट होकर आते हैं, ब्राह्मण एक ओर सोम से, दूसरी ओर भूलोक से एक साथ सम्बन्ध रखते हैं।

त्वं सोम पितृभिः संविदानः अनुद्यावापृथिवी आततन्थ।
तस्मै त इंदो! हविषा विधेम वयं स्याम पतयो रयीणाम् ॥१९।५४

यजुर्वेद के इस मन्त्र में सोम के प्रति कहा जाता है कि हे सोम ! तुम पितरों से मिलते हुये, द्युलोक और पृथिवी-लोक को व्याप्त कर चुके हो। इस कारण यह हवि हम आपको देते हैं। यह कह कर चन्द्रमा को हविष्य देकर श्राद्ध समाप्त किया जाता है, यहां तक श्राद्ध विवेचन हुआ। अब इस विषय में कुछ आवश्यक प्रश्नोत्तर लिखते हैं।

## आवश्यक प्रश्नोत्तर।

प्रश्न—जो जीव पुराने वस्त्र की तरह एक शरीर छोड़ कर नवीन वस्त्र की तरह दूसरा शरीर ले चुका, उसके लिये श्राद्ध क्यों करना चाहिये?

उत्तर—श्राद्ध का फल सर्वत्र मिलता है, यह पहिले मन्त्रों में कहा गया है। शरीर प्राप्त होने पर भी जो उसको भोग प्राप्त होगा, उसका सम्बन्ध श्राद्ध से है। ईश्वरके प्रबन्ध से अन्य लोक प्राप्त जीवोंको भी श्राद्ध का फल मिलता है, यह पहिले कहा जा चुका है।

प्रश्न—जीव जब "तृणजलौका" न्याय से अन्य शरीर पा लेता है, तब उसके लिये श्राद्ध का क्या प्रयोजन है? ( उत्तर )-यह कथन केवल आश्वासन परक है। उसका वासना-मय शरीर—

यं यं वापि स्मरन्भावं त्यजत्यन्ते कलेवरम्।
तं तमेवेति कौन्तेय सदा सद्भावभावितः॥

भगवद्गीता के इस प्रमाणानुसार केवल मन में कल्पनात्मक बनता है। सच्चा शरीर तो दशगात्र होने पर ही यम की अनुमति से प्राप्त होता है। शरीर मिलने का क्रम छान्दोग्य के अनुसार समझना चाहिये, जो पहिले कहा जा चुका है।

प्रश्न—पुत्र के लिये जल-दान अत्यावश्यक क्यों है? ( उत्तर )-पुत्र का जब अस्तित्व भी नहीं था, तब उसको आश्रय देने के लिये पिता माता ने रज और वीर्य के विन्दु देकर निराधार आत्माके लिये आधार दिया था। आज वही अवस्था दाह के बाद पिता के जीव की है। उसको तीन अञ्जलि जल देकर पुत्र अपने ऋण से उऋण होता है। जल के बदले जल देना [ वारिदस्तृप्तिमाप्नोति ] इस मनु प्रमाण से विधानानुमत है।

प्रश्न—जीव कितने दिनों में शरीर प्राप्त करता है? ( उत्तर )-इसका कोई नित्य नियम नहीं है। योगी-जन ब्रह्मलोक में; इष्टा-पूर्त वाले चन्द्र-मण्डल में; सामान्य जन तुरन्त शरीर पा लेते हैं। परन्तु दशगात्र तक सब वायु-मण्डल में रहते हैं, दुर्बल होने के कारण उनमें चेतना मूर्छित हो जाती है। उसी को पुनर्जीवित करने के लिये दशगात्र कर्म है।

प्रश्न—पितृलोक में हमारा दिया हुआ पदार्थ जिस रूप में हम देते रूप में पहुंचता है। (अथवा) उसकी हालत में कुछ परिवर्तन होजाता है? ( भेजे हुये द्रव्य की लोकान्तर में जाकर अवस्था बदलती है। परन्तु उसका अस्तित्व (हकीकत) नहीं बदलती है। नियम लोक विशेष का भिन्न २ है। किसी लोक में ईश्वर के प्रबन्ध से केवल वायु के द्वारा कार्य होता है। वहां पुष्प गन्ध की तरह केवल सूक्ष्म अंश ही जाता है, स्थूल नहीं। किसी लोक में सूर्य किरणों द्वारा विद्युत् से कार्य होता है। किसी लोक में जल-मिश्रित परमाणु पहुंच जाते हैं। किसी में केवल सांकल्पिक भाव मात्र ही पहुंच कर कार्य करते हैं, इस प्रकार प्रबन्धक के प्रबन्धानुसार उस २ लोक में काम होता है।

## इसमें दृष्टान्त लीजिये।

"लौकिक परीक्षकाणां यस्मिन्नर्थे बुद्धिसाम्यं स दृष्टान्तः।" व्यवहारिक परीक्षा करने वाले मनुष्यों को समझने के लिये जिस चीज का तुलनात्मक वर्णन किया जाता है, वह दृष्टान्त कहाता है। उदाहरणार्थ [ माता के गर्भ में ] आये हुये प्राणी को ही लीजिये, उसका अस्तित्व प्रत्यक्ष है। तन्नि-मित्तक दाय-भागादि निर्णय भी न्यायालय में होता ही है। इतना होने पर भी आप उसको निमन्त्रण देकर भोजन नहीं करा सकते हैं, क्योंकि उसकी अवस्था दूसरी है। वह स्वयं न खाकर माता के भुक्त शेष रस-मात्र से रहता है, बाहिर आकर उसका अशनपान आरम्भ होता है। गर्भ में उसकी देह-रक्षा, पालन-पोषण सब कुछ गर्भ के नियमानुसार होता है।

इसी प्रकार स्थूल-शरीर छोड़ कर सूक्ष्म शरीर में अथवा सूक्ष्म रूप में पहुंचे हुये जीव का स्थूल द्रव्य से सम्बन्ध प्रत्यक्ष में नहीं रहता है। उसका पोषण-रक्षण ईश्वरीय नियम के अनुसार भिन्न रूप से होता है। श्राद्ध में भोजन ब्राह्मण करते हैं, परन्तु आत्मा सोम-गत पितरों का तृप्त होता है, यह ईश्वरीय नियम है। ईश्वरीय नियम से स्त्री के उदर से उत्पन्न पुत्र पिता का कहाता है। लोक में सब उसको पिता के नाम से ही पुकारते हैं, ऐसे विषयों में तर्क से काम नहीं चलता है।

कहीं पर यह नियम भी बदल जाता है, केवल मनो-योगमात्र से आत्मा का (जीव का) पालन होता है। उदाहरणार्थ (कच्छपांड) को ही ले लीजिये, कच्छपी अपने अण्डे को जल से बाहर रख कर केवल मनो-बल से उसका पोषण करती है। एतावन्मात्र से बालक उत्पन्न हो जाता है। मयूरी के नेत्रबिंदु से अण्डा बनता है। बलाका बादल के स्पर्श से गर्भधारण करती है। इन सब में ईश्वरीय नियम काम करता है, सब लोकों में एकसा प्रबन्ध मानना अल्पज्ञता का परिचय देना है।

सूर्य-मण्डलस्थ प्राणी जो यहां से ही जाकर वहां पहुंचते हैं, केवल सूर्य किरकृष्ट जल के सूक्ष्म अंश से ही तृप्त हो जाते हैं। उनके लिये जो पदार्थ भेजना हो, उसको जल में, दुग्ध में, घृत में मिला कर आतप में रखना चाहिये। किरण रूप में आकर जीव उसको ले लेते हैं; इसी लिये श्राद्ध में अपराह्न-काल लिया गया है। सूर्य-किरणों के आकर्षक द्रव्य, दीप, कुश, तिल, यव, तंडुल, मधु श्राद्ध-स्थल में धरे जाते हैं। उन सबको वेद मन्त्र-गत अलौकिक शक्ति यथा योग मिलाकर उन सब द्रव्यों का सम्बन्ध सूर्य-किरणों के साथ कर देती है। उसके द्वारा एक अलौलिक विद्युत् बनती है, जो मन्त्र के शब्द तक आकाश मार्ग से चतुर्दश-भुवनों में पहुंचा देती है। उस शब्द से यहां की खबर अन्यत्र स्थित जीव को मिल जाती है-जिससे वह तृप्त होता है। इसीलिये प्रत्येक कार्य में सर्व प्रथम सङ्कल्प पढ़ा जाता है। उसकी दक्षिणा उसी समय यजमान हाथ में लेकर पुरोहित के हाथ में कुश सहित दे देता है। यही खबर भेजने की दक्षिणा है।

संकल्पः कर्म मानसम्।

मानसिक कर्म का नाम संकल्प है। मन्त्र कहता है-[ यन्मनसाध्यायति-तद्वाचावदति ] मन में जिन चीज़ों का हम संकल्प करते हैं संकल्प में उनकी सब नाप तौल-पता-नाम-निमित्त-शब्दों के द्वारा कहते हैं यही द्रव्यों के रजिष्टर्ड कराने का नियम है।

विद्युत्—कई प्रकार से बनती है। द्रव्यों के संघर्ष से; आपस में दो द्रव्यों के मिलने से, एक द्रव्य में ही चढ़ाव-उतार से, वायुके वेग से, भूमि को रगड़ से, बादल की कड़क से। इनमें चन्द्र मण्डल जाने वाली विद्युत् जल सेउत्पन्न की जाती है आज कल यत्र तत्र विद्युत्सम्पादक स्थानों में जल प्रपात से विद्युत् पैदा करने के साधन दीखने में आते हैं। चन्द्र मण्डल गत प्राणियों के लिये जल और घृतके योग से हव्य कव्य बनाकर देना होता है। घृत के परमाणु मेघ मण्डल में स्थिर रहकर जल को एकत्रित करते हैं-उनसे उत्पन्न विद्युत् चन्द्रमण्डल में खबर पहुंचाने का काम करती है। चन्द्र मण्डल पितरों का निवास स्थान है—यह पहिले लिखा जा चुका है इस वैज्ञानिक सिद्धान्त से श्राद्ध का फल श्राद्धमें दिया हुआ पदार्थ सूक्ष्म रूपसे सूक्ष्म शरीर धारी जीवों को ईश्वरीय नियम के अनुसार मिल जाता है। इसमें आत्मतुष्टि प्रमाण है। अन्तःकरण में जिस कार्य के करने से आत्मतुष्टि हो वह कार्य सिद्ध समझा जाता है। इसीलिये—

सतां हि सन्देहपदेषु वस्तुषु प्रमाणमन्तःकरणस्य वृत्तयः।

ऐसा कहा है। अन्तःकरण की वृत्ति कार्य सिद्धि में सर्वोत्तम प्रमाण है। ऐसे

सूक्ष्म विषयों में स्थूल बुद्धि वेद्यतर्क निष्फल होते हैं। विज्ञान सिद्ध विषय का परीक्षण वैज्ञानिक साधनों द्वारा ही होता है। लोहकार के शस्त्रों से सुवर्णकार काम नहीं कर सकता है। घड़ी बनाने वाला अथवा रत्न जड़ने वाला जड़िया जिन सूक्ष्म शस्त्रों से काम लेता है-उनसे लुहार-चमार-नहीं ले सकता है। जिनकी समझ में यह विषय नहीं आते हैं वे समझने का प्रयत्न न करके उलटी इनकी निन्दा करने लगते हैं उनकी यह अवस्था देखकर—

विपुलहृदयाभियोग्ये खिद्यति काव्ये जडो न मौढ्ये स्वे ।
निन्दति कञ्चुककारं प्रायः शुष्कस्तनी नारी ॥ १ ॥

यह पद्य अकस्मात् स्मृति पथ में आता है। इसलिये इन विषयों का गम्भी- दृष्टि से विचार करना चाहिये। श्राद्ध में समस्त विषय विज्ञान वेद्य हैं। इन प छान्दोग्य बृहदारण्यक कौषीतकि ब्राह्मण कठोपनिषद् शतपथ गोपथ कौशिक सू अथर्व वेद मनुस्मृति गरुड़पुराण हरिवंश आदि ग्रन्थ बार २ देखने चाहिये तब य विषय बुद्धि में आता है।

## श्राद्ध का ऐतिहासिक विवेचन।

श्राद्ध का वैदिक विवेचन पूर्व प्रसंग में लिखा जा चुका है। अब उसकी ऐति- हासिकता बताने के लिये यह प्रसंग लिखा जाता है। हरिवंश पुराण महाभारत का उत्तर भाग है, उसमें व्यास जी ने श्राद्धकर्म का फल प्रकार सब कुछ लिख दिया है। उसमें पहिला हरिवंश पर्व है। उसमें [ १६-से २० तक ] यह प्रसंग मिलता है। हम मूलपाठ लिखकर उस पर विचार करेंगे। प्रसंग में यहां पर भीष्मकृत शन्तनु श्राद्ध का प्रकरण है। भीष्मजी कहते हैं—

अत्र ते वर्णयिष्यामि यथाश्रुतमरिन्दम ।
पित्रा मम पुरा गीतं लोकान्तरगतेन वै ॥ १८
श्राद्धकाले ममपितुर्मया पिण्डः समुद्यतः ।
तं पिता मम हस्तेन भित्वा भूमिमयाचत ॥ १९
नैष कल्पेविधिर्दृष्ट इति सञ्चिन्त्य चाप्यहम् ।
कुशेष्वेव ततः पिण्डं दत्तवानविचारयन् ॥ २१
ततः पिता मे सुप्रीतो वाचा मधुरया तदा ।
उवाच भरतश्रेष्ठ प्रीयमाणो मयानघ ॥ २२
मया तु तव जिज्ञासा प्रयुक्तैषा दृढ़व्रत ।
व्यवस्थानं तु लोकस्य कर्तुं धर्मेषु चानघ ॥ २४

त्वयातु भरतश्रेष्ठ वेदधर्माश्च शाश्वताः ।
कृताः प्रमाणं प्रीतिश्च न मतिर्वर्तिताऽतुला ॥ २७
तस्मात्तवाहं सुप्रीतः-प्रीत्या च परमुत्तमम् ।
ददामि तं प्रतीच्छत्वं त्रिषु लोकेषु दुर्लभम् ॥ २८
इत्युक्तवन्तं तमहमभिवाद्य कृताञ्जलिः ।
अब्रुवं कृतकृत्योहं प्रसन्ने त्वयि सत्तम ॥ ३१
यदि त्वनुग्रहं भूपस्त्वत्तोर्हामि महाद्युते ।
प्रश्नमिच्छामि वै किञ्चिद्-व्याहृतं भवता स्वयम् ॥ ३२

अध्याय १६

मैं यहां पर एक लोकान्तर गत पिता की कही हुई बात कहता हूं-जो मैंने स्वयं सुनी है। श्राद्ध के समय जब मैं पिण्ड कुशों पर रखने को उद्यत हुआ उस समय भूमि को फोड़ कर निकलते हुए हाथ से पिता जी उसको लेने के लिये उद्यत हुये। मैंने कल्पसूत्र में यह विधि न पाकर पिण्ड कुशों पर ही धरा, यह देख कर पिता प्रसन्न हुये और कहने लगे कि हमने तुम्हारी परीक्षा के लिये ऐसा किया। तुम्हारी वेदों पर अटल श्रद्धा और पितृभक्ति देख कर मैं बहुत प्रसन्न हुआ हूँ इस लिये वर देना चाहता हूँ? पिता की यह बात सुनकर मैंने कहा—आपकी प्रसन्नता से मैं कृतकृत्य होगया हूं इतने पर भी आप मुझे वर देने योग्य यदि मानते हैं तो आप ही से सुना हुआ एक प्रश्न मैं आपसे पूंछना चाहता हूं?

श्रूयन्ते पितरो देवा देवानामपिदेवताः ।
देवाश्च पितरोऽन्येवाकान् यजामो वयं पुनः ॥१६।३५
कथञ्च दत्तमस्माभिः श्राद्धं प्रीणात्यथो पितॄन् ।
लोकन्तरगतांस्तात किन्नु श्राद्धस्य वा फलम् ॥३६
अत्र मे संशयस्तीव्रः कौतूहलमतीव मे ।
तद्ब्रूहि मम धर्मज्ञ सर्वज्ञोह्यसि मे मतः ॥३८

## शन्तनुरुवाच ।

संक्षेपेणैव ते वक्ष्ये यन्मांपृच्छसि भारत ।
पितरश्च यथोद्भूताः फलं दत्तस्य चानघ ! ३९
पितॄणां कारणं श्राद्धे शृणु सर्वं समाहितः ।
आदिदेवसुतास्तात पितरो दिवि देवताः ॥४०

तान्यजन्ति स्म वै लोकाः सदेवासुरमानवाः ।
सयज्ञोरक्षगन्धर्वाः सकिन्नरमहोरगाः ॥४१
आप्यायिताश्च ते श्राद्धे पुनराप्याययन्ति च ।
जगदेतत्सगन्धर्वमिति ब्रह्मानुशासनम् ॥४२
तान्यजस्व महाभाग श्राद्धैरग्र्यैरतन्द्रितः ।
ते ते श्रेयोभिधास्यन्ति सर्वकामफलप्रदाः ॥४३
त्वया चाराध्यमानास्ते नामगोत्रादिकीर्तनैः ।
अस्मानाप्याययिष्यन्ति स्वर्गस्थानपि भारत ! ४४
मार्कण्डेयस्तु ते शेषमेतत्सर्वं प्रवक्ष्यति ।
एष वै पितृभक्तश्च विदितात्मा च भारत ॥ ४५
उपस्थितश्च श्राद्धेऽद्य ममैवानुग्रहाय वै ।
एनं पृच्छ महाभागमित्युक्त्वान्तरधीयत ॥ ४६

## अध्याय समाप्त ।

पितृगण-देवताओं के भी पितर हैं-ऐसा सुना जाता है इसलिये इन दोनों में किसका हम पूजन करें ? यह हमारा पहिला प्रश्न है । पितृलोकस्थ पितरों को यहां पर श्राद्ध में दिया हुआ किस प्रकार मिलता है ? और श्राद्ध का फल क्या है ? इन तीन विषयों में हमको सन्देह और बिस्मय दोनों हैं । आप इस समय स्वयं स्वर्गस्थ हैं-इसलिये इनका उत्तर दीजिये । यह सुनकर शन्तनु बोले ! हे अनघ ! भारत !! सुनो-मैं इनका उत्तर संक्षेप से कहूंगा । पितृगण आदि देव ब्रह्मा के पुत्र हैं-उनका पूजन सब करते हैं । वे श्राद्धमें तृप्त होकर अन्यों को तृप्त करते हैं । तुम अप्रमत्त होकर श्राद्ध से उनका पूजन करो । वे तुह्मारे लिये कल्याण प्रदान करेंगे । नाम और गोत्र बोलकर जब तुम उनका पूजन करोगे तब वे हमको भी स्वर्ग में तृप्त करेंगे-अर्थात् उनके द्वारा ही हमको भी श्राद्ध द्रव्य प्राप्त होगा । बस इससे अगाड़ी की बात तुमको इस विषय का सार जानने वाला पितृभक्त मार्कण्डेय बतावेगा । जो मेरे उपकार के लिये आज यहां उपस्थित है । इतना कहकर शन्तनु अन्तर्हित हो गए । इस कथानक से वेद मन्त्रों में कही हुई सब बातें सिद्ध होतीं है । इनके बाद सप्तदशाध्याय में लिखा है—

यूयं शरीरकर्तारस्तेषां देवा भविष्यथ ।
ते तु ज्ञानप्रदातारः पितरो वो न संशयः ॥ १७।३१

अन्योन्यं पितरो यूयं तेचैवेति न संशयः ।
देवाश्च पितरश्चैव तद्बुध्यध्वं दिवौकसः ॥ ३२
श्राद्धैराप्यायिताश्चैव पितरः सोममव्ययम् ।
आप्याय्यमाना युष्माभिर्वर्धयिष्यन्ति नित्यदा ॥ ३७
श्राद्धैराप्यायितः सोमो लोकानाप्याययिष्यति । ३८
एवमाज्ञापितं पूर्वं ब्रह्मणा परमेष्ठिना ॥ ३९
ततस्ते पितरो देवा देवाश्च पितरस्तथा ।
अन्योन्यं पितरोह्यते देवाश्च पितरश्च ह ॥ ४२

## अध्याय समाप्त ।

देवगण—पितरों का शरीर बनाते हैं और पितृगण देवताओं को ज्ञान देते हैं ? इसलिये आपस में ये दोनों पितर हैं । धर्मशास्त्र में ( जनिता उपनेता विद्याप्रद अन्नप्रद भयत्राता ) इन पांचों को पिता कहा है । श्राद्धसे तृप्त पितर सोमको तृप्त करते हैं-सोम तृप्त होकर लोकों को तृप्त करता है । इसलिये पितर देवता हैं-और देवता पितर हैं । इन दोनों को एकसा पूजित करना चाहिये । यहां पर अध्याय समाप्त हुआ है । इससे अगले तीन अध्यायों में पितृ श्राद्धका अन्य सब विषय वर्णित है । मार्कण्डेय पुराण का बहुत सा अंश इस विषय में बड़ा उपयुक्त है । गरुड़ पुराण सब का सब अथर्ववेद का अनुवाद है । अथर्व का अठारहवां काण्ड, उसमें अक्षरशः अनूदित है । इनके देखने से श्राद्ध विषय समझ में आने लगता है ।

## भरतकृत—दशरथ श्राद्ध ।

बाल्मीकीय रामायण के अयोध्या काण्ड में सतत्तरवां सर्ग दशरथ के श्राद्ध वर्णन में विनियुक्त है और इसी काण्डमें [ १०२ ] सर्ग चित्रकूट में विद्यमान श्रीरामचन्द्र के द्वारा सम्पादित दशरथ के श्राद्ध का वर्णन करता है । हम संक्षेप से यहां लिखते हैं ।

ततो दशाहेतिगते कृतशौचो नृपात्मजः ।
द्वादशेहनि संप्राप्ते श्राद्धकर्माण्यकारयत् ॥ ७७।१
ततः प्रभातसमये दिवसे च त्रयोदशे ।
विललापमहाबाहुर्भरतः शोकमूर्छितः ॥ ४
दृष्ट्वा भस्मारुणं तच्च दग्धास्थिस्थानमण्डलम् ।
पितुः शरीरनिर्वाणं विष्टमन्विषसाद ह ॥ ८

दशाह, दशगात्र बीत जाने पर मुण्डनादि क्रिया करके भरत ने बारहवें दिन श्राद्ध कर्म किया। तेरहवें दिन प्रातःकाल बहुत विलाप किया जो लिखा नहीं जाता, है। लिखते २ हृदय भर आता है। भस्म से अरुण वर्ण जली हुई अस्थियों से व्याप्त चिता स्थान को देखकर रुदन करते २ भरत जमीन पर गिर पड़े। ब्राह्मणों को बहुत सा धन-अन्न-वस्त्र-सुन्दर स्थान देकर पिताकी और्ध्वदेहिक क्रिया करी। यह ऐतिहासिक घटना वैदिक श्राद्ध विषय को बहुत स्पष्ट करती है। अब चित्रकूट में भरत के जाने पर श्रीराम का हाल सुनिये।

तां श्रुत्वा करुणां वाचं पितुर्मरणसंहिताम् ।
राघवो भरतेनोक्तां बभूव गतचेतनः ॥ १०३।१
स तु संज्ञां पुनर्लब्ध्वा नेत्राभ्यामश्रुमुत्सृजन् ।
उपाक्रामत काकुत्स्थः कृपणं बहु भाषितुम् ॥ ६
किं नु तस्य मया कार्यं दुर्जातेन महात्मनः ।
यो मृतो ममशोकेन स मया न च संस्कृतः ॥ ९
एवमुक्त्वाथ भरतं भार्यामभ्येत्य राघवः ।
उवाच शोकसंतप्तः पूर्णचन्द्रनिभाननाम् ॥ १४
सीते मृतस्ते श्वसुरः पितृहीनोसि लक्ष्मण ।
भरतो दुःखमाचष्टे स्वर्गतिं पृथिवीपतेः ॥ १५
सा सीता स्वर्गतं श्रुत्वा श्वशुरं तं महानृपम् ।
नेत्राभ्यामश्रुपूर्णाभ्यां न शशाकेक्षितुं प्रियम् ॥ १८
सान्त्वयित्वा तु तां रामो रुदतीं जनकात्मजाम् ।
उवाच लक्ष्मणं तत्र दुःखितो दुखितं वचः ॥ १६
आनयेङ्गुदपिण्याकं चीरमाहरचोत्तरम् ।
जलक्रियार्थं तातस्य गमिष्यामि महात्मनः ॥ २०
प्रगृह्यतु महीपालो जलपूरितमञ्जलिम् ।
दिशं याम्यामभिमुखो रुदन्वचनमब्रवीत् ॥ २६
एतत्ते राजशार्दूल विमलं तोयमक्षयम् ।
पितृलोकगतस्याद्य मद्दत्तमुपतिष्ठतु ॥ २७
ऐङ्गुदं बदरैर्मिश्रं पिण्याकं दर्भसंस्तरे ।
न्यस्य रामः सुदुःखार्तो रुदन्वचनमब्रवीत् । २९

इदं भुंक्ष्व महाराज प्रीतो यदशना वयम् ।
यदन्नः पुरुषो लोके तदन्नास्तस्य देवताः ॥ ३०

भगवान् श्रीरामचन्द्र के पास जाकर जब भरत ने पिता का मरण वृत्तान्त सुनाया उस समय रामचन्द्र बेहोश हो गये। थोड़ी देर बाद उठकर आंखों से आंसू बहाते हुए विलाप करना आरम्भ किया। विलाप में बहुत सी बातें कह कर अशुभतर यह वृत्तान्त सीताजी को सुनाया, और कहा कि तुम्हारे श्वसुर मर गए और भाई लक्ष्मण आज से तुम पितृहीन हुए। यह सुनकर दोनों अत्यन्त दुःखित हुए। रामचन्द्र ने लक्ष्मण से कहा ऐंगुद पिण्याक और चीर वस्त्र जल्दी लाओ हम मन्दाकिनी में जाकर तर्पण करेंगे। उसके बाद सब मन्दाकिनी पर गये और स्नान करके दक्षिण की ओर मुखकर अञ्जलि में जल भर कर बोले हे राजन्! यह आप के लिये अक्षय विमल जल मेरे द्वारा दिया हुआ स्वर्ग में प्राप्त हो यह कहकर तीन वार जल दिया और कुशोंपर बदरी फल मिश्रित ऐंगुद पिण्याक धर कर रोते हुए रामचन्द्र ने कहा! महाराज! प्रसन्न होकर यह पिण्ड खाइये यही आज कल हमारा भोजन है। मनुष्य जो खाता है-उसीसे देवता और पितरों का भी आतिथ्य करता है। यह ऐतिहासिक उपाख्यान बहुत ही करुण रससे भरा हुआ है। अब एक इतिहास और पढ़िये जिसमें मृत पितरों का दर्शन तक हुआ है। यह आख्यान [ पद्म पुराण सृष्टि खण्ड-अध्याय ३३ पद्य ७४ से ११० तक ] है।

## श्राद्ध में पितृ-दर्शन।

एक समय बन में रहते २ वार्षिक श्राद्ध का समय आगया। उस दिन श्रीरामचन्द्र जी ने लक्ष्मण को ब्राह्मणों के पास लिवाने भेजा और सीता जी को पाक बनाने का आदेश दिया। सीता जी ने जब ब्राह्मणों को आते देखा तो वे तुरन्त छिप गईं। रामलक्ष्मण ने मिलकर सब काम किया। ब्राह्मणों के जाने पर सीता जी निकलीं। उनसे छिपने का कारण पूंछने पर उन्हों ने कहा कि—

पिता तव मया दृष्टो ब्राह्मणाङ्गेषु राघव !

हेराघव! मैंने ब्राह्मणों में आविष्ट हुए आप के पिता दशरथ जी को आता हुआ देखा इसलिये मैं छिप गई, एक बात और है-भोजन ही कहां का अच्छा था जिसे मैं परोसती ऐसा भोजन तो—

दासानामपि यद्दासाः कदाचिन्नैव भुञ्जते ।

अयोध्या में दासों के दास भी कभी नहीं खाते हैं-जैसा आज हमने इस बनमें बनाया है। एक बात और है,

याऽहं राज्ञा पुरा दृष्टा सर्वाभरणभूषिता ।

जिस मुझको अयोध्या में आप के पिता जी ने समस्त आभूषणों से अलंकृत देखा था-वह मैं आज उनके समक्ष मलिन वस्त्र और भूषण रहित कैसे आती ? यही कारण मेरे छिपने के हैं। यह बात सुनकर श्रीराम अवाक् हो गए। इस आख्यान में मृत पितरों का दर्शन तक होना सिद्ध है। इससे अधिक आपको क्या चाहिये। मनु में—

निमन्त्रितान् हि पितरः उपतिष्ठन्ति तान्द्विजान् ।
वायुवच्चानुगच्छन्ति तथासीनानुपासते ॥३।१८९

यह स्पष्ट लिखा ही है। [ मन्त्रश्रुत्यं चरामसि ] २।६।२ इस सामवेद मन्त्र के आदेशानुसार हमको जो वेद मन्त्रों का आदेश होता है, उसका पालन करते हैं। वेदों की अवहेलना हमसे नहीं होती हम राजाज्ञा की तरह वेदाज्ञा शिरोधार्य मानते हैं। इसी कारण मृतक श्राद्ध स्वयं करते हैं, और उपदेश देकर औरों से कराते हैं। अब यह विषय समाप्त हो गया। इसलिये यह समुल्लास भी यहीं पर समाप्त किया जाता है।

इति श्रीमदखिलानन्द शर्म प्रणीते वैदिक सत्यार्थ प्रकाशे
त्रयोदशः समुल्लासः ।



# चतुर्दशः समुल्लासः

## यज्ञ मीमांसा।

इस समुल्लास में वैदिक यज्ञों का विवेचन किया जायगा, वेद यज्ञ प्रधान हैं। छान्दोग्य में [ त्रयो धर्मस्कन्धाः, यज्ञोऽध्ययनं दानमिति २ । २३ । १ ] ऐसा कह कर श्रुति ने यज्ञ को धर्म का प्रथम स्कन्ध कहा है। प्राचीन समय में नैमिषारण्य और प्रयाग में अनेक यज्ञ हुये, यह इतिहास कह रहा है।

एदमगन्म देवयजनं पृथिव्या यत्र देवासो अजुषन्त विश्वे।

ऋक्सामभ्यां संतरन्तो यजुर्भिः रायस्पोषेण समिषा मदेम ॥४।१

यजुर्वेद के इस मन्त्र में देव-यजन का प्रसङ्ग आया है, यजमान कहता है कि हम पृथिवी के उस देव-यजन में जाते हैं, जहां पर सब देवगण प्रेम-पूर्वक एकत्र होते हैं। वहां पर ऋग्यजुः साम से यज्ञ करके धनादि से आनन्दित रहेंगे। इस मन्त्र में वेदों द्वारा यज्ञ करके देवगणों को तृप्त कर, देव-प्रदत्त द्रव्य से ऐश्वर्य भोग का स्पष्ट संकेत है, शतपथ ब्राह्मण के चौदहवें काण्ड के आरम्भ में—

देवा ह वै सत्रं निषेदुः। अग्निरिन्द्रः सोमो
मखो विष्णुर्विश्वेदेवा अन्यत्रैवाश्विभ्याम्॥ १॥
तेषां कुरुक्षेत्रं देवयजनमास तस्मादाहुः।
कुरुक्षेत्रं देवानां देवयजनमिति ॥ २॥
तद्विष्णुः प्रथमः प्राप। स देवानां श्रेष्ठोभवत्।
तस्मादाहुः। विष्णुर्देवानां श्रेष्ठ इति ॥ ५॥

यह पाठ है। इसमें कहा है कि देवगणों ने यज्ञ किया, उसमें अश्विनीकुमारों के अतिरिक्त सब देवगण पहुंचे, यह सब कुरुक्षेत्र में एकत्र हुये। इस लिये उसका नाम देव-यजन पड़ा। उसमें सबसे पहिले विष्णु पहुँचे, इस लिये वे ही सर्वश्रेष्ठ माने गये, यह यज्ञ की प्रशंसा है। देवता भी सब मिलकर यज्ञ करते थे, यही यज्ञ का महत्व है।

देवान्भावयतानेन ते देवा भावयन्तु वः।
परस्परं भावयन्तः श्रेयः परमवाप्स्यथ ॥ ३ । ११ ॥

इष्टान्भोगान्हि वो देवा दास्यन्ते यज्ञभाविताः ।
तैर्दत्तानप्रदायैभ्यो यो भुंक्ते स्तेनएव सः ॥ ३ । १२ ॥

भगवद्गीता के इन दो पद्यों में भगवान् स्वयं कहते हैं कि हे मनुष्यो ! यज्ञ के द्वारा देव-गणों को सन्तुष्ट करो ! तुष्ट देव-गण तुमको तुष्ट करेंगे । यज्ञ में तृप्त होकर वे इष्ट-भोग प्रदान करेंगे । उनके दिये हुये भोगों को, बिना उनके समर्पण किये जो भोगता है, वह चोर है । इसी आधार पर सनातनधर्मी सब पदार्थों को भगवदर्पण करके तब उनको अपने उप-भोग में लाते हैं ।

अग्नौ प्रास्ताहुतिः सम्यगादित्यमुपतिष्ठते ।
आदित्याज्जायते वृष्टिर्वृष्टेरन्नं ततः प्रजाः ॥ ३ । ७६ ॥

मनु के इस पद्य में कहा है कि अग्नि में दी हुई आहुति सूर्य-मण्डल को प्राप्त होती है । वहां से मेघ-मण्डल में होकर वर्षा के द्वारा अन्न उत्पन्न करके प्रजा को बढ़ाती है । आज कल यज्ञों के अभाव से आदित्य-मण्डल सामग्री शून्य है, उसमें पत्थर के कोयलों का धुआँ जमा होकर मेघ-मण्डल से ओले बरसाता है । उससे उलटा प्रजा का नाश हो रहा है । मनुष्य प्रजा को सुखी बनाना चाहते हैं, परन्तु उसका जो यज्ञ-रूप साधन है, उसकी उपेक्षा करते हैं । इससे लाभ के बदले हानि होती है । सोचते कुछ हैं, होता कुछ है, यह सब उपद्रव यज्ञ के अभाव से होता है । इसी लिये—

अन्नाद्भवन्ति भूतानि पर्जन्यादन्नसम्भवः ।
यज्ञाद्भवति पर्जन्यो यज्ञः कर्मसमुद्भवः ॥ ३ । १४ ॥
कर्म ब्रह्मोद्भवं विद्धि ब्रह्माक्षरसमुद्भवम् ।
तस्मात्सर्वगतं ब्रह्म नित्यं यज्ञे प्रतिष्ठितम् ॥ ३ । १५ ॥

ऐसा भगवद्गीता में लिखा है । भूत अन्न से, अन्न मेघ से, मेघ यज्ञ से, यज्ञ कर्म से, कर्म वेद से, वेद ब्रह्म से, यथा-क्रम उठता है । इसलिये जो संसार का कल्याण करना चाहें, वे यज्ञ की ओर जनता को प्रेरित करें ।

यज्ञेन यज्ञमयजन्त देवाः ॥ ३१ । १६ ॥

यजुर्वेद के इस मन्त्र में कहा है कि—देवगण यज्ञ के द्वारा यज्ञ-रूप भगवान् का यजन करते थे, यही बात शतपथ में भी कही गई है । भगवद्गीता इसका समर्थन करती है । [ यज्ञो वै विष्णुः ] इस प्रमाण से विष्णु को यज्ञ कहते हैं । वेद में विष्णुपद सूर्य और विष्णु के अर्थ में आता है । यज्ञ शब्द [ यजदेवपूजा-सङ्गतिकरण-

दानेषु ] इस धातु से बनता है; यज्ञ में यह तीनों बातें आ जाती हैं। देव--पूजन, वैज्ञानिक रीति से द्रव्यों का एकीकरण और दान इन सबको एकत्र यदि करना हों, तो यज्ञ करना चाहिये।

इयं वेदिः परो अन्तः पृथिव्याः ।
अयं यज्ञो भुवनस्य नाभिः ॥ २३ । ६२ ॥

यजुर्वेद के इस मन्त्र में पृथिवी मात्र वेदिस्थानीय मानी है और यज्ञ को भुवन का नाभि-स्थानीय माना है। जिस प्रकार विष्णु के नाभि कमल से समस्त विश्व का सम्बन्ध है--उसी प्रकार यज्ञसे समस्त जगत्‌का सम्बन्ध है। यज्ञ की वेदी से उठा हुआ दण्डायमान धूम अन्तरिक्ष में जब सीधा जाता है-उस समय नाभि का उपमा-नोपमेय भाव अवगत होता है। इसी कारण विष्णु और यज्ञ का एक रूपक है। प्रजापति ने यज्ञ के साथ २ प्रजा की उत्पत्ति करके प्रजा से कहा कि—

सह यज्ञाः प्रजाः सृष्ट्वा पुरोवाच प्रजापतिः ।
अनेन प्रसविष्यध्वमेष वोस्त्विष्टकामधुक् ॥

हे प्रजाओ ! तुम इस यज्ञ के द्वारा बढ़ो, और यह यज्ञ तुम्हारी सब कामनायें पूर्ण करे ! इस गीतोक्त पद्य में परस्परोपकार द्वारा यज्ञ और प्रजा वृद्धि का समन्वय बताया गया है। जो प्रजा में आनन्द-सुख-समृद्धि का अवलोकन करना चाहें वे भारत में यज्ञों का आरम्भ करें।

यज्ञो यजुर्भिः । २०।१२

इस मन्त्रमें यज्ञ के लिये यजुर्वेद का नियमन किया गया है। इसीलिये उसका दूसरा नाम आध्वर्यव वेद है। निरुक्त में [ यजुर्यजतेः ७।१३ ] इसका विवरण लिखते हुए यास्क यज्ञ शब्द पर—

यज्ञः कस्मात् । प्रख्यातं यजनकर्मेति नैरुक्ताः ।
बहुकृष्णाजिन इति औपमन्यवः । यजूंषि एन नयन्तीति वा ॥ ३।४

ऐसा नैगम काण्ड में लिखते हैं—इसमें अन्तिम पक्ष ही उपर्युक्त यजुर्मन्त्र से सहमत है। यजुर्वेद से ही इसका समस्त प्रक्रिया भाग सम्बन्धित है। बाकी अन्य वेद इसके अङ्गाङ्गि भाव से यज्ञके उपयोग में आते हैं। [ ऋचस्तुतौ ] इस धातु से ऋक् बनता है—जिसका अर्थ केवल प्रशस्ति मात्र है। इसीलिये ऋग्वेद गुण वर्णन परक है। साम केवल धात्वर्थानुसार सान्त्वन मात्र करता है। यज धातु ही एक ऐसा है, जिसमें देव-पूजा, सङ्गति-करण-दान यह सब समाविष्ट होता है। इसलिये यज्ञ में इसी का प्राधान्य है। भगवान् भाष्यकार [ अप्रयुक्ते दीर्घसत्रवत् ] इसका विवरण लिखते हुये—

दीर्घसत्राणि वार्षशतकानि वार्षसह-
स्त्रिकाणि च। नचाद्यत्वे कश्चिदपि व्यव-
हरति। केवलं ऋषिसम्प्रदायो धर्मः। इति
कृत्वा याज्ञिकाः शास्त्रेणानुविदधते।

महाभाष्य में ऐसा लिखते हैं, इससे बहुत सी बातें निकलती हैं। बड़े २ यज्ञ सौ २, हजार २ वर्ष तक पहिले होते थे। आज कल उनका आयोजन नहीं हो सकता है, याज्ञिक उसका रूपक मात्र धर्म समझ कर करते हैं। आज कल यज्ञों के अभाव में भूलोक में मूर्तिमान् देवगण नहीं आते हैं। इसीसे भारत प्रति दिन कङ्गाल होरहा है, देवगण यज्ञ में मूर्त्त बनकर आते हैं, खाते हैं, पीते हैं, यह बात—

सुगा वो देवाः सदनं अकर्म ये आजग्मुः सवनमिदं जुषाणाः।
जक्षिवांसः पपिवांसश्च विश्वे अस्मे धत्त वसवो वसूनि ॥८।१८

यजुर्वेद के इस मन्त्र में कही है। यज्ञ में यजमान देवगणों से कहता है कि हे देवगणो! इस यज्ञ में जो २ आप पधारे हैं, उन सबके लिये हमने [ सुगाः सदनानि अकर्म ] सुन्दर मार्ग से जाने योग्य सदन बनाये हैं, आप उनमें खाते पीते हुये यज्ञ पूर्ति पर हमको धन प्रदान करें। इस मन्त्र से देवगणों का आना-जाना, खाना-पीना सब सिद्ध होता है, लेना-देना प्रत्यक्ष है। देवता अपना भाग लेकर धन देते हैं, पुत्र पौत्रादि समस्त ऐश्वर्य देना उनका ही काम है।

## यज्ञ-विवेचन।

यज्ञों में, अग्निष्टोम, सोमयाग, वाजपेय, राजसूय, अश्वमेध, पुरुषमेध, सर्वमेध बड़े यज्ञ हैं, जिनका वर्णन आपस्तम्ब श्रौतसूत्र आश्वलायन श्रौत्रसूत्र कात्यायन श्रौत-सूत्र में मिलता है। इनसे अतिरिक्त दर्शेष्टि पौर्णमासेष्टि, चातुर्मास्य याग, आग्रयणेष्टि, सौत्रामणि, गवामयन सत्र, अहीनयाग क्षुल्लक यज्ञ हैं, जिनका वर्णन भी आपस्तम्बादि प्रणीत सूत्रों में मिलता है। इनके अतिरिक्त औपासन होम, वैश्वदेव, पार्वण, अष्टका अन्वष्टका आदि इष्टियां हैं, जिनका वर्णन प्रधान रूप से आपस्तम्ब ने किया है।

## यज्ञ सम्पादक आर्ष-ग्रन्थ।

इन यज्ञों का जिनमें विधि-विधान मिलता है, वे ग्रन्थ सब ऋषि-प्रणीत हैं। आपस्तम्ब, धर्मसूत्र, गृह्यसूत्र, श्रौत-सूत्र, यज्ञ-परिभाषा आदि सब ग्रन्थ आप ऋषि प्रणीत हैं। शाङ्खायन सूत्र, शाङ्खायन ऋषि प्रणीत है। आश्वलायन और क यन प्रसिद्ध वैदिक ऋषि हैं। इन ग्रन्थों में ही समस्त श्रौत कर्मों का निर्णय

है। इनके बिना वैदिक-साहित्य निर्जन वनवत् प्रतीत होता है। मन्त्र ब्राह्मणात्मक वेदार्णव में यदि ये ग्रन्थ पोत रूप न हों, तो अनन्त काल तक किसी विषय का पता लगाना असम्भव है।

## यज्ञ में पारिभाषिक शब्द।

सब यज्ञों में कुछ ऐसे शब्द आते हैं, जिनका कर्म-काण्ड में पारिभाषिक अर्थ लोक व्यवहार से भिन्न मिलता है। बिना उनके अर्थ-ज्ञान के यज्ञ परिभाषा ठीक नहीं बैठती है। इस लिये आवश्यक समझ कर सनिर्वचन उनका अर्थ यहां दिया जाता है।

(१) गार्हपत्य अग्नि से आहवनीय को अलग करना 'अग्न्युद्धरण' कहाता है।

(२) अग्नि का कुशों से ढकना "परिस्तरण"

(३) यज्ञ द्रव्य का साफ करना "फलीकरण"

(४) कुशों का बंधा हुआ पूला "प्रस्तर"

(५) प्रकर्ष से देवताओं का यजन "प्रयाज"

(६) सुष्ठु प्रकार से इष्ट-कारक "स्विष्टकृत्"

(७) ऋत्विजों के भोजनार्थ ओदन "अन्वाहार्य"

(८) यज्ञ के अन्त में पठनीय मन्त्र "अनुयाज"

(९) शंयु-पद घटित मन्त्र "शंयुवाक"

(१०) पत्नी देवताक यज्ञ "पत्नी संयाज"

(११) यवपिष्ट निर्मित दीवले "करम्भपात्र"

(१२) दधि मिश्रित सक्तु "करम्भ"

(१३) सोलह ओंकारों का योग "न्यूङ्ख"

(१४) पलाश की वितस्ति-मात्र समिधा "इध्म"

(१५) समिधा से प्रदीप्त अग्नि का स्तव "सामिधेनी"

इनके अतिरिक्त पारिभाषिक-पद प्रत्येक, यज्ञ के विवरण में लिखे जायेंगे। आपस्तम्ब श्रौत सूत्र में यज्ञ विषयक जो २ साँकेतिक पद मिलते हैं उनका विवरण शतपथ तथा ऐतरेय में खोला गया है, जो समय २ पर लिखा जायगा।

## यज्ञ काम्य-कर्म है।

किसी कामना विशेष को लेकर जो कर्म किये जाते हैं; उनको "काम्य" कहते यागादि सब कर्म भिन्न२ कामनाओं से किये जाते हैं। उदाहरणार्थ सौत्रामणि ही ले लीजिये—

ब्राह्मणयज्ञः सौत्रामणी ऋद्धिकामस्य ॥ १९ । १

राज्ञ उपरुद्धस्य ॥ ३

अलं पशोरपशोः ॥ ४

राज्ञोऽश्वमेधः सर्वकामस्य ॥ २० । १

विश्वजित्पशुकामस्य ॥ २३ । ५ । १४

कात्यायन श्रौत्र सूत्र के इन सूत्रों में समृद्धि काम ब्राह्मण के लिये सौत्रामणि यज्ञ करने योग्य है; राज्य भ्रष्ट राजा राज्य प्राप्ति के लिये इसको कर सकता है। पशु रहित पुरुष पूर्ण रूप से पशु प्राप्त करने के लिये सौत्रामणि कर सकता है। सर्व काम राजा के लिये अश्वमेध पशु काम के लिये विश्वजित् यज्ञ का विधान है। ये सब यज्ञ सकाम होने से काम्य ही हैं। इनमें जो जिसका विधान है; वह पूर्णरूप से करना पड़ता है; तब फल प्राप्त होता है। इसमें तर्क-वितर्क की आवश्यकता नहीं होती है।

दुष्टस्य हविषः अप्सु अवहरणम् ॥ २५।५।९

उष्णे वा भस्मनि ॥ १० ॥

शिष्टभक्षप्रतिषिद्धं दुष्टम् ॥ ११ ॥

इन सूत्रों में द्विजों के अग्राह्य हवि को जल में प्रक्षेप करना लिखा है; अथवा गरम राख में गेरना लिखा है। मनु आदि ने जो अभक्ष्य लिखा है; उसको यहां दूषित होने से दुष्ट कहते हैं। उसका बनाना और हवन करना; काम्य-कर्म में आवश्यक है। परन्तु प्राशन में प्रत्यवाय है; इसी लिये ऊपर के सूत्र उसका निषेध करते हैं।

वाच्यफलेषु स्वर्गः सामर्थ्यात् १।१०।१०

फलयुक्तानि कर्माणि १।१।२

जहां पर यज्ञ विशेष का फल प्रतिपादन नहीं किया है वहां पर स्वर्ग फलक यज्ञ मानना चाहिये कर्म फल-युक्त होता है, निष्फल नहीं होता है।

ब्राह्मण ऋत्विजो भक्षप्रतिषेधादितरयोः १।२।८

सत्राणि ब्राह्मणानां ऋत्विक् श्रुतेः १।६।१३

यज्ञों में ऋत्विज ब्राह्मण के अतिरिक्त अन्य कोई नहीं हो सकता है क्यों कि (तद्वैनाब्राह्मणः पिबेत् २।३।१।३६) इस शतपथ श्रुति में अग्निहोत्र हविः शेष को क्षत्रियादि के पीने के लिये निषेध लिखा है। सब सत्रों में ब्राह्मण ही अधिकृत हो सकते हैं, क्यों कि (ये ऋत्विजस्ते यजमानाः) इस श्रुति से ऋत्विज ही सत्रों में यजमान बनते हैं। यज्ञों से अतिरिक्त सत्र-पद वाच्य कर्म ब्राह्मणों के अतिरिक्त अन्य कोई नहीं कर सकता है।

## सोमयाग।

दर्शपौर्णमासाभ्यामिष्ट्वा अन्येन यजेत ७।१।१

बसन्तेऽग्निष्टोमः ७।१।५

दर्शेष्टि और पौर्णमासेष्टि के अनन्तर इनको पहिले कर के तब सोमयाग करना चाहिये और अग्निष्टोम बसन्त में करना चाहिये। सोमयाग में अन्य अनेक इष्टियां हैं जिनका अन्तर्भाव सोमयाग के अङ्गभूत होने से सोमयाग में ही हो जाता है। परन्तु उनमें क्रिया भिन्न २ है। सोमयाग के बाद द्वादशाह यज्ञ और गवामयन दो यज्ञ स्वतन्त्र हैं जिनका वर्णन सब श्रौत-सूत्रों में मिलता है।

## वाजपेय।

वाजपेयः शरदि अवैश्यस्य १४।१।१

वाजपेय यज्ञ शरद्-ऋतु में ब्राह्मण और क्षत्रिय कर सकता है। वैश्य नहीं कर सकता है।

## राजसूय।

राज्ञो राजसूयः अनिष्टिनोवाजपेयेन १२।१।१

जिसने वाजपेय यज्ञ न किया हो वह राजा, राजसूय यज्ञ कर सकता है। (राज्ञासूयत इति राजसूयः) राजा इसको करते हैं, इसलिये इसका नाम राजसूय है।

## अश्वमेध।

राज्ञोऽश्वमेधः सर्वकामस्य २०।१।१

अष्टम्यां नवम्यां वा फाल्गुनी शुक्लस्य ॥२ ग्रीष्म एके ॥३

सर्व काम राजा के लिये अश्वमेध करना चाहिये, इसका आरम्भ फाल्गुन सुदी अष्टमी या नवमी को करना चाहिये या ग्रीष्म-ऋतु में करना चाहिये। इनका विधि-विधान कात्यायन श्रौत-सूत्र में लिखा है। इनमें आज कल अश्वमेध पर नास्तिक-जन बहुत तर्क उठाते हैं, इसलिये इसका विवेचन यहां पर किया जाता है।

## प्रकार निरूपण।

अश्वमेध-यज्ञ किस प्रकार करना चाहिये ? इस प्रश्न का उत्तर शतपथ ब्राह्मण के तेरहवें काण्ड में दिया गया है। यह समग्र काण्ड इसी विषय से ओत-प्रोत है। कण्व-शाखीय शतपथ के पन्द्रहवें काण्ड में अश्वमेध का वर्णन है। यह दोनों ग्रन्थ वेद हैं, इनकी छाया ले कर आश्वलायन, शाङ्खायन, आपस्तम्ब, कात्यायन—इन

चार ऋषियों ने अपने अपने श्रौत-सूत्रों में इसका प्रतिपादन किया है। आश्वलायन ने दशमाध्याय में, शाङ्खायन ने पञ्चदशाध्याय में, आपस्तम्ब ने विंशाध्याय में, कात्यायन ने भी विंशाध्याय में इसका प्रकार विस्तार से लिखा है। परन्तु इन श्रौत-सूत्रों का मूल सब वेदों के मन्त्र भाग में विद्यमान है। जो नास्तिक महीधर सायण जैसे वेदाचार्यों पर इसके लिखने का आरोप करते हैं-उनकी वंश परम्परा में भी किसी ने वेदों का स्वाध्याय नहीं किया है, अन्यथा ऐसा अनर्गल-प्रलाप वे न करते। हम उनके अनुयायियों के भ्रम निवारणार्थ सर्व प्रथम ऋग्वेद का अश्वमेध प्रकरण उपस्थित करते हैं।

## ऋग्वेद में अश्वमेध।

ऋग्वेद के प्रथम काण्ड में एक सौ बासठ और एक सौ त्रेसठवां समग्र सूक्त अश्वमेध के वर्णन में विनियुक्त है। इन दोनों सूक्तों में पैंतीस मन्त्र हैं; जिनमें अश्वमेध का समस्त आयोजन विद्यमान है।

## यजुर्वेद में अश्वमेध।

यजुर्वेद के पञ्चविंशाध्याय में— २४ से ४५ मन्त्र तक २२ मन्त्रों में अश्वमेध का वर्णन है। बाईसवां अध्याय समग्र और अध्याय २३ वें में ५ से ४५ तक यही चलता है, दोनों वेदों में प्रायः मन्त्रों का देवता अश्व है। हम यहां पर शतपथ के साथ वेदमन्त्र उपस्थित करते हैं।

अनु त्वा रथो अनु मर्यो अर्वन्! अनु गाव अनु भगः कनीनाम्।
अनु व्रातासस्तव सख्यमीयुः अनु देवा ममिरे वीर्यं ते ॥१।१६३।८
(ऋग्वेद)

स्वयं वाजिन्! तन्वं कल्पयस्व स्वयं यजस्व स्वयं जुषस्व।
महिमा ते अन्येन न संनशे ॥२३।१६ (यजुः)

यदश्वाय वास उपस्तृणन्ति अधीवासं या हिरण्यान्यस्मै।
संदानं अर्वन्तं पड्वीशं प्रिया देवेषु आयामयन्ति ॥ १।१६२।१५
(ऋग्वेद)

मा त्वाऽतपत् प्रिय आत्माऽपियन्तं मा स्वधितिः तन्व आतिष्ठिपत्ते।
मा ते गृध्नुः अविशस्ताऽतिहाय छिद्रा गात्राणि असिना मिथूकः॥ २०
(ऋग्वेद)

तस्यैते पुरस्ताद्रक्षितार उपक्लृप्ता भवन्ति।
राजपुत्राः कवचिनः शतं, राजन्या निषङ्गिणः

शतं, सूतग्रामणीपुत्रा इषुवर्षिणः शतं
क्षात्रसंगृहीतॄणां पुत्रा दण्डिन शतं, अश्वशतं
निरस्तं-निरमणं-यस्मिन्नेनमपिसृज्य रक्षन्ति। शतपथ१३।२।१४।५

ऋग्वेद-यजुर्वेद तथा शतपथ के इन मन्त्रों में अश्वमेधीय अश्व के छोड़ने पर उसके पीछे उसकी रक्षार्थ कवची निषंगी इषुवर्षी दण्डधारी राजपुत्रों का जाना बताया गया है। मन्त्र में अर्वन्! यह अश्वका सम्बोधन है। अश्व अपनी इच्छा से स्वयं शरीर धारण करता है-और स्वयं यज्ञ में अपने को हवन करता है। अश्वमेधीय अश्व के लिये जो रात्रि में कपड़ा बिछाते हैं-और जो सुवर्ण भूषणों से हर स्थान पर उसे सजाते हैं-वे देवताओं के प्रेम पात्र बनते हैं। असिना (तलवार से) कटे हुए सछिद्र अश्व के गात्र उपलक्षित करके अश्वका हर प्रकार से आश्वासन करना ऋग्वेद मन्त्र में प्रत्यक्ष है।

१ प्रजापतिः अश्वमेधं असृजत । १३।४।१
२ राष्ट्रं वा अश्वमेधः । राष्ट्रे एते व्यायच्छन्ते ।
ये अश्वं रक्षन्ति, तेषां ये उद्दचं गच्छन्ति राष्ट्रेनैव ते राष्ट्रं-
भवन्ति। अथ ये नोद्दचं गच्छन्ति। राष्ट्रात्ते व्यवच्छिद्यन्ते ॥
तस्मात् राष्ट्री अश्वमेधेन यजेत। १३।६।३

शतपथ की इन कण्डिकाओं में कहा है कि प्रजापति ने अश्वमेध प्रस्तुत किया। जो राजकुमार राष्ट्र प्रापक अश्वमेध को करते हैं-और अश्व की रक्षा करते हैं वे राष्ट्र स्वामी बनते हैं। जो नहीं करते हैं वे राष्ट्र से च्युत होते हैं। इसलिये राज्य चाहने वाला अश्वमेध से यजन करे।

१ राजा वा एष यज्ञानां यदश्वमेधः। १३।२।२।१
२ क्षत्रं वा अश्वः। विट् इतरे पशवः। १३।२।२।१५
३ न वै मनुष्यः स्वर्गं लोकमञ्जसा वेद।
अश्वो वै स्वर्गं लोकमञ्जसा वेद ॥ १३।२।३।१
४ तेज इन्द्रियं पशवः श्रीः क्रामन्ति योऽश्वमेधे न यजते। १३।२।६।३
५ प्रजापतेः अक्षि अश्वयत्। तत्परापतत्। ततोऽश्वः समभवत्।
यदश्वयत्। तदश्वस्य अश्वत्वं तद्देवाः अश्वमेधेनैव प्रत्यदधुः। एष ह वै
प्रजापतिं करोति योऽश्वमेधेन यजते ॥ १३।३।१
६ द्विरूपएव एष अश्वः स्यात्। कृष्णसारंगः। प्रजापतेर्वा एष अक्ष्णः
समभवत्। द्विरूपं वा इदं चक्षुः। शुक्लं चैव कृष्णं च। १३।४।२।३

अश्वमेध यज्ञों का राजा है, अश्व क्षत्रिय है-अन्य पशु इसकी प्रजा हैं, मनुष्य स्वर्ग को नहीं पहिचानता है। अश्व पहिचानता है। जो क्षत्रिय होकर अश्वमेध नहीं करता है उसकी श्री उसके पशु तेज इन्द्रियां सब नष्ट हो जाती हैं। प्रजापति की आंख बढ़ी। बढ़कर नीचे गिरी उससे अश्व पैदा हुआ। जो अश्वमेध कराता है। वह प्रजा का पति होता है। अश्वमेध का अश्व दो रंग का होता है। काला और चितकबरा। आंख में भी दो ही रंग होते हैं।

( १ ) ये वा एतस्योदृचं गमिष्यन्ति राष्ट्रं ते भविष्यन्ति,
राजानो भविष्यन्ति। अभिषेचनीयाः।

( २ ) तस्मान्मा प्रमदत। स्नात्वात्-उदकात् निरुन्धीध्वं, वडवाभ्यश्च।

( ३ ) यद्यद्ब्राह्मणजातं उपनिगच्छेत, तत्तत्पृच्छेत! भो ब्राह्मणाः!
कियत् यूयं अश्वमेधस्य वित्त॥

( ४ ) यो ब्राह्मणः सन् अश्वमेधस्य न वेद स अब्राह्मणः।

( ५ ) तेषां रथकारकुलएव वो वसतिः। तद्धि अश्वस्य-
आयतनम्। १३।२।१५।१७

अश्व छोड़ने पर राजा राजकुमारों से कहे कि—हे राजकुमारो! तुम रक्षा के लिये इसका अनुगमन करो! जो ऐसा करेंगे वे राष्ट्रवान् बनेंगे, राजा बनेंगे; गद्दी पर अभिषेक योग्य बनेंगे। इसलिये प्रमाद मत करना; इसको जल से और बड़वाओं से बचाना। मार्ग में जो ब्राह्मण मिले उससे इस विषय में बात करना कि आप इस विषय में कितना जानते हैं? जो ब्राह्मण होकर अश्वमेध विषय नहीं जानता है वह ब्राह्मण नहीं है। रात को बढ़ई के यहां रहना और अश्व बांधना-यह आदेश राजा का होता है।

# अश्वमेधीय राजाओं का इतिहास।

## ❀ तदेतद्गाथयाभि गीतम् ❀

आसन्दीवति धान्यादं रुक्मिणं हरितस्रजम्।
अबध्नादश्वं सारङ्गं देवेभ्यो जनमेजयः॥१३।५।४।२
वार्तिक्षिता यजमाना अश्वमेधैः परोऽवरम्।
अजहुः कर्म पापकं पुण्याः पुण्येन कर्मणा॥१३।५।४।३
अटणारस्य परः पुत्रः अश्वं मेध्यमबन्धयत्।
हैरण्यनाभः कौसल्यो दिशः पूर्णा अमंहत॥१३।५।४।४

अश्वं मेध्यमालभत क्रिवीणामतिपूरुषः ।
पाञ्चालः परिवक्रायां सहस्रशतदक्षिणम् ॥१३।५।४।७
सहस्रमासन्नयुता शता च पञ्चविंशतिः ।
दिक्तो दिक्तः पञ्चालानां ब्राह्मणा या विभेजिरे ॥१३।५।४।८
चतुर्दश द्वैतवने राजा संग्रामजिद्धयान् ।
इन्द्राय वृत्रघ्ने अवध्नात् तस्माद्वैतवनं सरः ॥१३।५।४।९
अष्टासप्ततिं भरतो दौष्यन्तिर्यमुनामनु ।
गङ्गायां वृत्रघ्ने अवध्नात् पञ्चपञ्चाशतं हयान् ॥१३।५।४।११
त्रयस्त्रिंशं शतं राजा अश्वान् बध्वाय मेध्यात् ।
सौद्युम्निरत्यष्ठादन्यान् अमायान् मायवत्तरः ॥१३।५।४।१२
शकुन्तला नाडपिती अप्सरा भरतं दधे ।
परःसहस्रानिन्द्राय अश्वान् मेध्यान् य आहरत् ॥१३।५।४।१३
महदद्य भरतस्य न पूर्वे नापरे जनाः ।
दिवं मर्त्यइव बाहुभ्यां नोदापुः पञ्चमानवाः॥१३।५।४।२४
याज्ञतुरे यजमाने ब्रह्माण ऋषभे जनाः ।
अश्वमेधे धनं लब्ध्वा विभजन्ते स्म दक्षिणाः ॥१३।५।४।१५
सात्रासहे यजमाने अश्वमेधेन तौर्वशाः ।
उदीरते त्रयस्त्रिंशाः षट्सहस्राणि वर्मिणाम् ॥१३।५।४।१६
षट् षट् षट्वा सहस्राणि यज्ञे कोकपितुस्तत्र ।
उदीरते त्रयस्त्रिंशाः षट्सहस्राणि वर्मिणाम् ॥१३।५।४।१७
सात्रासहे यजमाने पाञ्चाले राज्ञि सुस्रजि ।
अमाद्यदिन्द्रः सोमेन अतृप्यन्ब्राह्मणा धनैः ॥१३।५।४।१८
शतानीकः समन्तासु मेध्यं सात्राजितो हयम् ।
आदत्त यज्ञे काशीनां भरतः सात्वतामिव ॥१३।५।४।२१
श्वेतं समन्तासु वशं चरन्तं शतानीको धृतराष्ट्रस्य मेध्यम् ।
आदाय सह्वा दशमास्यमश्वं शतानीको गोविनतेन हेजे ॥१३।५।४।२२
महदद्य भरतानां न पूर्वे नापरे जनाः ।
दिवं मर्त्यइव पक्षाभ्यां नोदापुः सप्तमानवाः ॥१३।५।४।२३

इन सत्रह गाथाओं में अश्वमेध करने वाले सत्रह राजाओं का इतिहास है। वेद में गाथा-भाग बहुत है समस्त गाथा-भाग इतिहास बतलाता है।

१ तं गाथया पुराण्या पुनानमभ्यनूषत।

२ तामद्य गाथां गास्यामि।

इत्यादि मन्त्रों में आया हुआ गाथा शब्द प्राचीन इतिहास का बोधक है। हम इस विषय में यहां पर अधिक न लिखकर अग्रिम समुल्लास में इसका विवेचन करेंगे। प्रस्तुत में अश्वमेध उपक्रान्त है। ऊपर कही हुई १७ गाथाओं में [ जनमेजय पारिक्षित (परीक्षित के पुत्र) हिरण्यनाभ (कौसल्य) संग्रामजित् भरत (दौःष्यन्ति सौद्युम्नि (सुद्युम्न का पुत्र) याक्षतुरतौर्वश (तुर्वश राजा के समस्त पुत्र) सात्रासह शतानीक-सत्राजित-काशिराज-भरत वंशीय सब राजा ] अश्वमेध कई बार कर चुके यह बात वेदों से हटाई नहीं जा सकती है। इसलिये वेदों में आश्वमेधिक वर्णन आलङ्कारिक नहीं किन्तु अक्षरशः सत्य है।

तत्र ब्रह्म इतिहासमिश्रं गाथामिश्रं च भवति ( निरुक्त ) ४।१

इस पाठ में निरुक्तकार यास्क वेद को ऋङ् मिश्र इतिहास मिश्र और गाथा मिश्र मानते हैं। वैदिक मन्त्रों में कुछ मन्त्र आधिभौतिक हैं-जिनका अर्थ लौकिक अर्थ को लेकर चलता है। कुछ मन्त्र आधि दैविक हैं-जो केवल देवताओं का प्रतिपादन करते हैं। कुछ मन्त्र आध्यात्मिक हैं। कुछ मन्त्रों में तीनों अर्थों का एक साथ प्रतिपादन मिलता है। अश्वमेध के मन्त्रों में आधिदैविक अर्थ का प्रतिपादन है इसको छोड़कर अन्य अर्थों में इसको घसीटना वेदों के साथ अन्याय करना है।

वेद में जो मन्त्र हैं उनसे वही अर्थ निकाला जा सकता है जो ईश्वरीय संकेत के साथ उनमें विद्यमान है। उनमें अपने अनुकूल मनमाना अर्थ नहीं किया जा सकता है। यदि ऐसा किया जायगा तो द्रुपदसुता की तरह चीराकर्षण प्रसंग उपस्थित होगा-जिसका परिणाम अनिष्ट सम्पादन के अतिरिक्त अन्य कुछ न होगा। इसलिये वेदों के मान रक्षार्थ प्रसङ्गाऽऽगत अर्थ को ही लेना चाहिये।

यदश्वाय वास उपस्तृणन्ति अधीवासं या हिरण्यान्यस्मै।
संदानमर्वन्तं पड्वीशं प्रिया देवेष्वायामयन्ति ॥२५।३९

## यजुर्वेद

वासः-अधिवासं हिरण्यं इति अश्वाय उपस्तृणन्ति। तस्मिन्नेनमधि संज्ञपयन्ति संज्ञप्तेषु पशुषु पत्न्यः पान्नेजनैरुदायन्ति। चतस्रश्च जायाः। कुमारी पंचमी। चत्वारि च शतान्यनुचरीणाम् ।१३।५।२।१

## शतपथ

१ हिरण्य-वासोधीवासेषु अश्वसंज्ञपनम् । २०।६।१९

२ अश्वं त्रिस्त्रिः परियन्ति पितृवत् । मध्ये गणानां प्रियाणां निधीनामिति ।१३

३ प्रक्षालितेषु महिषी अश्वं उपसंविशन्ति । "आहमजानीति" । १४

४ अधीवासेन प्रच्छादयति स्वर्गे लोके इति । १५

## कात्यायन श्रौत सूत्र

यहां पर मन्त्र ब्राह्मण सूत्र तीनों एक मत हैं । मन्त्र कहता है कि जो मनुष्य अश्वमेधीय अश्व के लिये वस्त्र बिछाते हैं-उसको स्थान देते हैं । तथा सुवर्ण से जो उसको सजाते हैं- और संदान शिरोबन्धन तथा पड्वीश पादबन्धन उसके लिये देते हैं-वे देवगणों को तृप्त करते हैं । शतपथ में भी यही बात है । ऐसे स्थान में अश्वका "संज्ञपन" किया जाता है । इसके अनन्तर—

चतस्रो जाया उपक्लृप्ता भवन्ति । महिषी, वावाता परिवृक्ता पालागली सर्वा निष्किण्यः अलंकृताः । मिथुनस्यैव सर्वत्वाय । ताभिः सह अग्न्यागारं प्रपद्यते । पूर्वया द्वारा यजमानः । दक्षिणया पत्न्यः १३।४।१।८

शतपथके इस प्रमाण से महिषी आदि सब पत्नियां "पान्नेजन" पाद प्रक्षालन योग्य जल हाथों में लेकर मृत-अश्व का चरणक्षालन करती हैं और अश्व को रक्षक पिता के समान पूज्य समझकर उसकी ३।३ परिक्रमा करती हैं । परिक्रमा के समय-

१ गणानां त्वां गणपतिं हवामहे ।

२ प्रियाणां त्वां प्रियपतिं हवामहे ।

३ निधीनां त्वां निधिपतिं हवामहे ।।२३।१९

इन तीन मन्त्रों को पढ़ती हैं । सूत्र में—"पितृवत्" पद प्रत्यक्ष है । इस लिये यह मृत अश्व पितृवत् परिचरणीय है । चरण धोने के बाद महिषी मृत अश्व के पास बैठती है और बैठ कर ( आहमजानि गर्भधं ) यह मन्त्र पढ़ती है । इन दोनों पर मन्त्रानुष्ठान के समय दृष्टि-पात बचाने के लिये एक वस्त्र ढांका जाता है । यह काम्य अश्वमेध की प्रक्रिया है । जिस कार्य की जो प्रक्रिया होती है वह कर्त्ता को करनी ही पड़ती है, अन्यथा उसके बिना किये उसका कार्य नहीं होता है । शतपथ कहता है—

१ निष्ठितेषु पान्नेजनेषु महिषीं अश्वाय उपनिपादयन्ति ।
अथ एनां सम्प्रोर्णुवन्ति । "स्वर्गे लोके प्रोर्णुवाथां" इति ।
एष वै स्वर्गो लोकः । यत्र पशुं संज्ञपयन्ति ।

२ निरायत्य अश्वस्य शिश्नं महिषी उपस्थे निधत्ते ।
"वृषा वाजी रेतोधा रेतोदधात्विति" मिथुनस्यैव सर्वत्वाय।।१३।५।२।२
३ तयोः शयानयोः अश्वं यजमानः अभिमेथति
"उत्सक्थ्या अवगुदं धेहीति" ।३
४ अथाध्वर्युः कमारीमभिमेथति । "यकासकौ शकुन्तिकेति" ।४
५ अथ ब्रह्मा महिषीं अभिमेथति ।
"माता च ते पिता च ते अग्रं वृक्षस्य रोहतः" इति । ५
६ अथ उद्गाता वावातां अभिमेथति । "ऊर्ध्वमेनामुच्छ्रापयेति" । ६
७ अथ होता परिवृक्तां अभिमेथति । "यदस्या अंहुभेद्या" इति । ७
८ अथ क्षत्ता पालागलीमभिमेथति ।
"यद्धरिणो यवमत्ति न पुष्टं पशु मन्यते" इति । ८
९ समाप्तिर्वा एषा वाचः । यदभिमेथिकाः सर्वेकामा
अश्वमेधे सर्वया वाचा सर्वान् कामान् अवाप्नवाम इति ।
उत्थापयन्ति महिषीम् । ततस्ता यथा इतं प्रति परायन्ति ।
अथ इतरे सुरभिमतीं ऋचं अन्ततः अन्वाहुः ।
"दधिक्राव्णो अकारिषमिति" । ९

यह सब शतपथ के मन्त्र हैं। "संप्रोर्णुवन" आच्छादन वस्त्र को कहते हैं। यहां पर स्वर्ग "पशु संज्ञपनस्थान" है। सुख प्रापक साधन यहां पर "शिश्न" पद वाच्य है। मरने पर उसका सूक्ष्म शरीर के साथ सूक्ष्म रूप से ही सम्बन्ध है। अथर्ववेद के ( ४।३४।२ ) मन्त्र में यह पद इसी अर्थ में आता है। अग्नि शरीर को जलाता है परन्तु शरीर का जो—"शिश्न" शेष भाग सूक्ष्म शरीर है उसको नहीं जलाता है। यही अथर्ववेद के मन्त्र का अर्थ है। शतपथ के मन्त्रों में "—" इस चिन्ह के अन्दर यजुर्वेद के मन्त्र हैं जो तेईसवें अध्याय में ( १६ से ३२ तक ) हैं। क्रिया समाप्त होने पर "दधिक्राव्ण" मन्त्र पढ़कर यज्ञस्थल से सब अलग हो जाते हैं। सूत्र ग्रन्थ शतपथ का केवल समर्थन मात्र करते हैं और शतपथ मन्त्रों का अनुगमन करता है। सनातनधर्मी विद्वान् मन्त्र ब्राह्मणात्मक शब्द राशि को अलौकिक कार्य-प्रतिपादक समझ कर दोनों को वेद मानते हैं। ऐसी परिस्थिति में अश्वमेध प्रकरण गत *"गणानान्त्वा" इस मन्त्र का महीधर आदि ने जो समन्वय लगाया है वह वेदाज्ञा का* अनुगमन मात्र है।

## अश्वमेध का समय।

१ कस्मिन् ऋतौ अभ्यारम्भइति। ग्रीष्मे अभ्यारभेत।
इति उ-ह-एके आहुः। ग्रीष्मो वै क्षत्रियस्य ऋतुः।
क्षत्रिययज्ञ उ वा एष यदश्वमेध इति। १३।४।२॥
२ सा यासौ फाल्गुनी पौर्णमासी भवति तस्यै पुरस्तात्
षड्हे वा सप्ताहे वा ऋत्विज उपत्वमायन्ति। अध्वर्युश्च, होताच,
ब्रह्माच, उद्गाता च, एतान् वा अनु अन्ये ऋत्विजः।१३।४।४॥

शतपथके मन्त्रों में अश्वमेध का समय ग्रीष्मऋतु बताया है क्योंकि सब ऋतुओं में ग्रीष्म क्षत्रिय है और अश्वमेध क्षत्रियों का यज्ञ है। फाल्गुन शुक्ल पूर्णिमा के ६।७ दिन पहिले इसका आरम्भ होता है। उन्हीं दिनों में सब ऋत्विज एकत्र होते हैं।

१ यो वा अश्वमेधे त्रीणि शीर्षाणि वेद। शिरो ह राज्ञां भवति।१३।३।३।१०
२ यो वा अश्वमेधे तिस्रः ककुदो वेद ककुत् ह राज्ञां भवति।१३।३।३।१०

शतपथ के इन मन्त्रों में अश्वमेध के तीन शिर और तीन ककुद् कहे हैं। जो इनको जानता है वह राजाओं में शिर के समान ऊंचा होता है और ककुद् के समान "मांसल" मोटा होता है। २१-अग्नि, २१-स्तोम, २१-यूप, ये ही शिर और ये ही ककुद् हैं।

नैते सर्वेपशवो यदजा-अवयश्च। आरण्याश्चैते वै सर्वे।
पशवो यद्-गव्याः। एते वै सर्वे पशवो यद्-गव्याः। १३। २। ३

शतपथ की इन श्रुतियों में दूध देने वाले ग्राम्य गौ आदि को पशु माना है। बाकी बकरी, भेड़ आदि जन्तु पशुकोटि से बाहर हैं। इनका उपयोग यज्ञ में ही होता है और पशु वधजन्य प्रायश्चित्त भी नहीं लगता है।

परा वा एष सिच्यते-यः अबलः अश्वमेधेन यजते।
यदि अमित्रा अश्वं विन्देरन्-यज्ञोस्य विच्छिद्येत।
पापीयान् - स्यात्। शतं कवचिनो रक्षन्ति।
यज्ञस्य सन्तत्या अव्यवच्छेदाय। १३। १। ६। ३

शतपथ के इन मन्त्रों में कहा है कि—जो राजा दुर्बल होकर अश्वमेध करता है, वह नष्ट होता है। यदि अश्वमेध के अश्व को शत्रु प्राप्त करलें तो यज्ञ नष्ट हो और करने वाला पापी बनें। इसलिये इसके रक्षार्थ सौ राजपुत्र रहते हैं।

(१) पराचीर्जुहोति। पराङ् इव वै स्वर्गो लोकः। स्वर्गस्य लोकस्य अभिजित्यै।
ईश्वरो वा एषः। पराङ् प्रदघोः। यः पराचीराहुतीर्जुहोति।

(२) जामदग्नीभिरेव आप्रीणीयात् । प्रजापतिर्वै जमदग्निः । सोऽश्वमेधः । स्वयैव एनं देवतया समर्धयति । तस्मात् जामदग्नीभिरेव आप्रीणीयात् ।

(३) हिरण्मयः अश्वस्य शासो भवति । लोहमयाः पर्यंग्याणाम् । आयसाः इतरेषाम् । ज्योतिर्वै हिरण्यम् ।

(४) अथो क्षत्रं वा अश्वः । क्षत्रस्य एतद्रूपं - यद्धिरण्यम् । क्षत्रमेव तत् । क्षत्रेण समर्धयति ।

अश्वमेध में राजा पराची समिधा का हवन करता है। क्यों कि स्वर्ग भी पराङ् है । स्वर्ग को जीतने के लिये वह ईश्वर अर्थात् समर्थ होता है जो पराङ् हवन करता है । यहां ईश्वर शब्द राजा के अर्थ में आया है।

अश्वमेध में जामदग्नी, जमदग्नि ऋषि दृष्ट तथा प्रजापति देवताक ऋचाओं से आप्रीणन करे यहां पर प्रजापति देवताक, जामदग्न्य स्तोम अभिप्रेत है। इस लिये जामदग्नियों से ही आप्रीणन करे।

अश्व का शास [ अश्व विशसनीय खड्ग ] सुवर्णमय होता है। यह विशसन करने वाले के हाथ में होता है । अन्य पुरुषों के हाथ में रक्षार्थ खड्ग लोहे के होते हैं। हिरण्य ( सुवर्ण ), ज्योतिर्मय अर्थात् प्रकाशमय है।

पशुओं में अश्व क्षत्रिय है और धातुओं में सुवर्ण क्षत्रिय है । इस लिये क्षत्रिय से ही क्षत्रिय का बध होता है । इन मन्त्रों में ईश्वर, जमदग्नि, ज्योति, अश्व आदि पद ईश्वर वाचक नहीं हैं।

## अश्लील भाषण प्रायश्चित्त

अप वा एतेभ्यः आयुर्देवताः क्रामन्ति ।
ये यज्ञे अपूतां वाचं वदन्ति । वाचमेवैतत्पुनते । १३ ।३। ४ १०

शतपथ के इस बचन से यह बात सिद्ध होती है कि यज्ञ में जो अश्लील वाणी बोलता है उससे आयुबर्द्धक देवगण रुष्ट होकर चले जाते हैं उसका प्रायश्चित्त—

दधिक्राव्णो अकारिषं विष्णोरश्वस्य वाजिनः ।
सुरभि नो मुखाकरत् प्रण आयूंषि तारिषत् । २३ । ३२

यजुर्वेद के इस मन्त्र से किया जाता है। मन्त्र वामदेव पुत्र दधिक्राव दृष्ट है, और अश्व इसका देवता है। ऋत्विज कहते हैं कि जय शील वेग से जाने वाले अश्व के संस्कार में हमने अश्लील भाषण किया, उससे हमारे मुख दुर्गन्धित हुये । यह यज्ञ अब हमारे मुखों को सुगन्धित करे, और हमारी आयु को बढ़ावे।

शतपथ और यजुर्वेद के दोनों मन्त्र इस बात के समर्थक हैं कि अश्वमेध में अश्लील भाषण विधि प्रदिष्ट होने से अवश्य होना चाहिये। [ प्राप्तौ सत्यांनिषेधः ] यदि विधि प्रदिष्ट न होता ? तो तज्जन्य पाप निवारक मन्त्र का वेद में होना ही व्यर्थ होता ? ऐसी अवस्था में वेद विरोधी धर्म निन्दक नास्तिकों ने प्राचीन भाष्यकारों पर जो लाञ्छन लगाने का व्यर्थ परिश्रम किया, वह निष्फल होगया।

## यजमान की मङ्गल कामना।

यथेमां वाचं कल्याणीमावदानि जनेभ्यः।
ब्रह्मराजन्याभ्यां शूद्राय चार्याय च ॥
स्वाय चारणाय च।
प्रियो देवानां दक्षिणायै दातुरिहभूयासम् ॥
अयं मे कामः समृध्यताम्।
उप मा अदो नमतु ॥ २६ । २ ॥

यजुर्वेद के इस मन्त्र में अश्वमेध करने वाला राजा कहता है कि मैं जिस कल्याण सुख पहुंचाने वाली वाणी को ब्राह्मणादि वर्ण तथा वर्णेतर के प्रति कह रहा हूं, उससे मैं देवताओं का प्रिय बनूं, और दक्षिणा देने वालों का मैं प्रिय बनूं। यह दोनों मेरी इच्छायें पूर्ण हों, और हमारा समस्त अभीष्ट हमको प्राप्त हो। यह मन्त्र दो मन्त्रों को मिलाकर एक किया गया है।

## अश्व से याचना।

सुगव्यं नो वाजी स्वश्व्यं पुंसः पुत्राँउत विश्वापुषं रयिम्।
अनागास्त्वं न अदितिं कृणोतु क्षत्रं नो अश्वो बनतां हविष्मान् ॥ २५।४५

यजुर्वेद के इस मन्त्र में यजमान देवत्व को प्राप्त हुये अश्व से अपना कल्याण चाहता है। अदिति, हविष्मान्, वाजी अश्व हमारे लिये सुन्दर गोवृन्द, अश्ववृन्द पुरुषार्थ करने वाले पुत्र विश्वपोषक धन प्रदान करे, और हमको निष्पाप बना कर हमारी क्षात्र-शक्ति विस्तृत करे।

यूपव्रस्का उत ये यूपवाहाः चषालं ये अश्वयूपाय तक्षति।
येचार्वते पचनं सम्भरन्ति उतो तेषामभिगूर्तिर्न इन्वतु ॥२५।२९

यजुर्वेद के इस मन्त्र में यजमान कहता है कि यूप के लिये जिन्होंने वृक्ष छेदा है, और यूप बनाकर जो यज्ञशाला में लाये हैं, तथा यूप में जिन्होंने ( चषाल ) अश्व-बन्धन बनाया है, और जिन्होंने अश्वके लिये पचनभाण्ड बनाया है, उनकी सर्व कार्य-

साधक शक्ति हमको प्राप्त हो, यह प्रार्थना यज्ञ के सम्बन्ध में यज्ञकरने वाले ने की है। शतपथ का तेहरवां काण्ड इसी अश्वमेध से आदि से अन्त तक पूर्ण है। यजुर्वेद के २२ से २५ तक पूरे चार अध्याय केवल अश्वमेध का ही वर्णन करते हैं। जिनको इस विषय में अधिक देख-भाल करनी हो, वे सूत्र ग्रन्थों का अवलोकन करें। हमने इस विषय में केवल नास्तिकों के आक्षेपों का उत्तर-मात्र दिया है।

## पुरुषमेध।

इस नाम का यज्ञ यजुर्वेद के तीसवें अध्याय में विस्तार से वर्णित है। 'ब्रह्मणे-ब्राह्मणम्' इस मन्त्र से लेकर अध्याय के अन्त तक भिन्न २ यूप में, भिन्न २ पशु का बन्धन इसमें होता है। यह यज्ञ—

ब्राह्मणराजन्ययोः ॥ २१ । २ ॥

इस कात्यायन श्रौत सूत्र में ब्राह्मण और क्षत्रिय के लिये नियत है। इसका वर्णन शतपथ के—

अथ यस्मात्पुरुषमेधो नाम । इमे वै लोकाः पूः ।
अयमेव पुरुषः। योयं पवते । सोस्यां पुरि शेते ।
तस्मात्पुरुषः। तस्य यदेषु लोकेषु अन्नं-तदस्यान्नम्।
मेधस्तत्। यदस्य एतदन्नं मेधः । तस्मात्पुरुषमेधः।
यदस्मिन् मेध्यान् पुरुषान् आलभते । तस्मादेव
पुरुषमेधः ॥ १३ । ४ । ६ । १ ॥

इन मन्त्रों में मिलता है, इनमें कहा गया है कि चतुर्दश लोक-पुर कहे जाते हैं, इनमें शयन करने से ईश्वर पुरुष कहाता है। पुरुष-मेध का करने वाला ब्रह्मवेत्ता सर्वत्र ब्रह्म देखकर अपने को भी ब्रह्मस्थ मानता है, और तद्भाव-भावित होकर [अहं ब्रह्मास्मि] कहता है। यह यज्ञ उच्च-कोटि के भावुक महानुभाव ही कर सकते हैं, सर्व-साधारण नहीं।

## सर्वमेध।

सर्वमेधः सर्वकामस्य ॥ २ । २ । ॥
दशरात्रः ॥ २ ॥

कात्यायन श्रौत सूत्र के इन सूत्रों में सर्व काम पुरुष के लिये दश रात्र सर्वमेध यज्ञ का आदेश है, इसका वर्णन शतपथ में भी मिलता है।

## व्रात्य स्तोम

अपनी २ अवधि के भीतर जिन द्विजों का उपनयन नहीं हुआ हो वे अवधि का उल्लङ्घन करके व्रात्य होजाते हैं। उनके लिये—

व्रात्यस्तोमाश्चत्वारः । २२।४।१

इस सूत्र में चार व्रात्य स्तोम लिखे हैं। उनके करने के बाद मनुष्य व्रात्य भाव से निकल कर व्यवहार योग्य बन जाता है। कन्यादान विद्यादान आदि जो २ कार्य व्रात्य होने से बन्द हुए थे वे सब कार्य इस व्रात्यस्तोम के बाद होने लगते हैं। यही बात—

व्रात्यस्तोमेनेष्ट्वा व्रात्यभावाद्विरमेयुः । २९
व्यवहार्या भवन्ति । ३०

इन दो सूत्रों में लिखी है। लाट्यायन श्रौत सूत्र और ताण्ड्य-ब्राह्मण में इसका अधिक विस्तार है। इसमें जो दक्षिणा दी जाती है उसको—

मगधदेशीयाय ब्रह्मबन्धवे दक्षिणाकाले व्रात्यधनानि दद्युः । २४

इस सूत्र के आदेश से मगध देशस्थ ब्रह्मबन्धु ( हीन ब्राह्मण ) ही ले सकता है। अन्य देश का नहीं। दक्षिणा में क्या २ दिया जाता है यह विषय कात्यायन-श्रौत सूत्र में देखना चाहिये।

अविरतेभ्यो वा व्रात्यचरणात् । २५
तेष्वेव मृजानायंतीति श्रुतेः । २६

व्रात्यधन व्रात्य ब्राह्मण ही ले सकता है। अन्य नहीं। व्रात्य पापी होता है। व्रात्य क्षत्रिय और व्रात्य वैश्य व्रात्य ब्राह्मण को दान देकर पापियों में अपना पाप छोड़ता है। इन सूत्रों के भाव से यह बात सिद्ध होती है कि यह व्रात्य स्तोम कराकर दक्षिणा लेना अच्छे सत्पात्र ब्राह्मणों का काम नहीं है।

## यज्ञ प्रार्थना

देवकृतस्य एनसः अवयजनं असि ।
मनुष्यकृतस्य…
पितृकृतस्य…
आत्मकृतस्य…
एनस एनसः…
यच्चाहं एनो विद्वांश्चकार यच्चाविद्वान् ।
तस्य सर्वस्य एनसः अवयजनं असि ॥ ८।१३

यजुर्वेद के इस मन्त्र में यज्ञ समाप्ति पर यज्ञ की प्रार्थना बतलाई है। यजमान कहता है-हमने जो देवताओं के विषय में तर्क उठाकर पाप किया हो उसमें हम

को आप मुक्त करें। इसी प्रकार मनुष्यों में हमने अकारण द्रोह यदि किया हो तो उसके पाप से भी आप हमको मुक्त करदें। इसी प्रकार पितरों के विषय में तर्क बुद्धि से श्राद्ध न करके जो हमने पाप किया हो या प्रत्येक पाप से जो हमने जान कर अथवा अज्ञान में किये हों उन सब से आप हमको मुक्त कर दें।

सत्रस्य ऋद्धिरसि अगन्मऽज्योतिः अमृता अभूम।
दिवं पृथिव्या अधि आरुहाम अविदाम देवान् स्वर्ज्योतिः ॥८।५२

आप सत्र की ऋद्धि हैं। आपके प्रभाव से हम आदित्य मण्डल पहुंच गए अमर होगए पृथिवी से द्युलोक में आगए यहांपर हम देवताओं को देखते हैं और स्वर्गलोक भी दृष्टि में आ रहा है।

देवान् दिवमगन् यज्ञः। ततो मा द्रविणमस्तु।
मनुष्यानन्तरिक्षमगन् यज्ञः। ततो मा द्रविणमस्तु।
पितॄन् पृथिवीमगन् यज्ञः। ततो मा द्रविणमस्तु।
यं कञ्च लोकं अगन् यज्ञः। ततो मे भद्रमभूत् ॥ ८।६०

यह यज्ञ द्युलोक में देवताओं को पहुंच गया। अन्तरिक्ष में व्याप्त होकर मनुष्यों में व्याप्त हो गया। धूमादि रूप से पितरों के पास पृथिवी में फैल गया अथवा जिस किसी लोक में गया हो वहां से हमको द्रविण धन प्राप्त हो और हमारा सब प्रकार से कल्याण हो। यही यज्ञ पुरुष से हमारी वैदिक प्रार्थना है। इस प्रार्थना के अनन्तर अब यह समुल्लास समाप्त होता है।

इति श्रीमदखिलानन्द शर्म प्रणीते वैदिक सत्यार्थ-प्रकाशे
चतुर्दशः समुल्लासः



# पञ्चदशः—समुल्लासः

## वैदिक—इतिहासः।

इस समुल्लास में वैदिक इतिहास का विवेचन किया जायगा। वेद ईश्वर का ज्ञान माना जाता है और ईश्वर को सर्वज्ञ माना जाता है सर्व शब्द भूत, भविष्य, वर्तमान इन तीनों कालों में सृष्टि स्थिति प्रलयात्मक विवर्त को साथ लेकर चलता है। चौदह भुवनों में जो कुछ परिवर्तन हुआ या भविष्य में होगा उसको त्रिकालाबाध्य ईश्वर जानता है। जो बात जिसके ज्ञान में है-वह व्यावहारिक सत्ता में भी होनी चाहिये और उसका निर्देश वेद में अवश्य होना चाहिये। वेद में यदि यह बात नहीं तो वेद ईश्वर का सम्पूर्ण-ज्ञान नहीं कहा जासकता है। इसलिये वेद में इतिहास का होना अत्यावश्यक है।

## इतिहास का संकेत।

सूर्याचन्द्रमसौ धाता यथापूर्वमकल्पयत्।

दिवञ्च पृथिवीञ्च अन्तरिक्षं अथो स्वः॥१०।१९०।३

ऋग्वेद के इस मन्त्र में ईश्वर कृत--सूर्य, चन्द्रमा, द्युलोक, पृथिवी, अन्तरिक्ष स्वर्गलोक का सम्पादन "यथापूर्व" कहा गया है। यथा शब्द व्याकरण में योग्यता वीप्सा पदार्थानतिवृत्ति और सादृश्य इन चार अर्थों में आता है। इस लिये ईश्वर कर्तृक यह जगत ईश्वर के अनुरूप होना चाहिये। प्रत्येक द्रव्य की वस्तु स्थिति के साथ होना चाहिये। पूर्व जगत का अतिक्रमण न करके यथापूर्व पहिले जैसा होना चाहिये और ईश्वर सदृश होना चाहिये। इनमें यदि एक भी कमी रही तो [ यथा ] अव्यय का अर्थ ठीक नहीं बैठेगा। इसलिये जगत में यथा के चारों अर्थों की उपलब्धि होनी चाहिये। जो प्रत्यक्ष में विद्यमान है--

१—ईश्वर नित्य है-जगत भी धारा वाहिकता से नित्य है। इसलिये लक्षणावृत्ति से यह उसके अनुरूप हुआ।

२—ईश्वर बार २ प्रकट होता है-इसलिये जगत भी बार २ प्रकट होता है यह वीप्सार्थ का सामञ्जस्य है।

३—ईश्वर पहिले जैसा था वैसा ही इस समय में भी है। इसी प्रकार जगत भी जैसा पहिले था वैसा ही इस समय होना चाहिये। यही पदार्थानतिवृत्ति है।

४—ईश्वर पहिले भी पुरुषाकार था अब भी पुरुष है। इसी प्रकार जगत भी जैसे पहिले था वैसा अब भी है-यहां पर अनन्वय अलङ्कार है। इन चारों यथार्थों के यथार्थ रूप समझने पर वेदों में इतिहास का होना भी आवश्यक है। पूर्व कल्प में जोकुछ था-वह इस कल्प में भी हुआ और होगा। जो २ देव दानव यक्ष राक्षस असुर पिशाच-दैत्य-किन्नर-मनुष्य राजा आदि पहिले हो चुके उनका वर्णन मिलना ही वेदमें इतिहासका होना है। उन अर्थों के बाचक-वैदिक शब्दों का यदि कोई मूढ़ पुरुष अर्थान्तर करके मूढ़ जनता को प्रतारित करता है-तो इतिहासज्ञ उसके धोखे में क्यों कर आसकते हैं? यदि आते हैं? तो वे इतिहासज्ञ नहीं? जबसे जो वस्तु है तभी से उसका इतिहास भी साथ २ है। जिसका इतिहास नहीं उसके पुराने, अस्तित्व पर कौन विवेचक विश्वास कर सकता है। यदि करता है-तो वह इतिहासज्ञ नहीं है। इतिहास शब्द का अर्थ-निरुक्त में—

"इति—ह—आस"

इस निर्वचन के साथ यास्क ने किया है। आस क्रियाके साथ [ किं आस ? ] यह प्रश्न अकस्मात् उत्पन्न होता है। इति शब्द प्रकार बाची है। [ इति-आस ] ऐसा था-क्या था ? जगत् था। ह-अव्यय पूरणार्थक है। यह जगत् पहिले कैसा था-जैसा अब है। अब कैसा है ? जैसा पहिले था ? यह पूर्वापर संकेत इतिहास शब्द के साथ सम्बद्ध रहता है। अमर कोष में—

इतिहासः पुरावृत्तम् । १।६।४

यह पाठ प्रथम काण्ड के शब्दादि वर्ग में आया है पुरावृत्त पहिली गुजरी हुई बात इतिहास के नाम से कही जाती है।

पारंपर्योपदेशे स्यादैतिह्यमितिहाव्ययम् । २।७।१२

यह पाठ अमर कोष के द्वितीय काण्ड में ब्रह्मवर्ग के अन्दर आया है। परम्परा से आया हुआ उपदेश ऐतिह्य-इतिह-इन दो शब्दों से कहा जाता है। परम्परा ऋषियों से चलती है। ऋषिदृष्ट वेद मन्त्र परम्पराऽऽगत अर्थ के द्योतक हैं। ऋषिगण—

सर्गेपि नोपजायन्ते प्रलये न व्यथन्तिच ॥१४।२

इस भगवद्वचन के अनुसार-नित्य हैं। उनका न प्रलय में नाश होता है-और न सर्ग में जन्म होता है। साथ ही-यजुर्वेद के—

सहप्रमा ऋषयः सप्त दैव्याः पूर्वेषां पन्थामनुदृश्य धीराः ।
अन्वालेभिरे रथ्योन रश्मीन् ॥ ३४।४९

इस मन्त्र में सात ऋषियों को दैव्य और प्रमात्मक ज्ञानयुक्त कहा है। वे भी पहिले ऋषियों के मार्ग का अनुसरण करके उनसे परम्पराऽऽगत अर्थ को प्राप्त करते

हैं। यह मन्त्र स्वयं कह रहा है। वेद मन्त्रों पर अथवा सूक्तों पर-या काण्डों पर जिन ऋषियों का नाम उपलब्ध होता है वे ऋषि जिस परम्पराऽऽगत अर्थ का वेद मन्त्रों में समन्वय करते हैं-वह अर्थ स्वयं इतिहास स्वरूप है। उसमें यदि इतिहास प्राप्त हो तो आश्चर्य ही क्या है? इतिहासका न होना अवश्य आश्चर्य है।

## वेद-इतिहास-पुराण।

१ तं इतिहासश्च पुराणंच गाथाश्च नाराशंसीश्च अनुव्यचलन्। १५।६।११ ( अथर्व )

२ तं गाथया पुराण्या पुनानमभ्यनूषत। ( ऋग्वेद ) ९।९९।४

३ सना पुराणं अध्येमि आरात्। ( ऋग्वेद ) ३।५४।९

४ स मन्येत पुराणवित्। ११।८।७ ( अथर्व )

५ एकं तदङ्गं स्कम्भस्य पुराणमनु संविदुः। ( अथर्व ) १०।७।२६

६ यज्ञे जाते पितरो नः पुराणे। ( ऋग्वेद ) १०।१३०।६

७ पुराणं ओकः सख्यं शिवं वाम्। ( ऋग्वेद ) ३।५८।६

८ ऋचः सामानि छन्दांसि पुराणं यजुषा सह। ( अथर्व ) ११।७।२४

९ धर्मं पुराणं अनुपालयन्ती। १८।३।१ ( अथर्व )

१० नवमे अहनि किञ्चित् पुराणं आचक्षीत। ( शतपथ ) १३।४।३।१३

वेद के इन मन्त्रों में वेद इतिहास-पुराण यह तीनों शब्द आये हैं। इतिहास पर ऊपर लिखा जा चुका है। वेद विषय पर एक स्वतन्त्र समुल्लास आगे मिलेगा। पुराण शब्द अनेकार्थ होने से कई अर्थों में प्रयुक्त होता है। पुराण ग्रन्थ संसार में प्रसिद्ध हैं। [ धर्मं पुराणं ] इस मन्त्र में पुराणं-यह धर्म का विशेषण है-जिसका अर्थ पुराना धर्म होता है। जिस इतिहास का हम ऊपर विवेचन लिख आये हैं-उसका अस्तित्व-वेद में आया हुआ इतिहास शब्द वैदिक शब्दों से बतला रहा है। इस लिये वेद में इतिहास-शब्द-और उसको सार्थक बनाने के लिये इतिहास वर्णन अवश्य होना चाहिये। अन्यथा वैदिक शब्दों का आनर्थक्य प्रसंग अनिवार्य है।

## इतिहास का प्रयोजन।

जिस जाति का-जिस देशका-जिस सृष्टि का इतिहास नहीं होता है-उसका अस्तित्व चिरस्थायी नहीं माना जा सकता है। अन्य विधर्मियों की सामयिक प्रतिद्वन्द्विता में हमारा सनातन धर्म पुरातन है? यह बात तभी कही जासकती है? जब हमारा इतिहास पुराना हो। इसीलिये सनातनधर्मी प्रत्येक बात में नित्य संकल्प

के द्वारा अपनी प्राचीनता का परिचय जनता में उपस्थित करते हैं। हमारी वर्तमान सृष्टि का अस्तित्व अनादि काल से [ यथापूर्व ] चला आरहा है। जिसका विवेचन वैदिक इतिहास कर रहा है।

वेद विश्व का मान चित्र [ नकशा ] है। उसमें जो बातें मिलती हैं-वह ईश्वर की सृष्टि में होनी चाहिये और जो बातें सृष्टि में हैं-वह वेद में होनी चाहिये। तभी नकशा-खसरा-खतौनी-जमाबन्दी का हिसाब ठीक बैठता है। एक में खराबी आने पर दोनों पर दोषारोपण हो सकता है। इसी प्रयोजन को लक्ष्य में रखकर व्यास जी ने वैदिक इतिहास का नकशा पुराणों में खींच कर वैदिक इतिहास की ओर संकेत किया है-जिस पर विचार करना अत्यावश्यक है।

## इतिहास का गवेषण।

भारतवर्ष में—महाभारत और रामायण के अतिरिक्त अन्य कोई प्रामाणिक इतिहास, ग्रन्थ नहीं मिलता है। सृष्टि-कालिक प्राचीन इतिहास पुराणों में मिल कर अपने विशुद्ध-स्वरूप को खो चुका है। उसको निकालने के लिये पहिले वैदिक [ वेद-मन्त्र-प्रतिपादक ] इतिहास वेदों से अथवा समस्त वैदिक साहित्य से अलग करना चाहिये। उसका फिर पौराणिक इतिहास के साथ पूर्वापर प्रक्रम मिलाकर दोनों का विम्ब प्रतिविम्ब-भावसे आमने सामने मान-चित्र रखना चाहिये। तब सच्चा साङ्गोपाङ्ग इतिहास जनता के समक्ष में धरा जा सकता है। आज तक इस विषय में इस अन्वेषण के साथ कोई निबन्ध नहीं बना-जो इस ‌ भाव को दूर कर सके। हमारा विचार एक ऐसा ग्रन्थ लिखने का है-जिसका थोड़ा सा मान-चित्र यहां पर लिखा जाता है—

१ ब्रह्मा से लेकर समस्त देवगणों का इतिहास
२ गोत्र प्रवर्तक सप्तर्षियों का इतिहास
३ वैवस्वत-मनु से क्षत्रियों का इतिहास
४ ब्राह्मणों का इतिहास
५ प्राचीन राजाओं का इतिहास
६ सृष्टि समय का इतिहास
७ महाप्रलय का इतिहास
८ व्यावहारिक भिन्न २ इतिहास

इस मान चित्र को सामने रखकर वेदमन्त्रों की छांट होनी चाहिये। यही छांट पुराणों की होनी चाहिये। तब दोनों का अभिमुखी करण करके सच्चा इतिहास लिखा जा सकता है। पुराणों के देखने से जो मनुष्यों को एक प्रकार का आश्चर्य सा

होजाता है उसका निवारण वैदिक इतिहास से अनायास हो जाता है। उदाहरणार्थ हम यहां पर २।४ इतिहास उपस्थित करते हैं।

सूर्यो देवीमुषसं रोचमानां मर्यो न योषामभ्येति पश्चात्। २०।१०७।१५

अथर्ववेद के इस मन्त्र में लिखा है कि मनुष्य जिस प्रकार स्त्री का अनुगमन करता है उसी प्रकार सूर्य चमकती हुई उषा देवी के पीछे चलता है। इसी बात को–

पिता यत् स्वां दुहितरमधिष्कन्।
क्ष्मया रेतः सञ्जमानो निषिञ्चत् ॥२०।६२।७

ऋग्वेद के इस मन्त्र में दूसरे प्रकार से कहा गया है। पिता अपनी दुहिता के पीछे चलकर पृथिवी में रेतः सिंचन करता है–यह भाव इस मन्त्र से निकलता है। इसी बात को—

वाचं दुहितरं तन्वीं स्वयम्भूर्हरतीं मनः।
अकामां चकमे क्षत्तः सकाम इति नः श्रुतम् ॥ ३।१२।२८

इस पद्य में श्रीमद्भागवत में तीसरे प्रकार से कहा गया है। ब्रह्मा अपनी पुत्री सरस्वती के पीछे सकाम होकर चला, यह भाव इस पद्य से निकलता है। अब इस इतिहास का तत्त्व न समझने वाले नास्तिकों ने पुराणों पर अश्लीलता दोष लगाने का क्रम बांधा; साथ ही पूजनीय देवगणों पर भी अपनी नासमझी के कारण अनेक प्रकार के लाञ्छन लगाए जिनकी चर्चा करने पर भी पाप लगता है। इसका कारण वैदिक साहित्य का न देखना है। जो मनुष्य शतपथ, गोपथ, ऐतरेय, ताण्ड्य आदि ब्राह्मण नहीं जानता है—वह इन बातों का उत्तर नहीं दे सकता है, इसके उत्तर देने वाले कुमारिलभट्ट जैसे दो चार ही विद्वान् हुए जिन्होंने अपने ग्रन्थों में इनका उचित उत्तर दिया। देखिये—

प्रजापतिस्तावत्प्रजापालनाधिकारादादित्यएवोच्यते।
सचारुणोदयवेलायामुषसमुद्यन्नभ्यैत्।
सा तदागमनादेवोपजायत इति तद्दुहितृत्वेन व्यपदिश्यते।
तस्यामरुणकिरणवीजाधानात्स्त्रीपुरुषयोगवदुपचारः ॥१।३।७

यह उत्तर तन्त्र वार्तिक में कुमारिलभट्ट ने दिया है। अब अथर्ववेद के मंत्र की ओर ध्यान दीजिये। उसमें सूर्य और उषा का कितना अच्छा रूपक बांधा है। ऋग्वेद ने उसको छिपा कर दूसरा रूपक खड़ा करके ब्रह्मा का पुत्र्यनुगमन रूप और तीसरा रूपक खड़ा किया। इन रूपकों ने जो अकाण्ड ताण्डव संसार में खड़ा किया है, वह सहृदयों से छिपा नहीं है।

(२) सुब्रह्मण्योम् । इन्द्र ! आगच्छ । हरिव आगच्छ मेधातिथेर्मेष । वृषणश्वस्य मेने । गौरावस्कन्दिन् ! अहल्यायै जार ! कौशिक ब्राह्मण ! गोतमब्रुवाण ! श्वः सुत्यां आगच्छ मघवन् ! ३।३।४।१८

शतपथ ब्राह्मण के इस मन्त्र में सुब्रह्मण्य नामक यज्ञ का प्रसङ्ग है। इसमें इन्द्र का आना अत्यावश्यक है। मन्त्र में इन्द्र के जो छः विशेषण हैं वह भ्रमोत्पादक हैं। उनमें एक विशेषण [ अहल्याजार ] है। पुराणों में यह कथा अति प्रसिद्ध है। इन्द्र मायावी है-यह बात—

इन्द्रो मायाभिः पुरुरूप ईयते । ६।४७।१८

ऋग्वेद के इस मन्त्र में प्रत्यक्ष है। इन्द्र माया से अनेक रूप धारण करता है। इन्द्र शब्द से यहाँ पर आदित्य का ग्रहण है। इसीलिये निरुक्त में यास्क ने—

आदित्योऽत्र जार उच्यते रात्रेर्जरयिता । ३।३।४

ऐसा लिखा है। यही आदित्य किरणों द्वारा चन्द्र में प्रवेश करके चन्द्र रूप से चमकता है। यही अनेक नक्षत्रों में घुसकर तारागण रूप से चमकता है। यही इसका मायिक अनेक विधत्व है। अहल्या शब्द [ अहनि दिने लीयते अन्तर्हिता भवतीति अहल्या ] इस निर्वचन से रात्रि वाचक है। गोतम शब्द दो शब्दों को मिलकर बना है। इनमें एक गोशब्द है। दूसरा तमस् शब्द है। यास्क ने निरुक्त में—

गौरिति पृथिव्या नामधेयं यद्दूरं गता भवति ।

इस लेखमें गोशब्द पृथिवी वाचक माना है। गौ अर्थात् पृथिवी का जो तम अन्धकार वही यहां पर गोतम पद वाच्य है। अब इन्द्र अहल्या गोतम इन तीन पदों का वैदिक अर्थ होगया। चन्द्रमा दो पक्ष ( शुक्ल-कृष्ण ) के कारण पक्षी बना बनाया है। अब जरा रूपक पर ध्यान दीजिये।

गोतम के हट जाने पर इन्द्र ने अहल्या का स्पर्श किया। गोतम के आने पर इन्द्र हटा। हटने पर सहस्र भग होगया यह रूपक है। इसको न समझने वाले नास्तिक पुराणों पर व्यर्थ आक्षेप करते हैं। वे व्यासदेव का अभिप्राय न समझकर अनेक लाञ्छन ऋषि और देवताओं पर भी लगाने का साहस करते हैं। वैदिक साहित्य और वैदिक इतिहास बिना समझे यह भ्रम फैल गया है, जिसका हटाना आवश्यक है।

## अत्रेदमाकूतम्

पूर्णमासी के दिन रात्रिमें गो-तम हट जाता है। उसके हटने पर इन्द्र आदित्य कृष्णपक्ष में धीरे २ अहल्या पर अधिकार करता है। अमा के दिन गोतम इन्द्र दोनों एकत्र होते हैं। शाप देने पर इन्द्र सूर्य सहस्र भग होता है। [भ] नाम नक्षत्र का है—

"नक्षत्रमृक्षं भं तारा इत्यमरः"

सहस्र पद अनेकार्थ में आता है। [ सहस्रेषु अनन्तेषु भेषु नक्षत्रेषु गच्छतीति सहस्र भ-गः सूर्यः। ] अनन्त नक्षत्रों में जाने के कारण सूर्य ही सहस्र भग बन जाता है। इस वैज्ञानिक तत्व को न समझ कर नास्तिक व्यर्थ पुराणों पर आक्षेप करते हैं। इस प्रकार के रूपकों का समझना वैदिक इतिहासों से ही होता है।

( ३ ) ऋग्वेद के नवम मण्डल में ११४ सूक्तों द्वारा पवमान सोम का वर्णन किया गया है। यह पूरा मण्डल सोम देवताक है। ईश्वर से लेकर ओषधि पर्यन्त अनेक अर्थों में "सोम" शब्द का ऋग्वेद में प्रयोग मिलता है। उदाहरणार्थ—

सोमः पवते जनिता मतीनां जनिता दिवो जनिता पृथिव्याः।
जनिताग्नेर्जनिता सूर्यस्य जनितेन्द्रस्य जनितोतविष्णोः ॥९।९६।५

ऋग्वेद के इस मन्त्र में सोम बुद्धि का उत्पादक तथा द्युलोक, पृथिवी लोक अग्नि, सूर्य, इन्द्र और विष्णु का जनक माना गया है।

सोमं यन्ति मतयो वावशानाः ९।९७।३४
सोमं विप्रा मतिभिः पृच्छमानाः ९।९७।३४

ऋग्वेद के इन दो मन्त्रों में मति का सम्बन्ध सोम के साथ मिलता है। बुद्धि और मति तथा ज्ञान यह सब पर्याय वाचक शब्द हैं। [ उमया सहितः सोमः ] इस निर्वचन से सोम शब्द शिव का वाचक ठहरता है। श्वेताश्वतर के—

यो देवानां प्रथमश्चोद्भवश्च विश्वाधिपो रुद्रो महर्षिः।
हिरण्यगर्भं जनयामास पूर्वं स नो बुध्या शुभया संयुनक्तु ॥३।४

इस मन्त्र में शिव से बुद्धि की प्रार्थना प्रत्यक्ष है। शिव से बुद्धि, मति-ज्ञान, द्या आदि सब कुछ प्राप्त होता है। तारा दश महाविद्याओं में दूसरी महाविद्या है, ्मा; तारा आपस में एक हैं। शिव और उमा का सम्बन्ध अनादि काल सिद्ध है। विद्या का अधिपति वृहस्पति है, वृहस्पति का दूसरा नाम वाचस्पति है। विद्या पर उसकी ममता ( अहं भाव ) है। इस लिये बुध ( अवगमन-ज्ञान ) पर भी उसका आधिपत्य है। इस लिये उमा-महेश्वर प्रसाद; लभ्य-ज्ञान; बोध से सांसारिक पदार्थों पर अहं भाव ( ममता ) का अपहरण होने पर तारा दिव्य शक्ति का प्राकट्य होना इस वैदिक रूपक में दिखाया गया है। इसको न समझ कर पुराणों पर आक्षेप करना व्यर्थ है।

(४) उतासि मैत्रावरुणो वसिष्ठ ! उर्वश्या ब्रह्मन् ! मनसोधिजातः।
द्रप्संस्कन्नं ब्रह्मणा दैव्येन विश्वेदेवाः पुष्करे त्वाददन्त ॥७।३३।११

ऋग्वेद के इस मन्त्र में मैत्रावरुण वसिष्ठ का उर्वशी अप्सरा के मन से प्रकट होना लिखा है जिस प्रसङ्ग को लेकर नास्तिक मण्डल वसिष्ठ के ऊपर अनेक प्रकार के लाञ्छन लगा रहा है परन्तु बात कुछ और ही है।

यजुर्वेद के पञ्चदशाध्याय में १५ से १६ मन्त्र तक पुञ्जिकस्थला, क्रतुस्थला, मेनका, सहजन्या, प्रम्लोचन्ती, अनुम्लोचन्ती, विश्वाची, घृताची, उर्वशी, इन नौ अप्सराओं का नाम मिलता है। शतपथ ब्राह्मण के अष्टम काण्ड में [६। १। १६] इनके विषय में [ दिक्-उपदिक् ] प्रसङ्ग को उठाकर "माहित्थि" का मत अभिव्यक्त किया गया है। इसलिये दिशा और उपदिशा ही अप्सरा के नाम से यहाँ पर उपयुक्त होती है, निरुक्त में यास्क ने अप्सरा का अर्थ [ अप्सु-सर्रात गच्छति इति अप्सरा ] ऐसा किया है, इस लिये विद्युत् को अप्सरा कहते हैं। इसी पक्ष का समर्थन—

विद्युतो ज्योतिः परिसञ्जिहानं मित्रावरुणौ यदपश्यतां त्वा।

तत्ते जन्म उत एकं वसिष्ठ अगस्त्यो यत्त्वा विश आजभार ॥७।३३।१०

इस ऋग्वेद के मन्त्र से होता है। विद्युत् से निकला हुआ प्रकाश दिशा और विदिशाओं में व्याप्त होकर मित्रावरुण अर्थात् वायु और आदित्य को साथ लेकर वर्षा करता है। यह बात—

मित्रावरुणौ त्वोत्तरतः परिधत्ताम् ॥ २।३ ॥

मित्रावरुणौ त्वा वृष्ट्यावताम् ॥ २ । १६ ॥

यजुर्वेद के इन दो मन्त्रों से सिद्ध होती है। इन सब को वश में रखने वाला वसिष्ठ-ईश्वर अपने मन से उत्पन्न जगत् को स्थूल रूप में देखने की इच्छा से सर्व प्रथम द्रवी-भूत जल प्रकट करके उसमें बीज वपन करता है। जिससे दिव्य तेजोमय हिरण्य-गर्भ सब दिव्य-शक्तियों को साथ लेकर पुष्कर में प्रविष्ट होता है। यह इस मन्त्र का तात्विक अर्थ है। इसको न समझ कर जो पुराणों पर आक्षेप करते हैं, वे सर्वथा अल्पज्ञ हैं। कुम्भ संक्रान्ति में जब मित्रावरुण का पुष्कर में आवेश होता है, तब बसन्त-ऋतु का आगमन होता है। यह अर्थ [ कुम्भे रेतः सिषिचतुः समानम् ७-३३-१३ ] इस ऋग्वेदीय मन्त्र में स्पष्ट है। इसी प्रकार शाखा भेद से इस मन्त्र का अनेक आचार्यों ने अनेक प्रकार का अर्थ किया है, जो प्रसङ्ग पड़ने पर अन्यत्र लिखा जायगा, अब अथर्व-वेदीय ऐतिहासिक सूक्त और मन्त्र उपस्थित किये जाते हैं।

१ विराड् वा इदमग्र आसीत्। तस्या जातायाः

सर्वं अबिभेत्। इयमेव इदं भविष्यतीति ॥८।१०।१

२ सोदक्रामत् । सा असुरानागच्छत् । तां असुरा
उपाह्वयन्त । माये एहीति । तस्या विरोचनः प्रा-
ह्लादिः वत्स आसीत् । अयस्पात्रं-पात्रम् । तां
मायां असुरा उपजीवन्ति ।

३ सोदक्रामत् । सा मनुष्यानागच्छत् । तस्या मनु-
र्वैवस्वतो वत्स आसीत् । पृथिवी पात्रम् ।

४ सोदक्रामत् । सा गन्धर्वाप्सरस आगच्छत् । तस्याश्चित्ररथः
सौर्यवर्चसो वत्स आसीत् । पुष्करपर्णं पात्रम् ।

५ सोदक्रामत् । सा इतरजनानागच्छत् । तस्याः
कुबेरो वैश्रवणो वत्स आसीत् । आमपात्रं पात्रम् ।

६ सोदक्रामत् । सा सर्पानागच्छत् । तस्यास्तक्षको
वैशालेयो वत्स आसीत् । अलाबुपात्रं पात्रम् ।

अथर्ववेद के इन मन्त्रों में विराट का विश्वव्यापी इतिहास है। इसको लेकर पुराणों में भिन्न २ इतिहास लिखे गए हैं, वैदिक स्वरूप इनका बहुत छोटा है। परन्तु इनका विस्तृत रूप अनेक ग्रन्थों में विद्यमान है। एक ही विराट् असुरों में माया रूप से मनुष्यों में मनुरूप से गन्धर्वों में चित्ररथ के रूप से इतरजनों में कुबेर रूप से सर्पों में तक्षक रूप से प्रकट हुई, यह इन मन्त्रों का अर्थ है, यह प्रवह्लिका रूप इतिहास है।

यौ अङ्गिरसमवथो यौ अगस्तिं मित्रावरुणौ ! जमदग्निमत्रिम् ।
यौ कश्यपमवथो यौ वसिष्ठं तौ नो मुञ्चतं अंहसः ॥ ४।२९।३
यौ श्यावाश्वमवथो वध्य्रश्वं मित्रावरुणौ ! पुरुमीढमत्रिम् ।
यौ विमदमवथः सप्तवध्रिं ··· ··· ॥ ४
यौ भरद्वाजं अवथो यौ गविष्ठिरं विश्वामित्रं वरुणमित्रकुत्सम् ।
यौ कक्षीवन्तमवथः प्रोत कण्वं ··· ··· ॥ ५
यौ मेधातिथिमवथः यौ त्रिशोकं मित्रावरुणौ ! उशनां काव्यं यौ ।
यौ गोतमं अवथः प्रोथ मुद्गलं ··· ··· ॥ ६

अथर्ववेद के इन मन्त्रों में मित्र और वरुण से प्रार्थना की गई है। इन दोनों ने आङ्गिरस-अगस्ति-जमदग्नि-अत्रि-कश्यप-वसिष्ठ-श्यावाश्व-वध्य्रश्व-पुरुमीढ विमद सप्तवध्रि भरद्वाज गविष्ठिर विश्वामित्र-वरुण-कुत्स-कक्षीवान्-कण्व-मेधातिथि-त्रिशोक-उशना-काव्य-गोतम मुद्गल इन को सुरक्षित किया है। यह चौबीस ऋषि आपस्तम्ब सूत्र में यथोत्तर वंश प्रवर्तक आये हैं। ब्राह्मण वंश के पूर्वजों का यह

वैदिक इतिहास आपस्तम्ब ने बड़ी सुन्दरता के साथ अपने धर्म सूत्रमें अंकित किया है। अथर्व वेद के [ १८।३।१५।१६ ] मन्त्रों में इन ऋषियों को "पितरः" कह कर सम्बोधित किया है। ये दोनों मन्त्र श्राद्ध प्रकरण में पहिले लिखे जा चुके हैं। अब यजुर्वेद का ऐतिहासिक मन्त्र भाग उपस्थित किया जाता है।

१ यामैरयंश्चन्द्रमसि स्वधाभिः तामुधीरासो अनुदिश्य यजन्ते। १।२८

यजुर्वेद के इस मन्त्र में एक शतपथ की आख्यायिका सन्निविष्ट है। एक बार देवताओं का असुरों के साथ युद्ध छिड़ा उस समय देवगणों ने आपस में मन्त्रणा करके पृथिवी का उत्तम भाग चन्द्र मण्डल में धरा, वहाँ आज भी काला धब्बा सा दीख रहा है। इस आख्यान का मूलपाठ—

देवा ह वै संग्रामं सन्निधास्यन्तः। ते होचुर्हन्त यदस्यै पृथिव्या अनामृतं देवयजनं तत्। चन्द्रमसि निदधामहै। तदेतच्चन्द्रमसि कृष्णम्॥ १।२।३।१८

शतपथ में इस प्रकार है [illegible] ऊपर लिखा जा चुका है। इसी प्रकार—

२ गन्धर्व [illegible]श्वावसुः परिदधातु। २।३

यजुर्वेद के इस मन्त्र [illegible] आख्यान है। द्युलोक में सोमकी रक्षा के लिये उसके चारों ओर गन्धर्व म[illegible]सका घेरा डालकर रहता है। इसका मूल पाठ तैत्तिरीय संहिता में अति विस्तृत है।

३ कक्षीवन्तं य औशिजः। ३।२८

४ ते हि पुत्रासो अदितेः। ३।३३

यजुर्वेद के इन दो मन्त्रों में कक्षीवान् का और अदिति के पुत्रों का इतिहास है। कक्षीवान् ऋषि दीर्घतमा का पुत्र था। इसकी माताका नाम उशिज था।

दीर्घतमा मामतेयो जुजुर्वान्दशमे युगे। १।१५८।६ ४

ऋग्वेद के इस मन्त्र में दीर्घतमा ऋषि को मामतेय कहा है। [ ममताया अपत्यं मामतेयः ] ममता के पुत्र को मामतेय कहते हैं। ममता उतथ्य की पत्नी थी। कक्षीवान् दशमयुग में दीर्घतमा से उत्पन्न हुए यह मन्त्र स्वयं कह रहा है।

अहं मनुरभवं सूर्यश्च अहं कक्षीवान् ऋषिरस्मि विप्रः।

इस मन्त्रमें जो ईश्वर मनु और सूर्य हुआ वही कक्षीवान् हुआ यह मान्त्रिक अक्षरों का अर्थ है। इसी वैदिक इतिहास को लेकर व्यास ने पुराणों में विस्तृत ऐतिह्य लिखा है। दिति से दैत्य और अदिति से आदित्य हुए यह अति प्रसिद्ध आख्यान है। वेद में अदितिशब्द अनेकार्थ है। एक ही मन्त्र में यजुर्वेद के अन्दर [ २५।२३ ] द्यौ

अन्तरिक्ष, माता, पिता, पुत्र, विश्वेदेव, पञ्चजन आदि को अदिति कहा है। इसक विस्तृत इतिहास शतपथ में मिलता है।

५ उर्वशी असि आयुरसि पुरूरवा असि। ५।२

यजुर्वेद के इस मन्त्र में उर्वशी-आयु और पुरूरवा का स्पष्ट वर्णन है। उर्वशी अप्सरा-ऐलपुरूरवा से आयुनामक पुत्रको उत्पन्नकर-चन्द्रवंश को स्थापित कर चुकी यह कथा महाभारत में बहुत विस्तार के साथ मिलती है। इसका समर्थन—

उर्वशी वा अप्सराः पुरूरवाःपतिः

अथ यत्तस्मात् मिथुनात् अजायत तदायुः॥ ३।४।१।२२

इस शतपथ श्रुति से होता है। इसी प्रकार त्रिपुर प्रकरण की उपपत्ति यजुर्वेद के—

६ या ते अग्ने! अयः शया तनूः।

या ते अग्ने! रजः ः ानूः॥

या ते अग्ने! हरिशः ानूः।

इन मन्त्रों से होती है। भगवान् शंकर त्रिपु कहे जाते हैं। उनका त्रिपुर दाह इतिहास प्रसिद्ध है। यहां पर एक आख्यायि । संग्राम में हार कर असुरों ने तीन दुर्ग तयार किये। उनमें पृथिवी में लोहमय अन्तरिक्ष में रजतमय और द्युलोक में सुवर्णमय? इन तीनों को एक दम शङ्कर ने अपने बाण से उड़ाया। यह आख्यान पुराणों में बड़ा लम्बा है। इसका मूलाधार—

ततः असुराः एषु लोकेषु पुरश्चक्रिरे।

अयस्मयीमेवात्र लोके, राजतीमन्तरिक्षे, हरिणीं दिवि॥ ३।४।४।३

इस शतपथ श्रुति में प्रत्यक्ष है। इसका विस्तार शिव पुराण में देखने योग्य है।

या ते धामान्युश्मसि गमध्यै।

यत्र गावो भूरिशृङ्गा अयासः॥ ६।३

यजुर्वेद के इस मन्त्र में आदित्य मण्डल का इतिहास है। श्री बल्लभाचार्य ने इस मन्त्र से गोलोक सिद्ध किया है। सभी अर्थों का निदर्शन पहिले लिखा जा चुका है।

८ तमुत्वा दध्यङ् ऋषिः पुत्र ईधे अथर्वणः वृत्रहणं पुरन्दरम्। ११।३३

यजुर्वेद के इस मन्त्र में अथर्वा का पुत्र मन्त्र द्रष्टा दध्यङ् ऋषि विवक्षित है। साथ ही वृत्रासुर का मारने वाला इन्द्र भी मन्त्र में प्रत्यक्ष है। वृत्रासुर संग्राम सब वेदों में मिलता है-जिसका पुराणों में प्रायः प्रसंग आता है।

९ मूर्धावय: प्रजापतिश्छन्दः । १४।९

यजुर्वेद के इस मन्त्र में प्रजापति का छन्दो रूप बन कर-पशुओं में व्याप्त होना विवक्षित है। सृष्टि के समय चिन्ता से व्याकुल प्रजापति से सृष्ट पशुगण छन्दो-रूप बनकर-चलने लगे। उनको जाता देखकर प्रजापति ने भी छन्दोरूप होकर ही उनका अनुगमन किया। यह आख्यान शतपथ ब्राह्मण ८।२।३।६ के कण्डिका से लेकर ८।२।३।१४ कण्डिका तक विस्पष्ट है। यजुर्वेद के कई मन्त्रों में जाकर यह आख्यान समाप्त हुआ है। इसी प्रकार के अन्य अनेक आख्यान यजुर्वेद में हैं—जिनको प्रसंग आने पर उपस्थित किया जा सकता है।

## ऋग्वेद का मान्त्रिक इतिहास।

ऋग्वेद में तथा उसके ब्राह्मणों में स्थल स्थल पर अनेक इतिहास उपलब्ध होते हैं जिनका उद्धरण पूर्वाचार्यों ने अनेक ग्रन्थों में दिया है। उनका अधिक विवरण समाधिस्थ होकर वेद व्यास ने पुराणों में लिखा है। जिन मन्त्रों में इतिहास है-उनका संकेत मात्र यहां पर लिखा जाता है।

याभिः पृश्निगुं पुरुकुत्समावतम् । १।११२।७
कक्षीवन्तं स्तोतारं याभिरावतम् । ११
याभिर्विप्रं भरद्वाजमावतम् । १३
याभिः पूर्भिद्ये त्रसदस्युमावतम् । १४
याभिः शर्यातिमवथो महाधने । १७
याभिः सुदास ऊहथुः सुदेव्यम् । १९
याभिः कुत्समार्जुनेयम् । २३

इन मन्त्रों में स्पष्ट रूप से पुरुकुत्स, कक्षीवान्, भरद्वाज, त्रसदस्यु, शर्याति, सुदास, कुत्स आदि पूर्वजों का इतिहास विद्यमान है। इसी प्रकार—

देवान् देवापे हविषा सपर्य । १०।९८।४
आर्ष्टिषेणो होत्रमृषिर्निषीदन् । ५
यद्देवापिः शन्तनवे पुरोहितः । ७
त्वां पूर्वे ऋषयो गीर्भिरायन् । ९

इत्यादि ऋग्वेदीय मन्त्रों में-देवापि, आर्ष्टिषेण, आदि पूर्वजों का इतिहास मिलता है।

दशाश्वान्दश कोषान्दश वस्त्राधिभोजना ।
दशो हिरण्यपिण्डान्दिवोदासादसानिषम् ।। ६।४७।२३

भूर्जज्ञ उत्तानपदो भुव आशाः प्रजायन्त।
अदितेर्दक्षो अजायत दक्षाद्वा अदितिः परि ॥ १०।७२।४

अष्टौ पुत्रासो अदितेः ये जाता तन्वः परि।
देवानुपप्रैत्सप्तभिः परा मार्ताण्डमास्यत् ॥ ८

अदितिर्हि अजनिष्ट दक्ष या दुहिता तव।
तां देवा अन्वजायन्त भद्रा अमृतबन्धवः ॥ ५

इन्द्राणीमासु नारिषु सुभगामहमश्रवम्।
नह्यस्या अपरञ्च न जरसा मरते पतिः ॥ १०।८६।११

ऋग्वेद के इन मन्त्रों में दिवोदास, उत्तानपाद, दक्षप्रजापति, अदिति के आठ पुत्र, दक्ष पुत्री अदिति, देवीइन्द्राणी का विस्पष्ट इतिहास है।

शतमश्मन्मयीनां पुरामिन्द्रो व्यास्यत्।
दिवोदासाय दाशुषे ॥ ४।३०।२०

त्वामग्ने पुष्करादधि अथर्वा निरमन्थत।
मूर्ध्नो विश्वस्य वाघतः ॥ ६।१६।१३

अगस्त्यः खनमानः खनित्रैः
प्रजामपत्यं बलमिच्छमानः ॥
उभौ वर्णौ ऋषिरुग्रः पुपोष
सत्या देवेष्वाशिषो जगाम ॥ १।१७९।६

ऋग्वेद के इन मन्त्रों में राजा दिवोदास, ऋषि अथर्वा, महर्षि अगस्त्य का विस्पष्ट वर्णन है। इनके अलावा ऋग्वेद के अष्टम मण्डल में आरम्भ से अन्त तक दानस्तुतियों की परम्परा उपलब्ध होती है। उदाहरणार्थ—

आसंगस्य स्वनद्रथः ८।१।३२
आसंगो अग्ने दशभिः सहस्रैः ८।१।३३

शिक्षा विभिन्दो ! अस्मै चत्वारि अयुता ददत्।
अष्टाऽपरः सहस्रा ॥ ८।२।४१

पाकस्थामानं भोजं दातारमब्रवम् ८।३।२४

ऋग्वेद के इन मन्त्रों में 'देवता रूप" से आसंग की दानस्तुति, विभिन्दिकी दानस्तुति, पाकस्थामा की दानस्तुति विद्यमान है।

स्थूरं राधः शताश्वं कुरुङ्गस्य दिविष्ठिषु ।
राज्ञस्त्वेषस्य सुभगस्य रातिषु तुर्वशेषु अमन्महि ॥ ८।४।१९
यथा चिच्चैद्यः कशुः शतमुष्ट्राणां ददत् । सहस्रा दश गोनाम् ८।५।३७
अथस्यदा इत् चैद्यस्य कृष्टयः चर्मम्ना अभितो जनाः ।८।५।३८
माकिरेना पथागाद्येनेमे यन्ति चेदयः ।८।५।३९

ऋग्वेद के इन मन्त्रों में देवता रूप से कुरुङ्ग राजा की दानस्तुति तथा चेदि-वंशीय चैद्यकशु की दानस्तुति विद्यमान है। यह चैद्यराजा सब तरफ चमारों को रखता था—इसी कारण उसका अनुगमन मन्त्र स्वयं निषिद्ध ठहराता है।

शतमहं तिरिन्दिरे सहस्रं पर्शावाददे । राधांसि याद्वानाम् ॥८।६।४६
अदान्मे पौरुकुत्स्यः पञ्चाशतं त्रसदस्युर्वधूनाम् ८।१९।३६
चित्र इद्राजा राजका इत्—अन्यकेयके सरस्वतीमनु । ८।२१।१८
यथा वरः सुषाम्ये सनिभ्य आवहो रयिम् ।८।२४।२८
दानासः पृथुश्रवसः कानीनस्य सुराधसः ।८।४६।२४
सुदेवाः स्थ काण्वायना वयो वयो विचरन्तः ।८।५५।५
ऋज्राविन्द्रो न आददे हरी ऋक्षस्य सूनवि । आश्वमेधस्य रोहिता ।८।६८।१५
अहं हुवान आर्क्षे । श्रुतर्वणि मदच्युति ८।७४।१३
महिराधो विश्वजन्यं दधानान् भरद्वाजान्-सार्ञ्जयो अभ्ययष्ट ६।४७।२५

ऋग्वेद के इन मन्त्रों में देवता रूप से क्रमशः यदुवंशीय पारशव्य तिरिन्दिर की; पुरुकुत्स वंशीय त्रसदस्यु की, राजर्षि चित्र की, वरुवंशीय सौषाम्ण की, कानीन पृथुश्रवा की, प्रस्कण्ववंशीय काण्वायन की, ऋक्षवंशीय आश्वमेधि की तथा श्रुतर्वण की, प्रस्तोक सृञ्जयवंशीय सार्ञ्जय की दानस्तुति सुस्पष्ट मिलती है। यह राजा बहुत दान देने वाले थे-इन की दान प्रशस्ति के लिये ही-ऋग्वेद के [ १।१२५।६ ] मन्त्र में-दक्षिणा देने वालों के लिये अमृतत्व पाने का विवरण कहा गया है और ऋग्वेद का [ १०।१०७।१।११ ] समग्र सूक्त दक्षिणा देने वाले भोज वंशीय राजाओं के सम्बन्ध में बनाया गया है। यह सब इतिहास वेद की समस्त शाखाओं में ओत-प्रोत है। यहां तक हमने वेदत्रयी से मान्त्रिक इतिहास दिखाया है। अब ब्राह्मण भाग से कुछ इतिहास उपस्थित करते हैं।

## ब्राह्मण भाग में—इतिहास।

शतपथ, गोपथ, तैत्तिरीय, छन्दोग्य, तांड्यसाम, आदि, गद्यात्मक वेद भाग में

अनेक अपूर्व इतिहास विद्यमान हैं-जिनका पोषण मन्त्र भाग से होता है। उदाहरणार्थ कुछ इतिहास यहां पर उपस्थित करते हैं।

शतपथ ब्राह्मण के प्रथम काण्ड में [ १।७।४ ] के अन्दर प्रजापति का दुहितृयनुगमन मिलता है। [ १।८।१ ] में मनु और मत्स्य का प्रकरण है। जो अन्त में जाकर इडा के रूपमें परिणत होता है। [ २।४।४ ] में दक्षप्रजापति का इतिहास [ ३।१।३ ] में अदिति पुत्रों का [ ३।२।४ ] में सुपर्ण और कद्रू का [ ३।३।४ ] में इन्द्र और अहल्या का [ ४।१।५ ] में सुकन्या और च्यवन का [ १३।५।४ ] में जनमेजय, परिक्षित, क्रिवि, मत्स्य, भरत, दौःष्यन्त, सात्रासह, शतानीक, आदि राजाओं का इतिहास विद्यमान है, जो गाथाओं द्वारा कहा गया है। गाथाओं का नमूना इस प्रकार है—

आसन्दीवति धान्यादं रुक्मिणं हरितस्रजम् ।
अबध्नादश्वं सारङ्गं देवेभ्यो जनमेजयः ॥१
पारिक्षिता यजमाना अश्वमेधैः परोवरम् ।
अजहुः कर्म पापकं पुण्याः पुण्येन कर्मणा ॥२
अटणारस्य परः पुत्रोऽश्वं मेध्यमबन्धयत् ।
हैरण्यनाभः कौसल्यो दिशः पूर्णा अमंहत ॥३
अस्माकमत्र पितरस्त आसन् ।
सप्तऋषयो दौर्गहे बध्यमाने ॥४
मरुतः परिवेष्टारो मरुत्तस्यावसन्गृहे ।
आविक्षितस्याग्निः क्षत्ता विश्वेदेवाः सभासदः ॥५
अश्वं मेध्यमालभत क्रिवीणामतिपूरुषः ।
पाञ्चालः परिवक्रायां सहस्रशतदक्षिणम् ॥६
सहस्रमामन्नयुताः शताच पञ्चविंशतिः ।
दिक्तो दिक्तः पञ्चालानां ब्राह्मणा या विभेजिरे ॥७
चतुर्दश द्वैतवने राजा संग्राममजिद्धयान् ।
इन्द्राय वृत्रघ्नेवध्नात्तस्माद्वैतवनं सरः ॥८
अष्टासप्तति भरतो दौःष्यन्तिर्यमुनामनु ।
गंगायां वृत्रघ्नेवध्नात्सप्तपञ्चाशतं हयान् ॥९
त्रयस्त्रिंशं शतं राजा अश्वान्वध्याय मेध्यान् ।
सौद्युम्निरत्यष्ठादश्वानमायां मायिवत्तरः ॥१०

शकुन्तला नाडपित्ती अप्सरा भरतं दधे ।
परःसहस्रानिन्द्राय अश्वान्मेध्यान्य आहरत् ॥ ११
महदद्य भरतस्य न पूर्वे नापरे जनाः ।
दिवं मर्त्य इव बाहुभ्यां नोदापुः पञ्चमानवाः ॥ १२
याश्नतुरं यजमाने ब्रह्माण ऋषभे जनाः ।
अश्वमेधे धनं लब्ध्वा विभजन्ते स्म दक्षिणाः ॥ १३
सात्रासहे यजमाने अश्वमेधेन तौर्वशाः ।
उदीरते त्रयस्त्रिंशाः षट्सहस्राणि वर्मिणाम् ॥ १४
षट् षट् षड्ढा सहस्राणि यज्ञे कोकपितुस्तव ।
उदीरते त्रयस्त्रिंशाः षट्सहस्राणि वर्मिणाम् ॥ १५
सात्रासहे यजमाने पाञ्चाले राज्ञि सुस्रजि ।
अमाद्यदिन्द्रः सोमेन अतृपन्ब्राह्मणा धनैः ॥ १६
शतानीकः समन्तासु मेध्यं सात्राजितो हयम् ।
आदत्त यज्ञं काशीनां भरतः सात्वतामिव ॥ १७
श्वेतं समन्तासु वशं चरन्तं शतानीको धृतराष्ट्रस्य मेध्यम् ।
आदाय सह्वा दशमास्यमश्वं शतानीको गोविनतेन हेजे ॥ १८
महदद्यभरतानां न पूर्वे नापरे जनाः ।
दिवं मर्त्यइव पक्षाभ्यां नोदापुः सप्त मानवाः ॥ १९

शतपथ ब्राह्मण के [ १३।५।४ ] कण्डिका के अन्दर यह उन्नीस गाथायें अश्वमेध करने वाले राजाओं की प्रशंसा में लिखी गई हैं। इनका प्रसंग इस प्रकार है। देवापि शौनक ने परिक्षित राजवंशीय जनमेजय राजा से अश्वमेध यज्ञ कराया उससे वह समस्त पापों से मुक्त हुआ। गाथाका अर्थ स्पष्ट है ॥ १ ॥

भीमसेन, उग्रसेन, आयु; श्रुतसेन, इन परीक्षित वंशीय राजाओं ने अश्वमेध करके अपने पापों का परिमार्जन किया। जो गाथा में प्रत्यक्ष है ॥ २ ॥

कौसल वंशीय आट्णार के पुत्र हिरण्यनाभ ने अश्वमेध करके अपने पापों का प्रायश्चित्त किया जो गाथा में स्पष्ट है ॥ ३ ॥

इक्ष्वाकुवंशीय पुरु कुत्स दौर्गहेण ने अश्वमेध करके पुण्य प्राप्त किया जिस का वर्णन वेद मन्त्र स्वयं कर रहा है। मन्त्र ऊपर दिया हुआ है। मन्त्रार्थ स्पष्ट है ॥४॥

मरुत्त वंशीय आविक्षित आयोगव राजा ने अश्वमेध करके विश्वेदेवों को तृप्त किया जिसका वर्णन गाथा में स्पष्ट है ॥ ५ ॥

पञ्चाल वंशीय राजा क्रैव्य ने परिवक्रा नगरी में अश्वमेध किया जिसमें उसने ब्राह्मणों को शत सहस्र दक्षिणा, और अयुतायुत गौओं का दान किया जो दो गाथाओं द्वारा ऊपर वर्णित है ॥ ६-७ ॥

मत्स्य वंशीय संग्रामजित् राजा ने द्वैतवन के सरोवर पर चौदह बार अश्वमेध करके इन्द्र को प्रसन्न किया; जो गाथामें स्पष्ट है ॥ ८ ॥

राजा दुष्यन्त के वंश में उत्पन्न भरत ने यमुना के तटपर अठहत्तर और गंगा के तटपर पचपन अश्वमेध किये, सुद्युम्न वंशीय राजा के पुत्र ने तेतीससौ अश्वमेध करके इन्द्र को प्रसन्न किया, नाडपिती अप्सरा से उत्पन्न शकुन्तला के पुत्र भरत ने समस्त पृथिवी पर दिग्विजय करके अनेक सहस्र अश्वमेधों का सम्पादन किया, इस भरत के यशको इनसे पूर्व तथा इनके अनन्तर उत्पन्न किसी भी राजा ने प्राप्त नहीं किया। यह प्रसंग चार गाथाओं द्वारा ऊपर कहा गया है। ९।१०।११।१२ श्विक्नों के राजा याशतुर ऋषभदेव ने अश्वमेध करके ब्राह्मणों को पुष्कल दक्षिणा देकर तृप्त किया ॥ १३ ॥

तुर्वश वंशीय राजाओं ने पञ्चालीय राजा सात्रासह को यजमान बनाकर तेतीस अश्वमेध किये, कोक पिता के पुत्र ने इसी वंश में जन्म लेकर ६६६० अश्वमेध करके इन्द्र को तृप्त किया; पंचालीय राजा सात्रासह ने यजमान बनकर अश्वमेध के द्वारा इन्द्र को सोमरस से तुष्ट किया और बहुत सा धन देकर यज्ञमें वृत ब्राह्मणों को तृप्त किया। यह आख्यान तीन गाथाओं द्वारा ऊपर दिखाया गया है। १४।१५।१६

काश्य का अश्व लेकर, सात्राजित शतानीक ने अश्वमेध किया। जिसमें वह सोमपीथी बन गया, धृतराष्ट्र से दशमासीय अश्व को लेकर शतानीक ने दूसरा अश्वमेध किया, भरत वंशीय राजाओं के यशको आज तक किसी भी पूर्वापर राजा ने प्राप्त नहीं किया। यह आख्यान तीन गाथाओं द्वारा ऊपर लिखा गया है। १७। १८। १९ यह केवल नमूने के तौर पर यहां पर लिखा गया है। इस प्रकारकी हजारों ऐतिहासिक गाथायें शतपथ में विद्यमान हैं—जिनका विस्तार, इतिहास में तथा पुराणों में मिलता है।

## गोपथ—ब्राह्मण।

संसार में अथर्ववेद का गद्य भाग गोपथ ब्राह्मण अति प्रसिद्ध है। उसमें तथा मूल अथर्ववेद में अनेकों इतिहास मिलते हैं। उनमें मूलवेद का नमूना पहिले दिखाया जा चुका है। अब ब्राह्मण का नमूना उपस्थित किया जाता है।

गोपथ ब्राह्मण के पूर्व भाग में पांच प्रपाठक विद्यमान हैं। उनमें क्रमशः सृष्टि का इतिहास [ १।१ ] ब्राह्मण का इतिहास [ १।२६ ] ओंकार का इतिहास [ १।२४ ]

गायत्री का इतिहास [ १।२७ ] जनमेजय राजा का इतिहास [ २।५ ] मान्धाता और काबन्धी का इतिहास [ २।१० ] उद्दालक आरुणि का इतिहास [ ३।६ ] स्वाहाका उद्भव [ ३।१६ ] गाथा सङ्ग्रह [ ५।२४ ] प्रपाठक में मिलता है। उत्तर भाग में असुरों के तीन नगरों की कथा [ २।७ ] वाणी के दोस्तनों का प्रतिपादन [ ५।१६ ] प्रपाठक में स्पष्ट है। इनके अलावा स्थल २ पर देवासुर संग्राम पाया जाता है-जिसका विस्तृत वर्णन पुराणों में व्यासदेव ने लिखा है।

एतस्माद् व्यासः पुरोवाच । भृग्वङ्गिरो विदा संस्कृतः अन्यान् वेदानधीयीत ।

इस ब्राह्मण में [ १।२६ ] महर्षि वेद व्यास का मत देकर, गोपथ ने वेद व्यास के द्वारा विभाजित वैदिक साहित्यका मार्ग बहुत कुछ साफ कर दिया है। व्यासमें पहिले वेद एक राशि के रूप में था। उसको अलग २ करके कर्म उपासना ज्ञान का विभाग व्यासने किया यह बात ऊपर की मूलपंक्ति से स्पष्ट झलकती है। इसमें अणुमात्र भी सन्देह नहीं है।

ब्रह्म ह वै ब्रह्माणं पुष्करे ससृजे ।
स ओमित्येतदक्षरमपश्यत् ।। १।१७
इन्द्रः प्रजापतिमपृच्छत् किमयमोंकारः । कस्य पुत्रः । १।२५
किंस्विदाहुर्भोः सवितुर्वरेण्यं भर्गो देवस्य कवयः किमाहुः ।
धियो निचक्ष यदि ताः प्रविश्य प्रचोदयात्सविता याभिरेति ।। १ ।।
वेदाश्छन्दांसि सवितुर्वरेण्यं भर्गो देवस्य कवयोऽन्नमाहुः ।
कर्माणि धियस्तदु ते प्रब्रवीमि प्रचोदयात् सविता याभिरेति ।।२।।[१।३२]
जनमेजयोह पारिक्षितो मृगयांचरिष्यन् ।
हंसाभ्यामशिक्षन्नुपावतस्थे ।। २।५
विचारी ह वै कावन्धिः कबन्धस्य आथर्वणस्य
पुत्रो मेधावी मीमांसकः अनूचान आस ।। २।१०
अदितिर्वै प्रजाकामा ओदनमपचत् । तत उच्छिष्टमश्नात् ।
सा गर्भमधत्त । तत आदित्याः अजायन्त ।। २।१५
उद्दालको ह वा आरुणिः उदीच्यान्वृतः धावयाञ्चकार ।
तस्य ह निष्क उपाहितो बभूव ।। ३।६
स्वाहा वै कुतः सम्भूता केन प्रकृता किंवास्या गोत्रम् ।
स्वाहा वै सत्यसम्भूता ब्रह्मणाप्रकृता लामगायनसगोत्रा ।। ३।१६

देवा ह वा ऋषयश्च असुरैः संयत्ता आसन् ।
तेषामसुराणां इमाः पुरः प्रत्यभिजिता आसन् ।
अयोमयी पृथिवी राजती अन्तरिक्षं हिरण्मयी द्यौः । उत्तरार्द्ध । २।७
वाचो वा एतौ स्तनौ । सत्यानृते वाव ते ।
अवत्येनं सत्यम् । अनृतं हिनस्ति ॥ ४।१९

ऊपर दिये हुए इन उद्धरणों से गोपथ प्रतिपादित इतिहासों का स्पष्टीकरण होता है। यह उद्धरण केवल नमूनों के तौर पर है। इनका ही विस्तार पुराणों में व्यवस्थित है। जिसका अवेदज्ञ उपहास करते हैं। इन पर विचार करना सर्व साधारण का काम नहीं है।

## तैत्तिरीय ब्राह्मण ।

वेद अनन्त है इस विषय को लेकर तैत्तिरीय ब्राह्मण में एक आख्यान मिलता है। जिसका पाठ इस प्रकार है।

भरद्वाजोह त्रिभिरायुर्भिर्ब्रह्मचर्यमुवास । तं ह जीर्णिनं स्थविरं शयानं इन्द्र उपव्रज्योवाच । भरद्वाज ! यत्ते चतुर्थमायुर्दद्याम् । किमेतेन कुर्या इति । ब्रह्मचर्यमेवैनेत चरेयमितिहोवाच । तं ह त्रीन् गिरिरूपान् अविज्ञातानिव दर्शयाञ्चकार । तेषां ह एकस्मान्मुष्टिमाददे । सहोवाच भरद्वाज इति आमन्त्र्य । वेदा वा एते । अनन्ता वै वेदाः । एतद्वा एतैस्त्रिभिरायुर्भिः अन्ववोचथाः । अथ ते इतरत् अनूक्तमेव [ तैत्तिरीय ब्राह्मण ] ३।१०।११।३।४

भरद्वाज के ब्रह्मचर्य का तथा वैदिक स्वाध्याय करने का जिस उत्तम प्रकार से इस आख्यान में परिचय मिलता है-वह वेदज्ञों से छिपा नहीं है इस प्रकार की अन्य अनेक आख्यायिकायें इस ब्राह्मण में आदि से अन्त तक ओत प्रोत हैं-जिनका केवल नमूना उपस्थित किया गया है। इसी प्रकार अन्य ब्राह्मणों में भी अनेक उत्तम इतिहास हैं-जिनके उद्धरण देने से ग्रन्थ बढ़जाने की आशंका है। इसलिये अब उनका प्रसङ्ग यहीं पर पूरा किया जाता है।

तत्र ब्रह्म इतिहासमिश्रं गाथामिश्रं च भवति ( निरुक्त ) नै० अ० ४ पा० १

यास्कीय निरुक्त के इस प्रमाण से ब्रह्म अर्थात् वेद इतिहास और गाथाओं से मिश्रित होना चाहिये। उदाहरण इसका प्रत्यक्ष है जो ऊपर दिखाया जा चुका है।

तास्त्रिविधा ऋचः । परोक्षकृताः प्रत्यक्षकृता आध्यात्मिक्यश्च ।
तत्र परोक्षकृताः प्रत्यक्षकृताश्च मन्त्रा भूयिष्ठाः । अल्पश आध्यात्मिकाः
( निरुक्त ) ॥ ७।१।३

यास्कीय निरुक्त के इस प्रमाण से वेद में तीन प्रकार के मन्त्र होने चाहिये। परोक्षवाद समर्थक, प्रत्यक्षवाद समर्थक तथा अध्यात्मवाद समर्थक? परोक्षवाद एवं प्रत्यक्षवाद के समर्थक मन्त्र अधिक संख्या में होने चाहिये और थोड़े से मन्त्र अध्यात्मवाद के समर्थक? इस प्रकार तीनों प्रकार के मन्त्रों में परोक्षवाद समर्थक मन्त्र ही इतिहास मूलक मन्त्र माने जा सकते हैं-जिनका इस ग्रन्थ में यथा प्रकरण उल्लेख किया जा चुका है।

वैदिक समय का इतिहास बहुत कुछ नष्ट हो चुका है। वैदिक ग्रन्थों के अप्राप्य होने से शृंखलाबद्ध इतिहास वर्तमान समय में मिलना अत्यन्त कठिन है। बौद्धों का शासन काल वैदिक साहित्य की अन्त्येष्टि पर सर्वदा तुला रहता था। उसमें वैदिक ब्राह्मण और वैदिक ग्रन्थ-ढूंढ़ २ कर नष्ट किये गए। वेद की सहस्रों शाखायें जैनों ने नष्ट भ्रष्ट करदीं। जिनका उल्लेख कुमारिल भट्ट के साहित्य में मिलता है। रहा सहा वैदिक साहित्य यवनों ने अग्निसात् कर दिया। अब तो केवल पुराणों में सुरक्षित वैदिक इतिहास यत्र तत्र मिलता है-जिसका निदर्शन ऊपर दिखाया गया है।

वैदिक साहित्य लौकिक शिक्षाओं का केन्द्रस्थल है। उसमें उल्लिखित आदर्श रूप शिक्षायें जब से नष्ट हुईं-तब से अनाचार का आरम्भ हुआ। सदाचार नष्ट हुआ-कदाचार प्रवृत्त हुआ। राम राज्य में जहां द्विजेतर भी धार्मिक शिक्षा से शिक्षित मिलते थे? वहां आज द्विज भी बञ्चित हैं। उनको भी वैदिक आदर्श पर चलना कठिनतर हो गया है। उदाहरणार्थ—

य एष ब्राह्मणो गायनो वा नर्तनो वा भवति तं
आग्लागृध इत्याचक्षते। तस्माद्ब्राह्मणो नैव
गायेत्। न नृत्येत्। मा आग्लागृधः स्यात् २।२१

यह गोपथ ब्राह्मण का उद्धरण दिया जा सकता है। इसमें कहा गया है कि ब्राह्मण को न गाना चाहिये-और न नाचना चाहिये। जो ऐसा करता है। उसको "आग्लागृध" कहा जाता है। आज कल बहुत से ब्राह्मण "रासलीला-रामलीला कंसलीला" आदि से अपना व्यापार चलाते हैं। यह उनका कार्य वेदविरुद्ध होने के कारण अत्यन्त निन्दनीय है। इसी प्रकार की अन्य अनेक बातें हैं-जिनका वेद विरोध करता है। द्विज मात्र को ऐसी बातें छोड़नी चाहिये। तभी देश का और जाति का कल्याण होगा। सुलभ रूपमें इन बातों का उपदेश पुराणों में इतिहास रूपसे मिलता है। इसलिये प्रत्येक स्थान में वेदज्ञ विद्वानों के द्वारा सज्जनों को पुराण श्रवण करना चाहिये।

रामादिवत्-प्रवर्त्तितव्यम् । न रावणादिवत् ।

यह बात मनुष्यों को पुराणों के श्रवण से प्राप्त होती है। इतिहास लेखक कोविदगण जिस समय में जैसा बुरा भला व्यवहार होता है-उसका चित्रण करते हैं। उसमें से वेदानुकूल आचरण का व्यवहार करना और वेद विरुद्ध आचरण का त्याग करना प्रत्येक आस्तिक जन का कर्तव्य ठहरता है। प्रभुसम्मित सुहृत्सम्मित कान्तासम्मित वाक्यों का वेद के अनेक स्थलों में उल्लेख है। उनका ही रूपान्तर रोचक तथ्य भयानक रूप से पुराणों में मिलता है। उनमें से वेदानुमोदित पुराण वाक्यों का अनुगमन करना चाहिये। इन बातों को वे ही विद्वान् बतला सकते हैं-जिन्होंने वर्तमान समय में वैदिक तथा पौराणिक दोनों साहित्यों का अवगाहन किया हो!! सामान्य विद्वान नहीं बतला सकते हैं। विद्वानों को भी चाहिये कि वे अपना समय निष्कारण धर्म समझ कर अंगोपाँग सहित वेदों के स्वाध्याय में लगावें [ एष आदेशः-एष उपदेशः-एतदनुशासनम्-एवमुपासितव्यम् ] ।

इति श्रीमदखिलानन्दशर्मप्रणीते वैदिकसत्यार्थ-प्रकाशे

पञ्चदशः समुल्लासः

# षोडशः—समुल्लासः ।

## ❋ वेद विवेचनम् ❋

करुणा वरुणालय भक्तानुकम्पी, भगवान् के आदेशानुसार इस समुल्लास में वैदिक साहित्यका विवेचन किया जाता है। ब्राह्मण जाति का मुख्य कर्तव्य वेदों का स्वाध्याय है। इसीलिये—

ब्रह्म आयुष्मत् । तद्ब्राह्मणैरायुष्मत् ॥ १ ॥
विद्याहवै ब्राह्मणमाजगाम ॥ २ ॥ ( निरुक्त )
विद्या ब्राह्मणमेत्याह ॥ ३ ॥ ( मनु )
चत्वारिवाक् -परिमितापदानि तानिविदुर्ब्राह्मणाये मनीषिणः ॥ ४ ॥
श० प० ४।१।३

ब्राह्मणेन निष्कारणो धर्मः षडङ्गो वेदोध्येयः ज्ञेयश्च॥५॥ (महाभाष्य)

इस प्रकार के अनेक वचन गृह्यसूत्र, निरुक्त, मनुस्मृति; महाभाष्य आदि आर्ष ग्रन्थों में मिलते हैं। योगदर्शन में—

स्वाध्यायादिष्टदेवतासंप्रयोगः । २।४४

इस सूत्र के अन्दर स्वाध्याय से इष्टदेव प्राप्ति रूप फल मिलना लिखा है। जो ब्राह्मण वेदों का स्वाध्याय करता है—उसको अपने इष्टदेव का अनायास दर्शन हो जाता है। मनुस्मृति में—

स्वाध्यायेनार्चयेतर्षीन् । ३।८१

इस पद्य के अन्दर स्वाध्याय से ऋषितर्पण करना लिखा है। जिन ऋषियों के वंश में ब्राह्मणों ने जन्म लिया है-उन ऋषियों ने ही वैदिक मन्त्रों का दर्शन किया है। उदाहरणार्थ ऋग्वेद में ४१४ ऋषि मन्त्र द्रष्टा तथा सूक्त द्रष्टा हैं । इनमें प्रायः सभी मरीचि, अत्रि, अंगिरा, पुलह, क्रतु, प्रचेता, वसिष्ठ, भृगु के वंशज हैं। यजुर्वेद के ६७ मन्त्र द्रष्टा ऋषि हैं। सामवेद के ७५ मन्त्रों का दर्शन तंडि ऋषि ने किया है। अथर्वा अंगिरा इन दो ऋषियों ने समग्र अथर्ववेद देखा है। इसलिये अपने वंशजों द्वारा वेद की रक्षा देखकर मन्त्र द्रष्टा ऋषि अर्चित होते हैं। मनु के पद्य का यही अभिप्राय है।

# वेदों की मन्त्र संख्या का निर्देश।

सऋचो व्यौहत्। द्वादशबृहती सहस्राणि। एतावत्योह ऋचः याः प्रजापतिसृष्टाः।१०।४।२।२३। अथेतरौ वेदौ व्यौहत्। द्वादशैवबृहती सहस्राणि अष्टौयजुषां चत्वारि साम्नाम्। एतावद्ध एतयोर्वेदयोः। यत्प्रजापति सृष्टम्।२४ ते सर्वे त्रयो वेदाः दश च सहस्राणि-अष्टौ च शतानि अशीतीनामभवन्।२५

शतपथ ब्राह्मण के इन तीन गद्यों में वेद मन्त्रों की संख्या का निर्देश मिलता है। प्रजापति अर्थात् ब्रह्मा ने ऋग्वेद में बारह हजार [ १२००० ] बृहती छन्द बनाए। इतर दो वेदों में भी बारह हजार ही बृहती छन्द बनाए-आठ यजु में और चार साममें इन दो वेदों में प्रजापति सृष्ट इतना ही छन्दो भाग है। तीनों वेदों में दस हजार आठ सौ अस्सी मन्त्र हैं। बाकी इनका पुनरुक्त पाठ है। शाखाभेद से मन्त्रों की संख्या जो दृष्टिगत होती है वह ऋषियों द्वारा प्रवृत्त हुई है। बृहती के अतिरिक्त इतर गायत्र्यादि छन्द भरद्वाजादि ऋषियों द्वारा प्रवृत्त हुए। यह बात—

सहस्तोमाः सहच्छन्दसआवृतः। ३४।४९

इस यजुर्वेद के मन्त्र से सिद्ध होती है। भरद्वाज कश्यप गोतम अत्रि वसिष्ठ जमदग्नि आदि सप्तर्षिगण दैव्य कहलाते हैं। इनके साथ स्तोम गायत्री आदि छन्द ( आवृत ) नानाविध कर्म और ( प्रभा ) निश्चयात्मक ज्ञान आविर्भूत होता है। इन सप्तर्षियों के ही वंशज अन्य ऋषि भी वैदिक ज्ञान के आविर्भावक तथा मन्त्र द्रष्टा माने जाते हैं। जिनका उल्लेख मण्डल सूक्त और मन्त्रों पर मिलता है।

# वेद का लक्षण।

"विद्यन्ते, ज्ञायन्ते, लभ्यन्तेवा, एभिर्धर्मादि पुरुषार्थ इति वेदाः।" यह वेद का लक्षण बहुऋक् प्रातिशाख्यावृत्ति के आरम्भ में विष्णुमित्र ने लिखा है। धर्म अर्थ काम मोक्ष यह चारों वर्ग जिन के द्वारा ज्ञात हों-अथवा प्राप्त हों उनको वेद कहना चाहिये। इस लक्षण में [ विद् ज्ञाने १ विद्लृ लाभे २ विद् विचारे ३ विद् सत्तायां ४ इन चार धातुओं का सहयोग मिलता है। इसके अतिरिक्त—

"इष्टप्राप्त्यनिष्टपरिहारयोरलौकिकमुपायं यो वेदयति सवेदः" यह वेद का लक्षण कृष्ण यजुर्वेद भाष्य भूमिका में सायणाचार्य ने लिखा है। इष्ट की प्राप्ति और अनिष्ट की निवृत्ति इन दोनों के लिये जो अलौकिक उपाय बतादे वह वेद कहा जा सकता है। इसी प्रकार—

"प्रत्यक्षानुमानागमेषु अन्तिमो वेदः"

समयबलेन सम्यक्परोक्षानुभवसाधनं वेदः।

अलौकिकार्थप्रतिपादको वेदः ।
अपौरुषेयं वाक्यं वेदः ।
मन्त्रब्राह्मणात्मकः शब्दराशिर्वेदः ।
मन्त्रब्राह्मणयोर्वेदनामधेयम् ।

यह वेद के लक्षण सायण ने ऋग्वेद भाष्य की भूमिका में स्थल २ पर लिखे हैं-जो आपस्तम्ब सूत्र और सर्वानुक्रम सूत्र में भी पाये जाते हैं। इनका अर्थ स्पष्ट है। इसलिये अधिक लिखने की आवश्यकता नहीं है।

## मन्त्रोंका-त्रैविध्य ।

वेद की प्रत्येक शाखा में तीन प्रकार के मन्त्र देखने में आते है-जिनका उल्लेख जैमिनिकृत पूर्वमीमांसा में-

तेषामृक् यत्रार्थवशेन पादव्यवस्था । ३२
गीतिषु-सामाख्या । ३३
शेषे-यजुः शब्दः । ३४

इस प्रकार मिलता है ( मी० द० २।१ ) अर्थ का सम्बन्ध देखकर जिन मन्त्रों में पाद ( चरण ) कल्पना की गई उन मन्त्रों का नाम ऋक् हुआ, गान पूर्वक जिन मन्त्रों का ऋषियों ने उच्चारण किया उन मन्त्रों का नाम साम हुआ और गद्य पद्य भाग आपस में एक दूसरे से मिला हुआ जिसमें व्यवस्थित किया-उस वेद का नाम यजु हुआ-यह मीमांसकों का मत है। वेद की समस्त शाखाओं में उपर्युक्त तीन प्रकार के ही मन्त्र मिलेंगे। चौथे प्रकार का कोई मन्त्र नहीं मिलेगा। इसी कारण से वेद में त्रयी शब्द प्रवृत्त हुआ है। इसी का समर्थन—

पादबन्धेनार्थेन चोपेता वृत्तबद्धा मन्त्राऋचः । गीतिरूपा मन्त्राः सामानि ।
वृत्तगीतिवर्जितत्वेन प्रश्लिष्ट पठिता मन्त्रा यजूंषि [ अधि० मा० २।१।५० ]

इन वचनों से भी होता है। इन वाक्यों का अर्थ मीमांसा सूत्रों के समान है। वहृक्-प्रातिशाख्य के व्याख्यान में इसी बात को लक्ष्य में रख कर-विष्णु मित्र ने—

यःकश्चित्पादवान्मन्त्रो युक्तश्चाक्षरसम्पदा ।
स्वरयुक्तोऽवसाने च तामृचं परिचक्षते ॥

यह ऋग्लक्षण लिखा है। इस प्रकार के मन्त्र शतपथादि ब्राह्मणों में भी प्रायः मिलते हैं। गाथा ऋक् श्लोक ऋषि ऋक्छन्द आदि संकेत इस के ही समर्थक हैं।

"ऋचस्तुतौ । यज देवपूजासंगतिकरणदानेषु । साम सान्त्वने । तुर्वी थुर्वी धुर्वी हिंसानादरयोः ।" इन चार धातुओं से ऋक्-यजु-साम- अथर्व शब्द बने हैं। स्तुति करना ऋग्वेद का काम है। मिलाना यजुर्वेद का काम है। सान्त्वना ( तसल्ली ) देना सामका काम है। इन अर्थों की संगति लगाने के लिये-पारस्कर गृह्य सूत्र पठित-

अमोहमस्मि सात्वं सामाहमस्मि ऋक् त्वम् द्यौरहं पृथिवीत्वम् ।

यह मन्त्र पर्याप्त है। इसमें पति की स्तुति करने वाली स्त्री को ऋग्वेद स्थानीय कहा है-और उसको सान्त्वना देने वाले पति को साम से उपमित किया है। व्यवहार में भी यही बात दीखती है। स्त्री पुरुष का परस्पर सम्बन्ध इस बात का प्रत्यक्ष निदर्शन है। इसलिये धात्वर्थ सम्बन्धित ऋगादि शब्दों का अनेकार्थकत्व प्रकरण देखकर लगाना चाहिये।

## वेद के पर्यायबाचक अन्य शब्द ।

*वैदिक साहित्य में वेद शब्द के पर्याय वाचक* [ छन्द-स्वाध्याय-आगम-निगम आम्नाय-ऋषि-मन्त्र ] आदि पद मिलते हैं-जिनसे वेद का ग्रहण होता है। उदाहरणार्थ-

स्वाध्यायोऽध्येतव्यः ( तै० आ० २।१५।७ )

रक्षोहागमलध्वसंदेहः प्रयोजनम् ( म० भा १।१ )

निगमाः ... निगमनात् ( निरुक्त ) १।१।१

आम्नायस्य क्रियार्थत्वात् ( मीमाँसा )

यश्छन्दसामृषभो विश्वरूपः ( तै० आ० १०।६ )

तदेतत्—ऋषिणाभ्युक्तम् ( निरुक्त )

मन्त्रामननात् छन्दांसि छादनात् ( निरुक्त )

इत्यादि ग्रन्थों के प्रतीक वाक्य उद्धृत किये जाते हैं। इनमें व्यवहृत स्वाध्यायादि पद-वेद के पर्याय होने के कारण एकार्थक माने जाते हैं।

## वेद का समय ।

वेद किस समय में हुआ इस विषय में निश्चयात्मक लेख आज तक किसी भी ग्रन्थकार ने नहीं लिखा वेद स्वयं इस विषय में मौनावलम्बन कर बैठा है। ज्ञानका नाश कदापि नहीं होता-यह बात विज्ञान सिद्ध है। ईश्वर ज्ञान स्वरूप नित्य सिद्ध वेद को सप्तर्षियों ने-समाधि द्वारा देखकर उनको शब्दों में सम्बद्ध किया। यह बात-

युगान्तेन्तर्हितान्वेदान्सेतिहासान्महर्षयः ।

लेभिरे तपसा पूर्वमनुज्ञाताः स्वयम्भुवा ॥ १८

युगे युगे समुच्छिन्नारचनेयं विवस्वतः ।
प्रसादात्कस्यचिद्भूयः प्रादुर्भवति कामतः ॥ १९

इन पद्यों द्वारा सूर्य सिद्धान्त नामक ज्योतिष निबन्ध में प्राप्त होती है। इन पद्यों का मूलाधार तैत्तिरीय संहिता के आरण्यक भाग में—

"अजानहवै पृश्नीत्-तप्यमानात् ब्रह्म स्वयंभु अभ्यानर्षत ।
ते ऋषयोऽभवन् तदृषीणामृषित्वम् ॥"

यह श्रुति वाक्य है। स्वयंभू (ब्रह्म) वेद तपश्चर्या करने वाले (अज) अयोनिज (पृश्नीन्) पुरुषों के प्रति (अभ्यानर्षत) गया। इस प्रमाण से वेद का नित्यत्व अनायास से सिद्ध होता है।

इदं ज्ञानमुपाश्रित्य मम साधर्म्यमागताः ।
सर्गेपि नोपजायन्ते प्रलये न व्यथन्ति च ॥ १४।२

भगवद्गीता के इस पद्यमें ऊपर कही हुई श्रुति का बहुत अंश में सम्बन्ध मिलता है। अज अयोनिज वेद प्रवर्तक भरद्वाजादि दिव्य सप्तर्षिप्रलय में नष्ट नहीं होते और सृष्टि के आरम्भ काल में उत्पन्न नहीं होते। ऐसे ऋषि ही मन्त्रों के दर्शन करने से मन्त्र द्रष्टा कहे जाते हैं—जिनके लिये यास्क ने निरुक्त के द्वितीयाध्याय में—

"ऋषिर्दर्शनात्" "स्तोमान्ददर्श-इत्यौपमन्यवः ।

ऐसा लिखा है। ऋषि शब्द तुदादि पठित ऋष धातु से बना है। यद्यपि यह गमनार्थक है, तथापि [ धातूनामनेकार्थत्वात् ] इसकी वृत्ति दर्शन में है। इसीलिये—

"साक्षात्कृतधर्माण ऋषयो बभूवुः ।"

ऐसा निरुक्त में लिखा है, सृष्टि के आरम्भ-काल में सप्तर्षिगण मन्त्रार्थों का दर्शन करके "साक्षात्कृतधर्मा" होते हैं। वे सर्ग में उत्पन्न अन्य ऋषियों को बिम्ब प्रतिबिम्ब भाव से अपना ज्ञान दे देते हैं। प्रमात्मक ज्ञान को साथ लेकर उत्पन्न होने वाले वे ऋषि अपने पूर्वज सप्तर्षियों के मार्ग का अनुसरण करते हैं। जिसका वर्णन—

पूर्वेषां पन्थामनुसृत्य धीरा अन्वालेभिरे रथ्योन रश्मीन् ॥ ३४।४९ ॥

यजुर्वेद के इस मन्त्र में मिलता है, मन्त्रार्थ स्पष्ट है। वेद का दूसरा नाम श्रुति है। इसको सबने सुना, परन्तु बनाया किसी ने नहीं। इसीलिये आनुश्रविक वेद का ज्ञान सुनते २ ही श्रुति शब्द वाच्य होगया।

महो रुजामि बन्धुता वचोभिः तन्मा पितुर्गोतमादन्वियाय ॥ ३ । ४ ॥

ऋग्वेद के इस मन्त्र में गोतम ऋषि का पुत्र कहता है कि हे अग्ने! जिस महनीय आपके प्रभाव को मैं बन्धुता से अपनी वाणी के द्वारा (रुजामि) सम्पा

करता हूं, वह मुझको अपने पिता गोतम से प्राप्त हुआ है। इससे यही सिद्ध हुआ कि वैदिक ज्ञान परम्परा से ऋषियों को प्राप्त होता आया है।

ऋचः सामानि छन्दांसि पुराणं यजुषा सह।
उच्छिष्टाज्जज्ञिरे सर्वे दिवि देवा दिविश्रितः ॥११।७।२४॥

अथर्व वेद के इस मन्त्र में महाप्रलय में उत्कर्ष-पूर्वक शिष्ट-अवशिष्ट-ब्रह्म से द्युलोक में रहने वाले देवगण तथा गायत्री आदि छन्दों के साथ अनुस्यूति ऋगादि वेद-पुराणों के साथ प्रकट हुये, यह बात सिद्ध होती है। यही बात—

तस्माद्यज्ञात्सर्वहुत ऋचः सामानि जज्ञिरे।
छन्दांसि जज्ञिरे तस्माद्यजुस्तस्मादजायत ॥ ३१

यजुर्वेद के इस मन्त्र से सिद्ध होती है। अथर्व में जो ब्रह्म उच्छिष्ट पद-वाच्य है, यजु में वही ब्रह्म सर्वहुत यज्ञ पद से वाच्य है। अन्तर केवल शब्द में है, अर्थ में नहीं है। यदि यह विशेषण (प्रलये न व्यथन्ति च) इस भगवद्वाक्य के अनुसार दिव्य सप्तर्षियों में लगाये जावें, तो बहुत कुछ मार्ग साफ होता है। क्योंकि ये भी उत्कर्ष के साथ प्रलय में नष्ट नहीं होते, और यजनीय तथा स्पृहणीय होने के कारण यज्ञ एवं सर्वहुत कहे जाते हैं।

## शब्दों की नित्यता।

ध्वनि-वर्ण-पद-वाक्य भेद से वाणी चार प्रकार की कही गई है। इनमें ध्वन्यात्मक शब्द आकाश के शब्द गुणक होने से सर्वदा आकाश में रहता है।

वीणायां वाद्यमानायां यथा षड्जादयः स्वराः।
ध्वनिभ्यो गेयतां यन्ति तथा वर्णाअपि क्रमात् ॥

इस प्रमाण से वीणा के बजाने पर जिस प्रकार षड्ज आदि सप्त स्वरों के अनुरूप ध्वन्यनुसारी गेय गाने की चीजें बन जाती हैं, उसी प्रकार ध्वन्यात्मक शब्द के अनुगामी अकारादि वर्ण भी अनायास निकल आते हैं। यह बात विज्ञान सिद्ध है। जिन द्रव्यों के सहयोग से शब्द ज्यों के त्यों एक देश से सुदूरवर्ती अन्य देशों में पहुंचाये जाते हैं। वे ( रेडियो ) आदि सूक्ष्म द्रव्य महाप्रलय में शब्दों की रक्षा करते हैं। रक्षित शब्द सृष्टि के आरम्भ में फिर आकाश में ( वे तार की तरह ) ध्वन्यात्मक होकर क्रमशः वर्णात्मक होते हैं। यह शब्द विज्ञान अथर्व वेद के कई मन्त्रों में वर्णित हैं। उदाहरणार्थ यहां पर—

ये त्रिषप्ताः परियन्ति विश्वारूपाणि बिभ्रतः।
वाचस्पतिर्बलातेषां तन्वो अद्यदधातु मे ॥ १।१।१ ॥

यह मन्त्र उपस्थित किया जाता है। इसका अर्थ यह है कि अनेक रूप धारण करने वाले जो ( त्रिषप्त ) त्रेसठ वर्ण ( परियन्ति ) चराचर जगत में व्याप्त हो रहे हैं, वाचस्पति उन सबका ( तन्वः ) आकार-प्रकार आज मेरे में स्थिर-रूप से स्थापित करे। इस मन्त्र में ( त्रिषप्ताः-तन्वः ) यह दो पद वर्णमाला के त्रेसठ अक्षरों को सिद्ध करते हैं। (त्रिवारंसप्तत्रिसप्ताः। त्रिसप्ताश्च-त्रिसप्ताश्च-त्रिसप्ताश्च-त्रिषप्ताः) तीन वार ७। ७। ७ इक्कीस होते हैं, और तीन वार २१। २१। २१ त्रेसठ वर्ण होते हैं, जिनका संकेत पाणिनीय शिक्षा में ( त्रिषष्टिर्वर्णाः ) इस प्रकार मिलता है। तनु शब्द आकार विस्तार, सूक्ष्म इन तीन अर्थों में प्रयुक्त होता है। अपने आकार से विस्तृत होकर सूक्ष्म अर्थों को लक्षित कराना ( तन्वः ) पद का लाक्षणिक अर्थ है। इस लिये—

सिद्धे शब्दार्थसम्बन्धे। ( व्या० म० ) १। १। १

इस पातञ्जल सिद्धान्त से शब्द भी अनादि-काल सिद्ध ही ठहरते हैं। ( नित्यः शब्दार्थसम्बन्धः ) इस नियम से शब्दों के साथ अर्थ का सम्बन्ध नित्य माना गया है।

लौकिकानां हि साधूनामर्थं वागनुवर्तते।
ऋषीणां पुनराद्यानां वाचमर्थोऽनुधावति॥ १।१०

भवभूति प्रणीत उत्तर-रामचरित का यह पद्य है। इसका अर्थ यह है कि लौकिक विद्वानों की रचना में अर्थ को देखकर शब्दों का प्रयोग होता है, और आद्य ऋषियों के रचे हुए ग्रन्थों में शब्दों के पीछे अर्थ दौड़ते जाते हैं। यही लौकिक वैदिक रचना में भेद है। वैदिक रचना आर्ष होने के कारण नित्य सिद्ध मानी गई है।

"वाग्वै-पराची अव्याकृता अवदत्। ते देवाः अब्रुवन्। इमां नो वाचं व्याकुरु इति। सोऽब्रवीद्वरंवृणै। मह्यश्चैष वायवे च सहगृह्याता इति। तस्मादैन्द्र वायवः सह्यते। तामिन्द्रःमध्यतोऽवक्रम्य व्याकरोत्। तस्मादियं व्याकृता वागुच्यते"। ६।४।९

कृष्ण यजुर्वेद के षष्ठ काण्ड में यह कण्डिका उपलब्ध होती है। इसमें अव्याकृतवाणी को व्याकृत करने का इतिहास है। पराची पुरातनी वेद वाणी पहिले अव्याकृत अर्थात् मेघध्वनि की तरह अखण्ड पद वाक्य भेद शून्य थी। उसको इन्द्र ने बीच में से पकड़ कर विभक्त किया तब से वाक्य-पद-प्रकृति-प्रत्यय-वाणी में प्रतीत होने लगा। आठ व्याकरणों में ऐन्द्र व्याकरण की इससे प्राचीनता अवगत होती है। हमारा प्रयोजन केवल इतना ही था कि वेदों का अनादित्व हम वैदिक प्रमाणों से सिद्ध करें, सो हो गया। इसलिये इस विषय में इससे अधिक लिखना व्यर्थ है।

## ऋषियों में—चार भेद।

ऋषीणामृषिपुत्राणां ऋषिकाणां स्वयंभुवाम्।
तथा नामाभिजातीयाद्यथैषां मन्त्रदृष्टयः ॥ १
प्रवरैर्ये समाख्याता ऋषयस्त इति श्रुतिः।
तत्पुत्रपौत्रनप्तारो ऋषिपुत्रा इति स्मृताः ॥ २
राजन्यवैश्याऋषिकास्त्रियस्तिर्यञ्च एव ताः।
देवाऽदेवाप्सरोनद्यो गन्धर्वास्ते स्वयम्भुवः ॥ ३

ये पद्य शौनक प्रणीत सर्वानुक्रमणी भाष्य से उद्धृत किये गये हैं। इनमें ऋषियों के चार भेद कहे गए हैं। ऋषि-ऋषि पुत्र-ऋषिक और स्वयंभु? इनमें प्रवर प्रवर्तक अंगिरा आदि ऋषि माने गए हैं। अंगिरा के पुत्र रहूगण पौत्र गोतम-नप्ता वामदेव-प्रनप्ता-बृहदुक्थ ये सबके सब ऋषि पुत्र माने गए हैं। विश्वामित्र आदि क्षत्रिय वसुकर्ण आदि वैश्य ऋषिक माने गए हैं। अत्रिकी पुत्री विश्ववारा और जहू नाम की ब्रह्मजाया ऋषिका मानी गई हैं, देवता स्वयंभु माने गए हैं। इनके द्वारा दृष्ट मन्त्र ऋग्वेद में प्रायः मिलते हैं। इन चारों भेदों का विस्तार वैदिक ग्रन्थों में देखना चाहिये।

१ वेदों का प्रयोजन
२ मन्त्रकर्तृ विवेचन
३ वेद शाखा विवेचन
४ वेदों में वेदाङ्ग

आदि विषय इस सम्बन्ध में साधारणतया इस ग्रन्थ के सप्तम समुल्लास में लिखे गए हैं। उनको वहां देखकर यहां पर उनका अनुसन्धान करना आवश्यक है। विशेष बातें अब उपस्थित करते हैं।

## आवश्यक प्रमाण संग्रहः।

यस्य वाक्यं स ऋषिः। या तेनोच्यते सा देवता।
यदक्षरपरिमाणं तच्छन्दः। अर्थेप्सव ऋषयो देवताश्छन्दो
भिरुपाधावन् ॥ १ ॥ [ शौनक प्रणीत सर्वानुक्रमणी ]
यत्काम ऋषिर्यस्यां देवतायामर्थपत्यमिच्छन्
स्तुतिं प्रयुंक्ते तद्दैवतः स मन्त्रो भवति ॥ २ ॥ ( निरुक्त )

सम्पूर्णमृषिवाक्यन्तु सूक्तमित्यभिधीयते ।
ऋषिसूक्तानि यावन्ति सूक्तान्येकस्यवै कृतः ॥
स्तूयेतैकान्तु यावत्सु तत्सूक्तं दैवतं विदुः ।
समानच्छन्दसो मन्त्राश्छन्दःसूक्तं तदुच्यते ॥ ३ ॥ [ वृहद्देवता ]

तत्तदृषि दृष्टानां बहूनां सूक्तानांएकर्षिकर्तृकः संग्रहो मण्डलम् ॥ ४ ॥

( वृहद्देवता )

दशर्चताया अधिकं महासूक्तं विदुर्बुधाः ।
मधुच्छन्दः प्रभृतयोऽगस्त्यांताः आद्यमण्डले ॥
ये सन्ति ऋषयस्ते वै सर्वे प्रोक्ताः शतर्चिनः । ५ । [ वृहद्देवता ]
अनूच्यतेऽन्यमन्त्राणां यैरर्थो मन्त्रविस्तरैः ।
अनुवाकास्त उच्यन्ते काण्डान्तर्गतकल्पनाः ॥ ६

आपस्तम्बीय-यज्ञ परिभाषा विवरण ।

इनका अर्थ यह है कि-जो मन्त्र जिस ऋषि के द्वारा दृष्ट होकर-लोक में प्रचरित हुआ है, उस मन्त्र का वही ऋषि है। मन्त्र का प्रतिपादनीय विषय देवता कहा गया है। अक्षरों की नाप तौल का साधन छन्द है, अर्थ काम-ऋषि छन्दों के द्वारा प्रतिपादनीय विषयों का अनुसरण करते थे—यह शौनक का मत है।

जिस अर्थ की इच्छा से ऋषि-देवता में ( प्रतिपादनीय विषय में ) आधिपत्य प्राप्त करने के लिये जिस स्तुति को करता है-वह मन्त्र तद्देवताक होता है। यह निरुक्तकार यास्क का मत है।

एक ऋषि का समस्त वाक्य वेद में सूक्त पद से कहा जाता है। [ सुष्टु-सम्यक् प्रकारेण-तदर्थ निष्पादकेन साधनेन-यदुक्तं-तत्सूक्तम् ] एक ऋषि के द्वारा दृष्टसूक्त ऋषिसूक्त होता है। एक देवता की स्तुति के लिये जितने मन्त्र कहे जाते हैं-वे सब के सब दैवतसूक्त कहे जाते हैं। एक छन्द वाले मन्त्रों का समूह छन्दःसूक्त कहा जाता है। दश मन्त्रों से अधिक मन्त्र वाला सूक्त महासूक्त कहा जाता है। अल्पमन्त्र वाला एकर्च आदिसूक्त क्षुद्र सूक्त कहा जाता है। मधुच्छन्द से लेकर अगस्त्य पर्यन्त ऋषि शतर्चि कहे जाते हैं। भिन्न २ ऋषियों द्वारा दृष्ट अनेक सूक्तों का एक ऋषिकर्तृक संग्रह मण्डल कहा जाता है। जो मन्त्र पूर्व मन्त्रों के अर्थ का केवल प्रतिपादन मात्र करते हैं-वे काण्ड के अन्दर अनुवाक कहे जाते हैं। यह सब वृहद्देवता में शौनक ने कहा है। वेदज्ञों के लिये इन बातों का जानना परमावश्यक है।

शौनकीया दशग्रन्थास्तत्रऋग्वेदस्य गुप्तये ।
आर्ष्यनुक्रमणीत्याद्या छान्दसी दैवती तथा ॥ १ ॥
अनुवाकानुक्रमणी सूक्तानुक्रमणी ततः ।
ऋक्पादयोर्विधाने च बृहद्दैवतमेवच ॥ २ ॥
प्रातिशाख्यं शौनकीयं स्मार्तं दशममुच्यते ॥ ३ ॥

सर्वानुक्रमणी के वृत्तिकार षड्गुरु शिष्य कहते हैं कि ऋग्वेद की रक्षाके लिये शौनक ने दश ग्रन्थ लिखे उनमें पहिला ग्रन्थ आर्षनुक्रमणी है। उसके बाद छन्दोनुक्रमणी देवतानुक्रमणी अनुवाकानुक्रमणी सूक्तानुक्रमणी ऋक् प्रातिशाख्य ऋङ्मन्त्रानुक्रमणी, विनियोगानुक्रमणी वृहद्देवता स्मृत्यनुक्रमणी आदि ग्रन्थ हैं। ऋग्वेद के सम्बन्ध में इनका देखना परमावश्यक है।

## ऋग्वेद महिमा।

एतद्वै यज्ञस्य समृद्धं यद्रूपसमिद्धम्।
यत्कर्म क्रियमाणं ऋक् अभिवदति ॥

यह मन्त्र ऐतरेय ब्राह्मण में प्रथमाध्याय के चतुर्थखण्ड का है। यज्ञ में क्रियमाण जिस कर्म को ऋग्वेद कहता है-वही कर्म यज्ञ का समृद्ध रूप है-बाकी सब असमृद्ध असम्पन्न रूप है। इसी प्रकार—

यदेतत् साम्ना यजुषा च क्रियते तच्छिथिलम्।
यत् ऋचाक्रियते तद्दृढम् ॥

इस कृष्ण यजुर्वेद के मन्त्र में भी ऋग्वेद की प्रधानता का ही समर्थन है। कौषीतकि ब्राह्मण के [ तत्परिचरणावितरौवेदौ ] इस कथनसे भी वेदत्रयी में ऋग्वेद का ही प्राधान्य कहा गया है। ऋग्वेद के अतिरिक्त दो वेद ऋग्वेद के परिचरण ( सेवक ) मात्र माने गए हैं।

## "ऋग्वेद"

वर्तमान समय में प्राप्त ऋग्वेद एक शाखा मात्र है। [ शाकलाद्वा ४।३।१२८ ] इस पाणिनि सूत्र में शाकल शाखीय ऋग्वेद का प्रयोग मिलता है। ऋग्वेद संहिता के नाम से आज कल यही प्राप्त होती है। बाकी चार वाष्कल-आश्वलायन-शाङ्खायन माण्डूकायन शाखा लुप्त प्राय हो गई हैं। उनका केवल अन्य वैदिक ग्रन्थोंमें कहीं कहीं उद्धरण मात्र मिलता है। संहिता का लक्षण ऋक् प्रातिशाख्य में तथा यजुः प्रातिशाख्य में—

पदप्रकृतिः संहिता । २।१ ऋ० प्रा०

वर्णानामेकप्राणयोगः संहिता ॥ १।१५८ ( यजुः प्राति० )

इस प्रकार किया है। [ प्रतिशाखं-यत्क्रियते तत् प्रातिशाख्यम् ] वेद की प्रत्येक शाखा को लेकर एक २ प्रातिशाख्य सूत्र है। निर्भुजसंहिता प्रतृणसंहिता भेद से संहिता दो प्रकार की होती है। निर्भुज संहिता का दूसरा नाम ऋषि संहिता भी मिलता है।

अग्निमीडे पुरोहितम् । १।१।१।१

इत्यादि मन्त्र निर्भुज संहिता में लिखे गए हैं। पद संहिता क्रम संहिता भेद से प्रतृण संहिता दो प्रकार की मानी गई है। क्रमसंहिता को लेकर आठ विकृति चलती हैं। जिनका—

जटा माला शिखा लेखा ध्वजो दण्डो रथो घनः ।

अष्टौ विकृतयः प्रोक्ताः क्रमपूर्वा मनीषिभिः ॥१॥

विकृतिवल्ली के इस पद्य में वर्णन है। [ एक विंशतिधा वाह्वृच्यम् १।१ ] इस महाभाष्य के प्रमाण से ऋग्वेद के इक्कीस भेद माने गये हैं। जिसका विस्तार बहुत बड़ा है।

ऋचां दशसहस्राणि तथा पंचशतानिच ।

ऋचामशीतिः पादश्च तत्पारायणमुच्यते ॥

चरण व्यूह के इस पद्य में ऋग्वेद की मंत्र संख्या [ १०५८० । ] दश हजार-पांच सौ -अस्सी और एक चरण कही गई है। यह संख्या केवल एक शाकल शाखा की है। वाकी के मंत्र इससे अलग हैं।

ऋचां समूहो ऋग्वेद—स्तमभ्यस्य प्रयत्नतः ।

पठितः शाकलेनादौ चतुर्भिस्तदनन्तरम् ॥

शांखाश्वलायनौ चैव माण्डूकोवाष्कलस्तथा ।

वह्वृचाऋषयः सर्वे पश्चैते एकवेदिनः ॥

शौनकीय प्रतिशाख्य के इन दो पद्यों में कहा गया है कि ऋग्वेद सर्व प्रथम शाकल ने पढ़ा उनके बाद अन्य चार ऋषियों ने पढ़ा। यह सब एकवेदी वह्वृच ऋषि माने गये हैं।

मुद्गलो गोकुलो वात्स्यः शैषिरिः शिशिरिस्तथा ।

पंचैते शाकलाः शिष्याः शाखाभेदप्रवर्तकाः ॥

विष्णु पुराण के इस पद्य में-मुद्गल-गोकुल वात्स्य शैषिरि और शिशिर यह पांच शाकल के शिष्य ऋग्वेद की अन्य शाखाओं के प्रवर्तक कहे गये हैं। पैङ्गी कौषीतकि ऐतरेयी आदि ऋग्वेद के शाखा भेद कहीं कहीं पाये जाते हैं जो अत्यन्त दुर्लभ हैं। ऋग्वेद में एक हजार और सत्तरह ( १०१७ ) सूक्त दोहजार छः वर्ग (२००६) चौंसठ अध्याय ( ६४ ) दश मंडल और आठ अष्टक हैं। यही ऋग्वेद का मान है।

## [ यजुर्वेद की महिमा ]

अयं वाव यजुः। योयं पवते।

तस्माद्वायुरेव यजुः १०।३।५।१ ॥

अयमेवाकाशोजूः। यदन्तरिक्षम्।

तदेतद्यजुः। तदेतद्यजुः ऋक् सामयोः प्रतिष्ठितम्। ऋक्सामेवहतः। अन्यानि स्तुतशस्त्राणि भवन्ति ॥ २ ॥

तदेतत्--ज्येष्ठं ब्रह्म। नह्येतस्मात्किञ्चन ज्यायो अस्ति। ज्येष्ठोहवै श्रेष्ठः स्वानां भवति। य एवं वेद। १०।३।५।१०

एतद्धस्मवै तद्विद्वान् प्रियव्रतो रौहिणायन आह ॥ १४ ॥

शतपथ ब्राह्मण के दशमकाण्ड में तृतीयाध्याय के अंदर यह सोलह कण्डिकायें यजुर्वेद की महिमा में प्रस्तुत हैं। इनमें रौहिणायन प्रियव्रत कहते हैं कि यजुर्वेद ऋक् और साम में प्रतिष्ठित है। अन्य वेद केवल स्तुत शस्त्र हैं। तीन वेदों में यह वेद ज्येष्ठ है। अर्थात् अन्य वेद इससे कनिष्ठ हैं। क्योंकि:—

यजुषा हवै देवाः अग्रे यज्ञं तेनिरे ४।६।७।१३।

शतपथ के इस मंत्र में कहा है कि देवगणों ने सर्व प्रथम यज्ञ यजुर्वेद से किया है। यज्ञ के विषय में:—

यज्ञो यजुर्भिः २०।१२।

ऐसा यजुर्वेद स्वयं कह रहा है। इसी कारण से निरुक्त में भी [ यजुर्यजतेः ७।१३ ] ऐसा लिखा है।

यज्ञः कस्मात्। प्रख्यातं यजनकर्मेति। नैरुक्ताः

बहुकृष्णाजिन इति औपमन्यवः ॥

यजूंषि एनं नयन्तीतिवा ( निरुक्त ) नै० ३।४

निरुक्त के इस प्रमाण से यज्ञ शब्द यजन कर्म को लेकर बना है। यजुर्वेद ही इस यज्ञ को आदि से अन्त तक पहुंचाता है। इसी बात को लक्ष्य में रखकर सायणाचार्य ने अध्वर्यु भाष्य भूमिका में:—

"आनुपूर्व्या कर्मणां स्वरूपं यजुर्वेदे समाम्नातं तत्र विशेषापेक्षायामपेक्षितायां याज्या पुरोऽनुवाक्यादयः ऋग्वेदे समाम्नायन्ते। स्तोत्रादीनितु सामवेदे। तथा सति भित्तिस्थानीयो यजुर्वेदः। चित्रस्थानीयावितरौ। तस्मात्कर्मसु यजुर्वेदस्यैव प्राधान्यम्"।

यह लेख लिखा है। इससे यह स्पष्ट है कि-कर्मकाण्ड में केवल यजुर्वेद का प्राधान्य है अन्य दो वेदों का नहीं। वेद क्रियार्थक है। इसीलिये:—

आम्नायस्य क्रियार्थत्वात्। आनर्थक्यं अतदर्थानाम् ॥१।२।१॥

ऐसा जैमिनी ने पूर्वमीमांसा में लिखा है। जो वेद क्रियार्थक नहीं है वह मीमांसकों के मत में निष्फल है अथवा वन्ध्य है।

## यजुर्वेद ।

वर्तमान समय में यजुर्वेद की माध्यन्दिनी मैत्रायणी काएवी तैत्तिरीया आपस्तम्बी यह पांच शाखा उपलब्ध होती हैं। महाभाष्य में ( एकशतमध्वर्यु शाखाः ) ऐसा पाठ मिलता है और चरण व्यूह में ( यजुर्वेदस्य षडशीतिर्भेदा भवन्ति ) ऐसा लिखा है। इससे यजुर्वेद की पन्द्रह शाखा नष्ट होगई यह बात सिद्ध होती है।

वाजसनेयी-तैत्तिरीया चरकाध्वर्यु नामक तीन यजुर्वेद की मुख्य शाखा हैं। बाकी इन तीनों की अनुशाखा हैं।

उनमें जाबाली-माध्यन्दिनी-काएवी-कापाली-गालवी वैजवायी-औधेया वैनेया वैरेया बौधेया पाराशरी शातातपी तापायनी कात्यायनी पौण्ड्रवत्सी आवटिकी परमा बौधेया यह सत्रह शाखायें ( शुक्ल यजुर्वेद ) अर्थात् वाजसनेयी शाखा हैं।

औखी खाण्डिकेया यहदो शाखा तैत्तिरीय शाखा कहाती हैं। आपस्तम्बी बौधायनी सत्याषाढी हिरण्यकेशी शाट्यायनी यह पांच भेद खांडिकेय शाखा के माने जाते हैं। यह सब ( कृष्णयजुर्वेद ) अर्थात् तैत्तिरीयशाखा हैं। चरकी आह्वरकी कठी प्राच्यकठी कपिष्ठलकठी आष्ठलकठी औपमन्यवी चारायणी पारायणी वार्तान्तवेयी श्वेताश्वतरा मैत्रायणी यह बारह शाखा चरकाध्वर्यु शाखा की हैं।

मानवी दौन्दुभी छागलेया हारिद्रवेया वाराही श्यामी श्यामायनीया यह सात भेद मैत्रायणी शाखा के हैं। इनको मिलाकर चरकाध्वर्यु के उन्नीस भेद होते हैं। इनका संकलन [ १७+६+१६+४२ ] होता है। यह सब यजुर्वेद का विस्तार है।

अष्टादशसहस्राणि मन्त्रब्राह्मणयोः सह।
कृष्णे यजुषि पद्यन्ते चरणव्यूहदर्शनात् ॥

द्वेसहस्रे शतन्यूने मन्त्रावाजसनेयके ।
तावन्मानेन संख्यातं बालखिल्यंसशुक्रियम् ॥
ब्राह्मणन्तु समाख्यातं प्रोक्तमानाच्चतुर्गुणम् ।

चरणव्यूह के इस प्रमाण से कृष्णयजुर्वेद में मन्त्र और ब्राह्मण को मिलाकर [ १८००० ] अठारह सहस्र संख्या होती है-और [ १९०० ] मन्त्र तथा [ १९० ] बालखिल्य इन दोनों को मिलाकर इससे चौगुना अर्थात् [ १३६०० ] तेरह हजार छः सौ ब्राह्मण का पाठ मिलाकर [ १६८०० ] पाठ शुक्लयजु में होता है। जो शाखा गुप्त हो गई हैं-उनका नाम तक नहीं मिलता है। मन्त्रसंख्या का तो फिरकहना ही क्या है।

## "सामवेद"

वर्तमान समय में सामवेद की राणायनी कौथुमी जैमिनीया यह तीन शाखा मिलती हैं। बाकी आसुरायणी वासुरायणी वार्त्तान्तवेया प्राञ्जला ऋग्वर्णभेदा प्राचीनयोग्या ज्ञानयोग्या यह सात भेद कौथुमी शाखा के नष्ट हो गए और शाखायनी पारायणी सात्वला खल्वला महाखल्वला लाङ्गली यह छः भेद राणायनी शाखा के लुप्त हो गए महा भाष्य में—

सहस्रवर्त्मा सामवेदः । १।१।१

यह जो पाठ मिलता है वह गीति भेदों को लेकर लिखा गया है। सामवेद गीति प्रधान है। स्वर ताल मूर्छना ग्राम लय आदि भेदों द्वारा एक २ मन्त्र कई राग रागिणियों में गाया जाता है। यह बात अनध्याय में वेद गान करने के कारण इन्द्र को असह्य हुई। इसलिये इन्द्र ने इन भेदों को नष्ट कर दिया। तब से गन्धर्वों के पास देवलोक में यह भेद चले गए। भूमि पर नहीं रहे।

अष्टौ सामसहस्राणि सामानिच चतुर्दश ।
ऊह्यानि सरहस्यानीत्येष सामगणः स्मृतः ॥

चरणव्यूह के इस प्रमाण से सामवेद की मन्त्र संख्या [ ८०१४ ] आठ हजार चौदह होती है। यह ब्राह्मण भाग को साथ लेकर है। सामवेद के स्वतन्त्र असली मन्त्र केवल ( ७५ ) पचहत्तर हैं। बाकी इसके मन्त्र अन्य वेदों से लेकर प्रविष्ट किये गये हैं। इसी बात को लक्ष्य में रखकर सायणाचार्य ने—

साम्नान्तु सर्वेषां ऋगाश्रितत्वम् ।

ऐसा भूमिका में लिखा है। वेदों में अभ्यासार्थ अथवा प्रक्रियार्थ जो पुनरुक्त पाठ वार २ मिलता है—उसको यदि कम किया जाय तो एक वार एक शाखा में पठित वेद मन्त्र कम हो सकते हैं—परन्तु ऐसा होना असम्भव है।

## "अथर्वाङ्गिरोवेद–महिमा"

त्रिविष्टपं त्रिदिवं नाकमुत्तमं तमेतया त्रय्या विद्ययैति ।

अतउत्तरे ब्रह्मलोका महान्तः अथर्वणामंगिरसांच सागतिः ॥५।२५

गोपथ ब्राह्मण के पूर्वार्द्ध गत पंचम प्रपाठक में अथर्ववेदमहिमापरक यह गाथा है। इसमें कहा गया है कि वेदत्रयी के स्वाध्याय से मनुष्य केवल स्वर्गलोक तक जा सकता है। स्वर्ग से इतर जो ब्रह्मलोक विष्णुलोक शिवलोक आदि अनेक लोक हैं—उनमें केवल अथर्व वेदज्ञ ही जासकता है। वेदत्रयी वाले वहाँ नहीं जा सकते हैं।

यांश्चग्रामे यांश्चारण्ये जपन्ति मन्त्रान्नानार्थान्बहुधा जनासः ।

सर्वे ते यज्ञा अंगिरसोऽपियन्ति नूतनासाहि गतिर्ब्रह्मणो यावराध्यां ॥ ५।२५

इस गाथा में कहा गया है कि प्रत्यक्ष में चमत्कार दिखाने वाले जिन मन्त्रों को मनुष्य ग्रामों में या अरण्य में बैठकर जपते हैं-वे सब अथर्व से ही सम्बन्ध रखते हैं- यही अथर्व की नूतन गति है। जो अन्य वेदों में नहीं हैं। प्रत्यक्षाप्रत्यक्ष फल भेद से ब्रह्मवेद ( अथर्व ) प्रत्यक्षफल का देने वाला है अर्थात् अन्धविश्वासी नहीं है। अन्य वेदों का फल प्रत्यक्ष नहीं है।

## महिम्नोगद्यभागः ।

मखइत्येतत् यज्ञनामधेयं छिद्रप्रतिषेधसामर्थ्यात् । छिद्रं खमित्युक्तम् । तस्य-मेतिप्रतिषेधः । मायज्ञं छिद्रकरिष्यतीति । ( उत्तरार्द्ध ) २।५

गोपथ ब्राह्मण के उत्तरार्द्ध गत द्वितीय प्रपाठक में यह कण्डिका है। इसमें कहा गया है कि यज्ञ का दूसरा नाम मख है। छिद्र को "ख" कहते हैं। उसका मिटाने वाला "मा" यह प्रतिषेधार्थक अव्यय है यज्ञमें छिद्र न रहे इस लिये ऐसा कहा गया है।

छिद्रोहि यज्ञो भिन्नइवोदधिर्विस्रवति । तद्धै खलु छिद्र भवति । ऋत्विग्य-जमानविमानात् १ वा एषां व्यपेक्षया २ मन्त्रकल्पब्राह्मणानामप्रयोगात् ३ यथो-क्तानां वा दक्षिणानामप्रदानात् ४ हीनाद्वा अतिरिक्ताद्वा उत्पातात् ५ भूतेषु प्रायश्चित-व्यतिरेकात् ६ इत्येतद्धै सर्वं ब्रह्मण्यर्पितं, ब्रह्मैव विद्वान् यद्भृग्वङ्गिरोवित् । सम्यगधीयानः चरितब्रह्मचर्यः अन्यूनातिरिक्तांगः अप्रमत्तो यज्ञं रक्षति ॥२।५

जिस यज्ञ में छिद्र हो जाता है वह यज्ञ फूटे हुये समुद्र की तरह सब तरह जाता है। जिन बातों से यज्ञ में छिद्र होता है वह बातें निम्नलिखित हैं।

## यज्ञ के छिद्र।

ऋत्विज् और यजमान का अपना करना पहिला छिद्र है। इनकी लापरवाही करना दूसरा छिद्र है। मन्त्र, कल्पसूत्र और ब्राह्मण ग्रन्थों के विरुद्ध चलना तीसरा छिद्र है। उचित दक्षिणा का न देना चौथा छिद्र है। छोटे, बड़े उत्पातों का होना पांचवां छिद्र है। मनुष्यों में प्रायश्चित्त की अवहेलना करना छठवां छिद्र है। यही छः छिद्र कहे जाते हैं।

इनकी देख भाल रखना ब्रह्मा का काम है। ब्रह्मा अथर्ववेदज्ञ ही होता है, अन्य वेदज्ञ नहीं, यह गोपथ में नियम है। वही ब्रह्मा अप्रमत्त होकर यज्ञ की रक्षा करता है, परन्तु वह खूब पढ़ा हो, ब्रह्मचारी हो, काना-लूला-लंगड़ा या छुङ्गा न हो।

**तस्य प्रमादात् यदिवा असान्निध्यात् यथाभिन्नानौः अगाधे महति उदके संप्लवेत् तथा मत्स्य कच्छप शिशुमार नक्र मकर पुण्डरीक जखरजस पिशाचानां भागधेयं भवति एवमादीनां चान्येषां विनष्टोपजीविनाम् ।२।५**

उस ब्रह्मा के प्रमाद से या उपस्थित न होने से जिस प्रकार सछिद्र–नौका गहरे जल में डांवाडोल होती है, उसी प्रकार यज्ञ भी मछली, कछुये, भेड़िया, नाके, मगर, चीता, भेंकड़, पिशाचों को पहुँच जाता है या इसी प्रकार के अन्य जीवों को।

**एवं खल्वपि यज्ञः छिन्नोभिन्न अपध्वस्त उत्पाताद्भुतो बहुलोऽथर्वभिर-संस्कृतः असुर गन्धर्व यक्ष राक्षस पिशाचानां भागधेयं भवति। एवमादीनां चान्येषां विनष्टोपजीविनाम्। तस्माद्यजमानो भृग्वङ्गिरो विदमेव तत्र ब्रह्माणं वृणीयात् सहियज्ञं तारयति। २।५**

और भी लीजिये? छिन्न—भिन्न यज्ञ बिगड़ कर विचित्र उत्पातों को करता हुआ अधिक व्यय होने पर भी, विना अथर्ववेदज्ञ ब्रह्मा के असुर, गन्धर्व, यक्ष, राक्षस, पिशाचों का भाग बन जाता है, या इसी प्रकार के अन्य जीवों का। इस लिये यजमान को चाहिये कि वह अथर्ववेदज्ञ ब्रह्मा का ही वरण करें, वही यज्ञ को पूरा निभा सकता है। यह अथर्ववेद की विचित्र महिमा है। अधिक महिमा हमारे अथर्ववेदालोचन नामक ग्रन्थ में देखनी चाहिये। अथर्वज्ञों को गोपथ और कौशिक-सूत्र अवश्य देखना चाहिये।

## अथर्ववेद।

वर्तमान समय में अथर्ववेद की शौनक-शाखा और पिप्पलाद-शाखा मिलती हैं। बाकी पैप्पल, दान्त, प्रदान्त, स्नात, स्रोत, ब्रह्मदावला, चरण विद्या नाम की शाखायें लुप्त होचुकीं। महाभाष्य में इसी कारण—

नवधाऽथर्वणोवेदः १।१।१

ऐसा लिखा है। चरणव्यूह में भी—[ अथर्ववेदस्य नवभेदा भवन्ति ] ऐसा ही लिखा है।

द्वादशानि सहस्राणि मन्त्राणां त्रिशतानि च।
गोपथं ब्राह्मण वेदेऽथर्वणे शतपाठकम् ॥

चरणव्यूह के इस प्रमाण से अथर्ववेद में बारह हजार तीन सौ [१२३००] मन्त्र होने चाहिये और उसके गोपथ-ब्राह्मण में [१००] प्रपाठक होने चाहिये। यही अथर्ववेद का मान है। इस वेद को अथर्वा, अङ्गिरा इन दो ऋषियों ने सङ्कलित किया है।

श्रद्धायां रेतस्तपमातपस्वी वैश्वानरः सिषिचेऽपत्यमीप्सन्।
ततो जज्ञे लोकजित्सोमजृम्भा ऋषेऋषिरङ्गिराः सम्बभूव ॥५।२४

गोपथ की इस गाथा में अङ्गिरा की उत्पत्ति का वर्णन है। अग्नि ने श्रद्धा नामक अपनी पत्नी में पुत्र की इच्छा से रेतः सिञ्चन किया, जिससे सोमजम्भा नामक ऋषि उत्पन्न हुआ। सोमजम्भा के पुत्र अङ्गिरा हुये। इसके विपरीत मुण्डकोपनिषद् के—

ब्रह्मा देवानां प्रथमः सम्बभूव १।१

इत्यादि दो मन्त्रों में देवताओं में प्रथम ब्रह्मा, उनसे ज्येष्ठ पुत्र अथर्वा, कनिष्ठ अङ्गिरा हुआ, यह भेद शाखा-भेद के कारण प्रतीत होता है। इस वेदका पूरा रहस्य ब्रह्मा के अष्टम पुत्र वसिष्ठजी जानते थे, इसी कारण उनको अथर्व-निधि कहा गया।

यज्ञैरथर्वा प्रथमः पथस्तते।१।६।४।५
त्वामग्ने! पुष्करादधि अथर्वानिरमन्थत।४।५।२३।३
अग्निर्जातो अथर्वणा।७।७।४।५
अथर्वात्वा प्रथमोनिरमन्थदग्ने।४।५।२३।३

ऋग्वेद के इत्यादि मन्त्रों में यज्ञ का प्रथम प्रवर्तक मन्थन कर के अग्नि का निकालने वाला प्रथम ऋषि अथर्वा ही माना गया है, इससे इनका महत्व और भी बढ़ता है। अश्वमेध यज्ञ के तीसरे और चौथे दिन—

युवानः शोभना उपसमेता भवन्ति।
तानुपदिशति अथर्वाणोवेदः।१३।४।३।७
युवतयः शोभना उपसमेता भवन्ति।
ता उपदिशति आङ्गिरसोवेदः।१३।४।३।८

शतपथके इस प्रमाणसे युवा-पुरुषोंके प्रति अथर्वका उपदेश और युवती-स्त्रियों के प्रति आङ्गिरस-वेद का उपदेश देना नियम है। आङ्गिरस-वेद ( उपनिषद् ) अर्थात् गुप्त-रूप से शेपहर्षण, वाजीकरण, स्त्री-वशीकरण, कन्या-वशीकरण, सपत्नी वाधन, इतरजन स्वापन आदि कार्यों में प्रयुक्त होता है। इस लिये इसको [ अथर्वाङ्गिरसो मुखम् ] कहकर अन्य वेदों में मुख्य माना है। हमारी अनुमति में वेदों का व्यावहारिक उपदेश जितना अथर्व में मिलता है—उतना वेदत्रयी में नहीं है।

## ब्राह्मण ।

मन्त्र भाग के साथ ब्राह्मण भाग पर कुछ लिखना आवश्यक प्रतीत होता है। आपस्तम्ब ने [ कर्मचोदना ब्राह्मणानि ] ऐसा ब्राह्मण का लक्षण किया है। चोदना और विधि दोनों पर्याय वाचक शब्द हैं। अप्रवृत्त प्रवर्तन और अज्ञात ज्ञापन भेद से विधि दो प्रकार का होता है।

विनियोक्तव्यरूपोयः समन्त्र इति कथ्यते ।
विधिस्तुतिपरं शेषं ब्राह्मणं कथयन्ति हि ॥

यह पद्य सर्वानुक्रमणी वृत्ति का है। इसमें मन्त्र और ब्राह्मण का भिन्न २ विषय कहा गया है। [ विधिर्विधायकः ] विधायक वाक्य को विधि कहा जाता है। पूर्व मीमांसा में [ शेषे ब्राह्मण शब्दः ८।१।३३ ] इस सूत्र के अन्दर मन्त्र भाग के साथ २ ऋक् साम यजु से अवशिष्ट वेद को शेष पद से कहा है। [ ब्राह्मणशेषोऽर्थवादः ] इस आपस्तम्ब सूत्र में ब्राह्मणों से अवशिष्ट वेदार्थ का कहने वाला विधि वाक्यों का समूह अर्थवाद पद से कहा है।

हेतुर्निर्वचनं निन्दा प्रशंसा संशयो विधिः ।
परक्रिया पुराकल्पो व्यवधारण कल्पना ॥
उपमानं दशैवेते विधयो ब्राह्मणस्यतु ।
एतद्वै सर्ववेदेषु नियतं विधिलक्षणम् ॥

ब्राह्मण भागात्मक समस्त वैदिक साहित्य में दश प्रकार की विधि उपलब्ध होती है, जिसका उदाहरण इस प्रकार है।

(१) हेतुः—"शूर्पेण जुहोति। तेनान्नं क्रियते"।
(२) निर्वचनम्—"तद्दध्नो दधित्वम्" ।
(३) निन्दा—"उपावीता वा एतस्याग्नयः" ।
(४) प्रशंसा—"वायुर्वै क्षेपिष्ठा देवता" ।
(५) संशयः—"तद्विचिकित्सञ्जुहवानि" ।

(६) विधिः—"यजमानमिता औदुम्बरी भवति ।"

(७) परक्रिया—"माषानेव मह्यं पचति"

(८) पुराकल्पः—"पुराकल्पएतदासीत् ।"

(९) व्यवधारण कल्पना—"यावतोऽश्वान् प्रतिगृह्णीयात् तावतो वारुणान् चतुः कपालान् निर्वपेत् ।"

(१०) उपमानम्—"तद्यथा नावंपारकामाः समारोहेयुः एवं ह एतास्त्रिष्टुभः स्वर्ग कामः समारोहन्ति ।"

यह सब उदाहरण शतपथ और गोपथ में मिलते हैं। दशम उदाहरण यद्यपि शबर भाष्य में नहीं है तथापि हमने वह गोपथ ब्राह्मण उत्तर भाग ( ८।३ ) से दिया है। छान्दोग्य ब्राह्मण ( ८।८।२ ) में भी इसका उदाहरण है।

विध्यर्थवादयाचाशीस्तुतिप्रैषप्रवल्हिकाः ।
प्रश्नोव्याकरणं तर्कः पूर्ववृत्तानुकीर्तनम् ॥
अवधारणं चोपनिषद्वाक्यार्थास्तु त्रयोदश ।
मन्त्रेषु ये प्रदृश्यन्ते व्याख्यातृश्रुतिचोदिताः ॥

मन्त्र भागात्मक समस्त वैदिक साहित्य में तेरह प्रकार के वाक्य उपलब्ध होते हैं, जिनका उदाहरण इस प्रकार है।

(१) विधिः—"समिधाग्निं दुवस्यत ।"

(२) अर्थवादः—"देवायज्ञमतन्वत ।"

(३) याञ्चा—"अग्नेयन्मे तन्वाऊनंतन्म आपृण ।"

(४) आशीः—"शतंजीवशरदोवर्धमानः ।"

(५) स्तुतिः—"अग्निमूर्धादिवः ।"

(६) प्रैषः—"होतायक्षत् ।"

(७) प्रवल्हिका—"इन्द्राग्नी अपादियम् ।"

(८) प्रश्नः—"किंस्विद्वनंकउस वृक्षआस ।"

(९) व्याकरणम्—"सूर्यएकाकी चरति"

(१०) तर्कः—"मागृधः कस्यस्विद्धनम् ।"

(११) पूर्ववृत्तम्—"ओषधयः समवदन्त ।"

(१२) अवधारणम्—"तमेवविदित्वातिमृत्युमेति ।"

(१३)—उपनिषत्—"ईशावास्यमिदंसर्वम् ।"

यह उदाहरण यजुर्वेद और अथर्व में मिलते हैं। ( तच्चोदकेषुमन्त्राख्या २।१।३२ ) इस जैमिनि सूत्र के शबर भाष्य में इनका विस्तार देखना चाहिये। वर्तमान

समय में ऋग्वेद के दो ब्राह्मण ऐतरेय और कौषीतकि मिलते हैं। यजुर्वेद के शुक्ल कृष्ण भेद से कृष्ण का तैत्तिरीय ब्राह्मण और शुक्ल का शतपथ ब्राह्मण मिलता है। सामवेद के आठ ब्राह्मण हैं।

अष्टौहि ब्राह्मणग्रन्थाः प्रौढं ब्राह्मणमादिमम् ।
षड्विंशाख्यं द्वितीयं स्यात्ततः सामविधिर्भवेत् ॥
आर्षेयं देवताध्यायं भवेदुपनिषत्ततः ।
संहितोपनिषद्वंशोग्रन्था अष्टावितीरिताः ॥

ताण्ड्य ब्राह्मण की भूमिका में सायणाचार्य ने इन पद्यों द्वारा उनका समर्थन किया है। ताण्ड्य ब्राह्मण का दूसरा नाम ही प्रौढ़ ब्राह्मण है। यह वर्तमान काल में प्राप्य है। बाकी दुर्लभ और दुष्प्राप्य हैं। वंश ब्राह्मण थोड़ा २ सब ब्राह्मणों में [ अथ वंशः ] इस रीति से मिलता है। अथर्व वेद का गोपथ ब्राह्मण मिलता है। ब्राह्मणों के अतिरिक्त—[ अनु ब्राह्मण ] अनेक हैं जिनका उल्लेख [अनु ब्राह्मणादिनिः ४।२।६२] इस पाणिनि सूत्र में मिलता है।

## [ वेद में गाथा ]

ब्राह्मणों से अति प्राचीन-प्राचीन कल्प द्योतक गाथा भाग वैदिक साहित्य में बहुत है। प्रत्येक ब्राह्मण में इसका पाठ मिलता है। मंत्र भाग में भीः—

तं गाथया पुराण्या । तामद्य गाथां गास्यामि ॥

इत्यादि मन्त्र प्राचीन गाथाओं के उदाहरण हैं। नरस्तुति परक नाराशंसी के रूप में भी गाथा भाग बहुत मिला हुआ है। इसके अतिरिक्त आरण्यक भाग रहस्य शब्द से व्यवहृत होता है, जो ब्राह्मणों के अन्त भाग में कहीं २ पर देखने में आता है। कल्पभाग कल्पसूत्र रूप में परिवर्तित हो गया है। कहीं २ पर गृह्य कल्प भी देखने में आता है। यह सब गोपथ ब्राह्मण में वैदिक साहित्य का ही विस्तार माना है।

हमारा वैदिक साहित्य वर्तमान समय में जितना मिलता है-उससे सहस्र गुण नष्ट हो गया है। बौद्धों के अत्याचार से पीडित ब्राह्मणों ने प्राण की बाजी लगाकर जो बचाया उस पर यवनों का कई बार आक्रमण हो चुका। उससे जो बचा वह वर्तमान समय में पठन पाठन रूप से प्रचलित है। जिसका वर्णन यहां पर हमने किया है। वेद विषयक प्रवचन करने वाले उत्तर भारतीयों के लिये यह संग्रह लाभ प्रद होगा-यह विचार कर हमने यह परिश्रम किया। ईश्वर की दया से यह सफल हो—यही उनके चरणों में निवेदन है।

इति श्रीमदखिलानन्दशर्मप्रणीते वैदिकसत्यार्थ-प्रकाशे
षोडशः समुल्लासः

# सप्तदशः—समुल्लासः

## "वेदाङ्ग—विवेचनम्"

गत समुल्लास में वेद विवेचन किया गया, अब क्रम प्राप्त वेदाङ्गों का विवेचन करना आवश्यक प्रतीत होता है, वेद षडङ्ग है। शिक्षा कल्प व्याकरण निरुक्त ज्योतिष और छन्द यह छः वेद के अंग हैं। पातञ्जल महाभाष्य में—

षडङ्गो वेदोऽध्येयो ज्ञेयश्च । १।१।१

ऐसा ब्राह्मण के लिये आदेश है। गोपथ ब्राह्मण में [ षडंगविदस्तथाऽधीमहे १।१।२७ ] यह पाठ भी भाष्यानुकूल ही है। मुण्डकोपनिषद् में परा विद्या का उपक्रम उठाकर षडंग वेद को अपरा विद्या में कहा है। पाणिनीय शिक्षा में—

छन्दः पादौ तु वेदस्य हस्तौ कल्पोऽथ पठ्यते ।
ज्योतिषामयनं चक्षुर्निरुक्तं श्रोत्रमुच्यते ॥
शिक्षाघ्राणं तु वेदस्य मुखं व्याकरणं स्मृतम् ।
तस्मात्साङ्गमधीत्यैव ब्रह्मलोके महीयते ॥

इन दो पद्यों के अन्दर छन्दःशास्त्र वेद का चरण बतलाया है। कल्प हस्तस्थानीय माना है। ज्योतिष नेत्र, निरुक्त श्रोत्र, शिक्षा नासिका और व्याकरण मुख माना है। तथा सांग वेदाध्ययन ब्रह्मलोक प्रापक माना है। इसलिये षडंग वेदाध्ययन ब्राह्मण-के लिये परमावश्यक है। जो मनुष्य अंगरहित वेद का अध्ययन करता है। वह वेद का अर्थ नहीं जान सकता है। अर्थशून्य वेद पाठ—

स्थाणुरयं भारहारः किलाभूत्, अधीत्य वेदं न विजानाति योऽर्थम् ।
योऽर्थज्ञइत्सकलं भद्रमश्नुते, नाकमेति ज्ञानविधूतपाप्मा ॥ १ ॥

इस गाथा के प्रमाण से केवल भारवहन मात्र है। इसीलिये [ अर्थेन हीनाः खरवद्वहन्ति ] ऐसा कहा जाता है। अर्थ ज्ञान विना इन छः अंगों के होता नहीं—इस लिये इनके ज्ञान की आवश्यकता है।

### ❋ शिक्षा ❋

शिक्षा वेद का प्रथम अंग है। किस स्थान से किस वर्णका उच्चारण करना चाहिये-यह ज्ञान शिक्षा से प्राप्त होता है। तैत्तिरीयोपनिषद् के दूसरे अनुवाक में-

अथ शिक्षां व्याख्यास्यामः । वर्णः । स्वरः ।
मात्रा । बलम् । इत्युक्तः शिक्षाध्यायः ॥

ऐसा लिखा है। यहां पर केवल संकेत से वर्णज्ञान स्वरज्ञान मात्राज्ञान और बलशब्द से प्रयत्न ज्ञान अभिप्रेत है। ककारादि मकारान्तवर्ण अकारादिस्वर ह्रस्व-दीर्घादि मात्रा बाह्याभ्यन्तर प्रयत्न यह सब शिक्षा का विषय है। माहेश्वर सूत्रों में यह सबका सब अन्तर्गत है। इनको लेकर ही मुनिवर पाणिनि ने अपने शिक्षा सूत्रों का सम्पादन किया। उन सूत्रों पर वर्तमान पाणिनीय शिक्षा बनी, जो आज कल मिलती है। इसके अन्तिम पद्य में—

त्रिनयनमुखनिःसृतामिमां य इह पठेत् प्रयतः समाहितः ।

यह फलादेश पद्य मिलता है। इससे "माहेश्वरी शिक्षा" का अनुमान सिद्ध होता है। शिक्षा प्रत्येक वेद की अलग २ है, जो प्रातिशाख्य नाम से प्रसिद्ध है। आज कल तीस शाखा ग्रन्थ मिलते हैं, जैसे "क्रमसंधानशिक्षा क्रमकारिकाशिक्षा शौनकीयशिक्षा आथर्वणशिक्षा यजुर्विधानशिक्षा वेदसूत्रपरिभाषाशिक्षा कात्यायनी शिक्षा प्रातिशाख्यप्रदीपशिक्षा नारदीशिक्षा याज्ञवल्क्यशिक्षा वासिष्ठीशिक्षा पाणि-नीयशिक्षा माध्यन्दिनीशिक्षा स्वराष्टकशिक्षा माण्डूकीशिक्षा" आदि न; इनके अति-रिक्त अन्य पन्द्रह शिक्षा हैं, जिनका सम्बन्ध वेद विषय को छोड़कर इतर विषयों के साथ है, उनका नामोल्लेख अप्रासंगिक समझ कर छोड़ा जाता है।

## ❀ कल्पः ❀

कल्प वेद का द्वितीय अंग है। "कल्प्यते समर्थ्यते यागप्रयोगोऽस्मिन्निति कल्पः" (अथवा) "वेद विहितानां कर्मणामानुपूर्व्येण सप्रपञ्चकल्पनात्मकं शास्त्रं कल्पः" यह कल्प के दो लक्षण हैं। इनमें दूसरा लक्षण सायणाचार्य ने स्वीकृत किया है। उनमें आश्वलायन प्रणीत षोडशाध्यायात्मक ऋग्वेद का कल्प सूत्र है–जो आज कल आश्वलायन सूत्र के नाम से प्रचलित है। कल्पसूत्र गृह्यसूत्र धर्मसूत्र भेद से प्रत्येक वेद के तीन २ कल्पसूत्र हैं, जो कुछ सुलभ और कुछ दुर्लभ हैं। यजुर्वेद का पारस्करसूत्र है, जो कल्प गृह्य धर्म सूत्रभेद से तीन प्रकार का है। सामवेद के लाट्यायन द्राह्या-यण उपग्रन्थ नाम के तीन सूत्र हैं, जो ३।३ पूर्वोक्त प्रकार से नौ प्रकार के हैं। अथर्व-वेद का कौशिक सूत्र एक ही कल्प ग्रन्थ है? कृष्ण यजुर्वेद के बौधायन सूत्र आपस्त-म्बसूत्र दो कल्प ग्रन्थ हैं, यह भी कल्प गृह्य धर्म सूत्रभेद से तीन २ प्रकार के हैं। मानव धर्मसूत्र इन सब में अद्वितीय है, जो गृह्य कल्प भेद से तीन प्रकार का है। कात्या-यन श्रौतसूत्र अभी प्रकाशित हुआ है–जो शतपथादि ब्राह्मणों में विहित अनेक यज्ञों

का प्रतिपादक है। इन सब सूत्रग्रन्थों का समष्टि रूप नाम कल्प है। इनके बिना वैदिक मन्त्रों का लगाना सर्वथा असम्भव है।

## ❀ व्याकरणम् ❀

"व्याक्रियन्ते व्युत्पाद्यन्ते असाधुभ्यो विविच्य साधवः शब्दा बोध्यन्ते येन तद् व्याकरणम् ॥"

यह व्याकरण पद का निर्वचन है। व्याकरण वेद का तीसरा अङ्ग है। पाणिनि कात्यायन पतञ्जलि इन तीन मुनियों ने इसको साँगोपांग पूर्ण किया है। जितना वैदिक शब्दों का विवेचन आग्रह पूर्वक इन तीन मुनियों ने किया है। उतना अन्य किसी व्याकरण में नहीं मिलता है। यह तीनों मुनिवर वेदों पर बड़ा अभिमान और भरोसा रखने वाले हैं। इनमें भाष्यकार भगवान् पतञ्जलि सबसे अधिक वैदिक साहित्य की रक्षा पर कटिबद्ध हैं। इनके भाष्य में स्थल २ पर वेदों की दुहाई मिलती है। इसी पाणिनीय व्याकरण का दूसरा नाम माहेश्वर व्याकरण है। पाणिनीय व्याकरण का मूलाधार अक्षर समाम्नायरूप माहेश्वर चतुर्दश सूत्री संकलन है, जो मंत्रवत्-महेश्वर से पाणिनि को प्राप्त हुआ है। इसीलिये:—

येनाक्षरसमाम्नायमधिगम्य महेश्वरात् ।
कृत्स्नं व्याकरणं प्रोक्तं तस्मै पाणिनये नमः ॥

यह पद्य वररुचि प्रणीत वार्तिक पाठ के आरम्भ में मिलता है। वररुचि कात्यायन का ही दूसरा नाम है। प्राकृत प्रकाश नामक अन्य निबन्ध भी वररुचि का बनाया हुआ मिलता है, वररुचि ने वट वृक्ष पर बैठे हुये यक्ष से विद्याध्ययन किया था। तभी से:—

दिवा निरीक्ष्य वक्तव्यं रात्रौ नैव कदाचन ।
विचरन्ति महात्मानो वटे वररुचिर्यथा ॥

यह कथा प्रचलित हुई है। इन तीनों मुनियों को ऋषिपद से भी बहुत से आचार्य सम्बोधित करते हैं, परन्तु इनका ऋषित्व वैदिक ऋषियों के वंशज होने के कारण है, वैदिक मन्त्र द्रष्टाओं के समान नहीं है। इसी प्रकार कल्प सूत्रकार भी ऋषिपद से उपचार मात्र सम्बोधित होते हैं, जिनके लिये महाभाष्य में:—

नतावदनृषिः कश्चित्स्मर्यते कल्पसूत्रकृत् ।
कर्तृत्वं यदृषीणान्तु तत्सर्वं मन्त्रकृत्समम् ॥

भगवान् भाष्यकार ( १।३।१० ) ऐसा लिखते हैं, इस वाक्य से सभी कल्प गृह्य धर्म श्रौत सूत्रों के सम्पादक ऋषि माने जा सकते हैं। इन तीनों मुनियों के सम

कालिक व्याडि नामक एक मुनि हुये हैं। जिनका महाभाष्य में स्थल २ पर नामोल्लेख तथा उनकी कृतियों का आदर दीखता है। इनका "संग्रह" नामक एक महान ग्रन्थ है। जिसके लिये:—

संग्रहे एतत्प्राधान्येन विवक्षितम् ॥ १।१।१

ऐसा भाष्यकार लिखते हैं। इनका ही नामान्तर दाक्षायण है, जिसका उल्लेख ( शेषे विभाषा उभयप्राप्तौकर्मणि २।३।६६ ) इन दो सूत्र वार्तिकों में [ शोभना खलु दाक्षायणस्य दाक्षायणेनवा संग्रहस्य कृतिः ] इस प्रकार मिलता है। शौनकीय ऋक् प्रातिशाख्य में अनेक स्थलों पर व्याडिका उल्लेख है, इससे उनका महत्व और भी बढ़ता है। यह दोनों समकालिक समकक्ष वैदिक विद्वान् हैं। इसीलिये इनको अन्य ग्रन्थकार आचार्य पद से सम्बोधित करते हैं। शौनकीय प्रातिशाख्य में:—

समापाद्यं नाम वदन्ति षत्वं तथा णत्वं सामवशांश्च सन्धीन् ।

उपाचारं लक्षणतश्च सिद्धं आचार्यास्ते व्याडिशाकल्यगार्ग्याः ॥१३।३८

यह पद्य व्याडि को आचार्य कहता है, और व्याडिकृत विकृतिवल्ली नामक वैदिक ग्रंथ में अनेक स्थलों पर शौनक का नामोल्लेख मिलता है। उदाहरणार्थ हम यहां पर:—

उदात्तादिविधानं तत् शौनकोक्तं भवेदिह ।

यह विकृतिवल्ली की कारिका उद्धृत करते हैं। १।१५ इसमें शौनक का नाम प्रत्यक्ष है। विकृतिवल्ली के मंगलाचरण में व्याडि ने शौनक को अपना गुरु मानकर इनका स्मरण किया है। इससे भी यह दोनों समकालिक ठहरते हैं। इन ग्रन्थों का भारत में अब प्रचार कम है, इसलिये पाणिनीय व्याकरण ही सर्वत्र अध्यापन कार्य में लिया जाता है। हमारी अनुमति से शेखरादि ग्रन्थों में जो विद्वान् समस्त आयु विताते हैं, वे वेदाध्ययन से बञ्चित रह जाते हैं। वेदाध्ययन से बञ्चित रहना अपने जीवन को जान बूझकर अधोगति की ओर लेजाना है। मनोरमा, शब्दरत्नादि नव्य ग्रन्थ आर्ष न होने के कारण वेदाङ्ग नहीं माने जा सकते हैं। इनमें समय का विताना सर्वथा अनुपयुक्त है।

## ❀ निरुक्तम् ❀

मुण्डकोपनिषद् में क्रमशः शिक्षा कल्प व्याकरण निरुक्त छन्द ज्योतिष को वेदाङ्ग कहा है। उनमें क्रम प्राप्त निरुक्त वेद का चतुर्थ अङ्ग है। निरुक्त अनेक हैं। उनमें यास्काचार्य कृत निरुक्त वर्तमान समय में सर्वत्र प्रचलित है। वैदिक मन्त्रों को देखकर शब्दों का निर्वचन प्रकार यास्क ने अवलम्बित किया है। इस ग्रन्थ के १२२

पृष्ठ पर हमने अथर्व वेद [३।१३।१] के चार मन्त्रों को उद्धृत कर नदी, आप, वारि, उदक इन चार शब्दों का मान्त्रिक निर्वचन दिखाया है। यही क्रम अन्य वैदिक ग्रन्थों में भी मिलता है। इसी को लक्ष्य में रखकर यास्क ने निर्वचन का प्रकार निकाला है। वह्वृक्प्रातिशाख्यवृत्तिकार विष्णु मित्र ने अपनी वृत्ति में:—

पदविभागमन्त्रार्थदेवतानिरूपणार्थं शास्त्रं निरुक्तम् ( १।१ )

'ऐसा निरुक्त का लक्षण लिखा है, परन्तु निरुक्त में इतनी बातें मिलती नहीं हैं। न उसमें समस्त वेदों के पद हैं और न सब वेदों के मंत्र हैं। केवल ऋग्वेद के कुछ मंत्र लेकर यह निरुक्त चलता है। सायणाचार्य ने उसका लक्षण:—

अर्थावबोधे निरपेक्षतया पदजातं यत्रोक्तं तन्निरुक्तम् (अथवा) एकैकस्य पदस्य सम्भाविता अवयवार्था यत्र निःशेषेण उच्यन्ते तन्निरुक्तम्।

इस प्रकार किया है। यह दोनों लक्षण भी निरुक्त में पूर्ण रूप से नहीं घटते हैं गोपथ ब्राह्मण के (१।२४) में ओंकार का जहां निरुक्त प्रारम्भ किया है वहां ३६ छत्तीस प्रकार के प्रश्न उठाकर ( १।२६ ) में [ आपेरोंकारः सर्वमाप्नोतीत्यर्थः ] यह निर्वचन किया है। क्रमशः इस क्रम को यास्क ने अपने निरुक्त में नहीं निभाया है।

वर्णागमो वर्णविपर्ययश्च द्वौ चापरौ वर्णविकारनाशौ ।
धातोस्तदर्थातिशयेन योगस्तदुच्यते पञ्चविधं निरुक्तम् ॥

यह पद्य वाक्य प्रदीप नामक ग्रन्थ में हरिकारिका के नाम से प्रसिद्ध है। इसमें पांच प्रकार का निरुक्त माना है। इस पद्य का समर्थन—

लोपागमवर्णविकारज्ञो हि सम्यक् वेदान्परिपालयिष्यति ( १।१।१ )

इस महाभाष्य के कथन से होता है, और "कसेः सिकताः-हिंसेः सिंहः-पास्पर्द्धः अपास्या" इन उदाहरणों में लक्षण समन्वय भी साथ २ होता जाता है। इस लिये निरुक्त का वाक्य पदीय लक्षण ही सर्वोत्तम प्रतीत होता है। निरुक्त के आरम्भ में [ समाम्नायः समाम्नातः ] यही पाठ सर्व प्रथम है। यह शब्द समाम्नाय अनेक ऋग्वेदीय मन्त्रों को एकत्र करके यास्क ने संगृहीत किया है, जिसका नाम निघण्टु है। इसी के लिये [ तमिमं समाम्नायं निघण्टव इत्याचक्षते ] ऐसा यास्क ने लिखा है।

निघण्टवः कस्मात्। निगमा इमे भवन्ति।
छन्दोभ्यः समाहृत्य समाहृत्य समाम्नाताः ॥

निरुक्त के इस आरम्भिक लेख से वेद मन्त्रों से पदों का सञ्चयन सिद्ध है। इसके अध्ययन से वैदिक मार्ग का बहुत कुछ पता लग जाता है। इसलिये इसका अध्ययन वैदिक छात्रों को आवश्यक है।

## ❀ छन्दः ❀

छन्द वेद का पांचवां अङ्ग है। इससे मन्त्रों में पाद-ज्ञान विश्राम-स्थल मन्त्रों की छुटाई-बड़ाई उनका उच्चारण-भेद अनायास से ज्ञात होता है। इसी लिये—

"यो ह वा अविदितार्षेयछन्दोदैवतब्राह्मणेन याजयति ( वा ) अध्यापयति। स स्थाणुं वा ऋच्छति गर्तं वा प्रतिपद्यते पापीयान्भवति यातयामान्यस्य छन्दांसि भवन्ति। तस्मादेतानि मन्त्रे मन्त्रे विद्यात्।" [ १ प्र० १ ख० ]

ऐसा सामवेदीय ब्राह्मण में लिखा है। इसमें कहा है कि जो पुरुष ऋषि-छंद देवता--ब्राह्मण बिना जाने यजन कराता है या पढ़ाता है वह वृक्ष योनि में जाता है नरक में गिरता है पापी होता है और उसके लिये वेद पर्युषित बासे अन्न की तरह अभोज्य बन जाते हैं। इसलिये प्रत्येक मंत्र में इन बातों का ध्यान रखना चाहिये। जो ऐसा नहीं करता है उसके लिये मन्त्र वज्र होता है। यही बातः—

मन्त्रो हीनः स्वरतो वर्णतो वा मिथ्याप्रयुक्तो न तमर्थमाह।
स वाग्वज्रो यजमानं हिनस्ति यथेन्द्रशत्रुः स्वरतोपराधात्॥

इस मंत्र में कही है। मंत्र कहता है कि स्वर से अथवा वर्ण से जो मंत्र हीन होता है वह वाणी का वज्र बनकर यजमान को मार देता है। क्योंकि वह मिथ्या प्रयुक्त है इसीलिये नियत अर्थ को नहीं कह सकता है। 'इन्द्रशत्रो विवर्धस्व' यह मन्त्र प्रतीक इसका मान्त्रिक उदाहरण है। इसमें बहुव्रीहि और तत्पुरुष समास के जरा से भेद से कुछ का कुछ अर्थ होजाता है। जैसे "इन्द्रः शत्रुर्यस्यस इन्द्रशत्रुः" इस बहुव्रीहि में इन्द्र के शत्रु का नाश होता है और "इन्द्रस्य शत्रुः" इस तत्पुरुष में इन्द्र के शत्रु का विजय होता है। बहुव्रीहि में ( बहुव्रीहौ प्रकृत्या पूर्वपदम् ) इस सूत्र से पूर्वपद की प्रकृति का स्वर रहता है और तत्पुरुष में [ समासस्यच ] इस सूत्र से अन्तोदात्त स्वर होता है। इतने ही अन्तर में अर्थ का अनर्थ हो जाता है, इसी लिये मंत्र में "स्वरतः" पद दिया गया है। वेद में स्वर छन्दः शास्त्र के अधीन है। मुनिवर श्री पिंगलाचार्य प्रणीत छन्दः सूत्र के द्वितीय और तृतीय अध्याय में वैदिक छन्दों का विवेचन है जिस पर हमने स्वयं भाष्य लिखा है। उसमें:—

आदितः सन्दिग्धे॥ ३। ६१॥
देवतादितश्च॥ ६१॥
स्वराः षड्जादयः॥ ६४॥
गायत्र्या वसवः॥ ३। ३॥

जगत्या आदित्याः ॥ ४ ॥
विराजो दिशः ॥ ५ ॥
त्रिष्टुभो रुद्राः ॥

इत्यादि सूत्र ध्यान देने योग्य हैं। इस आर्ष छन्दः शास्त्र में आचार्य ने समस्त वाङ्मय [ म, य, र, स, त, ज, भ, न, ल; ग „ ] इतने में बांध दिया है। इसका मूल यजुर्वेद के मन्त्रों द्वारा हमने सप्तम समुल्लास के अन्तिम भाग में लिखा है। वहीं देखना चाहिये।

## ❀ ज्योतिषम् ❀

ज्योतिष वेद का छटां अङ्ग है। इससे यज्ञ करने का समय, विवाहादि वैदिक संस्कारों का समय, दिग्ज्ञान निर्देश, नक्षत्रों का फलाफल, चतुर्युगी का समय-विभाग, दिन रात्रि मान वर्ष मान, ऋतु-मास-पक्ष-तिथि परिज्ञान, नित्य कर्म संकल्प, गमनागमन, समय विभाग, सृष्टि समय ज्ञान, प्रलय समय ज्ञान, सूर्योपराग, चन्द्रोपराग, महोत्पात समय ज्ञान, ग्रह शान्ति समय, वास्तु पूजन काल, नित्य कर्म समय ज्ञान, अकाल कर्म निषेध आदि अनेक उपयोगी विषयों का ज्ञान होता है। इसलिये इस वेदाङ्ग की अत्यावश्यकता है। उदाहरणार्थ

"उदगयन आपूर्यमाणपक्षे पुण्ये नक्षत्रे
चौलकर्मोपनयनगोदानविवाहाः"

इस गृह्य सूत्र को हम उपस्थित करते हैं। इसमें उत्तरायण शुक्ल पक्ष पुण्य नक्षत्र में मुण्डन-उपवीत-गोदान और विवाह करने का आदेश है। यह ज्ञान विना ज्योतिष के नहीं हो सकता है। इसी प्रकार से अन्य बातें भी समझनी चाहिये। यह विषय द्वितीय समुल्लास में विस्तार से कहा गया है। यही संक्षिप्त षडङ्गों का वर्णन है।

अङ्गानि वेदाश्चत्वारो मीमांसान्यायविस्तरः।
धर्मशास्त्रं पुराणं च विद्याह्येताश्चतुर्दश ॥ १ ॥

इस पद्य में चौदह विद्याओं का संकेत मिलता है। चार वेद—छः अंग-मीमांसा न्याय-धर्म शास्त्र पुराण इन सबको एकत्र करके चौदह विद्या होती हैं। उनमें चार वेद और छः अंगों का विवेचन हो गया अब चार का विवेचन बाकी है।

मीमांसा पूर्वोत्तर भेद से दो प्रकार की है। जैमिनि कृत पूर्व मीमांसा में कर्म विवेचन है। और व्यास कृत उत्तर मीमांसा में ब्रह्म विवेचन है। न्याय दर्शन गौतम ऋषि ने लिखा है और वैशेषिक दर्शन कणाद ने लिखा है इन दोनों को मिलाकर न्याय शास्त्र बनता है। मनु से लेकर अनेक ऋषियों ने धर्म शास्त्र लिखा है जिसकी

संख्या अठारह तक है। व्यास प्रणीत अष्टादश पुराण प्रसिद्ध हैं। इनको मिलाकर चौदह विद्या समाप्त होती हैं।

इनमें यदि 'आयुर्वेद धनुर्वेद गान्धर्व वेद और शिल्प वेद' इन चार उपवेदों को और मिला दिया जावे तो अठारह प्रकार की विद्या सिद्ध होती हैं। उनमें आयुर्वेद का मूल मन्त्रपाठ यजुर्वेद में मिलता है। धनुर्वेद का मन्त्र भाग अथर्व वेद में मिलता है। गान्धर्व वेद और शिल्प वेद अब देखने में भी नहीं आता है। इन सबका क्रम यदि ४ वेद ४ उपवेद ६ अंग ६ शास्त्र १८ पुराण १८ स्मृति इस क्रम से गिना जावे तो अनायास ही ५६ संख्या होजाती है। वास्तव में वैदिक विस्तार बहुत बड़ा है उसका निर्वाह संकुचित शब्द सीमा से नहीं होता है। इसलिये "अनन्तपारं किल शब्द शास्त्रम्" यही कहना पड़ता है। इन सबका एक जन्म में गुरु मुख से अध्ययन करना ही अशक्य है फिर स्वाध्याय प्रवचन व्यवहार के द्वारा इसको अवगत करना तो कई जन्म तक नहीं निबट सकता है। इसलिये एक विषय को लेकर अपना काम चलाना आजकल के विद्वानों ने अपना ध्येय बना लिया है। इससे वेदों का स्वाध्याय धीरे२ घटता जाता है जो मनुष्य जीवन का प्रधान कर्तव्य है। ब्राह्मणों को चाहिये कि वे अन्य विषयों में अपना समय अधिकन बिताकर अपने जीवन को सफल करने के लिये वैदिक साहित्य का अवश्य अध्ययन करें, जिससे ऐहिलौकिक तथा पारलौकिक कल्याण अनायास से हस्तगत हो इसीलिये यह विवेचन किया गया है। इससे वैदिक विषयक प्रमाण पत्र प्राप्त करने वालों को अधिक लाभ होगा। जिसकी देश को अत्यधिक आवश्यकता है।

इति श्रीमदखिलानन्दशर्मप्रणीते
वैदिक-सत्यार्थ-प्रकाशे
सप्तदशः समुल्लासः

# अष्टादशः समुल्लासः।

## वैदिक संस्कार-विवेचनम्।

गोपथब्राह्मण के पूर्वार्द्धीय द्वितीय प्रपाठक के २२। २३ कण्डिका में ब्राह्मण को सान्तपन अग्नि कह कर उसके लिये गर्भाधानादि बारह संस्कारों का उल्लेख मिलता है। ( एष ह वै सान्तपनोऽग्निर्यद्ब्राह्मणः २।२२ )

"यस्य गर्भाधान पुंसवन सीमन्तोन्नयन जातकर्म नामकरण निष्क्रमणान्न-प्राशन गोदानचूड़ाकरणोपनयन प्लावनाग्निहोत्रव्रतचर्यादीनि कृतानि भवन्ति स सान्तपनः। अथ योऽयमनग्निकः स कुम्भे लोष्ठः।

तद्यथा कुम्भे लोष्ठः प्रक्षिप्तो नैव शौचार्थाय कल्पते नैव शस्यं निर्वर्तयति। एवमेवायं ब्राह्मणोऽनग्निकस्तस्य ब्राह्मणस्यानग्निकस्य नैव दैवं दद्यात्। न पित्र्यम्। नचास्य स्वाध्यायाशिषः। न यज्ञ आशिषः स्वर्गंगमा भवन्ति" २।२३

यह गोपथ का उद्धरण है। इसमें अनग्निक ब्राह्मण को "कुम्भे-लोष्ठ" कह कर जो अनादर किया है वह ब्राह्मणों को स्मरण रखने योग्य है। अब संस्कार क्यों करना चाहिये—यह प्रश्न उठता है? बिना प्रयोजन के कोई भी किसी कर्म में प्रवृत्त नहीं होता है। इसी लिये—

सर्वस्यैवहि शास्त्रस्य कर्मणो वापि कस्यचित्।
यावत्प्रयोजनं नोक्तं तावत्तत्केन गृह्यते ॥१॥

ऐसा प्राचीन निबन्धकार कहते हैं। इस लिये अब इन संस्कारों का प्रयोजन बतलाना परमावश्यक है।

गार्भैर्होमैर्जातकर्म चौलमौञ्जीनिबन्धनैः।
वैजिकंगार्भिकं चैनोद्विजानामपमृज्यते ॥ २।२७

मनु के इस पद्य में कहा है कि—गर्भाधान से लेकर उपनयन तक के संस्कारों से द्विजों का वीर्य सम्बन्धी तथा रजः सम्बन्धी दोष दूर होता है। इस लिये इनका करना आवश्यक है। हम यहां पर इनकी विधि बतलाने नहीं चले हैं—क्योंकि उसके लिये पारस्कर गृह्यसूत्र नियत ग्रन्थ है। हम तो केवल इनकी वेदमूलकता पर विचार करते हैं, जो इस ग्रन्थ में हमारा लक्ष्य है।

## ❀ गर्भाधान ❀

"ऋतौ भार्यामुपेयात्" इस वाक्य से द्विरागमनोत्तर स्त्री के ऋतुस्नाता होने के उपरान्त गमन करना वेदानुमत है। इसमें—

( १ ) पत्नीषु वै योनौ रेतः प्रतिष्ठितम् १।९।२।११

( २ ) अर्द्धोह वा एष आत्मनो यज्जाया। तस्माद्यावज्जायां न विन्दते। नैव तावत्प्रजायते। असर्वोहि तावद्भवति। अथ यदैव जायां विन्दते। अथ प्रजायते। तर्हि सर्वो भवति ५।२।१।१०

( ३ ) नवै जातं गर्भं योनिरनुबर्धते। यावद्वाव योनावन्तर्गर्भो भवति। तावदेव योनिर्बर्धते। एतावती उ वा गर्भस्य वृद्धिः १०।२।३।६

( ४ ) श्रीर्ह वा एषा स्त्रीणाम्। यन्मलोद्वासाः तस्मात् मलोद्वाससं यशस्विनीमभिक्रम्य उपमन्त्रयेत। साचेदस्मै न दद्यात्। कामं एनामपक्रीणीयात् साचेदस्मै नैव दद्यात्। काममेनां यष्ट्यावा पाणिना वा उपहत्य अतिक्रामेत् इन्द्रियेण ते यशसा यश आददे इति १४।९।४।७

शतपथ ब्राह्मण के ये मन्त्र प्रमाण स्वरूप हैं। वीर्य स्त्री में प्रतिष्ठित होता है। बिना स्त्री के मनुष्य आधा माना जाता है, उसका आधा भाग स्त्री है। बिना उसके वह प्रजावान् नहीं होता है। स्त्री का रजोवती होना लक्ष्मी-वर्द्धक माना जाता है। ऋग्वेद के दशम मण्डल में (१८४) सूक्त तथा अथर्ववेद के षष्ठकाण्ड में ( १७ ) सूक्त यजुर्वेद के अन्दर [ १३।४१ ] मन्त्र, इस संस्कार की वैदिकता सिद्ध करते हैं। इस लिये यह प्रथम वैदिक संस्कार है।

## ❀ पुंसवन ❀

गोपथ ब्राह्मण में दूसरा संस्कार पुंसवन है। पारस्कर गृह्यसूत्र के [ पुंसवनं मासे द्वितीये तृतीये वा ] इस प्रमाण से गर्भाधान से दूसरे या तीसरे महीने में पुंसवन संस्कार करना चाहिये। इस संस्कार से कन्या सवन कोई नहीं चाहता, यह बात अनायास सिद्ध होती है। नीचे लिखे मन्त्रों में भी पुत्र के लिये कहा गया है, पुत्री के लिये नहीं।

शमीमश्वत्त्थआरूढस्तत्र पुंसवनं कृतम्।
तद्वै पुत्रस्य वेदनं तत् स्त्रीष्वाभरामसि ॥ ६।११।१
पुंसि वै रेतो भवति तत्स्त्रियामनुषिच्यते।
तद्वै पुत्रस्य वेदनं तत्प्रजापतिरब्रवीत् ॥२

प्रजापतिरनुमतिः सिनावाली अचिक्लृपत् ।
स्त्रैसूयमन्यत्रदधत् पुमांसमुदधदिह ॥३

अथर्ववेद के इन मन्त्रों में स्पष्ट ही पुंसवन शब्द है। ( पुंसवनं पुत्रस्यवेदनं ) इन मान्त्रिक पदों में यह संस्कार पुत्र-प्रापक ही माना गया है। तीसरे मन्त्र में स्पष्ट ही—दूसरे घर में स्त्री प्रसव और अपने घर में पुत्र प्रसव होने की बात कही गयी है। परन्तु ईश्वरेच्छा से अब घर घर कन्यापत्य अधिक जन्म लेरहा है। जो हो; इस संस्कार की वैदिकता प्रत्यक्ष है।

## ❀ सीमन्तोन्नयन ❀

गोपथ में यह तीसरा संस्कार लिखा है। [ चतुर्थे गर्भमासे सीमन्तोन्नयनं ] इस आश्वलायन गृह्य के प्रमाण से यह संस्कार गर्भ से चौथे महीने में करना चाहिये इसमें स्त्री द्विहृदया हो जाती है। आयुर्वेद में दोहद वाली स्त्री के लिये अनेक प्रकार का उपचार करना लिखा है। उपचार के बिना गर्भश्राव का भय होता है। इसीलिये

दश मासान् शयमानः कुमारो अधि मातरि ।
निरैतु जीवो अक्षतो जीवो जीवन्त्या अधि ॥ ५।७८।९

ऋग्वेद के इस मन्त्र में दस महीने पर अक्षत पूर्ण रूप से सर्वावयव सम्पन्न जीते हुये पुत्र-प्रसव के लिये ईश्वर से प्रार्थना की गई है और प्रसव पीड़ा से पीड़ित पत्नी की मृत्यु न हो इसलिये मन्त्र में जीवन्त्याः पद पड़ा हुआ है।

येनादितेः सीमानं नयति प्रजापतिर्महते सौभगाय ।
तेनाहमस्यै सीमानं नयामि प्रजामस्यै जरदष्टिं कृणोमि ॥१॥

मन्त्र-ब्राह्मण के इस मन्त्र में सीमन्तोन्नयन का इतिहास कहा है। सर्व प्रथम प्रजापति ने अदिति का सीमन्तोन्नयन किया था। गृह्यसूत्र में शल्की के कंटकों से निर्मित कङ्घी से सीमन्त निकालने का विधान है। इस संस्कार की वैदिकता अथर्व और ऋग्वेद के मन्त्रों से स्पष्ट है। ऋग्वेद के [ ५। ७८। मन्त्र ७। ८। ९ ] में तथा अथर्व के [ ६।१७ मन्त्र १।२।३।४ ] में यह स्पष्टतया निर्दिष्ट है। यह तीनों संस्कार गर्भ के अन्दर ही होते हैं। इनसे संस्कृत हो कर जब शरीर गर्भ से बाहर आने को चाहता है, तब—

## ❀ जात-कर्म ❀

संस्कार होता है। गोपथ में यह चतुर्थ संस्कार है। [ सोष्यन्तीं अद्भिः अभ्युक्षति ] यह वाक्य [ शतपथ- १४।७।५ और पारस्कर १।१६ ] में एक सा है।

एजतु दशमास्यो गर्भो जरायुणा सह ।
यथायं वायुरेजति यथा समुद्र एजति ॥
एवायं दशमास्यो अस्त्रज्जरायुणा सह ॥ ८ । २८

यजुर्वेद के इस मन्त्र में समुद्र और वायु के समान कम्पित गर्भ का वर्णन है। जरायु के साथ उसका बाहर आना लोक में प्रत्यक्ष है। इस समय सूतिकागार में शूद्रादि नीच जाति का आना सर्वथा वर्जित है।

"नैनां वृषलो न वृषली उपहन्यात् ।"

शतपथ [ १४।७।५।१२ ] के इस वचन में वृषल उपलक्षण है। इस लिये अन्य कोई अस्पृश्य चाण्डाल आदि भी इस समय न आवे। कुटुम्ब की वृद्धा स्त्रियां सब काम करें। मेधा जनन के लिये घृत, मधु और सुवर्ण भस्म, सुवर्ण की शलाका से बालक को चटा कर [ इमंस्तनमूर्जस्वन्तं ] १७ । ८७ इस यजुर्वेद मन्त्र से माता का दक्षिण स्तन बालक के मुख में लगावे और [ यस्तेस्तनः शशयः ] इस ऋग्वेद के [ १।१६४।४६ ] मन्त्र से वामस्तन पिलादे। अन्य सब गृह्योक्त काम गृह्यसूत्रों में स्पष्ट हैं, इस संस्कार की वैदिकता मन्त्रों से स्पष्ट है।

## ❀ नामकरण ❀

"तं प्रजापतिरब्रवीत् कुमार! किं रोदिषि? सोऽब्रवीत्। अनपहतपाप्मावा अस्मि अहितनामा ! नाम मे धेहीति। तस्मात्पुत्रस्य जातस्य नाम कुर्यात् । पाप्मानमेवास्य तत् अपहन्ति ॥ ६ । १ । ३ । ९

अथास्य नामधेयं करोति । वेदोसीति तदस्यैतद्गुह्यमेव नाम १४।९।४।२५

शतपथ ब्राह्मण के इन मंत्रों में नामकरण करने का आदेश है। नाम रूपात्मक संसार में नामोपासना का आरम्भ यहीं से होता है। नाम रूप दोनों साथ२ रहते हैं। शर्मा-वर्मा-गुप्तादि नाम बालक के जन्म से ग्यारहवें दिन में करना लिखा है। यह सब जन्म को लेकर चलता है। यजुर्वेद के:—

कोसि? कतमोसि? कस्यासि? कोनामासि? यस्य ते नाम अमन्महि । यं त्वा सोमेनातीतृपाम ॥ ७।२९

इस मन्त्र में एक साथ चार प्रश्न हैं। पहिला जातिपरक है, दूसरा संख्यापरक है, तीसरा पितृ सम्बन्धी है और चौथा नाम सम्बन्धी है। यह चारों आपस में एक दूसरे से मिले हुये हैं। इस संस्कार में तिथि-तिथि देवता नक्षत्र-नक्षत्र देवता अक्षर विचार दग्धाक्षर परित्याग आदि अनेक बिचार होते हैं जिनका विवेचन धर्म ग्रन्थों में मिलता है। इसकी वैदिकता मन्त्रों से स्पष्ट है।

## ❀ निष्क्रमण ❀

यह संस्कार जन्म से तीसरे शुक्ल पक्ष की तृतीया को करना लिखा है। [ जननाद्यस्तृतीयोज्यौत्स्नस्तस्य तृतीयाम् ] यह पारस्कर गृह्यसूत्र इसमें प्रमाण है। इसकी वैदिकता केवल गोपथ ब्राह्मण के अन्दर नाम आने से मानी जाती है। अन्यत्र कोई मान्त्रिक लिङ्ग नहीं है।

## ❀ अन्नप्राशन ❀

यह संस्कार जन्म से छटे महीने में किया जाता है। "षष्ठेमासि अन्नप्राशनम् दधिमधुघृतमिश्रितमन्नं प्राशयेत्" यह आश्वलायन गृह्य सूत्र इसमें प्रमाण है। गोपथ में नाम आने मात्र से इसकी भी वैदिकता है अन्य कोई मान्त्रिक लिङ्ग नहीं है।

## ❀ गोदान और चूड़ाकरण ❀

यह दोनों संस्कार केश सम्बन्धी हैं। गोदान समावर्तन में होता है। यहांपर चूड़ाकरण का क्रम प्राप्त प्रसंग है। ( सांवत्सरिकस्य चूड़ाकरणम् ) यह पारस्कर गृह्यसूत्रहै आश्वलायन में [ तृयीयेवर्षे चौलम् ] ऐसा लिखा है। एक वार्षिक (अथवा) त्रिवार्षिक बालक का मुंडन करना चाहिये यही दोनों सूत्रों का अर्थ है। इस संस्कार में जबतक मन्त्र पूर्वक मुंडन हो तबतक नापित का काम नहीं है। क्योंकि नापित शूद्र है। शूद्र का वैदिक कार्य में अधिकार नहीं है। इसीलिये:—

"अथ नापिताय क्षुरं प्रतियच्छति। सकेशश्मश्रु वपति। स यदा केशश्मश्रु वपति। अथ स्नाति" ३।१।२।९

ऐसा शतपथ में लिखा है। मूल में अथ शब्द आनन्तर्य में है। वैदिक कार्य समाप्त करकेअनन्तर नापित से मुंडन कराना और मुंडन के अनन्तर सद्यःस्नान करना मूल ग्रन्थानुमोदित है।

"तत् उदकुम्भं उपनिधाति। तंनापित उपतिष्ठते तत्केशश्मश्रू च वपते। नखानि च निकृन्तते अस्ति वै पुरुषस्य अमेध्यम्। यत्रास्य आपो नोपतिष्ठन्ते। केशश्मश्रो च वा अस्य नखेषु च आपो नोपतिष्ठते। तद्यत् केशश्मश्रु च वपते नखानि च निकृन्तते। मेध्यो भवति ३।१।२।२ सवै नखान्येवाग्रे निकृन्तेत ३।१।२।४

शतपथ की इस कण्डिका में गोदान प्रकरण है। समावर्तन में इसका अधिक उपयोग है। प्रस्तुत में अल्प है। इसमें डाढ़ी मूंछ बनवाना नाखून कटवाना लिखा है पहिले नख कटवाकर क्षौर कराना मूल वाक्यों से अनुमोदित है।

येनावपत्सविता क्षुरेण, सोमस्य राज्ञो वरुणस्य विद्वान् ।
तेनब्रह्माणो वपतेदमस्य, गोमानश्ववानयमस्तु प्रजावान् ॥ ६।६८।३

अथर्व वेदके इस मन्त्रमें मुंडन का इतिहास भी है। सर्व प्रथम मुंडन सविता ने सोमका किया है। मंत्रमें 'ब्रह्माणः' पद ब्राह्मणों के सम्बोधनार्थ है। [ब्रह्महि ब्राह्मणः] इस गोपथ प्रमाण से वेद में ब्रह्म और ब्राह्मण यह दोनों शब्द एकार्थक माने जाते हैं। लघ्वाश्वलायन स्मृति में इस मुण्डन प्रकरण का बहुत अच्छा विवरण है।

## ❀ कर्णवेध ❀

इस संस्कार का मंत्र ब्राह्मणात्मक वेद समर्थक नहीं है। मनुमेंभी चौल के बाद मौञ्जी निबन्धन का निर्देश है। पारस्कर में भी इसका नाम नहीं है। इसमें जिन मन्त्रों का उपयोग आश्वलायन ने किया है वे मन्त्र विषय के समर्थक नहीं हैं। धनुर्ज्या प्रकरण मान्त्रिक पदों में स्पष्ट है। कर्णेभिः-अक्षभिः यह दोनों पद वेध साधक नहीं हैं किसी२ स्मृति में इसका नाम मिलता है। इसलिये यह श्रौत नहीं है।

## [ उपनयन ]

यह संस्कार मनुके मतमें पांचवें वर्ष में करना चाहिये और गृह्य सूत्रों के मतमें आठ वर्ष की अवस्था में करना चाहिये। उपसमीपे (आचार्यस्य) नयनं प्रापणं उपनयनम्। आचार्य के पास पुत्र का पहुंचाना ही उपनयन शब्द का अर्थ है। शतपथ ब्राह्मण के (११।५) में आरम्भ से लेकर अन्त तक ब्रह्मचर्य का वर्णन है और अथर्ववेद के ग्यारहवें काण्ड में तृतीय अनुवाक सूक्त पांचवें में २६ वां मन्त्र ब्रह्मचर्य वर्णन में प्रयुक्त है। जिसमें—

ब्रह्मचार्येति समिधा समिद्धः, कार्ष्णं वसानो दीक्षितो दीर्घश्मश्रुः ११।५।६

यह मन्त्र ब्रह्मचारी का वेष बतला रहा है। इसी लिये ब्रह्मचारी को समिदाधान कृष्ण मृगचर्म पर बैठ कर करना लिखा है। लम्बी दाढ़ी मूछ रखना उसके लिये नियत है। उपनयन का दूसरा अंग—

## ❀ वेदारम्भ ❀

उपनयन के साथ ही किया जाता है इस लिये गोपथ में उसका नाम निर्देश अलग नहीं है। शतपथ के—

"अथास्मै सावित्रीमन्वाह"

इस वचन में यज्ञोपवीत धारणोत्तर सावित्री का उपदेश लिखा है। [ तस्मादेतां गायत्रीमेव सावित्रीमनुब्रूयात् ] ११।५।४।१३ शतपथ के मत में गायत्री का

नाम ही सावित्री है। इसका उपदेश- [ तस्मात् पुरस्तादेव प्रतीचे समीक्षमाणाय अनुब्रूयात् ] इस शतपथीय विधि वाक्य से पूर्व से पश्चिमाभिमुख बैठे हुये बालक को पश्चिम से पूर्वाभिमुख बैठा हुआ आचार्य कहे-और [ तां वै पदशः अन्वाह ] इस प्रमाण से गायत्री का १।१ पाद अलग करके उपदेश करना चाहिये।

द्वय्यो वा इमाः प्रजाः। दैव्यश्चैव मानुष्यश्च। ता वा इमा मानुष्यः प्रजाः। या प्रजननात् प्रजायन्ते। छन्दांसि वै दैव्यां प्रजाः। तानि मुखतो जनयते ११।५।४।१७

शतपथ के इस प्रमाण से वेद मन्त्र दैवी प्रजा है। मानवी प्रजा योनि से उत्पन्न होती है और दैवी प्रजा मुख से उत्पन्न होती है। परन्तु इसकी वंश प्रथा में अन्तर नहीं है। विद्यावंश और यौन वंश दोनों एक से हैं केवल प्रकार में अन्तर है। इस संस्कार का विस्तृत-विवरण अथर्ववेद, शतपथ और पारस्कर में देखने योग्य है।

## ❀ प्लावन ❀

इस संस्कार का दूसरा नाम समावर्तन है प्लुधातु गत्यर्थक है। आचार्य कुल से विद्या समाप्त कर अपने पितृगृह को वापिस जाना प्लवन कहाता है। इसका वेद मूलकत्व चिन्त्यहै। केवल गोपथ में नाम आना ही इसकी वैदिकता का प्रत्यायक है।

## ❀ अग्निहोत्र ❀

यहां पर लक्षणा से विवाह अभिप्रेत है। [ अग्निर्हूयते यत्र तदग्निहोत्रं गृहम् ] जिस घर में अग्नि का स्थापन हो उस गृह का नाम अग्निहोत्र है।

अयमग्निर्गृहपतिर्गार्हपत्यः प्रजायावसुवित्तमः।
अग्नेगृहपतेभिद्युम्नमभि सह आयच्छस्व ।।३।३९

यजुर्वेद के इस मन्त्र में गार्हपत्य अग्नि का वर्णन है। इसी का दूसरा नाम आवसथ्य है। इसका [ आवसथ्याधानं दारकाले ] इस पारस्कर सूत्र के अनुसार विवाह में स्थापन होता है। आवसथ गृह को कहते हैं। वह अग्नि वसुवित्तम अर्थात् अतिशय से धनप्रद है। मन्त्र में द्युम्न ( द्रविण ) और सह ( बल ) की प्राप्ति के लिये गार्हपत्य अग्नि से प्रार्थना है। इस अग्नि में चार प्रकार के पाक यज्ञ सिद्ध होते हैं। हुत, अहुत, प्रहुत और प्राहुत—यह चार पाक यज्ञ हैं। इस अग्नि के निकालने का प्रकार :—

अश्वत्थो यः शमी गर्भः प्रशस्तोर्वी समुद्भवः।
तस्यया प्राङ्मुखी शाखा उदीचीचोर्ध्वगापि वा ॥ १
संसक्त मूलो यः शम्याः सशमीगर्भ उच्यते।
अलाभे त्वशमीगर्भादाहरेदविलम्बितः ॥ २

अरणिस्तन्मयी ज्ञेया तन्मध्ये चोत्तरारणिः ।
सारवद्दारवं चात्र मोविली च प्रशस्यते ॥ ३
चतुर्विंशाङ्गुला दीर्घा विस्तारेण षडङ्गुला ।
चतुरङ्गुलमुत्सेधा अरणिर्याज्ञिकैः स्मृता ॥ ४
मूलादष्टाङ्गुलं त्यक्त्वा अग्राच्च द्वादशाङ्गुलम् ।
अन्तरं देवयोनिः स्यात्तत्र मथ्यो हुताशनः ॥५

इन पद्यों में कहा गया है पारस्कर गृह्यसूत्र के हरिहर भाष्य में यह बात विस्तार से कही गई है पद्यों का अर्थ इस प्रकार है—प्रशस्त भूमि में शमी वृक्ष के साथ--( बद्ध मूल होकर ) जो अश्वत्थ वृक्ष उगे उसकी पूर्व या उत्तर शाखा लेकर अरणि बनानी चाहिये। याज्ञिकों के मत में चौबीस अङ्गुल लम्बी, छः अङ्गुल चौड़ी और चार अङ्गुल मोटी उठी हुई अरणि होनी चाहिये। मूल से आठ अङ्गुल और ऊपर से बारह अङ्गुल छोड़ कर अरणि का मध्य भाग देवयोनि कहाता है उसमें उत्तरारणि रखकर जोर से मन्थन करने पर जो अग्नि निकले उससे आवसथ में आधान करना चाहिये। देव योनि में उत्पन्न अग्नि वसुवित्तम होता है जिसका यजुर्वेद के मन्त्र में वर्णन है।

उद्बुध्यस्वाग्ने प्रविशस्व योनिं, अन्यां देवयज्यां वोढवे जातवेदः ।
अरण्या अरणिमनु संक्रमस्व, जीर्णां तनुमजीर्णया निर्णुदस्व ॥ १ ॥

यह मन्त्र मन्त्रब्राह्मण का है। इससे दारकाल में अग्न्याधान किया जाता है। मन्त्रार्थ स्पष्ट है। इस संस्कार में उपयुक्त मन्त्र अथर्ववेद के चौदहवें काण्ड में और ऋग्वेद के दशममण्डल सूक्त पच्चासी में मिलेंगे और विधि पारस्कर में मिलेगा।

इहैव स्तं मा वियौष्टं विश्वमायुर्व्यश्नुतम् ।
क्रीडन्तौ पुत्रैर्नप्तृभिः मोदमानौ स्वे गृहे ॥१०।८५।४२ [ऋग्वेद]
इहेमामिन्द्र सन्नुद चक्रवाकेव दम्पती ।
प्रजयैनौ स्वस्तकौ विश्वमायुर्व्यश्नुताम् ॥ अथर्व १४।२।६४।

ऋग्वेद और अथर्ववेद के इन दो मन्त्रों में सौ वर्ष तक गृहस्थ में रहने का आदेश मिलता है। मन्त्र कहता है ( इहैव-स्तम् ) इस गृहस्थ में ही रहो ( मा-वियौष्टम् ) वियोग को प्राप्त मत हो ( विश्वं आयुः ) समस्त सौ वर्ष की आयु को ( स्वेगृहे मोदमानौ ) अपने घर में आनन्द करते हुए ( पुत्रैः-नप्तृभिः-क्रीडन्तौ ) पुत्र और पौत्रों के साथ खेलते हुए ( व्यश्नुतम ) भोगो। यह आदेश वधू और वर के लिये

है। अथर्व का मन्त्र इन दोनों में चक्रवाकी और चक्रवाक का औपम्य दे रहा है यह दोनों पक्षी एक के मरने पर जीवित नहीं रहते यह प्राकृतिक नियम है। इस मान्त्रिक आदेश से वानप्रस्थ और संन्यास का निषेध होजाता है।

देवराच्च सुतोत्पत्तिर्मधुपर्के पशोर्वधः ।
मांसदानं तथा श्राद्धे वानप्रस्थाश्रमस्तथा ॥

यह पद्य बृहन्नारदीय के कलिवर्ज्य प्रकरण में मिलता है। इसमें वानप्रस्थ कलिवर्ज्य लिखा है इसी प्रकारः—

चत्वार्यब्दसहस्राणि चत्वार्यब्दशतानिच ।
कलेर्यदा गमिष्यन्ति तदा त्रेतापरिग्रहः ।
संन्यासश्च न कर्तव्यो ब्राह्मणेन विजानता ।

इस व्यास वचन से [ ४४०० ] चारहजार चारसौ वर्ष कलियुग के बीतने पर संन्यास धारण का निषेध है। जाबालोपनिषद् में [ शिक्यनिर्ग्रन्थ ] इन दो पदों के आजाने से यह उपनिषद् बौद्धों के समय की बनी है इसलिये यह वैदिक नहीं है। यह दोनों पद बौद्ध भिक्षुओं के लिये नियत हैं शतपथ-गोपथादि ब्राह्मण ग्रन्थों में कहीं पर भी संन्यास का विधान नहीं है। मन्त्र भाग में इन दोनों आश्रमों का नाम तक नहीं इसलिये यह दोनों अवैदिक हैं।

भिक्षामप्युदपात्रं वा सत्कृत्य विधिपूर्वकम् ।
वेदतत्वार्थ विदुषे ब्राह्मणायोपपादयेत् ॥ ३।९६
एकरात्रं तु निवसन्नतिथिर्ब्राह्मणः स्मृतः ।
अनित्यं हि स्थितो यस्मात्तस्मादतिथिरुच्यते ॥ १०२
भिक्षां च भिक्षवे दद्याद्विधिवद्ब्रह्मचारिणे । ३।९४

मनु के इन पद्यों में वेदज्ञ विद्वान् ब्राह्मण को अतिथि कहा है और भिक्षुक शब्द ब्रह्मचारी के लिये आया है। परिव्रज्या शब्द (१०।५२) पद्यमें मनुने चाण्डाल के लिये कहा है। यतिवेश प्राचीन काल में गुप्तचरों के लिये नियत था। इसीलिये—

यानि रूपाणि जगृहे इन्द्रो हयजिहीर्षया ।
तानि पापस्य षण्ढानि लिङ्गं षण्ढमिहोच्यते ॥२३॥
एवमिन्द्रे हरत्यश्वं वैन्ययज्ञजिघांसया ।
तद्गृहीतविसृष्टेषु पाषण्डेषु मतिर्नृणाम् ॥२४॥
धर्म इत्युपधर्मेषु नग्नरक्तपटादिषु ।
प्रायेण सज्जते भ्रान्त्या पेशलेषु च वाग्मिषु २५

यह पद्य श्रीमद्भागवतके चतुर्थ-स्कन्धमें अध्याय उन्नीस के अन्दर है। इनमें इन्द्र ने वैन्यराजा के घोड़े चुराने के समय यह संन्यास वेष लिया था यह प्रत्यक्ष है इसी अध्याय के बाईसवें पद्य में ( ज्ञान दुर्वल ) मनुष्यों ने इस वेष का धारण किया यह भी कहा है। इसलिये यह वेष ( अय्यारी मक्कारी ) करने वालों के लिये नियत है सज्जनों के लिये नहीं।

## ❀ व्रतचर्या ❀

गोपथ ब्राह्मण में व्रतचर्या पद से सान्तपन अग्नि का नियम पालन अभिप्रेत है। यह सान्तपनाग्नि गर्भाधान से श्राद्धाग्नि तक ब्राह्मण के साथ रहता है। इसका विधि पारस्कर गृह्य के द्वितीय काण्ड में स्पष्ट है। यहां तक हमने संस्कारों की वैदिकता पर विवेचन किया है। जो संस्कार शतपथ,गोपथ आदि ब्राह्मणों में नामतः-( अथवा ) विधितः नहीं लिखे हैं वे स्मार्त समझने चाहिये वैदिक नहीं।

गृहा मा विभीत मावेपध्वं ऊर्जं विभ्रत एमसि।
ऊर्जं विभ्रद्वः सुमनाः सुमेधाः।
गृहानैमि मनसा मोदमानः॥ ३। ४१
येषामध्येति प्रवसन्येषु सौमनसो वहुः।
गृहानुपह्वमामहे ते नो जानन्तु जानतः॥ ४२॥

यजुर्वेद के इन दोनों मन्त्रों में गृहस्थ के गृहों का वर्णन है गार्हपत्य अग्नि के स्थापन करने पर गृहपति गृहाधिष्ठातृ देवतों से कहता है कि तुम डरो मत न कम्पायमान हो आपकी रक्षा के लिये बलवान हम प्राप्त हुए हैं। मनुष्य प्रवास में जाकर जिन गृहों का ध्यान करता है और जिनमें रहकर प्रसन्न होता है उन गृहों को मैं बुला रहा हूं वे उपकार करने वाले हम लोगों को पहिचानें इन दो मन्त्रों में गृही के लिये गृहों की रक्षा करने का संकेत है। [ गृह्णातिधान्यादिकमितिगृहम् ] धान्य आदि वस्तुओं के ग्रहण करने से गृह पद सार्थक होता है। उसमें रहने से स्त्री को भी गृह कहते हैं। इसीलिये [ गृहिणी गृहमुच्यते ] ऐसा कहा है। इसी में निषेकादि श्मशानान्त कर्म होता है देव कार्य पितृकार्य सब गृह में ही सम्पन्न होते हैं गृहमेधी गृहों में रहकर चतुर्वर्ग प्राप्त कर सकते हैं इसीलिये धर्मशास्त्रों में गृहस्थ को सबका जन्मदाता पालक-पोषक माना है इसमें दुर्बल नहीं रह सकता है। यहां पर इस प्रसंग में इतना ही लिखकर प्रसंग समाप्त करते हैं।

इति श्रीमदखिलानन्दशर्मप्रणीते
वैदिक-सत्यार्थ-प्रकाशे
अष्टादशः समुल्लासः-

# ऊनविंशः समुल्लासः

## ❋ दर्शन-विवेचनम् ❋

पिछले छः समुल्लासों में वैदिक साहित्य का विवेचन हो चुका अब क्रम प्राप्त दार्शनिक विवेचन किया जाता है । आस्तिक नास्तिक भेद से दर्शन दो प्रकार के माने गये हैं ।

उनमें—चार्वाक-बौद्ध-वृहस्पति-आर्हत यह चार दर्शन मुख्य हैं । इनमें वृहस्पति सबका मूल भूत है । वृहस्पति को लेकर चार्वाकप्रवृत्त होता है । माध्यमिक-योगाचार-सौत्रान्तिक-वैभाषिक यह चार भेद बौद्धमत के हैं । इनका क्रमशः अब विवरण किया जाता है ।

## ❋ चार्वाक मत ❋

'चारुवाणीयस्यस चारु बाक्' प्रत्यक्ष में फल देनेवाली और अप्रत्यक्ष पर अविश्वास रखने वाली वाणी का आश्रय लेकर चार्वाक चलता है । इसके मत में पृथिवी आदि चार तत्व ही देह रूप में परिणत होकर मद शक्ति की तरह चेतन शक्ति उत्पन्न करते हैं। चार तत्वों के नष्ट होने पर तत्संयोग जन्य चैतन्य भी स्वतः नष्ट होजाता है इसलिये चैतन्य विशिष्ठ देह ही आत्मा है, तदतिरक्ति आत्माके होनेमें कोई प्रमाण नहीं है । प्रेत्यभाव प्रत्यक्षवादियों के मत में होता नहीं है । इसीलिये अंगनालिंगन जन्य सुखही पुरुषार्थहै । वियोगजन्य दुःख की कल्पना करके प्रत्यक्ष सुख से हाथ धो बैठना बुद्धिमत्ता नहीं है । इसीलिये कहा है—

> त्याज्यं सुखं विषयसंगमजन्मपुंभि-
> र्दुःखोपसृष्टमिति मूर्खविचारणैव ।
> ब्रीहीञ्जिहासति सितोत्तमतण्डुलाढ्यान्
> कोनाम तत्तुषकणोपहितान्मनुष्यः ॥ १ ॥

संसार में तुषमिश्रित तण्डुल खरीद कर कण्डनोत्तर तण्डुल निकाला जाता है। और तुष फेंक दिया जाता है यह प्रत्यक्ष उदाहरण है । इसी प्रकार मृगों के भय से खेत बोना कोई नहीं छोड़ता, भिखमंगों के भय से पाक बनाना नहीं छोड़ा जाता है । इसलिये सुखार्थी पुरुष को दुःख के भय से प्राप्त काल सुख नहीं छोड़ना चाहिये । अनृत व्याघात पुनरुक्ति दोष दूषित वेद मानना केवल परप्रतारण मात्र है और

अग्निहोत्रादि क्रिया केवल जीविका सम्पादन मात्र है। इसलिये इनको न मानकर चार्वाक के मत में कंटकादि जन्य दुःख ही नरक है। राजा ही परमेश्वर है। देह का उच्छेद मोक्ष है। चैतन्य विशिष्ट देह ही आत्मा है। जगत की विचित्रता स्वभाव सिद्ध है। उसका कोई नियामक नहीं है। इसीलिये:—

अग्निरुष्णो जलं शीतं शीतस्पर्शस्तथानिलः ।
केनेदं चित्रितं तस्मात्स्वभावात्तद् व्यवस्थितिः ॥ २ ॥

ऐसा कहा है। लोग प्रायः दृष्ट सुखानुरागी होते हैं। उनकी स्वाभाविक प्रवृत्ति अर्थ और काम की ओर होती है। ऐसे लोकों के द्वारा आयत विस्तृत (लोकायत) मत ही चार्वाक के मत में सर्व श्रेष्ठ है।

## ❀ बृहस्पति का मत ❀

न स्वर्गो नापवर्गोवा नैवात्मा पारलौकिकः ।
नैव वर्णाश्रमादीनां क्रियाश्च फलदायिकाः ॥ १
अग्निहोत्रं त्रयो वेदास्त्रिदण्डं भस्मगुण्ठनम् ।
बुद्धिपौरुषहीनानां जीविका धातृनिर्मिता ॥ २
पशुश्चेन्निहतः स्वर्गं ज्योतिष्ठोमे गमिष्यति ।
स्वपिता यजमानेन तत्र कस्मान्न हन्यते ॥ ३
मृतानामपि जन्तूनाँ श्राद्धं चेत्तृप्तिकारणम् ।
गच्छतामिह जन्तूनां व्यर्थं पाथेयकल्पनम् ॥ ४
स्वर्गस्थिता यदा तृप्तिं गच्छेयुस्तत्र दानतः ।
प्रासादस्योपरिस्थानामत्र कस्मान्न दीयते ॥ ५
यदि गच्छेत्परं लोकं देहादेव विनिर्गतः ।
कस्माद्भूयो नचायाति बन्धुस्नेहसमाकुलः ॥ ६
यावज्जीवेत्सुखं जीवेदृणं कृत्वा घृतं पिवेत् ।
भस्मीभूतस्य देहस्य पुनरागमनं कुतः ॥ ७
ततोयं जीवनोपायो ब्राह्मणैर्विहितोऽबुधैः ।
मृतानां प्रेतकार्याणि नातोन्यद्विद्यते फलम् ॥ ८
त्रयो वेदस्य कर्त्तारो भण्डधूर्तनिशाचराः ।
जर्फरीतुर्फरीत्यादि तेषामेव वचः स्मृतम् ॥ ९

इत्यादि पद्य वृहस्पति दर्शन के हैं। आजकल यह पूरा नहीं मिलता है। इसका पूर्ण खंडन इसी ग्रन्थ में हमने पहिले कर दिया है। पद्य सरल है इसलिये अनुवाद की आवश्यकता नहीं है।

## ❀ बौद्धमत ❀

यह बौद्धमत माध्यमिक--योगाचार--सौत्रान्तिक--वैभाषिक नामों से चार कार का माना जाता है। यह चारों बौद्ध प्रत्यक्ष की तरह अनुमान प्रमाण भी मानते हैं। वे कहतेहैं कि यदि अनुमान प्रमाण न होता? तो धूम को देखकर अग्नि को प्राप्त करने वाले मनुष्य अग्नि प्राप्त न करते? यदि करते हैं? तो अनुमान की प्रमाणता सिद्ध है। इनमें माध्यमिक सर्वशून्यवाद मानते हैं। योगाचार वाह्यार्थ शून्यत्ववाद मानते हैं। सौत्रान्तिक वाह्यार्थानुमेयत्ववाद मानते हैं और वैभाषिक ज्ञानान्वित उभयार्थ सत्ववाद मानते हैं।

अर्थ क्रिया कारि द्रव्य माध्यमिकों के मत में "सत्" कहाता है। जलधर पटल के समान सत् क्षणिक है। इसी प्रकार सभी द्रव्य क्षणिक हैं। परन्तु उनमें अर्थ क्रिया कारित्व है। किसी न किसी अर्थ को सिद्ध करके अन्त में वे नष्ट होजाते हैं। समर्थ और असमर्थ भेद से द्रव्य दो प्रकार के होते हैं। उनमें समर्थ द्रव्य ही अर्थ क्रियाकारी होता है। असमर्थ नहीं। उदाहरणार्थ एक शिला शकल उपस्थित करते हैं! उस में यदि वर्तमान में अंकुर उगाने की शक्ति नहीं है तो न पहिले थी? और न भविष्य में होगी? जिस द्रव्य में जिस कार्य के करने की शक्ति नहीं है, वह द्रव्य उस कार्य के प्रति असमर्थ है पूर्व में था और भविष्य में भी रहेगा। इसके विपरीत समर्थ द्रव्य है। उसमें जो अर्थ क्रिया कारिता वर्तमान में है, वह पहिले थी और भविष्य में भी रहेगी यह माध्यमिकों का मत है। इसी प्रकार माध्यमिकों के मत में सब पदार्थ दुःखमय स्वलक्षणमय और शून्य रहते हैं।

संसार दुःखमय है। यदि न होता तो ज्ञानवृद्ध पुरुष इससे निवृत्ति के उपाय में प्रवृत्त नहीं होते? यदि होते हैं तो संसार अवश्य दुःखमय है।

संसार में सभी पदार्थ स्वलक्षण हैं। क्योंकि यह पदार्थ कैसा है? ऐसा प्रश्न करने पर कोई दृष्टान्त नहीं मिलता है। पहिले कहे हुये प्रकार से सन्मात्र क्षणिक हैं। क्षणिक होने से समान लक्षणता किसी में मिल नहीं सकती; न मिलने पर [ इदं-अनेन सदृशम् ] यह नहीं कहा जा सकता है इसलिये सब पदार्थ स्वलक्षण हैं।

संसार में सर्व द्रव्य शून्य हैं, क्योंकि पदार्थ मात्र सत्-असत्, सदसत्-न सत् न असत्—इन चार दृष्टिकोणों से जांचे जाते हैं। उदाहरणार्थ घट यदि सत् है तो कर्तृ व्यापार का वैयर्थ्य है। असत् यदि है तो भी कर्तृ व्यापार की व्यर्थता ही आती

है। रहे दो और भाव ? वह भी परस्पर विरोध से एक दूसरे का सहन नहीं कर सकते, इस भावना चतुष्टय से समस्त वासनाओं की निवृत्ति होने पर अन्त में शून्यता ही रहेगी, यह माध्यमिकों का मत है।

इनका माध्यमिक नाम इस लिये पड़ा कि इन्होंने योग और आचार के बीच में ( मध्य में ) रहना स्थिर किया। गुरु के पास अप्राप्त ज्ञान की प्राप्ति के लिये इन्होंने बार २ प्रश्न नहीं किया जिसका नाम योग है और गुरु के कथन का अङ्गीकार करना आचार है। आचार मान कर योग के न करने से मध्य में रहने के कारण इनका माध्यमिक नाम सिद्ध हुआ।

योग और आचार इन दोनों को मानकर योगाचारों ने एक तीसरी बात और मान ली, जिसका नाम स्वयंवेदन ( अर्थात् ) बुद्धि तत्व है। बुद्धि तत्व का अवलम्ब लेने से इनका नाम बौद्ध हुआ। वे कहते हैं कि यदि बुद्धि का आश्रय न लिया जावे तो जगत अन्धा हो जाता है। इसलिये बुद्धि का अवलम्ब लेकर पूर्वोक्त क्षणिक दुःखमय, स्वलक्षण-शून्य इन चार भावनाओं के अभ्यास से समस्त वासनाओं को नष्ट कर केवल विशुद्ध विज्ञान का उदय प्राप्त करना यही योगाचारों का मत है।

सौत्रान्तिक कहते हैं कि यह सब जो प्रपञ्चकल्पद्रुम का प्रसार है उसके रूप विज्ञान, वेदना, संज्ञा और संस्कार यह पांच स्कन्ध हैं। शब्दादि विषय और इन्द्रिय रूप स्कन्ध हैं। प्रवृत्ति से लय-पर्यन्त ज्ञान का जो प्रवाह बहता है वह विज्ञान-स्कन्ध है। उक्त स्कन्धद्वय सम्बन्धजन्य जो सुख दुःखादि प्रत्यय प्रवाह है वही वेदना-स्कन्ध है, वेदना-स्कन्ध से बंधे हुये राग, द्वेषादि क्लेश और मद-मानादि उपक्लेश संज्ञा स्कन्ध हैं। धर्माधर्म-विवेक संस्कार स्कन्ध है। इन सबको दुःख-स्वरूप, दुःखायतन, दुःख-साधन मान कर इनके रोकने वाले तत्व—ज्ञान को सम्पादित करना ही सौत्रान्तिकों का सिद्धान्त है, बुद्ध के मत में चार तत्व हैं।

दुःख-आयतन, समुदय और मार्ग ? इनमें पूर्वोक्त पञ्चस्कन्ध ही दुःख हैं। पांच ज्ञानेन्द्रिय और पांच कर्मेन्द्रिय, मन, बुद्धि यह बारह आयतन हैं। मनुष्यों के हृदय में दुःख का अङ्कुर उगाने वाले राग, द्वेष, मद, मान, दम्भादि-गण समुदय पद वाच्य हैं। समस्त संस्कार क्षणिक हैं, इस प्रकार की हृदय में जो स्थिर अविचल वासना ही मार्ग-पद वाच्य है इनके तत्व-ज्ञान से मोक्ष होता है। इस ज्ञान सूत्र का जिन्होंने अन्त अर्थात् रहस्य समझा है वे बौद्ध-सौत्रान्तिक कहाते हैं।

वैभाषिक कहते हैं कि एक मोक्ष की प्राप्ति के लिये बुद्ध ने जो चार प्रकार कहे हैं वह ठीक नहीं हैं। प्रथम शिष्यों को क्षणिकवाद का उपदेश देना, दूसरों को विज्ञानवाद का उपदेश देना, तीसरों को दोनों सत्य बतलाना, चौथों को दोनों

असत्य बतलाना—यह विकल्प ( विभाषा ) मोक्ष मार्ग को संशयापन्न ठहराता है। इस लिये इनमें से किसी एक सिद्धान्त को पकड़ कर उस पर चलना वैभाषिकों का मत है। यद्यपि यह चारों मत बुद्धोपदिष्ट हैं तथापि अधिकारि भेद से इनके शक्तिग्रह में भेद पड़ जाता है। उदाहरणार्थ—"गतोस्तमर्कः" यह एक वाक्य है इसको सुनकर चोर चोरी करने में, जार व्यभिचार में, धार्मिक सन्ध्यावन्दन में लग जाता है। यही बात बुद्धों के चार शिष्यों के विषय में भी लगती है।

अर्थानुपार्ज्य बहुशो द्वादशायतनानि वै ।
परितः पूजनीयानि किमन्यैरिह पूजनैः ॥१॥
ज्ञानेन्द्रियाणि पञ्चैव तथा कर्मेन्द्रियाणि च ।
मनोबुद्धिरिति प्रोक्तं द्वादशायतनं बुधैः ॥२॥
रागादिज्ञानसन्तान—वासनाच्छेदसम्भवा ।
चतुर्णामपि बुद्धानां मुक्तिरेषा प्रकीर्तिता ॥३॥
कृत्तिः कमण्डलुर्मौण्ड्यं चीरं पूर्वाह्णभोजनम् ।
सङ्घो रक्ताम्बरत्वं च शिश्रिये बौद्धभिक्षुभिः ॥४॥

यह पद्य बोधिचित्त-विवरण नामक ग्रन्थ के हैं। इनमें द्वादशायतन पूजा का जो उल्लेख है वही अनात्मवाद का परिचायक है। चर्म-धारण, कमण्डलुग्रहण शिरोमुण्डन, चीर पूर्वाह्ण भोजन, सङ्घ ( समुदाय के साथ रहना ) और गेरुए वस्त्र धारण करना, मुक्तकच्छ रहना, यह सब बौद्धों का आचरण है। इसी का अनुकरण शङ्कराचार्य के अनुगामियों ने किया है। इसीलिये इस वेष की आर्ष ग्रन्थों में निन्दा मिलती है जो हमने प्रसङ्ग से इस ग्रन्थ में यत्रतत्र दिखाई है।

## ❀ आर्हत-मत ❀

यह मत दिगम्बर श्वेताम्बर भेद से दो प्रकार का है उनमें मुक्तकच्छ बौद्धों के मत पर दिगम्बर ( नग्नक्षपणक ) कहते हैं कि—स्थायी आत्मा को क्षणिक मानना ठीक नहीं है यदि ऐसा माना जावे तो लौकिक फल साधन निष्फल होता है। जो कर्म करता है वही फल भी भोगता है इस लिये आत्मा स्थायी है। इसमें जलधर पटल का सिद्धान्त ठीक नहीं बैठता है क्यों कि वह चेतना रहित केवल जलीय पुद्गल सङ्घात मात्र है। आत्मा, चेतन और कर्म फल का भोक्ता है द्रव्य मात्र का अर्थ क्रिया कारित्व भी ठीक नहीं है, क्यों कि स्वमदृष्ट सर्पदंश से भी भय रूप अर्थ क्रिया कारित्व प्रतीत होता है परन्तु वह सत्य नहीं है। इस लिये आत्मा को स्थायी मानना ही उचित है यही बात—

कर्तास्ति नित्यो जगतः सचैकः स सर्वगः स स्ववशः स नित्यः ।
इमास्तु हेयाः कुविडम्बनाः स्युस्तेषां न येषामनुशासकस्त्वम् ॥१॥

इस बीतराग स्तुति नामक ग्रन्थ के पद्य में कही है। इसका अभिप्राय यह है कि जिनके शासक जिनेन्द्र नहीं हैं वे ही ईश्वर को मानते हैं। जैन तो जीव को ही पुरुषार्थ के द्वारा उस स्थान तक पहुंचाते हैं, जो ईश्वर पद वाच्य है। ईश्वर कोई जीवातिरिक्त अन्य द्रव्य नहीं है, योगादि साधन से जीवही ईश्वर के रूपमें परिणत होजाता है। इस मत में जीव-अजीव दो तत्त्व हैं। जीव बोधात्मक है, अजीव बोध रहित है। यही बात पद्मनन्दी ने-

चिदचिद्द्वे परे तत्वे विवेकस्तद्विवेचनम् ।
उपादेयमुपादेयं हेयं हेयं च सर्वशः ॥ २ ॥

इस पद्य में कही है। कोई २ जैनाचार्य जीव-अजीव इन दो भेदों को जीव-आकाश-धर्म-अधर्म-पुद्गल इन पांच भेदोंमें प्रपञ्चित करते हैं। उनमें जीव दो प्रकार के माने हैं। एक संसारी और दूसरे मुक्त ? संसारी वे जीव हैं, जो बार २ जन्म लेते हैं। और जो आवागमन रहित हैं, वे मुक्त हैं। इनमें संसारी भी दो प्रकार के माने हैं, एक समनस्क और दूसरे अमनस्क ? जो शिक्षा-क्रिया-आलाप आदि ज्ञान वाले हैं, वे समनस्क कहलाते हैं, और जो त्रस तथा स्थावर हैं वे अमनस्क कहे जाते हैं। त्रस उनको कहते हैं, जो दो इन्द्रिय वाले शङ्ख आदि में रहते हैं और पृथ्वी-जल-तेज-वायु तथा वृक्ष स्थावर कहे जाते हैं। इन पांच स्थावरों में वृक्ष ही अमनस्क कहे गये हैं, क्योंकि इनमें शिक्षादि-क्रिया न होने पर भी इन्द्रियत्व अवश्य है।

आकाश-धर्म-अधर्म-पुद्गल यह चारों अजीव के ही प्रपञ्च रूप हैं। इनमें पहिले तीन केवल अनुमान-वेद्य हैं, उनका प्रत्यक्ष नहीं होता है और धर्म मुक्ति का साधन भूत माना जाता है। पुद्गल उनको कहते हैं, जिनमें स्पर्श-रस-वर्ण का समन्वय रहता है। वह पुद्गल-अणु स्कन्ध भेद से दो प्रकार के होते हैं, उनमें अणु अव्यवहार्य होते हैं और द्व्यणुक त्रसरेणु भेद से व्यवहार के साधन माने जाते हैं। पृथिव्यादि चार तत्व इनका ही प्रपञ्च है।

कोई २ जैन जीव-अजीव-आश्रव-बन्ध-संवर-निर्जरा-मोक्ष इन सात तत्वों को मानते हैं। उनमें संसारी और मुक्त-भेद से जीव दो प्रकार का पहिले लिखा जा चुका है, आकाशादि अजीव भी लिखे जा चुके हैं।

योग का नाम आश्रव है, जैसा कि सर्वार्थसिद्धि सूत्र में कहा है। [ काय-वाङ्-मनः कर्मयोगः ] कषाय रूप जल से आर्द्र आत्मा योग रूप बात से लाये हुये

कर्म-रूप रेणुओं को लेकर आश्रव अर्थात् स्रवित होता है, इसलिये इसका अन्वर्थ नाम आश्रव है। [ कषति हिनस्ति आत्मानं कुगतिप्रापणात् इति कषायः क्रोधो मानो माया लोभश्च ] वह योग पद वाच्य आश्रव शुभा-शुभ भेद से दो प्रकार का है। काय-योग-वाग्योग-मनोयोग यह तीनों प्रकार का योग शुभा-शुभ भेद से छः प्रकार का होता है। मिथ्या दर्शन से वस्तु का तत्व न पहिचानना ही बन्ध है, वह दो प्रकार का है, उनमें एक मिथ्या कर्मोदय से होता है। दूसरा नैसर्गिक अर्थात् स्वभाव सिद्ध होता है। आश्रवरूप-भवप्रवाह का जो संवरण करता है, वह संवर है। केशलुञ्चनादि के द्वारा शरीर को जीर्ण करना निर्जरा है। समस्त कर्मबंध के उच्छेद होने पर असङ्ग रूप से अवस्थिति मोक्ष है। यही बात :—

आश्रवो बन्धहेतुः स्यात्संवरो मोक्षकारणम्।
इतीयमार्हती सृष्टिरन्यदस्याः प्रपञ्चनम् ॥ ३ ॥

इस पद्य में कही है। इसीका समर्थन [ सम्यग्दर्शन ज्ञान चारित्राणि मोक्ष-मार्गः ] इस आगमसार सूत्र में मिलता है। सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान, सम्यक्-चारित्र यही तीन मोक्ष मार्ग हैं, इन तीनों को रत्नत्रय नाम से भी कहा है। इनमें जो वस्तु जिस रूप में विद्यमान हो उसको जिनेन्द्र प्रदिष्ट मार्ग से देखना सम्यग्दर्शन है। मोह संशय रहित होकर यथावस्थित रूप में जीवादि परिज्ञान सम्यग्ज्ञान है। संसार में बार २ जन्म देने वाले कर्मों की निवृत्ति सम्यक् चारित्र है। यह तीनों मिलकर ही मोक्ष मार्ग है अलग २ नहीं। इनके स्थिरीकरण के लिये तत्वार्थ सूत्र में—

"तत्स्थैर्यार्थं भावनाः पञ्च पञ्च"

ऐसा कहा है। पूर्वोक्त व्रत पुष्टि के लिये पांच २ भावना सर्वार्थ सिद्धि नामक ग्रन्थ में इस प्रकार है—

१ क्रोधमोहभीरुत्वहास्यप्रत्याख्यानानि अनुवीचिभाषणं च पञ्च।
२ शून्यागार विमोचितावास परोपरोधाकरण भैक्षशुद्धि सद्धर्माविसंवादाः पञ्च।
३ स्त्रीराग कथाश्रवण तन्मनोहराङ्गनिरीक्षण पूर्वरतानुस्मरण वृष्येष्टरसभोग-स्वशरीरसंस्कारत्यागाः पञ्च।
४ मनोज्ञाऽमनोज्ञेन्द्रियविषयरागद्वेषवर्जनानि पञ्च।

इन सूत्रों का विस्तृत विवरण उनके मूल ग्रन्थ में देखना चाहिये, यहां पर केवल सङ्केत मात्र लिखा गया है। जैनों के मूल ग्रन्थ सूत्र पद्यबद्ध अत्यन्त दुरूह हैं। उनको देखकर सर्व साधारण के लाभार्थ हमने यहां पर यह विवेचन लिखा है। इनमें बहुत सी बातें हेय तथा बहुत सी उपादेय हैं।

# ❀ न्याय-दर्शन ❀

आस्तिक नास्तिक भेद से दर्शन दो प्रकार के माने गये हैं। उनमें चार्वाक, बुद्ध, आर्हत, माध्यमिक, योगाचार, सौत्रान्तिक आदि नास्तिक प्रणीत दर्शनों का, विवेचन हो चुका, अब क्रम प्राप्त आस्तिक दर्शनों पर विचार किया जाता है।

"द्वौ योगौ द्वे च मीमांसे द्वौतर्काविति षड् बुधाः"

इस कथन से सांख्य दर्शन और योग दर्शन इन दोनों को मिलाकर दो दर्शन योग सम्बन्धी माने जाते हैं। इसी लिये ( एकं सांख्यं च योगं च ) ऐसा गीता में लिखा है। पूर्व मीमांसा तथा उत्तर मीमांसा इन दोनों को मिला कर दो दर्शन मीमांसा सम्बन्धी कहे जाते हैं। न्यायदर्शन और वैशेषिक दर्शन इन दोनों को मिला कर दो दर्शन तर्क के नाम से कहे जाते हैं। अब सर्व प्रथम न्याय पर विचार किया जाता है। न्याय दर्शन में—

प्रमाण प्रमेय संशय प्रयोजन दृष्टान्त सिद्धान्तावयव तर्क निर्णय वाद जल्प वितण्डा हेत्वाभास छल जाति निग्रहस्थानानां तत्वज्ञानान्निःश्रेयसाधिगमः १।१।१

यह पहिला सूत्र है। इसमें प्रमाणादि निग्रह स्थानान्त सोलह पदार्थों के तत्व ज्ञान से मोक्षप्राप्ति होती है यह कहा गया है। इनमें पहिला प्रमाण है यह प्रत्यक्ष अनुमान उपमान शब्द इन चार भेदों से चार प्रकार का माना जाता है। यही बातः—

प्रत्यक्षानुमानोपमानशब्दाः प्रमाणानि।१।१।३
इन्द्रियार्थसन्निकर्षोत्पन्नं ज्ञानं प्रत्यक्षम्।४
तत्पूर्वकं त्रिविधमनुमानम्।५
प्रसिद्धसाधर्म्यात्साध्यसाधनमुपमानम्।६
आप्तोपदेशः शब्दः।७

इन सूत्रों में कही गई है। श्रवण, त्वक्, नेत्र, रसना, घ्राण, मन इनके द्वारा प्रत्यक्ष होता है। जो गुण जिस इन्द्रिय से प्रतीत किया जाता है तन्निष्ठ जाति भी उसी इन्द्रिय से प्रतीत की जाती है। अनुमान, अन्वय प्रतिरेक, केवलान्वय और केवल व्यतिरेक भेद से तीन प्रकार का माना जाता है। ( यत्सत्वे यत्सत्वमन्वयः। यदभावे यदभावो व्यतिरेकः। )

उपमानोपमेययोर्गुणलेशतः साम्यमुपमा।९।१
गुणबाहुल्यतश्च कल्पिता।२
तद्द्वैविध्यं पदवाक्यार्थवृत्तिभेदात्।३

सा पूर्णा लुप्ता च ।४
गुणद्योतकोपमानोपमेयशब्दानां सामग्र्ये पूर्णा ।५
लोपे लुप्ता ।६
अप्रतीतगुणसादृश्यं असादृश्यम् ।१६
असादृश्यहताह्युपमा तन्निष्ठाश्च कवयः ।१७

इन सूत्रोंमें उपमान की सामग्री मिलती है। इन सूत्रों पर हमने (काव्यालङ्कार सूत्र भाष्य) नामक निबन्ध लिखा है वह देखना चाहिये। यथार्थ वक्ता को आप्त कहते हैं। उसका उपदिष्ट वाक्य शब्द प्रमाण कहा जाता है। यहां तक प्रमाण विवेचन हुआ।

आत्मशरीरेन्द्रियार्थबुद्धिमनः प्रवृत्तिदोष प्रेत्यभावफलदुःखापवर्गास्तु प्रमेयम् १।१।९

इस सूत्र में प्रमेय का विवरण है। पूर्वोक्त प्रमाणों से जिसका अनुभव हो उसको प्रमेय कहते हैं। वह प्रमेय आत्मा-शरीर-इन्द्रिय-अर्थ इन्द्रियों के विषय-बुद्धि मन-प्रकृति--दोष--प्रेत्यभाव--फल--दुःख-अपवर्ग भेद से बारह प्रकार का माना गया है। इनका विवरण न्याय दर्शन में देखना चाहिये।

समानानेकधर्मोपपत्तेर्विप्रतिपत्तेरुपलब्ध्यनुपलब्धिव्यवस्थातश्च
विशेषापेक्षो विमर्षः संशयः ।१।२३
यमर्थमधिकृत्य प्रवर्तते तत्प्रयोजनम् ।२४
लौकिकपरीक्षकाणां यस्मिन्नर्थे बुद्धिसाम्यं स दृष्टान्तः ।२५
तन्त्राधिकरणाभ्युपगमसंस्थितिः सिद्धान्तः ।२६
प्रतिज्ञाहेतूदाहरणोपनयनिगमनानि अवयवाः ।३२
अविज्ञाततत्त्वेर्थे कारणोपपत्तितस्तत्त्वज्ञानार्थमूहस्तर्कः ।४०
विमृश्य पक्षप्रतिपक्षाभ्यामर्थावधारणं निर्णयः ।४१
पञ्चावयवोपपन्नः पक्षप्रतिपक्षपरिग्रहो वादः ।२।१
यथोक्तोपपन्नश्छलजातिनिग्रहस्थानसाधनोपालम्भो जल्पः ।२
स्वप्रतिपक्षस्थापनाहीनो वितण्डा ।३
सव्यभिचारविरुद्धप्रकरणसमसाध्यसमातीतकाला हेत्वाभासः ।४
अर्थविकल्पोपपत्त्या वचनविघातश्छलम् ।१०
साधर्म्यवैधर्म्याभ्यां प्रत्यवस्थानं जातिः ।१८
विप्रतिपत्तिरप्रतिपत्तिश्च निग्रहस्थानम् ।१९

इन सूत्रों में ग्रन्थकार ने संशयादि का लक्षण किया है। इनका विवरण न्याय दर्शन और उसके भाष्य में देखना चाहिये। इन सबके तत्व ज्ञान से मोक्ष प्राप्त होता है, यह गोतम का मत है। कणाद ने कहीं २ पर इनमें विशेष प्रतिपादन किया है। इसीसे उसका नाम ( विशेष प्रतिपादन के कारण वैशेषिक ) हुआ है। इनमें दोनों एक दूसरे के पक्ष पोषक हैं।

## ❀ वैशेषिक दर्शन ❀

इसमें यद्यपि रूपान्तर से गोतम के मत का ही पोषण है तथापि प्रमाणादि सोलह पदार्थों का द्रव्यादि सात पदार्थों में अन्तर्भाव करने से इनके वर्णन में कुछ विचित्रता है। इस दर्शन में:—

१ यतोऽभ्युदयनिःश्रेयससिद्धिः स धर्मः ।१।२

२ तद्वचनादाम्नायस्य प्रामाण्यम् ।३

३ तत्र शरीरं द्विविधं योनिजमयोनिजं च.।४।२५

४ सन्त्ययोनिजाः ॥१०॥ वेदलिङ्गाच्च ॥११॥

५ बुद्धिपूर्वा वाक्यकृतिर्वेदे ।६।१।१

६ इच्छाद्वेषपूर्विका धर्माधर्मप्रवृत्तिः ।६।२।१४

ये सूत्र विशेष अवधान से देखने योग्य है। इनमें धर्म का लक्षण, धर्म प्रति पादक होने से वेद का प्रामाण्य, शरीर के दो भेद, वेद में बुद्धि पूर्वक वाक्य रचना धर्म और अधर्म में इच्छा द्वेष पूर्वक प्रवृत्ति और निवृत्ति आदि विषयों का वर्णन बहुत सुन्दर है।

## ❀ पूर्व मीमांसा ❀

इसके लेखक महर्षि जैमिनि हैं इसके प्रथमाध्याय में विधि अर्थवाद मन्त्र नाम भेद से चार प्रकार का वेद धर्म में प्रमाण है, यह कहा गया है। द्वितीयाध्याय में योगादि कर्मों का भेद कहा गया है। तृतीय में प्रयाजादि यज्ञाङ्गों का दर्श पूर्णमा-सार्थकत्व कहा है। चतुर्थ में क्रत्वर्थक कर्मों का प्रयोज्य प्रयोजक भाव कहा है। पञ्चम में अनुष्ठीयमान कर्मों का क्रम विचार कहा है। षष्ठ में यज्ञ के अधिकारियों का निर्णय; सप्तम में सामान्यातिदेश विचार, अष्टम में विशेषातिदेश विचार, नवम में ऊह निर्णय, दशम में धान्य निर्णय, एकादश में नाना विध यज्ञाङ्ग-प्रसङ्ग, द्वादश में पशु के उपकारार्थ यज्ञ में उपयोग कहा है।

## ❀ सांख्य दर्शन ❀

इस दर्शन के प्रवर्तक महर्षि कपिलदेव हैं। "ऋषिं प्रसूतं कपिलं यस्तमग्रे"

इत्यादि श्रुतियों में भी कपिलका नाम आता है। इनके इस दर्शन में पदार्थों के चार भेद किये गए हैं। कोई पदार्थ केवल प्रकृति रूप है-कोई विकृतिरूप है-कोई उभय रूप है-और कोई अनुभयरूप है।

सत्वरजस्तमसां साम्यावस्था प्रकृतिः। प्रकृतेर्महान्। महतोऽहङ्कारः। अहङ्कारात्पञ्च तन्मात्राणि। उभयमिन्द्रियम्। तन्मात्रेभ्यः स्थूलभूतानि। पुरुषः। इति पञ्च विंशतिर्गणः १। ६१

इस सूत्र में प्रकृति और प्रकृति का विकार सब कुछ दिखाया गया है प्रधान-पदवाच्य केवल प्रकृति मूलप्रकृति कहलाती है। यह किसी अन्य पदार्थ की विकृति नहीं है। [प्रकरोतीति प्रकृतिः-मूलं चासौ प्रकृतिश्च मूलप्रकृतिः] महत्तत्वादि समस्त कार्य कलाप का यही मूल कारण है। [मूले मूलाभावात् अमूलं मूलम् १।६७] इस सूत्र में कहा है कि मूल में मूल के अभाव से अमूल पदार्थ ही सबका मूल माना जाता है यदि ऐसा न माना जावे तो "अनवस्था दोष प्रसंग" आता है। इसलिये प्रकृति ही सबका मूल कारण है।

"प्रकृतिं पुरुषं चैव विध्यनादी उभावपि"

इस गीता वचन में प्रकृति और पुरुष इन दोनों को अनादि कहा है। महत्तत्व-अहंकार शब्द स्पर्श रूप रस गन्ध यह सात पदार्थ प्रकृति के विकार से उत्पन्न तथा उभयरूप हैं जैसे महत्तत्व अहंकार की प्रकृति और मूल प्रकृति की विकृति है। अहंकार शब्दादि पञ्चक की प्रकृति और महत्तत्व की विकृति है। शब्दादि पञ्चक यथाक्रम आकाश वायु तेज जल और पृथ्वी का प्रकृति भूत तथा अहंकार का विकार है श्रोत्रादि पांच ज्ञानेन्द्रिय और वागादि पांच कर्मेन्द्रिय सदसद् भेद से उभयात्मक मन आकाशादि पञ्चमहाभूत यह सोलह केवल विकारात्मक हैं। अब रहा पुरुष? वह न किसी की प्रकृति है और न विकृति है। इसी बात को—

मूलप्रकृतिरविकृतिर्महदाद्याः प्रकृतिविकृतयः सप्त।
षोडशकस्तु विकारो न प्रकृतिर्नविकृतिः पुरुषः ॥१॥

इस सांख्यकारिका में कहा है। पुरुष के संसर्ग से विकृति के जड़ कार्य भी चेतन की तरह प्रतीत होते हैं। यहाँ पर अन्ध पंगु न्याय ठीक बैठता है। जैसे अन्धा पुरुष किसी आंख वाले पंगु को अपने कन्धे पर चढ़ाता है और पंगु भ्रमणेच्छा से अन्धे पुरुष के कन्धे का सहारा लेता है। इसी प्रकार जड़ प्रकृति अपने निर्वाह के लिये पुरुष का सहारा लेती है और पुरुष अपने भोग्य पदार्थों की प्रसविनी प्रकृति

का सहारा लेता है। इस अन्योन्याश्रय से यह समस्त प्रपञ्च खड़ा हुआ दीखता है। इस दर्शन का चरम लक्ष्य त्रिविध दुःख की अत्यन्त निवृत्ति है। और यही अत्यन्त पुरुषार्थ है। इसका विस्तार मूल ग्रन्थ में देखना चाहिये।

## ❀ योग दर्शन ❀

इसका दूसरा नाम "सेश्वरसांख्य" है। इसमें सांख्य प्रदर्शित पच्चीस तत्वों के अतिरिक्त छब्बीसवां परमेश्वर अधिक माना है यही इन दोनों में अन्तर है। उसकी प्राप्ति के लिये अष्टाङ्गभूत योग साधन माना है यम नियमादि साधनों के द्वारा कायशुद्धि और प्राणायामादि से अन्तःकरण शोधन के अनन्तर ध्यान से चित्त की एकाग्रता में समाधिस्थ होकर ब्रह्म साक्षात्कार करना इस शास्त्र का चरमलक्ष्य है। पुरुष मानने वाला सांख्य प्रकृतिज्ञान के अनन्तर पुरुष में प्रकृति का समन्वय करता है और ईश्वर को प्रधान लक्ष्य बना कर उसमें प्रकृति का लय योग बतलाता है। इसलिये यह दोनों ही ईश्वरवादी हैं इनको अनीश्वरवादी मानना केवल उन्मत्त-प्रलाप मात्र है। इसका मर्म समझने के लिये गीता और भागवतीय तृतीय स्कन्ध अवश्य देखना चाहिये।

## ❀ वेदान्त दर्शन ❀

वादरायण प्रणीत यह दर्शन चार अध्यायों में समाप्त होता है इसके प्रथमाध्याय में समस्त वेदान्त प्रतिपादक श्रुति वाक्यों का ब्रह्म में समन्वय दिखाया गया है। दूसरे में सम्भावित विरोधों का परिहार किया गया है। तीसरे में अध्यात्मविद्या साधन का निर्णय किया गया है। चतुर्थ में विद्याफल विस्तार किया गया है इस दर्शन पर श्री शंकराचार्य, श्री रामानुजाचार्य, श्री बल्लभाचार्य अपने२ अद्वैत विशिष्टाद्वैत शुद्धाद्वैत आदि सिद्धान्त पोषक भाष्य लिख चुके हैं उनका अवलोकन अवश्य करना चाहिये। हमने इस दर्शन के सिद्धान्त पूर्वार्द्ध गत सप्तम तथा नवम समुल्लास में विस्तार पूर्वक लिखे हैं इसलिये यहाँ पर उनके दुहराने की आवश्यकता नहीं है पूर्वमींमासागत यज्ञ विषय भी पिछले एक समुल्लास में लिखा गया है वह उसी स्थल पर देखना चाहिये।

## ❀ तन्त्र विवेचन ❀

मन्त्र-शास्त्र की तरह तन्त्र-शास्त्र भी बड़े महत्व की चीज है। इसका महत्व वेदज्ञ ही समझ सकते हैं। इनमें पूर्वोक्त समस्त दर्शन प्रतिपादित विषयों का बहुत सुन्दर वर्णन है, यह मार्ग अत्यन्त कठिन है। इस पर चलना महायोगी मत्स्येन्द्रनाथ आदि का ही काम है। विकार के समस्त साधन प्राप्त होने पर भी जिन योगियों का

चित्त विकृत नहीं होता वे उच्चकोटि के सिद्ध-पुरुष इस मार्ग के पथ-प्रदर्शक हैं। इनका नाम रूपनिर्देश वामकेश्वर-तन्त्र में इस प्रकार है :—

चतुःषष्टिश्च तन्त्राणि मातृणामुत्तमानि हि।
महामाया शंवरश्च योगिनी जालशंवरम् ॥१॥
तत्वशंवरकं चैव भैरवाष्टकमेव च।
बहुरूपाष्टकं चैव यामलाष्टकमेव च ॥२॥
चन्द्रज्ञानं मालिनी च महासम्मोहनं तथा।
वामजुष्टं महादेवं वातुलं वातुलोत्तरम् ॥३॥
हृद्भेदं तन्त्रभेदं च गुह्यतन्त्रं च कामिकम्।
कलावादं कलासारं तथान्यत्कुण्डिकामतम् ॥४॥
मत्तोत्तरं च वीणाख्यं त्रोतलं त्रोतलोत्तरम्।
पञ्चामृतं रूपभेदं भूतोड्डामरमेव च ॥५॥
कुलसारं कुलोड्डीशं कुलचूडामणिस्तथा।
सर्वज्ञानोत्तमं चैव महाकालीमतं तथा ॥६॥
अरुणेशं मोदनीशं त्रिकुडीश्वरमेव च।
पूर्वपश्चिमदक्षं च उत्तरं च निरुत्तरम् ॥७॥
विमलं विमलोजं च देवीमतमतः परम् ॥८॥

इन पद्यों में चौंसठ तन्त्रों का नाम निर्देश है। इन तन्त्रों-द्वारा प्रतिपादनीय विषय इस प्रकार है—महामाया शंवर नामक प्रथम तन्त्र में ऐन्द्रजालिक प्रयोगों का वर्णन है।

(२) योगिनी जाल शंवर नामक दूसरे तन्त्र में योगिनी-समूह के दर्शन का उपाय वर्णित है।

(३) तत्व शंवर नामक तृतीय तन्त्र में पृथिव्यादि तत्वों का विचित्रता प्रतिपादक वर्णन है।

(४) भैरवाष्टक में कापालिक-मत का प्रतिपादन है। इस अष्टक में सिद्ध भैरव, मायिक-भैरव, कङ्काल-भैरव, कालाग्नि-भैरव, शक्ति-भैरव, योगिनी-भैरव, महा भैरव, भैरवनाथ—यह आठ तन्त्र सम्मिलित हैं।

(५) बहुरूपा नामक एक शक्ति है। उसके प्रतिपादक आठ तन्त्र हैं। जिनके ब्राह्मी-तन्त्र, माहेश्वरी-तन्त्र, कौमारी-तन्त्र, वैष्णवी-तन्त्र, वाराही-तन्त्र, इन्द्राणी-तन्त्र चामुण्डा-तन्त्र, शिवदूती-तन्त्र—यह नाम हैं।

( ६ ) यामलाष्टक में रुद्रयामल आदि आठ तन्त्र हैं। इनमें अपनी २ कुलदेवी का उपासन प्रकार है।

( ७ ) चन्द्रज्ञान-तन्त्र में ऐश्वर्य-बर्द्धक उपायों का वर्णन है।

( ८ ) मालिनी-तन्त्र में समुद्रयान के उपायों का प्रतिपादन है।

( ९ ) महा सम्मोहन-तन्त्र में जागते हुये मनुष्यों को सुलाने का उपाय बतलाया है।

( १० ) वामजुष्ट [ अर्थात् ] वामकेश्वर-तन्त्र में देवी की उपासना का प्रकार वर्णित है। ( ३१ )

( ११ ) महादेव-तन्त्र में कुलाचार-प्रदर्शन पूर्वक वटुकभैरव की उपासना का प्रकार वर्णित है।

( १२ ) वातुल-तन्त्र, वातुलोत्तर-तन्त्र, कामिक-तन्त्र यह तीन तन्त्र कृषि-विद्या के अनेक भेद बतलाते हैं।

( १३ ) हृद्भेद-तन्त्र कापालिकाचार प्रतिपादक है।

( १४ ) तन्त्र भेद-तन्त्र, गुह्यभेद-तन्त्र ये दो तन्त्र कृत्या प्रयोग के प्रत्यावर्तन कार्य का प्रतिपादन करते हैं।

( १५ ) कलावाद-तन्त्र कामशास्त्र का मूल भूत है।

( १६ ) कलासार-तन्त्र रूपबर्द्धक तथा रूपनाशक द्रव्यों का उपयोग बतलाने में अद्वितीय है।

( १७ ) कुण्डिका मत-तन्त्र पारद की गुटिका बनाने के लिये तथा उसके द्वारा आकाश-गमन के लिये उत्तम उपाय बतलाता है।

( १८ ) मत्तोत्तर-तन्त्र पारद का जारण, मारण, शोधन, बोधन चार प्रकार बतलाता है।

( १९ ) वीणा-तन्त्र यक्षिणी को वश में करने की क्रिया बतलाता है।

( २० ) त्रोतल-तन्त्र में सिद्धाञ्जन, सिद्ध पादुका, सिद्ध गुटिका का सम्पादन और प्रयोग-विधि है।

( २१ ) त्रोतलोत्तर-तन्त्र—चौंसठ हजार योगिनी और चौंसठ हजार वैतालों का दर्शन प्रकार और वशीकरण बतलाता है।

( २२ ) पञ्चामृत-तन्त्र—पृथिवी आदि पञ्च-तत्वों की उपासना से अमरत्व प्राप्त करने की विधि बतलाता है।

( २३ ) रूपभेद-तन्त्र आदि पांच तन्त्रों में मारण, मोहन, उच्चाटन, वशीकरण, जारण, शोषण आदि प्रयोगों का बहुत ही सुन्दर प्रतिपादन है।

(२४) सर्वज्ञानादि-तन्त्र-पञ्चक में कापालिक दिगम्बर आदि मतों का वर्णन है।

(२५) पूर्व-तन्त्र से लेकर देवी-तन्त्र तक आठ तन्त्र— क्षपणक; वैभाषिक, सौत्रान्तिक आदि नास्तिक मतों का प्रतिपादन करते हैं। यहाँ तक चौंसठ तन्त्रों का विषय प्रतिपादन किया गया है।

इन तन्त्रों में अनेक विद्याओं का विशद वर्णन है परन्तु गुरु के विना बताये इनकी ग्रन्थि नहीं खुलती है। इनका प्रयोग उस गुरु से सीखना चाहिये जिसने अनुष्ठान द्वारा मन्त्रों को सिद्ध किया हो? निर्जीव मन्त्रों को सजीव बनाना गुरु कृपा पर निर्भर है।

आजकल बहुत से अनभिज्ञ जन गुरुओं का अनादर कर के बहुत से चुटकुले सीखने का प्रयत्न करते हैं। परन्तु उनको लाभ के बदले उलटी हानि उठानी पड़ती है, कोई पागल बन जाते हैं, कोई सर्वनाश कर के काल के गाल में पड़ जाते हैं। इसलिये इनको विना गुरु के नहीं करना चाहिये। इनमें तिल की ओट में पहाड़ छिपा रहता है, उसका रहस्य गुरुसे ही समझना चाहिये; यही इस प्रकरणमें हमारा अन्तिम वक्तव्य है।

इति श्रीमदखिलानन्दशर्मप्रणीते,

वैदिक-सत्यार्थ-प्रकाशे

ऊनविंशः समुल्लासः।



# विंशः समुल्लासः

## ❀ आर्ष गोत्र विवेचनम् ❀

इस समुल्लास में ऋषियों का गोत्र तथा प्रवर बतलाने का प्रयत्न किया जाता है। ब्राह्मण जाति के लिये गोत्र प्रवर विज्ञान अत्यावश्यक है। जिसको अपने गोत्र एवं प्रवर का ज्ञान नहीं वह अपने पूर्वज महर्षियों का मान नहीं रख सकता है।

काहं कोहं कुलं किं मे सम्बन्धः कीदृशो मम।
स्वधर्मः को ममेत्येवं चिन्तनीयं प्रयत्नतः ॥ १ ॥

मैं किस अवस्था में हूं? कौन हूं? मेरा कुल कौन है? मेरा सम्बन्ध किनके साथ है? मेरा धर्म क्या है? इन बातों पर प्रत्येक मनुष्य को विचार करना चाहिये, ऐसा सह्याद्रिखण्ड में लिखा है।

आत्मनो ज्ञातिवृत्तान्तं यो न जानाति मानवः।
स्वज्ञातिभिः परित्यक्तः स किं दास्यति सूत्तरम् ॥ १ ॥
स्वजातिपूर्वजानां यो न विजानाति सम्भवम्।
स भवेत्पुंश्चलीपुत्रैः सदृशो मातृगर्हणः ॥ २ ॥
गोत्रप्रवरशाखादि पूर्वजस्थितिमादरात्।
आत्मनः सर्ववृत्तान्तं जानीयात्सर्वतस्ततः ॥३॥

यह पद्य पद्मपुराण के है। इनमें कहा है कि जो मनुष्य अपनी विरादरी का परिचय नहीं रखता वह जातिच्युत होने पर क्या उत्तर दे सकता है? जो अपने पूर्वजों का वंश क्रम नहीं जानता है वह मातृ गर्हण वेश्या पुत्र के समान माना जाता है। इसलिये प्रत्येक मनुष्य को अपना गोत्र प्रवर शाखा सम्बन्ध तथा अपने पूर्वजों का वंश परिचय साथ ही अपना समस्त वृत्तान्त जानना चाहिये।

जिस सनाढ्य जाति में हम उत्पन्न हुए हैं उसमें बहुत मनुष्य अपने वंश वृक्ष का (अथवा) अपने मूल पुरुषों का परिचय नहीं जानते जो अवश्य जानना चाहिये इसीलिये अपना जात्यभिमान छोड़कर नवीन थोकों में लालच वश फंसकर अपने कर्म धर्म को छोड़ते जाते हैं। समय पर ब्राह्मणोचित गर्भाधानादि वैदिक संस्कारों को भूलकर पाशविक नवीन मत मतान्तरों में फंसते जाते हैं। ब्राह्मणों के लिये

नियत सन्ध्या बन्दन–अग्निहोत्र--गायत्रीजप--वेदाध्ययन--पञ्चमहायज्ञ छोड़कर अपनी उदरदरी भरने के लिये अनुचित कार्य भी करने लगते हैं। उनकी इस मनोवृत्ति को हटाने के लिये हम यहां पर अपने वंश वृक्ष का निरूपण करते हैं जिससे समस्त ब्राह्मण जाति का अज्ञान नष्ट हो और सब ब्राह्मण अपने पूर्वज महर्षियों का गौरव समझ कर ब्राह्मणोचित कार्यों में प्रवृत्त हों।

## ❀ प्राचीन ग्रन्थ परिचय ❀

गोत्र प्रवर निरूपण में उपयोगी मन्त्र ब्राह्मणात्मक वेद आपस्तम्ब श्रौतसूत्र आश्वलायन श्रौतसूत्र, शतपथीय बंश ब्राह्मण, बौधायन धर्मसूत्र, सत्याषाढ़ श्रौत सूत्र-लौगाक्षि प्रणीत गोत्र प्रवर काण्ड, पुरुषोत्तम विरचित प्रवर मञ्जरी, सायणाचार्य प्रणीत गोत्रप्रवरनिर्णय, प्रवरदर्पण, मत्स्यपुराण, भविष्यपुराण, मार्कण्डेयपुराण; आदि प्राचीन ग्रन्थ हैं। इनके आधार पर ही यहां पर यह विवेचन लिखा जाता है।

## ❀ गोत्र प्रवर्त्तक ऋषि ❀

हमारे गोत्र प्रवर्तक–मरीचि, अत्रि, अङ्गिरा, पुलह, क्रतु, प्रचेता, वसिष्ठ, भृगु यह आठ ऋषि हैं। कोई २ आचार्य पुलह के स्थान में अगस्त्य को मानते हैं। यह सब ब्रह्मा के पुत्र हैं।

स्वयम्भु ब्रह्मणे नमः ( शतपथ ) १४ । ७ । ३ । २८
मरीचीनां पदमिच्छन्ति वेधसः ( ऋग्वेद ) १० । १७७ । १
शर्दिर्नोअत्रिरग्रभीन्नमोभिः ( अथर्व ) १८ । ३ । १६
भृगूणामंगिरसां तपसा तप्यध्वम् ( यजुः ) १।१८
विश्वामित्रजमदग्ने वसिष्ठ भरद्वाज ( अथर्व ) १८ । ३ । १५
प्रचेता न आंगिरसः ( अथर्व ) ६ । ४५ । ३
अग्निर्होता कविः क्रतुः ( ऋ० ) १ । १ । ५

वेद के इन मन्त्रों में ब्रह्मा से लेकर गोत्र प्रवर्तक ऋषियों का नाम आया है। यजुर्वेद के [ सहप्रमा ऋषयः सप्त दैव्याः ३४ । ४६ ] इस मन्त्र में गोत्र प्रवर्तक सप्तर्षियों को दैव्य कहा है। इसके अलावा :—

अगस्त्यः खनमानः खनित्रैः, प्रजामपत्यं बलमिच्छमानः।

इस ऋग्वेद मन्त्र में गोत्र प्रवर्तक अगस्त्य का भी नाम आया है। [ नमः कपर्दिने च पुलस्तये च। १६ । ४३ ] यजुर्वेद के इस मन्त्र में पुलस्त्य ऋषि का नाम मिलता है इन गोत्र प्रवर्तक ऋषियों का वंश अठासी हजार हुआ यह बात [ गोत्रावयवात् ४ । १ । ७६ ] इस सूत्र के भाष्य में महर्षि पतञ्जलि ने इस प्रकार कही है।

अष्टाशीतिः सहस्राणि ऊर्ध्वरेतसामृषीणां बभूबुः ।
तत्र अगस्त्याष्टमैः ऋषिभिः प्रजन अभ्युपगतः ॥
तत्रभवतां यदपत्यं तानि गोत्राणि अतोन्ये गोत्रावयवाः"

महाभाष्य के इस पाठ में अठासी हजार ऋषि थे, यह बात सिद्ध होती है। और अगस्त्यान्त सप्तर्षियों ने सर्व प्रथम सन्तान उत्पन्न की जिनको गोत्र प्रवर्तक माना जाता है यह बात भी सिद्ध होती है। आपस्तम्ब धर्म सूत्र में :—

अष्टाशीतिः सहस्राणि ये प्रजामीषिरे ऋषयः ।
दक्षिणेनार्यम्णः पन्थानं ते श्मशानानि भेजिरे ॥ ३ ॥
अष्टाशीतिः सहस्राणि ये प्रजां नेषिरे ऋषयः ।
उत्तरेणार्यम्णः पन्थानं तेऽमृतत्वं प्रपेदिरे ॥ ४ ॥

इन दो गाथाओं के अन्दर दो प्रकार के ऋषियों का वर्णन मिलता है। जिन अठासी हजार ऋषियों ने प्रजा की इच्छा की वे मरणधर्मा हुये और जिन अठासी हजार ऋषियों ने सन्तान उत्पन्न नहीं की वे अमर हुये। इस प्रकार ८८००० और ८८००० मिल कर १ लाख ६६ हजार ऋषि होते हैं। यह सब ब्रह्मा से उत्पन्न ब्राह्मण वंश का विस्तार है। ब्रह्मा के मानस पुत्र कौन कौन थे इस विषय में :—

मरीचिरंङ्गिराश्चात्रिः पुलस्त्यः पुलहः क्रतुः ।
वसिष्ठ इति सप्तैते मानसा निर्मिता हि ते ॥३४० ।, ६४

यह महाभरत के शान्ति पर्व का प्रमाण है। इसमें मरीचि अङ्गिरा अत्रि पुलस्त्य पुलह क्रतु वसिष्ठ इनका नाम मिलता है। ये सप्तर्षि ही प्रवृत्ति मार्ग में चलने वाले वंश वर्द्धक ऋषि थे। इनके अतिरिक्त :—

सनः सनत्सुजातश्च सनकः ससनन्दनः ।
सनत्कुमारः सनजः सप्तमश्च सनातनः ॥ ३४० । ६७
सप्तैते मानसाः प्रोक्ता ऋषयो ब्रह्मणः सुताः । ६८

महाभारत के इन दो पद्यों में सन-सनत्सुजात-सनक-सनन्दन-सनत्कुमार सनज-सनातन इन सप्तर्षियों का नाम मिलता है। ये सप्तर्षि निवृत्ति मार्ग में चलने वाले विद्या वंश वर्द्धक अमर थे। दोनों प्रकार के यह मानस पुत्र ब्रह्मा से प्रकट हुये। [ ब्रह्मा देवानां प्रथमः सम्बभूव १ । १ ] इस मुण्डक श्रुति में सर्व प्रथम ब्रह्मा का आविर्भाव माना है। और :—

यः श्रमात्तपसो जातो लोकान्सर्वान्समानशे ।
[ अथर्व १० । ७ । ३६ ]

आदौ सनात्स्वतपसः सचतुः सनोऽभूत् २।७।५ ( श्रीमद्भागवत )

इन दो प्रमाणों से ब्रह्मा का उद्भव तप से हुआ है। इसलिये [ तपसोजातः ] ऐसा मन्त्र में स्पष्टपद आया है। वेद में तपोवाचक अकारान्त सनशब्द कई मन्त्रों में आया है। भागवत के पद्य में उसीका 'सनात्" यह पञ्चम्यन्त रूप है। [ सनात्-सनशब्द वाच्यात् स्वतपसः स ब्रह्मा चतुःसनोभूदिति भागवत पद्यार्थः ] जिन मन्त्रों में तपोवाचक अकारान्त सनशब्द आया है उनका उदाहरण इस प्रकार है—

सचा पूतक्रतौ सनम् ८ । ६८ । १७
किं सनेन वसव आप्येन २ । २९ । ३
सनाय ते गोतम इन्द्र नव्यम् १ । ६२ । १३
सनात् सनीड़ा अवनीरवात १ । ६२ । १०

ऋग्वेद के इन मन्त्रों में [ सनं सनेन सनाय सनात् ] यह रूप अकारान्त सन शब्द के हैं ब्रह्मा का पहिला पुत्र सन महाभारत के पद्य में ऊपर आ चुका है।

एवं बृन्दारक आढ्यः सन्नधीतवेदः १४ । ६ । ११ । १

शत-पथ ब्राह्मण की इस कण्डिका में भरे हुये अर्थ में प्रयुक्त "आढ्य" शब्द दूर से चमक रहा है। सन और आढ्य इन दोनों के मिलने पर जो शब्द बनेगा उसको सभी विद्वान् जानते हैं। कहने की कुछ आवश्यकता नहीं है।

तपः श्रुतं च योनिश्चेत्येतद्ब्राह्मणकारणम् ।
तपःश्रुताभ्यां यो हीनो जातिब्राह्मण एव सः ॥१॥

यह पद्य "नञ्" सूत्र के महाभाष्य में पतञ्जलि ने दिया है। इसमें कहा है कि जिसमें तप, श्रुत, योनि यह तीनों मिलते हों वह पूर्ण ब्राह्मण है और जिसमें तप और विद्या का अभाव हो वह जाति ब्राह्मण कहने योग्य है। यहां तक हमने ब्रह्मा का और उनके मानस पुत्रों का परिचय दिया है अब इनके द्वारा प्रवृत्त गोत्रों का परिचय देते हैं।

## ❀ गोत्र प्रवर विचारः ❀

अपत्यं पौत्रप्रभृति गोत्रम् ४ । १ । १६२

इस पाणिनि सूत्र में पुत्र का अपत्य पौत्रादि गोत्र शब्द से गृहीत होता है।

प्रवरान्व्याख्यास्यामः ॥ १ ॥

यह सूत्र आपस्तम्ब के प्रवर खण्ड का है इस प्रतिज्ञा सूत्र का कपर्दि स्वामी के भाष्य में [ प्रज्ञातबन्धूनां यैरग्निर्वीयते ते प्रवराः ] यह निर्वचन है।

आर्षेयं वृणीते । २

बन्धोरेव नैति अथो सन्तत्यै । ३

इन दो सूत्रों में कहा है कि ऋषियों से प्रवृत्तगोत्र का वरण करना चाहिये। ऐसा करने से पूर्व ऋषि के सम्बन्ध से च्युत नहीं होता है और उसकी अग्रिम सन्तति में भी उसी का सञ्चार होता है।

नदेवैर्न मनुष्यैरार्षेयं वृणीते ।

ऋषिभिरेवार्षेयं वृणीते ॥४॥

आर्षेयपद प्रवर का पर्याय है देवताओं से अथवा मनुष्यों से प्रवृत्त प्रवर का वरण नहीं करना चाहिये किन्तु ऋषि प्रवृत्त प्रवर का वरण करना चाहिये।

यो वा अन्यः सन्, अन्यथा अन्यस्य

आर्षेयं वृणीते अस्य तदृषिः इष्टं

वीतं वृङ्क्ते ॥ ५ ॥

जो यजमान अन्य गोत्र का होकर दूसरे के प्रवर का वरण करता है उसके कर्म फल को गोत्र प्रवर्तक ऋषि नष्ट कर देता है।

एकं वृणीते । द्वौ वृणीते । त्रीन्वृणीते ।

न चतुरः । न पंचातिवृणीते ॥ ६ ॥

वरण प्रसंग में एक दो अथवा तीन तक यजमान वरण कर सकता है चार का नहीं। पाँच के बाद छटे का भी वरण नहीं कर सकता है। यही बात प्रवरों के विषय में भी है।

पुरोहितस्य प्रवरेण राजा प्रवृणीते ॥ ७ ॥

राजा का गोत्र अथवा प्रवर नहीं होता है। इसलिये यज्ञादि में राजा पुरोहित के प्रवरों का वरण करता है। यही बात वैश्यों के लिये भी नियत है। यही बात कुछ शब्द परिवर्तन के साथ २ सत्याषाढ़ लौगाक्षि बौधायन आश्वलायन सूत्रों में कही है।

एकएव ऋषिर्यावत्प्रवरेष्वनुवर्तते ।

तावत्समानगोत्रत्वं ऋते भृग्वङ्गिरोगणात् ॥ १ ॥

गोत्राणान्तु सहस्राणि प्रयुतान्यर्बुदानि च ।

ऊनपंचाशदेवैषां प्रवरा ऋषिदर्शनात् ॥ २ ॥

बोधायनकृत महा प्रवराध्याय में यह दो पद्य हैं। इन में कहा गया है कि जबतक प्रवरों के साथ एक ऋषि का सम्बन्ध रहता है तब तक समान गोत्रता बनी

रहती है। गोत्र अनन्त हैं, उनकी संख्या नहीं की जा सकती है। परन्तु मन्त्र प्रमाण से प्रवर केवल उनञ्चास ही होते हैं। इनमें घटना-बढ़ना नहीं बन सकता है।

## मतान्तरमाह

वौधायन के मत में क्षत्रिय दो प्रकार के होते हैं। जिनके वंश में पूर्वज क्षत्रिय मन्त्रद्रष्टा हुये हैं वे अपना प्रवर स्वीकार कर सकते हैं और जिनके पूर्वज मन्त्रद्रष्टा नहीं हुये हैं वे पुरोहित के प्रवर का वरण कर सकते हैं यही बात वैश्यों के लिये भी वे कहते हैं। इन बातों का समर्थन उनके:--

क्षत्रियाणां त्र्यार्षेयो भवति। मानवैलपौरूरवसेति। वैश्यानां त्र्यार्षेयः प्रवरो भवति। भालन्दनवात्सप्रिमाङ्कीलेति। इतरेषां पुरोहितप्रवरो राजन्यविशाम्।

इन पांच सूत्रों से होता है। जो क्षत्रिय ( अथवा ) वैश्य असम्प्रज्ञात-बन्धु है अर्थात् जिनके पूर्वजों की वंश-परम्परा विस्मृत हो गई है वे अपने २ पूर्वज आचार्यों के प्रवरों से यज्ञादि कार्यों में वरण करें क्योंकि वे उनके विद्या-वंश में गृहीत हो चुके हैं। यह बात उनके :—

अथ असंप्रज्ञातबन्धुः आचार्यं वा तद्वंशीयमामुष्यायणं अनुप्रब्रवीत। आचार्य-प्रवरं वृणीत। एवमस्मै धर्मानात्रिवोतिस आचार्यः। तस्मै न द्रुह्येत कदाचन सहि विद्यातस्तं जनयति। तच्छ्रेष्ठं जन्म। शरीरमेव मातापितरौ जनयतः। यानुत्पादयते यानुपनयते यानध्यापयते यान्याजयते ते तस्य पुत्रा भवन्ति॥

इन तीन् सूत्रों से सिद्ध होती है--जिन ब्रह्मर्षियों के पूर्वजों से राजर्षि विद्या-ध्ययन कर चुके उन राजवंशीय राजन्यों को अपने पूर्वज-सबन्धुओं के भूल जाने पर अब भी अपने वासिष्ठादि-कुलगुरुओं का अथवा उनके वंशज-पुत्र, पौत्र, प्रपौत्रों का प्रवर लेना चाहिये। यही सूत्रों का अभिप्राय है।

## उपाधि-प्रवृत्त वंश।

आजकल गोत्र-प्रवर प्रसंग में बहुत से पुरुष अपनी उपाधि—"अल्ल" देकर अपनी जाति का परिचय देने में प्रवृत्त दीखते हैं उनका यह कथन [ गोत्रावयवात् ४।१।७९ ] इस सूत्र के भाष्य में :—

"भारद्वाजीयाः पठन्ति। सिद्धन्तु कुलाख्याभ्यो लोके
गोत्राभिमताभ्यः। कुलाख्याः लोके गोत्रावयवाः उच्यन्ते"॥

इन वचनों से सिद्ध होता है—हमारी जाति में यह बात विशेष रूप से प्रचलित इसी प्रसंग को लेकर [ पैठीनसी-स्मृति में ] कहा है :—

"येषां पुरुषतःप्रजोत्पत्तिरविच्छिन्ना भवति । ते संगतकुलीनाः" ॥१।३।१०

जिनके वंश में मूल-पुरुष से अविच्छिन्न-प्रजोत्पत्ति होती है वे संगत कुलीन कहाते हैं और जिनके वंश में मूल-पुरुष का सम्बन्ध छिन्न-भिन्न हो गया, वे गाधि-वंशज-विश्वामित्र की तरह असङ्गत-कुलीन ही ठहरते हैं। इस लिये अपने गोत्र-प्रवर्तक पूर्वज महर्षियों का वंशानुक्रम अवश्य ही ध्यान में रखना चाहिये।

## प्रजोत्पादक-गण

( १ ) मानव्यो हि प्रजा इतिहि ब्राह्मणम् । २।३।१०

## ताण्ड्य-ब्राह्मण ।

( २ ) अहं मनुरभवं सूर्यश्च [ऋग्वेद] ॥४।२६।१

( ३ ) महर्षयः सप्त पूर्वे चत्वारो मनवस्तथा ।
मद्भावा मानसा जाता येषां लोक इमाः प्रजाः ॥१०।६

## भगवद्गीता ।

( ४ ) स्वायम्भुवस्यास्य मनोः षड्वंश्या मनवोऽपरे ।
सृष्टवन्तः प्रजाः स्वाः स्वा महात्मानो महौजसः ॥१।६१
स्वायम्भुवाद्याः सप्तैते मनवो भूरिरेतसः ।
स्वेस्वेऽन्तरे सर्वमिदमुत्पाद्यापुश्चराचरम् ॥१।६३

## मनुः ।

( ५ ) अहं प्रजाः सिसृक्षुस्तु तपस्तप्त्वा सुदुश्चरम् ।
पतीन्प्रजानामसृजं महर्षीनादितो दश ॥१।३४
एते मनूंस्तु सप्तान्यानसृजन्भूरिरेतसः ।
देवान्देवनिकायांश्च महर्षींश्चामितौजसः ॥१।३६

इन प्रमाणों में प्रजोत्पादक-गण के विषय में अनेक मत हैं। ताण्ड्य-श्रुति मनु से प्रजा का उद्भव मानती है। ऋग्वेद श्रुति में ईश्वर ही मनु-रूप में प्रकट हुआ, यह सिद्ध होता है।

एतमेके वदन्त्यग्निं मनुमन्ये प्रजापतिम् ।
इन्द्रमेके परेप्राणमपरे ब्रह्म शाश्वतम् ॥१२।१२१

मनु के इस पद्य में अग्नि-मनु-प्रजापति-इन्द्र-प्राण यह सब एक ब्रह्म के ही विकार बतलाये हैं। गीता में सात महर्षि चार सनकादिक और सात मनु-ये सब

पुरुष के प्रपंच रूप कहे हैं। मनु में दोनों मतों का समन्वय मिलता है। स्वायम्भुव-मनु से भी प्रजा का उद्भव उसमें कहा है और प्रजापति रूप मरीचि आदि से भी प्रजा का उद्भव उसमें मिलता है। इन सब में बहुत अन्तर है। इन सब में सरल और सुन्दर मनु का ही मत है जिसमें सबका समन्वय हो जाता है।

## एक गोत्र में विवाह निषेध

( १ ) सगोत्राय दुहितरं न प्रयच्छेत् ( आपस्तम्ब: )
( २ ) असमानप्रवरैर्विवाह: ( आश्वलायन: )
( ३ ) सगोत्रवर्जमन्यत्रविवाह: ( बौधायन: )
( ४ ) सगोत्रां गत्वा चान्द्रायणं कुर्यात् ( बौधायन: )
( ५ ) सखिसयोनि सगोत्रासु गुरुतल्पसमं गमनम् ( गोतम: )

इन प्रमाणों से सगोत्र में विवाह करना निषिद्ध है। अज्ञान से यदि कदाचित् हो जावे तो चान्द्रायण व्रत उसके प्रायश्चित में करना चाहिये। गोतम के मत में यह कार्य गुरु-तल्प गमन के समान है।

विश्वामित्रो जमदग्निर्भरद्वाजोथ गोतम: ।
अत्रिर्वसिष्ठ: कश्यप इत्येते सप्तर्षय: ।
अगस्त्याष्टमानामेषां यदपत्यं तद्गोत्रम् ॥

बोधायन प्रणीत "प्रवर मञ्जरी" के इस प्रमाण से वर्तमान समय के सप्तर्षि विश्वामित्र आदिक हैं। शत-पथ ब्राह्मण के अष्टम काण्ड में [प्राणो वै वसिष्ठऋषि:-१ मनो वै भरद्वाजऋषि: २ चक्षुर्वै जमदग्निर्ऋषि: ३ श्रोत्रं वै विश्वामित्र ऋषि: ४ वाग्वै विश्वकर्मा ऋषि: ५] इन प्रमाणों से प्राण-मन-चक्षु श्रोत्र-वाक् इनको विश्वामित्रादिक ऋषि माना है। [८ । १ । १] यहां पर गाधि वंशज विश्वामित्र का ग्रहण नहीं है। क्योंकि वह ब्रह्मर्षियों की सूची से अलग हैं।

त एते अन्ध्रा: पुण्ड्रा: पुलिन्दा मूतिबा: ।
इत्येतदन्ता बहवो वैश्वामित्रा दस्यूनां भूयिष्ठा: ॥७ । १८

ऐतरेय ब्राह्मण के इस प्रमाण से विश्वामित्र का समस्त वंश दस्यु-जाति का प्रवर्तक है। इसीलिये शतपथ के वंश ब्राह्मणमें विश्वामित्र का नाम नहीं है। [ मित्रे-चर्षौ ६ । ३ । १३० ] इस सूत्र में पूर्व-सूत्र से संज्ञा पद की अनुवृत्ति आने पर केवल वैयक्तिक राजर्षित्व इनको प्राप्त है। परन्तु ब्रह्मर्षित्व नहीं। इसी कारण शतपथ के [ सुब्रह्मण्य ] निगद में इन्द्र के लिये निन्दा-परक अहल्याजार-कौशिक ब्राह्मण गोतम

ब्रुवाण आदि नामों से सम्बोधित किया गया है। विश्वामित्र के पूर्वज क्षत्रिय थे ब्राह्मण नहीं थे। इनका वंशानुक्रम अजमीढ़ राजा से चलता है। ब्रह्मा के मरीचि आदि दश पुत्रों से इनके वंश का आरम्भ नहीं है। गायत्री के द्रष्टा जो विश्वामित्र हैं वह गाधि वंशज नहीं हैं। यदि यही माना जावे तो विश्वामित्र के लिये किस गायत्री का उपदेश माना जायगा? और गायत्री का भी तीन वेदों से संभव कैसे माना जायगा? इसलिये यह कल्पना ही गलत और नवीन है। इसका समर्थन कोई आर्ष ग्रन्थ नहीं करता है।

## गोत्र प्रवर-विवेचन।

"भृगूणामादितोव्याख्यास्यामः" बौधायन प्रणीत—"प्रवर-मञ्जरी" के इस उपक्रम में सर्व प्रथम भृगु का नाम आता है। "महर्षीणां भृगुरहम्" १०। २५ इस भगवद्गीता के पद्य में भी भृगु का उल्लेख मिलता है। गोपथ ब्राह्मण के प्रथम प्रपाठक में :—

"ताभ्यः श्रान्ताभ्यस्तप्ताभ्यः यद्रेतआसीत्तद्भृज्यत ।
यदभृज्यत तस्माद्भृगुः समभवत्" १।१।३
"तस्य श्रान्तस्य तप्तस्य सर्वेभ्योऽङ्गेभ्यो रसोऽक्षरत् ।
तं वा एतमङ्गरसं सन्तं अङ्गिरा इत्याचक्षते १।१।७"

इन दो कण्डिकाओं के अन्दर भृगु और अङ्गिरा का वर्णन मिलता है। इसमें भी प्रथम भृगुवंश का ही उल्लेख है। मत्स्य-पुराणोक्त गोत्र प्रवराध्याय में भी—

ततो जातो महातेजा भृगुश्च तपसां निधिः ।
अङ्गारेष्वङ्गिरा जात अर्चिभ्योत्रिस्तथैव च॥१॥
मरीचिभ्यो मरीचिस्तु ततो जातो महातपाः ।
वसुमध्यात्समुत्पन्नो वसिष्ठश्च तपोधनः ॥२॥

इन पद्यों में प्रथम भृगु ही प्राप्त होते हैं। इसलिये भार्गव वंश-प्रवर्त्तक ब्रह्माके मानस पुत्र-महर्षि भृगु का यहां पर भी सर्व प्रथम उल्लेख किया जाता है। इनका विवाह पुलोमा की पुत्री से हुआ, और च्यवन आदि ऋषि इनसे उत्पन्न हुये। इनमें पांच प्रवर मुख्य माने जाते हैं जिनका उल्लेख मत्स्य-पुराण में मिलता है।

"अङ्गिरसो व्याख्यास्यामः" इस बौधायन-सूत्र में दूसरा नाम अङ्गिरा का आता है। अङ्गिरा ब्रह्मा का मानस-पुत्र है। इनका मरीचि की पुत्री सुरूपा से विवाह हुआ। उससे भरद्वाज आदि ऋषि उत्पन्न हुये, इनमें आङ्गिरस, बार्हस्पत्य, भारद्वाज तीन प्रवर मुख्य माने जाते हैं जिनका उल्लेख मत्स्य-पुराण में मिलता है।

"अत्रीन्-व्याख्यास्यामः" इस बौधायन सूत्र में अत्रि का उल्लेख है। अत्रि ब्रह्माके मानस-पुत्र हैं। इनके दुर्वासा आदि अनेक पुत्र हुये हैं। [ अथात्रीणां त्र्यार्षेयः प्रवरः ] इस सूत्र से ये त्रिप्रवर हैं। इनका वंश मत्स्य-पुराण में देखना चाहिये।

"वसिष्ठान्-एकार्षेयान्-व्याख्यास्यामः" इस बौधायन-सूत्र में वसिष्ठ का उल्लेख है। ये ब्रह्मा के मानस-पुत्र हैं। अरुन्धती इनकी पत्नी है। इनके व्याघ्रपाद आदि अनेक पुत्र हुये। इनका प्रवर सूत्र के आदेशानुसार एकार्षेय है। इनके वंशजों का वर्णन मत्स्य-पुराण में देखना चाहिये।

"अगस्तीन्-व्याख्यास्यामः"-"तेषां त्र्यार्षेयः प्रवरो भवति" इस बौधायन-सूत्र में अगस्त्य का उल्लेख वर्तमान है। लोपामुद्रा इनकी पत्नी है। ये सूत्र के आदेश से त्रिप्रवर हैं। इनका वर्णन भी मत्स्य-पुराण में देखने योग्य है।

"कश्यपान्-व्याख्यास्यामः" इस बौधायन-सूत्र में कश्यप का उल्लेख मिलता है। कश्यप मरीचि के पुत्र हैं और मरीचि ब्रह्मा के मानस-पुत्र हैं। "तेषां त्र्यार्षेयः प्रवरः" इस सूत्र से ये त्रिप्रवर हैं। इनका वर्णन भी मत्स्य-पुराण में दर्शनीय है। वाकी ऋषियों का गोत्र प्रवर निरूपण बौधायन सूत्र में नहीं है। बौधायन की तरह आपस्तम्ब, आश्वलायन, लौगाक्षि प्रभृति ऋषियों ने भी गोत्र प्रवर निरूपण किया है, परन्तु उनमें प्रधानता बौधायन की ही मिलती है, इस कारण उनका यहां पर उल्लेख नहीं किया गया है। मत्स्य-पुराण से अत्यन्त मनोहर मरीचि आदि गोत्रर्षियों का वर्णन भविष्य-पुराण के उत्तर खण्ड में मिलता है, जिसका उल्लेख हम ने [ सनाढ्य-गौरवाऽदर्श में ] किया है।

वैवस्वत-मन्वन्तर में क्रतु ने अनपत्य रहने के कारण अपना वंश चलाने के लिये अगस्त्य-पुत्र इध्मवाह को लिया, तब से यह दोनों वंश आपस में मिल गये। इसी प्रकार इसी कारण के पारवश्य से पुलह और पुलस्त्य ने भी अगस्त्य वंश का आश्रय लिया इस लिये इन तीनों का स्वतन्त्र वंश नहीं है। देवर्षि नारद आजन्म ब्रह्मचारी रहे इस लिये इनके वंश का कहीं नाम नहीं है। यह वृत्तान्त मत्स्य-पुराण में विस्तार से मिलता है।

## द्यामुष्यायण-वंश।

लौगाक्षिः कश्यपसुतो वसिष्ठेनोपनीतवान्।

अह्वर्वसिष्ठो रात्रौतु कश्यपस्तेन संस्मृतः ॥६५

यह पद्य गोत्र प्रवर निर्णय का है। लौगाक्षि कश्यपका पुत्र था उसका वसिष्ठ ने उपनयन किया। इस लिये दिन में उपनयन होने के कारण वह दिन भर तो

वसिष्ठ-गोत्रीय रहा और रात्रि को कश्यप-वंशीय हो गया। क्योंकि गर्भाधाना प्रजोत्पादक कृत्य रात्रि को ही होता है इस कारण यह द्वामुष्यायण हुआ।

## आश्वलायन प्रवर काण्ड

इसमें बौधायन के अतिरिक्त बहुत सी उपयुक्त बातें प्राप्त होती हैं, इस लिये इनका भी मत प्रवर-विषय में उद्धृत किया जाता है:—

सर्वे समानगोत्राः स्युः इति गाणगारिः ॥ १ ॥
अपि नानागोत्राः स्युरितिशौनकः ॥ २ ॥
गृहपतिगोत्रान्वया विशेषाः ॥ ३ ॥
तस्य राद्धिमनु राद्धिः सर्वेषाम् ॥ ४ ॥
प्रवरास्त्वावर्तेरन्नावापधर्मित्वात् ॥ ५ ॥

इन सूत्रों में अनेक आचार्यों के मत मिलते हैं। उनमें गाणगारि आचार्य सब का गोत्र समान मानते हैं। शौनक ऋषि भिन्न भिन्न गोत्र मानते हैं। विशेष अर्थात् असाधारण जो कार्य है, उनमें गृह-पति का ही गोत्र लेकर समन्वय होता है और उसी की सफलता में सब की सफलता होती है। कर्म-भेद के कारण प्रवरों का अनुगमन याज्ञिकों को करना पड़ता है, यह एक असाधारण नियम है। इन बातों पर ध्यान देना आवश्यक है।

## अथ प्रवराः।

भरद्वाजानां-आंगिरसबार्हस्पत्यभारद्वाजेति प्रवराः।
मुद्गलानां-आंगिरसभर्म्याश्वमौद्गल्येति।
गर्गाणां-आंगिरसबार्हस्पत्यभारद्वाजगार्ग्यशैत्येति।
अत्रीणां-आत्रेयार्चनानसश्यावाश्वेति।
कश्यपानां-काश्यपावत्सारसितेति।
वासिष्ठेति वासिष्ठानाम्।
उपमन्यूनां-वासिष्ठ भरद्वसुरिन्द्रप्रमदेति।
पराशराणां-वासिष्ठशक्तिपाराशर्येति।
अगस्तीनां-आगस्त्यदृढच्युतेध्मवाहेति।

यह प्रकार प्रवर बतलाने का आश्वलायन के प्रवर-काण्ड में मिलता है इससे भिन्न प्रवर प्रकार आपस्तम्ब के प्रवर-खण्ड में मिलता है। जो इस प्रकार है-

अथ भरद्वाजानां त्र्यार्षेयः। आङ्गिरसबार्हस्पत्यभारद्वाजेति ॥१॥

अथ गर्गाणां त्र्यार्षेयः । आङ्गिरसगार्ग्यशैत्येति ॥२॥
अथ मुद्गलानां त्र्यार्षेयः । आङ्गिरसभर्म्याश्वमौद्गल्येति ॥३॥
अथात्रीणां त्र्यार्षेयः । आत्रेयार्चनानसश्यावाश्वेति ॥४॥
एकार्षेया वसिष्ठाः अन्यत्र पराशरेभ्यः ॥५॥
अथ पराशराणां त्र्यार्षेयः । वासिष्ठशाक्त्यपाराशर्येति ॥६॥
अथागस्तीनामेकार्षेयः ॥७॥
अपास्यागौतमास्तेषां त्र्यार्षेयः । आङ्गिरस-अपास्य-गौतमेति ८॥
आङ्गिरसबार्हस्पत्यभारद्वाजवान्दनमातवचसेति ॥९॥

प्रवर बतलाने का यह प्रकार आपस्तम्ब का है। इन दोनों से भिन्न बौधायन का है। बौधायन अपने सूत्र में नाम, गोत्र, प्रवर एक साथ देकर वैवाह्य, अवैवाह्य भेद भी साथ ही बतलाते हैं। यही प्रकार मत्स्य-पुराण में मिलता है। बौधायन, आश्वलायन, आपस्तम्ब इन तीनों के तीन प्रकार हमने ऊपर निर्दिष्ट किये हैं जिनको जो अच्छा प्रतीत हो वे उसका ही अङ्गीकार करें। इनमें संक्षिप्त प्रकार आश्वलायन का है। सरल और सुबोध आपस्तम्ब का है। कठिन और पेचदार बौधायन का है। बात सब में एक सी है। कहने का प्रकार ही केवल भिन्न भिन्न है। समान गोत्र में विवाह करने का सब निषेध करते हैं। अभिनव माधवीय गोत्र प्रवर निर्णय में इन सब बातों को बड़े सरल पद्यों में निबन्धकार ने लिखा है।

महर्षि बौधायन ने [ गोत्राणान्तु सहस्राणि ] इस पद्य में जो गोत्रों का सङ्केत दिया है उससे तीन करोड़ गोत्र होते हैं। सहस्रको दशगुना करने से अयुत होता है। अयुत को दशगुना करने से नियुत होता है। नियुत को दशगुना करने के प्रयुत होता है। प्रयुत को दशगुना करने पर अर्बुद होता है। सहस्र, प्रयुत, अर्बुद इन तीनों को त्रिगुना करने पर गोत्र-संख्या तीन करोड़ होती है। परन्तु प्रवर उनञ्चास ही रहते हैं। इस लिये प्रवर-गण तथा गोत्र-गण का मिलान कठिन पड़ जाता है। विद्वान् सज्जन इसको अनायास निकाल सकते हैं। हमने यह समस्त प्रपञ्च [ सनाढ्य-वंश प्रदीप ] नामक निबन्ध में विस्तार से दिया है।

इति श्रीमदखिलानन्दशर्मप्रणीते
वैदिक-सत्यार्थ-प्रकाशे
विंशः समुल्लासः

# एकविंशः समुल्लासः

## वैदिकादेश निर्देशः।

इस समुल्लास में हम वेदोक्त व्यावहारिक उपदेश उपस्थित करते हैं। मन्त्र ब्राह्मणात्मक वेद में मनुष्य के कल्याण के लिये जहां २ पर जो २ बातें निर्दिष्ट हैं, उनका एकीकरण बिना किये वैदिक व्यवहार नहीं चलता है। उसके बिना चले मनुष्यों में आदर्श उपस्थित नहीं होता है। इस लिये वैदिक आदर्श सर्व-साधारण के लाभार्थ यहां पर उपस्थित किया जाता है।

कुर्वन्नेवेह कर्माणि जिजीविषेच्छतं समाः।
एवं त्वयि नान्यथेतोऽस्ति न कर्म लिप्यते नरे ॥४०।२

यजुर्वेद के इस मन्त्र में यह आदेश है कि मनुष्य सौ वर्ष तक यथोचित निष्काम कर्म करता हुआ ही इस लोक में जीवन प्राप्त करे, इसी से मुक्ति प्राप्त होती है। (इतः-अन्यथा) इस प्रकार के अतिरिक्त अन्य किसी प्रकार से मुक्ति (न अस्ति) नहीं मिल सकती है। (एवं त्वयि नरे कर्म न लिप्यते) इस प्रकार निष्काम कर्म करते हुये मनुष्य में कर्म लिप्त नहीं होता है। यह सर्वसाधारण के लिये व्यावहारिक उपदेश है।

इहैव स्तं मा वियौष्टं विश्वमायुर्व्यश्नुतम्।
क्रीडन्तौ पुत्रैः नप्तृभिः मोदमानौ स्वे गृहे ॥१०।८५।४२

ऋग्वेद के इस मन्त्र में मनुष्यों के लिये यह आदेश है कि वे विवाह के अनन्तर इसी आश्रम में सौ वर्ष तक रहें, और पुत्र पौत्रों के साथ आनन्द करते हुये अपने घर में ही आपस में कभी वियोग को प्राप्त न हों। यह आदेश स्त्री और पुरुषों के लिये है। इसका अभी तक वसिष्ठ अगस्त्य आदि प्राजापत्य ऋषि पालन करते आ रहे हैं।

न ऋते श्रान्तस्य सख्याय देवाः ॥ ४ । ३३ । ११
न मृषा श्रान्तं यदवन्ति देवाः ॥ १ । १७९ । ३

ऋग्वेद के इन मन्त्रों में यह कहा गया है कि—मनुष्य जब तक कार्य करते २ थक नहीं जाता है (या) झूठे ही श्रान्त जैसा बन जाता है तब तक देव-गण उसकी मदद नहीं करते हैं और न उसकी रक्षा ही करते हैं। इसलिये मनुष्य को चाहिये कि वह अपने काम में सर्वदा लगा रहे कभी ठाली न बैठे यही बात—

आरभेतैव कर्माणि श्रान्तः श्रान्तः पुनः पुनः ।
कर्माण्यारभमाणं हि पुरुषं श्रीर्निषेवते ॥९।३००

मनु ने भी इस पद्य में कही है। मनुष्य बार २ थक जाने पर भी अपने कार्य का आरम्भ करे। क्योंकि कर्म करते हुये मनुष्य को अवश्य लक्ष्मी प्राप्त होती है। यही बात—

उत्साहसम्पन्नमदीर्घसूत्रं क्रियाविधिज्ञं विषयेष्वसक्तम् ।
शूरं कृतज्ञं दृढनिश्चयञ्च लक्ष्मीः स्वयं याति निवासहेतोः ॥१॥

इस पद्य में नीतिकारों ने कही है, पद्यार्थ स्पष्ट है। वेदों का यह व्यावहारिक उपदेश मनुष्यों के लिये पदे पदे कल्याण करने वाला है।

बहुप्रजा निर्ऋतिमाविवेश ॥ १ । १६४ । ३२
पापमाहुर्यः स्वसारं निगच्छात् ॥ १० । १० । १२
नाहं विन्दामि कितवस्य भोगम् ॥ १० । ३४ । ३
नदुरुक्ताय स्पृहयेत ॥ १ । ४१ । ९

ऋग्वेद के इन मन्त्रों में कई व्यावहारिक उपदेश हैं। उनमें पहिला उपदेश यह है कि मनुष्य को बहुत सन्तान उत्पन्न नहीं करनी चाहिये, क्योंकि ऐसा करने पर मनुष्य दुःख भोगता है। दूसरा उपदेश यह है कि भाई अपनी सगी बहिन के साथ कभी विवाह न करे। तीसरा उपदेश यह है कि जुआ खेलने वाला पुरुष कदापि सुखी नहीं रहता है इसलिये जुआ कभी न खेले। चौथा उपदेश यह है कि अपने मुख से निकली हुई बुरी बात को कभी नहीं दुहरावे, यह चारो उपदेश मनुष्यों के लिये बहुत लाभदायक हैं।

केवलाघो भवति केवलादी ॥ १० । ११७ । ६
न स सखा यो न ददाति सख्ये ॥ १० । ११७ । ४
हिरण्यदा अमृतत्वं भजन्ते ॥ १० । १०७ । २
न वै स्त्रैणानि सख्यानि सन्ति ॥ १० । ९५ । १५

ऋग्वेद के ये चार मन्त्र हैं। इनमें कहा है कि मनुष्य को अकेले अलग बैठ कर अच्छी चीज कभी नहीं खानी चाहिये, जो ऐसा करता है, वह पाप करता है। यही बात :—

अघं स केवलं भुंक्ते यः पचत्यात्मकारणात् ॥

इस गीता के पद्य में कही है। जो मनुष्य अपने मित्र की मदद नहीं करता है, मित्र कहने योग्य नहीं है, सुवर्ण दान करने वाले पुरुष अमर पदवी प्राप्त करते हैं।

स्त्रियों के साथ कभी मित्रता नहीं करनी चाहिये क्योंकि उनका हृदय "शालावृक" की तरह स्वार्थ परायण होता है। [ शालावृकाः कपिक्रोष्टुफेरु-फेरवजम्बुकाः ] इन वैदिक आदेशों का तात्पर्य यह निकलता है कि अच्छी चीज सबको बाँट कर खानी चाहिये। आपत्ति में मित्र की सहायता करनी चाहिये। सुवर्ण दान अवश्य करना चाहिये और स्त्रियों से जहां तक हो बचना चाहिये। यह चारों उपदेश अमूल्य हैं।

सा मा सत्योक्तिः परिपातु विश्वतः ॥ १० । ३७ । २

हन्ति रक्षो हन्त्यासद्वदन्तम् ॥ ७ । १०४ । १३

ऋग्वेद के इन दो मन्त्रों में सत्यभाषण करने का आदेश मिलता है। सत्यभाषण सब ओर से मनुष्य की रक्षा करता है। ईश्वर झूंठ बोलने वाले को नष्ट करता है। [ सत्यं वद। सत्यात् न प्रमदितव्यम् ११ । १ ] इन तैत्तिरीयोपनिषद् के दो वाक्यों से सत्य बोलने के लिये आदेश प्राप्त होता है। सत्य बोलने में कभी प्रमाद ( असावधानी ) नहीं करनी चाहिये। [ सत्यप्रतिष्ठायां क्रियाफलाश्रयत्वम् २ । ३६ ] इस योग दर्शन के सूत्र में कहा है कि सत्य की प्रतिष्ठा में क्रिया का फल आश्रित रहता है। इस लिये मनुष्य को सर्वदा सत्य बोलना चाहिये, यही वेद का व्यावहारिक उपदेश है।

अयं यज्ञो भुवनस्य नाभिः ॥ १ । १६४ । ३५

एकं सत् विप्रा बहुधा वदन्ति ॥ १ । १६४ । ४६

मा शिश्नदेवा अपिगुः ऋतं नः ॥ ७ । २१ । ५

उक्षा बिभर्ति भुवनानि वाजयुः ॥ ९ । ८३ । ३

ऋग्वेद के इन मन्त्रों में कहा है कि यज्ञ विश्व का मध्य भाग है। सत् पदार्थ एक है। शिश्न देव ( शिश्नोपासक ) पुरुष हमारे सत्य को प्राप्त नहीं कर सकते हैं। अन्न देने वाला गोपुत्र वृषभ ( उक्षा ) भुवन का रक्षक है। इसलिये मनुष्य को यज्ञ करना चाहिये, सत्पदार्थ समझना चाहिये। जितेन्द्रिय रहना चाहिये. और गौवंश की रक्षा करना चाहिये. यह चारों उपदेश अमूल्य हैं।

समौ चिद्धस्तौ न समं विविष्टः

सम्मातराचिन्न समं दुहाते।

यमयोश्चिन्न समा वीर्याणि

ज्ञाती चित्सन्तौ न समं पृणीतः॥ १० । ११

ऋग्वेद के इस मंत्र में कहा है कि:— एक मनुष्य के एक से दोनों हाथ एक सा पराक्रम नहीं करते हैं। एक पुत्र की दो मातायें एकसी होकर भी एकसा प्रेम नहीं करती हैं। एक माता के गर्भ से उत्पन्न हुये यमज बालक एकसा पुरुषार्थ नहीं करते हैं। एक जाति के दो पुरुष एक होने पर भी आपस में एकसा प्रेम नहीं करते हैं। यह चारो बातें संसार में प्रत्यक्ष हैं और रोज व्यवहार में आती हैं। यह स्वाभाविक भेद अनादि काल से चला आ रहा है।

न शेषो अग्ने अन्य जातमस्ति। ७। ४। ७
अन्योदर्यो मनसा मन्तवा उ। ७। ४। ८
तिस्रः प्रजा आर्या ज्योतिरग्राः। ७। ३३। ७
विजानीह्यार्यान्येच दस्यवः। १। ५१। ८
यथावशं नयति दासमार्यः। ५। ४। ६
वधेन दस्युं प्रहिचातयस्व। ५। ३४। ६
वधीर्हि दस्युं धनिनं धनेन। १। ३३। ४

ऋग्वेद के इन मन्त्रों में यह कहा है कि दूसरे का पुत्र अपना कभी नहीं होता है। मन से भी कभी उसको अपना नहीं समझना चाहिये। [ यह दोनों मन्त्र निरुक्त में भी आये हैं ] ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य यह तीन प्रजा आर्य हैं, बाकी सब अनार्य ( दस्यु ) हैं। इन दोनों को अलग अलग इनके लक्षणों से खूब पहिचानो और दास जातिको अपने वशमें करो, धनवान् दस्यु को बध एवं बन्धनों द्वारा दुर्बल बनाओ। यह वेद का आदेश आर्य-जाति के लिये प्रति दिन व्यवहर्त्तव्य है। जो आर्य ऐसा नहीं करेगा, वह दुःख भोगेगा, इसमें सन्देह नहीं है।

सहृदयं साम्मनस्यं अविद्वेषं कृणोमि वः।
अन्यो अन्यमभिहर्यत वत्सं जातमिवाघ्न्या ॥३।३०।१

अथर्ववेद के इस मन्त्रमें यह आदेश है कि मनुष्यों को आपस में द्वेष छोड़कर एक हृदय और एक मन होकर रहना चाहिये और आपस में एक दूसरे पर ऐसा प्रेम करना चाहिये—जैसे गौ अपने बछड़े पर करती है, यह व्यावहारिक उपदेश है।

अनुव्रतः पितुः पुत्रो मात्रा भवतु सम्मनाः।
जाया पत्ये मधुमतीं वाचं वदतु शांतिवाम् ॥३।३०।२
मा भ्राता भ्रातरं द्विक्षन्मा स्वसारमुत स्वसा।
सम्यञ्चः सव्रता भूत्वा वाचं वदत भद्रया ॥३

अथर्ववेद के इन दो मन्त्रों में यह आदेश है कि पुत्र को पिता का आज्ञाकारी होना चाहिये और माता के साथ एक मन होना चाहिये। स्त्री को पति के साथ मधुर और शान्ति-प्रद भाषण करना चाहिये। भाई-भाई के साथ और बहिन-बहिन के साथ कदापि द्वेष न करें, सब एक सूत्र में बंधे हुये एक निश्चय वाले मधुर-भाषी हों, यह व्यावहारिक उपदेश रामराज्य में प्रचलित था जिसका पालन स्वयं श्रीरामचन्द्रजी ने किया और इसीके कारण वे मर्यादा पुरुषोत्तम कहलाये।

ज्यायस्वन्तश्चित्तिनो मा वियौष्ट संराधयन्तः सधुराश्चरन्तः।
अन्योन्यस्मै वल्गु वदन्त एत सध्रीचीनान्वः समनसः कृणोमि ॥३।३०।५

अथर्ववेद के इस मन्त्र में मनुष्यों को यह आदेश है कि वे अपने अपने महत्व की रक्षा करते हुये एक चित्त होकर एक कुटुम्ब में रहकर कदापि आपस में वियुक्त न हों। परस्पर धन-वृद्धि में सहयोग देने वाले और एक धुरी में रहने वाले बनें। साथ ही आपस में एक दूसरे के साथ सुन्दर और मधुर-भाषण करने वाले हों। यह व्यावहारिक आदेश प्रत्येक कुटुम्बी-गृहस्थ को ध्यान में रखना चाहिये और अपने अपने कुटुम्ब में इसका प्रचार करना चाहिये।

मधुमन्मे निष्क्रमणं मधुमन्मे परायणम्।
वाचा वदामि मधुमद्भूयासं मधुसन्दृशः ॥१।३४।३

अथर्ववेद के इस मन्त्र में यह आदेश है कि प्रत्येक मनुष्य अपने मन में यह प्रतिज्ञा करे कि—मेरा चलना, फिरना मधुर अर्थात् औरों को कष्ट देने वाला न बने मेरे लिये दूसरे का घर मधुमत् अर्थात् अनुकूल हो। [परस्य-अयनं स्थानं परायणम्] मेरा भाषण मधुर हो और मेरी दृष्टि मधुर अर्थात् प्रेम भरी हो। यह आदेश प्रत्येक पुरुष के लिये लाभदायक है, और प्रत्येक गृह में पालने योग्य है।

अग्ने! यत्ते तपस्तेन तम्प्रति तप। २।१९।१
वायो! यत्ते तपस्तेन तम्प्रति तप। २।२०।१
सूर्य! यत्ते तपस्तेन तम्प्रति तप। २।२१।१
चन्द्र! यत्ते तपस्तेन तम्प्रति तप। २।२२।१
आपो यद्वस्तपस्तेन तम्प्रति तपत। २।२३।१

अथर्ववेद के इन मन्त्रों में यह आदेश है कि प्रत्येक मनुष्य अग्नि, वायु, सूर्य चन्द्रमा और जल इनसे अलग अलग कहे कि तुम सब उसको मिलकर नष्ट करो, जिससे हम शत्रुता रखते हों, या जो हमसे शत्रुता रखता हो, यह व्यवहार प्रतिदिन काम में आने लायक है।

इष्टं च वा एष पूर्तश्च गृहाणामश्नाति। यः पूर्वः अतिथेः अश्नाति॥९।५।३।१
एष वा अतिथिर्यच्छ्रोत्रियः। तस्मात्पूर्वोनाश्नीयात् ॥७
अशितवत्यतिथौ अश्नीयात् ॥८

अथर्ववेद के इन दो मन्त्रों में गृहस्थ के लिये यह आदेश है कि वह आये हुये अतिथि से पहिले आप भोजन न करे, जो ऐसा करता है वह इष्ट और पूर्त इन दोनों को नष्ट करता है। वेदज्ञ-ब्राह्मण का नाम अतिथि है। उसका सत्कार बिना किये पहिले भोजन नहीं करना चाहिये। उसके भोजन करने पर भोजन करना चाहिये। यह वेद का व्यावहारिक उपदेश है।

सर्वो वा एष जग्धपाप्मा यस्यान्नमश्नन्ति ।९।५।३।८
सर्वो वा एषः अजग्धपाप्मा यस्यान्नं नाश्नन्ति। ९
स य एवं विद्वान् न द्विषन्-अश्नीयात्। न द्विषतः अन्नं अश्नीयात् ॥८
एते वै प्रियाश्च अप्रियाश्च ऋत्विजः। स्वर्गं लोकं गमयन्ति। यत् अतिथयः ॥६

अथर्ववेद के इन मन्त्रों में कहा है कि विद्वान् ब्राह्मण जिसका अन्न ले लेता है; उसका सब पाप नष्ट हो जाता है। जिसका नहीं लेता है, वह पापात्मा माना जाता है। जो विद्वान् ब्राह्मण है, वह कभी शत्रु का अन्न न ले। यहां पर शत्रुता दोनों ओर से चलती है। ब्राह्मण जिससे द्वेष करें, (अथवा) ब्राह्मण से जो द्वेष करें, उन दोनों शत्रुओं का अन्न नहीं लेना चाहिये। ऋत्विज ब्राह्मण अतिथि रूप में यदि घर पर आवे, तो वह प्रिय हो (अथवा) अप्रिय हो, उसका सत्कार अवश्य करना चाहिये। ऐसा करने पर गृहस्थ स्वर्ग को जाता है, और ऋत्विज अतिथि उसको स्वर्ग-लोक में पहुँचाते हैं। यह आदेश गृहस्थों के लिये कल्याण-कारक है। एक रात्रि भर दूसरे के घर पर रहने वाला ब्राह्मण मनु में अतिथि कहा है। [ २। १०२ ]

अनृणा अस्मिन्-अनृणाः परस्मिन् तृतीये लोके अनृणाः स्याम।
ये देवयानाः पितृयाणाश्च लोकाः सर्वान् पथः अनृणा आक्षियेम ॥ ६।११७।३
इहैव सन्तः प्रतिदद्म एनत् जीवा जीवेभ्यो निहराम एनत्।
अपमित्य धान्यं यज्जघासाहं इदं तदग्ने अनृणो भवामि ॥ ६।११७।२

अथर्व वेद के इन दो मंत्रों में अनृण होने का आदेश है। ऋण लेकर किसी का ...ना नहीं चाहिये। ऋण लेने वाले को ईश्वर से यह प्रार्थना करनी चाहिये कि हम ... लोक में अनृण होकर रहें; किसी के ऋणी न रहें। पर लोक में भी अनृण ...कर जावें। किसी के ऋणी होकर न मरें। देवयान और पितृयान इन दोनों मार्गों

से अनृण होकर जावें। ऋण का भुगतान जीते जी हम यहीं पर करें, हमने जो अन्न ऋण रूप में लिया है, उसको देकर हम अऋण हों।

ऋणात्—नो—ना ऋणं एर्त्समानः
यमस्य लोके अधिरज्जुरायन्। ६। ११८। २

अथर्व वेद के इस मंत्र में कहा है कि जो मनुष्य ऋण लेकर ऋण से उऋण नहीं होता है वह यमलोक में रज्जु से बंधा हुआ जाता है। इसलिये अनृण होकर रहना चाहिये। वेद का यह व्यावहारिक उपदेश बड़े महत्व का है। इसके विपरीत नास्तिकों का उपदेश है जिसमें [ऋणं कृत्वा घृतं पिबेत्] ऐसा लिखा है। वे परलोक न मानकर ऐसा लिखते हैं, और वैदिक परलोक पर विश्वास करके अनृण होना अच्छा समझते हैं। यही इन दोनों में व्यावहारिक अन्तर है।

कृत्यैषा पद्वती भूत्वा जाया विशते पतिम्। १४। १। २५
एधन्ते अस्या ज्ञातयः पतिर्बन्धेषु बध्यते। १४। १। २६

अथर्ववेद के इन दो मन्त्रों में बड़ा विचित्र वर्णन है। कृत्या जादू दो प्रकार का होता है। एक सजीव और दूसरा निर्जीव? इन दोनोंमें स्त्री दो पैर वाली कृत्या है- जो पति के घर में प्रविष्ट होती है। विवाह के अनन्तर इसके बन्धुवर्ग बढ़ते हैं, और पति गृहस्थ रूपी बन्धन में पड़ जाता है। मनु के [ ३। ५८ ] पद्य में भी स्त्री मात्र को कृत्या माना है। इस कृत्या को देवताओं ने मनुष्यों पर भेजा है क्योंकि उनका इन पर दबाव रहता है। [ मह्यं त्वादुर्गार्हपत्याय देवाः १४। १। ५० ] अथर्व के इस मन्त्र में-देवप्रदत्त स्त्री का-पाणिग्रहण करना मिलता है। मनु के [९। ९५] पद्य में भी देव प्रदत्त भार्या का ग्रहण है। इस लिये स्त्री देवताओं की धरोहर है। ऐसा समझकर उसका आदर करना चाहिये। यही इस विषय में वेद का आदेश है। कृत्या का वर्णन अथर्व के [ ५। १४। १ ] में विद्यमान है।

यश्च गां पदा स्फुरति प्रत्यङ् सूर्यं च मेहति।
तस्य वृश्चामि ते मूलं न च्छायां करवोऽपरम्। १३। १। ५६

अथर्व वेद के इस मन्त्र में यह आदेश है कि-जो मनुष्य पूजनीय गौ को पैर से ठुकराता है। ( अथवा ) जो सूर्य के सामने होकर मूत्र करता है-उसका वंश नष्ट होता है, और वृक्ष उस पर छाया नहीं करना चाहते-यह व्यवहार में आने ल वैदिक आदेश है।

द्वयं वा इदं न तृतीयमस्ति। सत्यंचैवानृतं च। सत्यमेव देवाः। अनृतं मनुष्याः। इदमहमनृतात्सत्यमुपैमीति। तन्मनुष्येभ्यो देवानुपैति ।१।१।१

सवै सत्यमेव वदेत् । एतद्धवै देवा व्रतं चरन्ति । यत्सत्यम् । तस्मात्ते यशः । यशो ह भवति । य एवं विद्वान्-सत्यं वदति । १।१।१।५

शतपथ की इन दो कण्डिकाओं में कहा है कि संसार में दो वस्तु हैं, तीसरी नहीं है। एक सत्य दूसरा असत्य ? देवता सत्य बोलते हैं और मनुष्य झूठ बोलते हैं। जो मनुष्य झूठ छोड़कर सत्य बोलता है वह मनुष्यों से देवताओं में जाता है। इसलिये सत्य ही बोलना चाहिये। सत्य भाषण देवताओं का व्रत है। इसीलिये वे यशस्वी हैं। जो इस बात को जानकर सत्य बोलता है वह यशस्वी होता है। यह वैदिक आदेश सर्वदा व्यवहर्तव्य है।

प्राचीहि देवानां दिक् । तस्मात् न प्रतीचीन शिराः शयीत । ने देवानभिप्रसार्य शया इति । या दक्षिणा दिक् सा पितृणाम् । या प्रतीची सा सर्पाणाम् । या उदीची दिक् सा मनुष्याणाम् । तस्मान्मानुषाः उदीचीनवंशामेव शालां चिन्वन्ति ॥३।१।१।६।७

शतपथ की इन दो कण्डिकाओं में कहा है कि—पूर्व-दिशा देवाताओं की है, इसलिये उनकी तरफ पैर फैलाकर नहीं सोना चाहिये। दक्षिण दिशा पितरों की है। पश्चिम दिशा सर्पों की है। उत्तर दिशा मनुष्यों की है। इस लिए मनुष्य उत्तर मुख शाला घर बनाते हैं। यह व्यवहार में आने योग्य बात है।

अर्द्धो ह वा एष आत्मनो यज्जाया । तस्मात् यावज्जार्या न विन्दते नैव तावत्प्रजायते । असर्वोहि तावद्भवति । अथ यदैव जायां विन्दते । अथ प्रजायते । तर्हि हि सर्वो भवति ॥५।२।१।१०

शतपथ की इस कण्डिका में कहा है कि स्त्री मनुष्य का आधा भाग है। इसलिये जब तक घर में स्त्री नहीं आती है, तब तक मनुष्य आधा कहाता है। इसी लिये प्रजा उत्पन्न नहीं कर सकता है, स्त्री के आने पर ही मनुष्य पूरा होता है यह बात प्रति दिन व्यवहार में आती है।

चत्वारो वै वर्णाः । ब्राह्मणो राजन्यो वैश्यः शूद्रः ॥५।५।४।९

दैव्यो वै वर्णो ब्राह्मणः । असुर्यः शूद्रः ॥२।८

तस्मात् शूद्रो यज्ञे अनवक्लृप्तः ।३।३७।२

स्त्री शूद्रः । श्वा कृष्णः शकुनिः । तानि न प्रेक्षेत ॥१४।१।१।३२

शतपथ और तैत्तिरीय की इन कण्डिकाओं में कहा है कि वर्ण चार ही हैं। ब्राह्मण, [क्षत्रि]य, वैश्य और शूद्र ? इनमें ब्राह्मण देवता है, और शूद्र असुर है, इसी लिये शूद्र-

को यज्ञ करने का अधिकार नहीं है। शूद्र की स्त्री और शूद्र, कुत्ता, कौआ इन चारों को नहीं देखना चाहिये। यजुर्वेद के ३० वें अध्याय में जो अन्य तीस जातियां लिखी हैं, वह सब वर्ण--वाह्य और अन्तर-प्रभव हैं यह बातें प्रतिदिन व्यवहार में आती हैं।

यज्ञो वै नमः। यज्ञेनैवैनं नमस्कारेण नमस्यति।
तस्मादुह न अयज्ञियं ब्रूयात्। नमस्त इति ॥९।१।१।१६

शतपथ की इस कण्डिका में कहा है कि नमन एक प्रकार का यज्ञ है। यहां पर यज धातु सत्कारार्थक है। नमस्कार के द्वारा जिसको हम सत्कृत करते हैं, उसको यज्ञ से ही सत्कृत करते हैं। इस लिये जिन शूद्र और अन्त्यजों को यज्ञ का अधिकार स्पष्ट शब्दों में नहीं है उनको नमस्ते ऐसा नहीं कहना चाहिये। यह भी व्यावहारिक उपदेश है।

यदा वै पुरुषः श्रियं गच्छति। वीणास्मै वाद्यते। ब्राह्मणौ वीणागाथिनौ संवत्सर गायतः। श्रियो वा एतद्रूपं यद्वीणा। श्रियमेवास्मिंस्तद्धत्तः॥ १३।५।१६

शतपथ की इस कण्डिका में बहुत ही विचित्र बातें भरी हैं। इसमें कहा है कि मनुष्य जब श्री-सम्पन्न होता है, तब उसके पास वीणा बजाई जाती है। अश्वमेध के अन्त में दो ब्राह्मण कुमार एक वर्ष तक साम-गान करते हैं। वीणा श्री का ही रूपान्तर है। ब्राह्मण और क्षत्रिय एक साथ न गावें। दिन में ब्राह्मण गावे और रात्रि में क्षत्रिय गावे? क्योंकि दिन ब्राह्मण है और रात्रि क्षत्रिय है। यदि दोनों ही दिन में गावेंगे तो श्री नष्ट हो जावेगी। इसलिये श्री को वश में रखने के लिये एक दिन में और दूसरा रात्रि में वीणा बजावे। यह आख्यान छः कण्डिकाओं में समाप्त होता है। उसका केवल आशयमात्र यहां दिया गया है। यह भी लोक में व्यवहार की बात है।

प्रजापतिर्वै प्रजाः सृजमानः अतप्यत। तस्मात् श्रान्तात् तप्तात्—श्रीः उदक्रामत् सा दीप्यमाना—भ्राजमाना ले-लायन्ती अतिष्ठत् इमाम्। तां देवा अभ्यध्यायन्। ते प्रजापतिमब्रु-वन्। हनामः। इदं अस्या आददामहे इति। सहोवाच। स्त्री वा एषा यच्छ्रीः। न वै स्त्रियं घ्नन्ति ॥११।४।३।१।२

शतपथ की इस कण्डिका में कहा है कि प्रजापति ने सृष्टि की इच्छा से तप किया। उस तप से श्री उत्पन्न हुई। देवताओं ने उसको मारकर बांटना चा ब्रह्मा ने उनसे कहा कि यह श्री स्त्री जाति में प्रकट हुई है। स्त्री को नहीं मारा सकता है। इसलिये स्त्री को भी न मारते हैं और न उसका बध करते हैं। यह व्यव में प्रत्यक्ष है।

तस्मात्- जायायाः अन्ते नाश्नीयात् । वीर्यवान्-ह-अस्माज्जायते ।
वीर्यवन्तं-उ-ह सा जनयति । यस्याः अन्ते नाश्नाति । १० । ५ । २ । ९

शतपथ की इस कण्डिका में कहा है कि मनुष्य स्त्री के पास बैठ कर अथवा उसके भोजन करने के बाद आप भोजन न करे। ऐसा करने पर उसका पुत्र बलवान् होता है। यह बात लोक में प्रत्यक्ष है। स्त्री पति को भोजन खिलाकर अन्त में खाती है। इसके विरुद्ध करने पर अनिष्ट होता है।

आत्मैवेदमग्र आसीत् १४ । ४ । २ । १

स मुखाच्च-योनेः हस्ताभ्यां च अग्निमसृजत । तस्मादेतदुभयमलोमकम् ।
अन्तरतः अलोमकाहि योनिः । १४ । ४ । २ । ११

शतपथ की इस कण्डिका में सृष्टि का विकास बतलाया है। सर्व प्रथम एक ईश्वर था। उसने अपने अर्द्ध भाग से स्त्री उत्पन्न की। इन दोनों के सहयोग से समस्त जीव उत्पन्न हुए। ईश्वर ने अपने मुख से, हाथ से, और अर्द्ध भाग स्थित योनि से अग्नि को प्रकट किया। इसलिये अन्दर से यह तीनों अलोमक हैं। इस वैदिक रहस्य में जिसको सन्देह हो वह अनुभव द्वारा इसको दूर कर सकता है।

अथ त्रयो वाव लोकाः। मनुष्यलोकः पितृलोको देवलोक इति। सोऽयं
मनुष्यलोकः पुत्रेणैव जय्यः । नान्येन कर्मणा ॥ १४ ।४ । ३ । २४ ॥
तस्मात्पुत्रमनुशिष्टं लोक्यमाहुः । तस्मादेनमनुशासति । स यदा
एवंवित् अस्मात् लोकात् प्रैति । अथ एभिरेव प्राणैः सह पुत्रमाविशति।
सः यद्यत् अनेन किंचित् अक्ष्णया कृतं भवति । तस्मात् एनं सर्वस्मात्
पुत्रो मुञ्चति । तस्मात्पुत्रोनाम ॥ १४ । ४ । ३ । २६ ॥

शतपथ की इस कण्डिका में पुत्र का प्रयोजन बतलाया है। संसार में मनुष्य, पितृ, देव भेद से तीन लोक हैं। इन तीनोंमें मनुष्य-लोक पुत्र से ही जीता जाता है। अन्य कार्य से नहीं। इसीलिये उसको शिक्षित बनाते हैं। पिता मरनेके समय प्राणों के साथ पुत्र में प्रविष्ट होता है। पुत्र उसको अज्ञात पापों से छुड़ाकर स्वर्ग भेजता है। यही उसका पुत्रत्व है।

राजानो वै राष्ट्रभृतः । ते हि राष्ट्राणि बिभ्रति। एते ह देवाः। यस्मै वै
राजानो राज्यमनुमन्यन्ते स राजा भवति । न ते यस्मै न सः । तद्यत्
जानो राष्ट्राणि बिभ्रति । तत् राजान उ एते देवाः ॥ ९।४।१।१ ॥

तपथ की इस कण्डिका में राजा को देवता माना है। राजालोक राष्ट्र को ते हैं। इसीलिये वे राष्ट्रभृत् कहलाते हैं। राजा सब मिलकर जिसके

लिये अनुमति देते हैं-वही राजा होता है। जिसके लिये वे अनुमति नहीं देते हैं वह नहीं होता है। राष्ट्र धारण करने से राजा लोग देवता माने जाते हैं। यह बात प्रत्यक्ष है। जो इस वेद कीआज्ञा के विपरीत करते हैं वे कुछ काल के बाद ही नष्ट भ्रष्ट होजाते हैं।

यथा प्रियया स्त्रिया सम्परिष्वक्तः। न बाह्यं किञ्चन वेद नान्तरम्।
एवमेवायं शारीर आत्मा प्राज्ञेन आत्मना सम्परिष्वक्तः न बाह्यं
किञ्चन वेद। नान्तरम्॥ १४। १। २१॥

शतपथ की इस कण्डिका में ब्रह्मानन्द और विषयानन्द का उपमानोपमेय भाव दिखाया गया है। आलिङ्गन और प्रेम उभयत्र समान है। यह बात व्यवहार में रोज आती है।

यथा तृणजलौका तृणस्यान्तं गत्वा आत्मानं उपसंहरति। एवमेवायं
पुरुषः इदं शरीरं निहत्य अविद्यां गमयित्वा आत्मानं उपसंहरति॥१४।७।२।४

शतपथ की इस कण्डिका में—तृण जलौका न्याय बताया गया है। तृण जलौका जब तृणके अन्त में पहुंच जाती है तब अन्य अवलम्ब न पाकर--वहांसे अपने शरीर को उपसंहृत करती है। इसी प्रकार जीव भी इस शरीर का अन्त करके कर्म न रहने पर – आत्मा में उपसंहृत होता है।

अथ यामिच्छेत् न गर्भं दधीत इति। तस्यामर्थं निष्ठाय मुखेन मुखं
सन्धाय अभिप्राण्य अपान्यात्। इन्द्रियेण ते रेतसा रेत आददे इति।
अरेता एव भवति॥ १४। ६। ४। ९॥

अथ यस्य जायां आर्तवं विन्देत्। त्र्यहं कंसे न पिबेत्। अहतवासाः।
नैनां वृषलो न वा वृषली उपहन्यात्। त्रिरात्रान्ते आप्लुत्य व्रीहीन्
अवघातयेत्॥ १४। ९। ४। १२॥

शतपथ की इन दो कण्डिकाओं में प्रति दिन का व्यवहार मिलता है। जो मनुष्य केवल सन्तानार्थ ही जाया के पास जाते हैं, उनके लिये यह श्रुति वाक्य विरुद्ध है। रजोवती के पास तीन दिन तक शूद्र नहीं जाना चाहिये, यह बात विज्ञान सिद्ध है। इस प्रकार की अनेक बातें शतपथ में विद्यमान हैं, जिनका लोक-व्यवहार में प्रत्यक्ष सम्बन्ध है। नमूने के तौर पर कुछ बातें यहां पर दिखाई गई हैं। आवश्यक मन्त्र लिख कर यह प्रसङ्ग समाप्त किया जाता है।

ब्रह्मणस्पते! त्वमस्य यन्ता सूक्तस्य बोधि तनयं च जिन्व।
विश्वं तद्भद्रं यदवन्ति देवाः बृहद्वदेम विदथे सुवीराः॥ ३४। ५

यजुर्वेद के इस मन्त्र में यह प्रार्थना है कि—हे ब्रह्मणस्पते ! इस जगत के आप नियन्ता हैं, इस लिये आप हमारे सूक्त को ध्यान में रखिये. और हमारे पुत्र-पौत्रादि परिवार को प्रम से अनुगृहीत कीजिये, तथा देवता जिसकी रक्षा करते हैं, वह समस्त कल्याण हमको प्रदान कोजिये। जिससे हम उत्तम सन्तान-युक्त होकर यज्ञ में सर्वोन्नत बात कह सकें।

यो अस्मभ्यमरातीयाद्यश्च नो द्वेषते जनः ।
निन्दाद्यो अस्मान्धिप्साच्च सर्वं तं भस्मसात्कुरु ॥ ११ । ८ ॥

यजुर्वेद के इस मन्त्र में यह प्रार्थना है कि हे अग्ने ! जो हमारे साथ शत्रु जैसा व्यवहार करें ( अथवा ) जो हमसे प्रत्यक्ष में द्वेष करें, तथा जो हमारी निन्दा करें, या हमारा बध चिन्तन करें, उन चारों प्रकार के हमारे शत्रुओं को आप नष्ट करें।

मूर्धाहं रयीणां मूर्धा समानानां भूयासम् ॥ १६ । ३ । १ ॥
नाभिरहं रयीणां नाभिः समानानां भूयासम् ॥ १६ । ४ । १ ॥

अथर्व वेद के इन दो मन्त्रों में यह प्रार्थना है कि हम अपने बराबर वालों में तथा धनवानों में उन्नत और मध्यस्थ बनें, ऐसी आप हम पर कृपा करें।

इदं देवाः शृणुत ये यज्ञियाः स्थ भरद्वाजो मह्यमुक्थानि शंसति ।
पाशे स बद्धो दुरिते नियुज्यतां यो अस्माकं मन इदं हिनस्ति ॥२।१२।२

अथर्व वेद के इस मन्त्र में यह प्रार्थना है कि हे यज्ञ सम्बन्धी देवगणो ! आप हमारी यह प्रार्थना सुनिये। भरद्वाज से प्राप्त ( उक्थ ) मन्त्र विशेष हमको प्राप्त हैं। उनको सुनकर आप हमारे प्रतिकूल भाव रखने वाले शत्रुओं को पाश में बांध कर नष्ट करें, यही आपसे हमारी प्रार्थना है।

इति श्रीमदखिलानन्दशर्मप्रणीते
वैदिक-सत्यार्थ-प्रकाशे
एकविंशः समुल्लासः



# द्वाविंशः समुल्लासः

## मनुष्यकर्त्तव्यविवेचनम्

जगदीश्वर की असीम अनुकम्पा से इस अन्तिम समुल्लास में अब हम मनुष्य कर्तव्य की विवेचना करते हैं। धारा बाहिकता से प्रवृत्त इस संसार-चक्र में जीव चौरासी लक्ष-योनियों में घूम कर भगवत्कृपा से मोक्ष द्वार कल्प इस मानव जन्म को प्राप्त करता है। इसको प्राप्त कर वेदोक्त मार्ग से वर्णाश्रम धर्म का विधि-वत् पालन करते हुये, जो मनुष्य कर्म, उपासना, ज्ञान इन तीनों में किसी एक मार्ग का अनुसरण करके भगवान् को प्रसन्न करते हैं, वे इस मानव-जन्म के अनन्तर जरा मरण वर्जित पुनरावृत्ति रहित भगवत्पद को प्राप्त होते हैं।

भगवच्चरणारविन्द की प्राप्ति के लिये भगवन्निर्दिष्ट तीन मार्ग हैं, उनमें पहिला कर्म मार्ग है। किसके लिये क्या कर्म किस प्रकार करना चाहिये, यह बात भगव-न्निःश्वास भूत वेद बतलाने के लिये सर्वदा प्रस्तुत रहता है। अधिकारि भेद से भगवदाज्ञा सबके लिये वेद में मिलती है। वेद में जिसके लिये जो कर्म नियत है, वे सब भगवदादिष्ट हैं। ईश्वर के राज्य में रह कर ईश्वरीय कानून वेद अवश्य मानना पड़ता है। अन्यथा कानून के विरुद्ध चलने पर हम दण्ड के भागी बनते हैं।

सात्विक, राजस, तामस भेद से कर्म तीन प्रकार के वेद में मिलते हैं। सात्विक मनुष्यों के लिये देवयजन, राजसों के लिये राज्य-शासन एवं व्यवहार। तामसों के लिये परिचर्या तथा शिल्प सब का सब वेद बतलाता है। अपने अपने कर्मों द्वारा भगवदाज्ञा का पालन करते हुये सब मनुष्य भगवत्कृपा के पात्र बन सकते हैं। भगवत्कृपा भगवान् के आधीन है, और भगवान् सर्व शक्तिमान् तथा सर्वव्यापक होने के कारण कर्तुं-अकर्तुं-अन्यथा कर्तुं समर्थ है। इस लिये आज्ञा पालन के द्वारा उनको प्रसन्न करना ही हमारा एकमात्र परम कर्तव्य ठहरता है।

भगवत्प्राप्ति का दूसरा मार्ग भगवदुपासन है। समस्त विश्व भगवान् की उपासना करता है। इसी लिये यजुर्वेद में ( यस्य विश्व उपासते। २५। १३ ) ऐसा कहा है। भगवदुपासना अति कठिन है। आज कल जो लोग उपासना का ढोंग बनाकर अपने को मूर्ख मण्डली में पुजवाने के लिये वक भक्त बने हुये हैं, उनके लिये विधि विरुद्ध व्यवहार करने के कारण नरक मार्ग तैयार है। ऐसे मनुष्यों की भगवान् में न श्रद्धा होती है; और न उनके पद पङ्कज में अटल विश्वास ही होता है।

केवल अपनी उदरदरी भरने के लिये यह उनका दम्भ मात्र है। आज कल इसी प्रकार का एक "कसकुट सम्प्रदाय" भारत में चल रहा है। इसमें प्रायः सभी नीच ( अव्यवहार्य ) जाति के मनुष्य हैं. जो स्वभावतः शिश्नोदर परायण और वेद मार्ग निन्दक हैं। ये भगवद्‌दावेश का झूठा दम्भ बनाकर स्त्री समाज में सब कुछ कर बैठते हैं। उनका सतीत्व नष्ट करके सर्वदा के लिये उनको धर्म-च्युत कर देते हैं। और उनका सर्वस्व हरण करके अपने उपभोग का साधन प्राप्त कर लेते हैं। नगर २ और ग्राम २ में विधि विरुद्ध कीर्तन का बहाना लेकर अपना परिचय बढ़ाते हैं। "कलियुग समाप्त हो गया !! विक्रम संवत् २००० के बाद सतयुग आ रहा है। ज्योतिष का कालमान गलत है। हमको अमुक देवता ने स्वप्न में आकर कान में अपने आने का समय कह दिया है" इत्यादि अनेक झूठी अफवाहें फैलाकर वे अपनेको देवदूत सिद्ध करते हैं। व्यास गद्दी पर नीच जाति को विठा कर उनसे प्रणव का उच्चारण कराते हैं, भगवत्प्रसाद के बहाने अपना उच्छिष्ट खिलाकर ब्राह्मणादि उच्च वर्णों को धर्म भ्रष्ट करते हैं। संध्या-गायत्री वेद पाठकी पदे २ निन्दा करते हैं। इसी प्रकार की अन्य अनेक बात यत्र तत्र फैला कर अपना ये इष्ट साधन करते हैं। इस प्रकारके वक-भक्तोंसे सज्जनोंको बचना चाहिये। यह मार्ग भगवदुपासना का नहीं है।

संसार में-प्रत्येक कार्य का विधि प्रदिष्ट कोई एक नियम होता है। उसी नियम से कार्य करने पर सफलता प्राप्त होती है। जो मनुष्य शास्त्र-मर्यादाका उल्लङ्घन करके अपनी मनः कल्पित पद्धति से व्यवहार करते हैं उनको सफलता प्राप्त नहीं होती ऐसा भगवद्‌गीता के [ १६ । २३ ] पद्य में भगवान् स्वयं कह चुके हैं। इसलिये जो काम करना चाहिये वह शास्त्र-मर्यादा के अनुकूल ही करना चाहिये। उपासना शास्त्रीय विषय है उसमें मनमानी पद्धति नहीं चल सकती है। शास्त्र में उसका प्रकार नियत है।

"अथाऽतोहरहः परिचर्याविधिं व्याख्यास्यामः" इस बौधायन सूत्र में देवार्चन प्रति दिन करना बतलाया है। जो मनुष्य आहिताग्नि है वह सन्ध्या-जप-तप नित्य होम के अनन्तर देवार्चन करे और जो अनग्निक है वह सन्ध्या बन्दन और जप के अनन्तर देवार्चन करे ऐसा नियम है। यह देवार्चन दिन के पूर्व भाग में करना चाहिये। इसी लिये मनु स्मृति में :—

मैत्रं प्रसाधनं स्नानं दन्तधावनमञ्जनम् ।
पूर्वाह्णएव कुर्वीत देवतानां च पूजनम् ॥ ४ । १५२

ऐसा कहा है। शौच प्रसाधन स्नान दन्तधावन देव पूजन यह सब कार्य दिन के पूर्व भाग में ही करने चाहिये ऐसा नियम है।

ब्रह्माणं शङ्करं सूर्यं तथैव मधुसूदनम् ।
अन्यानभिमतान्देवान्भक्त्यात्वक्रोधनो नरः ॥
स्वैर्मन्त्रैरर्चयेन्नित्यं गन्धपुष्पैस्तथाम्बुभिः ।

कूर्मपुराण के इन पद्यों में कहा है कि:—ब्रह्मा-शिव-विष्णु-सूर्य और शक्ति का अथवा इनसे भिन्न निजाभीष्ट प्रद अन्य देवों का तत्तद्देवताक भिन्न २ वेद मंत्रों से तथा गंध पुष्प जल आदि द्रव्यों से प्रति दिन पूजन करना चाहिये। यही बात

अप्स्वग्नौ हृदये सूर्ये स्थण्डिले प्रतिमासु च ।
षट्स्वेतेसु हरेः सम्यगर्चनं मुनिभिः स्मृतम् ॥
अथार्चनं प्रवक्ष्यामि विष्णोरमिततेजसः ॥

अग्निपुराण के इन पद्यों में कहा है कि जलमें अग्निमें हृदयमें सूर्य में स्थण्डिल में देव-मूर्ति में पूजन करने का शास्त्रोक्त आदेश है। इसका प्रकार इनसे अग्रिम पद्यों में इस प्रकार है। यजुर्वेदीय पुरुष सूक्त के सोलह मंत्रों से क्रमशः [ आवाहन १-आसन २ पाद्य ३ अर्घ्य ४ आचमनीय ५ स्नान ६ वस्त्र ७ उपवीत ८ चन्दन ९ पुष्प १० धूप ११ दीप १२ नैवेद्य १३ नमस्कार १४ प्रदक्षिणा १५ विसर्जन १६ ] यह सोलह कार्य करने का आदेश है। ब्रह्म का पहिला मूर्त्तरूप पुरुषावतार है। यही सबका बीज भूत है समस्त देवगण इसके ही अंश भूत हैं। इसी लिये पूजन पुरुष सूक्त के मन्त्रों से होता है। इसका विस्तार बौधायन सूत्र में देखना चाहिये। जिन मनुष्यों को उपवीत और वेद का अधिकार नहीं है वे देव पूजन मंत्रों द्वारा नहीं कर सकते हैं। यह बात इसी ग्रन्थ में पहिले कही गई है। यही शास्त्रोक्त उपासना का प्रकार है। अन्य सब प्रकार अशास्त्रीय है।

भगवत्प्राप्ति का तीसरा मार्ग ज्ञानमार्ग है। योग दर्शन में कहे हुये यम नियमादि आठ योगाङ्गों द्वारा मल विक्षेप आवरण इन तीनों को क्रमशः नष्ट करके ज्ञान दृष्टि से सर्वत्र ब्रह्मसत्ता को देखकर अपने स्वरूप में अवस्थित होना, यही इस मार्ग का रूप है। इसमें मनकी एकाग्रता अत्यावश्यक है। स्वप्न दृष्ट पदार्थ की तरह जगत को एक मनोविकार मात्र समझ कर उससे अपने चित्त को हटाना इस मार्ग के पथिक का प्रधान कर्तव्य है, यह ज्ञान मार्ग सर्वोत्तम है, यजुर्वेद के:—

तमेव विदित्वातिमृत्युमेति नान्यः पन्था विद्यतेऽयनाय ॥ ३१ । १८

इस मन्त्र में इसी ज्ञान मार्ग का समर्थन है। मनुष्य अति मृत्यु तभी होता है, जब ब्रह्म को पूर्ण रूप से जान लेता है। अन्य मार्ग नहीं है, यह निषेधात्मक वाक्य भक्ति मार्ग को गौण बता कर ज्ञान मार्ग को प्राधान्य दे रहा है। भगवद्गीता के:-

न हि ज्ञानेन सदृशं पवित्रमिह विद्यते ॥ ४ । ३८
ज्ञानं लब्ध्वा परां शान्तिमचिरेणाधिगच्छति ॥ ४ । ३९
तेषां ज्ञानी नित्ययुक्त एकभक्तिर्विशिष्यते ॥ ७ । १७
उदाराः सर्वएवैते ज्ञानीत्वात्मैव मे मतम् ॥ १८
बहूनां जन्मनामन्ते ज्ञानवान्मां प्रपद्यते ॥ १९

इत्यादि पद्यों में भी भक्तिमार्ग से ज्ञानमार्ग को उत्तम बतलाया है। ज्ञान सर्वोत्तम पवित्रता का साधन है, परम शान्ति देने वाला है, भक्त से ज्ञानी विशिष्ट है, ज्ञानी मेरा आत्मा है, ज्ञानवान् मुझको पाता है, यह भगवान् का हृदयोद्गार है। इन वाक्यों से ज्ञान की महिमा बहुत झलकती है। भक्ति का फल ज्ञान है, ज्ञान का फल भक्ति नहीं है। इसी लिये:—

भक्त्या मामभिजानाति यावान्यश्चास्मि यादृशः।
ततो मां तत्वतो ज्ञात्वा विशते तदनन्तरम् ॥ १८ । ५५

भगवद्गीता में ऐसा कहा है। ज्ञान की परानिष्ठा इस पद्य से पूर्व [ १८।५० ] में कही है। ध्यान योग के द्वारा ब्रह्मी-भूत होकर मनुष्य ब्रह्म में लय हो जाता है, यह बात पराभक्ति के बाद ज्ञानयोग के उत्कर्षार्थ कही गई है। इसी लिये [ मद्भक्तिं लभते पराम् १८। ५४ ] ऐसा कह कर [ ततो मां तत्वतो ज्ञात्वा ] यह अन्त में कहा गया है। दर्शनों में [ तत्वज्ञानान्निःश्रेयसाधिगमः ] यह वाक्य स्पष्ट है। इससे भी तत्व-ज्ञान के अनन्तर ही मोक्ष होना सिद्ध है।

येनेदं सर्वं विजानाति तं केन विज्ञानीयात्।
विज्ञातारं अरे ! केन विजानीयात् ॥ १४ । ६ । ३ । २५

शतपथ ब्राह्मण की इस कण्डिका में कहा है कि जिससे सब कुछ जाना जाता है, उस ज्ञान स्वरूप ब्रह्म को किस से जाने ? जो स्वयं विज्ञाता है, उसको किसके द्वारा जाना जावे ? वास्तव में यह बात ध्यान देने योग्य है। "सत्यं-ज्ञानं-अनन्तं-ब्रह्म" इस श्रुति में ब्रह्म को ज्ञान स्वरूप माना है। जो मनुष्य ब्रह्म को भक्ति-वेद्य ानते हैं, उनके पास इस श्रुति के मुकाबिले पर अन्य श्रुति नहीं है। इस लिये भक्ति ा पक्ष नितान्त दुर्बल है, और श्रुति प्रमाण के समक्ष अन्य सब प्रमाण दुर्बल हैं। ापक होने के कारण ब्रह्म सर्वत्र है। समस्त भूतों के हृदय देश में ईश्वर है, यह बात ीता को भी स्वीकृत है। अज्ञान के हट जाने पर वह हृदय में स्वयं चमकने लगता । यही बात—[ अज्ञानेनावृत्तं ज्ञानं-( तथा ) ज्ञानेन तु तदज्ञानं ] इन गीता के दो ्यों में बतलाई गई है। [ ५ । १५ । १६ ] ज्ञान प्रसङ्ग में:—

क्षेत्रक्षेत्रज्ञयोर्ज्ञानं यत्तज्ज्ञानं मतं मम ॥ १३ । २
एतत्क्षेत्रं समासेन सविकारमुदाहृतम् ॥ ६
एतज्ज्ञानमितिप्रोक्तमज्ञानं यदतोऽन्यथा ॥ ११

भगवद्गीता के इन पद्यों का। विवेचन करना आवश्यक है। श्रीकृष्णचन्द्र के मत में क्षेत्र और क्षेत्रज्ञ इन दोनों का यथार्थ ज्ञान—ज्ञानपद वाच्य है। पञ्च महाभूत अहङ्कार, बुद्धि, अव्यक्त, दश इन्द्रिय, मन-इन्द्रियों के विषय यह चौबीस तथा इच्छा आदि सात तत्व इन सबसे बना हुआ शरीर क्षेत्र-पद वाच्य है, क्षेत्र ब्रह्म है। इन दोनों के औत्तराधर्य को जानना ही ज्ञान है, इसके विपरीत सब अज्ञान है। अमानित्व से ले कर तत्व-ज्ञानार्थ दर्शन तक ज्ञान के साधनों का वर्णन गीता में किया है। उन साधनों में भक्ति भी एक ज्ञान का साधन गिनाया है। जैसा किः—

मयि चानन्ययोगेन भक्तिरव्यभिचारिणी ॥ १३ । १०

इस पद्य में कहा है। इस लिये भक्ति को ज्ञान का साधन माना जा सकता है। साधन साध्य सिद्धि के लिये अपेक्षित होता है, साध्य सिद्ध होने पर साधन की आवश्यकता नहीं रहती है। इसी लिये तत्वज्ञानी पुरुष भक्ति से उपरत होकर समाधिस्थ होते हैं।

इदं ज्ञानमुपाश्रित्य मम साधर्म्यमागताः ।
सर्गेऽपि नोपजायन्ते प्रलये न व्यथन्ति च ॥ १४ । २

गीता के इस पद्य में भगवान् कहते हैं कि ज्ञान को प्राप्त होकर ज्ञानी पुरुष मेरे समान धर्म वाला बन, इसी लिये प्रलय में उसका लय नहीं होता, और सर्ग में सर्ग नहीं होता है। अर्थात् सर्ग प्रलय रूप आवागमन चक्र से वह मुक्त हो जाता है। नारदादि भक्तों की जन्म-गाथा इतिहास सिद्ध है-यह बात इतिहासज्ञों से छिपी नहीं है। परन्तु ब्रह्मज्ञानी पुरुषों की पुनर्जन्म गाथा इतिहास में भी अप्राप्त है। किसी ग्रन्थ में ब्रह्मज्ञानी का जन्म नहीं मिलता है। इस लिये भक्तियोग से ज्ञानयोग बहुत उत्कृष्ट है।

उद्धरेदात्मनात्मानं नात्मानमवसादयेत् ॥ ६ । ५

इस गीतोक्त पद्य में-मनुष्य के लिये यह आदेश है कि वह आत्म-ज्ञान से अपने जीव का उद्धार करे- उसकी अधोगति न होने दे। यही बात [ पुमान्-भवाब्धिं न तरेत्स आत्महा ] इस भागवत के पद्य में रूपान्तर से कही गई है। जो मनुष्य होकर भी आत्मा का भवसागर से उद्धार नहीं सोचता वह आत्महा कहाता है और वह अन्धतमोवृत असूर्य नामक लोक में जाता है। ऐसा-

असुर्या नाम ते लोका अन्धेन तमसाऽऽवृताः ।
तांस्ते प्रेत्यापि गच्छन्ति ये के चात्महनो जनाः ॥ ४०।३

यजुर्वेद के इस मन्त्र में कहा है आत्मज्ञान के बिना मनुष्य की अधोगति स्वभाव सिद्ध है। अधोगति रोकने के लिये ही—कर्मोपासनाज्ञानात्मक तीन मार्ग हैं। इन में से किसी एक का आश्रय लेकर आत्मा को अधोगति से बचाना चाहिये। यही बात योगवासिष्ट के निर्वाण प्रकरण में श्रीवसिष्ठगुरु ने श्रीराम के प्रति बार बार कही है। आत्म-ज्ञान के अनन्तर प्रारब्ध कर्मों के भोगावसान तक लोक-संग्रहार्थ जो भी काम ज्ञानवान् पुरुष करेगा वह काम उस ज्ञानी के बन्धन का कारण नहीं होगा। यह बात

योगसंन्यस्तकर्माणं ज्ञानसंछिन्नसंशयम् ।
आत्मवन्तं न कर्माणि निबध्नन्ति धनञ्जय ॥४।४१

गीता के इस पद्य में स्पष्ट है। कहने का तात्पर्य यह है कि ज्ञान होने पर ज्ञानी पुरुष भी विना कर्म किये नहीं रह सकता। अपनी शरीर यात्रा के लिये शौचादि नित्य कर्म उसको भी करने ही पड़ेंगे। परन्तु उनका फल भविष्य के लिये जन्मप्रद न बनेगा-क्योंकि वासना के अत्यन्ताभाव होने पर अन्य कोई कार्य अवशिष्ट नहीं रहता है। वासना-क्षय ज्ञान से ही होता है भक्ति से नहीं, यह बात आत्म-पुराण में विस्तार से कही गई है।

ज्ञानी पुरुष का कार्य अपने लिये नहीं, किन्तु लोक संग्रह के लिये होता है। लोक संग्रह करना, ज्ञानी का उपादेय कर्म है। उसी का अनुकरण, अन्य साधारण जन करते रहते हैं। ज्ञानीको ऐसा कार्य करना चाहिये जिससे औरोंका उद्धार हो। इस में उदाहरण स्वरूप स्वयं श्री आद्य शङ्कराचार्य हैं। यद्यपि उनको कृताकृत से कोई अर्थ न था, तथापि उन्होंने लोक संग्रहार्थ, देवस्तव, देवदर्शन आदि शुभ कार्य अवश्य किया, यह विद्वानों से छिपा नहीं है। औरों की बात जाने दीजिये, स्वयं योगिराज श्रीकृष्ण आप्तकाम होने पर भी-लोक संग्रहार्थ सब काम करते रहे-जिनका उल्लेख महाभारत में स्थल २ पर मिलता है, और गीता में भी उन्होंने स्वयं अपने श्रीमुख से :—

कर्मणैव हि संसिद्धिमास्थिता जनकादयः ।
लोकसंग्रहमेवापि सम्पश्यन्कर्तुमर्हसि ॥२।२०॥
यद्यदाचरतिश्रेष्ठस्तत्तदेवेतरो जनः ।
स यत्प्रमाणं कुरुते लोकस्तदनुवर्तते ॥२१॥

न मे पार्थास्ति कर्तव्यं त्रिषु लोकेषु किञ्चन ।
नानवाप्तमवाप्तव्यं वर्तएव च कर्मणि ॥२२॥
यदि ह्यहं न वर्तेयं जातु कर्मण्यतन्द्रितः ।
मम वर्त्मानुवर्तन्ते मनुष्याः पार्थ सर्वशः ॥२३॥
उत्सीदेयुरिमे लोका न कुर्यां कर्मचेदहम् ।
सङ्करस्य च कर्तास्यामुपहन्यामिमाः प्रजाः ॥२४॥
सक्ताः कर्मण्यविद्वांसो यथा कुर्वन्ति भारत ।
कुर्याद्विद्वांस्तथाऽसक्तश्चिकीर्षुर्लोकसंग्रहम् ॥२५॥

इस प्रकार कहा है। जनकादिक राजर्षि ब्रह्मवेत्ता होने पर भी लोक-संग्रहार्थ कर्म करते थे, यह बात बृहदारण्यक में स्पष्ट है। केवल सक्त और असक्त का भेद इनमें रहता है। अविद्वान कर्म में आसक्त रह कर बन्धन के भागी होते हैं, और मुक्त पुरुष अनासक्त रह कर केवल लोक संग्रहार्थ कर्म करते हैं. यही इन दोनों में अन्तर है। इससे यह सिद्ध होगया कि ब्रह्मवेत्ता को भी शरीर यात्रार्थ किसी न किसी कर्म का आश्रय लेना पड़ता है। मनुष्य को चाहिये कि वह मुक्तावस्थ होकर जीवन्मुक्त की तरह अपना समय व्यतीत करे, संसार के कल्याणार्थ वेदोक्त शुभ कर्मों का प्रचार करे, यही मनुष्य का अन्तिम कर्तव्य है। और इसीसे मनुष्य कृतकृत्य समझा जाता है, मनुस्मृति के द्वादशाध्याय में भगवान् मनु भी ब्राह्मण के लिये :—

वेदाभ्यासस्तपोज्ञानमिन्द्रियाणां च निग्रहः ।
अहिंसा गुरुसेवा च निःश्रेयसकरं परम् ॥१२।८३॥
सर्वेषामपि चैतेषामात्मज्ञानं परं स्मृतम् ।
तदग्र्यं सर्वविद्यानां प्राप्यते ह्यमृतं ततः ॥८५॥
यथोक्तान्यपि कर्माणि परिहाय द्विजोत्तमः ।
आत्मज्ञाने शमे च स्याद्वेदाभ्यासे च यत्नवान् ॥९२॥
एतद्धि जन्मसाफल्यं ब्राह्मणस्य विशेषतः ।
प्राप्यैतत्कृतकृत्यो हि द्विजो भवति नान्यथा ॥९३॥

इन पद्यों द्वारा अन्तिम उपदेश देते हैं। वेदाभ्यास, तप, ज्ञान, इन्द्रिय निग्रह अहिंसा, गुरु सेवा इन छः कर्मों को उत्तम बता कर इनमें आत्मज्ञान सर्वोत्तम बताते हैं, क्योंकि इसीसे ( अमृत ) मोक्ष प्राप्त होता है। यहां ब्राह्मण के लिये विशेष रूप से मनु के मत में जन्म साफल्य है। इसको पाकर ब्राह्मण कृतकृत्य होता है। (नान्यथा) पद इसके अतिरिक्त अन्य दो मार्गों का प्रत्यावर्तक है।

दत्वा धनं तु विप्रेभ्यः सर्वदण्डसमुत्थितम् ।
पुत्रे राज्यं समासृज्य कुर्वीत प्रायणं रणे ॥९।३२३॥
वैश्यस्तु कृतसंस्कारः कृत्वा दारपरिग्रहम् ।
वार्तायां नित्ययुक्तः स्यात्पशूनां चैव रक्षणे ॥३२६॥
विप्राणां वेदविदुषां गृहस्थानां यशस्विनाम् ।
शुश्रूषैव तु शूद्रस्य धर्मो नैःश्रेयसः परः ॥३३४॥

भगवान् मनु इन पद्यों में क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र इन तीनों का मोक्ष मार्ग कहते हैं। क्षत्रिय अन्तिम अवस्था में दण्ड प्राप्त समस्त धन ब्राह्मणों को देकर-पुत्र को राज्य देनेके बाद रणमें जाकर युद्ध करते २ प्राण विसर्जन करे, ऐसा करने पर उसको मोक्ष होता है। यही बात [रणे यश्च हतो जनः] इस महाभारतके पद्यमें भी कही है। अर्जुनके प्रति गीतामें यही युद्धोपदेश श्रीकृष्णने किया है। बृहदारण्यक में जनकने:-

सोहं भगवते विदेहान्ददामि मां चापि सह दास्यायेति ॥१४।२।७।३०॥

यह कह कर अन्त में याज्ञवल्क्य को समस्त राज्य और उसके साथ २ अपने को भी अर्पित किया, यह बात प्रत्यक्ष है। ऐसा ही करने से क्षत्रिय अब भी मोक्ष प्राप्त कर सकता है। वैश्य के लिये व्यापार करना ही मनु के मत में सर्वोत्तम मोक्ष मार्ग है, और शूद्र के लिये वेदज्ञ, गृहस्थ, यशस्वी विद्वानों की एकमात्र सेवा करने से मुक्ति होती है, यही चारों वर्णों का मोक्ष मार्ग है। मनु ने जिसके लिये जो लिखा है, वह वेदानुकूल है। ऐसा (२।७) में स्वयं उनको स्वीकृत है। इस लिये इसके मानने में किसी को भी सङ्कोच नहीं करना चाहिये। हमने यहाँ तक कर्मोपासना-ज्ञानात्मक तीनों मार्गों का मनुष्यों के कल्याणार्थ विवेचन किया। अब इससे अधिक हमको कुछ लिखना शेष नहीं रहा, केवल मङ्गलमय करुणा वरुणालय वेद वेद्य भगवान् का अनुग्रह प्राप्त करने के लिये उनकी वेद मन्त्रों से प्रार्थना करनी बाकी है, जो आस्तिकों के लिये अवश्य कर्तव्य है। उस प्रार्थना के अनन्तर यह ग्रन्थ समाप्त होगा।

## ❀ ग्रन्थान्त मङ्गलम् ❀

यो देवोग्नौ योप्सु यो विश्वं भुवनमाविवेश ।
य ओषधीषु यो वनस्पतिषु तस्मै देवाय नमोनमः ॥ श्वेताश्वतर ।२।१७

ब्रह्म प्रजापतिर्धाता लोका वेदाः सप्तऋषयोऽग्नयः । तैर्मेकृतं स्वस्त्ययनम् । इन्द्रो मे शर्म यच्छतु । ब्रह्मा मे शर्म यच्छतु । विश्वे मे देवाः शर्म यच्छन्तु । सर्वे मे देवाः शर्म यच्छन्तु । ( अथर्व ) १९।९।१२

ये देवा सो दिव्येकादश स्थ
पृथिव्यामधि एकादश स्थ।
अप्सु क्षितो महिनैकादश स्थ
ते देवा मो यज्ञमिमं जुषध्वम् ॥ यजु० ७।१९
आदित्या रुद्रा वसवो जुषन्तां
इदं ब्रह्म क्रियमाणं नवीयः।
शृण्वन्तु नो दिव्याः पार्थिवासो
गोजाता उत ये यज्ञियासः ॥ अथर्व १९।११।४
यत्किञ्चेदं वरुण ! दैव्ये जने
अभिद्रोहं मनुष्यांश्चरन्ति ।
अचिन्त्या चेत्तव धर्मा युयोपिम
मानस्तस्यादेनसो देव! रीरिषः ॥ अथर्व ६।५१।३

यत्काम कामयमाना इदं कृण्मसि ते हविः।
तन्नः सर्वं समृध्यतां अथैतस्य हविषो वीहि स्वाहा ॥
[ अथर्व १६ । ५२ । ५ ]

सप्त ऋषीन्-अभ्यावर्ते। ते मे द्रविणं यच्छन्तु।
ते मे ब्राह्मणवर्चसम्। १०। ५। ३९
ब्रह्म-अभ्यावर्ते। तन्मे द्रविणं यच्छतु।
तन्मे ब्राह्मणवर्चसम्। ४०
ब्राह्मणान्-अभ्यावर्ते।. ते मे द्रविणं यच्छन्तु।
ते मे ब्राह्मण वर्चसम्। ४१ (अथर्व)

अभयं नः करत्यन्तरिक्षमभयं द्यावापृथिवी उभे इमे।
अभयं पश्चादभयं पुरस्तादुत्तरादधरादभयं नो अस्तु।
अभयं मित्रादभयममित्रादभयं ज्ञातादभयं पुरो यः।
अभयं नक्तमभयं दिवानः सर्वा आशा मम मित्रं भवन्तु।
[ अथर्व १६। १५। ५। ६

दिवो मा दित्या रक्षन्तु भूम्या रक्षन्त्वग्नयः।
इन्द्राग्नी रक्षतां मा पुरस्तादश्विनौ अभितः शर्म यच्छताम्।
तिरश्चीनघ्न्या रक्षतु जातवेदा भूतकृतो मे सर्वतः सन्तु वर्म।
[ अथर्व १९। १६। २

घोरं—यदिह क्रूरं—यदिह पापम् ।
ान्तं—तच्छिवं सर्वमेव शमस्तु नः । [अथर्व] १९।९।१४

स्वस्तिनो अस्तु । अभयं नो अस्तु ।
नमः अहोरात्राभ्यामस्तु । १९।८।७
नमः परमऋषिभ्यो नमः परमऋषिभ्यः । [प्रश्नोपनिषद्] ६।८

स्वयम्भु ब्रह्मणे नमः [ शतपथ ] १४ । ७ । ३ । २८
पूर्णमदः पूर्णमिदं पूर्णात्पूर्णमुदच्यते ।
पूर्णस्य पूर्णमादाय पूर्णमेवावशिष्यते । [शतपथ] १४।८।१

ॐ शान्तिः ! शान्तिः !! शान्तिः !!!

ऋत्वष्टांकेन्दुसंख्याते विक्रमे वत्सरेऽधिके ।
श्रावणे पुष्यनक्षत्रे द्वितीयायां तिथावयम् ॥१॥
मङ्गले वासरे श्रीमद्बालकृष्णकृपावशात् ।
शिवाय सर्वलोकानां ग्रन्थः पूर्तिमुपागमत् ॥२॥
तेनानेन जगत्कर्ता जगद्धर्ता जगत्पतिः ।
धर्मः सनातनः श्रीमान्प्रीतो भवतु-भूतिदः ॥३॥

इति श्रीमत्सनाढ्यवंशोद्भव-भरद्वाज गोत्रीय-मुनिवर श्री टीकारामसूनोः
कविवर श्रीमदखिलानन्दशर्मणः कृतौ वैदिकसत्यार्थ-प्रकाशे
मनुष्यकर्त्तव्यविवेचनात्मको द्वाविंशः समुल्लासः ।

—o—

॥ समाप्तोऽयं वैदिको ग्रन्थः ॥

# वैदिक-सत्यार्थ-प्रकाशे

## प्रमाणत्वेनोपन्यस्तानां ग्रन्थानां

## अकारानुक्रम सूची.


अत्रिस्मृतिः
अथर्ववेदः
अमरकोषः
अष्टाध्यायी
आचारतन्त्रम्
आत्मपुराणम्
आपस्तम्ब स्मृतिः
आपस्तम्बधर्मसूत्रम्
आश्वलायनश्रौतसूत्रम्
आश्वलायनगृह्यसूत्रम्
आर्षानुक्रमणी
आर्हतदर्शनम्
ऋग्वेदः
ऐतरेयब्राह्मम्
औशनसस्मृतिः
कठोपनिषत्
कात्यायनश्रौतसूत्रम्
काव्यप्रकाशः
काव्यालङ्कारसूत्रम्
कारिकावली
कारिकावृत्तिः
काशिका
कूर्मपुराणम्
गोतमस्मृतिः
चरकसंहिता
चार्वाकदर्शनम्
छन्दःसूत्रम्
छन्दोनुक्रमणी
छान्दोग्योपनिषत
जैमिनिगृह्यसूत्रम्
तन्त्रवार्तिकम्
तैत्तिरीयसंहिता
तैत्तिरीयब्राह्मणम्
तैत्तिरीयोपनिषत्
दुर्गासप्तशती
देवलस्मृतिः
नृसिंहपूर्वतापिनी
निर्णयसिंधुः
निरुक्तम्
नीतिसंग्रहः
नैषधमहाकाव्यम्
न्यायदर्शनम्
पराशरस्मृतिः
प्रश्नोत्तरी
पाणिनीयशिक्षा
पारस्करगृह्यसूत्रम्
वराहपुराणम्
वसिष्ठस्मृतिः
वायुपुराणम्
वृहदारण्यकम्
वृहद्देवता
विदुरनीतिः

● अकारानुक्रम से ग्रन्थसूची ●

णुपुराणम्
स्मृतिः
र्शनम्
तदर्शनम्
कदर्शनम्
यनसूत्रम्
यनस्मृतिः
वर्तपुराणम्
डपुराणम्
स्मृतिः
द्गीता
ष्यपुराणम्
वतम्
संहिता
प्रबन्धः
पुराणम्
मृतिः
भाष्यम्
भारतम्
काव्यम्
ण्डेयपुराणम्
कोपनिषत्
मांसादर्शनम्
नीव

...वेदः
यमस्मृतिः
याज्ञवल्क्यस्मृतिः
याज्ञवल्क्यशिक्षा
योगदर्शनम्
योगवासिष्ठः
रघुवंशः
रामायणम्
लघ्वाश्वलायनस्मृतिः
शतपथब्राह्मणम्
शाकुन्तलम्
शैवसिद्धान्तरहस्यम्
शंकरदिग्विजयः
श्वेताश्वतरोपनिषत्
सरस्वतीकण्ठाभरणम्
साहित्यदर्पणः
सर्वानुक्रमणी
सांख्यदर्शनम्
सिद्धान्तशेखरः
सुश्रुतसंहिता
सूतसंहिता
सूर्यसिद्धान्तः
हठयोगप्रदीपिका
हारीतस्मृतिः

❀ श्री हरि: ❀

# धन्यवाद के पात्र।

इस ग्रन्थ के प्रकाशनार्थ-मेरे उपस्थित होने पर जिन महानुभावों ने धर्म भावों के उद्रेक-एवं स्वाभाविक औदार्य के कारण-सहायता प्रदान की- उनके धन्यवाद के साथ यहां पर दिये जाते हैं :—

श्री १०८ गोस्वामी गोकुलनाथ जी महाराज-मोटामन्दिर मुम्बई।

श्री १०८ गोस्वामी वल्लभलाल जी महाराज-आनन्दाद्रि का भवन।

श्री १०८ गोस्वामी व्रजरत्नलाल जी महाराज-मोटामन्दिर, सूरत।

श्री १०८ गोस्वामी विट्ठलनाथ जी महाराज (उपनाम दीक्षितजी) मोटामन्दिर मु

श्री १०८ प्रतिवादि भयङ्कर मठेश अनन्ताचारी जी महाराज-फनसवाड़ी, दि० मुम्बई।

श्री १०८ उत्तराहोबिल भालरिया मठेश्वर, वीरराघवाचार्य जी महाराज-पुष्क

श्री १०८ उदासीन मण्डलेश्वर, गङ्गेश्वरानन्द जी महाराज (श्रौतमुनि) अमृतस

श्री १०८ मण्डलेश्वर जयेन्द्रपुरी जी महाराज-गोविन्दमठ (टेढ़ीनीम) बनारस

श्रीमान् रायबहादुर काशीनाथसिंह जी रईस (गया)

श्रीमान् रायबहादुर सदाशिव माधव पराण्डे-सबजज (नागपुर)

श्रीमान् नगीनदास पुरुषोत्तमदास सङ्घवी रईस (अहमदाबाद)

श्रीमान् सेठ लक्ष्मीराम जी चूड़ीवाला-मारवाड़ी बाजार मुम्बई।

[ इन महानुभावों के औदार्य से इस ग्रन्थ का पूर्वार्द्ध छपा ]

———

श्रीमान् पं० अमृतलाल शास्त्री-नारायण विद्यालय पेटलाद (गुजरात)

श्री १०८ ब्रजभूषणलाल जी महाराज कांकरोली (उदयपुर)

श्री १०८ गोस्वामी गिरधरलाल जी, बावा साहब मोटामन्दिर-मुम्बई।

श्री १०८ रामवल्लभाशरण जी महाराज-जानकीघाट (अयोध्या)

श्रीमान् मन्दारेश्वरप्रसादसिंहजी-मधुसूदननगर पोस्ट बौंसी, बाराहाट (भागल

श्रीमान् गोस्वामी महेशपुरी जी M. L. A. इतवारी (नागपुर)

" रायबहादुर सर बद्रीदास जी गोयनका (नाइट) सी० आई० ई० (क

" बैजनाथजी बाजोरिया एम०एल०ए० नं० १३० मछुआबाजार स्ट्रीट (क

" रायबहादुर सेठ शिवदयाल-रामजीदास M L.A. (कलकत्ता)